वररुचि ने शौरसेनी प्राकृत को ही पैशाची भाषा का मूल कहा है *। मार्कण्डेय ने पैशाची भाषा को कैकय, शौरसेन और पाञ्चाल इन तीन भेदों में विभक्त कर संस्कृत और शौरसेनी उभय को कैकय-पैशाची का और कैकय-पैशाची को शौरसेन-पैशाची का मूल बतलाया है। पाञ्चाल-पैशाची के मूल का उन्होंने निर्देश ही नहीं किया है, किन्तु उन्होंने इसके जो केरी (केलिः) और मंदिलं (मन्दिरम्) ये दो उदाहरण दिये हैं इससे मालूम होता है कि इस पाञ्चाल-पैशाची का केकय-पैशाची से रकार और लकार के व्यत्यय के अतिरिक्त अन्य कोई भेद नहीं है, सुतरां शौरसेन-पैशाची की तरह पाञ्चाल-पैशाची की प्रकृति भी इनके मत से कैकय-पैशाची ही हो सकती है। यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि मार्कण्डेय ने शौरसेन-पैशाची के जो § लक्षण दिये हैं उन पर से शौरसेन-पैशाची का शौरसेनी भाषा के साथ कोई भी संबन्ध प्रतीत नहीं होता, क्योंकि कैकय-पैशाची के साथ शौरसेन-पैशाची के जो भेद उन्होंने बतलाये हैं वे मागधी भाषा के ही अनुरूप हैं, न कि शौरसेनी के। इससे इसको शौरसेन-पैशाची न कह कर मागध-पैशाची कहना ही संगत जान पड़ता है।

प्रकृति।

प्राकृत वैयाकरणों के मत से पैशाची भाषा का मूल शौरसेनी अथवा संस्कृत भाषा है, किन्तु हम पहले यह भलीभान्ति दिखा चुके हैं कि कोई भी प्रादेशिक कथ्य भाषा, संस्कृत अथवा अन्य प्रादेशिक भाषा से उत्पन्न नहीं है, परन्तु वह उसी कथ्य अथवा प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई है जो वैदिक युग में उस प्रदेश में प्रचलित थी। इस लिए पैशाची भाषा का भी मूल संस्कृत या शौरसेनी नहीं, किन्तु वह प्राकृत भाषा ही है जो वैदिक युग में भारतवर्ष के उत्तर-पश्चिम प्रान्त की या अफगानिस्थान के पूर्व-प्रान्त-वर्ती प्रदेश की कथ्य भाषा थी।

समय।

प्रथम युग की पैशाची भाषा का कोई निदर्शन साहित्य में नहीं मिलता है। गुणाढ्य की वृहत्कथा संभवतः इसी प्रथम युग की पैशाची भाषा में रची गई थी; किन्तु वह आजकल उपलब्ध नहीं है। इस समय हम व्याकरण, नाटक और काव्य में पैशाची भाषा के जो निदर्शन पाते हैं वह मध्ययुग की पैशाची भाषा का है। मध्ययुग की यह पैशाची भाषा खिस्त की द्वितीय शताब्दी से पाँचवीं शताब्दी पर्यन्त प्रचलित थी।

लक्षण।

पैशाची भाषा का शौरसेनी भाषा के साथ जिस जिस अंश में भेद है वह सामान्य रूप से नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य सभी अंशों में वह शौरसेनी के ही समान है। इससे इसके बाकी के लक्षण शौरसेनी के प्रकरण से जाने जा सकते हैं।

वर्ण-भेद।

१। ज्ञ, न्य और ण्य के स्थान में ञ्ञ होता है, यथा—प्रज्ञा=पञ्ञा; ज्ञान=ञ्ञान; कन्यका=कञ्ञका; अभिमन्यु=अभिमञ्ञु; पुण्य=पुञ्ञ।

२। ण और न के स्थान में न होता है; जैसे—गुण=गुन; कनक=कनक।

३। त और द की जगह त होता है; जैसे—भगवती=भगवती; शत=सत; मदन=मतन; देव=तेव।

४। लकार ळ में बदलता है यथा—सील=सीळ; कुल=कुळ।

५। ट को जगह ट और त होता है; जैसे—कुटुम्बक=कुटुम्बक, कुतुम्बक।

६। महाराष्ट्री के लक्षण में असंयुक्त-व्यञ्जन-परिवर्तन के १ से १३, १५ और १६ अंक वाले जो नियम बतलाये गये हैं वे शौरसेनी भाषा में लागू होते हैं, किन्तु पैशाची में नहीं; यथा—लोक=ळोक; शाखा=साखा; भट=भट; मठ=मठ; गरुड=गरुड; प्रतिभास=पतिभास; कनक=कनक; शपथ=सपथ; रेफ=रेफ; शबल=सबळ; यशस्=यस; करणीय=करणीय; अंगार=इंगार; दाह=दाह।

---

* "प्रकृतिः शौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश १०, २)।

§ "सस्य शः", "रस्य लो भवेत्", "चवर्गस्योपरिष्टाद् यः", "कृतादिषु कडादयः", "क्षस्य च्छ", "स्थाविकृतेः ष्टस्य श्तः", "त्तत्थयोः श ऊर्ध्वं स्यात्", "अतः सोरो (?रे) त्" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १२६)।

७। याद्रृश आदि शब्दों का द्द परिणत होता है ति में; यथा—याद्रृश=यातिस; सद्रृश=सतिस।

नाम-विभक्ति।

१। अकारान्त शब्द की पञ्चमी का एकवचन आतो और आतु होता है; जैसे—जिनातो, जिनातु।

आख्यात।

१। शौरसेनी के दि और दे प्रत्ययों की जगह ति और ते होता है; यथा—गच्छति, गच्छते; रमति, रमते।
२। भविष्य-काल में स्सि के बदले एय्य होता है; जैसे—भविष्यति=हुवेय्य।
३। भाव और कर्म में ईअ तथा इज्ज के स्थान में इय्य होता है, यथा—पठ्यते=पठिय्यते, हसिय्यते।

कृदन्त।

१। त्वा प्रत्यय के स्थान में कहीं तून और कहीं त्थून और द्धून होते हैं; यथा पठित्वा=पठितून; गत्वा=गन्तून; नष्ट्वा=नत्थून, नद्धून; तष्ट्वा=तत्थून, तद्धून।

---

(३) चूलिकापैशाची।

निदर्शन।

चूलिकापैशाची भाषा के लक्षण आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में और पंडित लक्ष्मीधर ने अपनी षड्भाषाचन्द्रिका में दिये हैं। आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपालचरित और काव्यानुशासन में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। इनके अतिरिक्त हम्मीर-मदमर्दन-नामक नाटक में और दोएक छोटे २ षड्भाषास्तोत्रों में भी इसके कुछ नमूने देखने में आते हैं।

पैशाची में इसका अन्तर्भाव।

प्राकृतलक्षण, प्राकृतप्रकाश, संक्षिप्तसार और प्राकृतसर्वस्व वगैरः प्राकृत-व्याकरणों में और संस्कृत के अलंकार-ग्रन्थों में चूलिकापैशाची का कोई उल्लेख नहीं है; अथ च आचार्य हेमचन्द्र ने और पं. लक्ष्मीधर ने चूलिकापैशाची के जो लक्षण दिये हैं वे चंड, वररुचि, क्रमदीश्वर और मार्कण्डेय-प्रभृति वैयाकरणों ने पैशाची भाषा के लक्षणों में ही अन्तर्गत किये हैं। इससे यह स्पष्ट जाना जाता है कि उक्त वैयाकरण-गण चूलिकापैशाची को पैशाची भाषा के अन्तर्भूत ही मानते थे, स्वतन्त्र भाषा के रूप में नहीं। आचार्य हेमचन्द्र भी अपने अभिधानचिन्तामणि-नामक संस्कृत कोष-ग्रन्थ के "भाषाः षट् संस्कृतादिकाः" (काण्ड २, १९९) इस वचन की "संस्कृतप्राकृतमागधीशौरसेनीपैशाच्यपभ्रंशलक्षणाः" यह व्याख्या करते हुए चूलिकापैशाची का अलग उल्लेख नहीं करते हैं। इससे मालूम पड़ता है कि वे भी चूलिकापैशाची को पैशाची का ही एक भेद मानते हैं। हमारा भी यही मत है। इससे यहाँ पर इस विषय में पैशाची भाषा के अनन्तरोक्त विवरण से कुछ अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं रहती। सिर्फ, आचार्य हेमचन्द्र ने और उन्हीं का पूरा अनुसरण कर पं. लक्ष्मीधर ने इस भाषा के जो लक्षण दिये हैं वे नीचे उद्धृत किये जाते हैं। इनके सिवा सभी अंशों में इस भाषा का पैशाची से कोई पार्थक्य नहीं है।

लक्षण।

१। वर्ग के तृतीय और चतुर्थ अक्षरों के स्थान में क्रमशः प्रथम और द्वितीय होता है*; यथा—नगर=नकर, व्याघ्र=वक्ख, राजा=राचा, निर्झर=निच्छर, तडाग=तटाक, ढक्का=ठक्का; मदन=मतन, मधुर=मथुर, बालक=पालक, भगवती=फकवती।
२। र के स्थान में वैकल्पिक ल होता है, यथा—रुद्र=लुद्द, रुद्द।

---

* अन्य वैयाकरणों के मत से यह नियम शब्द के आदि के अक्षरों में लागू नहीं होता है (हे० प्रा० ४, ३२७)।

(४) अर्धमागधी ।

प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा अर्धमागधी ।

भगवान महावीर अपना धर्मोपदेश अर्धमागधी भाषा में देते थे *। इसी उपदेश के अनुसार उनके समसामयिक गणधर श्रीसुधर्मस्वामी ने अर्धमागधी भाषा में ही आचाराङ्ग-प्रभृति सूत्र-ग्रन्थों की रचना की थी ‡। ये ग्रन्थ उस समय लिखे नहीं गये थे, परन्तु शिष्य-परम्परा से कण्ठ-पाठ द्वारा संरक्षित होते थे। दिगम्बर जैनों के मत से ये समस्त ग्रन्थ विलुप्त हो गये हैं, परन्तु श्वेताम्बर जैन दिगम्बरों के इस मन्तव्य से सहमत नहीं हैं। श्वेताम्बरों के मत के अनुसार ये सूत्र-ग्रन्थ महावीर-निर्वाण के बाद ९८० अर्थात् खिस्ताब्द ४५४ में वलभी (वर्तमान वळा, काठियावाड) में श्रीदेवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण ने वर्तमान आकार में लिपिवद्ध किये। उस समय लिखे जाने पर भी इन ग्रन्थों की भाषा प्राचीन है। इसका एक कारण यह है कि जैसे ब्राह्मणों ने कण्ठ-पाठ-द्वारा बहु-शताब्दी-पर्यन्त वेदों की रक्षा की थी वैसे ही जैन मुनिओं ने भी अपनी शिष्य-परम्परा से मुख-पाठ-द्वारा करीब एक हजार वर्ष तक अपने इन पवित्र ग्रन्थों को याद रखा था। दूसरा यह है कि जैन धर्म में सूत्र-पाठों के शुद्ध उच्चारण के लिए खूब जोर दिया गया है, यहाँ तक कि मात्रा या अक्षर के भी अशुद्ध या विपरीत उच्चारण करने में दोष माना गया है। तिस पर भी सूत्र-ग्रन्थों की भाषा का सूक्ष्म निरीक्षण करने से इस बात का स्वीकार करना ही पडेगा कि भगवान महावीर के समय की अर्धमागधी भाषा के इन ग्रन्थों में, अज्ञातभाव से ही क्यों न हो, भाषा-विषयक परिवर्तन अवश्य हुआ है। यह परिवर्तन होना असंभव भी नहीं है, क्योंकि ये सूत्र-ग्रन्थ वेदों की तरह शब्द-प्रधान नहीं, किन्तु अर्थ-प्रधान हैं। इतना ही नहीं, बल्कि ये ग्रन्थ जन-साधारण के बोध के लिए ही उस समय की कथ्य भाषा में रचे गये थे § और कथ्य भाषा में समय गुजरने के साथ साथ अवश्य होने वाले परिवर्तन का प्रभाव, कण्ठ-पाठ के रूप में स्थित इन सूत्रों की भाषा पर पड़ना, अन्ततः उस उस समय के लोगों को समझाने के उद्देश्य से भी, आश्चर्यकर नहीं है। इसके सिवा, भाषा-परिवर्तन का यह भी एक मुख्य कारण माना जा सकता है कि भगवान महावीर के निर्वाण से करीब दो सौ वर्ष के बाद (खिस्त-पूर्व ३१०) चन्द्रगुप्त के राजत्व-काल में मगध देश में बारह वर्षों का सुदीर्घ अकाल पड़ने पर साधु लोगों को निर्वाह के लिए समुद्र-तीर-वर्ती प्रदेश (दक्षि देश) में जाना पड़ा था ÷। उस समय वे सूत्र-ग्रन्थों का परिशीलन न कर सकने के कारण उन्हें भूल से गये थे। इससे अकाल के बाद पाटलिपुत्र में संघ ने एकत्रित होकर जिस जिस साधु को जिस जिस अङ्ग-ग्रन्थ का जो जो अंश जिस जिस आकार में याद रह गया था, उस उस से उस उस अङ्ग-ग्रन्थ के उस उस अंश को उस उस रूप में

---

* "भगवं च णं अद्धमागहीए भासाए धम्ममाइक्खइ" (समवायाङ्ग सूत्र, पत्र ६०)।
"तए णं समणे भगवं महावीरे कूणिअस्स रण्णो भिंभिसारपुत्तस्स......अद्धमागहाए भासाए भासइ।......सा वि य णं अद्धमागहा भासा तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं अप्पणो सभासाए परिणामेणं परिणमइ" (औपपातिक सूत्र)।

‡ "अत्थं भासइ अरिहा, सुत्तं गंथंति गणहरा निउणं" (आवश्यकनिर्युक्ति)।

§ "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं।
थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं ॥"
(आचारदिनकर में श्रीवर्धमानसूरि ने उद्धृत की हुई प्राचीन गाथा)।
"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम्।
अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः ॥"
(हरिभद्रसूरि की दशवैकालिक टीका में और हेमचन्द्र के काव्यानुशासन में उद्धृत प्राचीन श्लोक)

÷ देखो Annual Report of Asiatic Society, Bengal, 1893 में डो. होर्नलि का लेख।

प्राप्त कर ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों का संकलन किया *। इस घटना से जैसे अङ्ग-ग्रन्थों की भाषा के परिवर्तन का कारण समझ में आ सकता है, वैसे इन ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, मगध के पार्श्ववर्ती प्रदेशों की भाषाओं की तुलना में, दूरवर्ती महाराष्ट्र प्रदेश की भाषा का जो अधिक साम्य देखा जाता है उसके कारण का भी पता चलता है। जब ऐतिहासिक प्रमाणों से यह बात सिद्ध है कि दक्षिण प्रदेश में प्राचीन काल में जैन धर्म का अच्छी तरह प्रचार और प्रभाव हुआ था तब यह अनुमान करना अयुक्त नहीं है कि उक्त दीर्घकालिक अकाल के समय साधु लोग समुद्र-तीर-वर्ती इस दक्षिण देश में ही गये थे और वहाँ उन्होंने उपदेश-द्वारा जैन धर्म का प्रचार किया था। यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि उक्त साधुओं को दक्षिण प्रदेश में उस समय जो भाषा प्रचलित थी उसका अच्छी तरह ज्ञान हो गया था, क्योंकि उसके बिना उपदेश-द्वारा धर्म-प्रचार का कार्य वे कर ही नहीं सकते थे। इससे यह असंभव नहीं है कि उन साधुओं की इस नव-परिचित भाषा का प्रभाव, उनके कण्ठ-स्थित सूत्रों की भाषा पर भी पड़ा था। इसी प्रभाव को लेकर उनमेंसे कईएक साधु-लोग पाटलिपुत्र के उक्त संमेलन में उपस्थित हुए थे, जिससे अङ्गों के पुनः संकलन में उस प्रभाव ने न्यूनाधिक अंश में स्थान पाया था।

उक्त घटना से करीब आठ सौ वर्षों के बाद वलभी (सौराष्ट्र) और मथुरा में जैन ग्रन्थों को लिपि-बद्ध करने के लिए मुनि-संमेलन किये गये थे, क्योंकि इन सूत्र-ग्रन्थों का और उस समय तक अन्य जो जैन ग्रन्थ रचे गये थे उनका भी क्रमशः विस्मरण हो चला था और यदि वही दशा कुछ अधिक समय तक चालू रहती तो समग्र जैन शास्त्रों के लोप हो जाने का डर था जो वास्तव में सत्य था। संभवतः इस समय तक जैन साधुओं का भारतवर्ष के अनेक प्रदेशों में विस्तार हो चुका था और इन समस्त प्रदेशों से अल्पाधिक संख्या में आकर साधु लोगों ने इन संमेलनों में योग-दान किया था। भिन्न भिन्न प्रदेशों से आगत इन मुनिओं से जो ग्रन्थ अथवा ग्रन्थ के अंश जिस रूप में प्राप्त हुआ उसी रूप में वह लिपि-बद्ध किया गया। उक्त मुनिओं के भिन्न भिन्न प्रदेशों में चिर-काल तक विचरने के कारण उन प्रदेशों की भिन्न भिन्न भाषाओं का, उच्चारणों का और विभिन्न प्राकृत भाषाओं के व्याकरणों का कुछ-न-कुछ अलक्षित प्रभाव उनके कण्ठ-स्थित धर्म-ग्रन्थों की भाषा पर भी पड़ना अनिवार्य था। यही कारण है कि अंग-ग्रन्थों में, एक ही अङ्ग-ग्रन्थ के भिन्न भिन्न अंशों में और कहीं कहीं तो एक ही अंग-ग्रन्थ के एक ही वाक्य में परस्पर भाषा-भेद नजर आता है। संभवतः भिन्न भिन्न प्रदेशों की भाषाओं के प्रभाव से युक्त इसी भाषा-भेद को लक्ष्य में लेकर ख्रिस्त की सप्तम शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि ने अपनी निशीथचूर्णि में अर्धमागधी भाषा का "अट्ठारसदेसीभासानिययं वा अद्धमागहं" यह वैकल्पिक लक्षण किया है। भाषा-परिवर्तन के उक्त अनेक प्रबल कारण उपस्थित होने पर भी अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, पाटलिपुत्र के संमेलन के बाद से, आमूल वा अधिक परिवर्तन न होकर उसके बदले जो सूक्ष्म या अल्प ही भाषा-भेद हुआ है और सैंकड़ो की तादाद में उसके प्राचीन रूप अपने असल आकार में जो संरक्षित रह सके हैं उसका श्रेयः सूत्रों के अशुद्ध उच्चारण आदि के लिए प्रदर्शित पाप-बन्ध के उस धार्मिक नियम को है जो संभवतः पाटलीपुत्र के संमेलन के बाद निर्मित या दृढ किया गया था।

---

* "इतश्च तस्मिन् दुष्काले कराले कालरात्रिवत्। निर्वाहार्थं साधुसङ्घस्तीरं नीरनिधेर्ययौ ॥ ५५ ॥
अगुण्यमानं तु तदा साधूनां विस्मृतं श्रुतम्। अनभ्यसनतो नश्यत्यधीतं धीमतामपि ॥ ५६ ॥
संघोऽथ पाटलीपुत्रे दुष्कालान्तेऽखिलोऽमिलत्। यदङ्गाध्ययनोद्देशाद्यासीद् यस्य तदाददे ॥ ५७ ॥
ततश्चैकादशाङ्गानि श्रीसंघोऽमेलयत् तदा। दृष्टिवादनिमित्तं च तस्थौ किञ्चिद् विचिन्तयन् ॥ ५८ ॥
नेपालदेशमार्गस्थं भद्रबाहुं च पूर्विणाम्। ज्ञात्वा संघः समाह्वातुं ततःप्रैषीन्मुनिद्वयम् ॥ ५९ ॥"

(स्थविरावलीचरित, सर्ग ९)।

यहाँ पर प्रसङ्ग-वश इस बात का उल्लेख करना उचित प्रतीत होता है कि *समवायाङ्ग सूत्र में निर्दिष्ट अङ्ग-ग्रन्थ-संवन्धी विषय और परिमाण का वर्तमान अङ्ग-ग्रन्थों में कहीं कहीं जो थोडा-बहुत क्रमशः विसंवाद और ह्रास पाया जाता है और अङ्ग-ग्रन्थों में ही बाद के § उपाङ्ग-ग्रन्थों का और बाद की ÷ घटनाओं का जो उल्लेख दृष्टिगोचर होता है उसका समाधान भी हमको उक्त संमेलनों की घटनाओं से अच्छी तरह मिल जाता है।

अर्धमागधी और आर्ष एक हैं।

×समवायाङ्ग सूत्र, व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र, औपपातिक सूत्र और प्रज्ञापना सूत्र में तथा अन्यान्य प्राचीन जैन ग्रन्थों में जिस भाषा को अर्धमागधी नाम दिया गया है, + स्थानाङ्ग-सूत्र और अनुयोगद्वारसूत्र में जिस भाषा को 'ऋषिभाषिता' कहा गया है और संभवतः इसी 'ऋषिभाषिता' पर से $ आचार्य हेमचन्द्र आदि ने जिस भाषा की 'आर्ष (ऋषिओं की भाषा)' संज्ञा रखी है वह वस्तुतः एक ही भाषा है अर्थात् अर्धमागधी, ऋषिभाषिता और आर्ष ये तीनों एक ही भाषा के भिन्न भिन्न नाम हैं, जिनमें पहला उसके उत्पत्ति-स्थान से और बाकी के दो उस भाषा को सर्व-प्रथम साहित्य में स्थान देने वालों से संवन्ध रखते हैं। जैन सूत्रों की भाषा यही अर्धमागधी, ऋषिभाषिता या आर्ष है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में आर्ष प्राकृत के जो लक्षण और उदाहरण बताये हैं उनसे तथा "अत एत् सौ पुंसि मागध्याम् ¶" (हे० प्रा० ४, २८७) इस

---

* समवायाङ्ग सूत्र, पत्र १०६ से १२५।

§ "जहा पन्नवणाए पढमए आहारुद्देसए" (व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र १, १—पत्र १९)।

÷ देखो स्थानाङ्ग सूत्र, पत्र ४१० में वर्णित निह्नव-स्वरूप।

× देखो पृष्ठ १९ में दिया हुआ समवायाङ्ग सूत्र और औपपातिकसूत्र का पाठ।

"देवा णं भंते! कयराए भासाए भासंति? कयरा वा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति? गोयमा! देवा णं **अद्धमागहाए** भासाए भासंति, सावि य णं **अद्धमागहा** भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति।" (व्याख्या-प्रज्ञप्तिसूत्र ५, ४—पत्र २२१)।

"से किं तं भासारिया? भासारिया जे णं **अद्धमागहाए** भासाए भासंति" (प्रज्ञापनासूत्र १—पत्र ६२)।

"मगहद्धविसयभासाणिबद्धं **अद्धमागहं**, अट्ठारसदेसीभासाणियमं वा **अद्धमागहं**" (निशीथचूर्णि)।

"आरिसवयणे सिद्धं देवाणं **अद्धमागहा** वाणी" (काव्यालंकार की नमिसाधुकृतटीका २, १२)।

"**सर्वार्धमागधीं** सर्वभाषासु परिणामिनीम्।
सर्वेषां सर्वतो वाचं सार्वज्ञीं प्रणिदध्महे॥" (वाग्भट्टकाव्यानुशासन, पृष्ठ २)।

\+ "सक्कता पागता चेव दुहा भणितीओ आहिया।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था **इसिभासिता**॥" (स्थानाङ्गसूत्र ७—पत्र ३९४)।

"सक्कया पायया चेव भणिईओ होंति दोण्णिया वा।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था **इसिभासिआ**॥" (अनुयोगद्वारसूत्र, पत्र १३१)।

$ देखो हेमचन्द्र-प्राकृतव्याकरण का सूत्र १, ३।

"आर्षोत्थमार्षतुल्यं च द्विविधं प्राकृतं विदुः" (प्रेमचन्द्रतर्कवागीश ने काव्यादर्श की टीका में उद्धृत किया हुआ पद्यांश)।

¶ मागधी भाषा में अकारान्त पुंलिंग शब्द के प्रथमा के एकवचन में 'ए' होता है।

सूत्र की व्याख्या में जो "* यदपि § "पोराणमद्धमागहभासानियतं हवइ सुत्तं ÷" इत्यादिना आर्षस्य अर्धमागधभाषानियतत्वमाम्नायि वृद्धैस्तदपि प्रायोऽस्यैव विधानात्, न वक्ष्यमाणलक्षणस्य" यह कह कर उसी के अनन्तर जो दशवैकालिक सूत्र से उद्धृत "कयरे आगच्छइ, से तारिसे जिइंदिए" यह उदाहरण दिया है उससे उक्त बात निर्विवाद सिद्ध होती है।

डो. जेकोबी ने प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री कह कर 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है ×। डो. पिशल ने अपने सुप्रसिद्ध प्राकृत-व्याकरण में डो. जेकोबी की इस बात का सप्रमाण खंडन किया है और यह सिद्ध किया है कि आर्ष और अर्धमागधी इन दोनों में परस्पर भेद नहीं है, एवं प्राचीन जैन सूत्रों की—गद्य और पद्य दोनों की—भाषा परम्परागत मत के अनुसार अर्धमागधी है +। परवर्ती काल के जैन प्राकृत ग्रन्थों की भाषा अल्पांश में अर्धमागधी की और अधिकांश में महाराष्ट्री की विशेषताओं से युक्त होने के कारण 'जैन महाराष्ट्री' कही जा सकती है; परन्तु प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को, जो शौरसेनी आदि भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री से अधिक साम्य रखती हुई भी, अपनी उन अनेक खासियतों से परिपूर्ण है जो महाराष्ट्र आदि किसी प्राकृत में दृष्टिगोचर नहीं होती हैं, यह (जैन महाराष्ट्री) नाम नहीं दिया जा सकता।

अर्धमागधी महाराष्ट्री से भिन्न है।

पंडित बेचरदास अपने गूजराती प्राकृत-व्याकरण की प्रस्तावना में जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा को ‡ प्राकृत (महाराष्ट्री) सिद्ध करने की विफल चेष्टा करते हुए डो. जेकोबी से भी दो कदम आगे बढ़ गये हैं, क्योंकि डो. जेकोबी जब इस भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री—साहित्य-निबद्ध महाराष्ट्री से पुरातन महाराष्ट्री—बताते हैं तब पंडित बेचरदास, प्राकृत भाषाओं के इतिहास जानने की तनिक भी परवा न रखकर, अर्वाचीन महाराष्ट्री से इस प्राचीन अर्धमागधी को अभिन्न सिद्ध करने जा रहे हैं! पंडित बेचरदास ने अपने सिद्धान्त के समर्थन में जो दलीलें पेश की हैं वे अधिकांश में भ्रान्त संस्कारों से उत्पन्न होने के कारण कुछ महत्त्व न रखती हुई भी कुतूहल-जनक अवश्य हैं। उन दलीलों का सारांश यह है—(१) अर्धमागधी में महाराष्ट्री से मात्र दो चार रूपों की ही विशेषता; (२) आचार्य हेमचन्द्र का इस भाषा के लिए स्वतन्त्र व्याकरण या शौरसेनी आदि की तरह अलग अलग सूत्र न बनाकर प्राकृत (महाराष्ट्री) या आर्ष प्राकृत में ही इसको अन्तर्गत करना; (३) इसमें मागधी भाषा की कतिपय विशेषताओं का अभाव; (४) निशीथचूर्णिकार

---

* इसका अर्थ यह है कि प्राचीन आचार्यों ने "पुराना सूत्र अर्धमागधी भाषा में नियत है" इत्यादि वचन-द्वारा आर्ष भाषा को जो अर्धमागधी भाषा कही है वह प्रायः मागधी भाषा के इसी एक एकारवाले विधान को लेकर, न कि आगे कहे जाने वाले मागधी भाषा के अन्य लक्षण के विधान को लेकर।

§ इसी वचन के आधार पर डो. होर्नलि का चण्ड-कृत प्राकृतलक्षण के इन्ट्रोडक्शन (पृष्ठ १८-१९) में यह लिखना कि हेमचन्द्र के मत में 'पोराण' आर्ष प्राकृत का एक नाम है, भ्रम-पूर्ण है, क्योंकि यहाँ पर 'पोराण' यह सूत्र का ही विशेषण है, भाषा का नहीं।

÷ आवश्यकसूत्र के पारिष्ठापनिकाप्रकरण (दे० ला०पु०फं० पत्र ६२८) में यह संपूर्ण गाथा इस तरह है :—
"पुव्वावरसंजुत्तं वेरग्गकरं सतंतमविरुद्धं। पोराणमद्धमागहभासानियतं हवइ सुत्तं॥"

× Kalpa Sutra, Sacred Books of the East, VoL. XII.

\+ Grammatik der Prākrit-Sprachen, § 16-17.

‡ जैसे आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है वैसे पंडित बेचरदास ने भी अपने प्राकृत-व्याकरण में, जो केवल हेमाचार्य के ही प्राकृत-व्याकरण के आधार पर रचा गया है, सर्वत्र साहित्यिक महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार किया है।

के अर्धमागधी के दोनों में एक भी लक्षण की इसमें असंगति; (५) प्राचीन जैन ग्रन्थों में इस भाषा का 'प्राकृत' शब्द से निर्देश; (६) नाट्य-शास्त्र में और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट अर्धमागधी के साथ प्रस्तुत अर्धमागधी की असमानता।

प्रथम दलील के उत्तर में हमें यहाँ अधिक कहने की कोई आवश्यकता नहीं, इसी प्रकरण के अन्त में महाराष्ट्री से अर्धमागधी की विशेषताओं की जो संक्षिप्त सूची दी गई है वही पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त डो. बनारसीदासजी की "अर्धमागधी रीडर" मुनि श्रीरत्नचन्द्रजी की "जैन सिद्धान्त-कौमुदी" और डो. पिशल का प्राकृत-व्याकरण मौजुद है जिनमें क्रमशः अधिकाधिक संख्या में अर्धमागधी की विशेषताओं का संग्रह है। आचार्य हेमचन्द्र के ही प्राकृत-व्याकरण के "आर्षम्" सूत्र से, इसकी स्पष्ट और सर्व-भेद-ग्राही व्यापक * व्याख्या से और जगह जगह † किये हुए आर्ष के सोदाहरण उल्लेखों से दूसरी दलील की निर्मूलता सिद्ध होती है। यदि आचार्य हेमचन्द्र ने ही निर्दिष्ट की हुई दो-एक विशेषताओं के कारण चूलिकापैशाची अलग भाषा मानी जा सकती है, अथवा आठ-दस विशेषतओं को ले कर शौरसेनी, मागधी और पैशाची भाषाओं को भिन्न भिन्न भाषा स्वीकार करने में आपत्ति नहीं की जा सकती, तो कोई वजह नहीं है कि उसी वैयाकरण ने प्रकारान्तर से अथच स्पष्ट रूप से बताई हुई वैसी ही अनेक विशेषतओं के कारण आर्ष या अर्धमागधी भी भिन्न भाषा न कही जाय। तीसरी दलील की जड़ यह भ्रान्त संस्कार है कि "वही भाषा अर्धमागधी कही जाने योग्य हो सकती है जिसमें मागधी भाषा का आधा अंश हो'। इसी भ्रान्त संस्कार के कारण चौथी दलील में उद्धृत निशीथचूर्णि के अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का सत्य और सीधा अर्थ भी उक्त पंडितजी की समझ में नहीं आया है। इस भ्रान्त संस्कार का निराकरण और निशीथचूर्णिकार ने बताये हुए अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का और उसके वास्तविक अर्थ का निर्देश इसी प्रकरण में आगे चलकर अर्धमागधी के मूल की आलोचना के समय किया जायगा, जिससे इन दोनों दलीलों के उत्तरों को यहाँ दुहराने की आवश्यकता नहीं है। पाँचवीं दलील भी प्राचीन आचार्यों ने जैन सूत्र-ग्रन्थों की भाषा के अर्थ में प्रयुक्त किये हुए 'प्राकृत' शब्द को 'महाराष्ट्री' के अर्थ में घसीटने से ही हुई है। मालुम पड़ता है, पंडितजी ने जैसे अपने व्याकरण में 'प्राकृत' शब्द को केवल महाराष्ट्री के लिए रिझर्व कर रखा है वैसे सभी प्राचीन आचार्यों के 'प्राकृत' शब्द को भी वे एकमात्र महाराष्ट्री के ही अर्थ में मुकरर किया हुआ समझ बैठे हैं ‡। परन्तु यह समझ गलत है। प्राकृत शब्द का मुख्य अर्थ है प्रादेशिक कथ्य भाषा—लोक-भाषा। प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति भी वास्तव में इसी अर्थ से संगति रखती है यह हम पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं। ख्रिस्त की षष्ठ शताब्दी के आचार्य दण्डी ने अपने काव्यादर्श में

"शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी। याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु संनिधिम्॥" (१, ३५)।

---

* "आर्षं प्राकृतं बहुलं भवति। तदपि यथास्थानं दर्शयिष्यामः। आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्प्यन्ते" (हे० प्रा० १, ३)।

† देखो हेमचन्द्र-प्राकृत व्याकरण के १, ४६; १, ५७; १, ७९; १, ११८; १, ११९; १, १५१; १, १७७; १, २२८; १, २५४; २, १७; २, २१; २, ८६; २, १०१; २, १०४; २, १४६; २, १७४; ३, १६२; और ४, २८७ सूत्रों की व्याख्या।

‡ "ऊपरना बधा उल्लेखोमां वपरायेलो 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषानो सूचक छे, अनुयोगद्वारमां 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषाना अर्थमां वपरायेलो छे. (पृ० १३१ स०)। वैयाकरण वररुचिना समयथी तो ए शब्द ए ज अर्थमां वपरातो आव्यो छे; अने ए पछीना आचार्योए पण ए शब्दने ए ज अर्थमां वापरेलो छे, माटे कोईए अहीं ए शब्दने मरडवो नहीं।" (प्राकृतव्याकरण, प्रवेश, पृष्ठ २६ टिप्पनी)।

इन खुले शब्दों में यही बात कही है। इससे भी यह स्पष्ट है कि प्राकृत शब्द मुख्यतः प्रादेशिक लोक-भाषा का ही वाचक है और इससे साधारणतः सभी प्रादेशिक कथ्य भाषाओं के अर्थ में इसका प्रयोग होता आया है। दण्डी के समय तक के सभी प्राचीन ग्रन्थों में इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार देखा जाता है। खुद दंडी ने भी महाराष्ट्री भाषा में प्राकृत शब्द के प्रयोग को 'प्रकृष्ट' शब्द से विशेषित करते हुए इसी बात का समर्थन किया है*। दण्डी के महाराष्ट्री को 'प्रकृष्ट प्राकृत' कहने के बाद ही से, विशेष प्रसिद्धि होने के कारण, महाराष्ट्री के अर्थ में 'प्रकृष्ट' शब्द को छोड़ कर केवल प्राकृत शब्द का भी प्रयोग हेमचन्द्र आदि, किन्तु दण्डी के पीछे के ही विद्वानों ने, कहीं कहीं किया है। पंडितजी ने वररुचि के समय से लेकर पीछले आचार्यों का महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार करने की जो बात उक्त टिप्पनी में ही लिखी है उससे प्रतीत होता है कि उन्होंने न तो वररुचि का ही व्याकरण देखा है और न उनके पीछे के आचार्यों के ही ग्रन्थों का निरीक्षण करने की कोशिश की है, क्योंकि वररुचि ने तो "शेषं महाराष्ट्रीवत्" (प्राकृतप्रकाश १२, ३२) कहते हुए इस अर्थ में महाराष्ट्री शब्द का ही प्रयोग किया है, न कि प्राकृत शब्द का। आचार्य हेमचन्द्र ने भी कुमारपालचरित में "पाइआहिं भासाहिं" (१, १) में बहुवचन का निर्देश कर और देशीनाममाला (१, ४) में 'विशेष' शब्द लगा कर 'प्राकृत' का प्रयोग साधारण लोक-भाषा के ही अर्थ में किया है। आचार्य दण्डी और हेमचन्द्र ही नहीं, बल्कि खिस्त की नववीं शताब्दी के कवि राजशेखर†, ग्याहवीं शताब्दी के नमिसाधु‡, उन्नीसवीं शताब्दी के प्रेमचन्द्रतर्कवागीश प्रभृति§ प्रभूत जैन और जैनेतर विद्वानों ने इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है। इस तरह जब यह अभ्रान्त सत्य है कि प्राचीन काल से ले कर आजतक प्राकृत शब्द प्रादेशिक कथ्य भाषा के अर्थ में व्यवहृत होता आया है और इसका मुख्य और प्राचीन अर्थ साधारणतः सभी और विशेषतः कोई भी प्रादेशिक भाषा है, तब प्राचीन आचार्यों ने भगवान महावीर की उपदेश-भाषा के और उनके समसामयिक शिष्य सुधर्मस्वामि-प्रणीत जैन सूत्रों की भाषा के ही अभिप्राय में प्रयुक्त किये हुए 'प्राकृत' शब्द का 'अर्ध मगध-प्रदेश (जहाँ भगवान महावीर और सुधर्मस्वामी का उपदेश और विचरण होना प्रसिद्ध है) की लोक-भाषा (अर्धमागधी)' इस सुसंगत अर्थ को छोड़ कर मगध से सुदूरवर्ती प्रदेश 'महाराष्ट्र (जहाँ न तो भगवान महावीर का और न सुधर्मस्वामी का ही उपदेश या विहार होना जाना गया है) की भाषा (महाराष्ट्री)' यह असंगत अर्थ लगाना, अपनी हीन विवेचना-शक्ति का परिचय देना है। इसी सिलसिले में पंडितजी ने अनुयोगद्वार सूत्र की एक अपूर्ण गाथा उद्धृत की है। यदि उक्त पंडितजी अनुयोगद्वार की गाथा के पूर्वार्ध का यहाँ पर उल्लेख करने के पहले इस गाथा के मूल स्थान को ढूँढ पाते और वे प्राकृत शब्द से जिस भाषा (महाराष्ट्री) का ग्रहण करते हैं इसके और प्राचीन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा के इतिहास को न जानते हुए भी सिर्फ उत्तरार्ध-सहित इस गाथा पर ही प्रकरण-संगति के साथ जरा गौर से विचार करने का कष्ट उठाते तो हमारा यह विश्वास है कि, वे कमसे कम इस गाथा का यहाँ हवाला देने का साहस और अनुयोगद्वार के कर्त्ता पर अर्धमागधी के विस्मरण का व्यङ्ग-बाण छोड़ने की धृष्टता कदापि नहीं कर पाते। क्योंकि इस गाथा का मूल स्थान है तृतीय अंग-ग्रन्थ जिसका नाम स्थानाङ्ग-सूत्र है। इसी स्थानाङ्ग-सूत्र के संपूर्ण स्वर-

---

* "महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः" (काव्यादर्श १, ३४)।

† "परुसो सक्कअ-बंधो पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो" (कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

‡ "सूरसेन्यपि प्राकृतभाषैव, तथा प्राकृतमेवापभ्रंशः" (काव्यालङ्कार-टिप्पन २, १२)।

§ "सर्वासामेव प्राकृतभाषाणां"—(काव्यादर्शटीका १, ३३), "तादृशीत्यनेन देशनामोपलक्षिताः सर्वा एव भाषाः प्राकृतसंज्ञयोच्यन्त इति सूचितम्" (काव्यादर्शटीका १, ३५)।

प्रकरण को अनुयोगद्वार सूत्र में उद्धृत किया गया है जिसमें वह गाथा भी शामिल है। वह संपूर्ण गाथा इस तरह है;—

"सक्कता पागता चेव दुहा भणिईओ आहिया। सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता ॥"

इसका शब्दार्थ है—"संस्कृत और प्राकृत ये दो प्रकार की भाषायें कही गई हैं, गाये जाते स्वर-समूह (षड्ज-प्रभृति) में ऋषिभाषिता—आर्ष भाषा—प्रशस्त है।" यहाँ पर प्रकरण है सामान्यतः गीत की भाषा का। वर्तमान समय की तरह उस समय भी सभी भाषाओं में गीत होते थे। इससे यहाँ पर इन सभी भाषाओं का निर्देश करना ही सूत्रकार को अभिप्रेत है जो उन्होंने संस्कृत—व्याकरण-संस्कार-युक्त—भाषा और प्राकृत—व्याकरण-संस्कार-रहित—लोक-भाषा—इन दो मुख्य विभागों में किया है। इस तरह इस गाथा में पहले गीत की भाषाओं का सामान्य रूप से निर्देश कर बाद में इन भाषाओं में जो प्रशस्त है वह 'ऋषिभाषिता' इस विशेष रूप से बताई गई है। यदि यहाँ पर प्राकृत शब्द का 'प्रादेशिक लोक-भाषा' यह सामान्य अर्थ न ले कर पंडितजी के कथनानुसार 'महाराष्ट्री' यह विशेष अर्थ लिया जाय तो गीत को सभी भाषाओं का निर्देश, जो सूत्रकार को करना आवश्यक है, कैसे हो सकता है? क्या उस समय अन्य लोक-भाषाओं में गीत होते ही न थे? गीत का ठेका क्या संस्कृत और महाराष्ट्री इन दो भाषाओं को ही मिला हुआ था? यह कभी संभवित नहीं है। इसी गाथा के उत्तरार्ध के 'पसत्था इसिभासिता" इस वचन से अर्धमागधी की सूचना ही नहीं, बल्कि उसका श्रेष्ठपन भी सूत्रकार ने स्पष्ट रूप में बताया है। इससे पंडितजी के उस कथन में कुछ भी सत्यांश नजर नहीं आता है जो उन्होंने सूत्रकार के अर्धमागधी की अलग सूचना न करने के बारे में किया है।

जैसे बौद्धसूत्रों की मागधी (पालि) से नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट मागधी भिन्न है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी से नाट्य-शास्त्र की या प्राकृत-व्याकरणों की अर्धमागधी भी अलग है। इससे बौद्धसूत्रों की मागधी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की मागधी से मेल न रखने के कारण जैसे महाराष्ट्री न कही जाकर मागधी कही जाती है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा भी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की अर्धमागधी से समान न होने की वजह से ही महाराष्ट्री न कही जाकर अर्धमागधी ही कही जा सकती है।

नाटकीय अर्धमागधी जैन-सूत्रों की अर्धमागधी से भिन्न है।

भरत-रचित कहे जाते नाट्य-शास्त्र में जिन सात भाषाओं का उल्लेख है उनमें एक अर्धमागधी भी है ※। इसी नाट्यशास्त्र में नाटकों के नौकर, राजपुत्र और श्रेष्ठी इन पात्रों के लिए इस भाषा का प्रयोग निर्दिष्ट किया गया है ÷। इससे नाटकों में इन पात्रों की जो भाषा है वह अर्धमागधी कही जाती है। परन्तु नाटकों की अर्धमागधी और जैन सूत्रों की अर्धमागधी में परस्पर समानता की अपेक्षा इतना अधिक भेद है कि यह एक दूसरे से अभिन्न कभी नहीं कही जा सकती। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी भाषा के लक्षण बताकर उसी प्रकरण के शेष में अर्धमागधी भाषा का यह लक्षण कहा है—"× शौरसेन्या अदूरत्वादियमेवार्धमागधी" अर्थात् शौरसेनी भाषा के निकट-वर्ती होने के कारण मागधी ही अर्धमागधी है। इस लक्षण के अनन्तर उन्होंने उक्त नाट्य-शास्त्र के उस वचन को उद्धृत किया है जिसमें

※ "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी। वाह्लीका दक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः" (१७, ४८)।

÷ "चेटानां राजपुत्राणां श्रेष्ठिनां चार्धमागधी" (भरतीय नाट्यशास्त्र, निर्णयसागरीय संस्करण, १७, ५०)। मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में इस विषय में भरत का नाम देकर जो वचन उद्धृत कि[illegible] इस तरह है—"'राक्षसीश्रेष्ठिचेटानुकर्म्यादेरर्धमागधी' इति भरतः" यह पाठान्तर ज्ञात होता है।

× प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०३।

अर्धमागधी के प्रयोगार्ह पात्रों का निर्देश है और इसके बाद उदाहरण के तौर पर वेणीसंहार की राक्षसी की एक उक्ति का उल्लेख कर अर्धमागधी का प्रकरण खतम किया है। इससे यह स्पष्ट मालूम होता है कि भरत का अर्धमागधी-विषयक उक्त वचन और मार्कण्डेय का अर्धमागधी-विषयक उक्त लक्षण नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही रचित है; जैन सूत्रों की अर्धमागधी के साथ इसका कोई संबन्ध नहीं है। क्रमदीश्वर ने अपने प्राकृत-व्याकरण में अर्धमागधी का जो लक्षण किया है वह यह है—"* महाराष्ट्री-मिश्राऽर्धमागधी" अर्थात् महाराष्ट्री से मिश्रित मागधी भाषा ही अर्धमागधी है। जान पड़ता है, क्रमदीश्वर का यह लक्षण भी नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही प्रयोज्य है, क्योंकि उक्त नाट्यशास्त्र में जिन पात्रों के लिए अर्धमागधी के प्रयोग का नियम बताया गया है, अनेक नाटकों में उन पात्रों की भाषा भिन्न भिन्न है ÷। संभवतः इसी भिन्नता के कारण ही क्रमदीश्वर ने और मार्कण्डेय ने अर्धमागधी के भिन्न भिन्न लक्षण किये हैं।

महाराष्ट्री से अर्धमागधी प्राचीन है।

जैसे हम पहले कह चुके हैं, जैन सूत्रों की अर्धमागधी में इतर भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री के लक्षण अधिक देखने में आते हैं। किन्तु यह याद रखना चाहिए कि ये लक्षण साहित्यिक महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में नहीं आये हैं। इसका कारण यह है कि जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा साहित्यिक महाराष्ट्री भाषा से अधिक प्राचीन है और इससे यही (अर्धमागधी) महाराष्ट्री का मूल कही जा सकती है। + डो. होर्नलि ने जैन अर्धमागधी को ही आर्ष प्राकृत कहकर इसीको परवर्ती काल में उत्पन्न नाटकीय अर्धमागधी, महाराष्ट्री और शौरसेनी भाषाओं का मूल माना है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री नाम न दे कर प्राकृत के सामान्य नाम से एक भाषा के लक्षण दिये हैं और उनके उदाहरण साधारण तौर से अर्वाचीन महाराष्ट्री-साहित्य से उद्धृत किये हैं; परन्तु जहाँ अर्धमागधी के प्राचीन जैन ग्रन्थों से उदाहरण लिये हैं वहाँ इसको आर्ष प्राकृत का विशेष नाम दिया है। इससे प्रतीत होता है कि आचार्य हेमचन्द्र ने भी एक ही भाषा के प्राचीन रूप को आर्ष प्राकृत और अर्वाचीन रूप को महाराष्ट्री मानते हुए आर्ष प्राकृत को महाराष्ट्री का मूल स्वीकार किया है।

अर्धमागधी शब्द की संगत व्युत्पत्ति।

नाटकीय अर्धमागधी में मागधी भाषा के लक्षण अधिकांश में पाये जाते हैं इससे 'मागधी से ही अर्धमागधी भाषा की उत्पत्ति हुई है और जैन सूत्रों की भाषा में मागधी के लक्षण अधिक न मिलने से वह अर्धमागधी कहलाने योग्य नहीं' यह जो भ्रान्त संस्कार कई लोगों के मन में जमा हुआ है, उसका मूल है अर्धमागधी शब्द को मागधी भाषा के अर्धांश में ग्रहण करना, अर्थात् 'अर्धं मागध्याः' यह व्युत्पत्ति कर 'जिसका अर्धांश मागधी भाषा वह अर्धमागधी' ऐसा करना। वस्तुतः अर्धमागधी शब्द की न वह व्युत्पत्ति ही सत्य है और न वह अर्थ ही। अर्धमागधी शब्द की वास्तविक व्युत्पत्ति है 'अर्धमगधस्येयम्' और इसके अनुसार इसका अर्थ है 'मगध देश के अर्धांश की जो भाषा वह अर्धमागधी'। यही बात खिस्त की सातवीं शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि महत्तर ने निशीथचूर्णि-नामक ग्रन्थ में "पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं" इस उल्लेख

---

* संक्षिप्तसार, पृष्ठ ३८। ÷ देखो भास-रचित कहे जाते चारुदत्त और स्वप्नवासवदत्त में क्रमशः चेट तथा चेटी की भाषा और शूद्रक के मृच्छकटिक में चेट और श्रेष्ठी चन्दनदास की भाषा।

+ "It thus seems to me very clear, that the Prākrit of Chanda is the ARSHA or ancient (Porana) form of the Ardhamāgadhi, Mahārāshtri and Sauraseni." (Introduction to Prakrita Lakshana of Chanda, Page XIX).

के 'अर्धमागध' शब्द की व्याख्या के प्रसङ्ग में इन स्पष्ट शब्दों में कही है :—"मगहद्धविसयभासानिबद्ध अद्धमागहं" अर्थात् मगध देश के अर्ध प्रदेश की भाषा में निबद्ध होने के कारण प्राचीन सूत्र 'अर्धमागध' कहा जाता है।

जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-स्थान और उसका 'महाराष्ट्री' के साथ सादृश्य का कारण।

परन्तु, अर्धमागधी का मूल उत्पत्ति-स्थान पश्चिम मगध अथवा मगध और शूरसेन का मध्यवर्ती प्रदेश (अयोध्या) होने पर भी जैन अर्धमागधी में मागधी और शौरसेनी भाषा के विशेष लक्षण देखने में नहीं आते। महाराष्ट्री के साथ ही इसका अधिक सादृश्य नजर आता है। यहाँ पर प्रश्न होता है कि इस सादृश्य का कारण क्या है ? सर ग्रियर्सन ने अपने प्राकृत-भाषाओं के भौगोलिक विवरण में यह स्थिर किया है कि जैन अर्धमागधी मध्यदेश (शूरसेन) और मगध के मध्यवर्ती देश (अयोध्या) की भाषा थी एवं आधुनिक पूर्वीय हिन्दी उससे उत्पन्न हुई है। किन्तु हम देखते हैं कि अर्धमागधी के लक्षणों के साथ मागधी, शौरसेनी और आधुनिक पूर्वीय हिन्दी का कोई विशेष संबन्ध नहीं है, परन्तु महाराष्ट्री प्राकृत और आधुनिक मराठी भाषा के साथ उसका सादृश्य अधिक है। इसका कारण क्या ? किसीने अभीतक यह ठीक ठीक नहीं बताया है। यह संभव है, जैसा हम पाटलिपुत्र के संमेलन के प्रसंग में ऊपर कह आये हैं, चन्द्रगुप्त के राजत्वकाल में (खिस्त-पूर्व ३१०) बारह वर्षों के अकाल के समय जैन मुनि-संघ पाटलीपुत्र से दक्षिण की ओर गया था। उस समय वहाँ के प्राकृत के प्रभाव से अंग-ग्रन्थों की भाषा का कुछ कुछ परिवर्तन हुआ था। यही महाराष्ट्री प्राकृत का आर्ष प्राकृत के साथ सादृश्य का कारण हो सकता है।

उत्पत्ति-समय।

सर आर. जि. भाण्डारकर जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-समय खिस्तीय द्वितीय शताब्दी मानते हैं। उनके मत में कोई भी साहित्यिक प्राकृत भाषा खिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी से पहले की नहीं है। सायद इसी मत का अनुसरण कर डो. सुनीतिकुमार चटर्जी ने अपनी Origin and Development of Bengalee Language नामक पुस्तक में (Introduction, page 18) समस्त नाटकीय प्राकृत-भाषाओं का और जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-काल खिस्तीय तृतीय शताब्दी स्थिर किया है। परन्तु त्रिवेन्द्रम से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों का निर्माण-समय अन्ततः खिस्त की दूसरी शताब्दी के बाद का न होने से और अश्वघोष-कृत बौद्ध-धर्म-विषयक नाटकों के जो कतिपय अंश डो. ल्युडर्स ने प्रकाशित किये हैं उनका समय खिस्त की प्रथम शताब्दी निश्चित होने से यह प्रमाणित होता है कि उस समय भी नाटकीय प्राकृत भाषायें प्रचलित थीं। और, डो. ल्युडर्स ने यह स्वीकार किया है कि अश्वघोष के नाटकों में जैन अर्धमागधी भाषा के निदर्शन हैं। इससे जैन अर्धमागधी की प्राचीनता का यह भी एक विश्वस्त प्रमाण है। इसके अतिरिक्त, डो. जेकोबी जैन सूत्रों की भाषा और मथुरा के शिलालेखों (खिस्तीय सन् ८३ से १७६) की भाषा से यह अनुमान करते हैं कि जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी का काल खिस्त-पूर्व चतुर्थ शताब्दी का शेष भाग अथवा खिस्त-पूर्व तृतीय शताब्दी का प्रथम भाग है। हम डो. जेकोबी के इस अनुमान को ठीक समझते हैं जो पाटलिपुत्र के उस संमेलन से संगति रखता है जिसका उल्लेख हम पूर्व में कर चुके हैं।

लक्षण।

संस्कृत के साथ महाराष्ट्री के जो प्रधान प्रधान भेद हैं, उनकी संक्षिप्त सूची महाराष्ट्री के प्रकरण में दी जायगी। यहाँ पर महाराष्ट्री से अर्धमागधी की जो मुख्य मुख्य विशेषताएँ हैं उनकी संक्षिप्त सूची दी जाती है। उससे अर्धमागधी के लक्षणों के साथ माहाराष्ट्री के लक्षणों की तुलना करने पर यह अच्छी तरह ज्ञात हो सकता है कि महाराष्ट्री की अपेक्षा अर्धमागधी की वैदिक और लौकिक संस्कृत से अधिक निकटता है जो अर्धमागधी की प्राचीनता का एक श्रेष्ठ प्रमाण कहा जा सकता है।

वर्ण-भेद।

१। दो स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क के स्थान में प्रायः सर्वत्र ग और अनेक स्थलों में त और य होता है; जैसे—

ग—प्रकल्प=पगप्प; आकर=आगर; आकाश=आगास; प्रकार=पगार; श्रावक=सावग; विवर्जक=विवज्जग; निषेवक=णिसेवग; लोक=लोग; आकृति=आगइ।

त—आराधक=आराहत (ठाणांगसूत्र—पत्र ३१७), सामायिक=सामातित (ठा० ३२२), विशुद्धिक=विशुद्धित (ठा० ३२२), अधिक=अहित (ठा० ३६३), शाकुनिक=साउणित (ठा० ३६३). नैषधिक=णेसज्जित (ठा० ३६७), वीरासनिक=वीरासणित (ठा० ३६७), वर्धकि=वड्ढति (ठा० ३६८), नैरयिक=नेरतित (ठा० ३६६), सीमंतक=सीमंतत (ठा० ४५८), नरकात्=नरताते (ठा० ४५८), माडम्बिक=माडंबित (ठा० ४५६), कौटुम्बिक=कोडुंबित (ठा० ४५६), सचक्षुष्केण=सचक्खुतेणं (विपाकश्रुत—पत्र ५), कूणिक=कूणित (विपा० ५ टि), अन्तिकात्=अंतितातो (विपा० ७), राहसिकेन=रहस्सितेणं (विपा० ४; १८) इत्यादि।

य—कायिक=काइय, लोक=लोय वगैरः।

२। दो स्वरों के बीच का असंयुक्त ग प्रायः कायम रहता है। कहीं कहीं इसका त और य होता है। जैसे—आगम=आगम, आगमन=आगमण, आनुगामिक=आणुगामिय, आगमिष्यत्=आगमिस्स, जागर=जागर, अगारिन्=अगारि, भगवन्=भगवं; अतिग=अतित (ठा० ३६७); सागर=सायर।

३। दो स्वरों के बीच के असंयुक्त च और ज के स्थान में त और य उभय ही होता है। च के उदाहरण, जैसे—नाराच=णारात (ठा० ३५७), वचस्=वति (ठा० ३६८; ४५०), प्रवचन=पावतण (ठा० ४५१), कदाचित=कयाती (विपा० १७; ३०), वाचना=वायणा, उपचार=उवयार; लोच=लोय, आचार्य=आयरिय। ज के कुछ निदर्शन ये हैं—भोजिन्=भोति (सूअ० २, ६, १०), वज्र=वतिर (ठा० ३५७), पूजा=पूता (ठा० ३५८), राजेश्वर=रातीसर (ठा० ४५६), आत्मजः=अत्तते (विपा० ४ टि), प्रजात=पयाय, कामध्वजा=कामज्झया, आत्मज=अत्तय।

४। दो स्वरों का मध्यवर्ती त प्रायः कायम रहता है, कहीं कहीं इसका य होता है; यथा—वन्दते=वंदति, नमस्यति=नमंसति, पर्युपास्ते=पज्जुवासति (सूअ २, ७; विपा—पत्र ६), जितेन्द्रिय=जितिंदिय (सूअ २, ६, ५), सतत=सतत (सूअ १, १, ४, १२), भवति=भवति (ठा०—पत्र ३१७) अंतरित=अंतरित (ठा० ३४६), धैवत=धेवत (ठा० ३६३), जाति=जाति, आकृति=आगिति, विहरति=विहरति (विपा—४), पुरतः=पुरतो, करोति=करेति (विपा० ६), ततः=तते (विपा० ६; ७; ८), संदिसतु=संदिसतु, संलपति=संलवति (विपा० ७; ८), प्रभृति=पभितिं (विपा० १५; १६), करतल=करयल।

५। स्वरों के बीच में स्थित द का द और त ही अधिकांश में देखा जाता है, कहीं कहीं य भी होता है, जैसे—

द—प्रदिशः=पदिसो (आचा), भेद=भेद, अनादिकं=अणादियं (सूअ २, ७), वदत्=वदमाण, नदति=णादति, जनपद=जणवद, वेदिष्यति=वेदिहिती (ठा०—पत्र क्रमशः ३२१,३६३,४५८,४५८) इत्यादि।

त—यदा=जता, पाद=पात, निषाद=निसात, नदी=नती, मृषावाद=मुसावात, वादिक=वातित, अन्यदा=अन्नता, कदाचित्=कताती (ठा०—पत्र क्रमशः ३१७, ३४६, ३६३, ३६७, ४५०, ४५१, ४५६, ४५६); यदि=जति, चिरादिक=चिरातीत (विपा० पत्र ४) इत्यादि।

य—प्रतिच्छादन=पडिच्छायण, चतुष्पद=चउप्पय वगैरः।

६। दो स्वरों के मध्य में स्थित प के स्थान में प्रायः सर्वत्र व ही होता है; यथा—पापक=पावग, संलपति=संलवति, सोपचार=सोवयार, अतिपात=अतिवात, उपनीत=उवणीय, अध्युपपन्न=अज्झोववण्ण, उपगूढ=उवगूढ, आधिपत्य=आहेवच्च, तपक=तवय, व्यपरोपित=ववरोवित इत्यादि।

७। स्वरों के मध्यवर्ती य प्रायः कायम रहता है, अनेक स्थानों में इसका त देखा जाता है; जैसे—
य—वायव=वायव, प्रिय=पिय, निरय=निरय, इंद्रिय=इंदिय, गायति=गायइ प्रभृति।
त—स्यात्=सिता, सामायिक=सामातित, कायिक=कातित, पालयिष्यन्ति=पालतिस्संति, पर्याय=परितात, नायक=णातग, गायति=गातति, स्थायिन्=ठाति, शायिन्=साति, नैरयिक=नेरतित (ठा० पत्र क्रमशः ३१७, ३२२, ३२२, ३५७, ३५८, ३६३, ३६४, ३६७, ३६७, ३६६), इन्द्रिय=इंदित (ठा० ३२२, ३५५) इत्यादि।

८। दो स्वरों के बीच के व के स्थान में व, त और य होता है; यथा—
व—वायव=वायव, गौरव=गारव, भवति=भवति, अनुविचिन्त्य=अणुवीति (सूत्र १, १, ३, १३) इत्यादि।
त—परिवार=परिताल, कवि=कति (ठा० पत्र क्रमशः ३५८, ३६३) इत्यादि।
य—परिवर्तन=परियट्टण, परिवर्तना=परियट्टणा (ठा० ३४६) वगैरः।

६। महाराष्ट्री में स्वर-मध्य-वर्ती असंयुक्त क, ग, च, ज, त, द, प, य, व इन व्यञ्जनों का प्रायः सर्वत्र लोप होता है और प्राकृतप्रकाश आदि प्राकृत-व्याकरणों के अनुसार इन लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य कोई वर्ण नहीं होता। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती और कर्पूरमञ्जरी आदि नाटकों की महाराष्ट्री भाषा में भी यह लक्षण ठीक ठीक देखने में आता है। आचार्य हेमचन्द्र के प्राकृत-व्याकरण के अनुसार उक्त लुप्त व्यञ्जनों के दोनों तर्फ अवर्ण (अ या आ) होने पर लुप्त व्यञ्जन के स्थान में 'य्' होता है। 'गउडवहो' में यह 'य्' अधिक मात्रा में (उक्त व्यञ्जनों के पूर्व में अवर्ण-भिन्न स्वर रहने पर भी) पाया जाता है। परन्तु जैन अर्धमागधी में, जैसा हम ऊपर देख चुके हैं, प्रायः उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य अन्य व्यञ्जन होते हैं और कहीं कहीं तो वही व्यञ्जन कायम रहता है। हाँ, कहीं कहीं उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य व्यञ्जन होने या वही व्यञ्जन रहने के बदले महाराष्ट्री की तरह लोप भी देखा जाता है, किन्तु यह लोप वहाँ पर ही देखने में आता है जहाँ उक्त व्यञ्जनों के बाद अ या आ से भिन्न कोई स्वर होता है; जैसे—लोकः=लोओ, रोचित=रोइत, भोजिन्=भोइ, आतुर=आउर, आदेशि=आएसि, कायिक=काइय, आवेश=आएस वगैरः।

१०। शब्द की आदि में, मध्य में और संयोग में सर्वत्र ण की तरह न भी होता है, जैसे—नदी=नई, ज्ञातपुत्र=नायपुत्त, आरनाल=आरनाल, अनल=अनल, अनिल=अनिल, प्रज्ञा=पन्ना, अन्योन्य=अन्नमन्न, विज्ञ=विन्नु, सर्वज्ञ=सव्वन्नु इत्यादि।

११। एव के पूर्व के अम् के स्थान में आम् होता है, यथा—यामेव=जामेव, तामेव=तामेव, क्षिप्रमेव=खिप्पामेव, एवमेव=एवामेव, पूर्वमेव=पुव्वामेव इत्यादि।

१२। दीर्घ स्वर के बाद के इति वा के स्थान में ति वा और इ वा होता है, जैसे—इन्द्रमह इति वा=इंदमहे ति वा, इंदमहे इ वा इत्यादि।

१३। यथा और यावत् शब्द के य का लोप और ज दोनों ही देखे जाते हैं, जैसे—यथाख्यात=अहक्खाय, यथाजात=अहाजात, यथानामक=जहाणामए, यावत्कथा=आवकहा, यावज्जीव=जावज्जीव।

वर्णागम।

१। गद्य में भी अनेक स्थलों में समास के उत्तर शब्द के पहले म् आगम होता है, यथा—निरयंगामी, उड्ढंगारव, दीहंगारव, रहस्संगारव, गोणमाइ, सामाइयमाइयाइं, अजहण्णमणुक्कोस, अदुक्खमसुहा आदि। महाराष्ट्री में पद्य में पादपूर्त्ति के लिए ही कहीं कहीं म् आगम देखा जाता है, गद्य में नहीं।

शब्द-भेद।

१। अर्धमागधी में ऐसे प्रचुर शब्द हैं जिनका प्रयोग महाराष्ट्री में प्रायः उपलब्ध नहीं होता; यथा—अज्झत्थिय, अज्झोववरण, अणुवीति, आघवणा, आघवेत्तग, आणापाणू, आवीकम्म, कण्हुइ, केमहालय, दुरूढ, पच्चत्थिमिल्ल, पाउकुव्वं, पुरत्थिमिल्ल, पोरेवच्च, महतिमहालिया, वक्क, विउस इत्यादि।

२। ऐसे शब्दों की संख्या भी बहुत बड़ी है जिनके रूप अर्धमागधी और महाराष्ट्री में भिन्न भिन्न प्रकार के होते हैं। उनके कुछ उदाहरण नीचे दिये जाते हैं:—

अर्धमागधी	महाराष्ट्री	अर्धमागधी	महाराष्ट्री
अभियागम	अब्भाअम	नितिय	णिच्च
आउंटण	आउंचण	निएय	णिअअ
आहरण	उआहरण	पडुप्पन्न	पच्चुप्पण्ण
उप्पि	उवरिं, अवरिं	पच्छेकम्म	पच्छाकम्म
किया	किरिआ	पाय (पात्र)	पत्त
कीस, केस	केरिस	पुढो (पृथक्)	पुहं, पिहं
केवच्चिर	किअच्चिर	पुरेकम्म	पुराकम्म
गेहि	गिद्धि	पुव्विं	पुव्वं
चियत्त	चइअ	माय (मात्र)	मत्त, मेत्त
छुच्च	छक्क	माहण	बम्हण
जाया	जत्ता	मिलक्खु, मेच्छ	मिलिच्छ
णिगण, णिगिण (नग्न)	णग्ग	वग्गू	वाआ
णिगिणिण (नाग्न्य)	णग्गत्तण	वाहणा (उपानह्)	उवाणआ
तच्च (तृतीय)	तइअ	सहेज्ज	सहाअ
तच्च (तथ्य)	तच्छ	सीआण, सुसाण	मसाण
तेगिच्छा	चिइच्छा	सुमिण	सिमिण
दुवालसंग	बारसंग	सुहम, सुहुम	सण्ह
दोच्च	दुइअ	सोहि	सुद्धि

और, दुवालस, बारस, तेरस, अउणवीसइ, बत्तीस, पणतीस, इगयाल, तेयालीस, पणयाल, अढयाल, एगट्ठि, बावट्ठि, तेवट्ठि, छावट्ठि, अढसट्ठि, अउणत्तरि, बावत्तरि, पण्णत्तरि, सत्तहत्तरि, तेयासी, छलसीइ, बाणउइ प्रभृति संख्या-शब्दों के रूप अर्धमागधी में मिलते हैं, महाराष्ट्री में वैसे नहीं।

नाम-विभक्ति।

१। अर्धमागधी में पुंलिंग अकारान्त शब्द के प्रथमा के एकवचन में प्रायः सर्वत्र ए और क्वचित् ओ होता है, किन्तु महाराष्ट्री में ओ ही होता है।

२। सप्तमी का एकवचन स्सिं होता है जब महाराष्ट्री में म्मि।

३। चतुर्थी के एकवचन में आए या आते होता है, जैसे—देवाए, सवणयाए, गमणाए, अट्ठाए, अहिताते, असुभाते, अखमाते (ठा० पत्र ३५८) इत्यादि, महाराष्ट्री में यह नहीं है।

४। अनेक शब्दों के तृतीया के एकवचन में सा होता है, यथा—मणसा, वयसा, कायसा, जोगसा, बलसा, चक्खुसा; महाराष्ट्री में इनके स्थान में क्रमशः मणेण, वएण, काएण, जोगेण, बलेण, चक्खुणा।

५। कम्म और धम्म शब्द के तृतीया के एकवचन में पालि की तरह कम्मुणा और धम्मुणा होता है, जब कि महाराष्ट्री में कम्मेण और धम्मेण।

६। अर्धमागधी में तत् शब्द के पञ्च...
७। युष्मत् शब्द का षष्ठी का एकवचन ६) अशोक-लिपि।
अस्माकं अर्धमागधी में पाया जाता है भिन्न स्थानों में अपने धर्म के उपदेशों को शिलाओं में
चलित भिन्न भिन्न प्रादेशिक भाषाओं में रचित हैं।
आख्यात
तीन भागों में विभक्त किये जा सकते हैं :—
१। अर्धमागधी में भूतकाल के बहुवचन में इंसु प्रत्यके अनुरूप है। इनमें र का लोप नहीं देखा जाता।
महाराष्ट्री में यह प्रयोग लुप्त हो गया है। ...धी के साथ सादृश्य देखने में आता है।

धातु-रूप।

...षा में है जिसका पालि के साथ

१। अर्धमागधी में आइक्खइ, कुव्वइ, भुविं, होक्खती, वूया, अव्ववी, ६...
विगिंचए, तिवायए, अकासी, तिउट्टई, तिउट्टिज्जा, पडिसंधयाति, सारयती, घे... पर से इनका भेद अच्छी
प्रभृत प्रयोगों में धातु को प्रकृति, प्रत्यय अथवा ये दोनों जिस प्रकार मे
वे भिन्न भिन्न प्रकार के देखे जाते हैं। (गूजरात)।

धातु-प्रत्यय।

१। अर्धमागधी में त्वा प्रत्यय के रूप अनेक तरह के होते हैं :—

(क) ट्टु; जैसे—कट्टु, साहट्टु, अवहट्टु इत्यादि।

(ख) इत्ता, एत्ता, इत्ताणं और एत्ताणं; यथा—चइत्ता, विउट्टित्ता, पासित्ता, करेत्ता, पा...
करेत्ताणं इत्यादि।

(ग) इत्तु; यथा—दुरूहित्तु, जाणित्तु, वधित्तु प्रभृति।

(घ) च्चा; जैसे—किच्चा, णच्चा, सोच्चा, भोच्चा, चेच्चा वगैरः।

(ङ) इया; यथा—परिजाणिया, दुरूहिया आदि।

(च) इनके अतिरिक्त विउक्कम्म, निसम्म, समिच्च, संखाए, अणुवीति, लद्धुं, लद्धूण, दिस्सा इत्यादि
प्रयोगों में 'त्वा' के रूप भिन्न भिन्न तरह के पाये जाते हैं।

२। तुम् प्रत्यय के स्थान में इत्तए या इत्तते प्रायः देखने में आता है, जैसे—करित्तए, गच्छित्तए, संभुंजित...,
उवसामित्तते, (विपा० १३), विहरित्तए आदि।

३। ऋकारान्त धातु के त प्रत्यय के स्थान में ड होता है, जैसे—कड, मड, अभिहड, वावड, संवुड, वियड,
वित्थड प्रभृति।

तद्धित।

१। तर प्रत्यय का तराय रूप होता है, यथा—अणिट्ठतराए, अप्पतराए, बहुतराए, कंततराए इत्यादि।

२। आउसो, आउसंतो, गोमी, वुसिमं, भगवंतो, पुरत्थिम, पच्चत्थिम, ओयंसी, दोसिणो, पोरेवच्च आदि प्रयोगों
में मतुप्, और अन्य तद्धित प्रत्ययों के जैसे रूप जैन अर्धमागधी में देखे जाते हैं, महाराष्ट्री में
वे भिन्न तरह के होते हैं।

महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में इनके अतिरिक्त और भी अनेक सूक्ष्म भेद हैं जिनका उल्लेख
विस्तार-भय से यहाँ नहीं किया गया है।

शब्द-भेद ।

१। अर्धमागधी में ऐसे प्रचुर शब्द हैं जिनका प्रयोग महाराष्ट्री में

अज्झत्थिय, अज्झोववरण, अणुवीति, आववणा, आघवेत्तग ग्रन्थों की प्राकृत भाषा को 'जैन महाराष्ट्री'

दुरूढ, पच्चत्थिमिल्ल, पाउकुव्वं, पुरत्थिमिल्ल, पोरेवच्च, महद्धिर्थ कर और प्राचीन मुनिओं के चरित्र, कथायें,

२। ऐसे शब्दों की संख्या भी बहुत बड़ी है जिनके स्तुति आदि विषयों का विशाल साहित्य विद्य-

के होते हैं। उनके कुछ उदाहरण नीचे दिये ज

अर्धमागधी	महाराष्ट्री 'राष्ट्री' यह नाम दे कर किसी भिन्न भाषा का उल्लेख
अभियागम	अभाष विद्वानों ने, व्याकरण, काव्य और नाटक-ग्रन्थों में महाराष्ट्री
आउंटण	आ जैनों के ग्रन्थों की भाषा में कुछ कुछ पार्थक्य देख कर, इसको
आहरण	भाषा में प्राकृत-व्याकरणों में बताये हुए महाराष्ट्री भाषा के लक्षण
उप्पि	जैन अर्धमागधी का बहुत-कुछ प्रभाव देखा जाता है।
किया	.यय ग्रन्थ प्राचीन हैं। यह द्वितीय स्तर के प्रथम युग के प्राकृतों में स्थान पा
कीस, केस	.कती है। पयन्ना-ग्रन्थ, निर्युक्तियाँ, पउमचरिअ, उपदेशमाला प्रभृति ग्रन्थ प्रथम
केवच्चिर	युग की जैन महाराष्ट्री के उदाहरण हैं। बृहत्कल्प-भाष्य, व्यवहारसूत्र-भाष्य,
गेहि	., निशीथचूर्णि, धर्मसंग्रहणी, समराइच्चकहा-प्रभृति ग्रन्थ मध्य-युग और शेष-युग में रचित
चियत्त	की भाषा प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के समान है। दशम शताब्दी के बाद रचे गये प्रवचन-
छुच्च	पदेशपदटीका, सुपासनाहचरिअ, उपदेशरहस्य, भाषारहस्य प्रभृति ग्रन्थों की भाषा भी प्राय: प्रथम
जा	जैन महाराष्ट्री के ही अनुसार है। इससे यहाँ पर यह कहना होगा कि जैन महाराष्ट्री के ये ग्रन्थ

.निक काल में रचित होने पर भी उसकी भाषा, संस्कृत की तरह, अतिप्राचीन काल में ही उत्पन्न हुई थी और यह भी अनुमान किया जा सकता है कि जैन महाराष्ट्री क्रमशः परिवर्तित हो कर मध्य-युग की व्यञ्जन-लोप-बहुल महाराष्ट्री में रूपान्तरित हुई है।

अर्धमागधी के जो लक्षण पहले बताये गये हैं उनमें से अनेक इस भाषा में भी पाये जाते हैं।

लक्षण। ऐसे लक्षणों में कुछ ये हैं :—

१। क के स्थान में अनेक स्थलों में ग।

२। लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में य।

३। शब्द की आदि और मध्य में भी ण की तरह न।

४। यथा और यावत् के स्थान में क्रमशः जहा और जाव की तरह अहा और आव भी।

५। समास में उत्तर पद के पूर्व में 'म्' का आगम।

६। पाय, माय, तेगिच्छग, पडुप्पराण, साहि, सुहुम, सुमिण आदि शब्दों का भी, पत्त, मेत्त, चेइच्छय आदि की तरह प्रयोग।

७। तृतीया के एकवचन में कहीं कहीं सा प्रत्यय।

८। आइक्खइ, कुव्वइ प्रभृति धातु-रूप।

९। सोचा, किचा, वंदित्तु आदि त्वा प्रत्यय के रूप।

१०। कड, वावड, संवुड, प्रभृति त-प्रत्ययान्त रूप।

(६) अशोक-लिपि।

सम्राट् * अशोक ने भारतवर्ष के भिन्न भिन्न स्थानों में अपने धर्म के उपदेशों को शिलाओं में खुदवाये थे। ये सब शिलालेख उस समय में प्रचलित भिन्न भिन्न प्रादेशिक भाषाओं में रचित हैं। भाषा-साम्य की दृष्टि से ये सब शिलालेख प्रधानतः इन तीन भागों में विभक्त किये जा सकते हैं:—

(१) पंजाब के शिलालेख। इनकी भाषा संस्कृत के अनुरूप है। इनमें र का लोप नहीं देखा जाता।

(२) पूर्व भारत के शिलालेख। इनकी भाषा का मागधी के साथ सादृश्य देखने में आता है। इनमें र के स्थान में सर्वत्र ल है।

(३) पश्चिम भारत के शिलालेख। ये उज्जयिनी की उस भाषा में है जिसका पालि के साथ अधिक साम्य है।

इन तीनों प्रकार के शिलालेखों के कुछ उदाहरण नीचे दिये जाते हैं जिन पर से इनका भेद अच्छी तरह समझ में आ सकता है।

संस्कृत।	कपर्दगिरि (पंजाब)।	धौलि (उडिसा)।	गिरनार (गूजरात)।
देवानांप्रियस्य	देवानंप्रियस	देवानंपियस	देवानंपियस
राज्ञः	रञो	लजिने	रानो, रञो
वृद्धाः	—	लुखनि	वच्छा
शुश्रूषा	सुश्रुषा	सुसूसा	सुसुसा
नास्ति	नस्ति, नास्ति	नाथि, नथि, नथा	नास्ति

इन शिलालेखों का समय ख्रिस्त-पूर्व २५० वर्ष का है।

इन शिलालेखों की भाषा की उत्पत्ति भगवान महावीर की एवं संभवतः बुद्धदेव की उपदेश-भाषा से ही हुई है †।

---

(७) सौरसेनी।

निदर्शन।

संस्कृत-नाटकों में प्राकृत गद्यांश सामान्य रूप से सौरसेनी भाषा में लिखा गया है। अश्वघोष के नाटकों में एक तरह की सौरसेनी के उदाहरण पाये जाते हैं जो पालि और अशोकलिपि की भाषा के अनुरूप और पिछले काल के नाटकों में प्रयुक्त सौरसेनी की अपेक्षा प्राचीन है। भास के, कालिदास के और इनके बाद के अधिक नाटकों में सौरसेनी के निदर्शन देखे जाते हैं।

वररुचि, हेमचन्द्र, क्रमदीश्वर, लक्ष्मीधर और मार्कण्डेय आदि के प्राकृत-व्याकरणों में सौरसेनी भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं।

दण्डी, रुद्रट और वाग्भट आदि संस्कृत के आलंकारिकों ने भी इस भाषा का उल्लेख किया है।

---

* हाल ही में डो. त्रिभुवनदास लहेरचंद ने अपने एक गूजराती लेख में अनेक प्रमाणों और युक्तियों से यह सिद्ध किया है कि अशोक के शिलालेखों के नाम से प्रसिद्ध शिलालेख सम्राट् अशोक के नहीं, परन्तु जैन सम्राट् संप्रति के खुदवाये हुए हैं।

† See Dr. A. B. Keith's Sanskrit Drama, Page 87.

भरत के नाट्यशास्त्र में सौरसेनी भाषा का उल्लेख है, उन्होंने नाटक में नायिका और सखीओं के लिए इस भाषा का प्रयोग बताया है *।

विनियोग।

भरत ने विदूषक की भाषा प्राच्या कही है †, परन्तु मार्कण्डेय के व्याकरण में प्राच्या भाषा के जो लक्षण दिये गये हैं उनसे और नाटकों में प्रयुक्त विदूषक की भाषा पर से यह मालूम होता है कि सौरसेनी से इस भाषा (प्राच्या) का कुछ विशेष भेद नहीं है। इससे हमने भी प्रस्तुत कोष में उसका अलग उल्लेख न करके सौरसेनी में हीं अन्तर्भाव किया है।

प्राच्या भाषा सौरसेनी के अन्तर्गत।

दिगम्बर जैनों के प्रवचनसार, द्रव्यसंग्रह प्रभृति ग्रन्थ भी एक तरह की सौरसेनी भाषा में ही रचित हैं। यह भाषा श्वेताम्बरों की अर्धमागधी और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट सौरसेनी के मिश्रण से बनी हुई है। इस भाषा को 'जैन सौरसेनी' नाम दिया गया है। जैन सौरसेनी मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री की अपेक्षा जैन अर्धमागधी से अधिक निकटता रखती है और मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री से प्राचीन है।

जैन सौरसेनी।

सौरसेनी भाषा की उत्पत्ति ‡ सूरसेन देश अर्थात् मथुरा प्रदेश से हुई है।

वररुचि ने अपने व्याकरण में संस्कृत को ही सौरसेनी भाषा की प्रकृति अर्थात् मूल कहा है ÷। किन्तु यह हम पहले ही प्रमाणित कर चुके हैं कि किसी प्राकृत भाषा की उत्पत्ति संस्कृत से नहीं हुई है। सुतरां, सौरसेनी प्राकृत का मूल भी वैदिक या लौकिक संस्कृत नहीं है। सौरसेनी और संस्कृत ये दोनों ही वैदिक युग में प्रचलित सूरसेन अथवा मध्यदेश की कथ्य प्राकृत भाषा से ही उत्पन्न हुई हैं। संस्कृत भाषा पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण द्वारा नियन्त्रित होने के कारण परिवर्तन-हीन मृत-भाषा में परिणत हुई। वैदिक काल की सौरसेनी ने प्राकृत-व्याकरण द्वारा नियन्त्रित न होने के कारण क्रमशः परिवर्तित होते हुए पिछले समय की सौरसेनी भाषा का आकार धारण किया। पिछले समय की यह सौरसेनी भी बाद में प्राकृत-व्याकरणों के द्वारा जकड़े जाने के कारण संस्कृत की तरह परिवर्तन-शून्य हो कर मृत-भाषा में परिणत हुई है।

प्रकृति।

अश्वघोष के नाटकों में जिस सौरसेनी भाषा के उदाहरण मिलते हैं वह अशोकलिपि की समसामयिक कही जा सकती है। भास के नाटकों की सौरसेनी का और जैन सौरसेनी का समय संभवतः ख्रिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी मालूम होता है।

समय।

महाराष्ट्री भाषा के साथ सौरसेनी भाषा का जिस जिस अंश में भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा महाराष्ट्री भाषा के जो लक्षण उसके प्रकरण में दिये जायंगे उनमें

लक्षण।

---

* "नायिकानां सखीनां च सूरसेनाविरोधिनी" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

† "प्राच्या विदूषकादीनां" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

‡ पन्नवणासूत्र के "सत्तियमइया (?मई य) चेदी वीयभयं सिंधुसोवीरा। महुरा य सूरसेणा पावा भंगी य मासपुरिवट्टा" (पत्र ६१) इस पाठ पर "चेदिषु शुक्तिकावती, वीतभयं सिन्धुषु, सौवीरेषु मथुरा, सूरसेनेषु पापा, भङ्गे(?ङ्गि)षु मासपुरिवट्टा" इस तरह व्याख्या करते हुए आचार्य मलयगिरि ने सूरसेन देश की राजधानी पावा बतला-कर आजकल के बिहार प्रदेश को ही सूरसेन कहा है। नेमिचन्द्रसूरि ने अपने प्रवचनसारोद्धार-नामक ग्रन्थ में पन्नवणासूत्र के उक्त पाठ को अविकल रूप में उद्धृत किया है। इसकी टीका में श्रीसिद्धसेनसूरि ने आचार्य मलयगिरि की उक्त व्याख्या को 'अतिव्यवहृत' कह कर, उक्त मूल पाठ की व्याख्या इस तरह की है:—शुक्तीमती नगरी चेदयो देशः, वीतभयं नगरं सिन्धुसौवीरा जनपदः, मथुरा नगरी सूरसेनाख्यो देशः, पापा नगरी भङ्गयो देशः, मासपुरी नगरी वर्तो देशः" (दे० ला० संस्करण, पत्र ४४६)।

÷ प्राकृतप्रकाश १२, २।

महाराष्ट्री के साथ सौरसेनी का कोई भेद नहीं है। इन भेदों पर से यह ज्ञात होता है कि अनेक स्थलों में महाराष्ट्री की अपेक्षा सौरसेनी का संस्कृत के साथ पार्थक्य कम और सादृश्य अधिक है।

वर्ण-भेद।

१। स्वर-वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त त और द के स्थान में द होता है, यथा—रजत=रअद, गदा=गदा।
२। स्वरों के बीच असंयुक्त थ का ह और ध दोनों होते हैं, जैसे—नाथ=णाध, णाह।
३। र्य के स्थान में य्य और ज्ज होता है, यथा—आर्य=अय्य, अज्ज; सूर्य=सुय्य, सुज्ज।

नाम-विभक्ति।

१। पञ्चमी के एकवचन में दो और दु ये दो ही प्रत्यय होते हैं और इनके योग में पूर्व के अकार का दीर्घ होता है, यथा—जिनात्=जिणादो, जिणादु।

आख्यात।

१। ति और ते प्रत्ययों के स्थान में दि और दे होता है, जैसे—हसदि, हसदे, रमदि, रमदे।
२। भविष्यत्काल के प्रत्यय के पूर्व में स्सि लगता है, यथा—हसिस्सिदि, करिस्सिदि।

सन्धि।

१। अन्त्य मकार के बाद इ और ए होने पर ण् का वैकल्पिक आगम होता है, यथा—युक्तम् इदम्=जुत्तं णिमं, जुत्तमिमं; एवम् एतत्=एवं णेदं, एवमेदं।

कृदन्त।

१। त्वा प्रत्यय के स्थान में इअ, दूण और त्ता होते हैं, यथा—पठित्वा=पढिअ, पढिदूण, पढित्ता।

---

(८) मागधी।

मागधी प्राकृत के सर्व-प्राचीन निदर्शन अशोक-साम्राज्य के उत्तर और पूर्व भागों के खालसी, मिरट, लौरिया (Lauriya), सहसराम, बराबर (Barābar), रामगढ, धौलि और जौगढ (Jaugada) प्रभृति स्थानों के अशोक-शिलालेखों में पाये जाते हैं। इसके बाद नाटकीय प्राकृतों में मागधी भाषा के उदाहरण देखे जाते हैं। नाटकीय मागधी के सर्व-प्राचीन नमूने अश्वघोष के नाटकों के खण्डित अंशों में मिलते हैं। भास के नाटकों में, कालिदास के नाटकों में और मृच्छकटिक आदि नाटकों में मागधी भाषा के उदाहरण विद्यमान हैं।

निदर्शन।

वररुचि के प्राकृतप्रकाश, चण्ड के प्राकृतलक्षण, हेमचन्द्र के सिद्धहेमचन्द्र (अष्टम अध्याय), क्रमदीश्वर के संक्षिप्तसार, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व आदि प्रायः समस्त प्राकृत-व्याकरणों में मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरण दिये गये हैं।

भरत के नाट्यशास्त्र में मागधी भाषा का उल्लेख है और उन्होंने नाटक में राजा के अन्तःपुर में रहने वाले, सुरंग खोदने वाले, कलवार, अश्वपालक वगैरः पात्रों के लिए और विपत्ति में नायक के लिए भी इस भाषा का प्रयोग करने को कहा है *। परन्तु मार्कण्डेय

विनियोग।

---

* "मागधी तु नरेन्द्राणामन्तःपुरनिवासिनाम्" (नाट्यशास्त्र १७, ५०)।
"सुरङ्गाखनकादीनां शुण्डकाराश्वरक्षिणाम्। व्यसने नायकानां स्यादात्मरक्षासु मागधी॥" (नाट्यशास्त्र १७,५६)।

ने अपने प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत किये हुए कोहल के "राक्षसभिक्षुक्षपणकचेटाद्या मागधीं प्राहुः" इस वचन से मालूम होता है कि भरत के कहे हुए उक्त पात्रों के अतिरिक्त भिक्षु, क्षपणक आदि अन्य लोग भी इस भाषा का व्यवहार करते थे। रुद्रट, वाग्भट, हेमचन्द्र आदि आलंकारिकों ने भी अपने अपने अलंकार-ग्रन्थों में इस भाषा का उल्लेख किया है।

उत्पत्ति-स्थान।

मगध देश ही मागधी भाषा का उत्पत्ति-स्थान है। मगध देश की सीमा के बाहर भी अशोक के शिलालेखों में जो इसके निदर्शन पाये जाते हैं उसका कारण यह है कि मागधी भाषा उस समय राज-भाषा होने के कारण मगध के बाहर भी इसका प्रचार हुआ था। संभवतः राज-भाषा होने के कारण ही नाटकों में सर्वत्र ही राजा के अन्तःपुर के लोगों के लिए इस भाषा का व्यवहार करने का नियम हुआ था। प्राचीन भिक्षु और क्षपणक भी मगध के ही निवासी होने से, संभव है, नाटकों में इनकी भाषा भी मागधी ही निर्दिष्ट की गई है।

प्रकृति।

वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी की प्रकृति—मूल—होने का सम्मान सौरसेनी को दिया है *। इसीका अनुसरण कर मार्कण्डेय ने भी सौरसेनी से ही मागधी की सिद्धि कही है †। किन्तु मागधी और सौरसेनी आदि प्रादेशिक भाषाओं का भेद अशोक के शिलालेखों में भी देखा जाता है। इससे यह सिद्ध है कि ये सब प्रादेशिक भेद प्राचीन और समसामयिक हैं, एक प्रदेश की भाषा से दूसरे प्रदेश में उत्पन्न नहीं हुए हैं। जैसे सौरसेनी मध्यदेश में प्रचलित वैदिक युग की कथ्य भाषा से उत्पन्न हुई है वैसे मागधी ने भी उस कथ्य भाषा से जन्म-ग्रहण किया है जो वैदिककाल में मगध देश में प्रचलित थी।

समय।

अशोक-शिलालेखों की और अश्वघोष के नाटकों की मागधी भाषा प्रथम युग की मागधी भाषा के निदर्शन हैं। भास के और परवर्ती काल के अन्य नाटकों की और प्राकृत-व्याकरणों की मागधी मध्य-युग की मागधी भाषा के उदाहरण हैं।

शाकारी आदि भाषाएँ मागधी के अन्तर्गत हैं।

शाकारी, चाण्डाली और शाबरी ये तीन भाषायें मागधी के ही प्रकार-भेद—रूपान्तर—हैं। भरत ने शाकारी भाषा का व्यवहार शबर, शक आदि और उसी प्रकृति के अन्य लोगों के लिए कहा है ‡ किन्तु मार्कण्डेय ने राजा के साले की भाषा शाकारी बतलाई है ×। भरत पुक्कस आदि जातिओं की व्यवहार-भाषा को चाण्डाली और अंगारकार, व्याध, कठहार और यन्त्र-जीवी लोगों की भाषा को शाबरी कहते हैं ÷। इन तीनों भाषाओं के जो लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय के प्राकृत-व्याकरण में और नाटकों के उक्त पात्रों की भाषा में पाये जाते हैं उनमें और इतर प्राकृत-व्याकरणों की मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरणों में तथा नाटकों के मागधी-भाषा-भाषी पात्रों की भाषा में इतना कम भेद और इतना अधिक साम्य है कि उक्त तीन भाषाओं को मागधी से अलग नहीं कही जा सकतीं। यही कारण है कि हमने प्रस्तुत कोष में इन भाषाओं का मागधी में ही समावेश किया है।

---

* "प्रकृतिः सौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश ११, २)।

† "मागधी शौरसेनीतः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०१)।

‡ "शबराणां शकादीनां तत्स्वभावश्च यो गणः। शकारभाषा योक्तव्या" (नाट्यशास्त्र १७, ५३)।

× "शकारस्येयं शाकारी, शकारश्च
'राज्ञोऽनूढाभ्राता श्यालस्त्वैश्वर्यसंपन्नः।
मदमूर्खताभिमानी शकार इति दुष्कुलीनः स्यात्' इत्युक्तेः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०५)।

÷ "चाण्डाली पुक्कसादिषु। अंगारकरव्याधानां काष्ठयन्त्रोपजीविनाम्। योज्या शबरभाषा तु" (नाट्यशास्त्र १७, ५३-४)।

मृच्छकटिक के पात्र माथुर और दो द्यूतकारों की भाषा को 'ढक्की' नाम दिया गया है। यह भी मागधी भाषा का ही एक रूपान्तर प्रतीत होता है। मार्कण्डेय ने 'ढक्की' का ही 'टाक्की' नाम से निर्देश किया है, यह उन्होंने वहाँ पर उद्धृत किये हुए एक श्लोक से ज्ञात होता है *। मार्कण्डेय ने पदान्त में उ, तृतीया के एकवचन में ए, पञ्चमी के बहुवचन में हुम् आदि जो इस भाषा के लक्षण दिये हैं उनपर से इसमें अपभ्रंश का ही विशेष साम्य नजर आता है। इस लिए मार्कण्डेय ने वहाँ पर जो यह कहा है कि 'हरिश्चन्द्र इस भाषा को अपभ्रंश मानता है §' वह मत हमें भी संगत मालूम पड़ता है।

ढक्की या टाक्की भाषा।

मागधी भाषा का सौरसेनी के साथ जो प्रधान भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य अंशों में मागधी भाषा साधारणतः सौरसेनी के ही अनुरूप है।

लक्षण।

वर्ण-भेद।

१। र के स्थान में सर्वत्र ल होता है +; यथा—नर=णल; कर=कल।

२। श, ष और स के स्थान में तालव्य श होता है; यथा—शोभन=शोहण; पुरुष=पुलिश; सारस=शालश।

३। संयुक्त ष और स के स्थान में दन्त्य सकार होता है; यथा—शुष्क=शुस्क; कष्ट=कस्ट; स्खलति=स्खलदि; बृहस्पति=बुहस्पदि।

४। ट्ट और ष्ठ के स्थान में स्ट होता है; यथा—पट्ट=पस्ट; सुष्ठु=शुस्टु।

५। स्थ और र्थ की जगह स्त होता है; जैसे—उपस्थित=उवस्तिद; सार्थ=शस्त।

६। ज, द्य और य के बदले य होता है; यथा—जानाति=याणादि, दुर्जन=दुय्यण; मद्य=मय्य, अद्य=अय्य; याति=यादि, यम=यम।

७। न्य, ण्य, ज्ञ और ञ्ज के स्थान में ञ्ञ होता है; यथा—अन्य=अञ्ञ; पुण्य=पुञ्ञ; प्रज्ञा=पञ्ञा; अञ्जलि=अञ्ञलि।

८। अनादि छ के स्थान में श्च होता है; यथा—गच्छ=गश्च, पिच्छिल=पिश्चिल।

९। क्ष की जगह स्क होता है ÷, जैसे—राक्षस=लस्कश, यक्ष=यस्क।

नाम-विभक्ति।

१। अकारान्त पुंलिंग-शब्द के प्रथमा के एकवचन में ए होता है; यथा—जिनः=यिणे, पुरुषः=पुलिशे।

२। अकारान्त शब्द के षष्ठी का एकवचन स्स और आह होता है; यथा—जिनस्य=यिणस्स, यिणाह।

३। अकारान्त शब्द के षष्ठी के बहुवचन में आण और आहँ ये दोनों होते हैं; जैसे—जिनानाम्=यिणाण, यिणाहँ।

४। अस्मत् शब्द के प्रथमा के एकवचन और बहुवचन का रूप हगे होता है।

---

* "प्रयुज्यते नाटकादौ द्यूतादिव्यवहारिभिः।
वणिग्भिर्हीनदेहैश्च तदाहुष्टक्कभाषितम्" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ ११०)।

§ "हरिश्चन्द्रस्त्विमां भाषामपभ्रंश इतीच्छति" (प्राकृतस० पृष्ठ ११०)।

+ मार्कण्डेय यह नियम वैकल्पिक मानते हैं; "रस्य लो वा भवेत्" (प्राकृतस० पृष्ठ १०१)।

÷ हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के अनुसार 'क्ष' की जगह जिह्वामूलीय '≍क' होता है; देखो हे० प्रा० ४, २९६।

(६) महाराष्ट्री ।

प्राकृत काव्य और गीति की भाषा महाराष्ट्री कही जाती है। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती, गउडवहो, कुमारपालचरित प्रभृति ग्रन्थों में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। गाथा (गीति-साहित्य) में महाराष्ट्री प्राकृत ने इतनी प्रसिद्धि प्राप्त की थी कि बाद में नाटकों में गद्य में सौरसेनी बोलनेवाले पात्रों के लिए संगीत या पद्य में महाराष्ट्री भाषा का व्यवहार करने का रिवाज सा बन गया था। यही कारण है कि कालिदास से ले कर उसके बाद के सभी नाटकों में पद्य में प्रायः महाराष्ट्री भाषा का ही व्यवहार देखा जाता है।

निदर्शन।

चंड ने अपने प्राकृतलक्षण में 'महाराष्ट्री' इस नाम का उल्लेख और इसके विशेष लक्षण न दे कर भी आर्ष-प्राकृत अथवा अर्धमागधी के और जैन महाराष्ट्री के लक्षणों के साथ साधारण भाव से इसके लक्षण दिये हैं। वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में इस भाषा के '* महाराष्ट्री' नाम का उल्लेख किया है और इसके विशेष लक्षण और उदाहरण दिये हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में 'महाराष्ट्री' नाम का निर्देश न कर 'प्राकृत' इस साधारण नाम से महाराष्ट्री के ही लक्षण और उदाहरण बताये हैं। क्रमदीश्वर का संक्षिप्तसार, त्रिविक्रम की प्राकृतव्याकरणसूत्रवृत्ति, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय का प्राकृतसर्वस्व प्रभृति प्राकृत-व्याकरणों में इस भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं। चंड-भिन्न सभी प्राकृत वैयाकरणों ने महाराष्ट्री का मुख्य रूप से विवरण दिया है और सौरसेनी, मागधी प्रभृति भाषाओं के महाराष्ट्री के साथ जो भेद हैं वे ही बतलाये हैं।

संस्कृत के अलंकार-शास्त्रों में भी भिन्न भिन्न प्राकृत भाषाओं का उल्लेख मिलता है। भरत के नाट्य-शास्त्र में 'दाक्षिणात्या' भाषा का निर्देश है, किन्तु इसके विशेष लक्षण नहीं दिये गये हैं। संभवतः वह महाराष्ट्री भाषा ही हो सकती है, क्योंकि भरत ने महाराष्ट्री का अलग उल्लेख नहीं किया है। परन्तु मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत प्राकृतचन्द्रिका के + वचन में और प्राकृतसर्वस्व के खुद मार्कण्डेय के § वचन में महाराष्ट्री और दाक्षिणात्या का भिन्न भिन्न भाषा के रूप में उल्लेख किया गया है। दण्डी के काव्यादर्श के

> 'महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
> सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम् ॥" (१, ३४)।

इस श्लोक में महाराष्ट्री भाषा का और उसकी उत्कृष्टता का स्पष्ट उल्लेख है। दण्डी के समय में महाराष्ट्री प्राकृत का इतना उत्कर्ष हुआ था कि इसके परवर्ती अनेक ग्रन्थकारों ने केवल इस महाराष्ट्री के ही अर्थ में उस प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है जो सामान्यतः सर्व प्रादेशिक भाषाओं का वाचक है। रुद्रट का काव्यालंकार, वाग्भटालंकार, पाइअलच्छीनाममाला, हेमचन्द्र का प्राकृत-व्याकरण प्रभृति ग्रन्थों में महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द व्यवहृत हुआ है। अलंकार-शास्त्र-भिन्न पाइअलच्छीनाममाला और देशीनाममाला इन कोष-ग्रन्थों में भी महाराष्ट्री के उदाहरण हैं।

डो. होर्नेलि के मत में महाराष्ट्री भाषा महाराष्ट्र देश में उत्पन्न नहीं हुई है। वे मानते हैं कि महाराष्ट्री का अर्थ 'विशाल राष्ट्र की भाषा' है और राजपूताना तथा मध्यदेश प्रभृति इसी विशाल राष्ट्र के अन्तर्गत हैं, इसीसे 'महाराष्ट्री' मुख्य प्राकृत कही गई है। किन्तु दण्डी ने इस भाषा को महाराष्ट्र देश की ही भाषा कही है। सर ग्रियर्सन के मत में

उत्पत्ति-स्थान।

---

* "शेषं महाराष्ट्रीवत्" (प्राकृतप्रकाश १२, ३२)।

\+ "महाराष्ट्री तथावन्ती सौरसेन्यर्धमागधी। वाह्लीकी मागधी प्राच्येत्यष्टौ ता दाक्षिणात्यया ॥" (प्रा०स० पृष्ठ २)।

§ देखो प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ २ और १०४।

महाराष्ट्री प्राकृत से ही आधुनिक मराठी भाषा उत्पन्न हुई है। इससे महाराष्ट्री प्राकृत का उत्पत्ति-स्थान महाराष्ट्र देश ही है यह बात निःसन्देह कही जा सकती है।

प्रकृति।

आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में महाराष्ट्री को ही 'प्राकृत' नाम दिया है और इसकी प्रकृति संस्कृत कही है। इसी तरह चण्ड, लक्ष्मीधर, मार्कण्डेय आदि वैयाकरणों ने साधारण रूप से सभी प्राकृत भाषाओं का मूल (प्रकृति) संस्कृत बताया है। किन्तु हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर आये हैं कि कोई भी प्राकृत भाषा संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है, बल्कि वैदिक काल में भिन्न भिन्न प्रदेशों में प्रचलित आर्यों की कथ्य भाषाओं से ही सभी प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है, सुतरां महाराष्ट्री भाषा की उत्पत्ति प्राचीन काल के महाराष्ट्र-निवासी आर्यों की कथ्य भाषा से हुई है।

समय।

कौन समय आर्यों ने महाराष्ट्र में सर्व-प्रथम निवास किया था, इस बात का निर्णय करना कठिन है, परन्तु अशोक के पहले प्राकृत भाषा महाराष्ट्र देश में प्रचलित थी, इस विषय में किसीका मत-भेद नहीं है। उस समय महाराष्ट्र देश में प्रचलित प्राकृत से क्रमशः काव्यीय और नाटकीय महाराष्ट्री भाषा उत्पन्न हुई है। प्राकृतप्रकाश का कर्ता वररुचि यदि वृत्तिकार कात्यायन से अभिन्न व्यक्ति हो तो यह स्वीकार करना होगा कि महाराष्ट्री ने अन्ततः खिस्त-पूर्व दो सौ वर्ष के पहले ही साहित्य में स्थान पाया था। लेकिन महाराष्ट्री भाषा के तद्भव शब्दों में व्यञ्जन वर्णों के लोप की बहुलता देखने से यह विश्वास नहीं होता कि यह भाषा उतनी प्राचीन है। वररुचि का व्याकरण संभवतः खिस्त के बाद ही रचा गया है। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में महाराष्ट्री प्राकृत के प्रभाव का हमने पहले उल्लेख किया है। महाराष्ट्री भाषा में रचित जो सब साहित्य इस समय पाया जाता है उसमें खिस्त के बाद की महाराष्ट्री के ही निदर्शन देखे जाते हैं। प्राचीन महाराष्ट्री का कोई साहित्य उपलब्ध नहीं है। प्राचीन महाराष्ट्री में बाद की महाराष्ट्री की तरह व्यञ्जन-वर्ण-लोप की अधिकता नहीं थी, इस बात के कुछ निदर्शन चण्ड के व्याकरण में मिलते हैं। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में प्राचीन महाराष्ट्री भाषा का सादृश्य रक्षित है।

आवन्ती और बाह्लीकी महाराष्ट्री के अन्तर्गत है।

भरत ने नाट्यशास्त्र में आवन्ती और बाह्लीकी भाषा का उल्लेख कर नाटकों में धूर्त पात्रों के लिए आवन्ती का और द्यूतकारों के लिए बाह्लीकी का प्रयोग कहा है। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में "आवन्ती स्यान्महाराष्ट्रीशौरसेन्योस्तु संकरात्" और "आवन्त्यामेव बाह्लीकी किन्तु रस्यात्र लो भवेत्" यह कह कर इनका संक्षिप्त लक्षण-निर्देश किया है। मार्कण्डेय ने आवन्ती भाषा के जो त्वा के स्थान में तूण और भविष्यत्काल के प्रत्यय के स्थान में ज्ज और ज्जा प्रभृति लक्षण बतलाये हैं वे महाराष्ट्री के साथ साधारण हैं। उनके दिये हुए किराद, वेदस, पेच्छदि प्रभृति उदाहरणों में जो तकार के स्थान में दकार है वहाँ शौरसेनी के साथ इसका (आवन्ती का) सादृश्य है परन्तु वह भी सर्वत्र नहीं है, जैसे उन्होंके दिये हुए होइ, सुव्वइ, लिज्जइ, भयणाए आदि उदाहरणों में। इसी तरह बाह्लीकी में जो र का ल होता है वही एकमात्र मागधी का सादृश्य है। इसके सिवा सभी अंशों में यह भी आवन्ती की तरह महाराष्ट्री के ही सदृश है। सुतरां, ये दोनों भाषायें महाराष्ट्री के ही अन्तर्गत कही जा सकती हैं। इससे हमने भी इनका इस कोष में अलग निर्देश नहीं किया है।

लक्षण।

संस्कृत भाषा के साथ महाराष्ट्री भाषा के वे भेद नीचे दिये जाते हैं जो महाराष्ट्री और संस्कृत के साथ अन्य प्राकृत भाषाओं के सादृश्य और पार्थक्य की तुलना के लिए भी अधिक उपयुक्त हैं।

स्वर ।

१। अनेक जगह भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न भिन्न स्वर होते हैं; जैसे—समृद्धि=सामिद्धि, ईषत्=ईसि, हर=हीर, ध्वनि=भुणि, शय्या=सेजा, पद्म=पोम्म; यथा=जह, सदा=सइ, स्त्यान=थीण, सास्ना=सुण्हा, आसार=ऊसार, ग्राह्य=गेज्झ, आली=ओली; इति=इअ, पथिन्=पह, जिह्वा=जीहा, द्विवचन=दुवअण, पिण्ड=पेंड, द्विधाकृत=दोहाइअ; हरीतकी=हरडई, कश्मीर=कम्हार, पानीय=पाणिअ, जीर्ण=जुण्ण, हीन=हूण, पीयूष=पेऊस; मुकुल=मउल, भ्रुकुटि=भिउडि, क्षुत=छीअ, मुसल=मूसल, तुण्ड=तोंड; सूक्ष्म=सण्ह, उद्व्यूढ=उव्वीढ, वातूल=वाउल, नूपुर=णेउर, तूणीर=तोणीर; वेदना=विअणा, स्तेन=थूण; मनोहर=मणहर, गो=गउ, गाअ; सोच्छ्वास=सूसास ।

२। महाराष्ट्री में ऋ, ॠ, ऌ, ॡ ये स्वर सर्वथा लुप्त हो गये हैं।

३। ऋ के स्थान में भिन्न भिन्न स्वर एवं रि होता है, यथा—तृण=तण, मृदुक=माउक्क, कृपा=किवा, मातृ=माइ, माउ; वृत्तान्त=वुत्तंत, मृषा=मुसा, मूसा, मोसा; वृन्त=विंट, वेंट, वोंट; ऋतु=उउ, रिउ; ऋद्धि=रिद्धि, ऋक्ष=रिच्छ; सदृश=सरिस, दृप्त=दरिअ ।

४। ऌ के स्थान में इलि होता है, जैसे—क्लृप्त=किलित्त, क्लृन्न=किलिण्ण ।

५। ऐ का प्रयोग भी * प्रायः महाराष्ट्री में नहीं है। उसके स्थान में सामान्यतः ए और विशेषतः अइ होता है, यथा—शैल=सेल, ऐरावण=एरावण, वैद्य=वेज, वैधव्य=वेहव्व; सैन्य=सेण्ण, सइण्ण; कैलाश=केलास, कइलास; दैव=देव्व, दइव; ऐश्वर्य=अइसरिअ, दैन्य=दइण्ण ।

६। औ का व्यवहार भी * प्रायः महाराष्ट्री में नहीं है। उसके स्थान में सामान्यतः ओ और विशेष स्थलों में उ या अउ होता है; यथा—कौमुदी=कोमुई, यौवन=जोव्वण, दौवारिक=दुवारिअ, पौलोमी=पुलोमी; कौरव=कउरव, गौड=गउड, सौध=सउह ।

असंयुक्त व्यञ्जन ।

१। स्वरों के मध्यवर्ती क, ग, च, ज, त, द, य, व इन व्यञ्जनों का प्रायः लोप होता है; जैसे क्रमशः—लोक=लोअ, नग=णअ, शची=सई, रजत=रअअ, यती=जई, गदा=गआ, वियोग=विओअ, लावण्य=लाअण्ण ।

२। स्वरों के बीच के ख, घ, थ, ध और भ के स्थान में ह होता है, यथा क्रमशः—शाखा=साहा, श्लाघते=लाहइ, नाथ=णाह, साधु=साहु, सभा=सहा ।

३। स्वरों के बीच के ट का ड होता है, यथा—भट=भड, घट=घड ।

४। स्वरों के बीच के ठ का ढ होता है, जैसे—मठ=मढ, पठति=पढइ ।

५। स्वरों के बीच के ड का ल प्रायः होता है, यथा—गरुड=गरुल, तडाग=तलाअ ।

६। स्वरों के बीच के त का अनेक स्थल में ड होता है, यथा—प्रतिभास=पडिहास, प्रभृति=पहुडि, व्यापृत=वावड, पताका=पडाआ ।

७। न के स्थान में सर्वत्र ण होता है यथा—कनक=कणअ, वचन=वअण, नर=णर, नदी=णई, अन्य=अण्ण, दैन्य=दइण्ण † ।

---

* संस्कृत के 'अयि' शब्द का महाराष्ट्री में 'ऐ' होता है। इसके सिवा किसी किसी के मत में 'ऐ' तथा 'औ' का भी प्रयोग होता है, जैसे—कैतव=कैअव, कौरव=कौरव; (हे० प्रा० १, १)।

† वररुचि के प्राकृत-व्याकरण के "नो णः सर्वत्र" (२, ४२) सूत्र के अनुसार सर्वत्र 'न' का 'ण' होता है। सेतुबन्ध और गाथासप्तशती में इसी तरह सार्वत्रिक 'ण' पाया जाता है। हेमचन्द्र आदि कई प्राकृत वैयाकरणों के मत से शब्द की आदि के 'न' का विकल्प से 'ण' होता है, यथा—नदी=णई, नई; नर=णर, नर। गउडवहो में णकार का वैकल्पिक प्रयोग देखा जाता है।

८। दो स्वरों के मध्यवर्ती प का कहीं कहीं व और कहीं कहीं लोप होता है, यथा—शपथ=सवह, शाप=साव, उपसर्ग=उवसग्ग, रिपु=रिउ, कपि=कइ।

९। स्वरों के बीच के फ के स्थान में कहीं कहीं भ, कहीं कहीं ह और कहीं कहीं ये दोनों होते हैं; यथा—रेफ=रेभ, शिफा=सिभा, मुक्ताफल=मुत्ताहल, सफल=सभल, सहल, शेफालिका=सेभालिआ, सेहालिआ।

१०। स्वरों के मध्यवर्ती ब का व होता है, जैसे—अलाबू=अलावू, शबल=सवल।

११। आदि के य का ज होता है, यथा—यम=जम, यशस्=जस, याति=जाइ।

१२। कृदन्त के अनीय और य प्रत्यय के य का ज होता है, जैसे—करणीय=करणिज्ज, पेय=पेज्ज।

१३। अनेक जगह र का ल होता है, यथा—हरिद्रा=हलिद्दा, दरिद्र=दलिद्द, युधिष्ठिर=जहुट्ठिल, अङ्गार=इंगाल।

१४। श और ष का सर्वत्र स होता है, यथा—शब्द=सद्द, विश्राम=वीसाम, पुरुष=पुरिस, सस्य=सास, शेष=सेस।

१५। अनेक जगह ह का घ होता है, यथा—दाह=दाघ, सिंह=सिंघ, संहार=संघार।

१६। कहीं कहीं श, ष और स का छ होता है; जैसे—शाव=छाव, षष्ठ=छट्ठ, सुधा=छुहा।

१७। अनेक शब्दों में स्वर-सहित व्यञ्जन का लोप होता है, यथा—राजकुल=राउल, आगत=आअ, कालायस=कालास, हृदय=हिअ, पादपतन=पावडण, यावत्=जा, त्रयोदश=तेरह, स्थविर=थेर, बदर=बोर, कदल=केल, कर्णिकार=कणोर, चतुर्दश=चोद्दह, मयूख=मोह।

संयुक्त व्यञ्जन।

१। क्ष के स्थान में प्रायः ख और कहीं कहीं छ और झ होता है; जैसे—क्षय=खय, लक्षण=लक्खण, अक्षि=अच्छि, क्षीण=छीण, झीण।

२। त्व, थ्व, द्व और ध्व के स्थान में कहीं कहीं क्रमशः च, छ, ज और झ होता है, यथा—ज्ञात्वा=णच्चा, पृथ्वी=पिच्छी, विद्वान=विज्जं, बुद्ध्वा=बुज्झा।

३। ह्रस्व स्वर के परवर्ती थ्य, श्च, त्स और प्स के स्थान में छ होता है; जैसे—पथ्य=पच्छ, पश्चात्=पच्छा, उत्साह=उच्छाह, अप्सरा=अच्छरा।

४। द्य, य्य और र्य का ज होता है, यथा—मद्य=मज्ज, जय्य=जज्ज, कार्य=कज्ज।

५। ध्य और ह्य का झ होता है, यथा—ध्यान=झाण, साध्य=सज्झ, गुह्य=गुज्झ, सह्य=सज्झ।

६। र्त का प्रायः ट होता है, जैसे—नर्तकी=णट्टई, कैवर्त=केवट्ट।

७। ष्ट के स्थान में ठ होता है, यथा—मुष्टि=मुट्ठि, पुष्ट=पुट्ठ, काष्ठ=कट्ठ, इष्ट=इट्ठ।

८। म्न का ण होता है, यथा—निम्न=णिण्ण, प्रद्युम्न=पज्जुण्ण।

९। ज्ञ का ण और ज होता है, जैसे—ज्ञान=णाण, जाण; प्रज्ञा=पण्णा, पज्जा।

१०। स्त का थ होता है, जैसे—हस्त=हत्थ, स्तोत्र=थोत्त, स्तोक=थोव।

११। ड्म और क्म का प होता है, यथा—कुड्मल=कुंपल, रुक्मिणी=रुप्पिणी।

१२। ष्प और स्प का फ होता है, यथा—पुष्प=पुप्फ, स्पन्दन=फंदण।

१३। ह्व का भ होता है, यथा—जिह्वा=जिब्भा, विह्वल=विब्भल।

१४। न्म और ग्म का म होता है, जैसे—जन्मन्=जम्म, मन्मथ=वम्मह, युग्म=जुम्म, तिग्म=तिम्म।

१५। श्म, ष्म, स्म और ह्म का म्ह होता है, यथा—कश्मीर=कम्हार, ग्रीष्म=गिम्ह, विस्मय=विम्हअ, ब्राह्मण=बम्हण।

१६। श्न, ष्ण, स्न, ह्न, ह्ण और क्ष्ण के स्थान में ण्ह होता है, यथा—प्रश्न=पण्ह, उष्ण=उण्ह, स्नान=ण्हाण, वह्नि=वण्हि, पूर्वाह्ण=पुव्वण्ह, तीक्ष्ण=तिण्ह।

१७। ह्ल का ल्ह होता है, यथा—प्रह्लाद=पल्हाअ, कह्लार=कल्हार।

१८। संयोग में पूर्ववर्ती क, ग, ट, ड, त, द, प, श, ष और स का लोप होता है, जैसे—भुक्त=भुत्त, मुग्ध=मुद्ध, षट्पद=छप्पअ, खड्ग=खग्ग, उत्पल=उप्पल, मुद्गर=मुग्गर, सुप्त=सुत्त, निश्चल=णिच्चल, निष्ठुर=णिट्ठुर, स्खलित=खलिअ।

१९। संयोग में परवर्ती म, न और य का लोप होता है,यथा—स्मर=सर, लग्न=लग्ग, व्याध=वाह।

२०। संयोग में पूर्ववर्ती और परवर्ती सभी ल, व और र का लोप होता है, यथा—उल्का=उक्का, विक्लव=विक्कव, शब्द=सद्द, पक्व=पक्क, अर्क=अक्क, चक्र=चक्क।

२१। संयुक्त अक्षरों के स्थान में जो जो आदेश ऊपर कहा है उसका और संयुक्त व्यञ्जन के लोप होने पर जो जो व्यञ्जन बाकी रहता है उसका, यदि वह शब्द की आदि में न हो तो, द्वित्व होता है, जैसे—ज्ञात्वा=णच्चा, मग्न=मज्ज, भुक्त=भुत्त, उल्का=उक्का। परन्तु वह आदेश अथवा शेष व्यञ्जन यदि वर्ग का द्वितीय अथवा चतुर्थ अक्षर हो तो द्वित्व न हो कर उसके पूर्व में आदेश अथवा शेष व्यञ्जन के अनन्तर-पूर्व व्यञ्जन का आगम होता है; यथा—लक्षण=लक्खण, पश्चात्=पच्छा, इष्ट=इट्ठ, मुग्ध=मुद्ध।

विश्लेषण।

१। ह, र्श, र्ष के मध्य में और संयोग में परवर्ती ल के पूर्व में स्वर का आगम हो कर संयुक्त व्यञ्जनों का विश्लेषण किया जाता है, यथा—अर्हत्=अरह, अरिह, अरुह; आदर्श=आयरिस, हर्ष=हरिस, क्लिष्ट=किलिट्ठ।

व्यत्यय।

१। अनेक शब्दों में व्यञ्जन के स्थान का व्यत्यय होता है, यथा—करेणू=कणेरू, आलान=आणाल, महाराष्ट्र=मरहट्ठ, हरिताल=हलिआर, लघुक=हलुअ, ललाट=णडाल, गुह्य=गुय्ह, सह्य=सय्ह।

सन्धि।

१। समास में कहीं कहीं ह्रस्व स्वर के स्थान में दीर्घ और दीर्घ के स्थान में ह्रस्व होता है; यथा—अन्तर्वेदि=अन्तावेइ, पतिगृह=पइहर, यमुनातट=जँउणअड, नदीस्रोतः=णइसोत्त।

२। स्वर पर रहने पर पूर्व स्वर का लोप होता है, जैसे—त्रिदशेशः=तिअसीस।

३। संयुक्त व्यञ्जन का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है, जैसे—आस्य=अस्स, मुनीन्द्र=मुणिंद, चूर्ण=चुण्ण, नरेन्द्र=णरिंद, म्लेच्छ=मिलिच्छ, नीलोत्पल=णीलुप्पल।

सन्धि-निषेध।

१। उद्वृत्त (व्यञ्जन का लोप होने पर अवशिष्ट रहे हुए) स्वर की पूर्व स्वर के साथ प्रायः सन्धि नहीं होती है, यथा—निशाकर=णिसाअर, रजनीकर=रअणीअर।

२। एक पद में स्वरों की सन्धि नहीं होती है, जैसे—पाद=पाअ, गति=गइ, नगर=णअर।

३। इ, ई, उ और ऊ की, असमान स्वर पर रहने पर, सन्धि नहीं होती है, यथा—वग्गेवि अवयासो, दणुइंदो।

४। ए और ओ की परवर्ती स्वर के साथ सन्धि नहीं होती है, यथा—फले आवंधो, आलक्खिमा एण्हि।

५। आख्यात के स्वर की सन्धि नहीं होती है, जैसे—होइ इह।

नाम-विभक्ति।

१। अकारान्त पुंलिंग शब्द के एकवचन में ओ होता है, जैसे—जिनः=जिणो, वृक्षः=वच्छो।

२। पञ्चमी के एकवचन में त्तो, ओ, उ, हि और लोप होता है और त्तो-भिन्न अन्य प्रत्ययों के प्रसंग में अकार का आकार होता है जैसे—जिनात्=जिणात्तो, जिणाओ, जिणाउ, जिणाहि, जिणा।

३। पञ्चमी के बहुवचन का प्रत्यय त्तो, ओ, उ और हि होता है, एवं त्तो से अन्य प्रत्यय में पूर्व के अ का आ होता है, हि के प्रसंग में ए भी होता है, यथा—जिणात्तो, जिणाओ, जिणाउ, जिणाहि, जिणेहि।

४। पञ्चमी के एकवचन के प्रत्यय के स्थान में हिंतो और बहुवचन के प्रत्यय के स्थान में हिंतो और सुंतो इन स्वतन्त्र शब्दों का भी प्रयोग होता है, यथा—जिनात्=जिणा हिंतो; जिनेभ्यः=जिणा हिन्तो, जिणे हिन्तो, जिणा सुंतो, जिणे सुंतो।

५। षष्ठी के एकवचन का प्रत्यय स्स होता है, यथा—जिणस्स, मुणिस्स, तरुस्स।

६। अस्मत् शब्द के प्रथमा के एकवचन के रूप म्मि, अम्मि, अम्हि, हं, अहं और अहयं होता है।

७। अस्मत् शब्द के प्रथमा के बहुवचन के रूप अम्ह, अम्हे, अम्हो, मो, वयं और भे होता है।

८। अस्मत् शब्द के षष्ठी का बहुवचन णे, णो, मज्झ, अम्ह, अम्हं, अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण, महाण और मज्झाण होता है।

९। युष्मत् शब्द के षष्ठी का एकवचन तइ, तु, ते, तुम्हं, तुह, तुहं, तुव, तुम, तुमे, तुमो, तुमाइ, दि, दे, इ, ए, तुब्भ, तुम्ह, तुज्झ, उब्भ, उम्ह, उज्झ और उय्ह होता है।

लिङ्ग-व्यत्यय।

१। संस्कृत में जो शब्द केवल पुंलिंग हैं, उनमें से कईएक महाराष्ट्री में स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग भी हैं, यथा—प्रश्नः=पण्हो, पण्हा; गुणाः=गुणा, गुणाइं; देवाः=देवा, देवाणि।

२। अनेक जगह स्त्रीलिंग के स्थान में पुंलिंग होता है, यथा—शरत्=सरओ, प्रावृट्=पाउसो, विद्युता=विज्जुणा।

३। संस्कृत के अनेक क्लीवलिंग शब्दों का प्रयोग महाराष्ट्री में पुंलिंग और स्त्रीलिंग में भी होता है, यथा—यशः=जसो, जन्म=जम्मो, अक्षि=अच्छी, पृष्ठम्=पिट्ठी, चौर्यम्=चोरिआ।

आख्यात।

१। ति और ते प्रत्ययों के त का लोप होता है, जैसे—हसति=हसइ, हसए; रमते=रमइ, रमए।

२। परस्मैपद और आत्मनेपद का विभाग नहीं है, महाराष्ट्री में सभी धातु उभयपदी की तरह हैं।

३। भूतकाल के ह्यस्तन, अद्यतन और परोक्ष विभाग न होकर एक ही तरह के रूप होते हैं। और भूतकाल में आख्यात की जगह त-प्रत्ययान्त कृदन्त का ही प्रयोग अधिक होता है।

४। भविष्यत्-काल के भी संस्कृत की तरह श्वस्तन और भविष्यत् ऐसे दो विभाग नहीं हैं।

५। भविष्यत्काल के प्रत्ययों के पहले हि होता है, यथा—हसिष्यति=हसिहिइ, करिष्यति=करिहिइ।

६। वर्तमान काल के, भविष्यत्काल के और विधि-लिंग और आज्ञार्थक प्रत्ययों के स्थान में ज्ज और ज्जा होता है, यथा—हसति, हसिष्यति, हसेत्, हसतु=हसेज्ज, हसेज्जा।

७। भाव और कर्म में ईअ और इज्ज प्रत्यय होते हैं, यथा—हस्यते=हसीअइ, हसिज्जइ।

कृदन्त।

१। शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में इर होता है, यथा—गन्तृ=गमिर, नमनशील=णमिर।

२। त्वा-प्रत्यय के स्थान में तुम्, अ, तूण, तुआण और त्ता होता है, जैसे—पठित्वा=पढिउं पढिअ, पढिऊण, पढिउआण, पढित्ता।

तद्धित।

१। त्व-प्रत्यय के स्थान में त्त और त्तण होता है, यथा—देवत्व=देवत्त, देवत्तण।

(१०) अपभ्रंश।

'अपभ्रंश' शब्द का सामान्य और विशेष अर्थ।

महर्षि पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में लिखा है कि "भूयांसोऽपशब्दाः, अल्पीयांसः शब्दाः। एकैकस्य हि शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः, तद्यथा—गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्येवमादयोऽपभ्रंशाः" अर्थात् अपशब्द बहुत और शब्द (शुद्ध) थोड़े हैं, क्योंकि एक एक शब्द के बहुत अपभ्रंश हैं, जैसे 'गौः' इस शब्द के गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्यादि अपभ्रंश हैं। यहाँ पर 'अपभ्रंश' शब्द अपशब्द के अर्थ में ही व्यवहृत है और अपशब्द का अर्थ भी 'संस्कृत-व्याकरण से असिद्ध शब्द' है, यह स्पष्ट है। उक्त उदाहरणों में 'गावी' और 'गोणी' ये दो शब्दों का प्रयोग प्राचीन * जैन-सूत्र-ग्रन्थों में पाया जाता है और † चंड तथा ‡ आचार्य हेमचन्द्र आदि प्राकृत-वैयाकरणों ने भी ये दो शब्द अपने अपने प्राकृत-व्याकरणों में लक्षण-द्वारा सिद्ध किये हैं। दण्डी ने अपने काव्यादर्श में पहले प्राकृत और अपभ्रंश का अलग अलग निर्देश करते हुए काव्य में व्यवहृत आभीर-प्रभृति की भाषा को अपभ्रंश कही है और बाद में यह लिखा है कि 'शास्त्र में संस्कृत-भिन्न सभी भाषायें अपभ्रंश कही गई हैं' §। यहाँ पर दण्डी ने शास्त्र-शब्द का प्रयोग महाभाष्य-प्रभृति व्याकरण के अर्थ में ही किया है। पतञ्जलि-प्रभृति संस्कृत-वैयाकरणों के मत में संस्कृत-भिन्न सभी प्राकृत-भाषायें अपभ्रंश के अन्तर्गत हैं, यह ऊपर के उनके लेख से स्पष्ट है। परन्तु प्राकृत-वैयाकरणों के मत में अपभ्रंश भाषा प्राकृत का ही एक अवान्तर भेद है। काव्यालंकार की टीका में नमिसाधु ने लिखा है कि "प्राकृतमेवापभ्रंशः" (२, १२) अर्थात् अपभ्रंश भी शौरसेनी, मागधी आदि की तरह एक प्रकार का प्राकृत ही है। उक्त क्रमिक उल्लेखों से यह स्पष्ट है कि पतञ्जलि के समय में जिस अपभ्रंश शब्द का 'संस्कृत-व्याकरण-असिद्ध (कोई भी प्राकृत)' इस सामान्य अर्थ में प्रयोग होता था उसने आगे जा कर क्रमशः 'प्राकृत का एक भेद' इस विशेष अर्थ को धारण किया है। हमने भी यहाँ पर अपभ्रंश शब्द का इस विशेष अर्थ में ही व्यवहार किया है।

निदर्शन।

अपभ्रंश भाषा के निदर्शन विक्रमोर्वशी, धर्माभ्युदय आदि नाटक-ग्रन्थों में, हरिवंशपुराण, पउमचरिअ (स्वयंभूदेवकृत), भविसयत्तकहा, संजममंजरी, महापुराण, यशोधरचरित, नागकुमार-चरित, कथाकोश, पार्श्वपुराण, सुदर्शनचरित, करकंडुचरित, जयतिहुअणस्तोत्र, विलास-वईकहा, सणंकुमारचरिअ, सुपासनाहचरिअ, कुमारपालचरित, कुमारपालप्रतिबोध, उपदेशतरंगिणी प्रभृति काव्य-ग्रन्थों में, प्राकृतलक्षण, सिद्धहेमचन्द्रव्याकरण (अष्टम अध्याय), संक्षिप्तसार, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृतसर्वस्व वगैरः व्याकरणों में और प्राकृतपिङ्गल-नामक छन्द-ग्रन्थ में पाये जाते हैं।

प्रकृति और समय।

डो. होर्नलि के मत में जिस तरह आर्य लोगों की कथ्य भाषायें अनार्य लोगों के मुख से उच्चारित होने के कारण जिस विकृत रूप को धारण कर पायी थीं वह पैशाची भाषा है और वह कोई भी प्रादेशिक भाषा नहीं है, उस तरह आर्यों की कथ्य भाषायें भारत के आदिम-निवासी अनार्य लोगों की भिन्न भिन्न भाषाओं के प्रभाव से जिन रूपान्तरों को प्राप्त हुई थीं वे ही भिन्न भिन्न अपभ्रंश भाषायें हैं और ये महाराष्ट्री की अपेक्षा अधिक प्राचीन हैं। डो. होर्नलि

---

* "खीरीणियाओ गावीओ", "गोणं वियालं" (आचा २, ४, ५)।
"णगरगावीओ" (विपा १, २—पत्र २६)।
"गोणाणं संगेल्लं" (व्यवहारसुत्त, उ० ४)।

† "गोर्गावी" (प्राकृतलक्षण २, १६)। ‡ "गोणादयः" (हे० प्रा० २, १७४)।

§ "आभीरादिगिरः काव्येष्वपभ्रंश इति स्मृताः।
शास्त्रे तु संस्कृतादन्यदपभ्रंशतयोदितम" (१, ३६)।

के इस मत का सर ग्रियर्सन-प्रभृति आधुनिक भाषातत्त्वज्ञ स्वीकार नहीं करते हैं। सर ग्रियर्सन के मत में भिन्न भिन्न प्राकृत भाषायें साहित्य और व्याकरण में नियन्त्रित होकर जन-साधारण में अप्रचलित होने के कारण जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई थी वे ही अपभ्रंश हैं। ये अपभ्रंश-भाषायें खिस्तीय पञ्चम शताब्दी के बहुत काल पूर्व से ही कथ्य भाषाओं के रूप में व्यवहृत होती थीं, क्योंकि चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में और कालिदास की विक्रमोर्वशी में इसके निदर्शन पाये जाने के कारण यह निश्चित है कि खिस्तीय पञ्चम शताब्दी के पहले से ही ये साहित्य में स्थान पाने लगी थीं। ये अपभ्रंश-भाषायें प्रायः दशम शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषायें थीं। इसके बाद फिर जन-साधारण में अप्रचलित होने से जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई वे हो हिन्दी, बंगला, गूजराती वगैरः आधुनिक आर्य कथ्य भाषायें हैं। इनका उत्पत्ति-समय खिस्त की नववीं या दशवीं शताब्दी है। सुतरां, अपभ्रंश-भाषायें खिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से ले कर नववीं या दशवीं शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषाओं के रूप में प्रचलित थीं। इन अपभ्रंश-भाषाओं की प्रकृति वे विभिन्न प्राकृत-भाषायें हैं जो भारत के विभिन्न प्रदेशों में इन अपभ्रंशों की उत्पत्ति के पूर्वकाल में प्रचलित थीं।

भेद। अपभ्रंश के बहुत भेद हैं, प्राकृतचन्द्रिका में इसके ये सताईस भेद बताये गये हैं :—

"व्राचडो लाटवैदर्भावुपनागरनागरौ। बार्बरावन्त्यपाञ्चालटाक्कमालवकैकयाः॥
गौडोढ्रहैवपाश्चत्यपाण्ड्यकौन्तलसैंहलाः। कालिङ्ग्यप्राच्यकार्णाटकाञ्च्यद्राविडगौर्जराः॥
आभीरो मध्यदेशीयः सूक्ष्मभेदव्यवस्थिताः। सप्तविंशत्यपभ्रंशा वैतालादिप्रभेदतः *॥

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका से सताईस अपभ्रंशों के जो लक्षण और उदाहरण उद्धृत किये हैं ‡ वे इतने अपर्याप्त और अस्पष्ट हैं कि खुद मार्कंडेय ने भी इनको सूक्ष्म कह कर नगण्य बताये हैं और इनका पृथग् पृथग् लक्षण-निर्देश न कर उक्त समस्त अपभ्रंशों का नागर, व्राचड और उपनागर इन तीन प्रधान भेदों में ही अन्तर्भाव माना है §। परन्तु यह बात मानने योग्य नहीं है, क्योंकि जब यह सिद्ध है कि जिन भाषाओं का उत्पत्ति-स्थान भिन्न भिन्न प्रदेश है और जिनकी प्रकृति भी भिन्न भिन्न प्रदेश की भिन्न भिन्न प्राकृत भाषायें हैं तब वे अपभ्रंश भाषायें भी भिन्न भिन्न ही हो सकती हैं और उन सब का समावेश एक दूसरे में नहीं किया जा सकता। वास्तव में बात यह है कि वे सभी अपभ्रंश भिन्न भिन्न होने पर भी साहित्य में निबद्ध न होने के कारण उन सब के निदर्शन ही उपलब्ध नहीं हो सकते थे। इसीसे प्राकृतचन्द्रिकाकार न उनके स्पष्ट लक्षण ही कर पाये हैं और न तो उदाहरण ही अधिक दे सके हैं। यही कारण है कि मार्कण्डेय ने भी इन भेदों को सूक्ष्म कहकर टाल दिये हैं। जिन अपभ्रंश भाषाओं के साहित्य-निबद्ध होने से निदर्शन पाये जाते हैं उनके लक्षण और उदाहरण आचार्य हेमचन्द्र ने केवल अपभ्रंश के सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने अपभ्रंश के तीन विशेष नामों से दिये हैं। आचार्य

---

* वङ्गीयसाहित्यपरिषत्-पत्रिका, १३१७।

‡ "टाक्कं टक्कभाषानागरोपनागरादिभ्योऽवधारणीयम्। तुबहुला मालवी। वाडीबहुला पाञ्चाली। उल्लप्राया वैदर्भी। संबोधनाढ्या लाटी। ईकारोकारबहुला औढ्री। सवीप्सा कैकेयी। समासाढ्या गौडी। डकारबहुला कौन्तली। एकारिणी च पाण्ड्या। युक्ताढ्या सैंहली। हियुक्ता कालिङ्गी। प्राच्या तद्देशीयभाषाढ्या। ज(भ)ट्टादिबहुलाऽऽभीरी। वर्णविपर्ययात् कार्णाटी। मध्यदेशीया तद्देशीयाढ्या। संस्कृताढ्या च गौर्जरी। चकारात् पूर्वोक्तटक्कभाषाग्रहणम्। रत(ल)हभां व्यत्ययेन पाश्चात्या। रेफव्यत्ययेन द्राविडी। ढकारबहुला वैतालिकी। एओबहुला काञ्ची। शेषा देशभाषाविभेदात्।"

§ "नागरो व्राचडश्चोपनागरश्चेति ते त्रयः। अपभ्रंशाः परे सूक्ष्मभेदत्वान्न पृथङ् मताः" (प्रा० स० पृष्ठ ३)। "अन्येषामपभ्रंशानामेष्वेवान्तर्भावः" (प्रा० स० पृष्ठ १२२)।

हेमचन्द्र ने 'अपभ्रंश' इस सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने 'नागरापभ्रंश' इस विशेष नाम से जो लक्षण और उदाहरण दिये हैं वे राजस्थानी-अपभ्रंश या राजपूताना तथा गूजरात प्रदेश के अपभ्रंश से ही संबन्ध रखते हैं। व्राचडापभ्रंश के नाम से सिन्धप्रदेश के अपभ्रंश के लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में दिये हैं, और उपनागर-अपभ्रंश का कोई लक्षण न देकर केवल नागर और व्राचड के मिश्रण को 'उपनागर अपभ्रंश' कहा है। इसके सिवा सौरसेनी-अपभ्रंश के निदर्शन मध्यदेश के अपभ्रंश में पाये जाते हैं। अन्य अन्य प्रदेशों के अथवा महाराष्ट्री, अर्धमागधी, मागधी और पैशाची भाषाओं के जो अपभ्रंश थे उनका कोई साहित्य उपलब्ध न होने से कोई निदर्शन भी नहीं पाये जाते हैं।

उत्पत्ति-स्थान।

भिन्न भिन्न अपभ्रंश भाषा का उत्पत्ति-स्थान भी भारतवर्ष का भिन्न भिन्न प्रदेश है। रुद्रट ने और वाग्भट ने अपने अपने अलङ्कार-ग्रन्थ में यह बात संक्षेप में अथच स्पष्ट रूप में इस तरह कही है :—

"षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः" (काव्यालङ्कार २, १२),

"अपभ्रंशस्तु यच्छुद्धं तत्तद्देशेषु भाषितम्" (वाग्भटालङ्कार २, ३)।

आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं की प्रकृति।

खिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से लेकर दशम शताब्दी पर्यन्त भारत के भिन्न भिन्न प्रदेश में कथ्य भाषाओं के रूप में प्रचलित जिस जिस अपभ्रंश भाषा से भिन्न भिन्न प्रदेश की जो जो आधुनिक आर्य कथ्य भाषा (Modern Vernacular) उत्पन्न हुई है उसका विवरण यों है :—

महाराष्ट्री-अपभ्रंश से मराठी और कोंकणी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की पूर्व शाखा से बंगला, उडिया और आसामी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की बिहारी शाखा से मैथिली, मगही और भोजपुरिया।
अर्धमागधी-अपभ्रंश से पूर्वीय हिन्दी भाषायें अर्थात् अवधी, बघेली और छत्तीसगढी।
सौरसेनी-अपभ्रंश से बुन्देली, कनौजी, व्रजभाषा, बाँगरू, हिन्दी या उर्दू ये पाश्चात्य हिन्दी भाषायें।
नागर-अपभ्रंश से राजस्थानी, मालवी, मेवाडी, जयपुरी, मारवाडी तथा गूजराती भाषा।
पालि से सिंहली और मालदीवन।
टाक्की अथवा ढाक्की से लहण्डी या पश्चिमीय पंजाबी।
टाक्की-अपभ्रंश (सौरसेनी के प्रभाव-युक्त) से पूर्वीय पंजाबी।
व्राचड-अपभ्रंश से सिन्धी भाषा।
पैशाची-अपभ्रंश से काश्मीरी भाषा।

लक्षण। नागर-अपभ्रंश के प्रधान प्रधान लक्षण ये हैं :—

वर्ण-परिवर्तन।

१। भिन्न भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न भिन्न स्वर होते हैं; यथा—कृत्य=कच, काच; वचन=वेण, वीण; बाहु=बाह, बाहा, बाहु; पृष्ठ=पट्ठि, पिट्ठि, पुट्ठि; तृण=तण, तिण, तृण; सुकृत=सुकिद, सुकृद; लेखा=लिह, लीह, लेह।

२। स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क, ख, त, थ, प और फ के स्थान में प्रायः क्रमशः ग, घ, द, ध, व और भ होता है; यथा—विच्छेदकर=विच्छोहगर; सुख=सुघ, कथित=कधिद, शपथ=सवध, सफल=सभल।

३। अनादि और असंयुक्त म के स्थान में वैकल्पिक सानुनासिक व होता है, यथा—कमल=कवँल, कमल; भ्रमर=भवँर, भमर।

४। संयोग में परवर्ती र का विकल्प से लोप होता है; यथा—प्रिय=पिय, प्रिय; चन्द्र=चन्द, चन्द्र।

५। कहीं कहीं संयोग के परवर्ती य का विकल्प से र होता है, जैसे—व्यास=व्रास, वास; व्याकरण=व्रागरण, वागरण।

६। महाराष्ट्री में जहाँ म्ह होता है वहाँ अपभ्रंश में म्भ और म्ह दोनों होते हैं, यथा—ग्रीष्म=गिम्भ, गिम्ह; श्लेष्म=सिम्भ, सिम्ह।

नाम-विभक्ति।

१। विभक्ति के प्रसङ्ग में ह्रस्व स्वर का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व प्रायः होता है, यथा—श्यामलः=सामला, खड्गाः=खग्ग; दृष्टिः=दिट्ठि, पुत्री=पुत्ति।

२। साधारणतः सातों विभक्ति के जो प्रत्यय हैं वे नीचे दिये जाते हैं। लिंग-भेद में और शब्द-भेद में अनेक विशेष प्रत्यय भी हैं, जो विस्तार-भय से यहाँ नहीं दिये गये हैं।

	एकवचन।	बहुवचन।
प्रथमा	उ, हो	०
द्वितीया	,,	०
तृतीया	एं	हिं
चतुर्थी	सु, हो, स्सु	हं, ०
पञ्चमी	हे, हु	हुं
षष्ठी	सु, हो, स्सु	हं, ०
सप्तमी	इ, हि	हिं

आख्यात-विभक्ति।

१।

	एकवचन।	बहुवचन।
१ पु०	उं	हुं
२ पु०	हि	हु
३ पु०	इ, ए	हिं

२। मध्यम पुरुष के एकवचन में आज्ञार्थ में इ, उ और ए होते हैं, यथा—कुरु=करि, करु, करे।

३। भविष्यत्काल में प्रत्यय के पूर्व में स आगम होता है—यथा—भविष्यति=होसइ।

कृदन्त।

१। तव्य-प्रत्यय के स्थान में इएव्वउं, एव्वउं और एवा होता है, यथा—कर्तव्य=करिएव्वउं, करेव्वउ, करेवा।

२। त्वा के स्थान में इ, इउ, इवि, अवि, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु होते हैं, यथा—कृत्वा=करि, करिउ, करिवि, करवि, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।

३। तुम्-प्रत्यय की जगह एवं, अण, अणहं, अणहिं, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु होते हैं, यथा—कर्तुम्=करेवं, करण, करणहं, करणहिं, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।

४। शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में अणअ होता है, जैसे—कर्तृ=करणअ, मारयितृ=मारणअ।

तद्धित।

१। त्व और ता के स्थान में प्पण होता है, यथा—देवत्व=देवप्पण, महत्त्व=वड्डप्पण।

हम पहले यह कह आये हैं कि वैदिक और लौकिक संस्कृत के शब्दों के साथ तुलना करने पर जिस प्राकृत भापा में वर्ण-लोप-प्रभृति परिवर्तन जितना अधिक प्रतीत हो, वह उतनी ही परवर्ती काल में उत्पन्न मानी जानी चाहिए। इस नियम के अनुसार, हम देखते हैं कि महाराष्ट्री प्राकृत में व्यञ्जनों का लोप सर्वापेक्षा अधिक है, इससे वह अन्यान्य प्राकृत-भापाओं के पीछे उत्पन्न हुई है, ऐसा अनुमान किया जाता है। परन्तु अपभ्रंश में उक्त नियम का व्यत्यय देखने में आता है, क्योंकि भिन्न भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश-भाषायें यद्यपि महाराष्ट्री के बाद ही उत्पन्न हुई हैं तथापि महाराष्ट्री में जो व्यञ्जन-वर्ण-लोप देखा जाता है, अपभ्रंश में उसकी अपेक्षा अधिक नहीं, बल्कि कम ही वर्ण-लोप पाया जाता है और ऋ स्वर तथा संयुक्त रकार भी विद्यमान है। इस पर से यह अनुमान करना असंगत नहीं है कि वर्ण-लोप की गति ने महाराष्ट्री प्राकृत में अपनी चरम सीमा को पहुँच कर उसको (महाराष्ट्री को) अस्थि-हीन माँस-पिण्ड की तरह स्वर-बहुल आकार में परिणत कर दिया। अपभ्रंश में उसीकी प्रतिक्रिया शुरू हुई, और प्राचीन स्वर एवं व्यञ्जनों को फिर स्थान दे कर भापा को भिन्न आदर्श में गठित करने की चेष्टा हुई। उस चेष्टा का ही यह फल है कि पिछले समय में संस्कृत-भाषा का प्रभाव फिर प्रतिष्ठित होकर आधुनिक आर्य कथ्य भाषायें उत्पन्न हुई हैं।

अपभ्रंशों का भिन्न आदर्श में गठन।

प्राकृत पर संस्कृत का प्रभाव।

जैन और बौद्धों ने संस्कृत भापा का परित्याग कर उस समय की कथ्य भापा में धर्मोपदेश को लिपि-बद्ध करने की प्रथा प्रचलित की थी। इससे जो दो नयी साहित्य-भाषाओं का जन्म हुआ था, वे जैन सूत्रों की अर्धमागधी और बौद्ध धर्म-ग्रन्थ की पालि भापा हैं। परन्तु ये दो साहित्य-भाषायें और अन्यान्य समस्त प्राकृत-भापायें संस्कृत के प्रभाव को उल्लंघन नहीं कर सकी हैं। इस बात का एक प्रमाण तो यह है कि इन समस्त प्राकृत-भापाओं में संस्कृत-भापा के अनेक शब्द अविकल रूप में गृहीत हुए हैं। ये शब्द तत्सम कहे जाते हैं। यद्यपि इन तत्सम शब्दों ने प्रथम स्तर की प्राकृत-भापाओं से हो संस्कृत में स्थान और रक्षण पाया था, तो भी यह स्वीकार करना ही होगा कि ये सब शब्द परवर्ती काल की प्राकृत-भापाओं में जो अपरिवर्तित रूप में व्यवहृत होते थे वह संस्कृत-साहित्य का ही प्रभाव था।

इसके अतिरिक्त, संस्कृत के ही प्रभाव से बौद्धों में एक मिश्र-भापा उत्पन्न हुई थी। महायान-बौद्धों के महावैपुल्यसूत्र-नामक कतिपय सूत्र ग्रन्थ हैं। ललितविस्तर, सद्धर्म-पुण्डरीक, चन्द्रप्रदीपसूत्र प्रभृति इसके अन्तर्गत हैं। इन ग्रन्थों की भाषा में अधिकांश शब्द तो संस्कृत के हैं ही, अनेक प्राकृत-शब्दों के आगे भी संस्कृत की विभक्ति लगाकर उनको भी संस्कृत के अनुरूप किये गये हैं। पाश्चात्य विद्वानों ने इस भापा को 'गाथा' नाम दिया है। परन्तु यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि इसका यह 'गाथा' नाम असंगत है, क्योंकि यह संस्कृत-मिश्रित प्राकृत का प्रयोग उक्त ग्रन्थों के केवल पद्यांशों में ही नहीं, बल्कि गद्यांश में भी देखा जाता है। इससे इन ग्रन्थों की भापा को 'गाथा' न कह कर 'प्राकृत-मिश्र संस्कृत' या 'संस्कृत-मिश्र प्राकृत' अथवा संक्षेप में 'मिश्र-भापा' ही कहना उचित है।

गाथा-भापा।

डो. बर्नफ और डो. राजेन्द्रलाल मित्र का मत है कि 'संस्कृत-भापा क्रमशः परिवर्तित होती हुई प्रथम गाथा-भापा के रूप में और बाद में पालि-भापा के आकार में परिणत हुई है। इस तरह गाथा-भापा संस्कृत और पालि की मध्यवर्ती होने के कारण इन दोनों के (संस्कृत और पालि के) लक्षणों से आक्रान्त है।'

यह सिद्धान्त सर्वथा भ्रान्त है; क्योंकि हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं कि संस्कृत-भाषा क्रमशः परिवर्तित होकर पालि-भाषा में परिणत नहीं हुई है, किन्तु पालि-भाषा वैदिक-युग की एक प्रादेशिक भाषा से ही उत्पन्न हुई है। और, गाथा-भाषा पालि-भाषा के पहले प्रचलित न थी, क्योंकि गाथा-भाषा के समस्त ग्रन्थों का रचना-काल ख्रिस्त-पूर्व दो सौ वर्षों से लेकर ख्रिस्त की तृतीय शताब्दी पर्यन्त का है, इससे गाथा-भाषा बहुत तो पालि-भाषा की समकालीन हो सकती है, न कि पालि-भाषा की पूर्वावस्था। यह भाषा संस्कृत के प्रभाव को कायम रख कर विभिन्न प्राकृत-भाषाओं के मिश्रण से बनी है, इसमें संदेह नहीं है। यही कारण है कि इसके शब्दों को प्रस्तुत कोष में स्थान नहीं दिया गया है।

गाथा-भाषा का थोड़ा नमूना ललितविस्तर से यहां उद्धृत किया जाता है :—

"अध्रुवं त्रिभवं शरदभ्रनिभं, नटरङ्गसमा जगि जन्मि च्युति।
गिरिनद्यसमं लघुशीघ्रजवं, व्रजतायु जगे यथ विद्यु नभे॥ १॥"

"उदकचन्द्रसमा इमि कामगुणाः, प्रतिविम्ब इवा गिरिघोष यथा।
प्रतिभाससमा नटरङ्गसमास्तथ स्वप्नसमा विदितार्यजनैः॥ १॥" (पृष्ठ २०४, २०६)।

बुद्धदेव और उसके सारथि की आपस में बातचीत :—

"एषो हि देव पुरुषो जरयाभिभूतः, क्षीणेन्द्रियः सुदुःखितो बलवीर्यहीनः।
बन्धुजनेन परिभूत अनाथभूतः, कार्यासमर्थ अपविद्ध वनेव दारु॥
कुलधर्म एष अयमस्य हि त्वं भणाहि, अथवापि सर्वजगतोऽस्य इयं ह्यवस्था।
शीघ्रं भणाहि वचनं यथभूतमेतत्, श्रुत्वा तथार्थमिह योनि संचिन्तयिष्ये॥
नैतस्य देव कुलधर्म न राष्ट्रधर्मः, सर्वे जगस्य जर यौवन धर्षयाति।
तुभ्यंपि मातृपितृबान्धवज्ञातिसंघो, जरया अमुक्त नहि अन्यगतिर्जनस्य॥
धिक् सारथे अबुधबालजनस्य बुद्धिर्यद् यौवनेन मदमत्त जरां न पश्ये।
आवर्तयस्विह रथं पुनरहं प्रवेक्ष्ये, किं मह्य क्रीडरतिभिर्जरया श्रितस्य॥"

संस्कृत पर प्राकृत का प्रभाव।

पहले जो यह कहा जा चुका है कि वैदिक काल के मध्यदेश-प्रचलित प्राकृत से ही वैदिक संस्कृत उत्पन्न हुआ है और वह साहित्य और व्याकरण के द्वारा क्रमशः मार्जित और नियन्त्रित होकर अन्त में लौकिक संस्कृत में परिणत हुआ है; एवं प्राकृत के अन्तर्गत समस्त तत्सम शब्द संस्कृत से नहीं, परन्तु प्रथम स्तर के प्राकृत से ही संस्कृत में और द्वितीय स्तर के प्राकृत में आये हैं; प्राकृत के अन्तर्गत तद्भव शब्द भी संस्कृत से प्राकृत में गृहीत न होकर प्रथम स्तर के प्राकृत से ही क्रमशः परिवर्तित होकर परवर्ती काल के प्राकृत में स्थान पाये हैं और संस्कृत व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होने से वे शब्द संस्कृत में अपरिवर्तित रूप में ही रह गये हैं; इसी तरह प्राकृत के अधिकांश देशी-शब्द भी वैदिक काल के मध्यदेश-भिन्न अन्यान्य प्रदेशों के आर्य-उपनिवेशों की प्राकृत-भाषाओं से ही बाद की प्राकृत-भाषाओं में आये हैं; इससे उन्होंने (देशीशब्दों ने) मध्यदेश के प्राकृत से उत्पन्न वैदिक और लौकिक संस्कृत में कोई स्थान नहीं पाया है। इस पर से यह सहज ही समझा जा सकता है कि प्राकृत ही संस्कृत भाषा का मूल है।

अब इस जगह हम यह बताना चाहते हैं कि प्राकृत से न केवल वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषायें उत्पन्न ही हुई हैं, बल्कि संस्कृत ने मृत होकर साहित्य-भाषा में परिणत होने पर भी अपनी अंग-पुष्टि के लिए प्राकृत से ही अनेक शब्दों का संग्रह किया है। ऋग्वेद आदि में प्रयुक्त वंक (वक्र), वहू (वधू),

मेह (मेघ), पुराण (पुरातन), तितउ (चालनी), उच्छेक (उत्सेक), प्रभृति शब्द और लौकिक संस्कृत में प्रचलित तितउ (चालनी), आवुत्त (भगिनीपति), खुर (क्षुर), गोखुर (गोक्षुर), गुग्गुलु (गुल्गुलु), छुरिका (क्षुरिका), अच्छ (भृत्त), कच्छ (कक्ष), पियाल (प्रियाल), गल्ल (गण्ड), चन्दिर (चन्द्र), इन्दिर (इन्द्र), शिथिल (श्लथ), मरन्द (मकरन्द), किसल (किसलय), हाला (सुराविशेष), हेवाक (व्यसन), दाढा (दंष्ट्रा), खिडक्किका (लघुद्वार, भाषा में खिड़की), जारुज (जरायुज), पुराण (पुरातन), वगैरः शब्द प्राकृत से ही अविकल रूप में गृहीत हुए हैं और मारिष (मार्ष), जहिष्यसि (हास्यसि), ब्रूमि (ब्रवीमि), निकृन्तन (निकर्तन), लट्भ (सुन्दर), प्रभृति प्राकृत के ही मूल शब्द मार्जित कर संस्कृत में लिये गये हैं।

प्राकृत-भाषाओं का उत्कर्ष।

कोई भी कथ्य भाषा क्यों न हो, वह सर्वदा ही परिवर्तन-शील होती है। साहित्य और व्याकरण उसको नियम के बन्धन में जकड कर गति-हीन और अपरिवर्तनीय करते हैं। उसका फल यह होता है कि साहित्य की भाषा क्रमशः कथ्य भाषा से भिन्न हो जाती है और जन-साधारण में अप्रचलित होकर मृत-भाषा में परिणत होती है। साहित्य की हरकोई भाषा एक समय की कथ्य भाषा से ही उत्पन्न होती है और वह जब मृत-भाषा में परिणत होती है तब कथ्य भाषा से फिर एक नयी साहित्य की भाषा की सृष्टि होती है। इस तरह एक समय की कथ्य भाषा से ही वैदिक और लौकिक संस्कृत उत्पन्न हुई थी और वह साधारण के पक्ष में दुर्बोध होने पर अर्धमागधी, पालि आदि प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया था। ये सब प्राकृत-भाषायें भी समय पाकर जन-साधारण में दुर्बोध हो जाने पर संस्कृत की तरह मृत-भाषा में परिणत हो गईं और भिन्न भिन्न प्रदेश की अपभ्रंश-भाषायें साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। अपभ्रंश-भाषायें भी जब दुर्बोध होकर मृत-भाषाओं में परिणत हो चली तब हिन्दी, बंगला, गूजराती, मराठी प्रभृति आधुनिक आर्य कथ्य भाषायें साहित्य की भाषाओं के रूप में गृहीत हुई हैं। उक्त समस्त कथ्य भाषायें उस उस युग को साहित्य की मृत-भाषाओं की तुलना में अवश्य ऐसे कतिपय उत्कर्षों से विशिष्ट होनी चाहिएँ जिनकी बदौलत ही ये उस उस समय की मृत-भाषाओं को साहित्य के सिंहासन से च्युत कर उस सिंहासन को अपने अधिकार में कर पायी थीं। अब यहाँ हमें यह जानना जरूरी है कि ये उत्कर्ष कौन थे ?

हरकोई भाषा का सर्व-प्रथम उद्देश्य होता है अर्थ-प्रकाश। इसलिए जिस भाषा के द्वारा जितने स्पष्ट रूप से और जितने अल्प प्रयास से अर्थ-प्रकाश किया जाय वह उतनी ही उत्कृष्ट भाषा मानी जाती है। इन दो कारणों के वश होकर हो भाषा का निरन्तर परिवर्तन साधित होता है और भिन्न भिन्न काल में भिन्न भिन्न कथ्य-भाषाओं से नयी नयी साहित्य-भाषाओं की उत्पत्ति होती है। वैदिक संस्कृत क्रमशः लुप्त होकर लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति उक्त दो कारणों से ही हुई थी। वैदिक शब्द-समूह अप्रचलित होने पर उसके अनावश्यक प्रकृति और प्रत्ययों को बाद देकर जो सहज ही समझ में आ सके वैसी प्रकृति और प्रत्ययों का संग्रह कर वैदिक भाषा से लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति हुई थी। संस्कृत-भाषा के प्रकृति-प्रत्यय काल-क्रम से अप्रचलित होकर जब दुःख-बोध्य हो उठे तब उस समय की कथ्य भाषाओं से ही स्पष्टार्थक, सुखोच्चारण-योग्य, मधुर और कोमल प्रकृति-प्रत्ययों का संग्रह कर संस्कृत के अनावश्यक, दुर्बोध, कष्टोच्चारणीय, कठोर और कर्कश प्रकृति-प्रत्यय-सन्धि-समासों का वर्जन कर अर्धमागधी, पाली और अन्यान्य प्राकृत-भाषायें साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। यदि इन सब नूतन साहित्य-भाषाओं में संस्कृत की अपेक्षा अर्थ-प्रकाश

की अधिक शक्ति, अल्प आयास से और सुख से उच्चारण-योग्यता प्रभृति गुण न होते तो ये कभी भी संस्कृत जैसी समृद्ध भाषा को साहित्य के सिंहासन से च्युत करने में समर्थ न होतीं। काल-क्रम से ये सब प्राकृत-साहित्य-भाषायें भी जब व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होकर अप्रचलित और जन-साधारण में दुर्बोध हो चलीं तब उस समय प्रचलित प्रादेशिक अपभ्रंश-भाषाओं ने इनको हटाकर साहित्य-भाषाओं का स्थान अपने अधिकार में किया। यहाँ पर यह प्रश्न हो सकता है कि साहित्य की प्राकृत-भाषाओं की अपेक्षा इन अपभ्रंश-भाषाओं में वह कौनसा गुण था जिससे ये अपने पहले की प्राकृत-साहित्य-भाषाओं को परास्त कर उनके स्थान को अपने अधिकार में कर सकीं? इसका उत्तर यह है कि कोई भी गुण चरम सीमा में पहुँच जाने पर फिर वह गुण ही नहीं रहने पाता, वह दोष में परिणत हो जाता है। संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में यह उत्कर्ष था कि इनमें संस्कृत के कर्कश और कष्टोच्चारणीय असंयुक्त और संयुक्त व्यञ्जन वर्णों के स्थान में सब कोमल और सुखोच्चारणीय वर्ण व्यवहृत होते थे। किन्तु इस गुण की भी सीमा है, महाराष्ट्री-प्राकृत में यह गुण सीमा का अतिक्रम कर गया, यहाँतक कि संस्कृत के अनेक व्यञ्जनों का एकदम ही लोप कर उनके स्थान में स्वर-वर्णों की परम्परा-द्वारा समस्त शब्द गठित होने लगे। इससे इन शब्दों के उच्चारण सुख-साध्य होने के बदले अधिकतर कष्ट-साध्य हुए, क्योंकि बीच बीच में व्यञ्जन-वर्णों से व्यवहित न होकर केवल स्वर-परम्परा का उच्चारण करना कष्टकर होता है। इस तरह प्राकृत-भाषा महाराष्ट्री-प्राकृत में आकर जब इस चरम अवस्था में उपनीत हुई तबसे ही इसका पतन अनिवार्य हो उठा। इसकी प्रतिक्रिया-स्वरूप अपभ्रंश-भाषाओं में नूतन व्यञ्जन-वर्ण बिठा कर सुखोच्चारण-योग्यता करने की चेष्टा हुई। इसका फल यह हुआ कि प्रादेशिक अपभ्रंश-भाषायें साहित्य की भाषाओं के रूप में उन्नीत हुईं। आधुनिक प्रादेशिक आर्य-भाषायें भी प्राकृत-भाषाओं के उस दोष का पूर्ण संशोधन करने के लिए नूतन संस्कृत शब्दों को ग्रहण कर अपभ्रंशों के स्थान को अपने अधिकार में करके नवीन साहित्य-भाषाओं के रूप में परिणत हुई हैं। आधुनिक आर्य-भाषाओं में पूर्व-वर्ती प्राकृतों और अपभ्रंशों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि इन्होंने शब्दों के संबन्ध में प्राकृत और संस्कृत को मिश्रित कर उभय के गुणों का एक सुन्दर सामञ्जस्य किया है। इनके तद्भव और देश्य शब्दों में प्राकृत की कोमलता और मधुरता है और तत्सम शब्दों में संस्कृत की ओजस्विता। आधुनिक आर्य-भाषाओं में संस्कृत और प्राकृत दोनों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि ये संस्कृत और प्राकृतों के अनावश्यक लिंग, वचन और विभक्तिओं के भेदों का वर्जन कर, उनके बदले भिन्न भिन्न स्वतन्त्र शब्दों के द्वारा लिंग, वचन और विभक्तिओं के भेदों को प्रकाशित कर और संस्कृत तथा प्राकृतों के विभक्ति-बहुल स्वभाव का परित्याग कर विश्लेषण-शील-भाषा में परिणत हुई हैं। इस तरह इन भाषाओं ने अल्प आयास से वक्ता के अर्थ को अधिकतर स्पष्ट रूप में प्रकाशित करने का मार्ग-प्रदर्शन किया है। उक्त गुणों के कारण ही आधुनिक आर्य-भाषाओं ने वैदिक, संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश इन सब साहित्य-भाषाओं के स्थान पर अपना अधिकार जमाया है।

संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में जो उत्कर्ष—गुण—ऊपर बताये हैं वे अनेक प्राचीन ग्रन्थकारों ने पहले ही प्रदर्शित किये हैं। उनके ग्रन्थों से, प्राकृत के उत्कर्ष के संबन्ध में, कुछ वचन यहाँ पर उद्धृत किये जाते हैं:—

* "अमिअं पाउअ-कव्वं पढिउं सोउं च जे ण आणंति।
कामस्स तत्त-तत्तिं कुणंति, ते कह ण लज्जंति ?॥ (हाल की गाथासप्तशती १, २)।

अर्थात् जो लोग अमृतोपम प्राकृत-काव्य को न तो पढ़ना जानते हैं और न सुनना जानते हैं अथच काम-तत्त्व की आलोचना करते हैं उनको शरम क्यों नही आती?

---

* अमृतं प्राकृतकाव्यं पठितुं श्रोतुं च ये न जानन्ति। कामस्य तत्त्वचिन्तां कुर्वन्ति, ते कथं न लज्जन्ते ?॥

* "उम्मिल्लइ लायण्णं पयय-च्छायाए सक्कय-वयाणं।
सक्कय-सक्कारुक्करिसणेण पययस्सवि पहावो ॥" (वाक्पतिराज का गउडवहो ६५)।

संस्कृत शब्दों का लावण्य प्राकृत की छाया से ही व्यक्त होता है; संस्कृत-भाषा के उत्कृष्ट संस्कार में भी प्राकृत का प्रभाव व्यक्त होता है।

† "णवमत्थ-दंसणं संनिवेस-सिसिराओ बंध-रिद्धीओ।
अविरलमिणमो आभुवण-बंधमिह णवर पययम्मि ॥" (गउडवहो ७२)।

सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आज तक प्रचुर परिमाण में नूतन नूतन अर्थों का दर्शन और सुन्दर रचना वाली प्रबन्ध-संपत्ति कहीं भी है तो वह केवल प्राकृत में ही।

‡ "हरिस-विसेसो वियसावओ य मउलावओ य अच्छीण।
इह बहि-हुत्तो अंतो-मुहो य हिययस्स विप्फुरइ ॥" (गउडवहो ७४)।

प्राकृत-काव्य पढने के समय हृदय के भीतर और बाहर एक ऐसा अभूत-पूर्व हर्ष होता है कि जिससे दोनों आँखें एक ही साथ विकसित और मुद्रित होती हैं।

§ "परुसो सक्कअ-बंधो पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो।
पुरिस-महिलाणं जेत्तिअमिहंतरं तेत्तिअमिमाणं ॥" (राजशेखर की कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

संस्कृत-भाषा कर्कश और प्राकृत भाषा सुकुमार है। पुरुष और महिला में जितना अन्तर है, इन दो भाषाओं में भी उतना ही प्रभेद है ॥

"गिरः श्रव्या दिव्याः प्रकृतिमधुरः प्राकृतगिरः
सुभव्योऽपभ्रंशः सरसरचनं भूतवचनम्।" (राजशेखर का बालरामायण १, ११)

संस्कृत-भाषा सुनने योग्य है, प्राकृत भाषा स्वभाव-मधुर है, अपभ्रंश-भाषा भव्य है और पैशाची-भाषा की रचना रस-पूर्ण है।

× "सक्कय-कव्वस्सत्थं जेण न याणंति मंद-बुद्धीण।
सव्वाणवि सुह-बोहं तेणेमं पाययं रइयं ॥
गुढत्थ-देसि-रहियं सुललिय-वन्नेहिं विरइयं रम्मं।
पायय-कव्वं लोए कस्स न हिययं सुहावेइ ? ॥ (महेश्वरसूरि का पञ्चमीमाहात्म्य)

सामान्य मनुष्य संस्कृत-काव्य के अर्थ को समझ नहीं पाते हैं। इसलिए यह ग्रन्थ उस प्राकृत-भाषा में रचा जाता है जो सब लोगों को सुख-बोध्य है।

गूढार्थक देशी-शब्दों से रहित और सुललित पदों में रचा हुआ सुन्दर प्राकृत-काव्य किसके हृदय को सुखी नहीं करता ?

"÷ उज्झउ सक्कय-कव्वं सक्कय-कव्वं च निम्मियं जेण।
वंस-हरं व पलित्तं तडयडतट्टत्तणं कुणइ ॥"
(वज्जालग्ग(?) से अपभ्रंशकाव्यत्रयी की प्रस्ता० पृष्ठ ७६ में उद्धृत)

---

* उन्मीलति लावण्यं प्राकृतच्छायया संस्कृतपदानाम्। संस्कृतसंस्कारोत्कर्षणेन प्राकृतस्यापि प्रभावः॥

† नवमार्थदर्शनं संनिवेशशिशिरा बन्धर्द्धयः। अविरलमिदमाभुवनबन्धमिह केवलं प्राकृते ॥

‡ हर्षविशेषो विकासको मुकुलीकारकश्चाक्ष्णोः। इह बहिर्मुखोऽन्तर्मुखश्च हृदयस्य विस्फुरति ॥

§ परुषः संस्कृतबन्धः प्राकृतबन्धस्तु भवति सुकुमारः। पुरुषमहिलयोर्यावदिहान्तरं तावदनयोः॥

× संस्कृतकाव्यस्यार्थं येन न जानन्ति मन्दबुद्धयः। सर्वेषामपि सुखबोधं तेनेदं प्राकृतं रचितम् ॥
गुढार्थदेशीरहितं सुललितवर्णैर्विरचितं रम्यम्। प्राकृतकाव्यं लोके कस्य न हृदयं सुखयति ? ॥

÷ उज्झ्यतां संस्कृतकाव्यं संस्कृतकाव्यं च निर्मितं येन। वंशगृहमिव प्रदीप्तं तडतडतट्टत्वं करोति ॥

संस्कृत-काव्य को छोड़ो और जिसने संस्कृत-काव्य की रचना की है उसका भी नाम मत लो, क्योंकि वह (संस्कृत) जलते हुए बाँस के घर की तरह 'तड तड तट्ट' आवाज करता है— श्रुतिकटु लगता है।

"* पाइय-कव्वम्मि रसो जो जायइ तह व छेय-भणिएहिं।
उययस्स य वासिय-सीयलस्स तिर्त्ति न वच्चामो ॥
ललिए महुरक्खरए जुवई-यणा-वल्लहे स-सिंगारे।
संते पाइय-कव्वे को सक्कइ सक्कयं पढिउं ? ॥" (जयवल्लभ का वज्जालग्ग, पृष्ठ ६)

प्राकृत-भाषा की कविता में और विदग्ध के वचनों में जो रस आता है उससे, वासी और शीतल जल की तरह, तृप्ति नहीं होती है—मन कभी ऊबता नहीं है—उत्कण्ठा निरन्तर बनी ही रहती है।

जब सुन्दर, मधुर, शृङ्गार-रस-पूर्ण और युवतिओं को प्रिय ऐसा प्राकृत-काव्य मौजुद है तब संस्कृत पढने को कौन जाता है ?

---

* प्राकृतकाव्ये रसो यो जायते तथा वा छेकभणितैः। उदकस्य च वासितशीतलस्य तृप्तिं न व्रजामः ॥
ललिते मधुराक्षरके युवतिजनवल्लभे सशृङ्गारे। सति प्राकृतकाव्ये कः शक्नोति संस्कृतं पठितुम् ? ॥

इस कोष में स्वीकृत पद्धति।

१। प्रथम काले टाइपों में क्रम से **प्राकृत शब्द**, उसके बाद सादे टाइपों में उस प्राकृत शब्द के **लिङ्ग** आदि का संक्षिप्त निर्देश, उसके पश्चात् काले कोष्ठ (ब्राकेट) में काले टाइपों में प्राकृत शब्द का **संस्कृत प्रतिशब्द**, उसके अनन्तर सादे टाइपों में हिन्दी भाषा में अर्थ और तदनन्तर सादे टाइपों में ब्राकेट में प्रमाण (रेफरेंस) का उल्लेख किया गया है।

२। शब्दों का क्रम नागरी वर्ण-माला के अनुसार इस तरह रखा गया है;—अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, क, ख, ग आदि। इस तरह अनुस्वार के स्थान की गणना संस्कृत-कोषों की तरह पर-सवर्ण अनुनासिक व्यञ्जन के स्थान में न कर अन्तिम स्वर के बाद और प्रथम व्यञ्जन के पूर्व में ही करने का कारण यह है कि संस्कृत की तरह प्राकृत में *व्याकरण की दृष्टि से भी अनुस्वार के स्थान में अनुनासिक का होना कहीं भी अनिवार्य नहीं है और प्राचीन हस्त-लिखित पुस्तकों में प्रायः सर्वत्र अनुस्वार का ही प्रयोग पाया जाता है।

३। प्राकृत शब्द का प्रयोग विशेष रूप से आर्ष (अर्धमागधी) और महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में और सामान्य रूप से आर्ष से ले कर अपभ्रंश-भाषा तक के अर्थ में किया जाता है। प्रस्तुत कोष के 'प्राकृत-शब्द-महार्णव' नाम में प्राकृत-शब्द सामान्य अर्थ में ही गृहीत है। इससे यहाँ † आर्ष, महाराष्ट्री, शौरसेनी, अशोक-शिलालिपि, देश्य, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची तथा अपभ्रंश भाषाओं के शब्दों का संग्रह किया गया है। परन्तु प्राचीनता और साहित्य की दृष्टि से इन सब भाषाओं में आर्ष और महाराष्ट्री का स्थान ऊँचा है। इससे इन दोनों के शब्द यहाँ पूर्ण रूप से लिये गये हैं और शौरसेनी आदि भाषाओं के प्रायः उन्हीं शब्दों को स्थान दिया गया है जो या तो प्राकृत (आर्ष और महाराष्ट्री) से विशेष भेद रखते हैं अथवा जिनका प्राकृत रूप नहीं पाया गया है, जैसे 'य्येव', 'विधुव', 'संपादइत्तअ', 'संभावीअदि' वगैरः। इस भेद की पहिचान के लिए प्राकृत से इतर भाषा के शब्दों और आख्यात-कृदन्त के रूपों के आगे सादे टाइपों में कोष्ठ में उस उस भाषा का संक्षिप्त नाम-निर्देश कर दिया गया है, जैसे ‡ '(शौ)', '(मा)' इत्यादि। परन्तु शौरसेनी आदि में भी जो शब्द या रूप प्राकृत के ही समान है वहाँ ये भेद-दर्शक चिह्न नहीं दिये गये हैं।

(क) आर्ष और महाराष्ट्री से सौरसेनी आदि भाषाओं के जिन शब्दों में सामान्य (सर्व-शब्द-साधारण) भेद है उनको इस कोष में स्थान दे कर पुनरावृत्ति-द्वारा ग्रन्थ के कलेवर को विशेष बढ़ाना इसलिए उचित नहीं समझा गया है कि वह सामान्य भेद प्राकृत-भाषाओं के साधारण अभ्यासी से भी अज्ञात नहीं है और वह उपोद्घात में भी उस उस भाषा के लक्षण-प्रसङ्ग में दिखा दिया गया है जिससे वह सहज ही ख्याल में आ सकता है।

(ख) आर्ष और महाराष्ट्री में भी परस्पर उल्लेखनीय भेद है। तिस पर भी यहाँ उनका भेद-निर्देश न करने का एक कारण तो यह है कि इन दोनों में इतर भाषाओं से अपेक्षा-कृत समानता अधिक है; दूसरा, प्रकृति की अपेक्षा प्रत्ययों में ही विशेष भेद है जो व्याकरण से संबन्ध रखता है, कोष से नहीं; तीसरा, जैन ग्रन्थकारों ने महाराष्ट्री-ग्रन्थों में भी आर्ष प्राकृत के शब्दों का अविकल रूप में अधिक व्यवहार कर उनको महाराष्ट्री का रूप दे दिया है §।

---

* देखो प्राकृतप्रकाश, सूत्र ४, १४; १७; हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण, सूत्र १,२५; और प्राकृतसर्वस्व, सूत्र ४,२३ आदि।

† प्राकृतसर्वस्व (पृष्ठ १-३) आदि में इनसे अतिरिक्त और भी प्राच्या, शाकारी आदि अनेक उपभेद बताये गये हैं, जिनका समावेश यहाँ सौरसेनी आदि इन्हीं मुख्य भेदों में यथास्थान किया गया है।

‡ इन संक्षिप्त नामों का विवरण संकेत-सूची में देखिए।

§ इसीसे डो. पिशल् आदि पाश्चात्य विद्वानों ने आर्ष-भिन्न जैन प्राकृत-ग्रन्थों की भाषा को 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है। देखो डो. पिशल् का प्राकृतव्याकरण और डो. टेसेटोरी की उपदेशमाला की प्रस्तावना।

४। प्राकृत में यश्रुति वाला * नियम खूब ही अव्यवस्थित है। प्राकृत-प्रकाश, सेतुबन्ध, गाथासप्तशती और प्राकृतपिंगल आदि में इस नियम का एकदम अभाव है जब कि आर्ष, जैन महाराष्ट्री तथा गउडवहो-प्रभृति ग्रन्थों में इस नियम का हद से ज्यादः आदर देखा जाता है; यहाँ तक कि एक ही शब्द में कहीं तो यश्रुति है और कहीं नहीं, जैसे 'पअ' और 'पय', 'लोअ' और 'लोय'। इस कोष में ऐसे शब्दों की पुनरावृत्ति न कर कोई भी (यश्रुतिवाले 'य' से रहित या सहित) एक ही शब्द लिया गया है। इससे क्रम तथा इतर समान शब्द की तुलना की सुविधा के लिए आवश्यकतानुरूप कहीं कहीं रेफरेंस वाले शब्द के 'अ' के स्थान में 'य' और 'य' की जगह 'अ' किया गया है।

५। आर्ष ग्रन्थों में यश्रुतिवाले 'य' की तरह 'त' का प्रयोग भी बहुत ही पाया जाता है, जैसे 'अय' (अज) के स्थान में 'अत', 'अईअ' (अतीत) की जगह 'अतीय' आदि। ऐसे शब्दों की भी इस कोष में बहुधा पुनरावृत्ति न करके त-वर्जित शब्दों को ही विशेष रूप से स्थान दिया गया है।

६। संयुक्त शब्दों को उनके क्रमिक स्थान में अलग न दे कर मूल (पूर्व भाग वाले) शब्द के भीतर ही उत्तर भाग वाले शब्द अकारादि क्रम से काले टाइपों में दिये गये हैं और उसके पूर्व °(ऊर्ध्व बिन्दी) का चिह्न दिया गया है। ऐसे शब्द का संस्कृत प्रतिशब्द भी काले टाइपों में ° चिह्न दे कर दिये गये हैं। विशेष स्थानों में पाठकों की सुगमता के लिए संयुक्त शब्द उसके क्रमिक स्थान में अलग भी बतलाये गये हैं और उसके अर्थ तथा रेफरेंस के लिए मूल शब्द में जहाँ वे दिये गये हैं, देखने की सूचना की गई है।

(क) इन संयुक्त शब्दों में जहाँ 'देखो °——' से जिस शब्द को देखने को कहा गया है वहाँ उस शब्द को उसी मूल शब्द के भीतर देखना चाहिए न कि अन्य शब्द के अन्दर।

७। त्त, त्तण (त्व), आ, या (तल्), अर, यर, तराग (तर), अम, तम (तम) आदि सुगम और सर्वत्र-साधारण प्रत्यय वाले शब्दों में प्रत्ययों को छोड़ कर केवल मूल शब्द ही यहाँ लिये गये हैं। परन्तु जहाँ ऐसे प्रत्ययों में रूप आदि की विशेषता है वहाँ प्रत्यय-सहित शब्द भी लिये गये हैं।

८। धातुओं के सब रूप सादे टाइपों में और कृदन्तों के रूप काले टाइपों में धातु के भीतर दिये गये हैं।

(क) भाव तथा कर्म-कर्तरि रूपों का निर्देश भी धातु के भीतर 'कर्म—' से ही किया गया है।

(ख) भूत कृदन्त के रूप तथा अन्य आख्यात तथा कृदन्त के विशिष्ट रूप बहुधा अलग अलग अपने क्रमिक स्थान में दिये गये हैं।

९। जिन संस्करणों से शब्द-संग्रह किया गया है उनमें रही हुई संपादन की या प्रेस की भूलों को सुधार कर शुद्ध शब्द ही यहाँ दिये गये हैं। पाठकों के ज्ञानार्थ साधारण भूलों को छोड़ कर विशेष भूल वाले पाठ रेफरेंस के उल्लेख के अनन्तर-पूर्व में ज्यों के त्यों उद्धृत भी किये गये हैं और भूल वाले भाग की शुद्धि कौंस में '?' (शङ्काचिह्न) के बाद बतला दी गई है; जैसे देखो **छोब्भ, वब्भ** आदि शब्द।

(क) जहाँ भिन्न भिन्न ग्रन्थों में या एक ही ग्रन्थ के भिन्न भिन्न स्थानों में या संस्करणों में एक ही शब्द के अनेक संदिग्ध रूप पाये गये हैं और जिनके शुद्ध रूप का निर्णय करना कठिन जान पड़ा है वहाँपर ऐसे रूप वाले सब शब्द इस कोष में यथास्थान दिये गये हैं और तुलना के लिए ऐसे प्रत्येक शब्द के अन्त भाग में 'देखो—' लिख कर इतर रूप भी सूचाया गया है; जैसे देखो **'पुक्खलच्छिभय, पोक्खलच्छिलय'; 'पेसल, पेसलेस'; 'भयालि, सयालि'** आदि शब्द।

१०। एक ही ग्रन्थ के एक या भिन्न भिन्न संस्करणों के अथवा भिन्न भिन्न ग्रन्थों के पाठ-भेदों के सभी शुद्ध शब्द इस कोष में यथास्थान दिये गये हैं; जैसे—**परिज्झुसिय** (:भगवतीसूत्र २५—पत्र ९२३) और **परिभुसिय**

* हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण का सूत्र १, १८०।

(भग २५ टी—पत्र ९२५); **णिव्विदेज्ज** (भी. मा. का सूत्रकृताङ्ग १, २, ३, १२) और **णिव्विदेज्ज** (आ. स. का सूत्रकृताङ्ग १, २, ३, १२); **पविरल्लिय** (आ. स. का प्रश्नव्याकरण १, ५—पत्र ९१) और **पवित्थरिल्ल** (अभिधानराजेन्द्र का प्रश्नव्याकरण १, ५), **सामकोट्ट** (समवायाङ्ग-सूत्र, पत्र १५३) और **सामिकुट्ट** (प्रवचनसारोद्धार, द्वार ७) प्रभृति।

११। संस्कृत की तरह प्राकृत में भी कम से कम शब्द के आदि के 'ब' तथा 'व' के विषय में गहरा मत-भेद है। एक ही शब्द कहीं बकारादि पाया जाता है तो कहीं वकारादि। जैसे भगवतीसूत्र में 'बत्थि' है तो विपाकश्रुत में 'वत्थि' छपा है। इससे ऐसे शब्दों का दोनों स्थानों में न देकर जो 'ब' या 'व' उचित जान पड़ा है उसी एक स्थल में वह शब्द दिया गया है और उभय प्रकार के शब्दों के रेफरेंस भी वहाँ ही दिये गये हैं। हाँ, जहाँ दोनों अक्षरों के अस्तित्व का स्पष्ट रूप से उल्लेख पाया गया है वहाँ दोनों स्थलों में वह शब्द दिया गया है, जैसे '**बप्फाउल**' और '**वप्फाउल**' * आदि।

१२। लिङ्गादि-बोधक संक्षिप्त शब्द प्राकृत शब्द से ही संबन्ध रखते हैं, संस्कृत-प्रतिशब्द से नहीं।

(क) जहाँ अर्थ-भेद में लिङ्ग आदि का भी भेद है वहाँ उस अर्थ के पूर्व में ही भिन्न लिङ्ग आदि का सूचक शब्द दे दिया गया है। जहाँ ऐसा भिन्न शब्द नहीं दिया है वहाँ उसके पूर्व के अर्थ या अर्थों के समान ही लिङ्ग आदि समझना चाहिए।

(ख) प्राकृत में लिङ्ग-विधि खूब ही अनियमित है। प्राकृत के वैयाकरणों ने भी कुछ अति संक्षिप्त परन्तु † व्यापक सूत्रों के द्वारा इस बात का स्पष्ट उल्लेख किया है। प्राचीन ग्रन्थों में एक ही शब्द का जिस जिस लिङ्ग में प्रयोग जहाँ तक हमें दृष्टिगोचर हुआ है, उस उस लिङ्ग का निर्देश इस कोष में उस शब्द के पास कर दिया गया है। जहाँ लिङ्ग में विशेष विलक्षणता पाई गई है वहाँ उस ग्रन्थ का अवतरण भी दे दिया गया है।

(ग) जहाँ स्त्री-लिङ्ग का विशेष रूप पाया गया है वहाँ वह अर्थ के बाद 'स्त्री—' निर्देश कर के रेफरेंस के साथ दिया गया है।

(घ) प्राकृत में अनेक ग्रन्थों में अव्यय के बाद विभक्ति का भी प्रयोग पाया जाता है। इससे ऐसे स्थानों में अव्यय-सूचक 'अ' के बाद प्रायः लिङ्ग-बोधक शब्द भी दिया गया है; जैसे '**बला**' के बाद 'अ. स्त्री' = (अव्यय तथा स्त्रीलिङ्ग)।

१३। देश्य शब्दों के संस्कृत-प्रतिशब्द के स्थान में केवल देश्य का संक्षिप्त रूप '**दे**' ही काले टाइपों में कोष्ठ में दिया गया है।

(क) जो धातु वास्तव में देश्य होने पर भी प्राकृत के प्रसिद्ध प्रसिद्ध व्याकरणों में संस्कृत धातु के आदेश कह कर तद्भव बतलाये गये हैं उनके संस्कृत-प्रतिशब्द के स्थान में '**दे**' न दे कर प्राचीन वैयाकरणों की मान्यता बतलाने के उद्देश से वे वे आदेशि संस्कृत रूप ही दिये गये हैं। इससे संस्कृत से बिलकुल विसदृश रूप वाले इन देश्य धातुओं को वास्तविक तद्भव समझने की भूल कोई न करे।

(ख) जो धातु तद्भव होने पर भी प्राकृत-व्याकरणों में उसको अन्य धातु का आदेश बतलाया गया है उस धातु के व्याकरण-प्रदर्शित आदेशि संस्कृत रूप के बाद वास्तविक संस्कृत रूप भी दिखलाया गया है, यथा **पेच्छ** के [दृश्, प्र+ईक्ष्] आदि।

(ग) प्राचीन ग्रन्थों में जो शब्द देश्य रूप से माना गया है परन्तु वास्तव में जो देश्य न होकर तद्भव ही प्रतीत होता है, ऐसे शब्दों का संस्कृत-प्रतिशब्द दिया गया है और प्राचीन मान्यता बतलाने के लिए संस्कृत प्रतिशब्द के पूर्व में '**दे**' भी दिया गया है।

---

* देशीनाममाला ६, ९२ की टीका। † हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण, सूत्र १, ३३ से ३५।

(घ) जो शब्द वास्तव में देश्य ही है, परन्तु प्राचीन व्याख्याकारों ने उसको तद्भव बतलाते हुए उसके जो परिमार्जित—छिल छाल कर बनाये हुए संस्कृत—रूप अपने ग्रन्थों में दिये हैं, परन्तु जो संस्कृत-कोषों में नहीं पाये जाते हैं, ऐसे संस्कृत-प्रतिरूपों को यहाँ स्थान न देते हुए केवल 'दे' ही दिया गया है।

(ङ) जो शब्द देश्य रूप से संदिग्ध है उसके प्रतिशब्द के पूर्व में 'दे' भी दिया गया है।

१४। प्राचीन व्याख्याकारों ने दिये हुए संस्कृत-प्रतिशब्द से भी जो अधिक समानता वाला संस्कृत प्रतिशब्द है वही यहाँ पर दिया गया है, जैसे 'ण्हाणिय' के प्राचीन प्रतिशब्द **'स्नापित'** के बदले **'स्नानित'**।

१५। अनेक अर्थ वाले शब्दों के प्रत्येक अर्थ १, २, ३ आदि अंकों के बाद क्रमशः दिये गये हैं और प्रत्येक अर्थ के एक या अनेक रेफरेंस उस अर्थ के बाद सादे ब्राकेट में दिये हैं।

(क) धातु के भिन्न भिन्न रूप वाले रेफरेंसों में जो जो अर्थ पाये गये हैं वे सब १, २, ३ के अंकों से दे कर क्रमशः धातु के आख्यात तथा कृदन्त के रूप दिये गये हैं और उस उस रूप वाले रेफरेंस का उल्लेख उसी रूप के बाद ब्राकेट में कर दिया गया है।

(ख) जिस शब्द का अर्थ वास्तव में सामान्य या व्यापक है, किन्तु प्राचीन ग्रन्थों में उसका प्रयोग प्रकरण-वश विशेष या संकीर्ण अर्थ में हुआ है, ऐसे शब्द का सामान्य या व्यापक अर्थ ही इस कोष में दिया गया है; यथा—'हत्थिचग' का प्रकरण-वश होता 'हाथ के योग्य आभूषण' यह विशेष अर्थ यहाँ पर न दे कर 'हाथ-संबन्धी' यह सामान्य अर्थ ही दिया गया है। 'णक्खत्त (नाक्षत्र)' आदि तद्धितान्त शब्दों के लिए भी यही नियम रखा गया है।

१६। शब्द-रूप, लिङ्ग, अर्थ की विशेषता या सुभाषित को दृष्टि से जहाँ अवतरण देने की आवश्यकता प्रतीत हुई है वहाँ पर वह, पर्याप्त अंश में, अर्थ के बाद और रेफरेंस के पूर्व में दिया गया है।

(क) अवतरण के बाद कोष्ठ में जहाँ अनेक रेफरेंसों का उल्लेख है वहाँ पर केवल सर्व-प्रथम रेफरेंस का ही अवतरण से संबन्ध है, शेष का नहीं।

१७। एक ही ग्रन्थ के जिन अनेक संस्करणों का उपयोग इस कोष में किया गया है, रेफरेंस में साधारणतः संस्करण-विशेष का उल्लेख न करके केवल ग्रन्थ का ही उल्लेख किया गया है। इससे ऐसे रेफरेंस वाले शब्द को सब संस्करणों का या संस्करण-विशेष का समझना चाहिए।

(क) जहाँ पर संस्करण-विशेष के उल्लेख की खास आवश्यकता प्रतीत हुई है वहाँ पर रेफरेंस की संकेत-सूची में दिये हुए संस्करण के १, २ आदि अंक रेफरेंस के पूर्व में दिये गये हैं; जैसे **पेसल** और **पेसलेस** शब्दों के रेफरेंस 'आचा' के पूर्व में '२' का अंक आगमोदय-समिति के संस्करण का और '३' का अंक प्रो. रवजीभाई के संस्करण का बोधक है।

१८। जहाँ कहीं प्राकृत के किसी शब्द के रूप की, अर्थ की अथवा संयुक्त शब्द आदि की समानता या विशेषता के लिए प्राकृत के ही ऐसे शब्दान्तर की तुलना बतलाना उपयुक्त जान पड़ा है वहाँ पर रेफरेंस के बाद 'देखो—' से उस शब्द को देखने की सूचना की गई है।

१९। जहाँ कहीं 'देखो' के बाद काले टाइपों में दिये हुए प्राकृत शब्द के अनन्तर सादे टाइपों में लिंगादि-बोधक या संस्कृत-प्रतिशब्द दिया गया है वहाँ उसी लिंग आदि वाले या संस्कृत प्रतिशब्द वाले हो प्राकृत शब्द से मतलब है, न कि उसके समान इतर प्राकृत शब्द से। जैसे अ शब्द के 'देखो **च** अ' के **च** से पुंलिंग **च** को छोड़ कर दूसरा ही अव्यय-भूत **च** शब्द, और **ओसार** के 'देखो **ऊसार** =उत्सार' के 'ऊसार' से तीसरा ही **ऊसार** शब्द देखना चाहिए; पहले, दूसरे और चौथे **ऊसार** शब्द को नहीं।

उक्त नियमों से अतिरिक्त जिन नियमों का अनुसरण इस कोष में किया गया है वे आधुनिक नूतन पद्धति के संस्कृत आदि कोषों के देखने वालों से परिचित और सुगम होने के कारण खुलासे की जरूरत नहीं रखते।

पाइअ-सद्द-महण्णवो ।

(प्राकृत-शब्द-महार्णवः)

णासिअ-दोस-समूहं, भासिअणेगंतवाय-ललिअत्थं ।
पासिअ-लोआलोअं, वंदामि जिणं महावीरं ॥ १ ॥

निक्कित्तिम-साउ-पयं, अइसइअं सयल-वाणि-परिणमिरं ।
चायं अवाय-रहिअं, पणमामि जिणिंद-देवाणं ॥ २ ॥

पाइअ-भासामइअं, अवलोइअ सत्थ-सत्थमइविउलं ।
सद्द-महण्णव-णामं, रएमि कोसं स-वण्ण-कमं ॥ ३ ॥

अ

अ पुं [अ] १ प्राकृत वर्ण-माला का प्रथम अक्षर (हे १, १; प्रामा)। २ विष्णु, कृष्ण; (से १, १)।

अ देखो **च** अ; (श्रा १४, जी २; पउम ११३, १४; कुमा)।

अ° अ [अ°] निम्न-लिखित अर्थों में से, प्रकरण के अनुसार, किसी एक को बतलानेवाला अव्यय;—१ निषेध, प्रतिषेध; जैसे—'अदंसण' (सुर ७,२४८) "सव्वनिसेहे मओऽकारो" (विसे १२३२)। २ विरोध, उल्टापन; जैसे—'अधम्म' (णाया १,१८)। ३ अयोग्यता, अनुचितपन; जैसे—'अयाल' (पउम २२, ८५)। ४ अल्पता, थोड़ापन, जैसे—'अधण' (गउड); 'अचेल' (सम ४०)। ५ अभाव, अविद्यमानता; जैसे—'अगुण' (गउड)। ६ भेद, भिन्नता; यथा—'अमणुस्स' (णंदि)। ७ सादृश्य, तुल्यता; जैसे—'अचक्खुदंसण' (सम १५)। ८ अप्रशस्तता, बुरापन; जैसे—'अभाइ' (चारु २६)। ९ लघुपन, छोटाई; जैसे—'अतड' (बृह १)।

°अ पुं [क] १ सूर्य, सूरज, (से ७,४३)। २ अग्नि, आग; ३ मयूर, मोर; (से ६,४३)। ४ न. पानी, जल; (से १, १)। ५ शिखर, टोंच; (से ६,४३)। ६ मस्तक, सिर; (से ६,१८)।

°अ वि [°ज] उत्पन्न, जात; (गा ६७१)।

अअंख वि [दे] स्नेह-रहित, सूखा (दे १,१३)।

अअर देखो **अवर**; (पि १६५)।

अअर देखो **आयर**; (पि १६५)।

अइ अ [अयि] १-२ संभावना और आमंत्रण अर्थ का सूचक अव्यय; (हे २, २०५; स्वप्न ५८)।

अइ अ [अति] यह अव्यय नाम और धातु के पूर्व में लगता है और नीचे के अर्थों में से किसी एक को सूचित करता है;—१ अतिशय, अतिरेक; जैसे—'अइउण्ह' 'अइउत्ति' 'अइचिंतंत' (श्रा १४, रंभा, गा २१४)। २ उत्कर्ष, महत्त्व, जैसे—'अइवेग' (कप्प)। ३ पूजा, प्रशंसा; जैसे—'अइजाय' (ठा ४)। ४ अतिक्रमण, उल्लंघन, जैसे—'अइक्कंतो' (दस ५, ४, ४२)। ५ ऊपर, ऊंचा, जैसे—'अइमंच' 'अइपडागा' (औप, णाया १,१)। ६ निन्दा, जैसे—'अइपंडिय' (बृह १)।

अइ सक [आ+इ] आगमन करना, आ गिरना। "अइंति नाराया" (स ३८३)।

अइइ स्त्री [**अदिति**] पुनर्वसु नक्षत्र का अधिष्ठाता देव; (सुज्ज १०)।

अइइ सक [**अति+इ**] १ उल्लंघन करना। २ गमन करना। ३ प्रवेश करना। वकृ—**अइंत**; (से ६, २६, कप्प)। संकृ—**अइच्च**; (सूअ १,७,२८)।

अइंच सक [**अति+अञ्च्**] १ अभिषेक करना, स्थानापन्न करना। २ उल्लंघन करना। ३ अक. दूर जाना (से १३, ८; ८६)।

अइंचिअ वि [**अत्यञ्चित**] १ अभिषिक्त, स्थानापन्न किया हुआ; (से १३,८)। २ उल्लंघित, अतिक्रान्त (से १३, ८)। ३ दूर गया हुआ; (से १३,८६)।

अइंछ देखो **अइंच**; (से १३,८)।

अइंछिअ देखो **अइंचिअ** (से १३,८)।

अइंछण न [**अत्यञ्चन**] १ उल्लंघन; (से १३, ३८)। २ आकर्षण, खींचाव, (से ८, ६४)।

अइंत देखो अइइ=अति+इ।

अइंत वि [**अनायत्**] १ नहीं आता हुआ; २ जो जाना न जाता हो, "गाहाहि पणइणीहि य खिज्जइ चित्तं अइंतीहि" (वज्जा ४)।

अइंदिय वि [**अतीन्द्रिय**] इंद्रियों से जिसका ज्ञान न हो सके वह; (विसे; २८१८)।

अइकाय पुं [**अतिकाय**] १ महोरग--जातीय देवों का एक इन्द्र; (ठा २)। २ रावण का एक पुत्र; (से १६, ५६)। ३ वि. बडा शरीर वाला; (णाया १,६)।

अइक्कंत वि [**अतिक्रान्त**] १ अतीत, गुजरा हुआ "अइक्कंतजोव्वणा" (ठा ५)। २ तीर्ण, पार पहुंचा हुआ; (आव)। ३ जिसने त्याग किया हो वह "सव्व-सिणेहाइक्कंता" (औप)।

अइक्कम सक [**अति+क्रम्**] १ उल्लंघन करना। २ व्रत-नियम का आंशिक रूप से खण्डन करना। अइक्कमइ; (भग)। वकृ—**अइक्कमंत, अइक्कममाण**; (सुपा २३८; भग)। कृ—**अइक्कमणिज्ज**; (सूअ २,७)।

अइक्कम पुं [**अतिक्रम**] १ उल्लंघन; (गा ३४८)। २ व्रत या नियम का आंशिक खण्डन, (ठा ३,४)।

अइक्कमण न [**अतिक्रमण**] ऊपर देखो; (सुपा २३८)।

अइगच्छ } अक [**अति+गम्**] १ गुजरना, बीतना।
अइगम } २ सक. पहुंचना। ३ प्रवेश करना। ४ उल्लंघन करना। ५ जाना, गमन करना। वकृ—**अइगच्छमाण**; (णाया १, १)। संकृ-**अइगच्च**; (आचा) ; "अइगंतूण अलोगं" (विसे ६०४)।

अइगम पुं [**अतिगम**] प्रवेश; (विसे ३८६)।

अइगमण न [**अतिगमन**] १ प्रवेश-मार्ग ; (णाया १, २)। २ उत्तरायण, सूर्य का उत्तर दिशा में जाना ; (भग)।

अइगय वि (**दे**) १ आया हुआ; २ जिसने प्रवेश किया हो वह; (दे १,५७) "ससुरकुलम्मि अइगओ, दिट्ठा य सगउरवं तत्थ" (उप ५६७ टी)। ३ न. मार्गका पीछला भाग; (दे १,५७)।

अइगय वि [**अतिगत**] अतिक्रान्त, गुजरा हुआ "हिंडं-तस्स अइगयं वरिसमेगं" (महा; से १०, १८; विसे ७ टी)।

अइचिरं अ [**अतिचिरम्**] बहुत काल तक; (गा ३४६)।

अइच्च देखो अइइ=अति+इ।

अइच्छ सक [**गम्**] जाना, गमन करना। अइच्छइ ; (हे ४,१६२)।

अइच्छ सक [**अति+क्रम्**] उल्लंघन करना। अइच्छइ; (आघ ५१८)। वकृ—**अइच्छंत**; (उत्त १८)।

अइच्छा स्त्री [**अदित्सा**] १ देने की अनिच्छा; २ प्रत्याख्यान विशेष; (विसे ३५०४)।

अइच्छिय वि [**गत**] गया हुआ, गुजरा हुआ, (पउम ३, १२२; उप पृ १३३)।

अइच्छिय वि [**अतिक्रान्त**] अतिक्रान्त, उल्लंघित; (पाअ; विसे ३५८२)।

अइजाय पुं [**अतिजात**] पिता से अधिक संपत्ति को प्राप्त करनेवाला पुत्र; (ठा ४)।

अइट्ठ वि [**अदृष्ट**] १ जो देखा गया न हो वह। २ न. कर्म, दैव, भाग्य; (भवि)। °**उव्व**, °**पुव्व** वि [°**पूर्व**] जो पहले कभी न देखा गया हो वह; (गा ४१४;७४८)।

अइट्ठ वि [**अनिष्ट**] १ अप्रिय; २ खराब, दुष्ट "जो पुणु खलु खुद्दु अइट्ठसंगु, तो किमब्भत्थउ देइ अंगु" (भवि)।

अइट्ठा सक [**अति+स्था**] उल्लंघन करना। संकृ-**अइट्ठिय**; (उत्त ७)।

अइट्ठिय वि [**अतिष्ठित**] अतिक्रान्त, उल्लंघित; (उत्त ७)।

अइण न [**दे**] गिरि-तट, तराई, पहाड का निम्न भाग; (दे १, १०)।

अइण न [**अजिन**] चर्म, चमडा, (पाअ)।

अइणिय वि [**दे. अतिनीत**] आनीत, लाया हुआ; (दे १,२४)।
अइणिय } वि [**अतिनीत**] १ फेंका हुआ; (से ६, ५६)।
अइणीय } २ जो दूर ले जाया गया हो; (प्राप)।
अइणीय वि [**दे. अतिनीत**] आनीत, लाया हुआ; (महा)।
अइणु वि [**अतिनु**] जिसने नौका का उल्लंघन किया हो वह, जहाज से उतरा हुआ; (षड्)।
अइतह वि [**अवितथ**] सत्य, सच्चा; (उप १०३१ टी)।
अइदंपज्ज न [**ऐदंपर्य**] तात्पर्य, रहस्य, भावार्थ; (उप ८६४; ८७६)।
अइदुसमा } स्त्री [**अतिदुष्षमा**] देखो **दुस्समदुस्समा**;
अइदुस्समा }
अइदूसमा } (पउम २०, ८३; ६०; उप पृ १४७)।
अइदंपज्ज देखो **अइदंपज्ज**; (पंचा १४)।
अइधाडिय वि [**अतिधाटित**] फिराया हुआ, घुमाया हुआ, (पण्ह १,३)।
अइनिट्ठुहावण वि [**अतिविष्टम्भन**] स्तब्ध करने वाला, रोकने वाला, (कुमा)।
अइन्न न [**अजीर्ण**] १ बदहजमी, अपच। २ वि. जो हजम हुआ न हो वह। ३ जो पुराणा न हुआ हो,-नूतन; (उव)।
अइन्न वि [**अदत्त**] नहीं दिया हुआ। °**याण** न [°**दान**] चोरी; (आचा)।
अइपंडुकंबलसिला स्त्री [**अतिपाण्डुकम्बलशिला**] मेरु पर्वत पर स्थित दक्षिण दिशा की एक शिला; (ठा ४)।
अइपडाग पुं [**अतिपताक**] १ मत्स्य की एक जाति; (विपा १, ८)। २ स्त्री. पताका के ऊपर की पताका; (णाया १, १)।
अइपरिणाम वि [**अतिपरिणाम**] आवश्यकता न रहने पर भी अपवाद-मार्ग का ही आश्रय लेनेवाला, शास्त्रोक्त अपवादों की मर्यादा का उल्लंघन करनेवाला;
"जो दव्वखेत्तकालभावकयं जं जहिं जया काले।
तल्लेसुस्सुत्तमई, अइपरिणामं वियाणाहि" (बृह १)।
अइपास पुं [**अतिपार्श्व**] भगवान् अरनाथ के समकालिक ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर-देव; (तित्थ)।
अइप्पगे अ [**अतिप्रगे**] पूर्व-प्रभात, बडी सवेर; (सुर ७, ७८)।
अइप्पसंग पुं [**अतिप्रसङ्ग**] १ अति-परिचय; (पञ्चा १०)। २ तर्क-शास्त्र में प्रसिद्ध अतिव्याप्ति-नामक दोष; (स १६६; उवर ४८)
अइप्पहाय न [**अतिप्रभात**] बड़ी सवेर; (गा ६८)।
अइबल वि [**अतिबल**] १ बलिष्ठ, शक्ति-शाली; (औप)। २ न. अतिशय बल, विशेष सामर्थ्य; ३ बड़ा सैन्य; (हे ४, ३५४)। ४ पुं. एक राजा, जो भगवान् ऋषभ-देव के पूर्वीय चतुर्थ भव में पिता या पितामह था; (आचू)। ५ भरत चक्रवर्ती का एक पौत्र, (ठा ८)। ६ भरत क्षेत्र में आगामो चौवीसी में होनेवाला पाँचवाँ वासुदेव; (सम ५)। ७ रावण का एक योद्धा; (पउम ५६, २७)।
अइभद्दा स्त्री [**अतिभद्रा**] भगवान् महावीर के प्रभास-नामक ग्यारहवें गणधर की माता; (आचू)।
अइभूइ पुं [**अतिभूति**] एक जैन मुनि, जो पंचम वासुदेव के पूर्व-जन्म में गुरु थे; (पउम २०, १७६)।
अइभूमि स्त्री [**अतिभूमि**] १ परम प्रकर्ष; २ बहुत जमीन; (स ३, ४२)। ३ गृहस्थों के घर का वह भाग, जहां साधुओं का प्रवेश करने की अनुज्ञा न हो "अइभूमिं न गच्छेज्जा, गोयरग्गगओ मुणी" (दस ५, १, २४)।
अइमट्टिया स्त्री [**अतिमृत्तिका**] कीचवाली मट्टी; (जीव ३)।
अइमत्त } वि [**अतिमात्र**] बहुत, परिमाणसे अधिक;
अइमाय } (उव ठा ६)।
अइमुंक } पुं [**अतिमुक्त, °क**] १ स्वनाम-ख्यात एक
अइमुंत } अन्तकृद् (उसी जन्म में मुक्ति पानेवाला)
अइमुंतय } जैन मुनि, जो पोलासपुर के राजा विजय का
अइमुत्त } पुत्र था और जिसने बहुत छोटी ही उम्र में
अइमुत्तय } भगवान महावीर के पास दीक्षा ली थी; (अन्त)। २ कंस का एक छोटा भाई; (आव)। ३ वृक्ष-विशेष; (पउम ४२, ८)। ४ माधवी लता; (पाअ; स ३५)। ५ न. अन्तगडदसा-नामक अंग-ग्रन्थ का एक अध्य-यन; (अन्त)। (हे १, २६; १७८; पि २४६)।
अइय वि [**अतिग**] अतिक्रान्त "अन्नो अइअम्मि तुमे, गावरं जइ सा न जूरिहिइ" (हे २,२०४)। २ करने वाला; "ठाणाइय" (औप)।
°**अइय** वि [**दयित**] १ प्रिय, प्रीतिपात्र; २ दया-पात्र, दया करने योग्य; (से ६, ३१)।

अइयच्च देखो **अइगच्छ** ।
अइयण न [**अत्यदन**] बहुत खाना, अधिक भोजन करना ; (वव २) ।
अइयय वि [**अतिगत**] गया हुआ ; (स ३०३) ।
अइयर सक [**अति+चर्**] १ उल्लंघन करना ; २ व्रत को दूषित करना । वकृ--- **अइयरंत**; (सुपा ३५४) ।
अइया सक [**अति+या**] जाना, गुजरना ; (उत्त २०) ।
अइया स्त्री [**अजिका**] बकरी, छागी ; (उप २३७) ।
°**अइया** स्त्री [**दयिता**] स्त्री, पत्नी ; (से ६, ३१) ।
अइयाण न [**अतियान**] १ गमन, गुजरना ; २ राजा वगैरः का नगर आदि में धूमधाम से प्रवेश करना ; (ठा ४) ।
अइयाय वि [**अतियात**] गया हुआ, गुजरा हुआ (उत्त २०) ।
अइयार पुं [**अतिचार**] उल्लंघन, अतिक्रमण ; (भवि) । २ गृहीत व्रत या नियम में दूषण लगाना ; (श्रा ६) ।
अइर अ [**अचिर**] जल्दी, शीघ्र ; (स्वप्न ३७) ।
अइर न [**अजिर**] आंगन, चौक ; (पाअ) ।
अइर पुं [**दे**] आयुक्त, गांवका राज-नियुक्त मुखिया ; (दे १, १६) ।
अइर न [**दे. अतर**] देखो **अयर**=अतर ; (सुपा ३०) ।
अइरजुवइ स्त्री (दे) नई वहू, दुलहिन; (दे १, ४८) ।
अइरत्त पुं [**अतिरात्र**] अधिक तिथि, ज्योतिष की गिनती से जो दिन अधिक होता है वह; (ठा ६) ।
अइरत्त वि [**अतिरक्त**] १ गाढा लाल; २ विशेष रागी । °**कंबलसिला,** °**कंबला** स्त्री [°**कम्बलशिला, कम्बला**] मेरु पर्वत के पांडुक वन में स्थित एक शिला, जिस पर जिनदेवों का जन्माभिषेक किया जाता है ; (ठा २, ३) ।
अइरा अ [**अचिरात्**] शीघ्र, जल्दी (से ३, १५) ।
अइरा } **अइराणी** } स्त्री [**अचिरा**] पांचवें चक्रवर्ती और सोलहवें तीर्थंकर-देव की माता ; (सम १५२; पउम २०, ४२) ।
अइराणी स्त्री [**दे**] १ इन्द्राणी; २ सौभाग्य के लिए इन्द्राणी-व्रत करनेवाली स्त्री; (दे १, ५८) ।
अइरावण पुं [**ऐरावण**] इन्द्र का हाथी; (पाअ) ।
अइरावय पुं [**ऐरावत**] इन्द्र का हाथी; (भवि) ।
अइराहा स्त्री [**अचिराभा**] बिजली, चपला; (दे१,३४टी) ।
अइरि न [**अतिरि**] धन या सुवर्ण का अतिक्रमण करने वाला, धनाढ्य; (षड्) ।
अइरिंप पुं [**दे**] कथाबन्ध, बातचीत, कहानी; (दे १, २६) ।
अइरित्त वि [**अतिरिक्त**] १ बचा हुआ, अवशिष्ट; (पउम ११८, ११६) । २ अधिक, ज्यादः ; (ठा २, १) "पवड्ढमाणाइरित्तगुणनिलओ" (सार्ध ६३) । °**सिज्जासणिय** वि [**शय्यासनिक**] लम्बी चौडी शय्या और आसन रखनेवाला (साधु) ; (आचू) ।
अइरूव वि [**अतिरूप**] १ सुरूप, सुडौल ; (पउम २०, ११३) । २ पुं. भूत-जातीय देव-विशेष ; (पण्ण १) ।
अइरेग पुं [**अतिरेक**] १ आधिक्य, अधिकता ; "साइरेगअट्ठवासजाययं" (णाया १, ५) । २ अतिशय; (जीव ३) ।
अइरेण } **अइरेणं** } अ [**अचिरेण**] जल्दी, शीघ्र ; (गा १३५ ; पउम ६२, ४ ; उवर ४३) ।
अइरेय देखो **अइरेग** ; (णाया १, १) ।
अइव अ [**अतीव**] अतिशय, अत्यन्त;
"रित्तं अइव महंतं, चिट्ठइ मज्झम्मि तस्स भवणस्स ।
ता तं सव्वं सुपुरिस ! अप्पायत्तं करेज्जासु ।। " (महा) ।
अइवट्टण न [**अतिवर्त्तन**] उल्लंघन, अतिक्रमण; (आचा) ।
अइवत्त सक [**अति+वृत्**] अतिक्रमण करना । अइवत्तइ ; (आचा) ।
अइवत्तिय वि [**अतिव्रतिक**] १ जिसका उल्लंघन किया गया हो वह ; २ प्रधान, मुख्य ; ३ उल्लंघन करने वाला; (आचा) ।
अइवय सक [**अति+व्रज्**] १ उल्लंघन करना । २ संमुख जाना । ३ प्रवेश करना । अइवयंति ; (पण्ह १, ५) । वकृ—"नियगवयणं **अइवयंतं** गयं सुमिणे पासित्ताणं पडिबुद्धा " (णाया १, १ ; कप्प) ।
अइवय सक [**अति+पत्**] १ उल्लंघन करना । २ संबन्ध करना । ३ प्रवेश करना । ४ अक. मरना । ५ गिरजाना । "अवरे रण-सीस-लद्ध-लक्खा संगामम्मि अइवयंति; (पण्ह १,३) "लोभघत्था संसारं अइवयंति (पण्ह १,५) । वकृ—"जरं वा सरीरस्व-विणासिणिं सरीरं वा **अइवयमाणिं** निवारेसि" (णाया १, ५) ; **अइवयंत** ; (कप्प) । प्रयो—**अइवाएमाण** ; (आचा; ठा ७) ।
अइवाइ वि [**अतिपातिन्**] १ हिंसक ; (सूअ १, ५) । विनश्वर ; (विसे १५७८) ।
अइवाइत्तु वि [**अतिपातयितृ**] मारनेवाला (ठा ३, २) ।
अइवाइय वि [**अतिपातिक**] ऊपर देखो; (सूअ २,१) ।

अइवाएत्तु देखो **अइवाइत्तु** ; (ठा ७) ।
अइवाएमाण देखो **अइवय=अति+पत्** ।
अइवाय पुं [**अतिपात**] १ हिंसा आदि दोष ; (ओघ ४६) । २ विनाश; "पाणाइवाएणं" (णाया १,५) ।
अइवाय पुं [**अतिवात**] १ उल्लंघन; २ भयंकर पवन, तूफान; (उप ७६८ टी) ।
अइविरिय वि [**अतिवीर्य**] १ बलिष्ठ, महा-पराक्रमी; २ पुं. इक्ष्वाकु वंश का एक राजा; (पउम ५, ५) । ३ नन्दावर्त नगर का एक राजा ; (पउम ३७, ३) ।
अइविसाल वि [**अतिविशाल**] १ बहुत बड़ा, विस्तीर्ण । २ स्त्री. यमप्रभ-नामक पर्वत के दक्षिण तरफ की एक नगरी ; (दीव) ।
अइस [**अप**] वि [**ईदृश**] ऐसा, इस तरह का ; (हे ४, ४०३) ।
अइसइ वि [**अतिशयिन्**] अतिशयवाला, विशिष्ट, आश्चर्य-कारक ; (सुपा २५७) ।
अइसइअ वि [**अतिशयित**) ऊपर देखो ; (पाअ) ।
अइसंधाण (**अतिसंधान**] ठगाई, वंचना; "भियगाणइ-संधाणं सासयवुड्ढी य जयणा य" (पंचा ७) ।
अइसक्कणा स्त्री [**अतिष्वष्कणा**] उत्तेजना, प्रेरणा, बढ़ावा, (निसी)
अइसय सक [**अति+शी**] मात करना । वकृ—"परबलम् **अइसयंतो**" (पउम ६०, १५) ।
अइसय पुं [**अतिशय**] १ श्रेष्ठता, उत्तमता; (कुमा १,५) । २ महिमा, प्रभाव ; "वयणाइसओ" (महा) । ३ बहुत, अत्यन्त ; (सुर, १२, ८१) । ४ चमत्कार; (उर १,३) । °**भरिय** वि [°**भृत**] पूर्ण, पूरा भरा हुआ; (पाअ) ।
अइसरिय न [**ऐश्वर्य**] वैभव, संपत्ति, गौरव; (हे१,१५१) ।
अइसाइ वि [**अतिशायिन्**] १ श्रेष्ठ; (धम्म ६ टी) २ दूसरे को मात करनेवाला । स्त्री—°**णी**; (सुपा ११४) ।
अइसार पुं [**अतिसार**] संग्रहणी-रोग, जठर की व्याधि-विशेष; (लहुअ १५) ।
अइसेस पुं [**अतिशेष**] १ महिमा, प्रभाव, आध्यात्मिक सामर्थ्य; (सम ५६) । २ बचा हुआ, अवशिष्ट; (ठा ४,२) । ३ अतिशय वाला; (विसे ५५२) ।
अइसेसि वि [**अतिशेषिन्**] १ प्रभावशाली, महिमा-न्वित; २ समृद्ध ; (राज) ।
अइसेसिय वि [**अतिशेषित**] ऊपर देखो; (ओघ ३०) ।
अइहर पुं [**अतिभर**] हद, अवधि, मर्यादा; "सत्तीय. को अइहरो ?" (अच्चु २३) ।
अइहारा स्त्री [**दे**] बिजली, चपला; (दे १, ३४) ।
अइहि पुं (**अतिथि**) जिसकी आने की तिथि नियत न हो वह, पाहुन, यात्री, भिक्षुक, साधु; (आचा) । °**संवि-भाग** पुं [°**संविभाग**] साधु को भोजन आदिका निर्दोष दान ; (धर्म ३) ।
अई सक [**गम्**] जाना, गमन करना । अईइ; (हे ४,१६२; कुमा;) अइंति; (गउड) ।
अईअ [**अतीत**] १ भूतकाल (पच्च ६०) । २ जो वीत चुका हो, गुजरा हुआ; "जे अ अईआ सिद्धा" (पडि.) । ३ अतिक्रान्त; (सूअ १, १०; सार्ध ४; विसे ८०८) । ४ जो दूर गया हो ; (उत्त १५) ।
अईअ } **अईव** } अ [**अतीव**] बहुत, विशेष, अत्यन्त ; (भग २, १ ; पण्ह १, २) ।
अईसंत वि [**अ+दृश्यमान**] जो दिखता न हो; (से १, ३५) ।
अईसय देखो **अइसय** ; (पउम ३, १०५; ७५, २६) ।
अईसार पुं [**अतीसार**] १ संग्रहणी-रोग । २ इस नामका एक राजा; (ठा ५, ३) ।
अउअ न [**अयुत**] १ दस हजार की संख्या । २ 'अउअंग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (ठा २, ४) ।
अउअंग न [**अयुताङ्ग**] 'अच्छणिउर' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (ठा २, ४) ।
अउंठ वि [**अकुण्ठ**] निपुण, कार्य-दक्ष; (गउड) ।
अउज्झ वि [**अयोध्य**] १ युद्ध में जिसका सामना न किया जा सके वह; (सम १३७) । २ जिस पर रिपु-सैन्य आक्रमण न कर सके ऐसा किला, नगर आदि ; (ठा ४) ।
अउज्झा स्त्री [**अयोध्या**] नगरी-विशेष, इक्ष्वाकुवंश के राजाओं की राजधानी, विनीता, कोसला, साकेतपुर आदि नामोंसे विख्यात नगरी, जो आजकल भी अयोध्या नाम से ही प्रसिद्ध है ; (ठा २) ।
अउण वि [**एकोन**] जिसमें एक कम हो वह । यह शब्द बीस से लेकर तीस, चालीस आदि दहाई संख्या के पूर्व में लगता है और जिसका अर्थ उस संख्या से एक कम होता है । °**ट्ठि** स्त्री [°**षष्टि**] उनसाठ, ५६; (कप्प) । °**त्तरि** स्त्री [**सप्तति**] उनसत्तर, ६६; (कप्प) °**तीस** त्रीन

[°त्रिंशत्] उनतीस, २९ ; (गाया १, १३)। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] उनसाठ, ५९; (कप्प)। °पन्न, °वन्न स्त्रीन [पञ्चाशत्] उनपचास, ४९; (जी ३५; पउम १०२, ७०)। देखो एगूण।

अउणोणिउत्ति स्त्री [अपुनर्निवृत्ति] अन्तिम निवृति, मोक्ष; (अच्चु १०)।

अउण्ण } **अउन्न** } न [अपुण्य] १ पाप; (सुर ६, २५)। २ वि. अपवित्र। ३ पुण्य-रहित, पापी; (पउम २८, ११२; सुर २, ५१)।

अउम देखो ओम; (सुभा १४)।

अउल वि [अतुल] असाधारण, अद्वितीय; (उप ७२८ टी; पगह १, ४)।

अउलीन वि [अकुलीन] कुल-हीन, कुजांति, संकर; (गा २५३)।

अउव्व वि [अपूर्व] अनोखा; अद्वितीय; (गा ११६)।

अउस पुं [दे] उपासक, पूजारी; (प्रयौ ८२)।

अए अ [अये] आमन्त्रण-सूचक अव्यय; (कप्पू)।

अओ अ [अतस्] १ यहां से लेकर; (सुपा ४७८)। २ इसलिए, इस कारण से ; (उप ७३०)।

अओ° [अयस्°] लोह। °घण पुं [घन] लोहे का हथौड़ा "सीसंपि भिंदंति अओघणेहिं" (सूअ १, ५, २, १४)। °मय वि [°मय] लोहे की वनी हुई चीज; (सूअ २, २)। °मुह पुं [मुख] १-२ इस नाम का अन्तर्द्वीप और उसके निवासी; (ठा ५)। ३ वि. लोहे की माफिक मजवूत मुंह वाला "पक्खीहिं खज्जंति अओमुहेहिं" (सूअ १, ५, २, ४)। °मुही स्त्री [°मुखी] एक नगरी; (उप ७६४)।

अओज्झा देखो अउज्झा; (प्रति ११५)।

अंक पुं [अङ्क] १ उत्संग, कोला ; (स्वप्न २१९)। २ रत्न की एक जाति; (कप्प)। ३ नौ की एक संख्या "कासी विक्कमवच्छरम्मि य गए बाणंकमुन्नोडुवे" (सुर १६, २४९)। ४ संख्या-दर्शक चिन्ह, जैसे १, २, ३: (पगण २)। ५ नाटक का एक अंश "सुगणा मणुस्सभवणाडएसु निज्झाइआ अंका" (धण ४५)। ६ सफेद मणि की एक जाति ; (उत ३४)। ७ चिन्ह, निशान; (चंद २०)। ८ मनुष्य के वत्तीस प्रशस्त लक्षणों में से एक; (पगह १, ४)। ९ आसन-विशेष; (चंद ४)। °कण्ड पुंन. [काण्ड] रत्नप्रभा पृथ्वी के खर-कागड का एक हिस्सा, जो अंक रत्नों का है ; (ठा १०)। °करेल्लुग, °करेल्लुअ पुं [°करेल्लुक] पानी में होनेवाली एक जातकी वनस्पति ; (आचा)। °ट्ठिइ स्त्री [°स्थिति] अंक रेखाओं की विचित्र स्थापना, ६४ कलाओं में एक कला ; (कप्प)। °धर पुं [धर] चन्द्रमा ; (जीव ३)। °धाई स्त्री [°धात्री] पांच प्रकार की धाई-माताओ में से एक, जिसका काम बालक को उत्संग में ले उसका जी बहलाना है; (गाया १, १)। °लिवि स्त्री [°लिपि] अठारह लिपिओं में की एक लिपि, वर्णमाला-विशेष; (सम ३५)। °वणिय पुं [°वणिक्] अंक-रत्नों का व्यापारी; (राय)। °वाली °ली स्त्री [°पालि, °ली,] आलिंगन; (काप्र १९४)। °हर देखो °धर; (जीव ३)।

अंक [दे अङ्क] निकट, समीप, पास; (दे १, ५)।

अंकण न [अङ्कन] १ चिह्नित करना; (आव)। २ बैल आदि पशुओं को लोहे की गरम सलाई आदि से दागना; (पगह १, १)। ३ वि. अंकित करनेवाला, गिनती में लानेवाला "अंकणं जोइसस्स......सूरं" (कप्प)।

अंकणा स्त्री [अङ्कना] ऊपर देखो; (गाया १, १७)।

अंकार पुं [दे] सहायता, मदद; (दे १, ९)।

अंकावई स्त्री [अङ्कावती] १ महाविदेह क्षेत्र के रम्य-नामक विजय की राजधानी; (ठा २)। २ मेरु की पश्चिम दिशा में वहती हुई शीतोदा महानदी की दक्षिण दिशा में वर्तमान एक वक्षस्कार पर्वत; (ठा ५, २)।

अंकिअ न [दे] आलिंगन; (दे १, ११)।

अंकिअ वि [अङ्कित] चिह्नित, निशानवाला; (औप)।

अंकिल्ल पुं [दे] नट, नर्तक, नचवैया; (गाया १, १)।

अंकुडग पुं [अङ्कुटक] नागदन्तक, खूँटी, ताख; (जं १)।

अंकुर पुं [अङ्कुर] प्ररोह, फुनगी; (जी ६)।

अंकुरिय वि [अङ्कुरित] अंकुर-युक्त, जिसमें अंकुर उत्पन्न हुए हों वह; (उवा)।

अंकुस पुं [अङ्कुश] १ आंकडी, लोहे का एक हथियार जिससे हाथी चलाये जाते हैं "अंकुसेण जहा णागो धम्मे संपडिवाइओ" (उत्त २२)। २ ग्रह-विशेष (ठा २, ३)। ३ सीता का एक पुत्र, कुस; (पउम ९७, १९)। ४ नियन्त्रण करनेवाला, कावु में रखने वाला; (गउड)। ५ एक देव-विमान; (राज)। ६ पुंन. गुरु-वन्दन का एक दोष; (पव २)।

अंकुसइय न [दे. अंकुशित] अंकुश के आकार वाली चीज;

(दे १, ३८; से ६,६२) ।
अंकुसय पुं [**अङ्कुशक**] देखो **अंकुस** । २ संन्यासी का एक उपकरण, जिससे वह देव-पूजा के वास्ते वृक्ष के पल्लवों को काटता है; (औप) ।
अंकुसा स्त्री [**अङ्कुशा**] चौदहवें तीर्थंकर श्रीअनन्तनाथ भगवान् की शासन-देवी; (पव २८) ।
अंकुसिअ वि [**अङ्कुशित**] अंकुश की तरह मुडा हुआ; (से १४, २६) ।
अंकुसी स्त्री [**अङ्कुशी**] देखो **अंकुसा**; (संति १०) ।
अंकेल्लण न [**दे**] घोड़ा आदि को मारने का चाबुक, कौडा, औंगी; (जं ४) ।
अंकेल्लि पुं [**दे**] अशोक-वृक्ष; (दे १,७) ।
अंकोल्ल पुं [**अङ्कोठ**] वृक्ष-विशेष; (हे १, २००) ।
अंग पुं [**अङ्ग**] १ ब. इस नामका एक देश, जिसको आजकल विहार कहते हैं; (सुर २, ६७) । २ रामका एक सुभट; (पउम ५६, ३७) । ३ न. आचारांग सूत्र आदि बारह जैन आगम-ग्रन्थ; (विपा २; १) । ४ वेदांग, वेदके शिक्षादि छः अंग; (आचू) । ५ कारण, हेतु; (पव १) । ६ आत्मा, जीव; (भवि) । ७ पुंन, शरीर; (प्रासू ८४) । ८ शरीर के मस्तक आदि अवयव; (कम्म १, ३४) । ६ अ. मित्रता का आमंत्रण, संबोधन; (राय) । १० वाक्यालंकार में प्रयुक्त किया जाता अव्यय; (ठा ४) । °**इ** पुं [°**जित्**] इस नामका एक गृहस्थ, जिसने भगवान् पार्श्वनाथ के पास दीक्षा ली थी; (निर) । °**इसि** पुं [°**र्षि**] चंपा नगरी का एक ऋषि; (आवू) । °**चूलिया** स्त्री [°**चूलिका**] अंग-ग्रन्थों का परिशिष्ट; (पक्खि) । °**च्छहिय** वि [**छिन्नाङ्ग**] जिसका अंग काटा गया हो वह; (सुअ २, २, ६३) । °**जाय** वि [°**जात**] बच्चा, लड़का; (उप ६४८) । °**द** देखो °**य**=°**द**; (ठा ८) । °**पविट्ठ** न [°**प्रविष्ट**] १ बारह जैन अंग-ग्रन्थों में से कोई भी एक; (कम्म १, ६;) २ अंग-ग्रन्थों का ज्ञान (ठा २, १) । °**बाहिर** न [°**बाह्य**] १ अंग-ग्रन्थों के अतिरिक्त जैन आगम; (आवू) । २ अंग-ग्रन्थों से भिन्न जैन आगमोंका ज्ञान; (ठा २) । °**मंग** न [°**ङ्ग**] १ अंग-प्रत्यंग; (राय) । २ हर एक अवयव; (षड्) । °**मंदिर** न [°**मन्दिर**] चम्पा नगरी का एक देव-गृह; (भग १, १) । °**मद्द** °**मद्दय** पुं [°**मर्द**, °**मर्दक**] १ शरीर की चंपी करनेवाला नौकर; २ वि. शरीर को मलनेवाला, चंपी करनेवाला; (सुपा १०८; महा; भग ११, १) । °**य** पुं [°**द**] १ वाली-नामक विद्याधर-राज का पुत्र; (पउम १०, १०; ५६, ३७) । २ न. बाजूबंद, केडुंटा; (पराह १, ४) । °**य** वि [°**ज**] १ शरीर में उत्पन्न । २ पुं. पुत्र, लड़का; (उप १३४ टी) । °**या** स्त्री [°**जा**] कन्या, पुत्री; (पाअ) । °**रक्ख**, °**रक्खग** वि [°**रक्ष**, °**रक्षक**] शरीर की रक्षा करनेवाला; (सुपा ५२७; इक) । °**राग** °**राय** पुं [°**राग**] शरीर में चन्दनादि का विलेपन; (औप; गा १८६) । °**राय** पुं [°**राज**] १ अंग-देश का राजा; (उप ७६५) । २ अंग देश का राजा कर्ण; (णाया १, १६; वेणी १०४) । °**रिसि** देखो °**इसि** । °**रुह** वि [°**रुह**] देखो °**य**=°**ज**; (सुपा ५१२; पउम ५६, ३२) । °**रुहा** स्त्री [°**रुहा**] पुत्री, लडकी; (सुपा १५०) । °**विज्जा** स्त्री (°**विद्या**) १ शरीर के स्फुरण का शुभाशुभ फल बतलाने वाली विद्या ; (उत ८) । २ उस नाम का एक जैन ग्रन्थ; (उत ८) । °**वियार** पुं [°**विचार**] देखो पूर्वोक्त अर्थ; (उत १५) । °**संभूय** वि [**संभूत**] संतान, बच्चा; (उप ६४८) । °**हारय** पुं [°**हारक**] शरीर के अवयवों के विक्षेप, हाव-भाव ; (अजि ३१) । °**दाण** न [°**दान**] पुरुषेन्द्रिय, पुरुष-चिन्ह; (निसी) ।
अंग वि [**आङ्ग**] १ शरीर का विकार; (ठा ८) । २ शरीर-संबंधी, शारीरिक; (सुअ २, २) । ३ न. शरीर के स्फुरण आदि विकारों के शुभाशुभ फल को बतलानेवाला शास्त्र, निमित-शास्त्र; (सम ४६) ।
°**अंग** वि [**चङ्ग**] सुन्दर, मनोहर; (भवि) ।
अंगइया स्त्री [**अङ्गदिका**] एक नगरी, तीर्थ-विशेष; (उप ५५२) ।
अंगंगीभाव पुं [**अङ्गाङ्गीभाव**] अभेद-भाव, अभिन्नता; "अंगंगीभावेण परिणएणन्नतरिसजिणधम्मे" (सुपा २१८) ।
अंगण न [**अङ्गण**] आंगन, चौक; (सुर ३, ७१) ।
अंगणा स्त्री [**अङ्गना**] स्त्री, औरत; (सुर ३,१८) ।
अंगदिआ देखो **अङ्गइया**; (ती) ।
अंगवड्ढण न [**दे**] रोग, बिमारी; (दे १; ४७) ।
अंगवलिज्ज न [**दे**] शरीर को मोडना; (दे १, ४२) ।
अंगार पुं [**अङ्गार**] १ जलता हुआ कोयला; (हे १, ४७) । २ जैन साधुओं के लिए भिक्षा का एक दोष; (आचा) । °**मद्दग** पुं [°**मर्दक**] एक अभव्य जैन-आचार्य;

(उप २५४)। °वई स्त्री [°वती] सुंसुमार नगर के राजा धुन्धुमार की एक कन्या का नाम (धम्म ८ टी)।

अंगारग } पुं [अङ्गारक] १-२ ऊपर देखो; (गा२६१)।
अंगारय } ३ मंगल-ग्रह; (पण्ह १,५)। ४ पहला महाग्रह; (ठा २)। ५ राक्षस-वंश का एक राजा; (पउम ५, २६२)।

अंगारिय वि [अङ्गारित] कोयलेकी तरह जला हुआ, विवर्ण; (नाट; आचा)।

अंगाल देखो **अंगार**; "निदड्ढंगालनिभ" (पिंड ६७५)।

अंगालग देखो **अंगारग**; (राज)।

अंगालिय न [दे] ईख का टुकड़ा; (दे १, २८)।

अंगालिय देखो **अंगारिय**; (आचा)।

अंगि पुं [अङ्गिन्] १ प्राणी, जीव; (गण ८)। २ वि. शरीर-वाला। ३ अंग-ग्रन्थों का ज्ञाता; (कप्प)।

अंगिरस न [अङ्गिरस] एक गोत्र, जो गोतम-गोत्र की शाखा है; (ठा ७)।

अंगिरस वि [आङ्गिरस] १ अंगिरस-गोत्र में उत्पन्न; (ठा ७)। २ पुं. एक तापस; (पउम ४, ८६)।

अंगीकड } वि [अङ्गीकृत] स्वीकृत; (ठा ५; सुपा
अंगीकय } ५२६)।

अंगीकर } सक [अङ्गी+कृ] स्वीकार करना। अंगी-
अंगीकुण } करेइ; (महा; नाट)। अंगीकरेहि; (स ३०६) संकृ-**अंगीकरेऊण**; (विसे २६४२)।

अंगुअ पुं [इङ्गुद] १ वृक्ष-विशेष; २ न. इंगुद वृक्ष का फल; (हे १, ८९)।

अंगुट्ठ पुं [अङ्गुष्ठ] अंगूठा; (ठा १०) °**पसिण** पुं [°प्रश्न] १ एक विद्या; २ 'प्रश्न-व्याकरण' सूत्र का एक लुप्त अध्ययन; (ठा १०)।

अंगुट्ठी स्त्री [दे] सिरका अवगुण्ठन, घूंघट; (दे १, ६; स २८४)।

अंगुत्थल न [दे] अंगुठी, अंगुलीय; (दे १, ३१)।

अंगुब्भव वि [अङ्गोद्भव] संतान, बच्चा; (उप २६४)।

अंगुम सक [पूरय्] पूर्ति करना, पूरा करना। अंगुमइ; (हे ४, ६८)।

अंगुमिय वि [पूरित] पूर्ण किया हुआ; (कुमा)।

अंगुरि, °री स्त्री [अंङ्गुलि °ली] उंगली; (गा २७७)।

अंगुल न [अङ्गुल] यव के आठ मध्य-भाग के बराबर का एक नाप, मान-विशेष; (भग ३, ७)। °**पोहत्तिय** वि [°पृथक्त्विक] दो से लेकर नव अंगुल तक का परिणाम वाला; (जीव १)।

अंगुलि स्त्री [अङ्गुलि] उंगली; (कुमा)। °**कोस** पुं [°कोश] अंगुलि-त्राण, दास्ताना; (राय)। °**प्फोडण** न [°स्फोटन] उंगली फोड़ना, कड़ाका करना; (तंदु)।

अंगुलिअ } न [अङ्गुलीयक] अंगुठी; (दे ५, ६;
अंगुलिज्जक }
अंगुलिज्जग } कप्प; पि २५२)।

अंगुलिणी स्त्री [दे] प्रियंगु, वृक्ष-विशेष; (दे १, ३२)।

अंगुली स्त्री [अङ्गुली] देखो **अंगुलि**; (कप्प)।

अंगुलीय } पुंन [अङ्गुलीयक] अंगुठी; (सुर १०,
अंगुलीयग } ६४) "पायवडिएण सामिय! समप्पिओ
अंगुलीयय } अंगुलीयओ तीए" (पउम ५४, ६; सुर १
अंगुलेज्जक } १३२; पि २५२; पउम ४६, ३५)।
अंगुलेयय }

अंगुवंग } न [अङ्गोपाङ्ग] १ शरीर के अवयव;
अंगोवंग } (पराण २३)। २ नख वगैरः शरीर के छोटे छोटे अवयव; "नहकेसमंसुअंगुलीओट्ठा खलु अंगोवंगाणि" (उत्त ३)। °**णाम** न [°नामन्] शरीर के अवयवों के निर्माण में कारण-भूत कर्म-विशेष; (कम्म १, ३४; ४८)।

अंगोहलि स्त्री [दे] शिर को छोड़ कर बाकी शरीर का स्नान; (उप पृ २३)।

अंघो अ [अङ्ग] भय-सूचक अव्यय; (प्रति ३६; प्रयौ २०५)।

अंच सक [कृष्] १ खींचना। २ जोतना, चास करना। ३ रेखा करना। ४ ऊठाना। अंचइ; (हे ४, १८७)। संकृ-**अंचेइत्ता**; (आव)।

अंच सक [अञ्च्] पूजना, पूजा करना। अंचए; (भवि)।

अंचल पुं [अञ्चल] कपडे का शेष भाग; (कुमा)।

अंचि पुं [अञ्चि] गमन, गति; (भग १५)।

अंचि पुं [आञ्चि] आगमन, आना; (भग १५)।

अंचिय वि [अञ्चित] १ युक्त, सहित; (सुर ४, ६७)। २ पूजित; (सुपा २१८)। ३ प्रशस्त, श्लाघित; (प्रासू १८)। ४ न. एक प्रकार का नृत्य; (ठा ४, ४; जीव ३)। ५ एक बार का गमन; (भग १५)। °**यंचि** पुं [°ञ्चि] १ गमनागमन, आना जाना; (भग १५)। २ ऊंचा-नीचा होना; (ठा १०)।

अंचिया स्त्री [अञ्चिका] आकर्षण; (स १०२)।

अंछ सक [कृष्] १ खींचना "अंछंति वासुदेवं अगड-

तडम्मि ठियं संतं (विसे ७९४) । २ अक. लम्बा होना । वकृ-**अंछमाण**; (विसे ७९५) । प्रयो—**अंछावेइ**; (णाया १,१) ।

अंछण न [**कर्षण**] खींचाव; (पण्ह २, ५) ।

अंछिय वि [**दे**] आकृष्ट, खींचा हुआ ; (दे १, १४) ।

अंज सक [**अञ्ज्**] आंजना । कृ-**अंजियव्व**; (स ५४३) ।

अंजण पुं [**अञ्जन**] १ पर्वत-विशेष; (ठा ५) । २ एक लोकपाल देव; (ठा ४) । ३ पर्वत-विशेष का एक शिखर, जो दिग्हस्ती कहा जाता है; (ठा २,३; ८) । ४ वृक्ष-विशेष; (आव) । ५ न. एक जात का रत्न; (णाया १, १) ६ देवविमान-विशेष; (सम ३५) । ७ काजल, कज्जल; (प्रासू ३०) । ८ जिसका सुरमा बनता है ऐसा एक पार्थिव द्रव्य; (जी ४) । ९ आंखको आंजना; (सूत्र १, ९) । १० तैल आदि से शरीर की मालिस करना; (राज)। ११ लेप; (स ५८२) । १२ रत्नप्रभा पृथिवी के खर-काण्ड का दशवाँ अंश-विशेष; (ठा १०) । °**केसिया** स्त्री [°**केशिका**] वनस्पति-विशेष; (पण्ण १७; राय) । °**जोग** पुं [°**योग**] कला-विशेष; (कप्प) । °**दीव** पुं [°**द्वीप**] द्वीप-विशेष; (इक) । °**पुलय** पुं [°**पुलक**] १ एक जातिका रत्न; (ठा १०) । २ पर्वत-विशेष का एक शिखर; (ठा ८) । °**प्पहा** स्त्री [°**प्रभा**] चौथी नरक-पृथ्वी; (इक) । °**रिट्ठ** पुं [°**रिष्ट**] इन्द्र-विशेष; (भग ३,८) । °**सलागा** स्त्री [°**शलाका**] १ जैन-मूर्तिकी प्रतिष्ठा । २ अंजन लगाने की सलाई ; (सूत्र १, ५) । °**सिद्ध** वि (°**सिद्ध**) आंख में अंजन-विशेष लगाकर अदृश्य होने की शक्ति वाला; (निसी) । °**सुन्दरी** स्त्री [°**सुन्दरी**] एक सती स्त्री, हनूमान् की माता; (पउम १५, १२) ।

अंजणइसिआ स्त्री [**दे**] वृक्ष-विशेष, श्याम तमाल का पेड़ ; (दे १, ३७) ।

अंजणई स्त्री [**दे**] वल्ली-विशेष ; (पण्ण १) ।

अंजणईस न [**दे**] देखो **अंजणइसिआ**; (दे १, ३७) ।

अंजणग देखो **अंजण** ।

अंजणा स्त्री [**अंजना**] १ हनूमान् की माता ; (पउम १, ६०) । २ स्वनाम-ख्यात चौथी नरक-पृथिवी ; (ठा २, ४) । ३ एक पुष्करिणी; (जं ४) । °**तणय** पुं [°**तनय**] हनूमान्; (पउम ४७, २८) । °**सुंदरी** स्त्री [°**सुन्दरी**] हनूमान् की माता ; (पउम १८, ५८) ।

अंजणाभा स्त्री [**अञ्जनाभा**] चौथी नरक-पृथिवी ; (इक) ।

अंजणिआ स्त्री (**दे**) देखो **अंजणइसिआ**; (दे १, ३७) ।

अंजणिआ स्त्री [**अञ्जनिका**] कज्जल का आधार-पात्र ; (सूत्र १, ४) ।

अंजलि, °**ली** पुंस्त्री [**अञ्जलि**] १ हाथ का संपुट ; (हे १, ३५) । २ एक या दोनों संकुचित हाथों को ललाट पर रखना "एगेण वा दोहि वा मउलिएहिं हत्येहिं णिडालसंसितेहिं अंजली भण्णति" (निसी) । ३ कर-संपुट, नमस्कार रूप विनय, प्रणाम ; (प्रासू ११० ; स्वप्न ६३) । °**उड** पुं [°**पुट**] हाथ का संपुट ; (महा) । °**करण** न [°**करण**] विनय-विशेष, नमन ; (दे) । °**पग्गह** पुं [°**प्रग्रह**] १ नमन, हाथ जोड़ना ; (भग १४, ३) । २ संभोग-विशेष ; (राज) ।

अंजस वि (**दे**) ऋजु, सरल ; (दे १, १४) ।

अंजिय वि [**अञ्जित**] आंजा हुआ, अंजन-युक्त किया हुआ ; (से ६, ४८) ।

अंजु वि [**ऋजु**] १ सरल, अकुटिल "अंजुधम्मं जहा तच्चं, जिणाणं तह सुणेह मे" (सूत्र १, ९ ; १, १, ४, ८) । २ संयम में तत्पर, संयमी "पुट्ठोवि नाइवत्तइ अंजू" (आचा) । ३ स्पष्ट, व्यक्त ; (सूत्र २, १) ।

अंजुआ स्त्री [**अञ्जुका**] भगवान् अनन्तनाथ की प्रथम शिष्या; (सम १५२) ।

अंजू स्त्री [**अञ्जू**) १ एक सार्थवाह की कन्या ; (विपा १, १०) । २ 'विपाकश्रुत' का एक अध्ययन ; (विपा १, १) । ३ एक इन्द्राणी ; (ठा ८) । ४ 'ज्ञाता-धर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन ; (णाया १, २) ।

अंठि पुंन [**अस्थि**] हड्डी, हाड ; (षड्) । "अहिअमहुरस्स अंवस्स अजोग्गदाए अणठी न भक्खीअदि" (चारु ६) ।

अंड / **अंडअ** / **अंडग** } न [**अण्ड**, °**क**] १ अंडा ; (कप्प; औप) । २ अंड-कोश ; (महानि ४) । ३ 'ज्ञाता धर्मकथा' सूत्र का तृतीय अध्ययन ; (णाया १, १) । °**कड** वि [°**कृत**] जो अण्डे से बनाया गया हो "वंभणा माहणा एगे, आह अण्डकडे जगे" (सूत्र १, ३) । °**वंध** पुं [**वन्ध**] मन्दिर के शिखर पर रखा जाता अण्डाकार गोला (गउड) । °**वाणियय** पुं [°**वाणिजक**] अण्डों का व्यापारी ; (विपा १, ३) ।

अंडग } वि [**अण्डज**] १ अण्डे से पैदा होनेवाले जंतु; जैसे पक्षी, सांप, मछली वगैरः; (ठा ३, १; ८) । २ रेशम का धागा ; ३ रेशमी वस्त्र; (उत २६) । ४ शण का वस्त्र; (सूत्र २, २) ।
अंडय

अंडय पुं [**दे, अण्डज**] मछली, मत्स्य; (दे १, १६) ।

अंडाउय वि [**अण्डज**] अण्डे से पैदा होनेवाला ; (पउम १०२, ६७) ।

अंत पुं [**अन्त**] १ स्वरूप, स्वभाव; (से ६, १८) । २ प्रान्त भाग ; (से ६, १८) । ३ सीमा, हद; (जी ३३) । ४ निकट, नजदीक ; (विपा १, १) । ५ भंग, विनाश; (विसे ३४५४, जी ४८) । ६ निर्णय, निश्चय , (ठा ३) । ७ प्रदेश, स्थान " एगंतमंतमवक्कमइ " (भग ३, २) । ८ राग और द्वेष; " दोहिं अंतेहिं अदिस्समाणो " (आचा) । ६ रोग, बिमारी; (विसे ३४५४) । १० वि. इन्द्रियों को प्रतिकूल लगनेवाली चीज, असुन्दर, नीरस वस्तु; (पण्ह २, ४) । ११ मनोहर, सुन्दर; (से ६, १८) । १२ नीच, क्षुद्र, तुच्छ; (कप्प) । °**कर** वि [°**कर**] उसी जन्म में मुक्ति पानेवाला ; (सूत्र १, १५) । °**करण** वि [°**करण**] नाशक; (पण्ह १, ६) । °**काल** पुं (°**काल**) १ मृत्यु-काल ; २ प्रलय-काल (से ५, ३२) । °**किरिया** स्त्री [°**क्रिया**] मुक्ति, संसार का अन्त करना ; (ठा ४, १) । °**कुल** न [**कुल**] क्षुद्र कुल ; (कप्प) °**गड** वि [°**कृत्**] उसी जन्म में मुक्ति पानेवाला ; (उप ४६१) । °**गडदसा** स्त्री [°**कृद्दशा**] जैन अंग-ग्रन्थों में आठवाँ अंग-ग्रन्थ; (अणु १) । °**चर** वि (°**चर**) भिक्षा में नीरस पदार्थों की ही खोज करनेवाला ; (पण्ह २, १) ।

अंत वि [**अन्त्य**] अन्तिम, अन्त का ; (पण्ण १५) । °**क्खरिया** स्त्री [°**क्षरिका**] १ ब्राह्मी लिपि का एक भेद; (पण्ण १) । २ कला-विशेष ; (कप्प) ।

अंत न [**अन्त्र**] आंत ; (सुपा १८२, गा ५८५) ।

अंत अ [**अन्तर्**] मध्य में, बीच में ; (हे १, १४) । °**उर** न [°**पुर**] देखो **अंतेउर**; (नाट) । °**करण**, °**क्करण** [°**करण**] मन, हृदय " करुणारसपरवसंतकरणेण " (उप ६ टी; नाट) । °**गय** वि [°**गत**] मध्यवर्ती, बीच-वाला ; (हे १, ६०) । °**द्धा** स्त्री [°**धा**] १ तिरोधान; २ नाश; (आचू) । °**द्धाण** न [°**धान**] अदृश्य होना, तिरोहित होना ; (उप १३६ टी) । °**द्धाणिया** स्त्री [**धानिका**] जिससे अदृश्य हो सके ऐसी विद्या ; (सूत्र २, २) । °**द्धाभूअ** वि (**धाभूत**) नष्ट, विगत " नट्ठेति वा विगतेति वा अंतद्धाभूतेत्ति वा एगट्ठा " (आचू) । °**प्पाअ** पुं [°**पात**] अन्तर्भाव, समावेश ; (हे २, ७७) । °**भाव** पुं [°**भाव**] समावेश ; (विसे) । °**मुहुत्त** न [°**मुहूर्त**] कुछ कम मुहूर्त, न्यून मुहूर्त ; (जी १४) । °**रद्धा** स्त्री [°**धा**] १ तिरोधान ; २ नाश " वुड्ढी सइ-अन्तरद्धा " (श्रा १६) । °**रद्धा** स्त्री (°**अद्धा**) मध्य-काल, बीच का समय; (आचा) । °**रप्प** पुं [°**आत्मन्**] आत्मा, जीव ; (हे १.१४) । °**रहिय**, °**रिहिद** (शौ) वि [°**हित**] १ व्यवहित, अंतराल युक्त; (आचा) । २ गुप्त, अदृश्य ; (सम ३६; उप १६६ टी; अभि १२०) । °**विइ** पुं [°**वेदि**] गंगा और यमुना के बीचका देश ; (कुमा) ।

°**अंत** वि [**कान्त**] सुन्दर, मनोहर; (से १, ५६) ।

अंतअ वि [**आयात्**] आता हुआ ; (से ६, ४६) ।

अंतअ वि [**अन्तग**] पार-गामी, पार-प्राप्त ; (से ६,१८) ।

अंतअ वि [**अन्तद्**] १ अविनाशी, शाश्वत ; २ जिसकी सीमा न हो वह ; (से ६, १८) ।

अंतअ } वि [**अन्तक**] १ मनोहर, सुन्दर ; (से ६.१८) । २ अन्तर्गत, समाविष्ट ; (सूत्र १ १५) । ३ पर्यन्त, प्रान्त भाग " जे एवं परिभासंति अन्तए ते समाहिए " (सूत्र १,२) । ४ यम, मृत्यु ; (से ६,१८ ; उप ६६६ टी) । " समागमं कंखति अन्तगस्स " (सूत्र १,७) ।
अंतग

अंतग वि [**अन्तग**] १ पार-गामी । २ दुस्त्यज, जो कठिनाई से छोड़ा जा सके " चिच्चाण अन्तगं सोयं निरवेक्खो परिव्वए " (सूत्र १,६) ।

°**अंतण** न [**यन्त्रण**] बन्धन, नियन्त्रण; (प्रयौ २४) ।

अंतर न [**अन्तर**] १ मध्य, भीतर "गामंतरे पविट्ठो सो " (उप ६ टी) । २ भेद, विशेष, फर्क ; (प्रासू १६८) । ३ अवसर, समय ; (गाथा १,२) । ४ व्यवधान ; (जं १) । ५ अवकाश, अन्तराल ; (भग ७,८) । ६ विवर, छिद्र ; (पात्र) । ७ रजोहरण ; ८ पात्र ; ६ पुं. आचार, कल्प ; १० सूते के कपड़े पहननेका आचार, सौत्र कल्प ; (कप्प) । °**कप्प** पुं (°**कल्प**) जैन साधु का एक आत्मिक प्रशस्त आचरण ; (पंचु) । °**कंद**

पुं [°कन्द] कन्द की एक जाति, वनस्पति-विशेष; (पराण १)। °करण न [°करण] आत्मा का शुभ अध्यवसाय-विशेष ; (पंच)। °गिह न [°गृह] १ घर का भीतरी भाग; २ दो घरों के बीच का अंतर ; (बृह ३)। °णई स्त्री [नदी] छोटी नदी ; (ठा ६)। °दीव पुं [°द्वीप] १ द्वीप-विशेष; (जी २३)। २ लवण समुद्र के बीच का द्वीप (पराण १)। °सत्तु पुं [°शत्रु] भीतरी शत्रु, काम-क्रोधादि ; (सुपा ८५)।

अंतर सक [अन्तरय्] व्यवधान करना, बीच में डालना । अंतरेहि. अंतरेमि ; (विक्र १३६)।

अंतर वि [आन्तर] १ अभ्यन्तर, भीतरी " सयलसुराणंपि अंतरो अप्पाणो " (अच्चु २०)। २ मानसिक; (उवर ७१)।

अंतरंग वि [अन्तरङ्ग] भीतरी ; (विसे २०२७)।

अंतरंजी स्त्री [आन्तरञ्जी] नगरी-विशेष ; (विसे २३०३)।

अंतरा अ [अन्तरा] १ मध्य में, वीचमें; (उप ६५४)। २ पहले, पूर्व में ; (कप्प)।

अंतराइय न [आन्तरायिक] १ कर्म-विशेष, जो दान आदि करने में विघ्न करता है ; (ठा २)। २ विघ्न, रुकावट, (पराह २,१)।

अंतराईय न [अन्तरायीय] ऊपर देखो ; (सुपा ६०१)।

अंतराय पुंन. [अंतराय] देखो अन्तराइय ; (ठा २,४; स २०)

अंतराल पुं [अन्तराल] अंतर, वीच का भाग ; (अभि ८२)।

अंतरावण पुंन [अन्तरापण] दुकान, हाट; (चारु ३)।

अंतरावास पुं [अन्तरवर्ष, अन्तरावास] वर्षा-काल, (कप्प)।

अंतरिक्ख पुंन [अन्तरिक्ष] अन्तराल, आकाश ; (भग १७, १०, स्वप्न ७०)। °जाय वि [°जात] जमीन के ऊपर रही हुई प्रासाद, मंच आदि वस्तु ; (आचा २, ५)। °पासणाह पुं [°पार्श्वनाथ] खानदेश में अकोला के पासका एक जैन-तीर्थ और वहां की भगवान् श्रीपार्श्वनाथ की मूर्ति ; (ती)

अंतरिक्ख वि [आन्तरिक्ष] १ आकाश-संबंधी, आकाश का ; (जी ५)। २ ग्रहों के परस्पर युद्ध और भेद का फल वतलानेवाला शास्त्र ; (सम ४६)।

अंतरिज्ज न [अंतरीय] १ वस्त्र, कपड़ा ; २ शय्या का नीचला वस्त्र " अंतरिज्जं णाम णियंसणं, अहवा अंतरिज्जं नाम सेज्जाए हेट्ठिल्लं पोत्तं " (निसी १५)।

अंतरिज्ज न [दे] करधनी, कटीसूत्र ; (दे १, ३५)।

अंतरिज्जिया स्त्री [अन्तरीया] जैनीय वेशवाटिक गच्छ की एक शाखा ; (कप्प)।

अंतरित } वि [अन्तरित] व्यवहित, अंतरवाला ;
अंतरिय } (सुर ३, १४३; से १, २७)।

अंतरिया स्त्री [दे] समाप्ति, अंत ; (जं २)।

अंतरिया स्त्री [अन्तरिका] छोटा अन्तर, थोड़ा व्यवधान; (राय)।

अंतरेण अ [अन्तरेण] विना, सिवाय ; (उत्त १)।

अंतलिक्ख देखो **अंतरिक्ख**; (णाया १, १; चारु ७)।

°**अंति** देखो **पंति**; (से ६, ६६)।

अंतिम वि [अन्तिम] चरम, शेष, अन्त्य ; (ठा १)।

अंतिय न [अन्तिक] १ समीप, निकट ; (उत्त १)। २ अवसान, अंत "अह भिक्खू गिलाएज्जा आहारस्सेव अंतिया" (आचा १, ८)। ३ अन्तिम, चरम ; (सूअ २, २)।

अंतीहरी स्त्री [दे] दूती ; (दे १, ३५)।

अंतेआरि वि [अन्तश्चारिन्] बीच में जानेवाला, बीचका; (हे १, ६०)।

अंतेउर न [अन्तःपुर] १ राज-स्त्रीओं का निवास-गृह । २ राणी ; " सणंकुमारो वि तेसिं वंदणत्थं संतेउरो गओ तमुज्जाणं " (महा)।

अंतेउरिगा } स्त्री [आन्तःपुरिकी, °री] अन्तःपुर में
अंतेउरिया } रहनेवाली स्त्री, राणी; (उप ६ टी; सुपा
अंतेउरी } २२८; २८६)। २ रोगी का नाम-मात्र लेने से उसको नीरोग बनानेवाली एक विद्या; (वव ५)।

अंतेल्ली स्त्री [दे] १ मध्य, वीच; २ उदर, पेट; ३ कल्लोल , तरंग, (दे १, ५५)।

अंतेवासि वि [अन्तेवासिन्] शिष्य ; (कप्प)।

अंतेवुर देखो **अंतेउर**; (प्रति ५७)।

अंतो अ [अन्तर्] बीच, भीतर ; " गामंतो संपत्ता " (उप ६ टी; सुर २, ७४)। °खरिया स्त्री [°खरिका] नगर में रहनेवाली वेश्या; (भग १५)। °गइया स्त्री [°गतिका] स्वागत के लिए सामने जाना " सव्वाए विभूईए अंतोगइयाएं तणयस्स " (सुर १५, १६१)।

°**गय** वि [°**गत**] मध्यवर्ती, समाविष्ट; (उप ६८६ टी) । °**णिअंसणी** स्त्री [°**निवसनी**] जैन साध्वीओं को पहनने का एक वस्त्र; (बृह ३) । °**दहण** न [°**दहन**] हृदय-दाह; (तंदु) । °**मज्झोवसाणिय** पुं [°**मध्यावसानिक**] अभिनय का एक भेद; (राय) । °**मुहुत्त** न [°**मुहूर्त**] कम मुहूर्त, ४८ मिनिट से कम समय; (कप्प) । °**वाहिणी** स्त्री [°**वाहिनी**] क्षुद्र नदी; (ठा २, ३) । °**वीसंभ** पुं [°**विश्रम्भ**] हार्दिक विश्वास; (हे १, ६०) । °**सल्ल** न [°**शल्य**] १ भीतरी शल्य, घाव; (ठा ४) । २ कपट, माया; (औप) । °**साला** स्त्री [°**शाला**] घरका भीतरी भाग "कोलालभंडं अंतोसालाहिंतो वहिया नीणेइ" (उवा; पि ३४३) । °**हुत्त** वि [°**मुख**] भीतर, "अंताहुत्तं डज्झइ जायासुण्णे घरे हलिअउत्तो" (गा ३७३) ।

अंतोहुत्त वि [**दे**] अधोमुख, औंधा मुंह वाला; (दे १, २१) ।

अंत्रडी (अप) स्त्री [**अन्त्र**] आंत, आंती; (हे ४, ४४५) ।

°**अंद** पुं [**चन्द्र**] १ चन्द्रमा, चांद "पसुवइणो रोसारुणपडिमासंकंतगोरिमुहअंदं" (गा १) । २ कपूर; (से ६, ४७) । °**राअ** पुं (°**राग**) चन्द्रकान्त मणि; (से ६, ४७) ।

°**अंदरा** स्त्री [**कन्दरा**] गुफा; (से ६, ४७) ।

°**अंदल** पुं [**कन्दल**] वृक्ष-विशेष; (से ७, ४७) ।

°**अंदावेदि** (शौ) देखा **अंतावेइ**; (हे ४, २८६) ।

अंदु, **अंदुया** स्त्री [**अन्दु**] शृङ्खला, जंजीर; (औप, स ५३०) ।

अंदेउर (शौ) देखो **अंतेउर**; (हे ४, २६१) ।

अंदोल अक [**अन्दोल्**] १ हिंचकना, झूलना । २ कंपना, हिलना । ३ संदिग्ध होना "अंदोलइ दोलासु व माणो गरुओवि विलयाणं" (स ५२१) । वकृ— **अंदोलंत, अंदोलिंत, अंदोलमाण**; (से ८, ५१; ११, २५; सुर ३, ११६) ।

अंदोल सक [**अन्दोलय्**] कंपाना, हिलाना । वकृ— **अंदोलंत**; (सुर ३, ६७) ।

अंदोलग पुं [**आन्दोलक**] हिंडोला; (राय) ।

अंदोलण न [**आन्दोलन**] १ हिंचकना, झूलना; (सुर ४, २२५) । २ हिंडोला; ३ मार्ग-विशेष; (सुअ १, ११) ।

अंदोलय देखो **अंदोलग**; (सुर ३, १७५) ।

अंदोलि वि [**आन्दोलिन्**] हिलानेवाला, कंपानेवाला; (गा २३७) ।

अंदोलिर वि [**आन्दोलितृ**] झुलनेवाला; (सुपा ७८) ।

अंदोल्लण देखो **अंदोलण** ।

अंध वि [**अन्ध**] १ अंधा, नेत्र-हीन; (विपा १, १) । २ अज्ञान, ज्ञान-रहित; "एए णं अंधा मूढा तमप्पइट्ठा" (भग ७, ७) । °**कंटइज्ज** न [°**कण्टकीय**) अंध पुरुष के कंटक पर चलने के माफिक अविचारित गमन करना; (आचा) । °**तम** न [°**तमस**] निविड अन्धकार; (सूअ १, ५) । °**पुर** न [°**पुर**] नगर-विशेष; (बृह ४) ।

अंध पुं.व. [**अन्ध्र**] इस नाम का एक देश; (पउम ६८,६७) ।

अंध वि [**आन्ध्र**] अन्ध्र देश का रहनेवाला; (पण्ह १,१) ।

अंधंधु पुं [**दे**] कूप, कुँआ; (दे १,१८) ।

अंधकार देखो **अंधयार**; (चंद ४) ।

अंधग पुं [**दे**] वृक्ष, पेड़; (भग १८, ४) । °**वण्हि** पुं [**वह्नि**] स्थूल अग्नि; (भग १८,४) ।

अंधग देखो **अंध**; (भग १८, ४) । °**वण्हि** पुं [°**वह्नि**] सूक्ष्म अग्नि; (भग १८, ४) । °**वण्हि** पुं (°**वृष्णि**) यदुवंश का एक राजा, जो समुद्रविजयादि के पिता था; (अंत २) ।

अंधय, **अंधयग** पुं [**अन्धक**] १ अंधा, नेत्त-हीन; (पण्ह १, २) । २ वानर-वंश का एक राज-कुमार; (पउम ६,१८६) ।

अंधयार पुंन [**अन्धकार**] अंधेरा, अंधकार; (कप्प; स ४२६) । °**पक्ख** पुं [°**पक्ष**] कृष्ण-पक्ष; (सुज्ज १३) ।

अंधयारण न [**अन्धकार**] अन्धेरा; (भवि) ।

अंधयारिय वि [**अन्धकारित**] अंधकार-वाला; (से १,१५; ५३) ।

अंधरअ, **अंधल** वि [**अन्ध**] अंधा, नेत्त-हीन; (गा ७०४; हे २, १७३) ।

अंधलण्लि स्त्री [**अन्धयित्री**] अंध बनानेवाली एक विद्या; (सुपा ४२८) ।

अंधार पुं [**अन्धकार**] अंधेरा; (ओघ १११;२७०) ।

अंधारिय वि [**अन्धकारित**] अंधकार वाला; (सुपा ५४, सुर ३,२३०) ।

अंधाव सक [अन्धय्] अंधा करना। अंधावेइ; (विक ८४)।

अंधिआ स्त्री [अन्धिका] द्यूत-विशेष; (दे २,१)।

अंधिल्लग वि [अन्ध] अन्धा, जन्मांध; (पगह २, ५)।

अंधीकिद (शौ) वि [अन्धीकृत] अंध किया हुआ; (स्वप्न ४६)।

अंधु पुं [अन्धु] कूप, कुँआ; (प्रामा; दे १,१८)।

अंधेल्लग देखो **अंधिल्लग**; (पिंड)।

°**अंप** पुं [कम्प] कंपन; (से ५,३२)।

अंब पुं [अम्ब] एक जात के परमाधार्मिक देव, जो नरक के जीवों को दुख देते हैं; (सम २८)।

अभासा स्त्री [**अभाषा**] १ असत्य वचन ; २ सत्य-मिश्रित असत्य वचन ; (भग २५, ३)।

अभि अ [**अभि**] निम्न-लिखित अर्थों में से किसी एक को बतलाने वाला अव्यय;— १ संमुख, सामने ; जैसे— 'अभिगच्छणया' (औप)। २ चारों ओर, समन्तात् ; जैसे—'अभिदो' (स्वप्न ४२)। ३ बलात्कार ; जैसे— 'अभिओग' (धर्म २)। ४ उल्लंघन, अतिक्रमण ; जैसे— 'अभिक्कंत' (आचा)। ५ अत्यन्त, ज्यादः ; जैसे— 'अभिदुग्ग' (सूअ १, ५, २)। ६ लक्ष्य ; जैसे—'अभिमुहं'। ७ प्रतिकूल , जैसे—'अभिवाय' (आचा)। ८ विकल्प ; ६ संभावना ; (निचू १)। १० निरर्थक भी इस अव्यय का प्रयोग होता है; जैसे—'अभिमंतिय' (सुर १६, ६२)।

अभिअण पुं [**अभिजन**] १ कुल ; २ जन्म-भूमि ; (नाट)।

अभिआवण्ण वि [**अभ्यापन्न**] संमुख-आगत ; (सूअ १, ४, २)।

अभिइ स्त्री [**अभिजित्**] नक्षत्र-विशेष ; (ठा २, ३)।

अभिइ सक [**अभि+इ**] सामने जाना, संमुख जाना। वकृ— **अभिइंत** ; (उप १४२ टी)।

अभिउंज देखो **अभिजुंज**। संकृ—**अभिउंजिय** ; (ठा ३, ४ ; दस १०)।

अभिओअ / **अभिओग** पुं [**अभियोग**] १ आज्ञा, हुकुम; (औप; ठा १०)। २ बलात्कार, " अभिओगे अ निओगे" (श्रा ५)। ३ बलात्कार से कोई भी कार्य में लगाना ; (धर्म २)। ४ अभिभव, पराभव ; (आव ५)। ५ कार्मण-प्रयोग, वशीकरण, वश करने का चूर्ण या मन्त्र-तन्त्रादि ;

"दुविहो खलु अभिओगो, दव्वे भावे य होइ नायव्वो।
दव्वम्मि होइ जोगो, विज्जा मंता य भावम्मि"
(ओघ ५६७)।

६ गर्व, अभिमान; (आव ५)। ७ आग्रह, हठ; (नाट)। °**पण्णत्ति** स्त्री [°**प्रज्ञप्ति**] विद्या-विशेष ; (णाया १, १६)। देखो **अहिओय**।

अभिओगी स्त्री [**आभियोगी**] भावना-विशेष, ध्यान-विशेष, जो अभियोगिक देव-गति (नौकर-स्थानीय देव-जाति) में उत्पन्न होने का हेतु है ; (बृह १)।

अभिओयण न [**अभियोजन**] देखो **अभिओग** ; (आव; पण्ण २०)।

अभिंगण / **अभिंजण** देखो **अब्भंगण** ; (नाट ; रंभा)।

अभिकंख सक [**अभि+काङ्क्ष्**] इच्छा करना, चाहना। अभिकंखेज्जा ; (आचा)। वकृ—**अभिकंखमाण** ; (दस ६, ३)।

अभिकंखा स्त्री [**अभिकाङ्क्षा**] अभिलाषा, इच्छा ; (आचा)।

अभिकंखि / **अभिकंखिर** वि [**अभिकाङ्क्षिन्**] अभिलाषी, इच्छुक ; (पि ४०५ ; सुपा १२६)।

अभिक्कंत वि [**अभिक्रान्त**] १ गत, अतिक्रान्त, " अण-भिक्कंतं च खलु वयं संपेहाए " (आचा)। २ संमुख गत ; ३ आरब्ध ; ४ उल्लंघित ; (आचा ; सूअ २, २)।

अभिक्कम सक [**अभि+क्रम्**] १ जाना गुजरना। २ सामने जाना। ३ उल्लंघन करना। ४ शुरू करना। वकृ—**अभिक्कममाण** ; (आचा)। संकृ—**अभिक्कम्म** ; (सूअ १, १, २)।

अभिक्कम पुं [**अभिक्रम**] १ उल्लंघन। २ प्रारम्भ। ३ संमुख-गमन। ४ गमन, गति ; (आचा)।

अभिक्ख / **अभिक्खण** अ [**अभीक्ष्ण**] वारंवार ; (उप १४७ टी ; ठा २, ४ ; वव ३)।

अभिक्खा स्त्री [**अभिख्या**] नाम ; (विसे १०४८)।

अभिगच्छ सक [**अभि+गम्**] सामने जाना। अभिगच्छंति ; (भग २, ५)।

अभिगच्छणया स्त्री [**अभिगमन**] संमुख-गमन; (औप)।

अभिगज्ज अक [**अभि+गर्ज्**] गर्जना, खूब जोर से अवाज करना। वकृ—**अभिगज्जंत**; ; (गाया १, १८ ; सुर १३, १८२)।

अभिगम पुं [**अभिगम**] १ प्राप्ति, स्वीकार ; (पक्खि)। २ आदर, सत्कार ; (भग २, ५)। ३ (गुरु का) उपदेश, सीख ; (गाया १, १)। ४ ज्ञान, निश्चय; (पव १४६)। ५ सम्यक्त्व का एक भेद ; (ठा २, १)। ६ प्रवेश ; (मे ८, ३३)।

अभिगमण न [**अभिगमन**] ऊपर देखो ; (स्वप्न १६ ; गाया १, १२)।

अभिगमि वि [**अभिगमिन्**] १ आदर करने वाला। २ उपदेशक। ३ निश्चय-कारक। ४ प्रवेश करने वाला। ५ स्वीकार करने वाला, प्राप्त करने वाला ; (पगण ३४)।

अभिगय वि [**अभिगत**] १ प्राप्त। २ सत्कृत। ३ उपदिष्ट। ४ प्रविष्ट ; (बृह १)। ५ ज्ञात, निश्चित ; (गाया १, १)।

अभिगहिय न [**अभिग्रहिक**] मिथ्यात्व-विशेष ; (कम्म ४, ५१)।

अभिगिज्झ अक [**अभि+गृध्**] अति लोभ करना, आसक्त होना। वकृ—**अभिगिज्झंत** ; (सूअ २, २)।

अभिगिण्ह } **अभिगिन्ह** } सक [**अभि+ग्रह्**] ग्रहण करना, स्वीकारना। अभिगिण्हइ; (कप्प)। संकृ—**अभिगिन्हित्ता, अभिगिज्झ**; (पि ५८२; ठा २, १)।

अभिग्गह पुं [**अभिग्रह**] १ प्रतिज्ञा, नियम ; (ओघ ३)। २ जैन साधुओं का आचार-विशेष ; (बृह १)। ३ प्रत्याख्यान, (नियम-विशेष) का एक भेद ; (आव ६)। ४ कदाग्रह, हठ ; (ठा २, १)। ५ एक प्रकार का शारीरिक विनय ; (वव १)।

अभिग्गहिय वि [**अभिग्रहिक**] अभिग्रह वाला ; (ठा २, १ ; पव ६)।

अभिग्गहिय वि [**अभिगृहीत**] १ जिसके विषय में अभिग्रह किया गया हो वह ; (कप्प ; पव ६)। २ न. अवधारण, निश्चय ; (पगण ११)।

अभिघट्ट सक [**अभि+घट्ट्**] वेग से जाना। कवकृ—**अभिघट्टिज्जमाण** ; (राय)।

अभिघाय पुं [**अभिघात**] प्रहार, मार-पीट, हिंसा ; (पग्ह १, १; बृह ४)।

अभिचंद पुं [**अभिचन्द्र**] १ यदु-वंश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र, जिसने जैन दीक्षा ली थी ; (अंत ३)। २ इस नाम का एक कुलकर पुरुष ; (पउम ३, ५५)। ३ मुहूर्त-विशेष ; (सम ५१)।

अभिजण देखो **अभिअण** ; (स्वप्न २६)।

अभिजस न [**अभियशस्**] इस नाम का एक जैन साधुओं का कुल (एक आचार्य को संतति) ; (कप्प)।

अभिजाइ स्त्री [**अभिजाति**] कुलीनता, खानदानी ; (उत्त ११)।

अभिजाण सक [**अभि+ज्ञा**] जानना। वकृ—**अभिजाणमाण** ; (आचा)।

अभिजाय वि [**अभिजात**] १ उत्पन्न, " अभिजायसड्ढो " (उत्त १४)। २ कुलीन ; (राज)।

अभिजुंज सक [**अभि+युज्**] १ मन्त्र-तन्त्रादि से वश करना। २ कोई कार्य में लगाना। ३ आलिंगन करना। ४ स्मरण कराना, याद दिलाना। संकृ—**अभिजुंजिय, अभिजुंजियाणं, अभिजुंजित्ता** ; (भग २, ५ ; सूअ १, ५, २; आचा ; भग ३, ५)।

अभिजुत्त वि [**अभियुक्त**] १ व्रत-नियम में जिसने दूषण न लगाया हो वह ; (गाया १, १४)। २ जानकार, पण्डित ; (णंदि)। ३ दुश्मन से घिरा हुआ ; (वेणी १२०)।

अभिज्झा स्त्री [**अभिध्या**] लोभ, लोलुपता, आसक्ति ; (सम ७१ ; पग्ह १, ५)।

अभिज्झिय वि [**अभिध्यित**] अभिलषित, वाञ्छित ; (पगण २८)।

अभिट्ठुय वि [**अभिष्टुत**] वर्णित, श्लाघित, प्रशंसित ; (आव २)।

अभिड्डुय देखो **अभिद्दुय** ; (सूअ १, २, ३)।

अभिणअंत } **अभिणइज्जंत** } देखो **अभिणी**।

अभिणंद सक [**अभि+नन्द्**] १ प्रशंसा करना, स्तुति करना। २ आशीर्वाद देना। ३ प्रीति करना। ४ खुशो

मनाना । ५ चाहना, इच्छना । ६ बहुमान करना, आदर करना । अभिणंदइ ; (स १६३) । वकृ— **अभिणंदंत;** (औप ; णाया १, १ ; पउम ५, १३०) । कवकृ— **अभिणंदिज्जमाण ;** (ठा ६ ; णाया १, १) ।

अभिणंदिय वि [**अभिनन्दित**] जिसका अभिनन्दन किया गया हो वह ; (सुपा ३१०) ।

अभिणंदण न [**अभिनन्दन**] १ अभिनन्दन; २ पुं. वर्तमान अवसर्पिणी-काल के चतुर्थ जिन-देव ; (सम ४३) । ३ लोकोत्तर श्रावण मास ; (सुज्ज १०) ।

अभिणय पुं [**अभिनय**] शारीरिक चेष्टा के द्वारा हृदय का भाव प्रकाशित करना , नाट्य-क्रिया; (ठा ४, ४) ।

अभिणव वि [**अभिनव**] नूतन, नया ; (जीव ३) ।

अभिणिक्खंत वि [**अभिनिष्क्रान्त**] दीक्षित, प्रव्रजित ; (स २७८) ।

अभिणिगिण्ह सक [**अभिनि+ग्रह्**] रोकना, अटकाना । संकृ—**अभिणिगिज्झ** ; (पि ३३१; ५९१) ।

अभिणिचारिया स्त्री [**अभिनिचारिका**] भिक्षा के लिए गति-विशेष ; (वव ४) ।

अभिणिपया स्त्री [**अभिनिप्रजा**] अलग २ रही हुई प्रजा; (वव ६) ।

अभिणिबुज्झ सक [**अभिनि+बुध्**] जानना, इन्द्रिय आदि द्वारा निश्चित रूप से ज्ञान करना । अभिणिबुज्झए; (विसे ८१)।

अभिणिबोह पुं [**अभिनिबोध**] ज्ञान विशेष, मति-ज्ञान ; (सम्म ८६) ।

अभिणियट्टण न [**अभिनिवर्त्तन**] पीछे लौटना, वापिस जाना ; (आचा) ।

अभिणिविट्ठ वि [**अभिनिविष्ट**] १ तीव्र रूप से निविष्ट ; २ आग्रही ; (उत्त १४) ।

अभिणिवेस पुं [**अभिनिवेश**] आग्रह, हठ ; (णाया १, १२) ।

अभिणिवेह पुं [**अभिनिवेध**] उलटा मापना ; (आवम)।

अभिणिव्वगड वि [**दे. अभिनिर्व्याकृत**] भिन्न परिधि वाला, पृथग्भूत (घर वगैरः); (वव १, ६) ।

अभिणिव्वट्ट सक [**अभिनि+वृत्**] रोकना, प्रतिषेध करना । "से मेहावी अभिणिव्वट्टेज्जा कोहं च माणं च मायं च लोभं च पेज्जं च दोसं च मोहं च गब्भं च जम्मं च मारं च नरयं च तिरियं च दुक्खं च " (आचा) ।

अभिणिव्वट्ट सक [**अभिनिर्+वृत्**] १ संपादित करना, निष्पन्न करना । २ उत्पन्न करना । संकृ—**अभिणिव्वट्टित्ता,** (भग ५, ४) ।

अभिणिव्वट्ट वि [**अभिनिर्वृत्त**] १ निष्पन्न । २ उत्पन्न; "इह खलु अत्तताए तेहिं तेहिं कुलेहिं अभिसेएण अभिसंभूआ अभिसंजाया अभिणिव्वट्टा अभिसंवुड्ढा अभिसंबुद्धा अभिनिक्खंता अणुपुव्वेण महामुणी " (आचा) ।

अभिणिव्वुड वि [**अभिनिर्वृत**] १ मुक्त, मोक्ष-प्राप्त ; (सूअ १, २, १) । २ शान्त, अकुपित; (आचा) । ३ पाप से निवृत्त ; (सूअ १, २, १) ।

अभिणिसज्जा स्त्री [**अभिनिषद्या**] जैन साधुओं को रहने का स्थान-विशेष ; (वव १) ।

अभिणिसिट्ठ वि [**अभिनिसृष्ट**] बाहर निकला हुआ ; (जीव ३) ।

अभिणिसेहिया स्त्री [**अभिनैषेधिकी**] जैन साधुओं का स्वाध्याय करने का स्थान-विशेष ; (वव १) ।

अभिणिस्सड वि [**अभिनिस्सृत**] बाहर निकला हुआ ; (भग १४, ६) ।

अभिणी सक [**अभि+नी**] अभिनय करना, नाट्य करना । वकृ—**अभिणअंत** ; (मै ७५) । कवकृ—**अभिणइज्जंत** ; (सुपा ३५६) ।

अभिणूम न [**अभिनूम**] माया, कपट; (सुअ १, २, १) ।

अभिण्ण वि [**अभिज्ञ**] जानकार, निपुण ; (उप ५८०) ।

अभिण्ण वि [**अभिन्न**] १ अ-त्रुटित, अ-विदारित, अ-खण्डित ; (उवा ; पंचा ११) । २ भेद-रहित, अपृथग्भूत ; (बृह ३) ।

अभिण्णपुड पुं [**दे**] खाली पुड़िया, लोगों को ठगने के लिए लड़के लोग जिसको रास्ता पर रख देते हैं; (दे १,४४)।

अभिण्णाण न [**अभिज्ञान**] निशानी, चिह्न; (श्रा १४) ।

अभिण्णाय वि [**अभिज्ञात**] जाना हुआ, विदित; (आचा)।

अभितज्ज सक [**अभि+तर्ज्**] तिरस्कार करना, ताड़न करना। वकृ—**अभितज्जेमाण** ; (णाया १, १८) ।

अभितत्त वि [**अभितप्त**] १ तपाया हुआ, गरम किया हुआ ; (सूअ १, ४, १, २७) ।

अभितव सक [**अभि+तप्**] १ तपाना ; २ पीडा करना । " चत्तारि अगणिओ समारभित्ता जेहिं कूरकम्मा भितविंति , वालं " (सूअ १, ५, १, १३) । कवकृ—**अभितप्पमाण** ; " ते तत्थ चिट्ठंतिभितप्पमाणा मच्छा व जीवं-तुवजोतिपत्ता " (सुअ १, ५, १, १३) ।

अभिताव सक [**अभि+तापय्**] १ तपाना, गरम करना । २ पीडित करना । अभितावयंति; (सूत्र १, ५, १, २१; २२) ।
अभिताव पुं [**अभिताप**] १ दाह ; २ पीडा ; (सूत्र १, ५, १ ; २, ६) ।
अभितास सक [**अभि+त्रासय्**] त्रास उपजाना, भयभीत करना । वकृ—**अभितासेमाण** ; (णाया १,१८)।
अभित्थु सक [**अभि+स्तु**] स्तुति करना, श्लाघा करना, वर्णन करना । अभित्थुणंति, अभित्थुणामि ; (पि ४६४; विसे १०५४) । वकृ—**अभित्थुणमाण**; (कप्प) । कवकृ—**अभित्थुव्वमाण** ; (रयण ६८) ।
अभित्थुय वि [**अभिष्टुत**] स्तुत, श्लाघित ; (संथा) ।
अभिथु देखो **अभित्थु** । वकृ—**अभिथुणंत** ; (णाया १, १) । कवकृ—**अभिथुव्वमाण**; (कप्प ; ठा ६)।
अभिदुग्ग वि [**अभिदुर्ग**] १ दुःखोत्पादक स्थान ; २ अतिविषम स्थान ; (सूत्र १, ५, १; १७) ।
अभिदो (शौ) अ [**अभितः**] चारों ओर से; (स्वप्न ४२) ।
अभिद्दव सक [**अभि+द्रु**] पीड़ा करना, दुःख उपजाना, हैरान करना । "तुदंति वायाहिं अभिद्दवं णरा" (आचा २, १६, २) ।
अभिद्दविय वि [**अभिद्रुत**] उपद्रुत, हैरान किया हुआ ; (सुर १२, ६७) ।
अभिद्दुय देखो **अभिद्दविय** ; (णाया १, ६ ; स ५६) ।
अभिधाइ वि [**अभिधायिन्**] वाचक, कहने वाला ; (विसे ३४७२) ।
अभिधारण न [**अभिधारण**] धारणा, चिन्तन ; (बृह ३) ।
अभिधेज्ज, **अभिधेय** पुं [**अभिधेय**] अर्थ, वाच्य, पदार्थ ; (विसे १ टी) ।
अभिनंद देखो **अभिणंद** । वकृ—**अभिनंदमाण**; (कप्प) । कवकृ— **अभिनंदिज्जमाण**; (महा) ।
अभिनंदण देखो **अभिणंदण** ; (कप्प) ।
अभिनंदि स्त्री [**अभिनंदि**] आनन्द, खुशी, "पावेउ अ नंदिसेणमभिनंदिं" (अजि ३७) ।
अभिनिक्खंत देखो **अभिणिक्खंत** ; (आचा) ।
अभिनिक्खम अक [**अभिनिर्+क्रम्**] दीक्षा (संन्यास) लेना, दीक्षा लेने की इच्छा करना, गृहवास से बाहर निकलना । वकृ—**अभिनिक्खमंत** ; (पि ३६७) ।
अभिनिगिण्ह देखो **अभिणिगिण्ह** ; (आचा) ।
अभिनिवुज्झ देखो **अभिणिवुज्झ** । अभिनिवुज्झइ ; (विसे ६८) ।
अभिनिवट्ट देखो **अभिणिवट्ट** । संकृ—**अभिनिवट्टित्ताणं**; (पि ५८३) ।
अभिनिविट्ठ देखो **अभिणिविट्ठ** ; (भग) ।
अभिनिवेसिय न (**अभिनिवेशिक**) मिथ्यात्व का एक प्रकार, सत्य वस्तु का ज्ञान होने पर भी उसे नहीं मानने का दुराग्रह ; (श्रा ६; कम्म ४, ५१) ।
अभिनिव्वट्ट देखो **अभिणिव्वट्ट** ; (कप्प; आचा) ।
अभिनिव्विट्ठ वि [**अभिनिर्विष्ट**] संजात, उत्पन्न ; (कप्प) ।
अभिनिव्वुड देखो **अभिणिव्वुड**; (पि २१६) ।
अभिनिस्सव अक [**अभिनि+स्रु**] टपकना, झरना । अभिनिस्सवइ; (भग) ।
अभिन्न देखो **अभिण्ण** ; (प्राप्र) ।
अभिन्नाण देखो **अभिण्णाण** ; (ओघ ४३६ ; सुर ७, १०१) ।
अभिन्नाय देखो **अभिण्णाय**; (कप्प) ।
अभिपल्लाणिय वि [**अभिपर्याणित**] अध्यारोपित, ऊपर रखा हुआ ; (कुमा) ।
अभिपाइय वि [**आभिप्रायिक**] अभिप्राय-संबन्धी, मनः-कल्पित ; (अणु) ।
अभिप्पाय पुं [**अभिप्राय**] आशय, मन-परिणाम; (आचा; स ३४ ; सुपा २६२) ।
अभिप्पेय वि [**अभिप्रेत**] इष्ट ; अभिमत ; (स २३) ।
अभिभव सक [**अभि+भू**] पराभव करना, परास्त करना । अभिभवइ ; (महा) । संकृ—**अभिभविय, अभिभूय** ; (भग ६, ३३; पण्ह १, २) ।
अभिभव पुं [**अभिभव**] पराभव, पराजय, तिरस्कार ; (आचा ; दे १, ५७) ।
अभिभवण न [**अभिभवन**] ऊपर देखो ; (सुपा ४७६) ।
अभिभास सक [**अभि+भाष्**] संभाषण करना । अभिभासे; (पि १६६) ।
अभिभूइ स्त्री [**अभिभूति**] पराभव, अभिभव ; (द्र ३०)।
अभिभूय वि [**अभिभूत**] पराभूत, पराजित ; (आचा ; सुर ४, ७५)
अभिमंजु देखो **अभिमण्णु** ; (हे ४, ३०५) ।

अभिमंत सक [अभि+मन्त्रय्] मंत्रित करना, मन्त्र से संस्कारना। संकृ—**अभिमंतिऊण, अभिमंतिय**; (निचू १; आवम)।

अभिमंतिय वि [अभिमन्त्रित] मन्त्र से संस्कारित; (सुर १६, ६२)।

अभिमन्न सक [अभि+मन्] १ अभिमान करना। २ सम्मत करना। अभिमन्नइ; (विसे २१६०, २६०३)।

अभिमय वि [अभिमत] इष्ट, अभिप्रेत; (सूत्र २, ४)।

अभिमाण पुं [अभिमान] अभिमान, गर्व; (निचू १)।

अभिमार पुं [अभिमार] वृक्ष-विशेष; (राज)।

अभिमुह वि [अभिमुख] १ संमुख, सामने स्थित; २ क्रिवि. सामने; (भग)।

अभिरइ स्त्री [अभिरति] १ रति, संभोग, २ प्रीति, अनुराग; (विसे ३२२३)।

अभिरम अक [अभि+रम्] १ क्रीड़ा करना, संभोग करना। २ प्रीति करना। ३ तल्लीन होना, आसक्ति करना। अभिरमइ; (महा)। वकृ—**अभिरमंत, अभिरममाण**; (सुपा १२०; गाया १, २; ४)।

अभिरमिय वि [अभिरमित] अनुरक्त किया हुआ, "अभिरमियकुमुयवणसंडं ससिमंडलं पलोयइ" (सुपा ३४)।

अभिरमिय } वि [अभिरत] १ अनुरक्त; (सुपा ३४)।
अभिरय } २ तल्लीन, तत्पर "साहू तवनियमसंजमाभिरया" (पउम ३७, ६३; स १२२)।

अभिराम वि [अभिराम] सुन्दर, मनोहर, (गाया १, १३; स्वप्न ४५)।

अभिरुइय वि [अभिरुचित] पसंद, मन का अभिमत; (गाया १, १; उवा; सुपा ३४४; महा)।

अभिरुय सक [अभि+रुच्] पसंद पडना, रुचना। अभिरुयइ; (महा)।

अभिरुह सक [अभि+रुह्] १ रोकना। २ ऊपर चढ़ना, आरोहना। संकृ—

" चत्तारि साहिए मासे वहवे पाणजाइया आगम्म।
अभिरुज्झ कायं विहरिंसु, आरुहिया णं तत्थ हिंसिंसु "
(आचा)।

अभिरोहिय वि [अभिरोधित] चारों ओर से निरुद्ध, रोका हुआ; (गाया १, ६)।

अभिरोहिय वि [अभिरोहित] ऊपर देखो "परचक्करायाभिरोहिया" ("परचक्रराजेनापरसैन्यनृपतिनाभिरोहिताः सर्वतः कृतनिरोधा या सा तथा" टी); (गाया १,६)।

अभिलंघ सक [अभि+लङ्घ्] उल्लंघन करना। वकृ—**अभिलंघमाण**; (गाया १, १)।

अभिलप्प वि [अभिलाप्य] कथन-योग्य, निर्वचनीय; (आचू १)।

अभिलस सक [अभि+लष्] चाहना, वाञ्छना। अहिलसइ; (उव)।

अभिलाअ } पुं [अभिलाप] १ शब्द, ध्वनि; (ठा ३,
अभिलाव } १; भास २७)। २ संभाषण; (गाया १, ८; विसे)।

अभिलास पुं [अभिलाष] इच्छा, चाह; (गाया १, ६; प्रयौ ६१)।

अभिलासि } वि [अभिलाषिन्] चाहने वाला, इच्छुक;
अभिलासिण } (वसु; स ६५४; पउम ३१, १२८)।

अभिलासुग वि [अभिलाषुक] अभिलाषी; (उप ३५७ टी)।

अभिलोयण न [अभिलोकन] जहां खड़े रह कर दूर की चीज देखी जाय वह स्थान; (पण्ह २, ४)।

अभिलोयण न [अभिलोचन] ऊपर देखो; (पण्ह २, ४)।

अभिवंद सक [अभि+वन्द्] नमस्कार करना, प्रणाम करना। वकृ—**अभिवंदंत**; (पउम २३, ६)। कृ— "जे साहुणो ते **अभिवंदियव्वा**" (गोय १४); **अभिवंदणिज्ज**; (विसे २६४३)।

अभिवंदय वि [अभिवन्दक] प्रणाम करने वाला; (औप)।

अभिवड्ढ अक [अभि+वृध्] वढ़ना, बड़ा होना, उन्नत होना। अभिवड्ढामो; भूका—अभिवड्ढित्था; (कप्प)। वकृ—**अभिवड्ढेमाण**; (जं ७)।

अभिवड्ढि देखो **अभिवुड्ढि**; (इक)।

अभिवड्ढिय वि [अभिवर्धित] १ वढ़ाया हुआ। २ अधिक मास; ३ अधिक मास वाला वर्ष; (सम ५६; चन्द १२)।

अभिवत्ति स्त्री [अभिव्यक्ति] प्रादुर्भाव; (उप २८५)।

अभिवय सक [अभि+व्रज्] सामने जाना। वकृ—**अभिवयंत**; (गाया १, ८)।

अभिवाइय वि [**अभिवादित**] प्रणत, नमस्कृत ; (सुपा ३१०)।

अभिवात पुं [**अभिवात**] १ सामने का पवन; २ प्रतिकूल (गरम या रूक्ष) पवन ; (आचा)।

अभिवाद } सक [**अभि+वादय्**] प्रणाम करना,
अभिवाय } नमस्कार करना। अभिवाएइ; (महा)। अभिवादये (विसे १०५४)। वकृ—**अभिवायमाण** ; (आचा)। कृ—**अभिवायणिज्ज** ; (सुपा ५६८)।

अभिवाय देखो **अभिवात** ; (आचा)।

अभिवायण न [**अभिवादन**] प्रणाम, नमस्कार ; (आचा ; दसचू)।

अभिवाहरणा स्त्री [**अभिव्याहरणा**] बुलाहट, पुकार ; (पंचा २)।

अभिवाहार पुं [**अभिव्याहार**] प्रश्नोत्तर, सवाल-जवाब ; (विसे ३३६६)।

अभिविहि पुंस्त्री [**अभिविधि**] मर्यादा, व्याप्ति ; (पंचा १५ ; विसे ८७४)।

अभिवुड्ढ देखो **अभिवड्ढ** । संकृ—**अभिवुड्ढित्ता**; (सुज्ज १)।

अभिवुड्ढि स्त्री [**अभिवृद्धि**] १ वृद्धि, बढाव। २ उत्तर भाद्रपदा नक्षत्र ; (जं ७)।

अभिव्वंजण न [**अभिव्यञ्जन**] देखो **अभिवत्ति**; (सूअ १, १, १)।

अभिव्वाहार देखो **अभिवाहार** ; (विसे ३४१२)।

अभिसंका स्त्री [**अभिशङ्का**] संशय, संदेह; (सूअ १, ६, १, १४)।

अभिसंकि वि [**अभिशङ्किन्**] १ संदेह करने वाला। २ भीरु, डरने वाला ; "उज्जु माराभिसंकी मरणा पमुच्चति" (आचा ; णाया १, १८)।

अभिसंग पुं [**अभिष्वङ्ग**] आसक्ति ; (ठा ३, ४)।

अभिसंजाय वि [**अभिसंजात**] उत्पन्न ; (आचा)।

अभिसंथुण सक [**अभिसं+स्तु**] स्तुति करना, वर्णन करना। वकृ—**अभिसंथुणमाण** ; (णाया १, ८)।

अभिसंधारण न [**अभिसंधारण**] पर्यालोचन; विचारणा; (आचा)।

अभिसंधि पुंस्त्री [**अभिसंधि**] आशय, अभिप्राय; (उप २११ टी)।

अभिसंधिय वि [**अभिसंहित**] गृहीत; उपात्त ; (आचा)।

अभिसंभूय वि [**अभिसंभूत**] उत्पन्न, प्रादुर्भूत; (आचा)।

अभिसंबुद्ध वि [**अभिसंबुद्ध**] ज्ञान-प्राप्त, बोध-प्राप्त ; (आचा)।

अभिसंवुड्ढ वि [**अभिसंवृद्ध**] बड़ा हुआ, उन्नत अवस्था को प्राप्त ; (आचा)।

अभिसमण्णागय } वि [**अभिसमन्वागत**] १ अच्छी
अभिसमन्नागय } तरह जाना हुआ, सुनिर्णीत ; (भग ५, ४)। २ व्यवस्थित ; (सुअ २, १)। ३ प्राप्त, लब्ध ; (भग १५ ; कप्प ; णाया १, ८)।

अभिसमागम सक [**अभिसमा+गम्**] १ सामने जाना। २ प्राप्त करना। ३ निर्णय करना, ठीक २ जानना। संकृ—**अभिसमागम्म** ; (आचा ; दस ५)।

अभिसमागम पुं [**अभिसमागम**] १ संमुख गमन। २ प्राप्ति। ३ निर्णय ; (ठा ३, ४)।

अभिसमे सक [**अभिसमा+इ**] देखो **अभिसमागम**= अभिसमा+गम्। अभिसमेइ ; (ठा ३, ४)। संकृ— **अभिसमेच्च** ; (आचा)।

अभिसरण न [**अभिसरण**] १ सामने जाना, संमुख गमन; (पण्ह १,१)। २ प्रिय के पास जाना; (कुमा)।

अभिसव पुं [**अभिषव**] १ मद्य आदि का अर्क ; २ मद्य-मांस आदि से मिश्रित चीज ; (पव ६)।

अभिसारिआ देखो **अहिसारिआ** ; (गा ८७१)।

अभिसिंच सक [**अभि+सिच्**] अभिषेक करना। अभिसिंचति; (कप्प)। कवकृ—**अभिसिच्चमाण**; (कप्प)। प्रयो, हेकृ—**अभिसिंचावित्तए**; (पि ५७८)।

अभिसित्त वि [**अभिषिक्त**] जिसका अभिषेक किया गया हो वह ; (आवम)।

अभिसेअ } पुं [**अभिषेक**] १ राजा, आचार्य आदि पद पर
अभिसेग } आरूढ करना ; (संथा ; महा); २ स्नान-महोत्सव ; "जिणाभिसेगे" (सुपा ५०)। ३ स्नान ; (औप; स ३२)। ४ जहां पर अभिषेक किया जाता है वह स्थान ; (भग)। ५ शुक्र-शोणित का संयोग ; "इह खलु अत्तत्ताए तेहिं तेहिं कुलेहिं अभिसेएण अभिसंभूया" (आचा १, ६,१)। ६ वि. आचार्य आदि पद के योग्य; (बृह ३)। ७ अभिषिक्त; (निचू १५)।

अभिसेगा स्त्री [**अभिषेका**] १ साध्वी, संन्यासिनी ; (निचू १५)। २ साध्वीओं को मुखिया, प्रवर्तिनी ; (धर्म ३; निचू ६)।

अभिसेज्जा स्त्री [अभिशय्या] देखो **अभिणिसज्जा** ; (वव १) । २ भिन्न स्थान ; (विसे ३४६१) ।

अभिसेवण न [अभिषेवण] पूजा, सेवा, भक्ति ; (पउम १४, ४६) ।

अभिस्संग पुं [अभिष्वङ्ग] आसक्ति; (विसे २६६४) ।

अभिहट्टु अ [अभिहृत्य] बलात्कार करके, जबरदस्ती करके ; (आचा ; पि ५७७) ।

अभिहड वि [अभिहृत] १ सामने लाया हुआ ; (पंचा १३) । २ जैन साधुओं की भिक्षा का एक दोष ; (ठा ३, ४) ।

अभिहण सक [अभि + हन्] मारना, हिंसा करना । (पि ४६६) । वकृ—**अभिहणमाण** ; (जं ३) ।

अभिहणण न [अभिहनन] अभिघात ; हिंसा ; (भग ८, ७) ।

अभिहय वि [अभिहत] मारा हुआ, आहत ; (पडि) ।

अभिहा स्त्री [अभिधा] नाम, आख्या ; (सण) ।

अभिहाण न [अभिधान] १ नाम, आख्या ; (कुमा) । २ वाचक, शब्द ; (वव ६) । ३ कथन, उक्ति ; (विसे) ।

अभिहिय वि [अभिहित] कथित, उक्त ; (आचा) ।

अभिहेअ पुं [अभिधेय] वाच्य, पदार्थ ; (विसे ८४१) ।

अभीइ } स्त्री [अभिजित्] १ नक्षत्र-विशेष ; (सम ८;
अभीजि } १५) । २ पुं. एक राज-कुमार; (भग १३,६)। ३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र, जिसने जैन दीक्षा ली थी ; (अनु) ।

अभीरु वि [अभीरु] १ निडर, निर्भीक; (आचा) । २ स्त्री. मध्यम-ग्राम की एक मूर्च्छना ; (ठा ७) ।

अभेज्झा देखो **अभिज्झा** ; (पण्ह १, ३)

अभोज्ज वि [अभोज्य] भोजन के अयोग्य ; (णाया १, १६) । °**घर** न [°गृह] भिक्षा के लिए अयोग्य घर, धोबी आदि नीच जाति का घर ; (बृह १) ।

अम सक [अम्] १ जाना । २ आवाज करना । ३ खाना । ४ पीडना । ५ अक. रोगी होना । "अम गच्चाईसु" (विसे ३४५३) ; "अम रोगे वा" (विसे ३४५४) । अमइ ; (विसे ३४५३) ।

अमग्ग पुं [अमार्ग] १ कुमार्ग, खराब रास्ता ; (उव) । २ मिथ्यात्व, कषाय आदि हेय पदार्थ; "अमग्गं परियाणामि मग्गं उवसंपज्जामि" (आव ४) । ३ कुमत, कुदर्शन ; (दंस) ।

अमग्घाय पुं [अमाघात] १ द्रव्य का अ-हरण; २ अमारि-निवारण, अभय-घोषणा ; (पंचा ६) ।

अमच्च पुं [अमात्य] मन्त्री, प्रधान ; (औप ; सुर ४, १०४) ।

अमच्च पुं [अमर्त्य] देव, देवता ; (कुमा) ।

अमज्झ वि [अमध्य] १ मध्य-रहित, अखण्ड; (ठा ३,२)। २ परमाणु ; (भग २०, ६) ।

अमण न [अमन] १ ज्ञान, निर्णय ; (ठा ३, ४) । २ अन्त, अवसान ; (विसे ३४५३) ।

अमण } वि [अमनस्क] १ अप्रीतिकर, अभीष्ट; (ठा
अमणक्ख } ३, ३) । २ मन-रहित; (आव ४; सूअ २, ४, २) ।

अमणाम वि [अमनआप] अनिष्ट, अ-मनोहर ; (सम १४६ ; विपा १, १) ।

अमणाम वि [अमनोम] ऊपर देखो ; (भग; विपा १, १) ।

अमणाम वि [अवनाम] पीड़ा-कारक, दुःखोत्पादक ; (सूअ २, १) ।

अमणुस्स पुं [अमनुष्य] १ मनुष्य-भिन्न देव आदि ; (णंदि) । २ नपुंसक ; (निचू १) ।

अमत्त न [अमत्र] भाजन, पात्र ; (सूअ १, ६) ।

अमम वि [अमम] १ ममता-रहित, निःस्पृह ; (पण्ह २, ५; सुपा ५००) । २ पुं. आगामी काल में होने वाले एक जिन-देव का नाम ; (सम १५३) । ३ युग्म रूप से होने वाले मनुष्यों की एक जाति ; (जं ४) । ४ न. दिन के २५ वाँ मुहुर्त का नाम ; (चंद १०) । °**त्त** वि [°त्व] निःस्पृह, ममता-रहित ; (पंचव ४) ।

अमय वि [अमय] विकार-रहित,

"अमओ य होइ जीवो, कारणविरहा जहेव आगासं ।
समयं च होअनिच्चं, मिम्मयघडतंतुमाईयं" (विसे) ।

अमय न [अमृत] १ अमृत, सुधा ; (प्रासू ६६) । २ क्षीर समुद्र का पानी; (राय) । ३ पुं. मोक्ष, मुक्ति ; (सम्म १६७; प्रामा) । ४ वि. नहीं मरा हुआ, जीवित, "अमओ हं नय विमुच्चामि" (पउम ३३, ८२) । °**कर** पुं [°कर] चन्द्र, चन्द्रमा ; (उप ७६८ टी) । °**किरण** पुं [°किरण] चन्द्र ; (सुपा ३७७) । °**कुंड** पुं [°कुण्ड] चन्द्र, चाँद ; (श्रा २७) । °**घोस** पुं [°घोष] एक राजा का नाम ; (संथा) । °**फल** न [°फल] अमृतोपम फल ; (णाया १, ६) । °**मइय**,

°मय वि [°मय] अमृत-पूर्ण ; (कुमा ; सुर ३, १२१ ; २३३) । °मऊह पुं [°मयूख] चन्द्र ; (मै ६८) । °वल्लरि, °वल्लरी स्त्री [°वल्लरि, °री] अमृतलता, वल्ली-विशेष, गुडूची । °वल्लि, °वल्ली स्त्री [°वल्लि, °ल्ली] वल्ली-विशेष, गुडूची ; (श्रा २० ; पव ४) । °वास पुं [°वर्ष] सुधा-वृष्टि; (आचा) । देखो **अमिय**=अमृत ।

अमय पुं [दे] १ चन्द्र, चन्द्रमा ; (दे १, १५) । २ असुर, दैत्य ; (षड्) ।

अमयणिग्गम पुं [दे. अमृतनिर्गम] १ चन्द्र, चन्द्रमा ; (दे १, १५) ।

अमर वि [आमर] दिव्य, देव-संबन्धी, "अमरा आउहभेया" (पउम ६१, ४६) ।

अमर पुं [अमर] १ देव, देवता ; (पाअ) । २ मुक्त आत्मा ; (औप) । ३ भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र ; (राज) । ४ अनन्तवीर्य-नामक भावी जिन-देव के पूर्व-जन्म का नाम; (ती २१) । ५ वि मरण-रहित "पावंति अविग्घेणं जीवा अयरामरं ठाणं" (पडि) । °कंका स्त्री [°कङ्का] एक नगरी का नाम ; (उप ६४८ टी) । °केउ पुं [°केतु] एक राज-कुमार ; (दंस) । °गिरि पुं [°गिरि] मेरु पर्वत ; (पउम ६५, ३७) । °गेह न [°गेह] स्वर्ग; (उप ७२८ टी) । °चन्दण न [चन्दन] १ हरिचन्दन वृक्ष ; २ एक प्रकार का सुगन्धित काष्ठ ; (पाअ) । °तरु पुं [°तरु] कल्प-वृक्ष; (सुपा ४४) । °दत्त पुं [°दत्त] एक श्रेष्ठि-पुत्र का नाम; (धम्म) । °नाह पुं [नाथ] इन्द्र ; (पउम १०१, ७५) । °पुर न [°पुर] स्वर्ग ; (पउम २, १४) । °पुरी स्त्री [°पुरी] स्वर्ग-पुरी, अमरावती; (उप पृ १०५) । °पभ पुं [°प्रभ] वानर-द्वीप का एक राजा ; (पउम ६, ६६) °वइ पुं [°पति] इन्द्र ; (पउम १०१, ७० ; सुर १, १) । °वहू स्त्री [°वधू] देवी; (महा) । °सामि पुं [स्वामिन्] इन्द्र; (विसे १४३६ टी) । °सेण पुं [°सेन] १ एक राजा का नाम ; (दंस) । २ एक राज-कुमार का नाम ; (णाया १, ८) । °ालय ति [°ालय] स्वर्ग ; "चविउममरालयाए" (उप ७२८ टी ; सुपा ३५) । °ावई स्त्री [°ावती] १ देव-नगरी, स्वर्ग-पुरी ; (पाअ) । २ मर्त्य-लोक की एक नगरी, राजा श्रीसेण की राजधानी ; (उप ९८६ टी) ।

अमरंगणा स्त्री [अमराङ्गना] देवी ; (श्रा २७) ।

अमरिंद पुं [अमरेन्द्र] देवों का राजा, इन्द्र ; (भवि) ।

अमरिस पुं [अमर्ष] १ असहिष्णुता ; (हे २, १०५) । २ कदाग्रह ; (उत्त ३४) । ३ क्रोध, गुस्सा ; (पण्ह १, ३; पाअ) ।

अमरिसण न [अमर्षण] १—३ ऊपर देखो । ४ वि. असहिष्णु, क्रोधी ; (पण्ह १, ४) । ५ सहिष्णु, क्षमा-शील ; (सम १५३) ।

अमरिसण वि [अमसृण] उद्यमी, उद्योगी ; (सम १५३) ।

अमरिसिय वि [अमर्षित] १ मत्सरी, असहिष्णु ; (आवम ; स ५६५) ।

अमरी स्त्री (अमरी) देवी ; (कुमा) ।

अमल वि [अमल] १ निर्मल, स्वच्छ; (उव ; सुपा ३४) । २ पुं. भगवान् ऋषभदेव के एक पुत्र का नाम ; (राज) ।

अमला स्त्री [अमला] शक्र की एक अग्र-महिषी का नाम, इन्द्राणी-विशेष ; (ठा ८) ।

अमाइ, **अमाइल्ल** वि [अमायिन्] निष्कपट, सरल ; (आचा ; ठा १० ; द ४७) ।

अमाघाय देखो **अमग्घाय** ; (उवा) ।

अमाण वि [अमान] १ गर्व-रहित, नम्र ; (कप्प) । २ असंख्य, "ठाणट्ठाणविलोइज्जमाणमाणोसहिसमूहो" (उव ६ टी) ।

अमाय वि [अमात] नहीं माया हुआ ; "सुसाहुवग्गस्स मणे अमाया" (सत्त ३५) ।

अमाय वि [अमाय] निष्कपट, सरल ; (कप्प) ।

अमायि देखो **अमाइ** ; (भग) ।

अमारि स्त्री [अमारि] हिंसा-निवारण, जीवित-दान ; (सुपा ११२) । °घोस पुं [°घोष] अहिंसा की घोषणा ; (सुपा ३०६) । °पडह पुं [°पटह] हिंसा-निषेध का डिण्डिम, "अमारिपडहं च घोसावेइ" (रयण ६०) ।

अमावसा, **अमावस्सा**, **अमावासा** स्त्री [अमावास्या] तिथि-विशेष, अमावस; (कप्प ; सुपा २२६ ; णाया १, १० ; चंद १०) ।

अमिज्ज वि [अमेय] माप करने के लिये अशक्य, असंख्य; (कप्प) ।

अमिज्झ न [अमेध्य] १ अशुचि वस्तु, "भरियममिज्झस्स दुरहिगंधस्स" (उप ७२८ टी) । २ विष्ठा ; (सुपा ३१३) ।

अमित्त पुंन [अमित्र] रिपु, दुश्मन ; (ठा ४, ४; से ५, १७) ।

अमिय देखो **अमय**=अमृत; (प्रासू १; गा २; विसे; आवम; पिंग)। °**कुंड** न [°**कुण्ड**] नगर-विशेष का नाम; (सुपा ५७८)। °**गइ** स्त्री [°**गति**] एक छन्द का नाम; (पिंग)। °**णाणि** पुं [°**ज्ञानिन्**] ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर देव का नाम; (सम १५३)। °**भूय** वि [**भूत**] अमृत-तुल्य; (आउ)। °**मेह** पुं [°**मेघ**] अमृत-वर्षा; (जं ३)। °**रुइ** पुं [°**रुचि**] चन्द्र, चन्द्रमा; (श्रा १६)।

अमिय वि [**अमित**] परिमाण-रहित, असंख्य, अनन्त; (भग ५, ४; सुपा ३१; श्रा २७)। °**गइ** पुं [°**गति**] दक्षिण दिशा के एक इन्द्र का नाम, दिक्कुमारों का इन्द्र; (ठा २, ३)। °**जस** पुं [°**यशस्**] एक चक्रवर्ती राजा का नाम; (महा)। °**णाणि** वि [°**ज्ञानिन्**] १ सर्वज्ञ; (विसे)। २ ऐरवत क्षेत्र के एक जिन-देव का नाम; (सम १५३)। °**तेय** पुं [°**तेजस्**] एक जैन मुनि का नाम; (उप ७६८टी)। °**बल** पुं [°**बल**] इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ४)। °**वाहण** पुं [°**वाहन**] दिक्कुमार देवों के एक इन्द्र का नाम; (ठा २, ३)। °**वेग** पुं [°**वेग**] राक्षस वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, २६१)। °**ासणिय** वि [°**ासनिक**] एक स्थान पर नहीं बैठने वाला, चंचल; (कप्प)।

अमिल न [**दे**] ऊन का बना हुआ वस्त्र; (श्रा १८)। २ पुं. मेष, भेड़; (ओघ ३६८)।

अमिला स्त्री [**अमिला**] १ बीसवें जिन-देव की प्रथम शिष्या; (सम १५२)। २ पाड़ी, छोटी भैंस; (बृह १)।

अमिलाण, **अमिलाय** वि [**अम्लान**] १ म्लानि-रहित, ताजा, हृष्ट; (सुर ३, ६५; भग ११, ११)। २ पुं. कुरण्टक वृक्ष; ३ न. कुरण्टक वृक्ष का पुष्प; (दे १, ३७)।

अमु स [**अदस्**] वह, अमुक; (पि ४३२)।

अमुअ स [**अमुक**] वह, कोई, अमका-ढमका; (ओघ ३२ भा; सुपा ३१४)।

अमुअ देखो **अमय**=अमृत; (प्रासू ५१; गा ९७६)।

अमुअ देखो **अमय**=अमय; (काप्र ७७७)।

अमुअ वि [**असमृत**] स्मरण में नहीं आया हुआ; (भग ३, ६)।

अमुइ वि [**अमोचिन्**] नहीं छोड़ने वाला; (उव)।

अमुग देखो **अमुअ**=अमुक; (कुमा)।

अमुगत्थ वि [**अमुत्र**] अमुक स्थान में; (सुपा ६०२)।

अमुण वि [**अज्ञ**] अजान, मूर्ख; (बृह १)।

अमुणिय वि [**अज्ञात**] अविदित; (सुर ४, २०)।

अमुणिय वि [**अज्ञान**] मूर्ख, अजान; (पण्ह १, २)।

अमुत्त वि [**अमुक्त**] अपरित्यक्त; (ठा १०)।

अमुत्त वि [**अमूर्त्त**] रूप-रहित, निराकार; (सुर १४, ३६)।

अमुदग्ग, **अमुयग्ग** न [**अमुदग्र**] १ अतीन्द्रिय मिथ्याज्ञान विशेष, जैसे देवताओं के पुद्गल-रहित शरीर को देख कर जीव का शरीर पुद्गल से निर्मित नहीं है ऐसा निर्णय; (ठा ७)।

अमुसा स्त्री [**अमृषा**] सत्य वचन; (सूअ १, १०)। °**वाइ** वि [°**वादिन्**] सत्यवादी; (कुमा)।

अमुह वि [**अमुख**] निरुत्तर; (वव ९)।

अमुहरि वि [**अमुखरिन्**] अ-वाचाट, मित-भाषी; (उत्त १)।

अमूढ वि [**अमूढ**] अ-मुग्ध, विचक्षण; (णाया १, ६)। °**णाण** न [°**ज्ञान**] सत्य ज्ञान; (आवम)। °**दिट्ठि** स्त्री [°**दृष्टि**] १ सम्यग्दर्शन; (पव ६)। २ अविचलित बुद्धि; (उत्त २)। ३ वि. अविचलित दृष्टि वाला, सम्यग्दृष्टि; (गच्छ १)।

अमूस वि [**अमृष**] सत्यवादी; (कुमा)।

अमेज्ज देखो **अमिज्ज**; (भग ११, ११)।

अमेज्झ देखो **अमिज्झ**; (महा)।

अमोल्ल वि [**अमूल्य**] जिसकी कीमत न हो सके वह, बहुमूल्य; (गउड; सुपा ५१६)।

अमोसलि न [**दे. अमुशलि**] वस्त्रादि-निरीक्षण का एक प्रकार; (ओघ २५)।

अमोसा देखो **अमुसा**; (कुमा)।

अमोह वि [**अमोघ**] १ अवन्ध्य, सफल; (सुपा ८३; ५७५)। २ पुं. सूर्य के उदय और अस्त के समय किरणों के विकार से होने वाली रेखा-विशेष; (भग ३, ६)। ३ एक यक्ष का नाम; (विपा १, ४)। °**दंसि** वि [°**दर्शिन्**] १ ठीक २ देखने वाला; (दस ६)। २ न. उद्यान-विशेष; ३ पुं. यक्ष-विशेष; (विपा १, ३)। °**पहारि** वि [°**प्रहारिन्**] अचूक प्रहार करने वाला, निशान-बाज; (महा)। °**रह** पुं [°**रथ**] इस नाम का एक रथिक; (महा)।

अमोह पुं [**अमोह**] १ मोह का अभाव, सत्य-ग्रह ; (विसे)। २ रुचक पर्वत का एक शिखर; (ठा ८)। ३ वि. मोह-रहित, निर्मोह ; (सुपा ८३)।

अमोहण न [**अमोहन**] १ मोह का अभाव; (वव १०)। २ वि. मुग्ध नहीं करने वाला ; (कप्प)।

अमोहा स्त्री [**अमोघा**] १ एक जम्बू-वृक्ष, जिसके नाम से यह जम्बूद्वीप कहलाता है; (जीव ३)। २ एक पुष्करिणी; (दीव)।

अम्म देखो **अंब**=आम्ल ; (उर २, ६)।

अम्मएव पुं [**आम्रदेव**] एक जैन आचार्य ; (पव २७६-गा ६०६)।

अम्मगा देखो **अम्मया** ; (उवा)।

अम्मच्छ वि [**दे**] असंबद्ध; (षड्)।

अम्मड देखो **अंबड** ; (औप)।

अम्मडी (अप) स्त्री [**अम्बा**] माता, माँ ; (हे ४, ४२४)।

अम्मणुअंचिय न [**दे**] अनुगमन, अनुसरण; (दे १, ४६)।

अम्मधाई देखो **अंबधाई**; (विपा १, ६)।

अम्मया स्त्री [**अम्बा**] १ माता, जननी ; (उवा)। २ पांचवें वासुदेव की माता का नाम ; (सम १५२)।

अम्महे (शौ) अ. हर्ष-सूचक अव्यय ; (हे ४, २८४)।

अम्मा स्त्री (**दे. अम्बा**) माता; माँ ; (दे १, ५)। °**पिइ**, °**पिउ**, °**पियर**, °**पीइ** पुंव. [°**पितृ**] माँ-बाप, माता-पिता ; (वव ३ ; कप्प; सुर ३, ८३ ; ठा ३, १; सुर ३, ८८ ; ७, १७०)। °**पेइय** वि [°**पैतृक**] माँ-बाप-संबन्धी ; (भग १, ७)।

अम्माइआ स्त्री [**दे**) अनुसरण करने वाली स्त्री, पीछे २ जाने वाली स्त्री (दे १, २२)।

अम्मो अ [ ] १ आश्चर्य-सूचक अव्यय ; (हे २, २०८ ; स्वप्न २६)। २ माता का संबोधन, हे माँ ; (उवा ; कुमा)।

अम्मोस वि [**अमर्ष्य**] अक्षम्य, क्षमा के अयोग्य ; (सुपा ४८७)।

अम्ह स [**अस्मत्**] हम, निज, खुद ; (हे २, ६६ ; १४२)। °**केर**, °**क्केर**, °**च्चय** वि [°**ीय**] अस्मदीय, हमारा ; (हे २, ६६ ; सुपा ४६६)।

अम्हत्त वि [**दे**] प्रमृष्ट, प्रमार्जित ; (षड्)।

अम्हार, **अम्हारय** (अप) वि [**अस्मदीय**] हमारा ; (षड् ; कुमा)।

अम्हारिच्छ वि [**अस्मादृक्ष**] हमारे जैसा ; (प्रामा)।

अम्हारिस वि [**अस्मादृश**] हमारे जैसा; (हे १, १४२; षड्)।

अम्हेच्चय वि [**आस्माक**] अस्मदीय, हमारा ; (कुमा ; हे २, १४६)।

अम्हो अ [**अहो**] आश्चर्य-सूचक अव्यय ; (षड्)।

अय पुं [**अग**] १ पहाड़, पर्वत ; २ साँप, सर्प ; ३ सूर्य, सूरज ; (श्रा २३)।

अय पुं [**अज**] १ छाग, बकरा ; (विपा १, ४)। २ पूर्व भाद्रपदा नक्षत्र का अधिष्ठायक देव ; (ठा २, ३)। ३ महादेव ; ४ विष्णु ; ५ रामचन्द्र ; ६ ब्रह्मा ; ७ कामदेव ; (श्रा २३)। ८ महाग्रह-विशेष ; (ठा ६)। ६ बीजोत्पादक शक्ति से रहित धान्य ; (पउम ११, २५)। °**करक** पुं [°**करक**] एक महाग्रह का नाम ; (ठा २, ३)। °**वाल** पुं [°**पाल**] आभोर ; (श्रा २३)।

अय पुं [**अय**] १ गमन, गति ; (विसे २७६३; श्रा २३)। २ लाभ, प्राप्ति; ३ अनुभव ; (विसे)। ४ न. पुण्य; (ठा १०)। ५ भाग्य, नसीब; (श्रा २३)।

अय न [**अक**] १ दुःख ; २ पाप ; (श्रा २३)।

अय न [**अयस्**] लोहा, लोह ; (ओव ६२)। °**आगर** पुं [°**आकर**] १ लोहे की खान ; (निचू ५)। २ लोहे का कारखाना ; (ठा ८)। °**कंत** °**क्खंत** पुं [°**कान्त**] लोह-चुम्बक; (आवम)। °**कडिल्ल** न [**दे** °**कडिल्ल**] कटाह ; (ओघ)। °**कुंडी** स्त्री [°**कुण्डी**] लोहे का भाजन-विशेष ; (विपा १, ६)। °**कोट्ठय** पुं [°**कोष्ठक**] लोहे का कुशूल, लोहे का गोला ; " पोट्टं अयकोट्ठग्रो व्व वट्टं" (उवा)। °**गोलय** पुं [°**गोलक**] लोहे का गोला ; (श्रा १६)। °**दव्वी** स्त्री [°**दर्वी**] लोहे की कड़छी , जिससे दाल, कढ़ी आदि हलाया जाता है ; (दे २, ७)। °**पाय** न [°**पात्र**] लोहे का भाजन। °**सलागा** स्त्री [°**शलाका**] लोहे की सलाई ; (उप २११ टी)।

अय सक [**अय्**] १ गमन करना, जाना । २ प्राप्त करना । ३ जानना । वकृ—**अयमाण** ; (सम ६३)।

अयंछ सक [**कृष्**] १ खींचना । २ जोतना, चास करना । ३ रेखा करना । अयंछइ ; (हे ४, १८७)।

अयंछिर वि [**कर्षिन्**] कर्षण-शील, खींचने वाला ; (कुमा)।

अयंड पुं [**अकाण्ड**] १ अनुचित समय ; (महा)। २ अकस्मात् , हठात् ; (पउम ५, १६४; से ६,४४; गउड)। ३ क्रिवि. अनवसर, अतर्कित ; (पाअ)।

अयंत वक्र [**आयत्**] आता हुआ, प्रवेश करता हुआ ; (आवम)।

अयंपिर वि [**अजल्पितृ**] नहीं बोलने वाला, मौनी ; (पि २६६; ५६६)।

अयंपुल पुं [**अयंपुल**] गो-शालक का एक शिष्य ; (भग ८, ५)

अयंस पुं [**आदर्श**] दर्पण, काँच । °**मुह** पुं [°**मुख**] १ इस नाम का एक द्वीप ; २ द्वीप-विशेष का निवासी ; (इक)।

अयंसंधि वि [**इदंसंधि**] उपयुक्त कार्य को यथासमय करने वाला ; (आचा)।

अयक्क } पुं [**दे**] दानव, असुर ; (दे १, ६)।
अयग }

अयगर पुं [**अजगर**] अजगर, मोटा साँप ; (पण्ह १, १ ; पउम ६३, ५४)।

अयड पुं [**दे. अवट**] कूप, कुँआ ; (दे १, १८)।

अयण न [**अतन**] सतत होना, निरन्तर होना ; (विसे ३५७८)।

अयण न [**अयन**] १ गमन ; २ प्राप्ति, लाभ ; (विसे ८३)। ३ ज्ञान, निर्णय ; (विसे ८३)। ४ गृह, मन्दिर " चंडियायणं " (स ४३५)। ५ वि. प्रापक, प्राप्त करने वाला ; (विसे ६६०)। ६ पुंन. वर्ष का आधा भाग, जिसमें सूर्य दक्षिण से उत्तर में या उत्तर से दक्षिण में जाता है ; ((ठा २, ४) ;

" एक्के अअणे दिअहा, वीए रअणीओ होंति दोहाओ।
विरहाअणो अउव्वो, इत्थ दुवे च्चेअ वड्ढंति "
(गा ८४६)।

अयण न [**अदन**] १ भक्षण ; २ खुराक, भोजन ; (स १३० ; उर ८, ७)।

अयणु वि [**अज्ञ**] अजान, मूर्ख ; (सुर ३, १६६)।

अयणु वि [**अतनु**] स्थूल, मोटा, महान् ; (सण)।

अयतंचिअ वि [**दे**] पुष्ट, उपचित; (दे १, ४७)।

अयर वि [**अजर**] वृद्धावस्था-रहित " अयरामरं ठाणं " (पडि; उव)।

अयर पुंन [**अतर**] १ सागर, समुद्र ; (दं २८)। २ समय का मान-विशेष, सागरोपम ; (संग २१, २५ ; धण ४३)। ३ वि. तरने को अशक्य ; (वृह १)। ४ असमर्थ, अशक्त ; (निचू १)। ५ ग्लान, विमार ; (वृह १)।

अयरामर वि [**अजरामर**] १ जरा और मरण से रहित ; (नव २)। २ न मुक्ति, मोक्ष ; (पउम ८, १२७)।

अयल देखो **अचल**=अचल ; (पाअ ; गउड; उप पृ १०५; अंत ३ ; पउम ८५, ४; सम ८८ ; कप्प ; सम १६)।

अयला देखो **अचला**; (पउम १२०, १५६)।

अयस देखो **अजस** ; (गउड ; प्रासू २३; १५३ ; गा १७८)।

अयसि वि [**अयशस्विन्**] अजसी, यशो-रहित, कीर्ति-शून्य; (गउड)।

अयसि } स्त्री [**अतसी**] धान्य-विशेष, अलसी ; (भग;
अयसी } ठा ७ ; णाया १, ५)।

अया स्त्री [**अजा**] १ बकरी ; २ माया, अविद्या ; ३ प्रकृति, कुदरत; (हे ३, ३२;षड्)। °**किवाणिज्ज** पुं [°**कृपाणीय**] न्याय-विशेष, जैसे बकरी के गले पर अनधारी छुरी पड़ती है उस माफिक अनधारा किसी कार्य का होना; (आचा)। °**पाल** पुं [°**पाल**] आभीर, बकरी चराने वाला ; (स २६०)। °**वय** पुं [°**व्रज**] बकरी का वाडा ; (भग १६, ३)।

अयागर देखो **अय-आगर**; (ठा ८)।

अयाण न [**अज्ञान**] ज्ञान का अभाव ; (सत्त ६३)।

अयाण वि [**अज्ञ, अज्ञान**] अजान, अज्ञानी, मूर्ख ; (ओघ ७४ ; पउम २२, ८३ ; गा २७५ ; दे ७, ७३)।

अयाणअ वि [**अज्ञायक**] ऊपर देखो ; (पाअ; भवि)।

अयाणंत देखो **अजाणंत** ; (ओघ ११)।

अयाणमाण देखो **अजाणमाण** ; (नव ३६)।

अयाणिय देखो **अजाणिय** ; (उप ७२८ टी)।

अयाणुय देखो **अजाणुय** ; (सुर ३, १६८ ; सुपा ५४३)।

अयार पुं [**अकार**] 'अ' अक्षर; (विसे ४७८)।

अयाल पुं [**अकाल**] अयोग्य समय, अनुचित काल ; (पउम २२, ८५)।

अयालि पुं [**दे**] दुर्दिन, मेघाच्छन्न दिवस ; (दे १, १३)।

अयालिय वि [**अकालिक**] आकस्मिक, अकाण्डोत्पन्न, " पडउ पडउ एयस्स हत्थतले अयालिया विज्जू " (रंभा)।

अयि देखो **अइ**=अयि ; (हे २, २१७)।

अयुजरेवइ स्त्री [दे] अचिर-युवति, नवोढा, दुलहिन; (षड्)।
अयोमय देखो **अओ-मय**; (अंत १६)।
अय्यावत्त (शौ) पुं [**आर्यावर्त**] भारत, हिन्दुस्थान; (कुमा)।
अय्युण (म) देखो **अज्जुण**; (हे ४, २६२)।
अर पुं [**अर**] १ धूरी, पहिये का बीचका काष्ठ; २ अठारहवाँ जिनदेव और सातवाँ चक्रवर्ती राजा; "सुमिणे अरं महरिहं पासइ जणणी अरो तम्हा" (आव २; सम ४३; उत्त १८)। ३ समय का एक परिमाण, कालचक्र का बारहवाँ हिस्सा; (ती २१)।
°**अर** पुं [°**कर**] १ किरण; (गा ३४३; से १, १७)। हस्त; हाथ; (से १, २८)। ३ शुल्क, चुंगी; (से १, २८)।
अरइ स्त्री [**अरति**] १ बेचैनी; (भग; आचा; उत्त २)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] अरति का हेतु-भूत कर्म-विशेष; (ठा ६)। °**परिसह, परीसह** पुं (°**परिषह, परीषह**) अरति को सहन करना; (पंच ८)। °**मोहणिज्ज** न [°**मोह-नीय**] अरति का उत्पादक कर्म-विशेष; (कम्म १)। °**रइ** स्त्री [°**रति**] सुख-दुःख; (ठा १)।
°**अरंग** देखो **तरंग**; (से २, २६)।
अरंजर पुंन [**अरञ्जर**] घड़ा, जल-घट; (ठा ४, ४)।
°**अरक्ख** देखो **वरक्ख**; (से ६, ४४)।
अरक्खरी स्त्री [**अराक्षरी**] नगरी-विशेष; (आक)।
अरग देखो **अर**; (पण्ह २, ४; भग ३, ५)।
अरज्झिय वि [**अरहित**] निरन्तर, सतत "अरज्झि-याभितावा" (सुअ १, ५, १)।
अरड्डु पुं [**अरड्डु**] वृक्ष-विशेष; (उप १०३१ टी)।
अरण न [**अरण**] हिंसा; (उव)।
अरणि पुं [**अरणि**] १ वृक्ष-विशेष; २ इस वृक्ष की लकड़ी, जिसको घिसने पर अग्नि जल्दी पैदा होती है; (आवम; गाया १, १८)।
अरणि पुंस्त्री [दे] १ रास्ता, मार्ग; २ पङ्क्ति, कतार; (षड्)।
अरणिया स्त्री [**अरणिका**] वनस्पति-विशेष; (आचा)।
अरणेट्टय पुं [दे. **अरणेटक**] पत्थरों के टुकड़ों से मिली हुई सफेद मिट्टी; (जी ३)।
अरण्ण न [**अरण्य**] वन, जंगल; (हे १, ६६)।
°**वडिंसग** न [°**वतंसक**] देव-विमान विशेष; (सम ३६)। °**साण** पुं [°**श्वन्**] जंगली कुत्ता; (कुमा)।
अरण्णय वि [**आरण्यक**] जंगली, जंगल-वासी; (अभि ५२)।
अरत्त वि [**अरक्त**] राग-रहित, नीराग; (आचा)।
अरन्न देखो **अरण्ण**; (कप्प; उव)।
अरमंतिया स्त्री [**अरमन्तिका**] अ-रमणता, कार्य में अत-त्परता; (उवा)।
अरय देखो **अर**; (खेत्त १०८)।
अरय वि [**अरजस्**) १ रजोगुण-रहित; (पउम ६, १४६)। २ एक महाग्रह का नाम; (ठा २, ३)। ३ त्रि. धूली-रहित, निर्मल; (कप्प)। ४ न. पांचवें देव-लोक का एक प्रतर; (ठा ६)। ५ रजोगुण का अभाव; "अरो य अरयं पत्तो पत्तो गइमणुत्तरं" (उत्त १८)।
अरय वि [**अरत**] अनासक्त, निःस्पृह; (आचा)।
अरया स्त्री [**अरजा**] कुमुद-नामक विजय की राजधानी; (जं ४)।
अरयणि पुं [**अरत्नि**] परिमाण-विशेष, खुली अंगुली वाला हाथ; (ठा ४, ४)।
अरर न [**अरर**] १ युद्ध; २ ढकना। °**कुरी** स्त्री [°**कुरी**] नगरी-विशेष; (धम्म ६ टी)।
अररि पुंन [**अररि**] किवाड़, द्वार; (प्रामा)।
अरल न [दे] १ चीरी, कीट-विशेष; २ मशक, मच्छड़; (दे १, ५३)।
अरलाया स्त्री [दे] चीरी, कीट-विशेष; (दे १, २६)।
अरलु देखो **अरड्डु**; (पउम ४२, ८)।
अरविंद न [**अरविन्द**] कमल, पद्म; (पण्ह २, ४)।
अरविंदर वि [दे] दीर्घ, लम्बा; (दे १, ४५)।
अरस पुं [**अरस**] रस-रहित, नीरस; (गाया १, ५)।
अरस पुं [**अर्शस्**] व्याधि-विशेष, बवासीर; (श्रा २२)।
अरह वकृ [**अर्हत्**] १ पूजा के योग्य, पूज्य; (षड्; हे २, १११)। २ पुं. जिन-देव, तीर्थंकर; (सम्म ६७)। °**मित्त** पुं [°**मित्र**] एक व्यापारी का नाम; (गच्छ २)।
अरह वि [**अरहस्**] १ प्रकट। २ जिससे कुछ भी छिपा न हो। ३ पुं. जिन-देव, सर्वज्ञ; (ठा ४, १; ६)।
अरह वि [**अरथ**] परिग्रह-रहित; (भग)।

अरहंत वकृ [**अर्हत्**] १ पूजा के योग्य, पूज्य ; (षड् ; हे २, १११ ; भग ८, ५)। २ पुं. जिन भगवान्, तीर्थंकर-देव ; (आचा; ठा ३, ४)।

अरहंत वि [**अरहोन्तर्**] १ सर्वज्ञ, सब कुछ जानने वाला। २ पुं. जिन भगवान ; (भग २, १)।

अरहंत वि [**अरथान्त**] १ निःस्पृह, निर्मम ; २ पुं. जिन-देव ; (भग)।

अरहंत वकृ [**अरहयत्**] १ अपने स्वभाव को नहीं छोडने वाला ; २ पुं. जिनेश्वर देव ; (भग)।

अरहट्ट पुं [**अरघट्ट**] अरहट, पानी का चरखा, पानी निकालने का यन्त्र-विशेष ; (गा ४६० ; प्रासू ५५ ; "भमिओ कालमणंतं अरहट्टघडिव्व जलमज्झे" (जीवा १)।

अरहण्णय पुं [**अरहन्नक**] एक व्यापारी का नाम ; (णाया १, ८)।

अराइ पुं [**अराति**] रिपु, दुश्मन ; (कुमा)।

अराइ स्त्री [**अरात्रि**] दिन, दिवस ; (कुमा)।

अरागि वि [**अरागिन्**] राग-रहित; वीतराग ; (पउम ११७, ४१)।

अरि पुं [**अरि**] दुश्मन, रिपु ; (पउम ७३, १६)। °**छव्वग्ग** पुं [°**षड्वर्ग**] छः आन्तरिक शत्रु—काम, क्रोध, लोभ, मान, मद, हर्ष ; (सूअ १, १, ४)। °**दमण** वि [°**दमन**] १ रिपु-विनाशक। २ पुं. इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम ; (पउम ५, ७)। ३ एक जैन मुनि जो भगवान् अजितनाथ के पूर्वजन्म के गुरू थे ; (पउम २०, ७)। °**दमणी** स्त्री [°**दमनी**] विद्या-विशेष; (पउम ७, १४५)। °**विद्धंसी** स्त्री [°**विध्वंसिनी**] रिपु का नाश करने वाली एक विद्या ; (पउम ७, १४०)। °**संतास** पुं [°**संत्रास**] राक्षस वंश में उत्पन्न लङ्का का एक राजा ; (पउम ५, २६५)। °**हंत** वि [°**हन्तृ**] १ रिपु-विनाशक ; २ पुं जिन-देव ; (आवम)।

अरिस देखो **अरस** ; (णाया १, १३)।

अरिसल्ल, **अरिसिल्ल** वि [**अर्शस्वत्**] बवासीर रोग वाला ; (पाअ ; विपा १, ७)।

अरिह वि [**अर्ह**] १ योग्य, लायक ; (सुपा २६६ ; प्राप्र)। २ जिन-देव ; (औप)।

अरिह सक [**अर्ह**] १ योग्य होना। २ पूजा के योग्य होना। ३ पूजा करना। अरिहइ ; (महा)। अरिहेति ; (भग)।

अरिह देखो **अरह**=अर्हत् ; (हे २, १११ ; षड्)। °**दत्त**, °**दिण्ण** पुं [°**दत्त**] जैन मुनि-विशेष का नाम ; (कप्प)।

अरिहंत देखो **अरहंत** = अर्हत् ; (हे २, १११ ; षड् ; णाया १, १)। °**चेइय** न [°**चैत्य**] १ जिन-मन्दिर ; (उवा ; आचू)। °**सासण** न [°**शासन**] १ जैन आगम-ग्रन्थ ; २ जिन-आज्ञा ; (पण्ह २, ५)।

°**अरु** देखो **तरु** ; (से २, १६; ५, ८५)।

अरुग न [**दे. अरुक**] व्रण, घाव, "अरुगं इहरा कुत्थइ" (वृह ३)।

अरुण पुं [**अरुण**] १ सूर्य, सूरज ; (से ३, ६)। २ सूर्य का सारथि ; ३ संध्याराग, सन्ध्या की लाली ; (से ८, ७)। ४ द्वीप-विशेष ; ५ समुद्र-विशेष, "गंतूण होइ अरुणो, अरुणो दीवो तओ उदही" (दीव)। ६ एक ग्रह-देवता का नाम ; (ठा २, ३—पत्र ७८)। ७ गन्धावती-पर्वत का अधिष्ठाता देव ; (ठा २, ३—पत्र ६६)। ८ देव-विशेष ; (णंदि)। ६ रक्त रंग, लाली ; (गउड)। १० न. विमान-विशेष ; (सम १४)। ११ वि. रक्त, लाल ; (गउड)। °**कंत** न [°**कान्त**] देव-विमान-विशेष ; (उवा)। °**कील** न [°**कील**] देव-विमान-विशेष ; (उवा)। °**गंगा** स्त्री [°**गङ्गा**] महाराष्ट्र देश की एक नदी; (ती २८)। °**गव** न [°**गव**] देव-विमान-विशेष ; (उवा)। °**ज्झय** न [°**ध्वज**] एक देव-विमान का नाम ; (उवा)। °**प्पभ**, °**प्पह** न [°**प्रभ**] इस नाम का एक देव-विमान ; (उवा)। °**भद्द** पुं [°**भद्र**] एक देवता का नाम ; (सुज्ज १६)। °**भूय** न [°**भूत**] एक देव-विमान ; (उवा)। °**महाभद्द** पुं [°**महाभद्र**] देव-विशेष ; (सुज्ज १६)। °**महावर** पुं [°**महावर**] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष ; (इक)। °**वडिंसय** न [°**ावतंसक**] एक देव-विमान ; (उवा)। °**वर** पुं [°**वर**] १ द्वीप विशेष ; २ समुद्र-विशेष ; (सुज्ज १६)। °**वरोभास** पुं [°**वरावभास**] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष; (सुज्ज १६)। °**सिट्ठ** न [°**शिष्ट**] एक देव-विमान ; (उवा)। °**ाभ** न [°**ाभ**] देव-विमान-विशेष ; (उवा)।

अरुण न [**दे**] कमल, पद्म ; (दे १, ८)।

अरुणिय वि [**अरुणित**] रक्त, लाल ; (गउड)।

अरुणुत्तरवडिंसग न [**अरुणोत्तरावतंसक**] इस नाम का एक देव-विमान ; (सम १४)।
अरुणोदग पुं [**अरुणोदक**] समुद्र-विशेष ; (सुज्ज १६)।
अरुणोदय पुं [**अरुणोदय**] समुद्र-विशेष ; (भग)।
अरुणोववाय पुं [**अरुणोपपात**] ग्रन्थ-विशेष का नाम ; (गांदि)।
अरुय वि [**अरुष्**] व्रण, घाव ; (सूत्र १, ३, ३)।
अरुय वि [**अरुज्**] नीरोगी, रोग-रहित ; (सम १ ; अजि २१)।
अरुह देखो **अरह**=अर्हत् ; (हे २, १११ ; षड् ; भवि)।
अरुह वि [**अरुह**] १ जन्म-रहित ; २ पुं. मुक्त आत्मा ; (पव २७५ ; भग १, १)। ३ जिन-देव ; (पउम ५, १२२)।
अरुह देखो **अरिह**=अर्ह् । अरुहसि ; (अभि १०४)। वकृ—**अरुहमाण** ; (षड्)।
अरुह वि [**अर्ह**] योग्य ; (उत्तर ८४)।
अरुहंत देखो **अरहंत**=अर्हत् ; (हे २, १११ ; षड्)।
अरुहंत वि [**अरोहत्**] १ नहीं उगता हुआ, जन्म नहीं लेता हुआ ; (भग १, १)।
अरूव वि [**अरूप**] रूप-रहित, अमूर्त ; (पउम ७५, २६)।
अरूवि वि [**अरूपिन्**] ऊपर देखो ; (ठा ५, ३ ; आचा ; पण्ण १)।
अरे अ [**अरे**] १—२ संभाषण और रति-कलह का सूचक अव्यय ; (हे २, २०१ ; षड्)।
अरोअ अक [**उत्+लस्**] उल्लास पाना, विकसित होना। अरोअइ ; (हे ४, २०२ ; कुमा)।
अरोअअ पुं [**अरोचक**] रोग-विशेष, अन्न की अरुचि ; (श्रा २२)।
अरोइ वि [**अरोचिन्**] अरुचि वाला, रुचि-रहित, " अरोइ अत्थे कहिए विलावो " (गोय ७)।
अरोग वि [**अरोग**] रोग-रहित ; (भग १८, १)। °**या** स्त्री [°**ता**] आरोग्य, नीरोगता ; (उप ७२८ टी)।
अरोगि वि [**अरोगिन्**] नीरोग, रोग-रहित। °**या** स्त्री [°**ता**] आरोग्य, तंदुरस्ती ; (महा)।
अरोस वि [**अरोष**] १ गुस्सा-रहित। २—३ पुं. एक म्लेच्छ देश और उसमें रहने वाली म्लेच्छ-जाति ; (पण्ह १, १)।
अल न [**अल**] १ विच्छू के पुच्छ का अग्र भाग,
" अलमेव विच्छुआणं, मुहमेव अहीणं तह य मंदस्स।
दिट्ठि-विसं पिसुणाणं, सव्वं सव्वस्स भय-जणयं "
(प्रासू १६)।
२ अला-देवी का एक सिंहासन ;(णाया २)। ३ वि. समर्थ ; (आचा)। °**पट्ट** न [°**पट्ट**] विच्छू के पूंछ जैसे आकार वाला एक शस्त्र ; (विपा १, ६)।
°**अल** देखो **तल** ; (गा ७५ ; से १, ७८)।
अलं अ [**अलम्**] १ पर्याप्त, पूर्ण ; " अलमाणंदं जणंतीए " (सुर १३, २१) । २ प्रतिषेध, निवारण, बस ; (उप २, ७)।
अलंकर सक [**अलं+कृ**] भूषित करना, विराजित करना। अलंकरेंति ; (पि ५०६)। वकृ—**अलंकरंत** ; (माल (१४३)। संकृ—**अलंकरिअ** ; (पि ५८१)। प्रयो, कर्म—अलंकरावीयउ ; (स ६४)।
अलंकरण न [**अलङ्करण**] १ आभूषण, अलंकार; (रयण ७४, भवि)। २ वि. शोभा-कारक ; " मज्झमलोअस्स अलंकरणिं सुलोअणिं " (विक्र १४)।
अलंकरिय वि [**अलंकृत**] सुशोभित. विभूषित, " किं नयरमलंकरियं जम्ममहेणं तए महापुरिस। " (सुपा ५८४ ; सुर ४, ११८)।
अलंकार पुं [**अलंकार**] १ भूषण, गहना; (औप ; राय)। २ भूषा, शोभा ; (ठा ४, ४)। °**सहा** स्त्री [°**सभा**] भूषा-ग्रह, शृङ्गार-घर ; (इक)।
अलंकारिय पुं [**अलंकारिक**] नापित, नाई, हजाम ; (णाया १, १३)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] हजामत, क्षौर-कर्म ; (णाया १, १३)। °**सहा** स्त्री [°**सभा**] हजामत बनाने का स्थान ; (णाया १, १३)।
अलंकिय वि [**अलंकृत**] १ विभूषित, सुशोभित ; (कप्प; महा)। २ न. संगीत का एक गुण ; (जीव ३)।
अलंकुण देखो **अलंकर**। अलंकुणंति; (रयण ५२)।
अलंघ वि [**अलङ्घ्य**] १ उल्लंघन करने को अयोग्य ; (सुर १, ४१)। २ उल्लंघन करने को अशक्य ; (उप ५६७ टी)।
अलंघणिय } वि [**अलङ्घनीय**] ऊपर देखो ; (महा ;
अलंघणीय } सुपा ६०१ ; पि ९६ ; नाट)।
अलंप पुं [**दे**] कुर्कुट, मुर्गा ; (दे १, १३)।

अलंवुसा स्त्री [**अलम्बुषा**] १ एक दिक्कुमारी देवी का नाम ; (ठा ८)। २ गुल्म-विशेष ; (पाअ)।
अलंभि स्त्री [**अलाभ**] अ-प्राप्ति ; (ओघ २३ भा)।
अलका स्त्री [**अलका**] नगरी-विशेष, पहले प्रतिवासुदेव की राजधानी ; (पउम २०, २०१)। देखो **अलया**।
अलक्ख पुं [**अलक्ष**] १ इस नामका एक राजा, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ले कर मुक्ति पाई थी ; (अंत १८)। २ न. 'अंतगडदसा' सूत्र के एक अध्ययन का नाम ; (अंत १८)।
अलक्ख वि [**अलक्ष्य**] लक्ष्य में न आ सके ऐसा ; (सुर ३, १३६ ; महा)।
अलक्खमाण वि [**अलक्ष्यमाण**] जो पिछाना न जा सकता हो, गुप्त ; (उप ५६३ टी)।
अलक्खिय वि [**अलक्षित**] १ अज्ञात, अपरिचित ; (से १३, ४५)। २ नहीं पिछाना हुआ ; (सुर ४, १४०)।
अलग देखो **अलय**=अलक ; (महा)।
अलगा देखो **अलया** ; (अंत १)।
अलग्ग न [**दे**] कलंक देना, दोष का झूठा आरोप ; (दे १, ११)।
अलचपुर न [**अचलपुर**] नगर-विशेष ; (कुमा)।
अलज्ज वि [**अलज्ज**] निर्लज्ज, वेशरम ; (पराह १, ३)।
अलज्जिर वि [**अलज्जालु**] ऊपर देखो ; (गा ६०; ४४५ ; ६६१ ; महा)।
अलट्टपल्लट्ट न [**दे**] पार्श्व का परिवर्तन ; (दे १, ४८)।
अलत्त पुं [**अलक्त**] आलता, स्त्री-लोक हाथ-पैर को लाल करने के लिए जो रंग लगाती है वह ; (अनु ५)।
अलत्तय पुं [**अलक्तक**] १ ऊपर देखो ; (सुपा ४०६)। २ आलता से रँगा हुआ ; (अनु)।
°**अलधोय** देखो **कलधोय** ; (से ६, ४६)।
अलमंजुल वि [**दे**] आलसी, सुस्त ; (दे १, ४६)।
अलमंथु वि [**अलमस्तु**] १ समर्थ; २ निषेधक, निवारक; (ठा ४, २)।
अलमल पुं [**दे**] दुर्दान्त वैल ; (दे १, २५)।
अलमलवसह पुं [**दे**] उन्मत्त वैल ; (दे १, २५)।
अलय न [**दे**] विद्रुम, प्रवाल ; (दे १, १६ ; भवि)।
अलय पुं [**अलक**] १ विच्छू का कांटा ; (विपा १, ६)। २ केश, घुंघराले वाल ; (पाअ ; स ६६)।
अलया स्त्री [**अलका**] कुवेर की नगरी ; (पाअ ; णाया १, ४)। देखो **अलका**।
अलव वि [**अलप**] मौनी, नहीं वोलने वाला ; (सुअ २, ६)।
अलवलवसह पुं [**दे**] धूर्त वैल ; (षड्)।
अलस वि [**अलस**] १ आलसी, सुस्त ; (प्रासू ७)। २ मन्द, धीमा ; (पाअ)। ३ पुं. क्षुद्र कीट-विशेष, भू-नाग, वर्षा-ऋतु में साँप-सरीखा लाल रंग का जो लम्वा जन्तु उत्पन्न होता है वह ; (जी १५ ; पुप्फ २६५)।
अलस वि [**दे**] १ मधुर अवाज वाला " खं अलसं कलमंजुलं " (पाअ)। २ कुसुम्भ रंग से रँगा हुआ ; ३ न. मोम ; (दे १, ५२)।
°**अलस** देखो **कलस**; (से १, ६; ११; ४०; गा ३६९)।
अलसग } पुं [**अलसक**] १ विसूचिका रोग ; (उवा)।
अलसय } २ श्वयथु, सूजन ; (आचा)।
अलसाइअ वि [**अलसायित**] जिसने आलसी की तरह आचरण किया हो, मन्द; (गा ३५२)।
अलसाय अक [**अलसाय्**] आलसी होना, आलसी की तरह काम करना। अलसाअइ ; (पि ५५८)। वकृ—**अलसायंत, अलसायमाण** ; (से १४, १ ; उप पृ ३१५ ; गच्छ १)।
अलसी देखो **अयसी** ; (आचा ; षड् ; हे २, ११)।
अला स्त्री [**अला**] १ इस नाम की एक देवी ; (ठा ६)। २ एक इन्द्राणी का नाम ; (णाया २)। °**वडिंसग** न. [°**वतंसक**] अलादेवी का भवन ; (णाया २)।
°**अला** देखो **कला** ; (गा ६५७)।
अलाउ न [**अलावु**] तुम्वी-फल, तुम्वा ; (औप; प्रासू १५१)।
अलाऊ } स्त्री [**अलावू**] तुम्वी-लता ; (कुमा ; षड्)।
अलावू }
अलाय न [**अलात**] १ उल्मुक, जलता हुआ काष्ठ ; (दे १, १०७ ; ओघ २१ भा)। २ अङ्गार, कोयला ; (से ३, ३४)।
अलावु देखो **अलाउ** ; (जं ३)।
अलावू देखो **अलाऊ** ; (पि १४१; २०१)।
अलाह पुं [**अलाभ**] नुकसान, गैरलाभ; " ववहरमाणाण पुणो होइ सुलाहो कयावलाहो वा " (सुपा ४४६)।

अलाहि देखो **अलं** ; (उव ७२८ टी; हे २, १८९ ; गाया १, १ ; गा १२७)।

अलि पुं [**अलि**] भ्रमर ; (कुमा)। °**उल** न [°**कुल**] भ्रमरों का समूह ; (हे ४, २५३)। °**विरुय** न [°**विरुत**] भ्रमर का गुन्जारव ; (पाअ)।

अलिअल्ली स्त्री [**दे**] १ कस्तूरी ; २ व्याघ्र, शेर ; (दे १, ५६)।

अलिआ स्त्री [**दे**] सखी ; (दे १, १६)।

अलिआर न [**दे**] दूध ; (दे १, २३)।

अलिंजर न [**अलिञ्जर**] १ घड़ा, कुम्भ ; (ठा ४, २)। २ कुण्ड, पात्र-विशेष ; (दे १, ३७)।

अलिंजरअ पुं [**अलिञ्जरक**] १ घड़ा ; (उवा)। २ रंगने का कुंडा, रंग-पात्र ; (पाअ)।

अलिंद न [**अलिन्द**] पात्र-विशेष, एक प्रकार का जल-पात्र; (ओघ ४७६)।

अलिंदग पुं [**अलिन्दक**] १ द्वार का प्रकोष्ठ ; (स ४७६)। २ घर के बाहर के दरवाजे का चौक ; ३ बाहर का अग्र-भाग ; (बृह २ ; राज)।

अलिण पुं [**दे**] वृश्चिक, विच्छू ; (दे १, ११)।

अलिणी स्त्री [**अलिनी**] भ्रमरी ; (कुमा)।

अलित्त न [**अरित्र**] नौका खेवने का डाँड़, चप्पू ; (आचा २, ३ १)।

अलिय न [**अलिक**] कपाल ; (पाअ)।

अलिय न [**अलीक**] १ मृषावाद, असत्य वचन ; (पाअ)। २ वि. झूठा, खोटा, " अलिअपं।रुसालाव—" (पाअ)। ३ निष्फल, निरर्थक ; (पगह १, २)। °**वाइ** वि [°**वादिन्**] मृषावादी ; (पउम ११, २७; महा)।

अलिल्ल सक [**कथय्**] कहना, बोलना। अलिल्लह ; (पिंग)।

अलिल्लह न [**दे**] १ छन्द-विशेष का नाम ; २ वि. अप्रयोजक , नियम-रहित ; (पिंग)।

अलिल्ला स्त्री [**अलिल्ला**] इस नाम का एक छन्द ; (पिंग)।

अलीग } देखो **अलिय**=अलीक; (सुर ४ २२३ ; सुपा
अलीय } ३०० ; महा)।

अलीवहू स्त्री [**अलिवधू**] भमरी ; (कुमा)।

अलीसअ पुं [**दे**] शाक-वृक्ष, साग का पेड़ ; (दे १, २७)।

अलुक्खि वि [**अरूक्षिन्**] कोमल ; (भग ११, ४)।

अलेस्सि वि [**अलेश्यिन्**] १ लेश्या-रहित ; २ पुं. मुक्त आत्मा ; (ठा ३, ४)।

अलोग पुं [**अलोक**] जीव-पुद्गल आदि रहित आकाश ; (भग)।

अलोणिय वि [**अलवणिक**) लूण-रहित, नमक-शून्य, " नय अलोणियं सिलं कोइ चट्टेइ " (महा)।

अलोय देखो **अलोग** ; (सम १)।

अलोभ पुं [**अलोभ**] १ लोभ का अभाव, संतोष। २ वि. लोभ-रहित, संतोषी ; (भग; उव)।

अलोल वि [**अलोल**] अ-लम्पट, निर्लोभ ; (दस १० ; पि ८५)।

अलोह देखो **अलोभ** ; (कप्प)।

अल्ल न [**दे**] दिन, दिवस ; (दे १, ५)।

अल्ल देखो **अद्द** ; (हे १, ८२)।

अल्ल अक [**नम्**] नमना, नीचे झुकना। ओअल्लंति ; (से ६, ४३)।

अल्लई स्त्री [**आर्द्रकी**] लता-विशेष, आर्द्रक-लता ; (पगण १७)।

अल्लग देखो **अल्लय**=आर्द्रक ; (धर्म २)।

अल्लत्थ सक [**उत्+क्षिप्**] ऊंचा फेंकना। अल्लत्थइ ; (हे ४, १४४)।

अल्लत्थ न [**दे**] १ जलार्द्रा, गिला पंखा ; २ केयूर, भूषण-विशेष ; (दे १, ५४)।

अल्लत्थिअ वि [**उत्क्षिप्त**] ऊंचा फेंका हुआ ; (कुमा)।

अल्लय न [**आर्द्रक**] आदा ; (जी ६)। °**तिय** न [°**त्रिक**] आदा, हल्दी और कचूरा ; (जी ६)।

अल्लय वि [**दे**] परिचित, ज्ञात ; (दे १, १२)।

अल्लय पुं [**अल्लक**] इस नाम का एक विख्यात जैन मुनि और ग्रन्थकार, उद्द्योतनसूरि का उपाध्याय-अवस्था का नाम; (सुर १६, २३६)।

अल्लल्ल पुं [**दे**] मयूर, मोर ; (दे १, १३)।

अल्लविय [**अप**] देखो **आलत्त**=आलपित ; (भवि)।

अल्ला स्त्री [**दे**] माता, माँ ; (दे १, ५)।

अल्लि } देखो **अल्ली**। अल्लिइ ; (षड्)। अल्लि-
अल्लिअ } अइ ; (दे १, ५८ ; हे ४, ५४)। वकृ—
अल्लिअंत ; (स १३ ; ७१ ; पउम १२, ५१)।

अल्लिअ सक [उप + सृप्] समीप में जाना। अल्लिअइ ; (हे ४, १३९) । वकृ—**अल्लिअंत** ; (कुमा) । प्रयो—अल्लियावेइ ; (पि ४८२; ५५१) ।

अल्लिअ वि [आर्द्रित] गिला किया हुआ ; (गा ४४०) ।

अल्लियावण न [आलायन] आलीन करना, श्लिष्ट करना, मिलान; (भग ८, ६) ।

अल्लिल्ल पुं [दे] भमरा ; (षड्) ।

अल्लिव सक [अर्पय्] अर्पण करना। अल्लिवइ ; (हे ४ ३९ ; भवि ; पि १९६; ४८५) ।

अल्ली, अल्लीअ सक [आ + ली] १ आना। २ प्रवेश करना। ३ जोड़ना। ४ आश्रय करना। ५ आलिंगन करना। ६ अक. संगत होना। अल्लीअइ ; (हे ४, ५४) । भूका—अल्लीसी ; (प्रामा) । हेकृ—**अल्लीउं** (बृह ६) ।

अल्लीण वि [आलीन] १ आश्लिष्ट ; २ आगत ; ३ प्रविष्ट ; ४ संगत ; ५ योजित ; ६ थोड़ा लीन ; (हे ४, ५४) । ७ आश्रित ; (कप्प) । ८ तल्लीन, तत्पर ; (वव १०) ।

अल्लेस वि [अलेश्य] लेश्या-रहित ; (कम्म ४, ५०) ।

अल्हाद पुं [आह्लाद] खुशी, प्रमोद, आनन्द ; (प्राप्र) ।

अव अ [अप] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;— १ विपरीतता, उल्टापन ; जैसे—' अवकय, अवंगुय ' । २ वापिसी, पीछेपन ; जैसे—' अवक्कमइ ' । ३ बुरापन, खरावपन ; जैसे—' अवमग्ग, अवसद्द ' । ४ न्यूनता, कमी; जैसे—' अवड्ढ ' । ५ रहितपन, वियोग ; जैसे—' अववाण ' । ६ वाहरपन ; जैसे—' अवक्कमण ' ।

अव अ [अव] निम्न-लिखित अर्थों का सूचक अव्यय ; १ निम्नता ; जैसे—' अवइराण ' । २ पीछेपन ; जैसे—' अवचुल्ली ' । ३ तिरस्कार; अनादर ; जैसे—'अवगणंत' ४ खराबी, बुराई ; जैसे—' अवगुण ' । ५ गमन ; ६ अनुभव; (राज) । ७ हानि, हास; जैसे—' अवक्कास ' । ८ अभाव ; जैसे—' अवलद्धि ' । ९ मर्यादा ; (विसे ८२) । १० निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है; जैसे—' अवपुट्ठ , अवगल्ल ' ।

अव सक [अव्] १ रक्षण करना ;—" अवंतु मुणिणो य पयकमलं " (रयण ६) । २ जाना, गमन करना ; ३ इच्छा करना ; ४ जानना ; ५ प्रवेश करना ; ६ सुनना ; ७ माँगना, याचना ; ८ करना, वनाना ; ९ चाहना ; १० प्राप्त करना ; ११ आलिङ्गन ; १२ मारना, हिंसा करना ; १३ जलाना ; १४ अक. प्रीति करना ; १५ तृप्त होना ; १६ प्रकाशना ; १७ बढ़ना । अव ; (श्रा २३ ; विसे २०२०)

अव पुं [अव] शब्द, अवाज ; (श्रा २३) ।

अवअक्ख सक [दृश्] देखना। अवअक्खइ ; (हे ४, १८१ ; कुमा) ।

अवअक्खिअ न [दे] निवापित मुख, मुंडाया हुआ मुँह ; (दे १, ४०) ।

अवअच्छ न [दे] कक्षा-वस्त्र ; (दे १,२६) ।

अवअच्छ अक [ह्लाद्] आनन्द पाना, खुश होना। अवअच्छइ; (हे ४, १२२) ।

अवअच्छ सक [ह्लादय्] खुश करना। अवअच्छइ ; (हे ४, १२२) ।

अवअच्छिअ [दे] देखो **अवअक्खिअ** ; (दे १, ४०) ।

अवअच्छिअ वि [ह्लादित] १ हृष्ट, आह्लाद-प्राप्त। २ खुश किया हुआ, हर्षित ; (कुमा) ।

अवअज्झ सक [दृश्] देखना। अवअज्झइ ; (षड्) ।

अवअणिअ वि [दे] असंघटित, असंयुक्त ; (दे १, ४३) ।

अवअण्ण पुं [दे] ऊखल, गूगल ; (दे १, २६) ।

अवअत्त वि [अपवृत्त] स्खलित ; (से १०, १८) ।

अवआस सक [दृश्] देखना। अवआसइ ; (हे ४, १८१ ; कुमा) ।

अवइ वि [अव्रतिन्] व्रत-शून्य, अ-विरत, असंयत ; (बृह १) ।

अवइण्ण वि [अवतीर्ण] १ उतरा हुआ, नीचे आया हुआ। २ जन्मा हुआ ; (कप्पू ; पउम ७९, २८) ।

अवइद (शौ) वि [अवचित] एकत्रित, इकठा किया हुआ ; (अभि ११७) ।

अवइद (शौ) वि [अपकृत] १ जिसका अहित किया गया हो वह। २ न. अपकार, अ-हित ; (चारु ४०) ।

असंखेज्जइ° वि [**असंख्येय**] असंख्यातवाँ। °**भाग** पुं [°**भाग**] असंख्यातवाँ हिस्सा ; (औप ; भग)।

असंखेज्जय पुंन [**असंख्येयक**] गणना-विशेष ; (अणु)।

असंग वि [**असङ्ग**] १ निस्सङ्ग, अनासक्त; (पण्ण २)। २ पुं. आत्मा; (आचा)। ३ मुक्त जीव। ४ न. मोक्ष, मुक्ति ; (पंचव ३ ; औप)।

असंगय न [**दे**] वस्त्र, कपड़ा, (दे १, ३४)।

असंगहिय वि [**असंगृहीत**] १ जिसका संग्रह न किया गया हो वह ; २ अनाश्रित ; (ठा ८)।

असंगहिय वि [**असंग्रहिक**] १ संग्रह नहीं करने वाला ; २ पुं. नैगम नय का एक भेद ; (विसे)।

असंगिअ पुं [**दे**] १ अश्व, घोडा ; २ वि. अनवस्थित, चञ्चल ; (दे १, ५५)।

असंघयण वि [**असंहनन**] १ संहनन से रहित। २ वज्रऋषभनाराच आदि प्राथमिक तीन संघयणों से रहित ; (निचू २०)।

असंजण न [**असञ्जन**] निःसङ्गता, अनासक्ति; (निचू १)

असंजम वि [**असंयम**] १ हिंसा, झूठ आदि सावद्य अनुष्ठान ; (सूअ १, १३)। २ हिंसा आदि पाप-कार्यों से अनिवृत्ति ; (धर्म ३)। ३ अज्ञान ; (आचा)। ४ असमाधि ; (वव १)।

असंजय वि [**असंयत**] १ हिंसा आदि पाप कार्यों से अनिवृत्त; (सूअ १, १०)। २ हिंसा आदि करने वाला ; (भग ६, ३)। ३ पुं. साधु-भिन्न, गृहस्थ ; (आचा)।

असंजल पुं [**असंज्वल**] ऐरवत वर्ष के एक जिन-देव का नाम ; (सम १५३)।

असंजोगि वि [**असंयोगिन्**] १ संयोग-रहित। २ पुं. मुक्त जीव, मुक्तात्मा ; (ठा २, १)।

असंत वकृ [**असत्**] १ अविद्यमान ; (नव ३३)। २ झूठ, असत्य ; (पण्ह १, २)। ३ असुंदर, अचारु ; (पण्ह २, २)।

असंत देखो **अस**=अश्।

असंत वि [**अशान्त**] शान्त नहीं, क्रुद्ध ; (पण्ह २, २)।

असंत वि [**असत्त्व**] सत्व-रहित, बल-शून्य; (पण्ह १, २)।

असंथड वि [**दे. असंस्तृत**] अशक्त, असमर्थ; (आचा ; बृह ५)।

असंथरंत वकृ [**दे. असंस्तरत्**] १ समर्थ नहीं होता हुआ; २ खोज नहीं करता हुआ ; (वव ४)। ३ तृप्त नहीं होता हुआ ; (ओघ १८२)।

असंथरण न [**दे. असंस्तरण**] १ निर्वाह का अभाव; (बृह १)। २ पर्याप्त लाभ का अभाव ; (पंचव ३)। ३ असमर्थता, अशक्त अवस्था ; (धर्म ३; निचू १)।

असंथरमाण वकृ [**दे. असंस्तरमाण**] देखो **असंथरंत**; (वव ४ ; ओघ १८१)।

असंधिम वि [असंधिम] संधान-रहित, अखण्ड ; (बृह ५)।

असंभव्व वि [असंभाव्य] जिसकी संभावना न हो सके ऐसा ; (श्रा १२)।

असंभावणीय वि [असंभावनीय] ऊपर देखो ; (महा)।

असंलप्प वि [असंलप्य] अनिर्वचनीय ; (अणु)।

असंलोय पुं [असंलोक] १ अ-प्रकाश। २ वह स्थान जिसमें लोगों का गमनागमन न हो, भीड़-रहित स्थान ; (आचा)।

असंवर पुं [असंवर] आश्रव, संवर का अभाव ; (ठा ५, २)।

असंवरीय वि [असंवृत] १ अनाच्छादित। २ नहीं रुका हुआ ; (कुमा)।

असंवुड वि [असंवृत] असंयत, पाप-कर्म से अनिवृत ; (सूअ १, १, ३)।

असंसइय वि [असंशयित] अ-संदिग्ध; (सूअ २, २)।

असंसट्ठ वि. [असंसृष्ट] १ दूसरे से नहीं मिला हुआ ; (बृह २)। २ लेप-रहित ; (औप)। ३ स्त्री. पिण्डैषणा का एक भेद ; (पव ६६)।

असंसत्त वि [असंसक्त] १ अ-मिलित ; (उत २)। २ अनासक्त ; (दस ८ ; उत ३)।

असंसय वि [असंशय] १ संशय-रहित ; (बृह १)। २ क्रिवि. निःसंदेह, नक्की ; (अभि ११०)।

असंसार पुं [असंसार] संसार का अभाव, मोक्ष ; (जीव १)।

असंसि वि [अस्रंसिन्] अ-विनश्वर ; (कुमा)।

असक्क वि [अशक्य] जिसको न कर सके वह ; (सुपा ६५१)।

असक्क वि [अशक्त] असमर्थ ; (कुमा)।

असक्कय वि [असंस्कृत] संस्कार-रहित ; (पण्ह १, २)।

असक्कय वि [असत्कृत] सत्कार-रहित ; (पण्ह १, २)।

असक्कणिज्ज वि [अशकनीय] अशक्य ; (कुमा)।

असग्गाह, असग्गह, असग्गाह पुं [असद्ग्रह] १ कदाग्रह ; (उप ६७२ ; सुपा १३४)। २ अति-निर्बन्ध, विशेष आग्रह ; (भवि)।

असच्च न [असत्य] १ झूठ वचन ; (प्रासु १५१)। २ वि. झूठा ; (पण्ह १, २)। °**मोस** न [°मृष] झूठ से मिला हुआ सत्य ; (द्र २२)। °**वाइ** वि [°वादिन्] झूठ बोलने वाला ; (सम ५० ; पउम ११, ३४)। °**ामोस** न [°ामृष] नहीं सत्य और नहीं झूठ ऐसा वचन ; (आचा)। °**ामोसा** स्त्री [°ामृषा] देखो अनन्तरोक्त अर्थ ; (पंच १)। °**संध** वि [°संध] १ असत्य- प्रतिज्ञ ; २ असत्य अभिप्राय वाला ; (महा ; पण्ह १, २)।

असज्ज, असज्जमाण वकृ [असजत्] संग नहीं करता हुआ ; (आचा ; उत १४)।

असज्झाइय वि [अस्वाध्यायिक] पठन-पाठन का प्रतिबन्धक कारण ; (पव २६८)।

असड्ढ वि [अश्रद्ध] श्रद्धा-रहित ; (कुमा)।

असढ वि [अशठ] सरल, निष्कपट ; (सुपा ५५०)। °**करण** वि [°करण] निष्कपट भाव से अनुष्ठान करने वाला ; (बृह ६)।

असण न [अशन] १ भोजन, खाना ; (निचू ११)। २ जो खाया जाय वह, खाद्य पदार्थ ; (पव ४)।

असण पुं [असन] १ बीजक-नामक वृक्ष ; (पण्ण १ ; गाया १, १ ; औप ; पाअ ; कुमा)। २ न. क्षेपण, फेंकना ; (विसे २७६५)।

असणि पुंस्त्री [अशनि] १ वज्र ; (पाअ)। २ आकाश से गिरता अग्नि-कण ; (पण्ण १)। ३ वज्र का अग्नि ; (जी ६)। ४ अग्नि ; (स ३३२)। ५ अस्त्र-विशेष ; (स ३८५)। °**प्पह** पुं [°प्रभ] रावण के मामा का नाम ; (से १२,६१)। °**मेह** पुं [°मेघ] १ वह वर्षा जिसमें ओले गिरते हैं ; २ अति भयंकर वर्षा, प्रलय-मेघ ; (भग ७, ६)। °**वेग** पुं [°वेग] विद्याधरों का एक राजा ; (पउम ६, १५७)।

असणी स्त्री [अशनी] एक इन्द्राणी ; (ठा ४, १)।

असण्ण वि [असंज्ञ] संज्ञा-रहित, अचेतन ; (लहुअ ६)।

असण्णि वि [असंज्ञिन्] १ संज्ञि-भिन्न, मनो-ज्ञान से रहित (जीव) ; (ठा २, २)। २ सम्यग्दृष्टि-भिन्न, जैनेतर ; (भग १, २)। °**सुय** न [°श्रुत] जैनेतर शास्त्र ; (णंदि)।

असत्त वि [अशक्त] असमर्थ ; (सुर ३, २४४ ; १०, १७४)।

असत्त वि [**असक्त**] अनासक्त ; (आचा)।
असत्त न [**असत्त्व**] अभाव, असत्ता ; (णंदि)।
असत्ति स्त्री [**अशक्ति**] सामर्थ्य का अभाव। °**मंत** वि [°**मत्**] असमर्थ, अशक्त ; (पउम ६६, ३६)।
असत्थ वि [**अस्वस्थ**] अ-तंदुरस्त, बिमार ; (सुर ३, १२७)।
असत्थ न [**अशस्त्र**] १ शस्त्र-भिन्न। २ संयम, निर्दोष अनुष्ठान ; (आचा)।
असद्द पुं [**अशब्द**] १ अ-कीर्ति, अपयश ; (गच्छ २)। २ वि. शब्द-रहित ; (बृह ३)।
असद्ध वि [**अश्रद्ध**] श्रद्धा-रहित। स्त्री—°**द्धी** ; (उप पृ ३६४)।
असन्नि देखो **असण्णि** ; (भग ; जी ४३)।
असबल वि [**अशबल**] १ अमिश्रित ; २ निर्दोष, पवित्र ; (पगह २, १)।
असब्भ वि [**असभ्य**] अशिष्ट, जंगली ; (स ६५०)। °**भासि** वि [**भाषिन्**] असभ्य-भाषी ; (सुर ६, २१५)।
असब्भाव पुं [**असद्भाव**] १ यथार्थता का अभाव, झूठ ; (पिंड)। २ वि. असत्य, अ-यथार्थ ; (उत्त ३ ; औप)।
असब्भावि वि [**असद्भाविन्**] झूठा, असत्य ; (महा)।
असब्भूय वि [**असद्भूत**] असत्य ; (भग)।
असम वि [**असम**] १ अ-समान, अ-साधारण ; (सुर ३, २४)। २ एक, तीन, पांच आदि एकाई संख्या वाला, विषम। °**सर** पुं [°**शर**] कामदेव ; (गउड)।
असमवाइ न [**असमवायिन्**] नैयायिक और वैशेषिक मत प्रसिद्ध कारण-विशेष ; (विसे २०६६)।
असमंजस वि [**असमञ्जस**]१ अव्यवस्थित, गैरव्याजवी ; (आचा ; सुर २, १३१ ; सुपा ६२३ ; उप १०००)। २ क्रिवि. अव्यवस्थित रूप से ; (पाअ)।
असमिक्खिय वि [**असमीक्षित**] अनालोचित, अविचारित ; (पगह १, २)। °**कारि** वि [°**कारिन्**] साहसिक। °**कारिया** स्त्री [°**कारिता**] साहस कर्म ; (उप ७६८ टी)।
असरासय वि [**दे**] निर्दय, निष्ठुर हृदय वाला ; (दे १, ४०)।
असव पुं [**असु**] प्राण, "विउत्तासवो विअ ठिओ कंचि कालं" (स ३५७)।

असवण्ण वि [**असवर्ण**] असमान, असाधारण ; (सण्ण)।
असह वि [**असह**] १ असहिष्णु ; (कुमा ; सुपा ६२०)। २ असमर्थ ; (वव १)। ३ खेद करने वाला ; (पाअ)।
असहण वि [**असहन**] असहिष्णु, क्रोधी ; (पाअ)।
असहाय वि [**असहाय**] १ सहाय-रहित ; (भग)। २ एकाकी ; (बृह ४)।
असहिज्ज वि [**असाहाय्य**] १ सहायता-रहित। २ सहायता का अनिच्छुक ; (उवा)।
असहीण वि [**अस्वाधीन**] परतन्त्र, पराधीन ; (दस ८)।
असहु वि [**असह**] १ असहिष्णु ; (उव)। २ असमर्थ, अशक्त ; (ओघ ३६ भा)। ३ बिमार, ग्लान ; (निचू १)। ४ सुकुमार, कोमल ; (ठा ३, ३)।
असहेज्ज देखो **असहिज्ज** ; (भग)।
असागारिय वि [**असागारिक**] गृहस्थों के आवागमन से रहित स्थान ; (वव ३)।
असाढय न [**असाढक**] तृण-विशेष ; (पगण १—पत्र ३३)।
असाय न [**असात**] दुःख, पीड़ा ; (पगह १, १)।
"रागंधा इह जीवा, दुल्लहलोयम्मि गाढमणुरत्ता।
जं वेइंति असायं, कत्तो तं हंदि नरएवि" (सुर ८,७६)।
°**वेयणिज्ज** न [°**वेदनीय**] दुःख का कारण-भूत कर्म ; (ठा २, ४)।
असार } वि [**असार**, °**क**] निस्सार सार-रहित ;
असारय } (महा ; कुमा)।
असारा स्त्री [**दे**] कदली-वृक्ष, केला का पेड़ ; (दे १, १२)।
असासय वि [**अशाश्वत**] अनित्य, विनश्वर ; (णाया १, १ ; गा २४७)।
असाहण न [**असाधन**] असिद्धि ; (सुर ४, २४८)।
असाहारण वि [**असाधारण**] अतुल्य, अनुपम; (भग ; दंस)।
असि पुं [**असि**] १ खड्ग, तलवार ; (पाअ)। २ इस नाम की नरकपाल देवों की एक जाति ; (भग ३, ६)। ३ स्त्री. वनारस की एक नदी का नाम; (ती ३८)। °**कुंड** न [°**कुण्ड**] मथुरा का एक तीर्थ-स्थान ; (ती ६)। °**घाय** पुं [°**घात**] तलवार का घाव ; पउम ५६, २५)। °**चम्मपाय** न [°**चर्मपात्र**] तलवार की म्यान, कोश ; (भग ३, ५)। °**धारा** स्त्री [°**धारा**]

तलवार की धार ; (उत्त १६) । °**धेणु, °धेणुआ** स्त्री [°**धेनु, °धेनुका**] छुरी ; (गउड ; पात्र) । °**पत्त** न [°**पत्र**] १ तलवार ; (विपा १, ६) । २ तलवार के जैसा तीक्ष्ण पत्र ; (भग ३, ६) । ३ तलवार की पतरी ; (जीव ३) । ४ पुं. नरकपाल देवों की एक जाति ; (सम २६) । °**पुत्तगा** स्त्री [°**पुत्रिका**] छुरी ; (उप पृ ३३४) । °**मुट्ठि** स्त्री [°**मुष्टि**] तलवार की मूठ ; (पात्र) । °**रयण** न [°**रत्न**] चक्रवर्ती राजा की एक उत्तम तलवार ; (ठा ७) । °**लट्ठि** स्त्री [°**यष्टि**] खड्ग-लता, तलवार ; (विपा १, ३) । °**वण** न [°**वन**] खड्गाकार पत्ती वाले वृक्षों का जंगल ; (पण्ह १, १) । °**वत्त** देखो °**पत्त** ; (से ३, ४२) । °**हर** वि [°**धर**] तलवार-धारक, योद्धा ; (से ६, १८) । °**हारा** देखो °**धारा** ; (उव) ।

असिइ (अप) देखो **असीइ** ; (सण) ।

असिण न [**अशन**] भोजन, खाना ; "अग्गपिंडं परिहविज्जमाणं पेहाए, पुरा असिणा इवा अवहारा इवा" (आचा २, १, ५, १) ।

असिद्ध वि [**असिद्ध**] १ अ-निष्पन्न । २ तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध दुष्ट हेतु ; (विसे २८२४) ।

असिय वि [**अशित**] भुक्त, खादित ; (पात्र ; सुपा २१२) ।

असिय वि [**असित**] १ कृष्ण, अ-श्वेत ; (पात्र) । २ अशुभ ; (विसे) । ३ अवद्ध, अ-यन्त्रित ; (सूत्र १, २, १) । "सिया एगे अणुगच्छंति, असिया एगे अणुगच्छंति ; (आचा) । °**क्ख** पुं [°**ाक्ष**] यक्ष-विशेष ; (सण) ।

असिय न [**दे**] दात्र, दाँती ; (दे १, १४) ।

असियव्व देखो **अस**=अश् ।

असिलेसा स्त्री [**अश्लेषा**] नक्षत्र-विशेष ; (सम ११) ।

असिलोग पुं [**अश्लोक**] अकीर्ति, अजस ; (सम १२) ।

असिव न [**अशिव**] १ विनाश ; २ असुख ; ३ देवतादि कृत उपद्रव ; (ओघ ७) । ४ मारी रोग ; (वव ४) ।

असिविण पुं [**अस्वप्न**] देव, देवता ; (प्रामा) ।

असिव्व देखो **असिव** ; (वव ७ ; प्राप्र) ।

असिह वि [**अशिख**] शिखा-रहित ; (वव ४) ।

असीइ स्त्री [**अशीति**] संख्या-विशेष, अस्सी, ८० ; (सम ८८) । °**म** वि [°**तम**] अस्सीवाँ, ८० वाँ ; (पउम ८०; ७४) ।

असीम वि [**असीमन्**] निस्सीम ; "असीमंतभत्तिराएण" (उप ७२८ टी) ।

असील वि [**अशील**] १ दुःशील, असदाचारी ; (पण्ह १, २) । २ न. असदाचार, अ-ब्रह्मचर्य । °**मंत** वि [°**वत्**] १ अब्रह्मचारी; (ओघ ७७७) । २ अ-संयत ; (सूत्र १,७) ।

असु पुं. व [**असु**] १ प्राण ; (स ३८३) । २ न. चित्त ; ३ ताप ; (प्राप्र ; वृप ५१) ।

असु देखो **अंसु** ; (प्राप्र) ।

असुइ वि [**अशुचि**] १ अपवित्र, अ-स्वच्छ, मलिन ; (औप ; वव ३) । २ न. अमेध्य, विष्ठा ; (ठा ६ ; प्रासू १६६) ।

असुइ वि [**अश्रुति**] शास्त्र-श्रवण-रहित ; (भग ७, ६) ।

असुईकय वि [**अशुचीकृत**] अपवित्र किया हुआ ; (उप ७२८ टी) ।

असुग पुं [**असुक**] देखो **असु**=असु ; (हे १,१७७) ।

असुज्झंत वि [**अ-दृश्यमान**] नहीं दिखाता हुआ, "अन्नंपि जं असुज्झंतं । भुंजंतएण रत्तिं" (पउम १०३, २५) ।

असुणि वि [**अश्रोतृ**] नहीं सुनने वाला, "अलियपयंपिरि अणिमित्तकोवणे असुणि सुणसु मह वयणं" (वज्जा ७२) ।

असुद्ध वि [**अशुद्ध**] १ अस्वच्छ, मलिन । २ न. मैला, अशुचि । °**विसोहय** पुं [°**विशोधक**] भंगी, मेहतर ; (सुर १६, १६५) ।

असुभ देखो **असुह**=अशुभ ; (सम ६७ ; भग) ।

असुय वि [**अश्रुत**] नहीं सुना हुआ ; (ठा ४, ४) । °**णिस्सिय** न [°**निश्रित**] शास्त्र-श्रवण के विना ही होने वाली बुद्धि—ज्ञान ; (णंदि) । °**पुव्व** वि [°**पूर्व**] पहले कभी नहीं सुना हुआ ; (महा ; णाया १, १ ; पउम ६५, १४) ।

असुय वि [**असुत**] पुत्र-रहित ; (उत्त २) ।

असुर पुं [**असुर**] १ दैत्य, दानव ; (पात्र) । २ देवजाति-विशेष, भवनपति और व्यन्तर देवों की जाति ; (पण्ह १, ४) । ३ दास-स्थानीय देव ; (आउ ३६) । °**कुमार** पुं [°**कुमार**] भवनपति देवों की एक अवान्तर जाति ; (ठा १, १ ; महा) । °**राय** पुं [°**राज**] असुरों का इन्द्र ; (पि ४००) । °**वंदि** पुं [°**वन्दिन्**] राक्षस ; (से ६, ५०) ।

असुरिंद पुं [**असुरेन्द्र**] असुरों का राजा, इन्द्र-विशेष ; (णाया १, ८ ; सुपा ७७)।

असुह न [**अशुभ**] १ अ-मंगल, अनिष्ट ; (सुर ४, १६३)। २ पाप-कर्म ; (ठा ४, ४)। ३ वि. खराव, अ-सुन्दर ; (जीव १ ; कुमा)। °**णाम** न [°**नामन्**] अशुभ फल देने वाला कर्म-विशेष ; (सम ६७)।

असुह न [**असुख**] दुःख ; (ठा ३, ३)।

असूअ सक [**असूय्**] असूया करना। असूएहि ; (मै ७)।

असूया स्त्री [**असूचा**] १ सूचना का अभाव। २ दूसरे के दोषों को न कह कर अपना ही दोष कहना; (निचू १०)।

असूया स्त्री [**असूया**] असूया, असहिष्णुता ; (दंस)।

असूरिय वि [**असूर्य**] १ सूर्य-रहित, अन्धकार-मय स्थान। २ पुं. नरक-स्थान ; (सूअ १, ५, १)।

असेव्व देखो **असिव** ; (प्राप्र)।

असेव्व वि [**असेव्य**] सेवा के अयोग्य ; (गउड)।

असेस वि [**अशेष**] निःशेष, सर्व ; (प्राप)।

असोग पुं [**अशोक**] १ सुप्रसिद्ध वृक्ष-विशेष , (औप)। २ महाग्रह-विशेष ; (ठा २,३)। ३ हरा रंग ; (राय)। ४ भगवान् मल्लिनाथ का चैत्य-वृक्ष ; (सम १५२)। ५ देव-विशेष ; (जीव ३)। ६ न. तीर्थ-विशेष ; (ती १०)। ७ यक्ष-विशेष ; (विपा १, ३)। ८ वि. शोक-रहित। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] १ राजा श्रेणिक का पुत्र, राजा कोणिक; (आवम)। २ एक प्रसिद्ध जैनाचार्य ; (सार्ध ७७)। °**ललिय** पुं [°**ललित**] चतुर्थ वलदेव का पूर्व-जन्मीय नाम ; (सम १५३)। °**वण** न [°**वन**] अशोक वृक्षों वाला वन; (भग)। °**वणिया** स्त्री [°**वनिका**] अशोक वृक्ष वाला वगीचा; (णाया १, १६)। °**सिरि** पुं [°**श्री**] इस नाम का एक प्रख्यात राजा, सम्राट् अशोक ; (विसे ८६२)।

असोगा स्त्री [**अशोका**] १ इस नाम की एक इन्द्राणी ; (ठा ४, १)। २ भगवान् श्रीशीतलनाथ की शासन-देवी; (पव २७)। ३ एक नगरी का नाम ; (पउम २०, १८६)।

असोभण वि [**अशोभन**] अ-सुन्दर, खराव ; (पउम ६६, १६)।

असोय देखो **असोग** ; (भग ; महा ; रंभा)।

असोय पुं [**अश्वयुक्**] आश्विन मास ; (सम २६)।

असोय वि [**अशौच**] १ शौच-रहित ; (महा)। २ न. शौच का अभाव ; अशुचिता। °**वाइ** वि [°**वादिन्**] अशौच को ही मानने वाला ; (ओघ ३१८)।

असोयणया स्त्री [**अशोचनता**] शोक का अभाव ; (पक्खि)।

असोया देखो **असोगा** ; (ठा २, ३ ; संति ६)।

असोल्लिय वि [**अपक्व**] कच्चा ; (उवा)।

असोहि स्त्री [**अशोधि**] १ अशुद्धि ; २ विराधना ; (ओघ ७८८)। °**ठाण** न [°**स्थान**] १ पाप-कर्म ; २ अशुद्धि का स्थान ; ३ दुर्जन का संसर्ग ; ४ अनायतन ; (ओघ ७६३)।

अस्स न [**आस्य**] मुख, मुँह ; (गा ६८६)।

अस्स वि [**अस्व**] १ द्रव्य-रहित, निर्धन। २ पुं. निर्ग्रन्थ, साधु, मुनि ; (आचा)।

अस्स पुं [**अश्व**] १ घोड़ा ; (उप ७६८ टी)। २ अश्विनी-नक्षत्र का अधिष्ठायक देव ; (ठा २, ३)। ३ ऋषि-विशेष ; (जं ७)। °**कण्ण** पुं [°**कर्ण**] १ एक अन्तर्द्वीप ; २ इस अन्तर्द्वीप का निवासी ; (णंदि) °**कण्णी** स्त्री [°**कर्णी**] वनस्पति-विशेष ; (पराण १)। **करण** न [°**करण**] जहां घोडा रखने में आता हो वह स्थान, अस्तवल; (आचा २, १०, १४)। °**ग्गीव** पुं [°**ग्रीव**] पहले प्रतिवासुदेव का नाम; (सम १५३)। °**तर** पुंस्त्री [°**तर**] खच्चड़ ; (पराण १)। °**मुह** पुं [°**मुख**] १-२ इस नाम का एक अन्तर्द्वीप और उसके निवासी ; (णंदि ; पराण १)। °**मेह** पुं [°**मेघ**] यज्ञ-विशेष, जिसमें अश्व मारा जाता है ; (अणु)। °**सेण** पुं [°**सेन**] १ एक प्रसिद्ध राजा, भगवान् पार्श्वनाथ का पिता ; (पव ११)। २ एक महाग्रह का नाम ; (चंद २०)। °**यर** पुं [°**दर**] विद्याधर वंश के एक राजा का नाम ; (पउम ५, ४२)।

अस्संख वि [**असंख्य**] संख्या-रहित ; (उप १७)।

अस्संगिअ वि [**दे**] आसक्त ; (षड्)।

अस्संघयणि वि [**असंहननिन्**] संहनन-रहित ; किसी प्रकार के शारीरिक वन्ध से रहित ; (भग)।

अस्संजम देखो **असंजम** ; (उव)।

अस्संजय वि [**अस्वयत**] १ गुरु की आज्ञानुसार चलने वाला, अ-स्वच्छंदी ; (श्रा ३१)।

अस्संजय देखो **असंजय** ; (उव)।
अस्संदम पुं [**अश्वन्दम**] अश्व-पालक ; (सुपा ६४५)।
अस्सच्च देखो **असच्च** ; " सुरिणो हवउ वयणमस्सच्चं " (उप १४६ टी)।
अस्सण्णि देखो **असण्णि** ; (विसे ५१६)।
अस्सत्थ पुं [**अश्वत्थ**] वृक्ष-विशेष, पीपल ; (नाट)।
अस्सत्थ वि [**अस्वस्थ**] अ-तंदुरस्त, बिमार ; (सुर ३, १५१ ; माल ६५)।
अस्सन्नि देखो **असण्णि** ; (सुर १४, ६६ ; कम्म ४, २ ; ३)।
अस्सम पुं [**आश्रम**] १ स्थान, जगह ; २ ऋषियों का स्थान ; (अभि ६६ ; स्वप्न २५)।
अस्समिअ वि [**अश्रमित**] श्रम-रहित; अनभ्यासी ; (भग)।
अस्सस अक [**आ+श्वस्**] आश्वासन लेना। हेकृ—**अस्ससिदुं** (शौ) ; (अभि १२०)।
अस्साइय वि [**आस्वादित**] जिसका आस्वादन किया गया हो वह ; (दे)।
अस्साएमाण देखो **अस्साय=आस्वादय्**।
अस्साद सक [**आ+सादय्**] प्राप्त करना। अस्सादेंति; अस्सादेस्सामो ; (भग १५)।
अस्साद सक [**आ+स्वादय्**] आस्वादन करना।
अस्सादिय वि [**आसादित**] प्राप्त किया हुआ ; (भग १५)।
अस्साय देखो **अस्साद=आ+सादय्**।
अस्साय देखो **अस्साद=आ+स्वादय्**। वकृ—**अस्साएमाण** ; (भग १२, १)। कृ—**अस्सायणिज्ज** ; (णाया १, १२)।
अस्साय देखो **असाय** ; (कम्म २, ७ ; भग)।
अस्सायण पुं [**आश्वायन**] १ अश्व ऋषि का संतान ; (जं ७)। २ अश्विनी नक्षत्र का गोत्र ; (इक)।
अस्साविं वि [**आस्राविन्**] झरता हुआ, टपकता हुआ, सच्छिद्र, " जहा अस्साविणिं नावं जाइअंधो दुरुहए " (सूअ १, १, २)।
अस्सास सक [**आ+श्वासय्**] आश्वासन देना ; दिलासा देना। अस्सासअदि (शौ); (पि ४६०)। अस्सासि; (उत्त २, ४० ; पि ४६१)।

अस्सि स्त्री [**अश्रि**] १ कोण, घर आदि का कोना ; (ठा ६)। २ तलवार आदि का अग्र-भाग—धार ; (उप पृ ६६)।
अस्सि पुं [**अश्विन्**] अश्विनी-नक्षत्र का अधिष्ठायक देव ; (ठा २, ३)।
अस्सिणी स्त्री [**अश्विनी**] इस नाम का एक नक्षत्र ; (सम ८)।
अस्सिय वि [**आश्रित**] आश्रय-प्राप्त ; " विरागमेगमस्सिओ " (वसु ; ठा ७ ; संथा १८)।
अस्सु (शौ) न [**अश्रु**] आंसू ; (अभि ५६ ; स्वप्न ८५)।
अस्सुंक वि [**अशुल्क**] जिसकी चुंगी माफ की गई हो वह ; (उप ५६७ टी)।
अस्सुद (शौ) देखो **असुय=अश्रुत** ; (अभि १६३)।
अस्सुय वि [**अस्मृत**] याद नहीं किया हुआ ; (भग)।
अस्सेसा देखो **असिलेसा** ; (सम १७; विसे ३४०८)।
अस्सोई स्त्री [**आश्वयुजी**] आश्विन मास की पूर्णिमा ; (चंद १०)।
अस्सोक्कंता स्त्री [**अश्वोत्क्रान्ता**] संगीत-शास्त्र प्रसिद्ध मध्यम ग्राम की पांचवीं मूर्च्छना ; (ठा ७)।
अस्सोत्थ देखो **अस्सत्थ** ; (पि ७४; १५२; ३०६)।
अस्सोयव्व वि [**अश्रोतव्य**] सुनने के अयोग्य ; (सुर १४, २)।
अह अ [**अथ**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ अब, बाद; (स्वप्न ४३ ; दं ३१ ; कुमा)। २ अथवा, और ;

" छिज्जउ सीसं अह होउ बंधणं चयउ सव्वहा लच्छी।
पडिवन्नपालणे सुपुरिसाण जं होइ तं होउ ॥ " (प्रासू ३)।

३ मङ्गल ; (कुमा)। ४ प्रश्न ; ५ समुच्चय ; ६ प्रतिवचन, उत्तर ; (वृह १)। ७ विशेष ; (ठा ७)। ८ यथार्थता, वास्तविकता; (विसे १२७६)। ६ पूर्वपक्ष; (विसे १७८३)। १०-११ वाक्य की शोभा बढ़ाने के लिए और पाद-पूर्ति में भी इसका प्रयोग होता है ; (सूअ १, ७ ; पंचा १६)।
अह न [**अहन्**] दिवस, दिन ; (श्रा १४ ; पाअ)।
अह अ [**अधस्**] नीचे ; (सुर २, ३८)। °**लोग** पुं [°**लोक**] पाताल-लोक; (सुपा ४०)। °**त्थ** वि [°**स्थ**] नीचे रहा हुआ ; निम्न-स्थित ; (पउम १०२, ६५)।
अह स [**अदस्**] यह, वह ; (पाअ)।

अह न [दे] दुःख ; (दे १, ६)।
अह न [अघ] पाप ; (पाअ)।
अह° देखो अहा ; (हे १, २४५; कुमा)। °क्कम, °क्कमसो अ [°क्रम] क्रम के अनुसार, अनुक्रम से ; (ओघ ५ भा ; स ६)। °क्खाय, °खाय न [°ख्यात] निर्दोष चारित्र, परिपूर्ण संयम ; (ठा ५, २ ; नव २६ ; कुमा)। °क्खायसंजय वि [°ख्यातसंयत] परिपूर्ण संयम वाला ; (भग २५, ७)। °च्छंद देखो अहा-छंद ; (स ६)। °त्थ वि [°स्थ] ठीक २ रहा हुआ, यथास्थित ; (ठा ५, ३)। °त्थ वि [°र्थ] वास्तविक ; (ठा ५, ३)। °प्पहाण अ [°प्रधान] प्रधान के हिसाब से ; (भग १५)।
अहइं अ [अथकिम्] स्वीकार-सूचक अव्यय ; हाँ, अच्छा; (नाट ; प्रयौ ५)।
अहंकार पुं [अहंकार] अभिमान, गर्व ; (सूअ १, ६ ; स्वप्न ८२)।
अहंकारि वि [अहंकारिन्] अभिमानी, गर्विष्ठ; (गउड)।
अहंणिस न [अहर्निश] रात-दिन, सर्वदा ; (पिंग)।
अहण वि [अधन] निर्धन, धन-रहित ; (विसे २८१२)।
अहण्णिस न [अहर्निश] रात-दिन, निरन्तर ; (नाट)।
अहत्ता अ [अधस्तात्] नीचे ; (भग)।
अहन्न वि [अधन्य] अप्रशस्य हतभाग्य ; (सुर २,३७)।
अहन्निस देखो अहण्णिस ; (सुपा ४६२)।
अहम वि [अधम] अधम, नीच ; (कुमा)।
अहमंति वि [अहमन्तिन्] अभिमानी, गर्विष्ठ ; (ठा १०)।
अहमहमिआ, अहमहमिगया, अहमहमिगा स्त्री [अहमहमिका] मैं इससे पहले हो जाऊं ऐसी चेष्टा, अत्युत्कण्ठा; (गा ५८० ; सुपा ५४; १२२; १४८)।
अहमिंद पुं [अहमिन्द्र] १ उत्तम-श्रेणीय पूर्ण स्वाधीन देव-जाति विशेष ; ग्रैवेयक और अनुत्तर विमान के निवासी देव; (इक)। २ अपने को इन्द्र समझने वाला, गर्विष्ठ, "संपइ पुण रायाणो नरिंद ! सव्वेवि अहमिंदा" (सुर १, १२६)।
अहम्म देखो अधम्म ; (सूअ १, १, २ ; भग ; नव ६ ; सुर २, ४४ ; सुपा २५८ ; प्रासू १३६)।
अहम्म वि [अधर्म्य] धर्म-च्युत , धर्म-रहित, गैरव्याजवी ; (सण)।
अहम्माणि वि [अहम्मानिन्] अभिमानी; (आवम)।
अहम्मि वि [अधर्मिन्] धर्म-रहित, पापी ; (सुपा १७२)।
अहम्मिट्ठ देखो अधम्मिट्ठ ; (भग १२, २ ; राय)।
अहम्मिय वि [अधार्मिक] अधर्मी, पापी; (विपा १, १)।
अहय वि [अहत] १ अनुबद्ध, अव्यवच्छिन्न ; (ठा ८— पत्र ४१८)। २ अक्षत, अखण्डित ; (सूअ २, २)। ३ जो दूसरी तरफ लिया गया हो ; (चंद १६)। ४ नया, नूतन ; (भग ८, ६)।
अहर वि [दे] अशक्त, असमर्थ ; (दे १, १७)।
अहर पुं [अधर] १ होठ, ओष्ठ ; (णंदि)। २ वि. नीचे का, नीचला; (पण्ह १, ३)। ३ नीच, अधम; (पण्ह १, २) ४ दूसरा, अन्य ; (प्रामा)। °गइ स्त्री [°गति] अधोगति, दुर्गति, नीच गति ; "अहरगइं निंति कम्माइं" (पिंड)।
अहरिय वि [अधरित] तिरस्कृत ; (सुपा ४७)।
अहरी स्त्री [अधरी] पेषण-शिला, जिस पर मसाला वगैरः पीसा जाता है वह पत्थर; (उवा)। °लोट्ठ पुं [°लोष्ट] जिससे पीसा जाता है वह पत्थर ; लोढ़ा ; (उवा)।
अहरीकय वि [अधरीकृत] तिरस्कृत, अवगणित ; (सुपा ४)।
अहरीभूय वि [अधरीभूत] तिरस्कृत ;
"उयरेण धरंतीए, नररयणमिमं महप्पहं देवि !।
अहरीभूयमसेसं, जयंपि तुह रयणगब्भाए" (सुपा ३५)।
अहरुट्ठ पुंन [अधरोष्ठ] नीचे का होठ ; (पण्ह १, ३ ; हे १, ८४ ; षड्)।
अहरेम देखो अहिरेम । अहरेमइ (हे ४, १६६)।
अहरेमिअ वि [पूरित] पूरा किया हुआ ; (कुमा)।
अहल वि [अफल] निष्फल, निरर्थक ; (प्रासू १३५ ; रंभा)।
अहव देखो अहवा ; (हे १, ६७)।
अहवइ (अप) देखो अहवा ; (कुमा)।
अहवण, अहवा अ [अथवा] १ वाक्यालंकार में प्रयुक्त किया जाता अव्यय ; (अणु ; सूअ २, २)। २ या, अथवा ; (बृह १; निचू १ ; पंचा ३ ; हे १, ६७)।
अहव्व देखो अभव्व ; (गा ३६०)।
अहव्वण पुं [अथर्वन्] चौथा वेद-शास्त्र ; (औप)।
अहव्वा स्त्री [दे] असती, कुलटा स्त्री ; (दे १, १८)।
अहह अ [अहह] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१

आमन्त्रण ; २ खेद ; ३ आश्चर्य ; ४ दुःख ; ५ आधिक्य, प्रकर्ष ; (हे २, २१७ ; था १४ ; कप्पू ; गा ६५६)।

अहा° अ [**यथा**] जैसे, माफिक, अनुसार ; (हे १, २४५)। °**छंद** वि [°**च्छन्द**] १ स्वच्छन्दी, स्वैरी ; (उप ८३३ टी)। २ न. मरजी के अनुसार ; (वव २)। °**जाय** वि [°**जात**] १ नग्न, प्रावरण-रहित ; (हे १, १४५)। २ न. जन्म के अनुसार ; ३ जैन साधुओं में दीक्षा काल के परिमाण के अनुसार किया जाता वन्दन—नमस्कार ; (धर्म २)। °**णुपुव्वी** स्त्री [°**नुपूर्वी**] यथाक्रम, अनुक्रम; (णाया १, १ ; पउम १, ८)। °**तच्च** न [°**तत्त्व**] तत्त्व के अनुसार ; (भग २, १)। °**तच्च** न [°**तथ्य**] सत्य सत्य ; (सम १६)। °**पडिरूव** वि [°**प्रतिरूप**] १ उचित, योग्य ; (औप)। २ क्रवि. यथायोग्य ; (विपा १, १)। °**पवत्त** वि [**प्रवृत्त**] १ पूर्व की तरह ही प्रवृत्त, अपरिवर्तित ; (णाया १, ५)। २ न. आत्मा का परिणाम-विशेष ; (स ४७)। °**पवित्तिकरण** न [°**प्रवृत्तिकरण**] आत्मा का परिणाम-विशेष; (कम्म ५)। °**वायर** वि [°**वादर**] नस्सार, सार-रहित ; (णाया १, १)। °**भूय** व [°**भूत**] तात्त्विक, वास्तविक; (ठा १, १)। °**राइणिय,** °**रायणिय** न [°**रात्निक**] यथाज्येष्ठ, बडे के क्रम से ; (णाया १, १ ; आचा)। °**रिय** न [**ऋजु**] सरलता के अनुसार ; (आचा)। °**रिह** न [°**र्ह**] यथोचित ; (ठा २, १)। २ वि. उचित, योग्य ; (धर्म १)। °**रीय** न [°**रीत**] १ रीति के अनुसार ; २ स्वभाव के माफिक ; (भग ५, २)। °**लंद** पुं. [°**लन्द**] काल का एक परिमाण, पानी से भींजा हुआ हाथ जितने समय में सूख जाय उतना समय ;(कप्प)। °**वगास** न [°**वकाश**] अवकाश के अनुसार ; (सूअ २, ३)। °**वच्च** वि [°**पत्य**] पुत्र-स्थानीय ; (भग ३, ७)। °**संथड** वि [°**संस्तृत**] शयन के योग्य ; (आचा)। °**संविभाग** पुं [°**संविभाग**] साधु को दान देना ; (उवा)। °**सच्च** न [°**सत्य**] वास्तविकता, सचाई ; (आचा)। °**सत्ति** न [°**शक्ति**] शक्ति के अनुसार ; (पंसू ४)। °**सुत्त** न [°**सूत्र**] आगम के अनुसार ; (सम ७७)। °**सुह** न [°**सुख**] इच्छानुसार ; (णाया १, १ ; भग)। °**सुहुम** वि [°**सूक्ष्म**] सारभूत ; (भग ३, १)। देखो **अह°**।

अहासंखड वि [**दे**] निष्कम्प, निश्चल ; (निचू २)।

अहासल वि [**अहास्य**] हास्य-रहित ; (सुपा ६१०)।

अहाह अ [**अहाह**] देखो **अहह** ; (हे २, २१७)।

अहि देखो **अभि** ; (गउड ; पाअ ; पंचव ४)।

अहि अ [**अधि**] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ आधिक्य, विशेषता ; जैसे—'अहिगंध, अहिमास'। २ अधिकार, सत्ता ; जैसे—'अहिगय'। ३ ऐश्वर्य ; जैसे—'अहिट्ठाण'। ४ ऊंचा, ऊपर ; जैसे—'अहिट्ठ'।

अहि पुं [**अहि**] १ सर्प, साँप ; (पण्ण १ ; प्रासू १६ ; ३६ ; १०५)। २ शेष नाग ; (पिंग)। °**च्छत्ता** स्त्री [°**च्छत्रा**] नगरी-विशेष ; (णाया १, १६ ; ती ७)। °**मड** पुंन [°**मृतक**] साँप का मुर्दा ; (णाया १, ६)। °**वइ** पुं [°**पति**] शेष नाग ; (अच्चु ६०)। °**विंछिअ** पुं [°**वृश्चिक**] सर्प के मूत से उत्पन्न होने वाली वृश्चिक जाति ; (कुमा)।

अहिअल न [**दे**] क्रोध, गुस्सा ; (दे १, ३६ ; पड्)।

अहिआअ न [**अभिजात**] कुलीनता ; खानदानी ; (गा ३८)।

अहिआइ स्त्री [**अभिजाति**] कुलीनता ; (पड्)।

अहिआर पुं [**दे**] लोक-यात्रा, जीवन-निर्वाह; (दे १, २६)।

अहिउत्त वि [**दे**] व्याप्त, खचित ; (गउड)।

अहिउत्त वि [**अभियुक्त**] १ विद्वान्, पण्डित । २ उद्यत, उद्योगी ; (पाअ)। ३ शत्रु से घिरा हुआ ; (वेणी १२३ टि)।

अहिऊर सक [**अभि+पूरय्**] पूर्ण करना, व्याप्त करना । कर्म—अहिऊरिज्जंति ; गउड)।

अहिऊल सक [**दह्**] जलाना, दहन करना । अहिऊलइ ; (हे ४, २०८ ; पड् ; कुमा)।

अहिओय पुं [**अभियोग**] १ संबन्ध ; (गउड)। २ दोषारोपण ; (स २२६)। देखो **अभिओअ** ; (भवि)।

अहिंद पुं [**अहीन्द्र**] १ सर्पों का राजा, शेष नाग ; (अच्चु १)। २ श्रेष्ठ सर्प ; (कुमा)। °**उर** न [°**पुर**] वासुकि-नगर । °**उरणाह** पुं [°**पुरनाथ**] विष्णु, अच्युत ; (अच्चु २६)।

अहिंसग वि [**अहिंसक**] हिंसा नहीं करने वाला ; (ओघ ७४७)।

अहिंसण न [**अहिंसन**] अहिंसा ; (धर्म १)।

अहिंसय देखो **अहिंसग** ; (पण्ह २, १)

अहिंसा स्त्री [**अहिंसा**] दूसरे को किसी प्रकार से दुःख नहीं देना ; (निचू २ ; धर्म ३ ; सुअ १, ११)।
अहिंसिय वि [**अहिंसित**] अ-मारित, अ-पीड़ित , (सूअ १, १, ४)।
अहिकंख देखो **अभिकंख**। वकृ—**अहिकंखंत** ; (पंचव ४)।
अहिकंखिर वि [**अभिकांक्षिन्**] अभिलाषी, इच्छुक ; (सण)।
अहिकय वि [**अधिकृत**] जिसका अधिकार चलता हो वह, प्रस्तुत ; (विसे १५८)।
अहिकरण देखो **अहिगरण** ; (निचू ४)।
अहिकरणी देखो **अहिगरणी** ; (ठा ८)।
अहिकारि देखो **अहिगारि** ; (रंभा)।
अहिकिच्च अ [**अधिकृत्य**] अधिकार कर ; उद्देश कर ; (आचू १)।
अहिक्खण न [**दे**] उपालंभ, उलहना ; (दे १, ३५)।
अहिक्खित्त वि [**अधिक्षिप्त**] १ तिरस्कृत ; २ निन्दित ; ३ स्थापित ; ४ परित्यक्त ; ५ चिप्त ; (नाट)।
अहिक्खिव सक [**अधि+क्षिप्**] १ तिरस्कार करना। २ फेंकना। ३ निन्दना। ४ स्थापित करना। ५ छोड़ देना। अहिक्खिवइ ; (उव)। अहिक्खिवाहि ; (स ३२६)। वकृ—**अहिक्खिवंत** ; (पउम ६५, ४४)।
अहिक्खेव पुं [**अधिक्षेप**] १ तिरस्कार ; २ स्थापन; ३ प्रेरणा ; (नाट)।
अहिखिव देखो **अहिक्खिव**। वकृ—**अहिखिवंत** ; (स ५७)।
अहिग देखो **अहिय**=अधिक ; (विसे १६४३ टी)।
अहिखीर सक [**दे**] १ पकड़ना। २ आघात करना। अहिखीरइ ; (भवि)।
अहिगंध वि [**अधिगन्ध**] अधिक गन्ध वाला ; (गउड)।
अहिगम सक [**अधि+गम्**] १ जानना। २ निर्णय करना। ३ प्राप्त करना। कृ—**अहिगम्म** ; (सम्म १६७)।
अहिगम सक [**अभि+गम्**] १ सामने जाना। २ आदर करना। कृ—**अहिगम्म** ; (सण)।
अहिगम पुं [**अधिगम**] १ ज्ञान ; (विसे ६०८)। "जीवाईणमहिगमो मिच्छत्तस्स खओवसमभावे" (धर्म २)। २ उपलम्भ , प्राप्ति ; (दे ७, १४)। ३ गुरु आदि का उपदेश; (विसे २६७५)। ४ सेवा, भक्ति; (सम ५१)। ५ न. गुर्वादि के उपदेश से होने वाली सद्धर्म-प्राप्ति—सम्यक्त्व; (सुपा ६४८)। °**रुइ** स्त्री [°**रुचि**] १ सम्यक्त्व का एक भेद। २ सम्यक्त्व वाला ; (पव १४५)।
अहिगम देखो **अभिगम** ; (औप ; से ८,३३; गउड)।
अहिगमण न [**अधिगमन**] १ ज्ञान ; २ निर्णय ; ३ प्राप्ति, उपलम्भ ; (विसे)।
अहिगमय वि [**अधिगमक**] जनाने वाला, बतलाने वाला ; (विसे ५०३)।
अहिगमिय वि [**अधिगत**] १ ज्ञात ; २ निश्चित; (सुर १, १८१)।
अहिगम्म देखो **अहिगम**=अधि+गम्।
अहिगम्म देखो **अहिगम**=अभि+गम्।
अहिगय वि [**अधिकृत**] १ प्रस्तुत, (रयण ३६)। २ न. प्रस्ताव, प्रसंग ; (राज)।
अहिगय वि [**अधिगत**] १ उपलब्ध, प्राप्त ; (उत्त १०)। २ ज्ञात ; (दे ६, १४८)। ३ पुं. गीतार्थ मुनि, शास्त्राभिज्ञ साधु ; (वव १)।
अहिगर पुं [**दे**] अजगर ; (जीव १)।
अहिगरण पुंन [**अधिकरण**] १ युद्ध, लड़ाई ; (उप पृ २६८)। २ असंयम, पाप-कर्म से अनिवृत्ति ; (उप ८७२)। ३ आत्म-भिन्न बाह्य वस्तु ; (ठा २, १)। ४ पाप-जनक क्रिया ; (णाया १, ५)। ५ आधार ; (विसे ८४)। ६ भेंट, उपहार ; (बृह १)। ७ कलह, विवाद ; (बृह १)। ८ हिंसा का उपकरण ; "मोहंधेण य रइयं हलउक्खलमुसलपमुहमहिगरणं" (विवे ६१)। °**कड**, °**कर** वि [°**कर**] कलह-कारक ; (सूअ १, २, २ ; आचा)। °**किरिया** स्त्री [°**क्रिया**] पाप-जनक कृति, दुर्गति में ले जाने वाली क्रिया ; (पण्ह १, २)। °**सिद्धंत** पुं [°**सिद्धान्त**] आनु-षंगिक सिद्धि करने वाला सिद्धान्त ; (सूअ १, १२)।
अहिगरणी स्त्री [**अधिकरणी**] लोहार का एक उपकरण ; (भग १६, १)। °**खोडि** स्त्री [°**खोटि**] जिस पर अधिकरणी रखी जाती है वह काष्ठ ; (भग १६, १)।
अहिगरणिया } स्त्री [**आधिकरणिकी**] देखो **अहिगर-**
अहिगरणीया } **ण-किरिया** ; (सम १० ; ठा २, १ ; नव १७)।
अहिगरी स्त्री [**दे**] अजगरिन, स्त्री अजगर ; (जीव २)।

अहिगार पुं [**अधिकार**] १ वैभव, संपत्ति; "नियग्रहिगारगुरुत्तं जम्मणमहिमं विहिस्सामो" (सुपा ४१)। २ हक्क, सत्ता; (सुपा ३५०)। ३ प्रस्ताव, प्रसंग; (विसे ४८७)। ४ ग्रन्थ-विभाग; (वसु)। ५ योग्यता, पात्रता; (प्रासू १३५)।

अहिगारि } वि [**अधिकारिन्**] १ अमलदार, राज-
अहिगारिय } नियुक्त सत्ताधीश; "ता तप्पुराहिगारी समागओ तत्थ तम्मि खणे" (सुपा ३५० ; श्रा २७)। २ पात्र, योग्य; (प्रासू १३५ ; सण)।

अहिगिच्च अ [**अधिकृत्य**] अधिकार करके; (उवर ३६; ६६)।

अहिघाय पुं [**अभिघात**] आस्फालन, आघात; (गउड)।

अहिजाय वि [**अभिजात**] कुलीन; (भग ६, ३३)।

अहिजाइ स्त्री [**अभिजाति**] कुलीनता; (प्राप्र)।

अहिजाण सक [**अभि+ज्ञा**] पीछानना। भवि—अहिजाणिस्सदि (शौ); (पि ५३४)।

अहिजुंज देखो **अभिजुंज**। संकृ—**अहिजुंजिय**; (भग)।

अहिजुत्त देखो **अभिजुत्त**; (प्रवो ८४)।

अहिज्ज सक [**अधि+इ**] पढ़ना, अभ्यास करना। अहिज्जइ; (अंत २)। वकृ—**अहिज्जंत, अहिज्जमाण**; (उप १६६ टी; उवा)। संकृ—**अहिज्जित्ता, अहित्ता**; (उत्त १ ; सूअ १, १२) हेकृ—**अहिज्जिउं**; (दस ४)।

अहिज्ज वि [**अधिज्य**] धनुष की डोरी पर चढ़ाया हुआ (बाण); (दे ७, ६२)।

अहिज्ज } वि [**अभिज्ञ**] जानकार, निपुण; (पि २६६;
अहिज्जग } प्रारू; दस ५)।

अहिज्जण न [**अध्ययन**] पठन, अभ्यास; (विसे ७ टी)।

अहिज्जाविय वि [**अध्यापित**] पाठित, पढ़ाया हुआ; (उप पृ ३३)।

अहिज्जिय वि [**अधीत**] पठित, अभ्यस्त; (सुर ८, १२१; उप ५३० टी)।

अहिज्झिय वि [**अभिध्यित**] लोभ-रहित, अ-लुब्ध; (भग ६, ३)।

अहिट्ठग वि [**अधिष्ठक**] अधिष्ठाता, विधायक, कारक; "नासंदीपलिग्रंकेसु, न निसिज्जा न पीढए।
निग्गंथापडिलेहाए, बुद्धवुत्तमहिट्ठगा" (दस ६, ५५)।

अहिट्ठा सक [**अधि+स्था**] १ ऊपर चलना। २ आश्रय लेना। ३ रहना, निवास करना। ४ शासन करना। ५ करना। ६ हराना। ७ आक्रमण करना। ८ ऊपर चढ़ बैठना। ९ वश करना। अहिट्ठेइ; (निचू ५)। "ता अहिट्ठेहि इमं रज्जं" (स २०४)। अहिट्ठेज्जा; (पि २५२; ४६६)। वकृ—**अहिट्ठंत**; (निचू ५)। कवकृ—**अहिट्ठिज्जमाण**; (ठा ४, १)। संकृ—**अहिट्ठेइत्ता**; (निचू १२)। हेकृ—**अहिट्ठित्तए**; (बृह ३)।

अहिट्ठाण न [**अधिष्ठान**] १ बैठना; (निचू ५)। २ आश्रयण; (सूअ १, २, ३)। ३ मालिक बनना; (आचा)। ४ स्थान, आश्रय; (स ४६६)।

अहिट्ठावण न [**अधिष्ठापन**] ऊपर रखना; (निचू ५)।

अहिट्ठिय वि [**अधिष्ठित**] १ अध्यासित; (णाया १, १४)। २ आधीन किया हुआ; (णाया १, १४)। ३ आक्रान्त, आविष्ट; (ठा ५, २)।

अहिड्डुय वि [**दे. अभिद्रुत**] पीडित, "अहिड्डुयं पीडिग्रं परद्धं च" (पाअ)।

अहिणंद देखो **अभिणंद**। वकृ—**अहिणंदमाण**; (पउम ११, १२०) कवकृ—**अहिणंदिज्जमाण, अहिणंदीअमाण**; (नाट ; पि ५६३)।

अहिणंदण देखो **अभिणंदण**; (पउम २०, ३० ; भवि)।

अहिणंदिय देखो **अभिणंदिय**; (पउम ८, १२३ ; स १४)।

अहिणय देखो **अभिणय**; (कप्पू ; सण)।

अहिणव पुं [**अभिनव**] १ सेतुबन्ध काव्य का कर्ता राजा प्रवरसेन; (से १, ६)। २ नूतन, नया; (णाया १, १ ; सुपा ३३०)।

अहिणवेमाण देखो **अहिणी**।

अहिणवेमाण देखो **अहिणु**।

अहिणाण देखो **अहिण्णाण**; (भवि)।

अहिणिबोह पुं [**अभिनिबोध**] ज्ञान-विशेष, मतिज्ञान; (पण्ण २६)।

अहिणिवस सक [**अभिनि+वस्**] बसना, रहना। वकृ—**अहिणिवसमाण**; (मुद्रा २३१)।

अहिणिविट्ठ वि [**अभिनिविष्ट**] आग्रह-ग्रस्त; (स २७३)।

अहिणिवेस पुं [**अभिनिवेश**] आग्रह, हठ; (स ६२३ ; अभि ६५)।

अहिणिवेसि वि [**अभिनिवेशिन्**] आग्रही; (पि ४०५)।
अहिणी देखो **अभिणी**। वकृ—**अहिणवेमाण** ; (सुर ३, १५०)।
अहिणील वि [**अभिनील**] हरा, हरा रंग वाला; (गउड)।
अहिणु सक [**अभि+नु**] स्तुति करना, प्रशंसना। वकृ—**अहिणवेमाण** ; (सुर ३, ७७)।
अहिण्ण वि [**अभिन्न**] भेद-रहित, अ-पृथग्भूत ; (गा २६५; ३८०)।
अहिण्णाण न [**अभिज्ञान**] चिन्ह, निशानी ; (अभि १३)।
अहिण्णु वि [**अभिज्ञ**] निपुण, ज्ञाता ; (हे १, ५६)।
अहितत्त वि [**अभितप्त**] तापित, संतापित ; (उत्त २)।
अहित्ता देखो **अहिज्ज** = अधि+इ।
अहिदायग वि [**अभिदायक**] देने वाला, दाता ; (सुपा ५४)।
अहिदेवया स्त्री [**अधिदेवता**] अधिष्ठाता देव ; (सुपा ६०; कप्पू)।
अहिद्दव सक [**अभि+द्रु**] हैरान करना। अहिद्दवंति ; (स ३६३)। भवि—अहिद्दविस्सइ ; (स ३६६)।
अहिद्दुय वि [**अभिद्रुत**] हैरान किया हुआ ; (स ५१४)।
अहिधाव सक [**अभि+धाव्**] दौड़ना, सामने दौड कर जाना। वकृ—**अहिधावंत** ; (से १३, २६)।
अहिनाण } देखो **अहिण्णाण**; (श्रा १६ ; सुपा २५०)।
अहिन्नाण }
अहिनिवेस देखो **अहिणिवेस** ; (स १२५)।
अहिपच्चुअ सक [**ग्रह्**] ग्रहण करना। अहिपच्चुअइ ; (हे ४, २०६ ; षड्)। **अहिपच्चुअंति** ; (कुमा)।
अहिपच्चुअ सक [**आ+गम्**] आना। अहिपच्चुअइ ; (हे ४, १६३)।
अहिपच्चुइअ वि [**आगत**] आयात ; (कुमा)।
अहिपच्चुइअ न [**दे**] अनुगमन, अनुसरण; (दे १, ४६)।
अहिप्पाय देखो **अभिप्पाय** ; (महा ; कप्पू)।
अहिप्पेय देखो **अभिप्पेय** ; (उप १०३१ टी; स ३४)।
अहिभव देखो **अभिभव** ; (गउड)।
अहिमंजु पुं [**अभिमन्यु**] अर्जुन के एक पुत्र का नाम ; (कुमा)।
अहिमंतण वि [**अभिमन्त्रण**] मन्त्रित करना, मन्त्र से संस्कारना ; (भवि)।
अहिमंतिअ वि [**अभिमन्त्रित**] मन्त्र से संस्कृत ; (महा)।
अहिमज्जु }
अहिमण्णु } देखो **अहिमंजु** (कुमा ; षड्)।
अहिमन्नु }
अहिमय वि [**अभिमत**] संमत, इष्ट ; (स २००)।
अहिमयर पुं [**अहिमकर**] सूर्य, रवि ; (पाअ)।
अहिमर पुं [**अभिमर**] धनादि के लोभ से दूसरे को मारने का साहस करने वाला ; (सुर १, ६८)। २ गजादि-घातक ; (विसे १७६४)।
अहिमाण पुं [**अभिमान**] गर्व, अहंकार ; (प्रासू १७ ; सण)।
अहिमाणि वि [**अभिमानिन्**] अभिमानी, गर्विष्ठ ; (स ४३१)।
अहिमास } पुं [**अधिमास, °क**] अधिक मास ; (आव १ ; निचू २०)।
अहिमासग }
अहिमुह वि [**अभिमुख**] संमुख, सामने रहा हुआ ; (से १, ४४ ; पउम ८, १६७ ; गउड)।
अहिमुहिहूअ } वि [**अभिमुखीभूत**] सामने आया हुआ ; (पउम १२, १०५ ; ४५, ६)।
अहिमुहीहूअ }
अहिय वि [**अधिक**] १ ज्यादः, विशेष ; (औप ; जी २७ ; स्वप्न ४०)। २ क्रिवि. बहुत, अत्यन्त; (महा)।
अहिय वि [**अहित**] अहितकर, शत्रु, दुश्मन ; (महा ; सुपा ६६)।
अहिय वि [**अधीत**] पठित, अभ्यस्त ; "अहियसुओ पडिवज्जिय एगल्लविहारपडिमं सो" (सुर ४, १५४)।
अहिया स्त्री [**अधिका**] भगवान् श्रीनमिनाथ की प्रथम शिष्या ; (सम १५३)।
अहियाय देखो **अहिजाय** ; (पाअ)।
अहियाइ देखो **अहिजाइ** ; (षड्)।
अहियार पुं [**अभिचार**] शत्रु के वध के लिए किया जाता मन्त्रादि-प्रयोग ; (गउड)।
अहियार देखो **अहिगार** ; (स ५४३ ; पाअ; मुद्रा २६६; सट्टि ७ टी; भवि; दे ७, ३२)।
अहियारि देखो **अहिगारि** ; (दे ६, १०८)।

अहियास सक [अधि+आस्, अधि+सह्] सहन करना, कष्टों को शान्ति से झेलना। अहियासइ, अहियासए, अहियासेइ ; (उव; महा)। कर्म—अहियासिज्जंति; (भग)। वकृ— **अहियासेमाण** ; (आचा)। संकृ—**अहियासित्ता, अहियासेत्तु** ; (सूअ १, ३, ४ ; आचा) हेकृ—**अहियासित्तए** ; (आचा)। कृ—**अहियासियव्व** ; (उप ५४३)।

अहियास वि [अध्यास, अधिसह] सहिष्णु; (वृह १)।

अहियासण न [अध्यासन, अधिसहन] सहन करना ; (उप ५३६ ; स १६२)।

अहियासण न [अधिकाशन] अधिक भोजन, अजीर्ण ; (ठा ६)।

अहियासिय वि [अध्यासित, अधिपोढ] सहन किया हुआ ; (आचा)।

अहिर पुं [अभीर] अहीर, गोवाला ; (गा ८११)।

अहिरम अक [अभि+रम्] क्रीड़ा करना, संभोग करना। अहिरमदि (शौ); (नाट)। हेकृ—**अभिरमिदुं** (शौ); (नाट)।

अहिरम्म वि [अभिरम्य] सुन्दर, मनोहर ; (भवि)।

अहिराम वि [अभिराम] सुन्दर, मनोरम ; (पाअ)।

अहिरामिण वि [अभिरामिन्] आनन्द देने वाला ; (सण)।

अहिराय पुं [अधिराज] १ राजा ; (वृह ३)। २ स्वामी, पति ; (सण)।

अहिराय न [अधिराज्य] राज्य, प्रभुत्व ; (सट्ठि ७)।

अहिरीअ वि [अह्रीक] निर्लज्ज, बेशरम ; (हे २, १०४)।

अहिरीअ वि [दे] निस्तेज, फीका ; (दे १, २७)।

अहिरीमाण वि [दे. अहारिन्, अह्रीमनस्] १ अमनोहर, मनको प्रतिकूल ; २ अलज्जाकारक ; " एगयरे अन्नयरे अभिन्नाय तितिक्खमाणे परिव्वए, जे य हिरी, जे य अहिरीमाणा " (आचा १, ६, २)।

अहिरूव वि [अभिरूप] १ सुन्दर, मनोहर; (अभि २११)। २ अनुरूप, योग्य ; (विक्र ३८)।

अहिरेम सक [पॄ] पूरा करना, पूर्ति करना। अहिरेमइ ; (हे ४, १६९)।

अहिरोइअ वि [दे] पूर्ण ; (पड्)।

अहिरोहण न [अधिरोहण] ऊपर चढ़ना, आरोहण ; (मा ४०)।

अहिरोहि वि [अधिरोहिन्] ऊपर चढ़ने वाला ; (अभि १७०)।

अहिरोहिणी स्त्री [अधिरोहिणी] निःश्रेणी, सीढ़ी ; (दे ८, २६)।

अहिल वि [अखिल] सकल, सब ; (गउड ; रंभा)।

अहिलंख, **अहिलंघ**, **अहिलक्ख** } सक [काङ्क्ष] चाहना, अभिलाप करना। अहिलंखइ, अहिलंघइ ; (हे ४, १९२)। " अहिलक्खंति मुअंति अ रइवावारं विलासिणीहिअआइं " (से १०, ५७)।

अहिलक्ख वि [अभिलक्ष्य] अनुमान से जानने योग्य ; (गउड)।

अहिलव सक [अभि+लप्] संभाषण करना, कहना। कवकृ—**अहिलप्पमाण** ; (स ८४)।

अहिलस सक [अभि+लष्] अभिलाप करना, चाहना। अहिलसइ ; (महा)। वकृ—**अहिलसंत** ; (नाट)।

अहिलसिय वि [अभिलषित] वाञ्छित ; (सुर ४, २४८)।

अहिलसिर वि [अभिलाषिन्] अभिलाषी ; इच्छुक ; (दे ६, ५८)।

अहिलाण न [अभिलान] मुख का बन्धन विशेष ; (णाया १, १७)।

अहिलाव पुं [अभिलाप] शब्द, अवाज ; (ठा २, ३)।

अहिलास पुं [अभिलाष] इच्छा, वाञ्छा, चाह ; (गउड)।

अहिलासि वि [अभिलाषिन्] चाहने वाला ; (नाट)।

अहिलिअ न [दे] १ पराभव ; २ क्रोध, गुस्सा ; (दे १, ५७)।

अहिलिह सक [अभि+लिख्] १ चिन्ता करना। २ लिखना। अहिलिहंति ; (मुद्रा १०८)। संकृ—**अहिलिहिअ** ; (वेणी २५)।

अहिलोयण न [अभिलोकन] ऊंचा स्थान ; (पण्ह २, ४)।

अहिलोल वि [अभिलोल] चपल, चञ्चल ; (गउड)।

अहिलोहिआ स्त्री [अभिलोभिका] लोलुपता, तृष्णा ; (से ३, ४७)।

अहिल्ल वि [दे] धनवान्, धनी ; (दे १, १०)।

अहिल्लिया स्त्री [अहिल्या] एक सती स्त्री ; (पण्ह १, ४)।

अहिव वि [**अधिप**] १ ऊपरी, मुखिया ; (उप ७२८ टी)। २ मालिक, स्वामी ; (गउड)। ३ राजा, भूप ; " दुद्धाहिवा दंडपरा हवंति " (गाय ८)।
अहिवइ वि [**अधिपति**] ऊपर देखो ; (णाया १, ८ ; गउड ; सुर ६, ६२)।
अहिवंजु देखो **अहिमंजु** ; (षड्)।
अहिवंदिय वि [**अभिवन्दित**] नमस्कृत ; (स ६४१)।
अहिवज्जु देखो **अहिमंजु** ; (षड्)।
अहिवड सक [**अधि+पत्**] आना। वकृ—**अहिवडंत** ; (राज)।
अहिवड्ढ देखो **अभिवड्ढ**। अहिवड्ढामो ; (कप्प)।
अहिवड्ढिय वि [**अभिवर्धित**] बढ़ाया हुआ ; (स २४७)।
अहिवण्ण वि [**दे**] पीला और लाल रंग वाला ; (दे १, ३३)।
अहिवण्णु, **अहिवन्नु** देखो **अहिमंजु** ; (षड् ; कुमा)।
अहिवस सक [**अधि+वस्**] निवास करना, रहना। वकृ—**अहिवसंत**; (स २०८)।
अहिवाइय वि [**अभिवादित**] अभिनन्दित ; (स ३१४)।
अहिवायण देखो **अभिवायण** ; (भवि)।
अहिवाल वि [**अधिपाल**] पालक, रक्षक ; (भवि)।
अहिवास पुं [**अधिवास**] वासना, संस्कार ; (वे ७, ८७)।
अहिवासण न [**अधिवासन**] संस्काराधान ; (पंचा ८)।
अहिविण्णा स्त्री [**दे**] कृत-सापत्न्या स्त्री, उपपत्नी ; (दे १, २५)।
अहिसंका स्त्री [**अभिशङ्का**] भ्रम, संदेह ; (पउम ४२, २१)।
अहिसंजमण न [**अभिसंयमन**] नियन्त्रण ; (गउड)।
अहिसंधि पुंस्त्री [**अभिसंधि**] अभिप्राय, आशय ; (पण्ह १, २ ; स ४६३)।
अहिसंधि पुं [**दे**] वारंवार ; (दे १, ३२)
अहिसर सक [**अभि+सृ**] १ प्रवेश करना। २ अपने दयित—प्रिय के पास जाना। प्रयो,—कर्म—अभिसारीअदि (शौ); (नाट)। हेकृ—**अभिसारिदुं** (शौ); (नाट)।
अहिसरण न [**अभिसरण**] प्रिय के समीप गमन ; (स ५३३)।
अहिसरिअ वि [**अभिसृत**] १ प्रिय के समीप गत ; २ प्रविष्ट ; (आवम)।
अहिसहण न [**अधिसहन**] सहन करना ; (ठा ६)।
अहिसाम वि [**अभिशाम**] काला, कृष्ण वर्ण वाला ; (गउड)।
अहिसाय वि [**दे**] पूर्ण, पूरा ; (दे १, २०)।
अहिसारण न [**अभिसारण**] १ आनयन ; (से १०, ६२)। २ पति के लिए संकेत स्थान पर जाना ; (गउड)।
अहिसारिअ वि [**अभिसारित**] आनीत ; (से १, १३)।
अहिसारिआ स्त्री [**अभिसारिका**] नायक को मिलने के लिए संकेत स्थान पर जाने वाली स्त्री ; (कुमा)।
अहिसिअ न [**दे**] १ अनिष्ट ग्रह की आशंका से खेद करना—रोना ; (दे १, ३०)। २ वि. अनिष्ट ग्रह से भय-भीत ; (षड्)।
अहिसिंच देखो **अभिसिंच**। अहिसिंचइ ; (महा)। संकृ—**अहिसिंचिऊण** ; (स ११६)।
अहिसिंचण न [**अभिषेचन**] अभिषेक ; (सम १२५)।
अहिसित्त देखो **अभिसित्त** ; (महा ; सुर ८, ११६)।
अहिसेअ देखो **अभिसेअ** ; (सुपा ३७ ; नाट)।
अहिसोढ वि [**अधिसोढ**] सहन किया हुआ ; (उप १४७ टी)।
अहिस्संग पुं [**अभिष्वङ्ग**] आसक्ति ; (नाट)।
अहिहय वि [**अभिहत**] १ आघात-प्राप्त ; (से ५, ७७)। २ मारित, व्यापादित ; (से १४, १२)।
अहिहर सक [**अभि+हृ**] १ लेना। २ ऊठाना। ३ अक. शोभना, विराजना। ४ प्रतिभास होना, लगना।
" वीयाभरणा अकयप्पणमंडणा अहिहरंति रमणीओ।
सुण्णाओ व कुसुमफलंतरम्मि सहयारवल्लीओ ॥
इह हि हलिद्दाहयदविडसामलीगंडमंडलानीलं।
फलमसअलपरिणामावलंवि अहिहरइ चूयाण" (गउड)।
अहिहर न [**दे**] १ देव-कुल, पुराना देव-मन्दिर ; २ वल्मीक ; (दे १, ५७)।
अहिहव सक [**अभि+भू**] पराभव करना, जितना। अहिहवंति ; (स १६८)। कर्म—अहिहवीयंति ; (स ६६८)।

अहिहाण न [दे. अभिधान] वर्णना, प्रशंसा ; (दे १, २१)।

अहिहाण देखो **अभिहाण** ; (स १६५ ; गउड ; सुर ३, २५ ; पाअ)।

अहिहू देखो **अहिहव**। कवकृ—**अहिहूअमाण** ; (अभि ३७)।

अहिहूअ वि [अभिभूत] पराभूत, परास्त ; (दे १, १५८)।

अही सक [अधि+इ] पढ़ना। कर्म—अहीयइ ; (विसे ३१९९)।

अही स्त्री [अही] नागिन, स्त्री-साँप ; (जीव २)।

अहीकरण न [अधिकरण] कलह, झगड़ा ; (निचू १०)।

अहीगार देखो **अहिगार** ; "सेसेसु अहीगारो, उवगरण-सरीरमुक्खेसु" (आचानि २५४)।

अहीण वि [अधीन] आयत, आधीन ; (पराह २, ४)।

अहीण वि [अ-हीन] अन्यून, पूर्ण ; (विपा १, १ ; उवा)।

अहीय वि [अधीत] पठित, अभ्यस्त "वेया अहीया ण भवंति ताणं" (उत्त १५, १२ ; गाया १, १४ ; सं ७८)।

अहीरग वि [अहीरक] तन्तु-रहित (फलादि) ; (जी १२)।

अहीरु वि [अभीरु] निडर, निर्भीक ; (भवि)।

अहीसर पुं [अधीश्वर] परमेश्वर ; (प्रामा)।

अहुआसेय वि [अहुताशेय] अग्नि के अयोग्य; (गउड)।

अहुणा अ [अधुना] अभी, इस समय, आजकल ; (ठा ३, ३ ; नाट)।

अहुलण वि [अमार्जक] अ-नाशक ; (कुमा)।

अहुल्ल वि [अफुल्ल] अ-विकसित ; (कुमा)।

अहुवंत वकृ [अभवत्] नहीं होता हुआ ; (कुमा)।

अहूण देखो **अहीण** = अहीन ; (कुमा)।

अहूव वि [अभूत] जो न हुआ हो। °**पुव्व** वि [°पूर्व] जो पहले कभी न हुआ हो ; (कुमा)।

अहे अ [अधस्] नीचे ; (आचा)। °**कम्म** न [°कर्मन्] आधाकर्म, भिक्षा का एक दोष ; (पिंड)। °**काय** पुं [°काय] शरीर का नीचला हिस्सा ; (सूअ १, ४, १)। °**चर** वि [°चर] विल आदि में रहने वाले सर्प वगैरः जन्तु ; (आचा)। °**तारग** पुं [°तारक] पिशाच-विशेष ; (पराण १)। °**दिसा** स्त्री [°दिक्] नीचे की दिशा ; (आचा)। °**लोग** पुं [°लोक] पाताल-लोक ; (ठा २, २)। °**वाय** पुं [°वात] नीचे वहने वाला वायु ; (पराण १)। २ अपान-वायु, पर्दन ; (आवम)। °**वियड** वि [°विकट] भित्यादि-रहित स्थान, खुल्ला स्थान ; "तंसि भगवं अपडिन्ने अहे-वियडे अहियासए दविए" (आचा)। °**सत्तमा** स्त्री [°सप्तमी] सातवीं या अन्तिम नरक-भूमि ; (सम ४१ ; गाया १, १६; १९)। देखो **अहो** = अधस्।

अहे देखो **अह** = अथ ; (भग १, ६)।

अहेउ पुं [अहेतु] १ सत्य हेतु का विरोधी, हेत्वाभास ; (ठा ५, १)। २ वि. कारण-रहित, नित्य ; (सूअ १, १, १)। °**वाय** पुं [°वाद] आगम-वाद, जिसमें तर्क—हेतु को छोड़ कर केवल शास्त्र ही प्रमाण माना जाता हो ऐसा वाद ; (सम्म १४०)।

अहेउय वि [अहेतुक] हेतु-वर्जित, निष्कारण ; (पउम ९३, ४)।

अहेसणिज्ज वि [यथैपणीय] संस्कार-रहित, कोरा ; "अहेसणिज्जाइं वत्थाइं जाएज्जा" (आचा)।

अहेसर पुं [अहरीश्वर] सूर्य, सूरज ; (महा)।

अहो देखो **अह** = अधस् ; (सम ३६ ; ठा २, २ ; ३, १ ; भग ; गाया १, १ ; पउम १०२, ८१ ; आव ३)। °**करण** न [°करण] कलह, झगड़ा ; (निचू १०)। °**गइ** स्त्री [°गति] १ नरक या तिर्यञ्च योनि। २ अवनति ; (पउम ८०, ४६)। °**गामि** वि [°गामिन्] दुर्गति में जाने वाला ; (सम १५३ ; श्रा ३३)। °**तरण** न [°तरण] कलह, झगड़ा ; (निचू १०)। °**मुह** वि [°मुख] अधोमुख, अवनत-मुख, लज्जित ; (सुर २, १५८ ; ३, १३५ ; सुपा २४२)। °**लोइय** वि [°लौकिक] पाताल लोक से संवन्ध रखने वाला ; (सम १४२)। °**हि** वि [°अवधि] १ नीचला दरजा का अवधिज्ञान वाला ; (राय)। २ पुंस्त्री. नीचला दरजा का अवधिज्ञान, अवधिज्ञान का एक भेद ; (ठा २, २)।

अहो अ [अहनि] दिवस में, "अहो य राओ य सिवाभि-लासिणो" (पउम ३१, १२८ ; पराह २, १)।

अहो अ [अहो] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ विस्मय, आश्चर्य ; २ खेद, शोक ; ३ आमन्त्रण, संबोधन ; ४ वितर्क ; ५ प्रशंसा ; ६ असूया, द्वेष ; (हे २, २१७ ;

आचा ; गउड)। °**दाण** न [°**दान**] आश्चर्य-कारक दान ; (उत्त २ ; कप्प)। °**पुरिसिगा,** °**पुरिसिया** स्त्री [°**पुरुषिका**] गर्व, अभिमान ; (स १२३ ; २८८)। °**विहार** पुं [°**विहार**] संयम का आश्चर्य-जनक अनुष्ठान ; (आचा)।

अहो° पुंन [**अहन्**] दिन दिवस ; (पिंग)। °**णिस** **निस, निसि** न [°**निश**] रात और दिन, दिन-रात, " णिरए णेरइयाणं अहोणिसं पच्चमाणाणं " (सूत्र १, ५, १ ; श्रा ५०) " अंतो अहोनिसिस्स उ " (विसे ८७३)। °**रत्त** पुं [°**रात्र**] १ दिन और रात्रि परिमित काल, आठ प्रहर ; (ठा २, ४) ; " तिण्णि अहोरत्ता पुण न खामिया कयंतेणं " (पउम ४३, ३१)। २ चार-प्रहर का समय ; (जो २)। °**राइया** स्त्री [°**रात्रिकी**] ध्यान-प्रधान अनुष्ठान-विशेष ; (पंचा १८ ; आव ४ ; सम २१)। °**राइंदिय** न [°**रात्रिन्दिव**] दिन-रात ; (भग ; औप)।

अहोरण न [**दे**] उत्तरीय वस्त्र, चद्दर ; (दे १, २५ ; गा ७७१)।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे अयाराइसद्दसंकलणो णाम पढमो तरंगो समत्तो।

आ

आ पुं [**आ**] १ प्राकृत वर्णमाला का द्वितीय स्वर-वर्ण ; (प्रामा)। इन अर्थों का सूचक अव्यय; —२ अ. मर्यादा, सीमा ; जैसे—' आसमुद्द ' (गउड; विसे ८७४)। ३ अभिविधि, व्याप्ति ; जैसे—" आमूलसिरं फलिहथंभाओ " (कुमा; विसे ८७४)। ४ थोडाई, अल्पता ; जैसे—" आणील-कक्करुद्दतुरं वरणं " (गउड); ' आअंब ' (से ६, ३१ ; विसे १२३५)। ५ समन्तात्, चारों ओर ; जैसे—"अणुकुं-डलमा विवइण्णसरसकवरीविलंबियंसम्मि" (गउड; विसे ८७५)। ६ अधिकता, विशेषता ; जैसे—' आदीण ' (सूअ १, ५)। ७ स्मरण, याद ; (षड्)। ८ विस्मय, आश्चर्य ; (ठा ५)। ६-१० क्रिया-शब्द के योग में अर्थ-विस्तृति और विपर्यय ; जैसे—' आरुहइ ' ' आगच्छंत' (षड् ; कुमा)। ११ वाक्य की शोभा के लिए भी इसका प्रयोग होता है ; (गाया १, २)। १२ पादपूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय ; (षड् २, १, ७६)।

आ अ [**आस्**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ; १ खेद ; (गा ६२६)। २ दुःख ; ३ गुस्सा, क्रोध ; (कप्पू)।

आ सक [**या**] जाना। " अव्वो ण आमि छेत्तं " (गा ८२१)।

आअ वि [**दे**] १ अत्यंत, बहुत; २ दीर्घ, लम्बा ; ३ विषम, कठिन; ४ न. लोह, लोहा; ५ मुसल, मूषल; (दे १, ७३)।

आअ वि [**आगत**] आया हुआ ; "पत्थंति आअरोसा " (से १२, ६८ ; कुमा)।

आअअ वि [**आगत**] आया हुआ; (से ३, ४ ; १२, १८; गा ३०१)।

आअअ वि [**आयत**] लम्बा, विस्तीर्ण ; (से ११, ११); " मरगयसूईविद्धं व मोत्तिअं पिअइ आअअग्गीवो। मोरो पाउसआले तणग्गलग्गं उअअबिंदुं " (गा ३६४)।

आअंछ सक [**कृष्**] १ खींचना। २ जोतना, चास करना। ३ रेखा करना। आअंछइ ; (षड्)।

आअंतव्व देखो **आगम**=आ + गम्।

आअंतुअ देखो **आगंतुय** ; (स्वप्न २० ; अभि १२१)।

आअंपिअ देखो **आकंपिय** ; (से १०, ५१)।

आअंब वि [**आताम्र**] थोडा लाल ; (से ६, ३१ ; सुर ३, ११०)।

°आअंब पुं [**कादम्ब**] हंस, पक्षि-विशेष; (से ६, ३१)।

आअक्ख सक [**आ+चक्ष्**] कहना, बोलना, उपदेश करना। आयक्खाहि ; (भग)। कर्म—आअक्खीअदि (शौ) ; (नाट)। भूक—आअक्खिद (शौ) ; (नाट)।

आअच्छ देखो **आगच्छ**। आअच्छइ; (षड्)। संकृ—**आअच्छिअ, आअच्छिऊण**; (नाट; पि ५८१; ५८४)।

आअड्ड अक [**दे**] परवश होकर चलना। आअड्डइ ; (दे १, ६६)।

आअड्ड अक [**व्या+पृ**] व्यापृत होना, काम में लगना। आअड्डइ ; (सण ; षड्)। आअड्डेइ ; (हे ४, ८१)।

आअड्डिअ वि [**दे**] परवश-चलित, दूसरे की प्रेरणा से चला हुआ ; (दे १, ६८)।

आअड्डिअ वि [**व्यापृत**] कार्य में लगा हुआ ; (कुमा)।

आअण्णण देखो **आयन्नण** ; (गा ६५६)।

आअत्ति देखो **आयइ** ; (पिंग)।

आअम देखो **आगम**; (अच्चु ७; अभि १८४ ; गा ४७६ ; स्वप्न ४८ ; मुद्रा ८३)।

आअमण देखो **आगमण** ; (से ३, २० ; मुद्रा १८७)।

आअर सक [**आ+दृ**] आदर करना, सत्कार करना। आअरइ ; (षड्)।

आअर न [**दे**] १ उदूखल, ऊखल ; २ कूर्च; (दे १, ७४)।

आअल्ल पुं [**दे**] १ रोग, बिमारी; (दे १, ७५ ; पाअ)। २ वि. चंचल, चपल ; (दे १, ७५)। देखो **आय-ल्लया**।

आअल्लि } स्त्री [**दे**] झाड़ी, लताओं से निविड प्रदेश ;
आअल्ली } (दे १, ६१)।

आअव्व अक [**वेप्**] काँपना। आअव्वइ ; (षड्)।

आआमि देखो **आगामि** ; (अभि ८१)।

आआस देखो **आयंस** ; (षड्)।

आआसतअ (**दे**) देखो **आयासतल** ; (षड्)।

आइ सक [**आ+दा**] ग्रहण करना, लेना। आइएज्जा ; सूअ १, ७, २६)। आइयत्ति; (भग)। कर्म—आइयइ; (कस)। संकृ—**आइत्तूण; आयइत्ता, आइत्तु** ;(आचा; सूअ १, १२ ; पि ५७७)। प्रयो—आइयावेंति ; (सूअ २, १)। कृ—**आइयव्व** ; (कस)।

आइ पुं [**आदि**] १ प्रथम, पहला ; (सुर २, १३२)। २ वगैरः, प्रभृति ; (जी ३)। ३ समीप, पास। ४ प्रकार, भेद। ५ अवयव, अंश। ६ प्रधान, मुख्य ; " इअ आसंसंति निसोह ! सिंहदत्ताइणो दिआ तुज्झ "

(कुमा ; सुअ १, ४)। ७ उत्पत्ति ; (सम्म ६५)। ८ संसार, दुनयाँ; (सुअ १, ७)। °**गर** वि [°**कर**] १ आदि-प्रवर्त्तक; (सम१)। २ पुं. भगवान् ऋषभदेव; (पउम ३८, ३६)। °**गुण** पुं [°**गुण**] सहभावी गुण; (आव ४)। °**णाह** पुं [°**नाथ**] भगवान् ऋषभदेव ; (आवम)। °**तित्थयर** पुं [°**तीर्थंकर**] भगवान् ऋषभदेव; (णंदि)। °**देव** पुं [°**देव**] भगवान् ऋषभदेव ; (सुर २, १३२)। °**म** वि [°**म**] प्रथम, आद्य, पहला; (आव ४)। °**मूल** न [°**मूल**] मुख्य कारण ; (आचा)। °**मोक्ख** पुं [°**मोक्ष**] संसार से छुटकारा, मोक्ष ; २ शीघ्र ही मुक्त होने वाली आत्मा ; " इत्थीओ जे ण सेवंति आइमोक्खा हि ते जणा " (सूअ १, ७)। °**राय** पुं [°**राज**] भगवान् ऋषभदेव ; (ठा ६)। °**वराह** पुं [°**वराह**] कृष्ण, नारायण ; (से ७, २)।

आइ स्त्री [**आजि**] संग्राम, लडाई ; (संथा)।

आइअंतिय देखो **अच्चंतिय** ; (भग १२, ६)।

आइं अ [**दे**] वाक्य की शोभा के लिए प्रयुक्त किया जाता अव्यय ; (भग ३, २)।

आइंग न [**दे**] वाद्य-विशेष ; (पउम ३, ८७ ; ६६, ६)।

आइंच देखो **आयंच**। आइंचइ ; (उवा)।

आइंछ देखो **आअंछ**। आइंछइ ; (हे ४, १८७)।

आइक्ख सक [**आ+चक्ष्**] कहना, उपदेश देना, बोलना ; आइक्खइ, (उवा)। वकृ—**आइक्खमाण** ; (णाया १, १२)। हेकृ—**आइक्खित्तए** ; (उवा)।

आइक्खग वि [**आख्यायक**] कहने वाला, वक्ता ; (पण्ह २, ४)।

आइक्खण न [**आख्यान**] कथन, उपदेश ; (बृह ३)।

आइक्खिय वि [**आख्यात**] उक्त, उपदिष्ट ; (स ३२)।

आइक्खिया स्त्री [**आख्यायिका**] १ वार्त्ता, कहानी ; (णाया १, १)। २ एक प्रकार की मैली विद्या, जिससे चाण्डालनी भूत-काल आदि की परोक्ष बातें कहती है ; (ठा ६)।

आइग्ग वि [**आविग्न**] उद्विग्न, खिन्न ; (पाअ)।

आइग्घ सक [**आ+घ्रा**] सूँघना। आइग्घइ, आइग्घाइ ; (प्रडू)। हेकृ—**आइग्घिउं** ; (कुमा)।

आइच्च अ [**दे**] कदाचित्, कोइवार ; (पण्ण १७— पत्र ४८५)।

आइच्च पुं [**आदित्य**] १ सूर्य, सूरज, रवि ; (सम ५६)। २ लोकान्तिक देव-विशेष ; (णाया १, ८)। ३ न. देवविमान-विशेष ; ४ पुं. तन्निवासी देव ; (पव)। ५ वि. आद्य, प्रथम ; (सुज्ज २०)। ६ सूर्य-संबन्धी ; " आइच्चे णं मासे " (सम ५६)। °**गइ** पुं [°**गति**] राक्षस वंश के एक राजा का नाम ; (पउम ५, २६१)। °**जस** पुं [°**यशस्**] भरत चक्रवर्ती का एक पुत्र, जिससे इक्ष्वाकु वंश की शाखारूप सूर्यवंश की उत्पत्ति हुई थी ; (पउम ५, ३ ; सुर २, १३४)। °**पभ** न [°**प्रभ**] इस नाम का एक नगर ; (पउम ५, ८२)। °**पीढ** न [°**पीठ**] भगवान् ऋषभदेव का एक स्मृति-चिन्ह—पादपीठ; (आवम)। °**रक्ख** पुं [°**रक्ष**] इस नाम का लङ्का का एक राज-पुत्र ; (पउम ५, १६६)। °**रय** पुं [°**रजस्**] वानर वंश का एक विद्याधर राजा ; (पउम ८, २३४)।

आइज्ज देखो **आएज्ज** ; (नव १५)।

आइज्जमाण वकृ [**आर्द्रीक्रियमाण**] आर्द्र किया जाता, भींजाया जाता ; (आचा)।

आइज्जमाण देखो **आढा**=आ+दृ।

आइट्ठ वि [**आदिष्ट**] १ उक्त, उपदिष्ट ; (सुर ४, १०१)। २ विवक्षित ; (सम्म ३८)।

आइट्ठ वि [**आविष्ट**] अधिष्ठित, आश्रित ; (कस)।

आइट्ठि स्त्री [**आदिष्टि**] धारणा ; (ठा ७)।

आइड्ढि स्त्री [**आत्मर्द्धि**] आत्मा की शक्ति, आत्मीय सामर्थ्य ; (भग १०, ३)।

आइड्ढिय वि [**आत्मर्द्धिक**] आत्मीय-शक्ति-संपन्न ; (भग १०, ३)।

आइण्ण देखो **आइन्न** ; (औप ; भग ७, ८ ; हे ३, १३४)।

आइत्त वि [**आदीप्त**] थोड़ा प्रकाशित—ज्वलित ; (णाया १, १)।

आइत्त वि [**आयत्त**] अधीन, वशीभूत ; " तुज्झ सिरी जा परस्स आइत्ता " (जीवा १०)।

आइत्तु वि [**आदातृ**] ग्रहण करने वाला ; (ठा ७)।

आइत्तूण देखो **आइ**=आ+दा।

आइदि स्त्री [**आकृति**] आकार ; (प्राप्र ; स्वप्न २०)।

आइद्ध वि [**आविद्ध**] १ प्रेरित ; (से ७, १०)। २ स्पृष्ट, छूआ हुआ ; (से ३, ३५)। ३ पहना हुआ, परिहित ; (आक ३८)।

आइद्ध वि [आदिग्ध] व्याप्त ; (णाया १, १)।
आइन्न वि [आकीर्ण] १ व्याप्त, भरा हुआ ; (सुर १, ४६ ; ३, ७१)। २ पुं. वस्त्र-दायक कल्प-वृक्ष ; (ठा १०)।
आइन्न वि [आचीर्ण] आचरित, विहित ; (आचा ; चैत्य ४६)।
आइन्न वि [आदीर्ण] उद्विग्न, खिन्न ; " आइन्नाइं पियराइं तीए पुच्छंति दिव्व-देवन्नं " (सुपा ५६७)।
आइन्न पुं [दे] जात्याश्व, कुलीन घोड़ा ; (पण्ह १, ४)।
आइप्पण न [दे] १ आटा ; (गा १६६ ; दे १, ७८)। २ घर को शोभा के लिये जो चूना आदि की सफेदी दी जाती है वह ; ३ चावल के आटा का दूध ; ४ घर का मण्डन—भूषण ; (दे १, ७८)।
आइय (अप) वि [आयात] आया हुआ ; (भवि)।
आइय वि [आचित] १ संचित, एकत्रीकृत ; २ व्याप्त, आकीर्ण ; ३ ग्रथित, गुम्फित ; (कप्प ; औप)।
आइय वि [आदृत] आदर-प्राप्त ; (कप्प)।
आइयण न [आदान] ग्रहण, उपादान ; (पण्ह १, ३)।
आइयणया स्त्री [आदान] ग्रहण, उपादान ; (ठा २, १)।
आइरिय देखो **आयरिय**=आचार्य ; (हे १, ७३)।
आइल वि [आविल] मलिन, कलुष, अ-स्वच्छ ; (पण्ह १, ३)।
आइल्ल } वि [आदिम] प्रथम, पहला ; (सम १२६ ;
आइल्लिय } भग)। " आइल्लियासु तिसु लेसासु " (पण्ण १७ ; विसे २६२४)।
आइवाहिअ पुं [आतिवाहिक] देव-विशेष, जो मृत जीव को दूसरे जन्म में ले जाने के लिए नियुक्त है ;
" काहे अमाणवंता अग्गिमुहा आइवाहिआ तवं पुरिसा।
अइलंघेहिंति ममं अच्चुआ ! तमगहणनिउणयरकंतारं "
(अच्चु ८५)।
आइस सक [आ+दिश्] आदेश करना, हुकुम करना, फरमाना। आइसइ ; (पि ४७१)। वकृ—**आइसंत** ; (सुर १६, १३)।
आइसण वि [दे] उज्झित, परित्यक्त ; (दे १, ७१)।
आईण वि [आदीन] १ अतिदीन, बहुत गरीब ; (सूअ १, ५)। २ न. दूषित भिक्षा ; (सूअ १, १०)।
आईण पुं [दे] जातिमान् अश्व, कुलीन घोड़ा ; (णाया १, १७)।

आईण } न [आजिन °क] १ चमड़े का बना हुआ वस्त्र ;
आईणग } (णाया १, १ ; आचा)। २ पुं. द्वीप-विशेष ; ३ समुद्र-विशेष ; (जीव ३)। °**भद्द** पुं [°भद्र] आजिन-द्वीप का अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**महाभद्द** पुं [°महाभद्र] देखो पूर्वोक्त अर्थ ; (जीव ३)। °**महावर** पुं [°महावर] आजिन और आजिनवर-नामक समुद्र का अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**वर** पुं [°वर] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष ; ३ आजिन और आजिनवर समुद्र का अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**वरभद्द** पुं [°वरभद्र] आजिनवर-द्वीप का अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**वरमहाभद्द** पुं [°वरमहाभद्र] देखो अनन्तर उक्त अर्थ ; (जीव ३)। °**वरोभास** पुं [°वरावभास] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष ; (जीव ३)। °**वरोभासभद्द** पुं [°वरावभासभद्र] उक्त द्वीप का अधिष्ठायक देव ; (जीव ३)। °**वरोभासमहाभद्द** पुं [°वरावभासमहाभद्र] देखो पूर्वोक्त अर्थ ; (जीव ३)। °**वरोभासमहावर** पुं [°वरावभासमहावर] आजिनवरावभास-नामक समुद्र का अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**वरोभासवर** [°वरावभासवर] देखो अनन्तर-उक्त अर्थ ; (जीव ३)।
आईनीइ स्त्री [आदिनीति] साम-रूप पहली राज-नीति ; (सुपा ४६२)।
आईय देखो **आइ**=आदि ; (जी ७ ; काल)।
आईय वि [आतीत] १ विशेष-ज्ञात ; २ संसार-प्राप्त, संसार में घुमने वाला ; (आचा)।
आईल पुंन [आचील] पान का थूंकना ; (पव)।
आईव अक [आ+दीप्] चमकना। वकृ—**आईवमाण** ; (महानि)।
आउ स्त्री [दे] १ पानी, जल, (दे १, ६१)। २ इस नाम का एक नक्षत्र-देव ; (ठा २, ३)। °**काय**, °**क्काय** पुं [°काय] जल का जीव ; (उप ६८५ ; पण्ण १)। °**काइय**, °**क्काइय** पुं [°कायिक] जल का जीव ; (पण्ण १ ; भग २४, १३)। °**जीव** पुं [°जीव] जल का जीव (सूअ १, ११)। °**बहुल** वि [°बहुल] १ जल-प्रचुर ; २ रत्नप्रभा पृथिवी का तृतीय काण्ड ; (सम ८८)।
णुवण्ण वि [**दे**] सुप्त, सोया हुआ ; (दे ४, २५)।

णुवण्ण वि [**निषण्ण**] बैठा हुआ, उपविष्ट ; (गउड ; णाया १,५; स २४२)। "पासम्मि नुवण्णा" (उप ६४८ टी)।

णुव्व सक [**प्र+काशय्**] प्रकाशित करना। णुव्वइ ; (हे ४, ४५)। वकृ—**णुव्वंत** ; (कुमा)।

णुसा स्त्री [**स्नुषा**] पुत्र-वधू, पुत्र की भार्या ; (प्रयौ १०५)।

णूउर देखो **णिउर**=नूपुर ; (षड् ; हे १, १२३)।

णूण वि [**न्यून**] कम, ऊन ; (उप पृ ११९)।

णूण } अ [**नूनम्**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१
णूणं } निश्चय, अवधारण; २ तर्क, विचार; ३ हेतु ; प्रयोजन; ४ उपमान ; ५ प्रश्न ; (हे १, २९ ; प्राप्र ; कुमा ; भग ; प्रासू १२ ; वृह १ ; श्रा १२)।

णूपुर देखो **णूउर** ; (चारु ११)।

णूम सक [**छादय्**] १ ढकना, छिपाना। णूमइ ; (हे ४, २१)। णूमंति ; (णाया १, १६)। वकृ—**णूमंत** ; (गा ८५६)।

णूम न [**छादन**] १ प्रच्छादन, छिपाना ; २ असत्य, झूठ ; (पण्ह १, २)। ३ माया, कपट ; (सम ७१)। ४ प्रच्छन्न स्थान, गुफा वगैरः ; (सूअ १, ३,३ ; भग १२, ५)। ५ अन्धकार, गाढ अन्धकार ; (राज)।

णूमिअ वि [**छादित**] ढका हुआ, छिपाया हुआ ; (से १, ३२ ; पाअ ; कुमा)।

णूमिअ वि [**दे**] पोला किया हुआ; (उप पृ ३९३)।

णूला स्त्री [**दे**] शाखा, डाल ; (दे ४, ४३)।

णे अ पाद-पूर्ति में प्रयुक्त होता अव्यय ; (राज)।

णेअ देखो **णा**=ज्ञा।

णेअ देखो **णी**=नी।

नैक] अनेक, वहुत ; (पउम ६४, ५१)। °**विह** वि [°**विध**] अनेक प्रकार का ; (पउम ११३, ५२)।

णेअ अ [**नैव**] नहीं ही, कदापि नहीं ; (से ४, ३० ; गा १३९ ; गउड ; सुर २, १८६ ; सण)।

णेअव्व देखो **णी**=नी।

णेआइअ } वि [**नैयायिक, न्याय्य**] न्याय से अ-बाधित,
णेआउअ } न्यायानुगत, न्यायोचित ; "णेआइअस्स मग्गस्स दुट्ठे अवयरई बहु" (सम ५१ ; औप ; पण्ह २, १)।

णेआवण न [**नायन**] अन्य-द्वारा नयन, पहुँचाना ; (उप ७४६) ।
णेआविअ वि [**नायित**] अन्य द्वारा ले जाया गया, पहुँचाया हुआ ; (स ४२; कुप्र २०७) ।
णेउ वि [**नेतृ**] नेता, नायक ; (पउम १४, ६२ ; सुअ १, ३, १) ।
णेउआण } देखो **णी**=नी ।
णेउं }
णेउड्ड पुं [**दे**] सद्भाव, शिष्टता ; (दे ४, ४४) ।
णेउण न [**नैपुण**] निपुणता, चतुराई ; (अभि १३२) ।
णेउणिअ वि [**नैपुणिक**] १ निपुण, चतुर ; (ठा ६)। २ न. अनुप्रवाद-नामक पूर्व-ग्रन्थ की एक वस्तु ; (विसे २३६०) ।
णेउण्ण } न [**नैपुण्य**] निपुणता, चतुराई ; (दस ६, २ ;
णेउन्न } सुपा २६३) ।
णेउर न [**नूपुर**] स्त्री के पाँव का एक आभूषण ; (हे १, १२३ ; गा १८८) ।
णेउरिल्ल वि [**नूपुरवत्**] नूपुर वाला ; (पि १२६ ;गउड) ।
णेऊण } देखो **णी**=नी ।
णेंत }
णेंत देखो **णी**=गम् ।
णेक्कंत देखो **णिक्कंत** ; (गा ११) ।
णेग देखो **णेअ**=नैक ; (कुमा ; पण्ह १, ३) ।
णेगम पुं [**नैगम**] १ वस्तु के एक अंश को स्वीकारने वाला पक्ष-विशेष, नय-विशेष ; (ठा ७) । २ वणिक्, व्यापारी; "जिणधम्मभाविएणं, न केवलं धम्मओ धणाओवि । नेगमअडहियसहसो, जेण कओ अप्पणो सरिसो" (श्रा २७) । ३ न. व्यापार का स्थान ; (आचा २, १, २) ।
णेगुण्ण न [**नैर्गुण्य**] निर्गुणता, निःसारता ; (भत्त १६३)।
णेचइय पुं [**नैचयिक**] धान्य का व्यापारी ; (वव ४) ।
णेच्छइअ वि [**नैश्चयिक**] निश्चयनय-सम्मत, निरुपचरित, शुद्ध; (विसे २८२) ।
णेच्छंत वि [**नेच्छत्**] नहीं चाहता हुआ ; (हेका ३०६) ।
णेच्छिय वि [**नैच्छित**] इच्छा का अविषय, अनभिलषित ; (जीव ३) ।
णेट्ठिअ वि [**नैष्ठिक**] पर्यन्त-वर्ती ; (पण्ह २, ३) ।
णेड देखो **णिड्ड** ; (कुमा ; हे १, १०६) ।
णेडाली स्त्री [**दे**] सिर का भूषण-विशेष ; (दे ४,४३) ।
णेड्ड देखो **णिड्ड** ; (हे २,६६ ; प्राप्र ; षड्) ।
णेड्डरिआ स्त्री [**दे**] भाद्रपद मास की शुक्ल दशमी का एक उत्सव ; (दे ४, ४५) ।
णेत्त पुंन [**नेत्र**] नयन, आँख, चक्षु ; (हे १,३३ ; आचा)।
णेद्दा देखो **णिद्दा** ; (पि १६२ ; नाट) ।
णेपाल देखो **णेवाल** ; (उप पृ ३६७) ।
णेम स [**नेम**] १ अर्ध, आधा ; (प्रामा) । २ न. मूल, जड़ ; (पण्ह १, ३ ; भग) ।
णेम न [**दे**] कार्य, काज ; (राज) ।
णेम देखा **णेम्म**=दे ; (पण्ह २, ४ टी—पत्र १३३) ।
णेमाल पुं.ब. [**नेपाल**] एक भारतीय देश, नेपाल; (पउम ६८, ६४) ।
णेमि पुं [**नेमि**] १ स्वनाम-ख्यात एक जिन-देव, बाइसवें तीर्थंकर ; (सम ४३ ; कप्प) । २ चक्र की धारा ; (ठा ३, ३ ; सम ४३) । ३ चक्र परिधि, चक्के का घेरा ; (जीव ३) । ४ आचार्य हेमचन्द्र के मातुल का नाम ; (कुप्र २०) । °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] एक जैनाचार्य ; (सार्ध ६२) ।
णेमित्त देखो **णिमित्त** ; (आवम) ।
णेमित्ति वि [**निमित्तिन्**] निमित्त-शास्त्र का जानकार ; (सुर १, १४४ ; सुपा १५४) ।
णेमित्तिअ } वि [**नैमित्तिक**] १ निमित्त-शास्त्र से संबन्ध
णेमित्तिग } रखने वाला ; (सुर ६, १७७) । २ कारणिक, निमित्त से होने वाला, कारण से किया जाता, कादाचित्क ; "उववासो णेमित्तिगमो जओ भणिओ" (उप ६८३ ; उत्तर १०७) । ३ निमित्त शास्त्र का जानकार; (सुर १, २३८) । ४ न. निमित्त शास्त्र ; (ठा ६) ।
णेमी स्त्री [**नेमी**] चक्र-धारा ; (दे १, १०६) ।
णेम्म वि [**दे.निभ**] तुल्य, सदृश, समान ; (पण्ह २,४—पत्र १३०) ।
णेम्म देखो **णेम**=नेम ; (पण्ह १, ५—पत्र ६४) ।
णेरइअ वि [**नैरयिक**] १ नरक-संबन्धी, नरक में उत्पन्न ; (हे १, ७६) । २ पुं. नरक का जीव, नरक में उत्पन्न प्राणी ; (सम २ ; विपा १, १०) ।
णेरई स्त्री [**नैर्ऋती**] दक्षिण और पश्चिम के बीच की दिशा ; (सुपा ६८ ; ठा १०) ।
णेरुत्त न [**नैरुक्त**] १ व्युत्पत्ति के अनुसार अर्थ का वाचक शब्द; (अणु) । २ वि. निरुक्त शास्त्र का जानकार ; (विसे २४) ।

णेरुत्तिय वि [**नैरुक्तिक**] व्युत्पत्ति-निष्पन्न; (विसे ३०३७)।
णेरुत्ती स्त्री [**नैरुक्ती**] व्युत्पत्ति; (विसे २१८२)।
णेल वि [**नैल**] नील का विकार ; (भग ; औप)
णेलंछण देखो **णिल्लंछण** ; (स ६६६)।
णेलच्छ पुं [**दे**] नपुंसक, षण्ढ ; (दे ४, ४४ ; पाअ ; हे २, १७४)। २ वृषभ, बैल ; (दे ४, ४४)।
णेलिच्छी स्त्री [**दे**] कूपतुला, ढेंकवा ; (दे ४, ४४)।
णेल्लच्छ देखो **णेलच्छ** ; (पि ६६)।
णेव देखो **णेअ**=नैव ; (उव ; पि १७०)।
णेवच्छ देखो **णेवत्थ** ; (से १२, ६७ ; प्रति ६ ; औप ; कुमा ; पि २८०)।
णेवच्छण न [**दे**] अवतारण, नीचे उतारना ; (दे ४, ४०)।
णेवच्छिय देखो **णेवत्थिय** ; (पि २८०)।
णेवत्थ न [**नेपथ्य**] १ वस्त्र आदि की रचना, वेष की सजावट ; (णाया १, १)। २ वेष ; (विसे २५८७ ; सुर ३, ६२ ; सण ; सुपा १५३)।
णेवत्थण न [**दे**] निरुंछन, उत्तरीय वस्त्र का अञ्चल; (कुमा)।
णेवत्थिय वि [**नेपथ्यित**] जिसने वेष-भूषा की हो वह ; "पुरिसनेवत्थिया" (विपा १, ३)।
णेवाइय वि [**नैपातिक**] निपात-निष्पन्न नाम, अव्यय आदि ; (विसे २८४० ; भग)।
णेवाल पुं [**नेपाल**] १ एक भारतीय देश, नेपाल ; (उप पृ ३६३ ; कुप्र ४५८)। २ वि. नेपाल-देशीय ; (पउम ६६, ५५)।
णेविज्ज, **णेवेज्ज** न [**नैवेद्य**] देवता के आगे धरा हुआ अन्न आदि; (सं १२२ ; श्रा १६)।
णेव्वाण देखो **णिव्वाण**=निर्वाण ; (आचा ; सुर ६, २०; स ७४४)।
णेव्वुअ देखो **णिव्वुअ** ; (उप ७३० टी)।
णेव्वुइ देखो **णिव्वुइ** ; (उप ७६८ टी)।
णेसग्गिय देखो **णिसग्गिय** ; (सुपा ६)।
णेसज्ज वि [**नैषद्य**] आसन-विशेष से उपविष्ट ; (पव ६७; पंचा १८)।
णेसज्जिअ वि [**नैषद्यिक**] ऊपर देखो ; (ठा ५, १ ; औप ; पण्ह २, १ ; कस)।
णेसत्थि पुं [**दे**] वणिग् मन्त्री, वणिक् प्रधान; (दे ४,४४)।
णेसत्थिया, **णेसत्थी** स्त्री [**नैसृष्टिकी, नैशस्त्रिकी**] १ निसर्जन, निक्षेपण; २ निसर्जन से होने वाला कर्म-बन्ध; (ठा २, १ ; नव १८)।
णेसप्प पुं [**नैसर्प**] निधि विशेष, चक्रवर्ती राजा का एक देवाधिष्ठित निधान ; (ठा ६ ; उप ६८६ टी)।
णेसर पुं [**दे**] रवि, सूर्य ; (दे ४, ४४)।
णेसाय देखो **णिसाय**=निषाद; (राज)।
णेसु पुंन [**दे**] १ ओष्ठ, होठ; २ पाँव; 'तह निक्खिवंतमंता कूवम्मि निहितणेसुजुगं" (उप ३२० टी)।
णेह पुं [**स्नेह**] १ राग, अनुराग, प्रेम ; (पाअ)। २ तैल आदि चिकना रस-पदार्थ ; ३ चिकनाई, चिकनाहट ; (हे २, ७७ ; ४, ४०६ ; प्राप्र)।
णेहर देखो **णेहुर** ; (पण्ह १, १)।
णेहल पुं [**स्नेहल**] छन्द-विशेष ; (पिंग)।
णेहालु वि [**स्नेहवत्**] स्नेह-युक्त, स्निग्ध ; (हे २,१५६)।
णेहुर पुं [**नेहुर**] १ देश-विशेष, एक अनार्य देश ; २ उसमें वसने वाली अनार्य जाति ; (पण्ह १, १—पत्र १४)।
णो अ [**नो**] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ निषेध, प्रतिषेध, अभाव ; (ठा ६ ; कस ; गउड)। २ मिश्रण, मिश्रता ; "नोसद्दो मिस्सभावम्मि" (विसे ५०)। ३ देश, भाग, अंश, हिस्सा ; (विसे ८८८)। ४ अवधारण, निश्चय ; (राज)। °**आगम** पुं [°**आगम**] १ आगम का अभाव ; २ आगम के साथ मिश्रण ; ३ आगम का एक अंश ; (आवम ; विसे ४६ ; ५० ; ५१)। ४ पदार्थ का अ-परिज्ञान ; (णंदि)। °**इंदिय** न [°**इन्द्रिय**] मन, अन्तःकरण, चित्त ; (ठा ६ ; सम ११ ; उप ५६७ टी)। °**कसाय** पुं [°**कषाय**] कषाय के उद्दीपक हास्य वगैरः नव पदार्थ, वे ये हैं ;—हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पुंवेद, स्त्रीवेद और नपुंसकवेद; (कम्म १, १७ ; ठा ६)। °**केवलनाण** न [°**केवलज्ञान**] अवधि और मनःपर्यव ज्ञान ; (ठा २, १)। °**गार** पुं [°**कार**] 'नो' शब्द ; (राज)। °**गुण** वि [°**गुण**]अ-यथार्थ, अ-वास्तविक; (अणु)। °**जीव** पुं [°**जीव**] १ जीव और अजीव से भिन्न पदार्थ, अ-वस्तु ; २ अजीव, निर्जीव ; ३ जीव का प्रदेश; (विसे)। °**तह** वि [°**तथ**] जो वैसा हो न हो ; (ठा ४, २)।
णोक्ख वि [**दे**] अनोखा, अपूर्व ; (पिंग)।
णोदिअ देखो **णोल्लिअ** ; (राज)।

णोमल्लिआ स्त्री [**नवमल्लिका**] सुगन्धि फूल वाला वृक्ष-विशेष, नेवारी, वासंती ; (नाट ; पि १५४)।
णोमालिआ स्त्री [**नवमालिका**] ऊपर देखो ; (हे १, १७० ; गा २८१ ; षड् ; कुमा; अभि २६)।
णोमि पुं [**दे**] रस्सी, रज्जु ; (दे ४, ३१)।
णोलइआ) **णोलच्छा**) स्त्री [**दे**] चञ्चु, चाँच ; (दे ४, ३६)।
णोल्ल सक [**क्षिप्, नुद्**] १ फेंकना। २ प्रेरणा करना। णोल्लइ; (हे ४, १४३ ; षड्)। णोल्लेइ; (गा ८७५)। कवकृ—**णोल्लिज्जंत** ; (सुर १३, १६६)।
णोल्लिअ वि [**नोदित**] प्रेरित; (से ६, ३२ ; णाया १, ६ ; पण्ह १, ३ ; स ३४०)।
णोव्व पुं [**दे**] आयुक्त, सूबा, राज-प्रतिनिधि ; (दे ४,१७)।
णोहल पुं [**लोहल**] अव्यक्त शब्द-विशेष ; (षड् ; पि २६०; संक्षि ११)।
णोहलिआ स्त्री [**नवफलिका**] १ ताजी फली, नवोत्पन्न फली ; (हे १, १७०)। २ नूतन फल वाली ; (कुमा)। ३ नूतन फल का उद्गम ; "णोहलिअमप्पणो किं ण मग्गसे, मग्गसे कुरवअस्स" (गा ६)।
णोहा स्त्री [**स्नुषा**] पुत्र की भार्या ; (पि १४८ ; संक्षि १५)।
°**ण्णअ** वि [**ज्ञक**] जानकार ; (गा २०३)।
°**ण्णास** देखो **णास**= न्यास ; (स्वप्न १३४)।
°**ण्णुअ** देखो °**ण्णअ** ; (गा ४०५)।
ण्हं अ. १-२ वाक्यालंकार और पादपूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय ; (कप्प ; कस)।
ण्हव सक [**स्नपय्**] नहलाना, स्नान कराना। ण्हवेइ ; (कुप्र ११७)। कवकृ—**ण्हविज्जंत** ; (सुपा ३३)। संकृ—**ण्हविऊण**; (पि ३१३)।
ण्हवण न [**स्नपन**] स्नान कराना, नहलाना ; (कुमा)।
ण्हविअ वि [**स्नपित**] जिसको स्नान कराया गया हो वह ; (सुर २, ५८ ; भवि)।
ण्हा) **ण्हाण**) अक [**स्ना**] स्नान करना, नहाना। ण्हाइ ; (हे ४, १४)। ण्हाणेइ, ण्हाणेंति ; (पि ३१३)। भवि—ण्हाइस्सं ; (पि ३१३)। वकृ—**ण्हायमाण** ; (णाया १, १३)। संकृ—**ण्हाइत्ता, ण्हाणित्ता** ; (पि ३१३)।
ण्हाण न [**स्नान**] नहाना, नहान ; (कप्प ; प्राप्र)। °**पीढ** पुंन [°**पीठ**] स्नान करने का पट्टा ; (णाया १, १)।
ण्हाणिआ स्त्री [**स्नानिका**] स्नान-क्रिया; (पण्ह २, ४—पत्र १३१)।
ण्हाय वि [**स्नात**] जिसने स्नान किया हो वह, नहाया हुआ ; (कप्प ; औप)।
ण्हायमाण देखो **ण्हा**।
ण्हारु न [**स्नायु**] अस्थि-बन्धनी सिरा, नस, धमनी ; (सम १४६ ; पण्ह १, १ ; ठा २, १ ; आचा)।
ण्हाव देखो **ण्हव**। ण्हावइ, ण्हावेइ ; (भवि ; पि ३१३)। वकृ—**ण्हावअंत** ; (पि ३१३)। संकृ—**ण्हाविऊण**; (महा)।
ण्हाविअ वि [**स्नपित**] नहलाया हुआ, जिसको स्नान कराया गया हो वह ; (महा ; भवि)।
ण्हाविअ पुं [**नापित**] हजाम, नाई ; (हे १, २३० ; कुमा), "घेत्तूण ण्हावियं आगएण मुंडाविओ कुमरो" (उप ६ टी)। °**पसेवय** पुं [°**प्रसेवक**] नाई की अपने उप-करण रखने की थैली ; (उत्त २)।
ण्हुसा स्त्री [**स्नुषा**] पुत्र-वधू ; पुत्र की भार्या ; (आवम ; पि ३१३)।

इअ सिरि**पाइअसद्दमहण्णवे** णआराइसद्दसंकलणो, अइएसेण नआराइसद्दसंकलणो अ वाईसइमो तरंगो समत्तो।

त

त पुं [**त**] दन्त-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष; (प्राप; प्रामा)।
स [**तत्**] वह; (ठा ३, १; हे १, ७; कप्प; कुमा)।
त° स [**त्वत्°**] तू। °**क्कय** त्रि °**कृत**] तेरा किया हुआ; (स ६८०)।
तइ (अप) अ [**तत्र**] वहाँ, उसमें; (षड्)।
तइ अ [**तदा**] उस समय; (प्राप्र)।
तइअ वि [**तृतीय**] तीसरा; (हे १, १०१; कुमा)।
तइअ (अप) वि [**त्वदीय**] तुम्हारा; (भवि)।
तइअ अ [**तदा**] उस समय;
"भणिओ रन्ना मंती, मइसागर तइय पव्वयंतेण।
ताएण अहं भणिओ, भगिणी ठाणम्मि दायव्वा"
(सुर १,१२३)।
तइअहा (अप) अ [**तदा**] उस समय; (भवि; सण)।
तइआ अ [**तदा**] उस समय; (हे ३, ६५; गा ६२)।
तइआ स्त्री [**तृतीया**] तिथि-विशेष, तीज; (सम २६)।
तइल देखो **तेल्ल**; (उप ६२६)।
तइलोई स्त्री [**त्रिलोकी**] तीन लोक—स्वर्ग, मर्त्य और पाताल; (सुपा ६८)।
तइलोक्क } न [**त्रैलोक्य**] ऊपर देखो; (पउम ३,
तइलोय } १०५; ८, २०२; स ५७१; सुर ३, २०; सुपा २८२; ३५; ४४८)।
तइस (अप) वि [**तादृश**] वैसा, उस तरह का; (हे ४, ४०३; षड्)।
तई स्त्री [**त्रयी**] तीन का समुदाय; (सुपा ५८)।
तईअ देखो **तइअ**=तृतीय; (गा ४११; भग)।
तउ } न [**त्रपु**] धातु-विशेष, सीसा, राँगा; (सम
तउअ } १२५; औप; उप ९८६ टी; महा)। °**वट्टिआ** स्त्री [°**पट्टिका**] कान का आभूषण-विशेष; (दे ५,२३)।
तउस न [**त्रपुष**] देखो **तउसी**; (राज)। °**मिंजिया** स्त्री [°**मिञ्जिका**] क्षुद्र कीट-विशेष, त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति; (जीव १)।
तउसी स्त्री [**त्रपुषी**] कर्कटी-वृक्ष, खीरा का गाछ; (गा ५३४)।
तए अ [**ततस्**] उससे. उस कारण से; २ बाद में; (उत्त १; विपा १, १)।
तएयारिस वि [**त्वादृश**] तुम जैसा, तुम्हारी तरह का; (स ५२)।
तओ देखो **तए**; (ठा ३, १; प्रासु ७८)।
तं अ [**तत्**] इन अर्थों को बतलाने वाला अव्यय; — १ कारण, हेतु; (भग १५)। २ वाक्य-उपन्यास; "तं तिअसवंदिमोक्खं" (हे २, १७६; षड्)। "तं मरणमणारंभे वि होइ, लच्छी उण न होइ" (गा ४२)। °**जहा** अ [°**यथा**] उदाहरण-प्रदर्शक अव्यय; (आचा; अणु)।
तंआ देखो **तया**=तदा; (गउड)।
तंट न [**दे**] पृष्ठ, पीठ; (दे ५, १)।
तंड न [**दे**] लगाम में लगी हुई लार; २ वि. मस्तक-रहित; ३ स्वर से अधिक; (दे ५, १६)।
तंडव (अप) देखो **तड्डुव**। तंडवहु; (भवि)।
तंडव अक [**ताण्डवय्**] नृत्य करना। तंडवेंति; (आवम)।
तंडव न [**ताण्डव**] १ नृत्य, उद्धत नाच; (पाअ; जीव ३; सुपा ८९)। २ उद्धताई; "पासंडितुंडअइचंडतंडवाडंबरेहिं किं मुद्ध" (धम्म ८ टी)।
तंडविय वि [**ताण्डवित**] नचाया हुआ, नर्तित; (गउड)।
तंडविय (अप) देखो **तड्डविअ**; (भवि)।
तंडुल पुं [**तण्डुल**] चावल; (गा ६६१)। देखो **तंदुल**।
तंत न [**तन्त्र**] १ देश, राष्ट्र; (सुर १६, ४८)। २ शास्त्र, सिद्धान्त; (उवर ५) ३ दर्शन, मत; (उप ६२२)। ४ स्वदेश-चिन्ता; ५ विष का औषध विशेष; (मुद्रा १०८)। ६ सूत्र, ग्रन्थांश-विशेष; "सुत्तं भणियं तंतं भणिज्जए तम्मि व जमत्थो" (विसे)। ७ विद्या-विशेष; (सुपा ४६६)। °**न्नु** वि [°**ज्ञ**] तन्त्र का जानकार; (सुपा ५७६)। °**वाइ** पुं [°**वादिन्**] विद्या-विशेष से रोग आदि को मिटाने वाला; (सुपा ४६६)।
तंत वि [**तान्त**] खिन्न, क्लान्त; (णाया १,४; विपा१,१)।
तंतडी स्त्री [**दे**] करम्ब, दही और चावल का बना भोजन-विशेष; (
तंतिय पुं [**तान्त्रिक**] वीणा बजाने वाला; (अणु)।
तंती स्त्री [**तन्त्री**] १ वीणा, वाद्य-विशेष; (कप्प; औप; सुर १६, ४८)। २ वीणा-विशेष; (पण्ह २, ५)। ३ ताँत, चमड़े की रस्सी; (विपा १, ६; सुर ३, १३७)।
तंती स्त्री [**दे**] चिन्ता; "कामस्स तत्ततंतिं कुणंति" (गा २)।
तंतु पुं [**तन्तु**] सूत, तागा, धागा; (पउम १, १३)। °**अ**, °**ग** पुं [°**क**] जलजन्तु-विशेष; (पउम १४,१७; कुप्र २०९)। °**ज**, °**य** न [°**ज**] सूती कपड़ा; (उत्त २,३५)। °**वाय** पुं [°**वाय**] कपड़ा बुनने वाला, जुलहा;

(श्रा २३)। °साला स्त्री [°शाला] कपड़ा बुनने का घर, ताँत-घर ; (भग १५) ।

तंतुक्खोडी स्त्री [दे] तन्तुवाय का एक उपकरण ; (दे५,७)।

तंदुल देखो **तंडुल** ; (पउम १२, १३८) । २ मत्स्य-विशेष ; (जीव १) । °वेयालिय न [°वैचारिक] जैन ग्रन्थ-विशेष ; (णंदि) ।

तंदुलेज्जग पुं [तन्दुलीयक] वनस्पति-विशेष ; (पण्ण १)।

तंदूसय देखो **तिंदूसय** ; (सुर १३, १६७) ।

तंब पुं [स्तम्ब] तृणादि का गुच्छा ; (हे २, ४५ ; कुमा)।

तंब न [ताम्र] १ धातु-विशेष, ताँवा ; (विपा १, ६ ; हे २, ४५) । २ पुं. वर्ण-विशेष ; ३ वि. अरुण वर्ण वाला; (पण्ण १७ ; औप) । °चूल पुं [°चूड] कुक्कुट, मुर्गा; (सुर ३, ६१) । °वण्णो स्त्री [°पर्णी] एक नदी का नाम ; (कप्पू) । °सिह पुं [°शिख] कुक्कुट, मुर्गा; (पाअ) ।

तंबकरोड पुंन [दे] ताम्र वर्ण वाला द्रव्य-विशेष; (पण्ण १७)।

तंबकिमि पुं [दे] कीट-विशेष, इन्द्रगोप; (दे ५, ६; षड्)।

तंबकुसुम पुंन [दे] वृक्ष-विशेष, कुरुवक, कटसरैया ; (दे ५, ६ ; षड्) । २ कुरण्टक वृक्ष ; (षड्) ।

तंबक्क न [दे] वाद्य-विशेष ; अणाहयतंबक्केसु वज्जंतेसु (ती १५) ।

तंबच्छिवाडिया स्त्री [दे] ताम्र वर्ण का द्रव्य-विशेष ; (पण्ण १७) ।

तंबटक्कारी स्त्री [दे] शेफालिका, पुष्प-प्रधान लता-विशेष ; (दे ५, ४) ।

तंबरत्ती स्त्री [दे] गेहूँ में कुंकुम की छाया ; (दे ५, ५) ।

तंबा स्त्री [दे] गौ, धेनु, गैया ; (दे ५, १ ; गा ४६० ; पाअ ; वज्जा ३४) ।

तंबाय पुं [तामाक] भारतीय ग्राम-विशेष ; (राज) ।

तंबिम पुंस्त्री [ताम्रत्व] अरुणता, ईषद् रक्तता ; (गउड) ।

तंबिय न [ताम्रिक] परिव्राजक का पहनने का एक उप-करण ; (औप) ।

तंबिर वि [दे] ताम्र वर्ण वाला ; (हे २,५६; गउड; भवि)।

तंबिरा [दे] देखो **तंबरत्ती** ; (दे ५, ५) ।

तंबुक्क न [दे] वाद्य-विशेष; "बुक्कतंबुक्कसद्दुक्कडं" (सुपा ५०)।

तंबेरम पुं [स्तम्बेरम] हस्ती, हाथी ; (उप पृ ११७) ।

तंबेही स्त्री [दे] पुष्प-प्रधान वृक्ष-विशेष, शेफालिका ; (दे ५, ४) ।

तंबोल न [ताम्बूल] पान; (हे १, १२४ ; कुमा) ।

तंबोलिअ पुं [ताम्बूलिक] तमोली, पान बेचने वाला ; (श्रा १२) ।

तंबोली स्त्री [ताम्बूली] पान का गाछ ; (षड् ; जीव ३) ।

तंभ देखो **थंभ** ; (षड्) ।

तंस वि [त्र्यस्र] त्रि-कोण, तीन कोन वाला ; (हे १, २६ ; गउड ; ठा १ ; गा १० ; प्राप्र ; आचा) ।

तक्क सक [तर्क्] तर्क करना, अनुमान करना, अटकल करना । तक्केमि; (मे १३) । संकृ—**तक्कियाणं**; (आचा)।

तक्क न [तक्र] मठा, छाँछ ; (ओघ ८७ ; सुपा ५८३ ; उप पृ ११६) ।

तक्क पुं [तर्क] १ विमर्श, विचार, अटकल-ज्ञान ; (श्रा १२ ; ठा ६) । २ न्याय-शास्त्र ; (सुपा २८७) ।

तक्कणा स्त्री [दे] इच्छा, अभिलाष ; (दे ५, ४) ।

तक्कय वि [तर्कक] तर्क करने वाला ; (पण्ह १, ३) ।

तक्कर पुं [तस्कर] चोर ; (हे २, ४ ; औप) ।

तक्कलि, **तक्कली** } स्त्री [दे] वलयाकार वृक्ष-विशेष; (पण्ण १)।

तक्का स्त्री [तर्क] देखो **तक्क**=तर्क; (ठा १ ; सूअ १, १३; आचा) ।

तक्काल क्रिवि [तत्काल] उसी समय ; (कुमा) ।

तक्किअ वि [तार्किक] तर्क-शास्त्र का जानकार ; (अच्चु १०१) ।

तक्कियाणं देखो **तक्क**=तर्क् ।

तक्कु पुं [तर्कु] सूत बनाने का यन्त्र, तकुआ, तकला ; (दे ३, १) ।

तक्कुय पुं [दे] स्वजन-वर्ग ; "सम्माणिया सामंता, अहि-णंदिया नायरया, परिओसिआ तक्कुयजणा त्ति" (स५२०) ।

तक्ख सक [तक्ष्] छिलना, काटना । तक्खइ ; (षड् ; हे ४, १९४) । कर्म —तक्खिज्जइ ; (कुप्र १७) । वकृ—**तक्खमाण** ; (अणु) ।

तक्ख पुं [तार्क्ष्य] गरुड़ पक्षी; (पाअ) ।

तक्ख पुं [तक्षन्] १ लकड़ी काटने वाला, बढ़ई; २ विश्व-कर्मा , शिल्पी विशेष , (हे ३, ५६ ; षड्) । °सिला स्त्री [°शिला] प्राचीन ऐतिहासिक नगर, जो पहले बाहुबलि की राजधानी थी, यह नगर पंजाब में है ; (पउम ४, ३८; कुप्र ५३) ।

तक्खग पुं [तक्षक] १-२ ऊपर देखो । ३ स्वनाम-प्रसिद्ध सर्प-राज ; (उप ६२५) ।

तक्खण न [**तत्क्षण**] १ तत्काल, उसी समय ; (ठा ४, ४) । २ क्रिवि. शीघ्र, तुरन्त ; (पात्र) ।
तक्खय देखो **तक्खग** ; (स २०६ ; कुप्र १३६) ।
तक्खाण देखो तक्ख=तक्षन् ; (हे ३, ५६; षड्) ।
तगर देखो **टगर** ; (पण्ह २, ५) ।
तगरा स्त्री [**तगरा**] संनिवेश-विशेष; (स ४६८) ।
तग्ग न [**दे**] सूत्र-कङ्कण, धागे का कंकण ; (दे ५, १; गउड) ।
तग्गंधिय वि [**तद्गन्धिक**] उसके समान गंध वाला ; (प्रासू ३४) ।
तच्च वि [**तृतीय**] तीसरा; (सम ८ ; उवा) ।
तच्च न [**तत्त्व**] सार, परमार्थ ; (आचा ; आरा ११५)। °**वाय** पुं [°**वाद**] १ तत्त्व-वाद, परमार्थ-चर्चा । २ दृष्टि-वाद, जैन अङ्ग-ग्रन्थ विशेष; (ठा १०) ।
तच्च न [**तथ्य**] १ सत्य, सचाई ; (हे २, २१ ; उत्त २८) । २ वि. वास्तविक, सत्य ; (उत्त ३) । °**त्थ** पुं [°**र्थ**] सत्य हकीकत ; (पउम ३, १३) । °**वाय** पुं [°**वाद**] देखो ऊपर °**वाय** ; (ठा १०) ।
तच्चं अ [**त्रिः**] तीन वार ; (भग ; सुर २, २६) ।
तच्चित्त वि [**तच्चित्त**] उसी में जिसका मन लगा हो वह, तल्लीन ; (विपा १, २) ।
तच्छ सक [**तक्ष्**] छिलना, काटना । तच्छइ ; (हे ४, १६४; षड्) । संकृ—**तच्छिय**; (सूअ १, ४,१) । कवकृ—**तच्छिज्जंत** ; (सुर १, २८) ।
तच्छण स्त्रीन [**तक्षण**] छिलना, कर्तन ; (पण्ह १, १)। स्त्री—**णा** ; (गाया १, १३) ।
तच्छिंड वि [**दे**] कराल, भयंकर ; (दे ५, ३) ।
तच्छिज्जंत देखो **तच्छ** ।
तच्छिल वि [**दे**] तत्पर ; (षड्) ।
तजा देखो **तया**=त्वच् ; (दे १, १११) ।
तज्ज सक [**तर्जय्**] तर्जन करना, भर्त्सन करना । तज्जइ ; (भवि) । तज्जेइ ; (गाया १, १८) । वकृ—**तज्जंत**, **तज्जिंत तज्जयंत, तज्जमाण, तज्जेमाणं**; (भवि; सुर १२, २३३; गाया १, ८; राज; विपा १, १—पत्र ११) । कवकृ—**तज्जिज्जंत** ; (उप पृ १३४ ; उप १४६ टी) ।
तज्जण न [**तर्जन**] भर्त्सन, तिरस्कार ; (औप; उव ; पउम ६५, ५३) ।
तज्जणा स्त्री [**तर्जना**] ऊपर देखो; (पण्ह २,१ ; सुपा १)।
तज्जणी स्त्री [**तर्जनी**] प्रथम अंगुली ; (सुपा १ ; कुमा)।
तज्जाय वि [**तज्जात**] समान जाति वाला, तुल्य-जातीय ; (आव ४) ।
तज्जाविअ, **तज्जिअ** वि [**तर्जित**] तर्जित, भर्त्सित ;(स १२२; सुपा २६३ ; भवि) ।
तज्जिंत, **तज्जिज्जंत**, **तज्जेमाण** देखो **तज्ज** ।
तट्टवट्ट न [**दे**] आभरण, आभूषण ;
" सणियं सणियं वालत्तणाओ तणुयाइं तट्टवट्टाइं ।
अवहरिवि नियघराओ हारेइ रहम्मि खिल्लंतो"
(सुपा ३६६) ।
तट्टी स्त्री [**दे**] वृति, वाड़ ; (दे ५, १) ।
तट्ठ वि [**त्रस्त**] १ डरा हुआ, भीत ; (हे २, १३६ ; कुमा) । २ न. मुहूर्त-विशेष, ; (सम ५१) ।
तट्ठ वि [**तष्ट**] छिला हुआ ;(सूअ १, ७) ।
तट्ठव न [**त्रस्तप**] मुहूर्त-विशेष ; (सम ५१) ।
तट्ठि, **तट्ठु** पुं [**त्वष्टृ**] १ तक्षक, विश्वकर्मा ; (गउड) । २ नक्षत्र-विशेष का अधिष्ठायक देव ; (ठा २, ३) ।
तड सक [**तन्**] १ विस्तार करना । २ करना । तडइ ; (हे ४, १३७) ।
तड पुंन [**तट**] किनारा, तीर ; (पात्र ; कुमा) । °**त्थ** वि [°**स्थ**] १ मध्यस्थ, पक्षपात-हीन ; २ समीप स्थित; (कुमा; दे ३, ६०) ।
तडउडा [**दे**] देखो **तडवडा** ; (जीव ३; जं १) ।
तडकडिअ वि [**दे**] अनवस्थित ; (षड्) ।
तडक्कार पुं [**तटत्कार**] चमकारा; "तडितडक्कारो "(सुपा १३३) ।
तडतडा अक [**तडतडाय्**] तड तड आवाज करना । वकृ—**तडतडंत, तडतडेंत, तडयडंत** ; (राज ; गाया १, ६ ; सुपा १७६) ।
तडतडा स्त्री [**तडतडा**] तड़ तड़ आवाज; (स २५७) ।
तडप्फड, **तडफड** अक [**दे**] तड़फना, तड़फड़ाना, व्याकुल होना । तडप्फडइ ; (कुमा ; हे ४, ३६६ ; विवे १०२) । तडफडसि ; (सुर ३, १४८) । वकृ—**तडप्फडंत, तडफडंत** ; (उप ७६८ टी ; सुर १२, १६४ ; सुपा १७६ ; कुप्र २६) ।

तडफडिअ वि [दे] १ सब तरफ से चलित, तडफड़ाया हुआ, व्याकुल ; (दे ५, ६ ; स ५८६)।

तडमड वि [दे] क्षुभित, क्षोभ-प्राप्त; (दे ५, ७)।

तडयड वि [दे] क्रिया-शील, सदाचार-युक्त ; (सट्टि१०७)।

तडयडंत देखो **तडतडा** ।

तडवडा स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष, आउली का पेड़; (दे ५,५)।

तडाअ, **तडाग** न [तडाग] तालाब, सरोवर ; (गा ११० ; पि २३१ ; २४०)।

तडि स्त्री [तडित्] बीजली; (पात्र)। °**डंड** पुं [°दण्ड] विद्युद्दंड ; (म्हा)। °**केस** पुं [°केश] राक्षस-वंशीय एक राजा, एक लंका-पति ; (पउम ६, ६६)। °**वेअ** पुं [°वेग] विद्याधर वंश का एक राजा; (पउम ५, १८)।

तडिअ वि [तत] विस्तृत, फैला हुआ ; (पात्र ; गाया १, ८—पत्र १३३)।

तडिआ स्त्री [तडित्] बीजली ; (प्रामा)।

तडिण वि [दे] विरल, अल्प ; (से १३, ५०)।

तडिणी स्त्री [तटिनी] नदी, तरङ्गिणी ; (सण)।

तडिम न [तडिम] १ भित्ति, भींत ; २ कुट्टिम, पाषाण आदि से बँधा हुआ भूमि-तल ; (से २, २)। ३ द्वार के ऊपर का भाग ; (से १२, ६०)।

तडी स्त्री [तटी] तट, किनारा ; (विपा १, १; अनु ६)।

तड्ड, **तड्डव** सक [तन्] १ विस्तार करना । २ करना । तड्डइ, तड्डवइ ; (हे ४, १३७)। भूका—तड्डवीअ ; (कुमा)।

तड्डविअ, **तड्डिअ** वि [तत] विस्तीर्ण, फैला हुआ ; (पात्र ; महा ; कुमा ; सुर ३, ७२)।

तण सक [तन्] १ विस्तार करना । २ करना । तणइ, तणए ; (षड्)। कर्म—तणिज्जए ; (विसे१३८३)।

तण न [दे] उत्पल, कमल; (दे ५, १)।

तण न [तृण] तृण, घास ; (प्राप्र ; उव)। °**इल्ल** वि [°वत्] तृण वाला; (गउड)। °**जीवि** वि [°जीविन्] घास खाकर जीने वाला ; (सुपा ३७०)। °**राय** पुं [°राज] तालवृक्ष, ताड़ का पेड़ ; (गउड)। °**विंटय**, °**वेंटय** पुं [°वृन्तक] एक क्षुद्र जंतु-जाति, त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष ; (राज)।

तणय पुं [तनय] पुत्र, लड़का ; (सुपा २४७ ; ४२४)।

तणय वि [दे] संबन्धी ; "मह तणए" (सुर ३, ८७ ; हे ४, ३६१)।

तणयमुद्दिआ स्त्री [दे] अंगुलीयक, अंगुठी; (दे ५, ६)।

तणया स्त्री [तनया] लड़की, पुत्री ; (कुमा)।

तणरासि, **तणरासिअ** वि [दे] प्रसारित, फैलाया हुआ ; (दे ५, ६)।

तणवरंडी स्त्री [दे] उडुप, डोंगी, छोटी नौका ; (दे ५, ७)।

तणसोल्लि, **तणसोल्लिया** स्त्री [दे] १ मल्लिका, पुष्प-प्रधान वृक्ष-विशेष; (दे ५, ६ ; गाया १, १६)। २ वि. तृण-शून्य ; (षड्)।

तणिअ वि [तत] विस्तीर्ण ; (कुमा)।

तणु वि [तनु] १ पतला ; (जी ७)। २ कृश, दुर्बल ; (पंचा १६)। ३ अल्प, थोड़ा ; (दे३, ५१)। ४ लघु, छोटा ; (जीव ३)। ५ सूक्ष्म; (कप्प)। ६ स्त्री. शरीर, काय; (दे२, ५६ ; जी ८)। °**तणुई**, **तणू** स्त्री [°तन्वी] ईषत्प्राग्भारा-नामक पृथ्वी; (ठा ८ ; इक)। °**पज्जत्ति** स्त्री [°पर्याप्ति] उत्पन्न होते समय जीव ने ग्रहण किए हुए पुद्गलों को शरीर रूप से परिणत करने की शक्ति ; (कम्म ३, १२)। °**ब्भव** वि [°उद्भव] १ शरीर से उत्पन्न; २ पुं. लड़का ; (भवि)। °**ब्भवा** स्त्री [°उद्भवा] लड़की ; (भवि)। °**भू** पुंस्त्री [°भू] १ लड़का ; २ लड़की ; (आक)। °**य** वि [°ज] देखो °**ब्भव** ; (उत्त १४)। °**रुह** पुंन [°रुह] १ केश, बाल ; (रंभा)। २ पुं. पुत्र, लड़का; (भवि)। °**वाय** पुं [°वात] सूक्ष्म वायु-विशेष ; (ठा ३, ४)।

तणुअ वि [तनुक] ऊपर देखो ; (पउम १६, ७ ; आव ५ ; भग १५ ; पात्र)।

तणुअ सक [तनय्] १ पतला करना । २ कृश करना, दुर्बल करना । तणुएइ ; (गा ६१ ; काप्र १७४)।

तणुआ, **तणुआअ** अक [तनुकाय्] दुर्बल होना, कृश होना । तणुआइ, तणुआअइ, तणुआअए ; (गा २० ; २६२ ; ५६)। वकृ—**तणुआअंत** ; (गा २६८)।

तणुआअरअ वि [तनुत्वकारक] कृशता उपजाने वाला, दौर्बल्य-जनक ; (गा ३४८)।

तणुइअ वि [तनूकृत] दुर्बल किया हुआ, कृश किया हुआ; (गा १२२ ; पउम १६, ४)।

तणुई स्त्री [तन्वी] १ पृथ्वी-विशेष, सिद्ध-शिला; (सम२२)। २ पतला शरीर वाली स्त्री ; (षड्)।

तणुईकय वि [तनूकृत] पतला किया हुआ ; (पाअ)।
तणुग देखो **तणुअ** ; (जं २ ; ३)।
तणुवी } **तणुवीआ** } देखो **तणुई** ; (हे २, ११३ ; कुमा)।
तणू स्त्री [तनू] शरीर, काया; (गा ७४८; पाअ ; दं ५)। २ ईषत्प्राग्भारा-नामक पृथिवी; (ठा ८)। °**अ** वि [°ज] १ शरीर से उत्पन्न ; २ पुं. लड़का, पुत्र; (उप ६८६)। °**अतरा** स्त्री [°तनुतरा] ईषत्प्राग्भारा-नामक पृथिवी, जिस पर मुक्त जीव रहते हैं, सिद्ध-शिला ; (सम २२)। °**रुह** पुंन [°रुह] केश, रोम ; (उप ५९७ टी)।
तणूइय देखो **तणुइअ** ; (गउड)।
तणेण (अप) अ. लिए, वास्ते ; (हे ४,४२५; कुमा)।
तणोसि पुं [दे] तृण-राशि ; (दे ५, ३ ; पड्)।
तण्णय पुं [तर्णक] वत्स, बछड़ा ; (पाअ ; गा १६ ; गउड)।
तण्णाय वि [दे] आर्द्र, गिला ; (दे ५, २; पाअ ; गउड; से १, ३१ ; ११, १२६)।
तण्हा स्त्री [तृष्णा] १ प्यास, पिपासा ; (पाअ)। २ स्पृहा, वाञ्छा; (ठा २, ३; औप)। °**लु**, °**लुअ** वि [°वत्] तृष्णा वाला, प्यासा; "समरतण्हालू"(पउम ८,८७; ८, ४७)।
तत देखो **तय**=तत ; (ठा ४, ४)।
तत्त न [तत्त्व] सत्य स्वरूप, तथ्य, परमार्थ ; (उप ७२८ टी ; पुप्फ ३२०)। °**ओ** अ [°तस्] वस्तुतः ; (उप ६८६)। °**ण्णु** वि [°ज्ञ] तत्त्व का जानकार ; (पंचा १)।
तत्त वि [तप्त] गरम किया हुआ ; (सम १२५ ; विपा १, ६ ; दे १, १०५)। °**जला** स्त्री [°जला] नदी-विशेष ; (ठा २, ३)।
तत्त अ [तत्र] वहां। °**भव**, °**होंत** वि [°भवत्] पूज्य ऐसे आप ; (पि २९३ ; अभि ५६)।
तत्ति स्त्री [तृप्ति] तृप्ति, संतोष; (कुमा ; कप्पू २६)। °**ल्ल** वि [°मत्] तृप्ति-युक्त ; (राज)।
तत्ति स्त्री [दे] १ आदेश, हुकुम ; (दे ५,२० ; सण)। २ तत्परता ; (दे ५, २०)। ३ चिन्ता, विचार ; (गा २; ५१ ; २७३ अ ; सुपा २३७ ; २८०)। ४ वार्ता, वात; (गा २ ; वज्जा २)। ५ कार्य, प्रयोजन ; (पण्ह १, २ ; वव १)।
तत्तिय वि [तावत्] उतना; (प्रासु १५६)।
तत्तिल } **तत्तिल्ल** } वि [दे] तत्पर; (पड्; दे ५, ३; गा ५५७; प्रासु ५६)।
तत्तु (अप) देखो **तत्थ**=तत्र; (हे ४, ४०४; कुमा)।
तत्तुडिल्ल न [दे] सुरत, संभोग ; (दे ५, ६)।
तत्तुरिअ वि [दे] रञ्जित ; (पड्)।
तत्तो देखो **तओ** ; (कुमा ; जी २९)। °**मुह** वि [°मुख] जिसका मुँह उस तरफ हो वह ; (सुर २, २३४)।
तत्तोहुत्त न [दे] तदभिमुख, उसके सामने ; (गउड)।
तत्थ अ [तत्र] वहाँ, उसमें ; (हे २, १६१)। °**भव** वि [°भवत्] पूज्य ऐसे आप ; (पि २९३)। °**य** वि [°त्य] वहाँ का रहने वाला ; (उप ५९७ टी)।
तत्थ वि [त्रस्त] भीत ; (हे २, १६१ ; कुमा)।
तत्थरि पुं [त्रस्तरि] नय-विशेष ; "तत्थरिनिएख ठविआ सोहइ मज्झ थुई" (अच्चु ४)।
तदा देखो **तया**=तदा ; (गा ६६६)।
तदीय वि [त्वदीय] तुम्हारा ; (महा)।
तदो देखो **तओ** ; (हे २, १६०)।
तद्दिअचय न [दे] नृत्य, नाच ; (दे ५, ८)।
तद्दिअस } **तद्दिअसिअ** } **तद्दिअह** } न [दे] प्रतिदिन, अनुदिन, हररोज; (दे ५, ८ ; गउड; पाअ)।
तद्धिय पुं [तद्धित] १ व्याकरण-प्रसिद्ध प्रत्यय-विशेष ; (पण्ह २, २ ; विसे १००३)। २ तद्धित प्रत्यय की प्राप्ति का कारण-भूत अर्थ ; (अणु)।
तधा देखो **तहा** ; (ठा ३, १ ; ७)।
तन्नय देखो **तण्णय** ; (सुर १४, १७४)।
तन्हा देखो **तण्हा**; (सुर १, २०३ ; कुमा)।
तप्प सक [तप्] १ तप करना। २ अक. गरम होना। तप्पइ, तप्पंति ; (पिंग ; प्रासु ५३)।
तप्प सक [तर्पय्] तृप्त करना। वकृ—**तप्पमाण** ; (सुर १६, १६)। हेकृ—"न इमो जीवो सक्को तप्पेउं कामभोगेहिं" (आउ ५०)। कृ—**तप्पेयव्व** ; (सुपा २३२)।
तप्प न [तल्प] शय्या, बिछौना ; (पाअ)। °**अ** वि [°ग] शय्या पर जाने वाला, सोने वाला ; (पण्ह १, २)।
तप्प पुंन [तप्र] डोंगी, छोटी नौका ; (पण्ह १, १ ; विसे ७०६)।
तप्पक्खिअ वि [तत्पाक्षिक] उस पक्ष का ; (श्रा १२)।
तप्पज्ज न [तात्पर्य] तात्पर्य ; (राज)।

तप्पण न [**तर्पण**] १ सक्तु, सतुआ ; (पण्ह २, ५) । २ स्त्रीन. तृप्ति-करण, प्रीणन ; (सुअ ११३) । ३ स्निग्ध वस्तु से शरीर की मालिश ; (णाया १, १३) ।

तप्पभिइं अ [**तत्प्रभृति**] तबसे, तबसे लेकर ; (कप्प ; णाया १, १) ।

तप्पमाण देखो **तप्प**=तर्पय् ।

तप्पर वि [**तत्पर**] आसक्त ; (दे ५, २०) ।

तप्पुरिस पुं [**तत्पुरुष**] व्याकरण-प्रसिद्ध समास-विशेष; (अणु) ।

तप्पेयव्व देखो **तप्प**=तर्पय् ।

तब्भत्तिय वि [**तद्भक्तिक**] उस का सेवक ; (भग ५,७)।

तब्भव पुं [**तद्भव**] वही जन्म, इस जन्म के समान पर-जन्म । °**मरण** न [°**मरण**] वह मरण जिससे इस जन्म के समान ही परलोक में भी जन्म हो, यहां मनुष्य होनेसे आगामी जन्म में भी जिससे मनुष्य हो ऐसा मरण; (भग २१, १) ।

तब्भारिय पुं [**तद्भार्य**] दास, नौकर, कर्मचारी, कर्मकर ; (भग ३, ७) ।

तब्भारिय पुं [**तद्भारिक**] ऊपर देखो ; (भग ३,७) ।

तब्भूम वि [**तद्भौम**] उसी भूमि में उत्पन्न ; (बृह १) ।

तम पुं [**दे**] शोक, अफसोस ; (दे ५, १) ।

तम पुंन [**तमस्**] १ अन्धकार ; २ अज्ञान ; (हे १,३२ ; पि ४०६ ; औप ; धर्म २) । °**तम** पुं [°**तम**] सातवीं नरक-पृथिवी का जीव ; (कम्म ५; पंच ५) । °**तमप्पभा** स्त्री [°**तमप्रभा**] सातवीं नरक-पृथिवी ; (अणु) । °**तमा** स्त्री [°**तमा**] सातवीं नरक-पृथिवी ; (सम ६६ ; ठा ७)। °**तिमिर** न [°**तिमिर**] १ अन्धकार ; (बृह ४) । २ अज्ञान ; (पडि) । ३ अन्धकार-समूह ; (बृह ४) ।°**प्पभा** स्त्री [°**प्रभा**] छठवीं नरक-पृथिवी ; (पण्ण १) ।

तमंग पुं [**तमङ्ग**] मतवारण, घर का वरण्डा ; (सुर १३, १५६) ।

तमंधयार पुं [**तमोन्धकार**] प्रबल अन्धकार; (पउम १७, १०) ।

तमण न [**दे**] चुल्हा, जिसमें आग रख कर रसोई की जाती है वह ; (दे ५, २) ।

तमणि पुंस्त्री [**दे**] १ भुज, हाथ ; २ भूर्ज, वृक्ष-विशेष की छाल ; (दे २, २०) ।

तमस न [**तमस्**] अन्धकार ; "तमसाउ मे दिसा य" (पउम ३६ ८) ।

तमस्सई स्त्री [**तमस्वती**] घोर अन्धकार वाली रात; (बृह १) ।

तमा स्त्री [**तमा**] १ छठवीं नरक-पृथिवी; (सम ६६ ; ठा ७) । २ अधोदिशा ; (ठा १०) ।

तमाड सक [**भ्रमय्**] घुमाना, फिराना । तमाडइ ; (हे ४, ३०) । वकृ—**तमाडंत**; (कुमा) ।

तमाल पुं [**तमाल**] १ वृक्ष-विशेष ; (उप १०३१ टी ; भत्त४२) । २ न. तमाल वृक्ष का फूल ; (से १,६३) ।

तमिस न [**तमिस्र**] १ अन्धकार ; (सुअ १, ५, १)। °**गुहा** स्त्री [°**गुहा**] गुफा-विशेष; (इक) ।

तमिसंधयार पुं [**तमिस्रान्धकार**] प्रबल अन्धकार ; (सूअ १, ५, १) ।

तमिस्स देखो **तमिस** ; (दे २, २६) ।

तमी स्त्री [**तमी**] रात्रि, रात ; (गउड) ।

तमुक्काय पुं [**तमस्काय**] अंधकार-प्रचय ; (ठा ४,२)।

तमुय वि [**तमस्**] १ जन्मान्ध, जात्यन्ध ; २ अत्यन्त अज्ञानी ; (सूअ २, २) ।

तमोकसिय वि [**तमःकाषिक**] प्रच्छन्न क्रिया करने वाला; (सूअ २, २) ।

तम्म अक [**तम्**] खेद करना । तम्मइ ; (गा ४८३) ।

तम्मण वि [**तन्मनस्**] तल्लीन, तच्चित्त ; (विपा १, २) ।

तम्मय वि [**तन्मय**] १ तल्लीन, तत्पर । २ उसका विकार; (पण्ह १, १) ।

तम्मि न [**दे**] वस्त्र, कपड़ा ; (गउड) ।

तम्मिर वि [**तमित्र**] खेद करने वाला ; (गा ५८६) ।

तय वि [**तत**] विस्तार-युक्त ; (दे १, ४६ ; से २, ३१ ; महा) । २ न. वाद्य-विशेष ; (ठा २, २) ।

तय न [**त्रय**] तीन का समूह, त्रिक ; "कालत्तए वि न मयं" (चउ ४५ ; श्रा २८) ।

तय° देखो **तया**=तदा । °**प्पभिइ** अ [°**प्रभृति**] तब से ; (स ३१६) ।

तय° देखो **तया**=त्वच् । °**क्खाय** वि [°**खाद**] त्वचा को खाने वाला; (ठा ४, १) ।

तया अ [**तदा**] उस समय ; (कुमा) ।

तया स्त्री [**त्वच्**] १ त्वचा, छाल, चमड़ी ; (सम ३६) । २ दालचीनी ; (भत्त ४१) । °**मंत** वि [°**मत्**] त्वचा

वाला ; (णाया १, १)। °विस पुं [°विष] सर्प की एक जाति ; (जीव १)।

तयाणंतर न [तदनन्तर] उसके बाद ; (औप)।

तयाणि } अ [तदानीम्] उस समय ; (पि ३५८ ; हे १, **तयाणिं** } १०१)।

तयाणुग वि [तदनुग] उसका अनुसरण करने वाला ; (सूअ १, १, ४)।

तर अक [त्वर्] त्वरा करना। तर ; (विसे २६०१)।

तर अक [शक्] समर्थ होना, सकना। तरइ ; (हे ४, ८६)। वकृ— **तरंत**; (ओघ ३२४)।

तर सक [तॄ] तैरना। तरइ ; (हे ४,८६)। कर्म—तरिज्जइ, तीरइ; (हे ४, २५० ; गा ७१)। वकृ—**तरंत, तरमाण**; (पाअ; सुपा १८२)। हेकृ—**तरिउं, तरीउं**: (णाया १,१४; हे २,१९८)। कृ—**तरिअव्व** ; (श्रा १२; सुपा २७६)।

तर न [तरस्] १ वेग ; २ बल, पराक्रम। °**मल्लि** वि [°मल्लि] १ वेग वाला। २ बल वाला। °**मल्लिहायण** वि [°मल्लिहायन] तरुण, युवा ; (औप)।

तरंग पुं [तरङ्ग] १ कल्लोल, वीचि ; (पण्ह १, ३ ; औप)। °**णंदण** न [°नन्दन] नृप-विशेष ; (दंस ३)। °**मालि** पुं [°मालिन्] समुद्र, सागर ; (पाअ)। °**वई** स्त्री [°वती] १ एक नायिका ; २ कथा-ग्रन्थ विशेष ; (दंस ३)।

तरंगि वि [तरङ्गिन्] तरंग-युक्त ; (गउड ; कप्पू)।

तरंगिअ वि [तरङ्गित] तरंग-युक्त ; (गउड ; से ८,११; सुपा १५७)। °**नाह** पुं [°नाथ] समुद्र, सागर ; (वज्जा १५६)।

तरंगिणी स्त्री [तरङ्गिणी] नदी, सरिता ; (प्रासू ६६ ; गउड ; सुपा ५३८)।

तरंड } पुंन [तरण्ड, °क] डोंगी, नौका; (सुपा २७२; **तरंडय** } ५०० ; सुर ८, १०६ ; पुप्फ १०५)।

तरग वि [तर, °क] तैरने वाला ; (ठा ४, ४)।

तरच्छ पुंस्त्री [तरक्ष] श्वापद जन्तु-विशेष, व्याघ्र की एक जाति ; (पण्ह १, १ ; णाया १,१ ; स २५७)। स्त्री— °**च्छी** ; (पि १२३)। °**भल्ल** पुंस्त्री [°भल्ल] श्वापद जन्तु-विशेष ; (पउम ४२, १२)।

तरट्टा } स्त्री [दे] प्रगल्भ स्त्री ; "भ्भाणेण तुट्टदि चिरं तरुणी **तरट्टी** } तरट्टी" (कप्पू ; काप्र ५६६)। "अट्टेव आगयाओ तरुणतरट्टाओ एयाओ" (सुपा ४२)।

तरण न [तरण] १ तैरना ; (श्रा १४ ; स ३५६ ; सुपा २६२)। २ जहाज, नौका ; (विसे १०२७)।

तरणि पुं [तरणि] १ सूर्य, रवि ; (कुमा)। २ जहाज, नौका ; ३ घृतकुमारी का पेड़ ; ४ अर्क वृक्ष, अकवन वृक्ष ; (हे १, ३१)।

तरतम वि [तरतम] न्यूनाधिक, "तरतमजोगजुत्तेहिं" (कप्प)।

तरमाण देखो **तर=तॄ**।

तरल वि [तरल] चंचल, चपल ; (गउड ; पाअ ; कप्पू ; प्रासू ६६ ; सुपा २०४ ; सुर २, ८६)।

तरल सक [तरलय्] चंचल करना, चलित करना। तरलेइ; (गउड)। वकृ—**तरलंत** ; (सुपा ४७०)।

तरलण न [तरलन] तरल करना, हिलाना ; "कणयाडीणं कुणंता कुरलतरलणं" (कप्पू)।

तरलाविअ वि [तरलित] चंचल किया हुआ, चलायमान किया हुआ ; (गउड ; भवि)।

तरलि वि [तरलिन्] हिलाने वाला ; (कप्पू)।

तरलिअ वि [तरलित] चंचल किया हुआ ; (गा ७८ ; उप पृ ३३ ; सार्ध ११५)।

तरवट्ट पुं [दे] वृक्ष-विशेष, चकवड, पमाड, पवार ; (दे ५, ५ ; पाअ)।

तरस न [दे] मांस ; (दे ५, ४)।

तरसा अ [तरसा] शीघ्र, जल्दी ; (सुपा ५८२)।

तरा स्त्री [त्वरा] जल्दी, शीघ्रता ; (पाअ)।

तरिअव्व देखो **तर=तॄ**।

तरिअव्व न [दे] उडुप, एक तरह की छोटी नौका; (दे ५,७)।

तरिउ वि [तरीतृ] तैरने वाला ; (विसे १०२७)।

तरिउं देखो **तर=तॄ**।

तरिया स्त्री [दे] दूध आदि का सार, मलाई ; (प्रभा ३३)।

तरिहि अ [तर्हि] तो, तब ; (सुर १,१३२ ; ११,७१)।

तरी स्त्री [तरी] नौका, डोंगी ; (सुपा १११ ; दे ६, ११० ; प्रासू १४६)।

तरु पुं [तरु] वृक्ष, पेड़, गाछ ; (जी १४ ; प्रासू २६)।

तरुण वि [तरुण] जवान, मध्य वय वाला ; (पउम ५,१६८)।

तरुणग } वि [तरुणक] बालक, किशोर ; (सूअ १, ३, **तरुणय** } ४)। २ नवीन, नया ; (भग १५)। स्त्री— °**णिगा**, °**णिया** ; (आचा २, १)।

तरुणरहस पुंन [दे] रोग, बिमारी ; (ओघ १३६)।

तरुणिम पुंस्त्री [तरुणिमन्] यौवन, जवानी ; (कप्पू)।

तरुणी स्त्री [**तरुणी**] युवति स्त्री; (गउड; स्वप्न ८२; महा)।

तल सक [**तल्**] तलना, भूजना, तेल आदि में भूनना। तलेज्जा; (पि ४६०)। वकृ—**तलेंत**; (विपा १, ३)। हेकृ—**तलिज्जिउं**; (स २५८)।

तल न [**दे**] १ शय्या, बिछौना; (दे ५, १६; षड्)। २ पुं. ग्रामेश, गाँव का मुखिया; (दे ५, १६)।

तल पुं [**तल**] १ वृक्ष-विशेष, ताड़ का पेड़; (णाया १, १ टी—पत्र ४३; पउम ५३, ७६)। २ न. स्वरूप; "धरणितलंसि" (कप्प), "कासवितलम्मि" (कुमा)। ३ हथेली; (जं १)। ४ तला, भूमिका; "सत्ततले पासाए" (सुर २, ८१)। ५ अधोभाग, नीचे; (णाया १, १)। ६ हाथ, हस्त; (कप्प; पण्ह २,५)। ७ मध्य खण्ड; (ठा ८)। ८ तलवा, पानी के नीचे का भाग; (पण्ह १, ३)। °**ताल** पुंन [°**ताल**] १ हस्त-ताल, ताली; २ वाद्य-विशेष; (कप्प)। °**प्पहार** पुं [°**प्रहार**] तमाचा, चपेटा; (दे)। °**भंगय** न [°**भङ्गक**] हाथ का आभूषण-विशेष; (औप)। °**वट्ट** न [°**पट्ट**] बिछौने की चद्दर; (वज्जा १०४)। °**वट्ट** न [°**पत्र**] ताड़ वृक्ष की पत्ती; (वज्जा १०४)।

तलअंट सक [**भ्रम्**] भ्रमण करना, फिरना। तलअंटइ; (हे ४, १६१)।

तलआगत्ति पुं [**दे**] कूप, इनारा; (दे ५, ८)।

तलओडा स्त्री [**दे**] वनस्पति-विशेष; (पराण १)।

तलण न [**तलन**] तलना, भर्जन; (पण्ह १, १)।

तलप्प अक [**तप्**] तपना, गरम होना। तलप्पइ; (पिंग)।

तलप्फल पुं [**दे**] शालि, व्रीहि; (दे ५, ७)।

तलवत्त पुं [**दे**] १ कान का आभूषण-विशेष; (दे ५, २१; पाअ)। २ वरांग, उत्तमांग; (दे ५, २१)।

तलवर पुं [**दे.तलवर**] नगर-रक्षक, कोटवाल; (णाया १, १; सुपा ३; ७३; औप; महा; ठा ६; कप्प; राय; अणु; उवा)।

तलविंट, **तलवेंट**, **तलवोंट** न [**तालवृन्त**] व्यजन, पंखा; (हे १, ६७; प्राप्र)।

तलसारिअ वि [**दे**] १ गालित; २ मुग्ध, मूर्ख; (दे ५, ६)।

तलहट्ट सक [**सिच्**] सींचना। तलहट्टइ, तलहट्टएं; (सुपा ३६३)। वकृ—**तलहट्टंत**; (सुपा ३६३)।

तलाई स्त्री [**तड़ागिका**] छोटा तालाव; (कुमा)।

तलाग, **तलाय** न [**तड़ाग**] तालाव, सरोवर; (औप; हे १, २०२; प्राप्र; णाया १, ८; उव)।

तलार पुं [**दे**] नगर-रक्षक, कोटवाल; (दे ५, ३; सुपा २३३; ३६१; षड्; कुप्र १५५)।

तलारक्ख पुं [**दे.तलारक्ष**] ऊपर देखो; (श्रा १२)।

तलाव देखो **तलाग**; (उवा; पि २३१)।

तलिअ वि [**तलित**] भूना हुआ, तला हुआ; (विपा १,२)।

तलिआ, **तलिगा** न [**दे**] उपानह, जूता; (ओघ ३६; ६८; बृह १)।

तलिण वि [**तलिन**] १ प्रतल, सूक्ष्म, बारीक; (पण्ह १, ४; औप; दे ५, ६)। २ तुच्छ, क्षुद्र; (से १०,७)। ३ दुर्बल; (पाअ)।

तलिम पुंन [**दे**] १ शय्या, बिछौना; (दे ५, २०; पाअ; णाया १,१६—पत्र २०१; २०२; गउड)। २ कुट्टिम, फरस-बन्द जमीन; (दे ५, २०; पाअ)। ३ घर के ऊपर की भूमि; ४ वास-भवन; शय्या-गृह; ५ भ्राष्ट्र, भूनने का भाजन; (दे ५, २०)।

तलिमा स्त्री [**तलिमा**] वाद्य-विशेष; (विसे ७८ टी; गांदि)।

तलुण देखो **तरुण**; (णाया १, १६; राय; ना १५)।

तलेर [**दे**] देखो **तलार**; (भवि)।

तल्ल न [**दे**] १ पल्वल, छोटा तालाव; (दे ५, १६)। २ तृण-विशेष, वरू; (दे ५, १६; पण्ह २, ३)। ३ शय्या, बिछौना; (दे ५, १६; षड्)।

तल्लक पुं [**तल्लक**] सुरा-विशेष; (राज)।

तल्लड न [**दे**] शय्या, बिछौना; (दे ५, २)।

तल्लिच्छ वि [**दे**] तत्पर, तल्लीन; (दे ५, ३; सुर १, १३; पाअ)।

तल्लेस, **तल्लेस्स** वि [**तल्लेश्य**] उसी में जिसका अध्यवसाय हो, तल्लीन, तदासक्त; (विपा १, २; राज)।

तल्लोविल्लि स्त्री [**दे**] तडफडना, तडफना, व्याकुल होना; "थोडइ जलि जिम मच्छलिया तल्लोविल्लि करंत" (कुप्र ८६)।

तव अक [**तप्**] १ तपना, गरम होना। २ सक. तपश्चर्या करना। तवइ; (हे १, १३१; गा २२४)। भूका—तविंसु; (भग)। वकृ—**तवमाण**; (श्रा २७)।

तव सक [**तपय्**] गरम करना। तवेइ; (भग)।

तव पुंन [**तपस्**] तपस्या, तपश्चर्या ; (सम ११ ; नव २६ ; प्रासू २८)। °**गच्छ** पुं [°**गच्छ**] जैन मुनिओं की एक शाखा, गण-विशेष ; (संति १४)। °**गण** पुं [°**गण**] पूर्वोक्त ही अर्थ ; (द्र ७०)। °**चरण**, °**च्चरण** न [°**चरण**] १ तपश्चर्या, तपः-करण ; (सुअ १, ५, १ ; उप पृ ३६० ; अभि १४७)। २ तप का फल, स्वर्ग का भोग ; (णाया १, ६)। °**चरणि** वि [°**चरणिन्**] तपस्या करने वाला ; (ठा ५, ३)। देखो **तवो**° ।

तव देखो **थव** ; (हे २, ४६ ; षड्)।

तवग्ग पुं [**तवर्ग**] 'त' से लेकर 'न' तक के पाँच अक्षर। °**पविभत्ति** न [°**प्रविभक्ति**] नाट्य-विशेष; (राय)।

तवण पुं [**तपन**] १ सूर्य, सूरज ; (उप १०३१ टी; कुप्र २१५)। २ रावण का एक प्रधान सुभट ; (से १३, ८५)। ३ न. शिखर-विशेष ; (दीव)।

तवणा स्त्री [**तपना**] आतापना ; (सुपा ४१३)।

तवणिज्ज न [**तपनीय**] सुवर्ण, सोना ; (पराह १, ४ ; सुपा ३६)।

तवणी स्त्री [**दे**] १ भक्ष्य, भक्षण-योग्य कण आदि ; (दे ५, १ ; सुपा ५४८ ; वज्जा ६२)। २ धान्य को क्षेत्र से काट कर भक्षण योग्य बनाने की क्रिया ; (सुपा ५४६)। ३ तवा, पूआ आदि पकाने का पात्र ; (दे २, ५६)।

तवणीय देखो **तवणिज्ज** ; (सुपा ४८)।

तवमाण देखो **तव**=तप्।

तवय वि [**दे**] व्यापृत, किसी कार्य में लगा हुआ ; (दे ५, २)।

तवय पुं [**तपक**] तवा, भूनने का भाजन ; (विपा १, ३ ; सुपा ११८ ; पात्र)।

तवस्सि वि [**तपस्विन्**] १ तपस्या करने वाला ; (सम ५१; उप ८३३ टी)। २ पुं. साधु, मुनि, ऋषि ; (स्वप्न१८)।

तविअ वि [**तप्त**] तपा हुआ, गरम ; (हे २, १०५; पात्र)।

तविअ वि [**तापित**] १ गरम किया हुआ ; २ संतापित ; "एयाए को न तविओ, जयम्मि लच्छीए सच्छंदं" (सुपा २०४ ; महा ; पिंग)।

तविआ स्त्री [**तापिका**] तवा का हाथा; (दे १, १६३)।

तवु देखो **तउ** ; (पउम ११८, ८)।

तवो देखो **तओ** ; (रंभा)।

तवो° देखो **तव**=तपस्। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] तपः-करण; (सम ११)। °**धण** पुं [°**धन**] ऋषि, मुनि; (प्रारू)। °**धर** पुं [°**धर**] तपस्वी, मुनि ; (पउम२०, १६५ ; १०३, १०८)। °**वण** न [°**वन**] ऋषि का आश्रम ; (उप ७४५ ; स्वप्न १६)।

तव्वणिय वि [**दे**] सौगत, बौद्ध, बुद्ध-दर्शन का अनुयायी ; "तव्वणियाण वियं विसयसुहकुसत्थभावणाधणियं" (विसे १०४१)।

तव्वन्निग वि [**दे. तृतीयवर्णिक**] तृतीय आश्रम में स्थित; (उप पृ २६८)।

तव्विह वि [**तद्विध**] उसी प्रकार का ; (भग)।

तस अक [**त्रस्**] डरना, त्रास पाना। तसइ ; (हे४, १६८)। कृ—**तसियव्व** ; (उप ३३६ टी)।

तस पुं [**त्रस**] १ स्पर्श-इन्द्रिय से अधिक इन्द्रिय वाला जीव, द्वीन्द्रिय आदि प्राणी ; (जीव १ ; जी २)। २ एक स्थान से दूसरे स्थान में जाने आने की शक्ति वाला प्राणी ; (निचू १२)। °**काइय** पुं [°**कायिक**] जंगम प्राणी, द्वीन्द्रियादि जीव ; (पराह१, १)। °**काय** पुं [°**काय**] १ त्रस-समूह ; (ठा२, १)। २ जंगम प्राणी ; (आचा)। °**णाम**, °**नाम** न [°**नामन्**] कर्म-विशेष, जिसके प्रभाव से जीव त्रस-काय में उत्पन्न होता है ; (कम्म १ ; सम ६७)। °**रेणु** पुं [°**रेणु**] परिमाण-विशेष, बतीस हजार सात सौ अठसठ परमाणुओं का एक परिमाण ; (अणु ; पव२५४)। °**वाइया** स्त्री [°**पादिका**] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष ; (जीव १)।

तसण न [**त्रसन**] १ स्पन्दन, चलन, हिलन ; (राज)। २ पलायन ; (सूत्र १, ७)।

तसर देखो **टसर** ; (कप्पू)।

तसिअ वि [**दे**] शुष्क, सूखा ; (दे ५, २)।

तसिअ वि [**तृषित**] तृषातुर, पिपासित ; (रयण ८४)।

तसिअ वि [**त्रस्त**] भीत, डरा हुआ ; (जीव ३ ; महा)।

तसियव्व देखो **तस**=त्रस्।

तसेयर वि [**त्रसेतर**] एकेन्द्रिय जीव, स्थावर प्राणी; (सुपा १६८)।

तह अ [**तथा**] १ उसी तरह ; (कुमा ; प्रासू१६ ; स्वप्न१०)। २ और, तथा ; (हे १, ६७)। ३ पाद-पूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय ; (निचू १)। °**क्कार** पुं [°**कार**] 'तथा' शब्द का उच्चारण ; (उत्त २६)। °**णाण** वि

[°ज्ञान] प्रश्न के उत्तर को जानने वाला ; (ठा ६) । २ न. सत्य ज्ञान ; (ठा १०) । °त्ति अ [इति] स्वीकार-द्योतक अव्यय, वैसा ही (जैसा आप फर्माते हैं) ; (णाया १, १) । °य अ [°च] १ उक्त अर्थ की दृढ़ता-सूचक अव्यय ; २ समुच्चय-सूचक अव्यय ; (पंचा २) । °वि अ [°पि] तो भी ; (गउड) । °विह त्रि [°विध] उस प्रकार का ; (सुपा ४५६) । देखो **तहा**।

तह वि [**तथ्य**] तथ्य, सत्य, सच्चा; (सुअ १, १३) ।

तह पुं [**तथ**] आज्ञा-कारक, दास, नौकर ; (ठा४, २—पत्र २१३) ।

तहं देखो **तह**=तथा ; (औप) ।

तहरी स्त्री [**दे**] पङ्क वाली सुरा ; (दे ५, २) ।

तहल्लिआ स्त्री [**दे**] गो-वाट, गौओं का वाडा ; (दे५, ८) ।

तहा देखो **तह**=तथा ; (कुमा ; गउड ; आचा ; सुर ३, २७) । °गय पुं [°गत] १ मुक्त आत्मा ; २ सर्वज्ञ ; (आचा) । °भूय वि [°भूत] उस प्रकार का ; (पउम २२, ६५) । °रूव वि [°रूप] उस प्रकार का; (भग १५) । °वि वि [°वित्] १ निपुण, चतुर; २ पुं. सर्वज्ञ ; (सुअ१, ४,१) । °हि अ [°हि] वह इस प्रकार ; (उप ६८६ टी) ।

तहि देखो **तह**=तथा ; (गा ८७८ ; उत ६) ।

तहिं, **तहिँ** अ [**तत्र**] वहां, उसमें , (गा २०६ ; प्राप्र ; गा २३४ , ऊरु १०५) ।

तहिय वि [**तथ्य**] सत्य, सच्चा, वास्तविक ; (णाया१, १२) ।

तहियं अ [**तत्र**] वहां, उसमें ; (विसे २७८) ।

तहेय, **तहेव** अ [**तथैव**] उसी तरह, उसी प्रकार ; (कुमा ; षड्) ।

ता अ [**तद्**] उससे, उस कारण से ; (हे ४, २७८ ; गा ४६ ; ६७ ; उव) ।

ता देखो **ताव**=तावत् ; (हे १, २७१ ; गा१४१ ; २०१) ।

ता अ [**तदा**] तब, उस समय ; (रंभा ; कुमा ; सण) ।

ता अ [**तर्हि**] तो, तब; (रंभा; कुमा) ।

ता स्त्री [**ता**] लक्ष्मी ; (सुर १६, ४८) ।

ता° स [**तद्**] वह । °गंध पुं [°गन्ध] १ उसका गन्ध ; २ उसके गन्ध के समान गन्ध; (पण्ण १७) । °फास पुं [°स्पर्श] १ उसका स्पर्श ; २ वैसा स्पर्श ; (पण्ण १७) । °रस पुं [°रस] १ वह स्पर्श; २ वैसा स्पर्श; (पण्ण१७) । °रूव न [°रूप] १ वह रूप; २ वैसा रूप ; (पण्ण १७—पत्र ५२२) ।

ताअ देखो **ताव**=ताप ; (गा ७६७ ; ८१४ ; हेका५०) ।

ताअ पुं [**तात**] १ तात, पिता, बाप ; (सुर १, १२३ ; उत्त १४) । २ पुत्र, वत्स ; (सूअ १, ३, २) ।

ताअ सक [**त्रै**] रक्षण करना । कृ—**तायव्व** ; (आ१२) ।

ताइ वि [**त्यागिन्**] त्याग करने वाला ; (गा २३०) ।

ताइ वि [**तायिद्**] रक्षक, परिपालक ; (उत ८) ।

ताइ वि [**तापिन्**] ताप-युक्त ; (सूअ १, १५) ।

ताइ वि [**त्रायिन्**] रक्षक, रक्षण करने वाला ; (उ २१, २२) ।

ताइअ वि [**त्रात**] रक्षित ; (उव) ।

ताउं (अप) देखो **ताव**=तावत् ; (कुमा) ।

ताठा (चूपै) देखो **दाढा** ; (हे ४, ३२५) ।

ताड सक [**ताडय्**] १ ताड़न करना, पीटना । २ प्रेरणा करना, आघात करना । ३ गुणाकर करना । ताडइ ; (हे ४, २७) । भवि—ताडइस्सं; (पि २४०) । वकृ—**ताडिंत**; (काल) । कवकृ—**ताडिज्जमाण, ताडीअंत, ताडीअमाण** ; (सुपा २६ ; पि २४० ; अभि १५१) । हेकृ—**ताडिउं** ; (कप्पू) । कृ—**ताडिअ** ; (उत्त१६) ।

ताड पुं [**ताल**] ताड़ के झाड़ (स २५६) ।

ताडंक पुं [**ताडङ्क**] कान का आभूषण-विशेष, कुण्डल ; (दे ६, ६२ ; कप्पू ; कुमा) ।

ताडण न [**ताडन**] १ ताड़न, पीटना ; (उप ६८६ टी ; गा ५४६) । २ प्रेरणा, आघात ; (से १२, ८३) ।

ताडाविय वि [**ताडित**] पीटवाया गया ; (सुपा २८८) ।

ताडिअ देखो **ताड**=ताडय् ।

ताडिअ वि [**ताडित**] १ जिसका ताडन किया गया हो वह, पीटा हुआ ; (पाअ) । २ जिसका गुणाकार किया गया हो वह; "इक्कासीई सा करणकारणाणुमइताडिआ होइ" (श्राद्ध) ।

ताडिअय न [**दे**] रोदन, रोना ; (दे ५,१०) ।

ताडिज्जमाण देखो **ताड**=ताडय् ।

ताडी स्त्री [**ताडी**] वृक्ष-विशेष ; (गउड) ।

ताडीअंत, **ताडीअमाण** देखो **ताड**=ताडय् ।

ताण न [**त्राण**] १ शरण, रक्षण कर्ता ; (सुपा ५७४) । २ रक्षण ; (सम ५१) ।

ताण पुं [**तान**] संगीत-प्रसिद्ध स्वर-विशेष; "ताणा एगूणपण्णासं" (अणु) ।

ताणिअ वि [**तानित**] ताना हुआ ; (ती १५)।

तादिस देखो **तारिस** ; (गा ७३८ ; प्रासू ३४)।

ताम देखो **तम्म=तम्**। तामइ ; (गा ८५३)।

ताम (अप) देखो **ताव=तावत्** ; (हे ४, ४०६ ; भवि)।

तामर वि [**दे**] रम्य, सुन्दर ; (दे ५, १० ; पाअ)।

तामरस न [**तामरस**] कमल, पद्म; (दे ५, १०; पाअ)।

तामरस न [**दे**] पानी में उत्पन्न होने वाला पुष्प; (दे५,१०)।

तामलि पुं [**तामलि**] स्वनाम-ख्यात एक तापस ; (भग ३, १ ; श्रा ६)।

तामलित्ति स्त्री [**ताम्रलिप्ति**] एक प्राचीन नगरी, वंग देश की प्राचीन राजधानी ; (उप ६८८ ; भग ३, १ ; पण्ण १)।

तामलित्तिया स्त्री [**ताम्रलिप्तिका**] जैन मुनि-वंश की एक शाखा ; (कप्प)।

तामस वि [**तामस**] तमोगुण वाला ; (पउम ८, ५० ; कुप्र ४२८)। °**त्थ** न [°**अस्त्र**] कृष्ण वर्ण का अस्त्र-विशेष; (पउम ८,५०)।

तामहि } (अप) देखो **ताव=तावत्** ; (पड् ; भवि ; पि
तामहिं } २६१ ; हे ४, ४०६)।

तायत्तीसग पुं [**त्रायस्त्रिंशक**] गुरु-स्थानीय देव-जाति ; (ठा ३, १ ; कप्प)।

तायत्तीसा स्त्री [**त्रयस्त्रिंशत्**] १ संख्या-विशेष, तेतीस ; २ तेतीस संख्या वाला, तेतीस; "तायतीसा लोगपाला" (ठा; पि ४४७ ; कप्प)।

तायव्व देखो **ताअ=त्रै**।

तार वि [**तार**] १ निर्मल, स्वच्छ ; (से ६, ४२)। २ चमकता, देदीप्यमान ; (पाअ)। ३ अति ऊँचा ; (से ६, ४)। ४ अति ऊँचा स्वर ; (राय ; गा ४६४)। ५ न. चाँदी ; (ती २)। ६ पुं. वानर-विशेष ; (से १, ३४)। °**वई** स्त्री [°**वती**] राज-कन्या ; (आचू ४)।

तारंग न [**तारङ्ग**] तरंग-समूह ; (से ६, ४२)।

तारग वि [**तारक**] तारने वाला, पार उतारने वाला ; (उप पृ ३२)। २ पुं. नृप-विशेष, द्वितीय प्रतिवासुदेव ; (पउम ५, १५६)। ३ सूर्य आदि नव ग्रह ; (ठा६)। देखो **तारय**।

तारगा स्त्री [**तारका**] १ नक्षत्र ; (सूअ २, ६)। २ एक इन्द्राणी, पूर्णभद्र-नामक इन्द्र की एक पटरानी ; (ठा ४, १)। देखो **तारया**।

तारण न [**तारण**] १ पार उतारना ; (सुपा २५७)। २ वि. तारने वाला ; (सुपा ४१७)।

तारत्तर पुं [**दे**] मुहूर्त ; (दे ५, १०)।

तारय देखो **तारग** ; (सम १; प्रासू १०१)। ४ न. छन्द-विशेष ; (पिंग)।

तारया देखो **तारगा**। ३ आँख की तारा ; (गउड ; गा १४८ ; २५४)।

तारा स्त्री [**तारा**] १ आँख की पुतली ; (गा ४११ ; ४३५)। २ नक्षत्र ; (ठा ५, १ ; से १,३४)। ३ सुग्रीव की स्त्री ; (से १, ३४)। ४ सुभूम चक्रवर्ती की माता ; (सम १५२)। ५ नदी-विशेष ; (ठा १०)। ६ बौद्धों की शासन-देवी ; (कुप्र ४४२)। °**उर** न [°**पुर**] तारंगा-स्थान; (कुप्र ४४२)। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] एक राज-कुमार ; (धम्म ७२ टी)। °**तणय** पुं [°**तनय**] वानर-विशेष, अङ्गद ; (से १३, ६७)। °**पह** पुं [°**पथ**] आकाश, गगन ; (अणु)। °**पहु** पुं [°**प्रभु**] चन्द्रमा ; (उप ३२० टी)। °**मेत्ती** स्त्री [°**मैत्री**] निःस्वार्थ मित्रता ; (कप्पू)। °**यण** न [°**यन**] कनीनिका का चलना, आँख की पुतली का हिलन, "भग्गं तारायणं नियइ" (सुपा १८७)। °**वइ** पुं [°**पति**] चन्द्रमा; (गउड)।

तारिम वि [**तारिम**] तरणीय, तैरने योग्य ; (भास ६३)।

तारिय वि [**तारित**] पार उतारा हुआ ; (भवि)।

तारिया स्त्री [**तारिका**] तारा के आकार की एक प्रकार की विभूषा, टिकली, टिकिया ; "विचित्तलंबंततारियाइन्नं" (सुर ३, ७१)।

तारिस वि [**तादृश**] वैसा, उस तरह का ; (कप्प ; प्राप्र ; कुमा)। स्त्री—°**सी** ; (प्रासू १२५)।

तारुण्ण } न [**तारुण्य**] तरुणता, यौवन ; (गउड ; कप्पू ;
तारुन्न } कुमा ; सुपा ३१६)।

ताल देखो **ताड=ताडय्**। तालेइ ; (पि २४०)। वकृ—**तालेमाण** ; (विपा १, १)। कवकृ—**तालिज्जंत, तालिज्जमाण** ; (पउम ११८, १० ; पि २४०)।

ताल सक [**तालय्**] ताला लगाना, बन्द करना। संकृ—**तालेवि** ; (सुपा ४२८)।

ताल पुं [**ताल**] १ वृक्ष-विशेष ; (पण्ह १, ४)। २ वाद्य-विशेष, कंसिका ; (पण्ह २, ५)। ३ ताली ; (दस २)। ४ चपेटा, तमाचा ; (से ६, ५६)। ५ वाद्य-समूह ; (राज)। ६ आजीवक मत का एक उपासक ; (भग ८, ५)। ७ न. ताला, द्वार बन्द करने की कल ; (उप ३३३)। ८ ताल वृक्ष का फल ; (दे ६, १०२)।

°उड न [°पुट] तत्काल प्राण-नाशक विष-विशेष; (गाया १, १४; सुपा १३७; ३१६)। °जंघ पुं [°जङ्घ] १ नृप-विशेष; (धर्म १)। २ वि. ताल की तरह लम्बी जाँघ वाला; (गाया १, ८)। °ज्झय पुं [°ध्वज] १ वलदेव; (आवम)। २ नृप-विशेष; (दंस १)। ३ शत्रुञ्जय पहाड़; (ती १)। °पलंब पुं [°प्रलम्ब] गोशालक का एक उपासक; (भग ८, ५)। °पिसाय पुं [°पिशाच] दीर्घ-काय राक्षस; (पगह १)। °पुड देखो °उड; (श्रा १२)। °यर पुं [°चर] एक मनुष्य-जाति, चारण; (ओघ ७६६)। °विंट, °विंत, °वेंट, °वोंट न [°वृन्त] व्यजन, पंखा; (पि ५३; नाट—वेणी १०४; हे १, ६७; प्राप्र)। °संवुड पुं [°संपुट] ताल के पत्रों का संपुट, ताल-पत्र-संचय; (सूअ १, ५, १)। °सम वि [°सम] ताल के अनुसार स्वर, स्वर-विशेष; (ठा ७)।

तालंक पुं [**ताडङ्क**] १ कुण्डल, कान का आभूषण-विशेष। २ छन्द-विशेष; (पिंग)।

तालंकि पुंस्त्री [**तालङ्किन्**] छन्द-विशेष। स्त्री—°णी; (पिंग)।

तालग न [**तालक**] ताला, द्वार वन्द करने का यन्त्र; (उप ३३६ टी)।

तालण देखो **ताडण**; (औप)।

तालणा स्त्री [**ताडना**] चपेटा आदि का प्रहार; (पगह २, १; औप)।

तालप्फली स्त्री [**दे**] दासी, नौकरानी; (दे ५, ११)।

तालय देखो **तालग**; (सुपा ४१४; कुप्र २५२)।

तालहल पुं [**दे**] शालि, व्रीहि; (दे ५, ७)।

ताला अ [**तदा**] उस समय, "ताला जाअंति गुणा, जाला ते सहिअएहिं घिप्पंति" (हे ३, ६५; काप्र ५२१)।

ताला स्त्री [**दे**] लाजा, खोई, धान का लावा; (दे ५,१०)।

तालाचर पुं [**तालच्चर**] ताल (वाद्य) बजाने वाला; (निचू १५)।

तालाचर, **तालायर** पुं [**तालाचर**] १ प्रेक्षक-विशेष, ताल देने वाला प्रेक्षक; (गाया १, १)। २ नट, नर्तक आदि मनुष्य-जाति; (बृह ३)।

तालिअ वि [**ताडित**] आहत, पीटा हुआ; (गाया १,५)।

तालिअंट सक [**भ्रमय्**] घुमाना, फिराना। तालिअंटइ; (हे ४, ३०)।

तालिअंट न [**तालवृन्त**] व्यजन, पंखा; (स ३०८)।

तालिअंटिर वि [**भ्रमयितृ**] घुमाने वाला; (कुमा)।

तालिज्जंत देखो **ताल**=ताडय्।

ताली स्त्री [**ताली**] १ वृक्ष-विशेष; (चारु ६३)। २ छन्द-विशेष; (पिंग)। °पत्त न [°पत्र] ताल-वृक्ष की पत्ती का वना हुआ पंखा; (चारु ६३)।

तालु, **तालुअ** न [**तालु**, °**क**] तालू, मुँह के ऊपर का भाग, तलुआ; (सत ४६; गाया १, १६)।

तालुग्घाडणी स्त्री [**तालोद्घाटनी**] विद्या-विशेष, ताला खोलने की विद्या; (वसु)।

तालुर पुं [**दे**] १ फेन, फीण; २ कपित्थ वृक्ष; (दे ५, २१)। ३ पानी का आवर्त; (दे ५, २१; गा ३७; पाअ)। ४ पुं. पुष्प का सत्व; (विक्र ३२)।

तालेवि देखो **ताल**=तालय्।

ताव सक [**तापय्**] १ तपाना, गरम करना। २ संताप करना, दुःख उपजाना। तावेंति; (गा ८५०)। कर्म—ताविज्जंति; (गा ७)। कृ—**तावणिज्ज**; (भग१५)।

ताव पुं [**ताप**] १ गरमी, ताप; (सुपा ३८६; कप्पू)। २ संताप, दुःख; (आव ४)। ३ सूर्य, रवि। °दिसा स्त्री [°दिश्] सूर्य-तापित दिशा; (राज)।

ताव अ [**तावत्**] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ तब-तक; (पउम ६८, ५०)। २ प्रस्तुत अर्थ; (आवम)। ३ अवधारण; ४ अवधि, हद; ५ पक्षान्तर; ६ प्रशंसा; ७ वाक्य-भूषा; ८ मान; ९ साकल्य, संपूर्णता; १० तव, उस समय; (हे १, ११)।

तावअ वि [**तावक**] त्वदीय, तुम्हारा; (अच्चु ५३)।

तावइअ वि [**तावत्**] उतना; (सम १४४; भग)।

तावं देखो **ताव**=तावत्; (भग १५)।

तावँ, **तवँहिं** (अप) देखो **ताव**=तावत्; (कुमा)।

तावण न [**तापन**] १ गरम करना, तपाना; (निचू १)। २ पुं. इक्ष्वाकु वंश का एक राजा; (पउम ५, ५)।

तावणिज्ज देखो **ताव**=तापय्।

तावत्तीस, **तावत्तीसग**, **तावत्तीसय** देखो **तायत्तीसय**; (औप; पि ४४५; ४३८; काल)।

तावत्तीसा देखो **तायत्तीसा**; (पि ४३८)।

तावस पुं [**तापस**] १ तपस्वी, योगी, संन्यासि-विशेष; (औप)। २ एक जैन मुनि; (कप्प)। °गेह न [°गेह]

तापसों का मठ ; (पाअ) ।
तावसा स्त्री [**तापसा**] जैन मुनिओं की एक शाखा; (कप्प)।
तावसी स्त्री [**तापसी**] तपस्विनी, योगिनी ; (गउड) ।
ताविअ वि [**तापित**] तपाया हुआ, गरम किया हुआ; (गा ५३ ; विपा १, ३ ; सुर ३, २२०) ।
ताविआ स्त्री [**तापिका**] तवा, पूआ आदि पकाने का पात्र; (दे २, ५६) । २ कड़ाही, छोटा कड़ाह ; (आवम) ।
ताविच्छ पुंन [**तापिच्छ**] वृक्ष-विशेष, तमाल का पेड़ ; (कुमा ; दे १, ३७ ; सुपा ५८) ।
तावी स्त्री [**तापी**] नदी-विशेष; (पउम ३५, १; गा २३६)।
तास पुं [**त्रास**] १ भय, डर ; (उप पृ ३५) । २ उद्वेग, संताप ; (पण्ह १, १) ।
तासण वि [**त्रासन**] त्रास उपजाने वाला ; (पण्ह १,१)।
तासि वि [**त्रासिन्**] १ त्रास-युक्त, त्रस्त ; २ त्रास-जनक ; (ठा ४, २ ; कप्पू) ।
तासिअ वि [**त्रासित**] जिसको त्रास उपजाया गया हो वह ; (भवि) ।
ताहे अ [**तदा**] उस समय, तब ; (हे ३, ६५) ।
ति अ [**त्रिः**] तीन वार; (ओव ५४२) ।
ति देखो तइअ=तृतीय ; (कम्म २,१६) । °**भाग**, °**भाय**, °**हाअ** पुं [°**भाग**] तृतीय भाग, तीसरा हिस्सा ; (कम्म २; णाया १, १६—पत्र २१८ ; कप्पू) ।
ति देखो **थी** ; "उलूलु गायंति भुखिं समत्तिपुत्ता तिओ चच्च-रियाउ दिंति " (रंभा) ।
दामोअर पुं [**दामोदर**] १ श्रीकृष्ण वासुदेव; (ती ४)। २ अतीत उत्सर्पिणी काल में भरत-क्षेत्र में उत्पन्न नववाँ जिनदेव ; (पत्र ७)।

दायग वि [**दायक**] दाता, देने वाला ; (उप ७२८ टी ; महा ; सुर ३, ४४ ; सुपा ३७८)।

दायण न [**दान**] देना; "दायणे अ निकाए अ अब्भुट्ठाणेत्ति आवरे" (सम २१)। "तवोविहाणं तह दाणदाप (? य) णं" (सत्त २६)।

दायणा स्त्री [**दापना**] पृष्ट अर्थ की व्याख्या ; (विसे २६३२)।

दायय देखो **दायग** ; "अजिअसंतिपायया हुंतु मे सिवसुहाण दायया" (अजि ३४)।

दायव्व देखो **दा**=दा।

दायाद पुं [**दायाद**] पैतृक संपत्ति का भागीदार ; (आचा)।

दायार वि [**दायार**] याचक, प्रार्थी ; (कप्प)।

दार सक [**दारय्**] विदारना, तोड़ना, चूर्ण करना। वकृ—**दारंत** ; (कुमा)।

दार पुं [**दे**] कटी-सूत्र, काँची ; (दे ५, ३८)।

दार पुंन [**दार**] कलत्र, स्त्री, महिला; (सम ५० ; स १३७; सुर ७, २०१; प्रासू ६५), "दव्वेण अप्पकालं गहिया वेसावि होइ परदारं" (सुपा २८०)।

दार न [**द्वार**] दरवाजा, निकलने का मार्ग ; (औप ; सुपा ३६७)। °**ग्गला** स्त्री [°**र्गला**] दरवाजे का आगल ; (गा ३२२)। °**ट्ठ**, °**त्थ** वि [°**स्थ**] १ द्वार में स्थित। २ पुं. दरवान, प्रतीहार; (वृह १; दे २, ५२)। °**पाल**, °**वाल** पुं [°**पाल**] दरवान, द्वार-रक्षक ; (उप ५३० टी; सुर १०, १३६; महा)। °**वालय**, °**वालिय** पुं. [°**पालक**, °**पालिक**] दरवान, प्रतीहार ; (पउम १७, १६; सुपा ४६६)।

दार } पुं [**दारक**] शिशु, वालक, वच्चा; (उप पृ ३०८; **दारग** } सुर १५, १२६ ; कप्प)। देखो **दारय**।

दारद्धंता स्त्री [**दे**] पेटा, संदूक ; (दे ५, ३८)।

दारय वि [**दारक**] १ विदारण करने वाला, विध्वंसक ; (कुप्र १३०)। २ देखो **दारग** ; (कप्प)।

दारिअ वि [**दारित**] विदारित, फाड़ा हुआ; (पाअ)।

दारिआ स्त्री [**दारिका**] लड़की ; (स्वप्न १५ ; णाया १, १६ ; महा)।

दारिआ स्त्री [**दे**] वेश्या, वारांगना; (दे ५, ३८)।

दारिद्द न [**दारिद्र्य**] १ निर्धनता ; २ दीनता ; (गा६७१ ; महा ; प्रासू १७३)। ३ आलस्य ; (प्रामा)।

दारिद्दिय वि [**दारिद्रित**] दरिद्रता-प्राप्त, दरिद्र ; (पउम ५५, २५)।

दारु न [**दारु**] काष्ठ, लकड़ी; (सम ३६; कुप्र १०४; स्वप्न ७०)। °**ग्गाम** पुं [°**ग्राम**] ग्राम-विशेष; (पउम ३०, ६०)। °**दंडय** पुंन [°**दण्डक**] काष्ठ-दण्ड, साधुओं का एक उपकरण; (कस)। °**पव्वय** पुं [°**पर्वत**] पर्वत-विशेष ; (जीव३)। °**पाय** न [°**पात्र**] काष्ठ का वना हुआ भाजन ; (ठा३, ३)। °**पुत्तय** पुं [°**पुत्रक**] कठपुतला ; (अच्चु ८२)। °**मड** पुं [°**मड**] भरत-क्षेत्र के एक भावी जिन-देव के पूर्व जन्म

का नाम ; (सम१५४)। °**संकम** पुं [°संक्रम] काष्ठ का बना हुआ पूल, सेतु ; (आचा)।

दारुअ पुं [दारुक] १ श्रीकृष्ण वासुदेव का एक पुत्र, जिसने भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर उत्तम गति प्राप्त की थी ; (अंत ३)। २ श्रीकृष्ण का एक सारथि ; (णाया १, १६)। ३ न. काष्ठ, लकड़ी ; (पउम २६, ६)।

दारुण वि [दारुण] १ विषम, भयंकर, भीषण ; (णाया १, २ ; पाअ ; गउड)। २ क्रोध-युक्त, रौद्र ; (वव१)। ३ न. कष्ट, दुःख ; (स ३२२)। ४ दुर्भिक्ष, अकाल ; (उप १३६ टी)।

दारुणी स्त्री [दारुणी] विद्या-देवी विशेष; (पउम ७, १४०)।

दालण न [दारण] विदारण, खण्डन ; (पण्ह १, १)।

दालि स्त्री [दे दालि] १ दाल, दला हुआ चना, अरहर, मूँग आदि अन्न ; (सुपा ११ ; सण)। २ राजि, रेखा ; (ओघ ३२३)।

दालिअ न [दे] नेत्र, आँख ; (दे ५, ३८)।

दालिद्द देखो **दारिद्द** ; (हे १, २५४ ; प्रासू ७०)।

दालिद्दिय देखो **दारिद्दिय** ; (सुर१३, ११६ ; वज्जा१३८)।

दालिम देखो **दाडिम** ; (प्राप्र)।

°**दालियंब** न [दालिकाम्ल] दाल का बना हुआ खाद्य-विशेष; (पण्ह २, ५)।

दालिया स्त्री [दालिका] देखो **दालि** ; (उवा)।

दाली देखो **दालि** ; (ओघ ३२३)।

दाव सक [दर्शय्] दिखलाना, बतलाना। दावइ, दावेइ ; (हे४, ३२ ; गा३१५)। वकृ—**दावंत**; (गा ६२०)।

दाव सक [दापय्] दिलाना, दान करवाना । दावेइ ; (कस)। वकृ—**दावेंत** ; (पउम११७, ३६; सुपा ६१८)। हेकृ—**दावेत्तए** ; (कप्प)।

दाव देखो **ताव**=तावत् ; (से३, ३६ ; स्वप्न१२ ; अभि३६)।

दाव पुं [दाव] १ वन, जंगल ; २ देव, देवता ; (से ६, ४३)। ३ जंगल का अग्नि ; (पाअ)। °**ग्गि** पुं [°ाग्नि] जंगल की आग ; (हे१, ६७)। °**णल**, °**नल** पुं [°ानल] जंगल की आग ; (सण ; सुपा१६७ ; पडि)।

दावण न [दे] छान, पशुओं को पैर में बाँधने की रस्सी; (कुप्र ४३६)।

दावण न [दापन] दिलाना ; (सुपा ४६६)।

दावणया स्त्री [दापना] दिलाना ; (स ५१ ; पडि)।

दावद्दव पुं [दावद्रव] वृक्ष-विशेष ; (णाया १, ११—पत्र १७१)।

दावर पुं [द्वापर] १ युग-विशेष, तीसरा युग। २ न. द्विक, दो; "नो तियं नो चेव दावरं" (सूअ१, २, २, २३)। °**जुम्म** पुं [°युग्म] राशि-विशेष ; (ठा ४, ३—पत्र २३७)।

दावाव सक [दापय्] दिलाना। संकृ—**दावाविउं** ; (महा)।

दाविअ वि [दर्शित] दिखलाया हुआ, प्रदर्शित ; (पाअ ; से १, ५३ ; ५, ८०)।

दाविअ वि [दापित] दिलाया हुआ ; (सुपा २४१)।

दाविअ वि [द्रावित] १ झराया हुआ, टपकाया हुआ ; २ नरम किया हुआ ; (अच्चु ८८)।

दावेंत देखो **दाव**=दापय्।

दास पुं [दर्श] दर्शन, अवलोकन ; (षड्)।

दास पुं [दास] १ नौकर, कर्मकर; (हे २, २०६ ; सुपा १२२ ; प्रासू १७५ ; सं१८; कप्पू)। २ धीवर, "केवट्टो धीवरो दासो" (पाअ)। °**चेड**, °**चेडग** पुं [°चेट] १ छोटी उम्र का नौकर ; २ नौकर का लड़का ; (महा ; णाया १, २)। °**सच्च** पुं [°सत्य] श्रीकृष्ण ; (अच्चु १...)।

दासरहि पुं [दाशरथि] राजा दशरथ का पुत्र, रामचन्द्र ; (से १, १४)।

दासी स्त्री [दासी] नौकरानी ; (औप ; महा)।

दासीखव्वडिया स्त्री [दासीकर्वटिका] जैन मुनिओं की एक शाखा ; (कप्प)।

दाह पुं [दाह] १ ताप, जलन, गरमी ; २ दहन, भस्मीकरण; (हे १, २६४ ; प्रासू१८)। ३ रोग-विशेष ; (विपा१,१)। °**ज्जर** पुं [°ज्वर] ज्वर-विशेष; (सुपा३११)। °**वक्कंतिय** वि [°व्युत्क्रान्तिक] जिसको दाह उत्पन्न हुआ हो वह ; (णाया १, १—पत्र ६४)।

दाहं देखो **दा**=दा।

दाहग वि [दाहक] जलाने वाला ; (उवर ८१)।

दाहण न [दाहन] जलाना, भस्म कराना ; (पउम १०२, १६१)।

दाहिण देखो **दक्खिण**; (भग; कस ; हे १, ४५; २, ७२; गा ४३३ ; ८१६)। °**दारिय** वि [°द्वारिक] दक्षिण दिशा में जिसका द्वार हो वह। २ न. अश्विनी-प्रमुख सात नक्षत्र ; (ठा ७)। °**पच्चत्थिम** वि [°पश्चिमीय] दक्षिण और पश्चिम दिशा के बीच का भाग, नैर्ऋत कोण ; (भग)। °**पह** पुं [°पथ] १ दक्षिण देश की ओर का

रास्ता ; २ दक्षिण देश ; " गच्छामि दाहिणपहं " (पउम ३२, १३) । °पुरत्थिम वि [°पूर्वीय] दक्षिण और पूर्व दिशा के बीच का भाग, अग्नि-कोण ; (भग) । °वत्त वि [°वर्त] दक्षिण में आवर्त वाला (शंख आदि) ; (ठा ४, २—पत्र २१६) ।

दाहिणा देखो **दक्खिणा** ; (ठा ६ ; सुज्ज १०) ।

दाहिणिल्ल देखो **दक्खिणिल्ल** ; (पउम ७, १७ ; विपा १, ७) ।

दाहिणी स्त्री [**दक्षिणा**] दक्षिण दिशा ; (कुमा) ।

दि वि.व. (**द्वि**) दो, दो की संख्या वाला; (हे १, ६४; से ६, ५३) ।

दि° देखो **दिसा** ; (गा ८६६) । °**क्करि** पुं [°**करिन्**] दिग्-हस्ती; (कुमा) । °**गइंद** पुं [°**गजेन्द्र**] दिग्-हस्ती; (गउड) । °**ग्गय** पुं [°**गज**] दिग्-हस्ती ; (स ११३) । °**चक्कसार** न [°**चक्रसार**] विद्याधरों का एक नगर; (इक)। °**म्मोह** पुं [°**मोह**] दिशा-भ्रम ; (गा ८८६) । देखो **दिसा** ।

दिअ पुं न [**दे**] दिवस, दिन; (दे ५, ३९), " राइंदिआइं " (कप्प) ।

दिअ पुं [**द्विज**] १ ब्राह्मण, विप्र; (कुमा; पाअ; उप ७६८ टी) । २ दन्त, दाँत ; ३ ब्राह्मण आदि तीन वर्ण—ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य; ४ अण्डज, अण्डे से उत्पन्न होने वाला प्राणी ; ५ पक्षी ; ६ वृक्ष-विशेष, टिंबरू का पेड़ ; (हे १, ९४) । °**राय** पुं [°**राज**] १ उत्तम द्विज ; २ चन्द्रमा; (सुपा ४१२; कुप्र १९) ।

दिक पुं [**द्विक**] काक, कौआ ; (उप ७६८ टी) ।

दिअ पुं [**द्विप**] हस्ती, हाथी; (हे २, ७९) ।

दिअ न [**दिव**] स्वर्ग, देवलोक, (पिंग) । °**लोअ**, °**लोग** पुं [°**लोक**] स्वर्ग, देवलोक ; (पउम २२, ४५; सुर ७, १) ।

दिअ वि [**द्रुत**] हत, मार डाला हुआ ; "चंदेण व दियराएण जेण आणंदियं भुवणं" (कुप्र १९) ।

दिअंत पुं [**दिगन्त**] दिशा का प्रान्त भाग; (महा) ।

दिअंबर वि [**दिगम्बर**] १ नग्न, वस्त्र-रहित ; २ पुं. एक जैन संप्रदाय; (भवि ; उवर १२२; कुप्र ४४३) ।

दिअज्झ पुं [**दे**] सुवर्णकार, सोनार ; (दे ५, ३९) ।

दिअधुत्त पुं [**दे**] काक, कौआ ; (दे ५, ४१) ।

दिअर पुं [**देवर**] पति का छोटा भाई ; (गा ३५ ; प्राप्र ; पाअ ; हे १, १४६ ; सुपा ४८७) ।

दिअलिअ वि [**दे**] मूर्ख, अज्ञानी ; (दे ५, ३९) ।

दिअली स्त्री [**दे**] स्थूणा, खंभा, खूँटी ; (पाअ) ।

दिअस पुंन [**दिवस**] दिन, दिवस ; (गउड ; पि २६४) । °**कर** पुं [°**कर**] सूर्य, रवि ; (से १, ५३) । °**नाह** पुं [°**नाथ**] सूर्य, सूरज ; (पउम १४, ८३) । °**यर** देखो °**कर**; (पाअ) । देखो **दिवस** ।

दिअसिअ न [**दे**] १ सदा-भोजन ; (दे ५, ४०) । २ अनुदिन, प्रतिदिन ; (दे ५, ४० ; पाअ) ।

दिअह देखो **दिअस** ; (प्राप्र; पाअ) ।

दिअहुत्त न [**दे**] पूर्वाह्ण का भोजन, दुपहर का भोजन; (दे ५, ४०) ।

दिआ अ [**दिवा**] दिन, दिवस ; (पाअ ; गा ६६ ; सम १९ ; पउम २६, २६) । °**णिस** न [°**निश**] दिन-रात, सदा; (पिंग) । °**राअ** न [°**रात्र**] दिन-रात, सर्वदा; (सुपा ३१८) । देखो **दिवा** ।

दिआहम पुं [**दे**] भास पक्षी ; (दे ५, ३९) ।

दिआइ देखो **दुआइ** ; (पाअ) ।

दिइ स्त्री [**दृति**] मसक, चमड़े का जल-पात्र ; (अनु ५; कुप्र १४९) ।

दिउण वि [**द्विगुण**] दूना, दुगुना; (पि २९८) ।

°**त** देखो **दा**=दा ।

दिक्काण पुं [**द्रेष्काण**] मेष आदि लग्नों का दशवाँ हिस्सा; (राज) ।

दिक्ख सक [**दीक्ष्**] दीक्षा देना, प्रव्रज्या देना, संन्यास देना, शिष्य करना । दिक्खे ; (उत्त) । वकृ—**दिक्खंत** ; (सुपा ५२६) ।

दिक्ख देखो **देक्ख** । दिक्खइ ; (पि ६६) ।

दिक्खा स्त्री [**दीक्षा**] १ प्रव्रज्या देना, दीक्षण; (ओघ ७ भा) । २ प्रव्रज्या, संन्यास ; (धर्म २) ।

दिक्खिअ वि [**दीक्षित**] जिसको प्रव्रज्या दी गई हो वह, जो साधु बनाया गया हो वह ; (उव) ।

दिगंछा देखो **दिगिंछा**; (पि ७४) ।

दिगंबर देखो **दिअंबर**; (इक ; आवम) ।

दिगिंछा स्त्री [**जिघत्सा**] बुभुक्षा, भूख ; (प्रम ४० ; विसे २५९४ ; उत्त २ ; आचू) ।

दिगिच्छ सक [**जिघत्स्**] खाने को चाहना । वकृ— **दिगिच्छंत** ; (आचा ; पि ५५५) ।
दिगु पुं [**द्विगु**] व्याकरण-प्रसिद्ध एक समास ; (अणु ; पि २६८) ।
दिग्घ देखो **दीह** ; (हे २, ६१ ; प्राप्र ; संक्षि १७; स्वप्न ६८; विसे ३४६७) । °**णंगूल**, °**लंगूल** वि [°**लाङ्गूल**] १ लम्बी पूँछ वाला; २ पुं. वानर ; (षड्) ।
दिग्घिआ स्त्री [**दीर्घिका**] वापी, सीढ़ी वाला कूप-विशेष ; (स्वप्न ५६ ; विक्र १३६) ।
दिच्छा स्त्री [**दित्सा**] देने की इच्छा ; (कुप्र २६६) ।
दिज देखो **दिअ=द्विज** ; (कुमा) ।
दिज्ज वि [**देय**] १ देने योग्य ; २ जो दिया जा सके ; ३ पुंन. कर-विशेष; (विपा १, १) ।
दिज्जंत } देखो **दा=दा** ।
दिज्जमाण }
दिट्ठ वि [**दिष्ट**] कथित, प्रतिपादित; (उप ७६८ टी) ।
दिट्ठ वि [**दृष्ट**] १ देखा हुआ, विलोकित ; (ठा ४, ४ ; स्वप्न २८ ; प्रासू १११) । २ अभिमत ; (अणु) । ३ ज्ञात, प्रमाण से जाना हुआ ; (उप ८८२ ; बृह १) । ४ न. दर्शन, विलोकन; (ठा २, १) । °**पाढि** वि [°**पाठिन्**] चरक-सुश्रुतादि का जानकार ; (ओघ ७४) । °**लाभिय** पुं [°**लाभिक**] दृष्ट वस्तु को ही ग्रहण करने वाला जैन साधु ; (पण्ह २, १) ।
दिट्ठंत पुं [**दृष्टान्त**] उदाहरण, निदर्शन ; (ठा ४, ४ ; महा) ।
दिट्ठंतिअ वि [**दार्ष्टान्तिक**] १ जिस पर उदाहरण दिया गया हो वह ; (विसे १००५ टी) । २ न. अभिनय-विशेष ; (ठा ४, ४—पत्र २८५) ।
दिट्ठव्व देखो **दक्ख=दृश्** ।
दिट्ठि स्त्री [**दृष्टि**] १ नेत्र, आँख, नजर; (ठा ३, १; प्रासू १६; कुमा) । २ दर्शन, मत; (पण्ण १६; ठा ४, १)। ३ दर्शन, अवलोकन, निरीक्षण; (अणु) । ४ बुद्धि, मति; (सम २५ ; उत्त २) । ५ विवेक, विचार ; (सूअ २, २) । °**कीव** पुं [°**क्लीव**]नपुंसक-विशेष;(निचू४)। °**जुद्ध** न [°**युद्ध**] युद्ध-विशेष, आँख की स्थिरता की लड़ाई; (पउम४,४४)। °**बंध** पुं [°**बन्ध**] नजर बाँधना; (उप ७२८ टी) । °**म**, °**मंत** वि [°**मत्**] प्रशस्त दृष्टि वाला, सम्यग्-दर्शी; (सूअ १, ४, १ ; आचा) । °**राय** पुं [°**राग**] १ दर्शन-राग, अपने धर्म पर अनुराग ; (धर्म २) । २ चाक्षुष स्नेह ; (अभि ७४) । °**ल्ल** वि [°**मत्**] प्रशस्त दृष्टि वाला ; (पउम २८, २२) । °**वाय** पुं [°**पात**] १ नजर डालना ; (से १०, ५) । २ बारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ ; (ठा १०— पत्र ४६१) । °**वाय** पुं [°**वाद**] बारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ ; (ठा १० ;सम१)। °**विपरिआसिआ** स्त्री [°**विपर्यासिका**, °**सिता**] मति-भ्रम ; (सम २५) । °**विस** पुं [°**विष**] जिसकी दृष्टि में विष हो ऐसा सर्प ; (से ४, ५०) । °**सूल** न [°**शूल**] नेत्र का रोग-विशेष ; (णाया १, १३—पत्र १८१) ।
दिट्ठिआ अ [**दिष्ट्या**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ मंगल ; २ हर्ष, आनन्द, खुशी ; ३ भाग्य से ; (हे २, १०४ ; स्वप्न १६ ; अभि ६५ ; कुप्र ६५) ।
दिट्ठिआ स्त्री [**दृष्टिका**, °**जा**] १ क्रिया-विशेष—दर्शन के लिए गमन ; २ दर्शन से कर्म का उदय होना ; (ठा २, १—पत्र ४०) ।
दिट्ठीआ स्त्री [**दृष्टीया**] ऊपर देखो ; (नव १८) ।
दिट्ठीवाओवएसिआ स्त्री [**दृष्टिवादोपदेशिकी**] [illegible]-विशेष ; (दं ३३) ।
दिट्ठेल्लय वि [**दृष्ट**] देखा हुआ, निरीक्षित; (आवम) ।
दिड्ढ } देखो **दढ** ; (नाट—मालती १७ ; से १, १४ ;
दिढ } स्वप्न २०५ ; प्रासू ६२) ।
दिण पुंन [**दिन**] दिवस ; (सुपा ५६ ; दं २७ ; जी ३५; प्रासू ६५) । °**इंद** पुं [°**इन्द्र**] सूर्य, रवि ; (सण) । °**कय** पुं [°**कृत्**] सूर्य, रवि; (राज) । °**कर** पुं [°**कर**] सूर्य, सुरज ; (सुपा ३१२) । °**नाह** पुं [°**नाथ**] सूर्य, रवि ; (महा) । °**बंधु** पुं [°**बन्धु**] सूर्य, रवि ; (पुप्फ ३७) । °**मणि** पुं [°**मणि**] सूर्य, दिवाकर ; (पाअ ; से १, १८ ; सुपा १३) । °**मुह** न [°**मुख**] प्रभात, प्रातः-काल ; (पाअ) । °**यर** देखो °**कर** ; (गउड ; भवि) । °**रयणिकरी** स्त्री [°**रजनिकरी**] विद्या-विशेष ; (पउम ७, १३८) । °**वइ** पुं [°**पति**] सूर्य, रवि ; (पि ३७६) ।
दिणिंद पुं [**दिनेन्द्र**] सूर्य, रवि ; (सुपा २४०) ।
दिणेस पुं [**दिनेश**] १ सूर्य, सूरज ; (कप्पू) । २ बारह की संख्या ; (विवे १४४) ।
दिण्ण वि [**दत्त**] १ दिया हुआ, वितीर्ण ; (हे १, ४६ ; प्राप्र; स्वप्न ; प्रासू १६४) । २ निवेशित, स्थापित ; (पण्ह १, १) । ३ पुं. भगवान् पार्श्वनाथ के प्रथम गण-

घर ; (सम १५२)। ४ भगवान् श्रेयांसनाथ का पूर्व-जन्मीय नाम ; (सम १५१)। ५ भगवान् चन्द्रप्रभ का प्रथम गणधर ; (सम १५२)। ६ भगवान् नमिनाथ को प्रथम भिक्षा देने वाला एक गृहस्थ ; (सम १५१)। देखो **दिन्न**।

देण्ण देखो **दइन्न** ; (राज)।

देण्णेल्लय वि [**दत्त**] दिया हुआ; (ओघ २२ भा टी)।

देत्त वि [**दीप्त**] १ ज्वलित, प्रकाशित ; (सम १५३ ; अजि १४; लहुअ ११)। २ कान्ति-युक्त, भास्वर, तेजस्वी; (पउम ६४, ३५ ; सम १२२)। ३ तीक्ष्णीभूत, निशित; (सम १५३ ; लहुअ ११)। ४ उज्ज्वल, चमकीला ; (णांदि)। ५ पुष्ट, परिवृद्ध ; (उत्त ३४)। ६ प्रसिद्ध ; (भग २६, ३)। ७ मारने वाला ; (ओघ ३०२)। °**चित्त** वि [°**चित्त**] हर्ष के अतिरेक से जिसको चित्त-भ्रम हो गया हो वह; (वृह ३)।

देत्त वि [**द्दप्त**] १ गर्वित, गर्व-युक्त ; (औप)। २ मारने वाला; ३ हानि-कारक ; (ओघ ३०२)। °**इत्त** वि [°**चित्त**] १ जिसके मन में गर्व हो वह ; २ हर्ष के अतिरेक से जो पागल हो गया हो वह ; (ठा ५, ३—पत्र ३२७)।

देत्ति स्त्री [**दीप्ति**] कान्ति, तेज, प्रकाश ; (पात्र ; सुर ३, ३२ ; १०, ४६ ; सुपा ३७८)। °**म** वि [°**मत्**] कान्ति-युक्त ; (गच्छ १)।

दिदिक्खा } स्त्री [**दिदृक्षा**] देखने की इच्छा ; (राज; **दिदिच्छा** } सुपा २६४)।

दिद्ध वि [**दिग्ध**] लिप्त ; (निचू १)।

दिन्न देखो **दिण्ण** ; (महा ; प्रासू ५७)। ७ श्री गौतम-स्वामी के पास पाँच सौ तापसों के साथ जैन दीक्षा लेने वाला एक तापस ; (उप १४२ टी; कुप्र २६३)। ८ एक जैन आचार्य; (कप्प)।

दिन्नय पुं [**दत्तक**] गोद लिया हुआ पुत्र ; (ठा १०—पत्र ५१६)।

दिप्प अक [**दीप्**] १ चमकना। २ तेज होना। ३ जलना। दिप्पइ ; (हे १, २२३)। वकृ—**दिप्पंत, दिप्पमाण** ; (से ४; ८ ; सुर १४, ५६ ; महा ; पण्ह १, ४; सुपा २४०), "दिप्पमाणे तवतेएण" (स ६७५)।

दिप्प अक [**तृप्**] तृप्त होना, सन्तुष्ट होना। दिप्पइ; (षड्)।

दिप्प वि [**दीप्र**] चमकने वाला, तेजस्वी ; (से १, ६१)।

दिप्प (अप) पुं [**दीप**] १ दीपक। २ छन्द-विशेष ; (पिंग)।

दिप्पंत पुं [**दे**] अनर्थ ; (दे ५, ३६)।

दिप्पंत } देखो **दिप्प**=दीप्।
दिप्पमाण }

दिप्पिर देखो **दिप्प**=दीप्र; (कुमा)।

दिरय पुं [**द्विरद**] हस्ती, हाथी ; (हे १, ६४)।

दिलंदिलिअ [**दे**] देखो **दिल्लिंदिलिअ** ; (गा ७४१)।

दिलिदिल अक [**दिलदिलाय्**] 'दिल् दल्' आवाज करना। वकृ—**दिलिदिलंत** ; (पउम १०२, २१)।

दिलिवेढय पुं [**दिलिवेष्टक**] एक प्रकार का ग्राह, जल-जन्तु की एक जाति ; (पण्ह १, १)।

दिल्लिंदिलिअ पुं [**दे**] बालक, शिशु, लड़का ; (दे ५, ४०)। स्त्री—°**आ** ; बाला, लड़की ; (गा ७४१)।

दिव उभ [**दिव्**] १ क्रीड़ा करना। २ जीतने की इच्छा करना। ३ लेन-देन करना। ४ चाहना, वांछना। ५ आज्ञा करना। दिवइ, दिवए ; (षड्)।

दिव न [**दिव्**] स्वर्ग, देव-लोक ; (कुप्र ४३६; भवि)।

दिवड्ढ वि [**द्व्यपार्ध**] डेढ़, एक और आधा ; (विसे ६६३ ; स ५५ ; सुर १०, २०८ ; सुपा ५८० ; भवि ; सम ६६ ; सुज्ज १ ; १० ; ठा ६)।

दिवस } देखो **दिअस** ; (हे १, २६३ ; उव ; प्रासू १२ ;
दिवह } सुपा ३०७ ; वेणी ४७)। °**पुहुत्त** न [°**पृथक्त्व**] दो से लेकर नव दिन तक का समय ; (भग)।

दिवा देखो **दिआ** ; (णाया १, ४ ; प्रासू ६०)। °**इत्ति** पुं [°**कीर्त्ति**] चाण्डाल, भंगी ; (दे ५, ४१)। °**कर** पुं [°**कर**] सूर्य, सूरज; (उत्त ११)। °**कित्ति** पुं [°**कीर्ति**]नापित, हजाम; (कुप्र२८८)। °**गर** देखो °**कर**; (णाया १, १; कुप्र ४१५)। °**मुह** न [°**मुख**] प्रभात; (गउड)। °**यर** देखो °**कर**; (सुपा ३६; ३१४)। °**यरत्थ** न [°**करास्त्र**] प्रकाश-कारक अस्त्र-विशेष ; (पउम ६१, ४४)।

दिवि देखो **देव**। "दिविणावि काणपुरिसेणव्व एसा दासी अहं च विप्पवरो एगया दिट्ठीए दिस्सामो" (रंभा)।

दिविअ पुं [**द्विविद**] वानर-विशेष ; (से ४, ८; १३,८२)।

दिविज वि [**दिविज**] १ स्वर्ग में उत्पन्न ; २ पुं. देव, देवता ; (अजि ७)।

दिविट्ठ देखो **दुविट्ठ** ; (राज)।

दिवे (अप) देखो **दिवा** ; (हे ४, ४१६ ; कुमा)।

दिव्व वि [**दिव्य**] १ स्वर्ग-संबन्धी, स्वर्गीय ; (स २ ; ठा ३, ३)। २ उत्तम, सुन्दर, मनोहर ; (पउम ८, २६१ ; सुर २, २४२ ; प्रासू १२८)। ३ प्रधान, मुख्य ; (औप)। ४ देव-सम्बन्धी ; (ठा ४, ४ ; सूअ १, ३, २)। ५ न. शपथ-विशेष, आरोप की शुद्धि के लिए किया जाता अग्नि-प्रवेश आदि; (उप ८०४)। ६ प्राचीन काल में, अपुत्रक राजा की मृत्यु हो जाने पर जिस चमत्कार-जनक घटना से राज-गद्दी के लिए किसी मनुष्य का निर्वाचन होता था वह हस्ति-गर्जन, अश्व-हेषा आदि अलौकिक प्रमाण; (उप १०३१ टी)। °**माणुस** न [°**मानुष**] देव और मनुष्य संबन्धी हकीकतों का जिसमें वर्णन हो ऐसी कथा-वस्तु ; (स २)।

दिव्व देखो **दइव** ; (सुपा १६१)।

दिव्व देखो **देव**; "अमोहं दिव्वदंसणंति" (कुप्र ११२)।

दिव्वाग पुं [**दिव्याक**] सर्प की एक जाति ; (पण्ण १)।

दिव्वासा स्त्री [**दे**] चामुण्डा, देवी-विशेष ; (दे ५, ३६)।

दिस सक [**दिश्**] १ कहना। २ प्रतिपादन करना। दिसइ ; (भवि)। कृ—**दिस्समाण** ; (राज)।

दिस वि [**दिश्य**] दिशा में उत्पन्न; (से ६, ५०)।

दिसआ स्त्री [**दृषद्**] पत्थर, पाषाण ; (षड्)।

दिसा } स्त्री [**दिश्**] १ दिशा, पूर्व आदि दश दिशाएँ ;
दिसि } (गउड ; प्रासू ११३ ; महा ; सुपा २६७ ;
दिसी } पण्ह १, ४ ; दं ३१ ; भग ७)। २ प्रौढ़ा स्त्री ; (से १, १६)। °**अक्क** न [°**चक्र**] दिशाओं का समूह; (गा ५३०)। °**कुमरी** स्त्री [°**कुमारी**] देवी-विशेष ; (सुपा ४०)। °**कुमार** पुं [°**कुमार**] भवनपति देवों की एक जाति ; (पण्ण २ ; औप)। °**कुमारी** देखो °**कुमरी**; (महा ; सुपा ४१)। °**गअ** पुं [°**गज**] दिग्-हस्ती ; (से २, ३ ; १०, ४६)। °**गइंद** पुं [°**गजेन्द्र**] दिग्-हस्ती ; (पि १३६)। °**चक्क** देखो °**अक्क** ; (सुपा ५२३; महा)। °**चक्कवाल** न [°**चक्रवाल**] १ दिशाओं का समूह ; २ तप-विशेष ; (निर १, ३)। °**चर** पुं [°**चर**] देशाटन करने वाला भक्त ; (भग १५)। °**जत्ता** देखो °**यत्ता** ; (उप ७६८ टी)। °**जत्तिय** देखो °**यत्तिय** ; (उवा)। °**डाह** पुं [°**दाह**] दिशाओं में होने वाला एक तरह का प्रकाश, जिसमें नीचे अन्धकार और ऊपर प्रकाश दीखता है; यह भावी उपद्रवों का सूचक है ; (भग ३, ७)। °**णुवाय** पुं [°**अनुपात**] दिशा का अनुसरण; (पण्ण ३)। °**दंति** पुं [°**दन्तिन्**] दिग्-हस्ती ; (सुपा ४८)। °**दाह** देखो °**डाह** ; (भग ३, ७)। °**दि** पुं [°**आदि**] मेरु पर्वत; (सुज्ज ५)। °**देवया** स्त्री [°**देवता**] दिशा की अधिष्ठात्री देवी; (रंभा)। °**पोक्खि** पुं [°**प्रोक्षिन्**] एक प्रकार का वानप्रस्थ ; (औप)। °**भाअ** पुं [°**भाग**] दिग्-भाग ; (भग; औप ; कप्पू ; विपा १, १)। °**मत्त** न [°**मात्र**] अत्यल्प, संक्षिप्त ; (उप ४७६)। °**मोह** पुं [°**मोह**] दिशा का भ्रम ; (निचू १६)। °**यत्ता** स्त्री [°**यात्रा**] देशाटन, मुसाफिरी ; (स १६५)। °**यत्तिय** वि [°**यात्रिक**] दिशाओं में फिरने वाला ; (उवा)। °**लोय** पुं [°**आलोक**] दिशा का प्रकाश ; (विपा १, ६)। °**वह** पुं [°**पथ**] दिशा-रूप मार्ग ; (पउम २, १००)। °**वाल** पुं [°**पाल**] दिक्पाल, दिशा का अधिपति ; (स ३६६)। °**वेरमण** न [°**विरमण**] जैन गृहस्थ को पालने का एक नियम—दिशा में जाने आने का परिमाण करना ; (धर्म्म २)। °**व्वय** न [°**व्रत**] देखो °**वेरमण**; (औप)। °**सोत्थिय** पुं [°**स्वस्तिक**] स्वस्तिक-विशेष ; (औप)। °**सोवत्थिय** पुं [°**सौवस्तिक**] १ स्वस्तिक-विशेष दक्षिणावर्त स्वस्तिक ; (पण्ह १, ४)। २ न. एक देव-विमान ; (सम ३८)। ३ रुचक पर्वत का एक शिखर; (ठा ८)। °**हत्थि** पुं [°**हस्तिन्**] दिग्गज, दिशाओं में स्थित ऐरवत आदि आठ हस्ती। °**हत्थिकूड** पुंन [°**हस्तिकूट**] दिशा में स्थित हस्ती के आकार वाला शिखर-विशेष, वे आठ हैं—पद्मोत्तर, नीलवन्त, सुहस्ती, अञ्जनगिरि, कुमुद, पलाश, अवतंस और रोचनगिरि ; (जं ४)।

दिसेभ पुं [**दिगिभ**] दिग्गज, दिग्-हस्ती; (गउड)।

दिस्स }
दिस्सं } देखो **दक्ख**=दृश् ।
दिस्समाण }

दिस्समाण देखो **दिस** ।

दिस्सा देखो **दक्ख**=दृश् ।

दिहा अ [**द्विधा**] दो प्रकार ; (हे १, ६७)।

दिहि स्त्री [**धृति**] धैर्य, धीरज ; (हे २, १३१ ; कुमा)। °**म** वि [°**मत्**] धैर्य-शाली, धीर ; (कुमा)।

दीअ देखो **दीव**=दीप ; (गा १३५ ; ५४७)।

दीअअ देखो **दीवय** ; (गा १३५)।

दीअमाण देखो **दा**=दा ।

दीण वि [**दीन**] १ रंक, गरीब ; (प्रासू २३)। २ दुःखित, दुःस्थ ; (णाया १, १)। ३ हीन, न्यून ;

(ठा ४, २)। ४ शोक-ग्रस्त, शोकातुर; (विपा १, २; भग)।

दीणार पुं [**दीनार**] सोने का एक सिक्का ; (कप्प; उप पृ ६४ ; ५६७ टी)।

दीपक } (अप) पुंन [**दीपक**] छन्द-विशेष ; **दीपक्क** } (पिंग)।

दीव देखो **दिव**=दिव्। वकृ—"अक्खेहिं कुसुलेहिं **दीवयं** ; (सुअ १, २, २,२३)।

दीव सक [**दीपय्**] १ दीपाना, शोभाना। २ जलाना। ३ तेज करना। ४ प्रकट करना। ५ निवेदन करना। दीवइ ; (ओघ ४३४)। दीवेइ ; (महा)। वकृ—**दीवयंत** ; (कप्प)। संकृ—**दीवेत्ता** ; (ओघ ४३४ ; कस)। कृ—**दीवणिज्ज** ; (कप्प)।

दीव पुं [**दीप**] १ प्रदीप, दिया, आलोक ; (चारु १६ ; णाया १, १)। २ कल्पवृक्ष की एक जाति, प्रदीप का कार्य करने वाला कल्पवृक्ष ; (सम१७)। °**चंपय** न [°**चम्पक**] दिया का ढकना, दीप-पिधान; (भग ८, ६)। °**ाली** स्त्री [°**ाली**] १ दीप-पङ्क्ति ; २ दीवाली, पर्व-विशेष, कार्तिक वदि अमास ; (दे ३, ४३)। °**ावली** स्त्री [°**ावली**] पूर्वोक्त ही अर्थ ; (ती १६)।

दीव पुं [**द्वीप**] १ जिसके चारों ओर जल भरा हो ऐसा भूमि-भाग ; (सम ५१ ; ठा१०)। २ भवनपति देवों की एक जाति, द्वीपकुमार देव ; (पण्ह १, ४ ; औप)। ३ व्याघ्र ; (जीव१)। °**कुमार** पुं [°**कुमार**] एक देव-जाति ; (भग १६, १३)। °**ण्णु** वि [°**ज्ञ**] द्वीप के मार्ग का जानकार ; (उप ५६५)। °**सागरपन्नत्ति** स्त्री [°**सागरप्रज्ञप्ति**] जैन-ग्रन्थ-विशेष, जिसमें द्वीपों और समुद्रों का वर्णन है ; (ठा ३, २—पत्र १२६)।

दीवअ पुं [**दे**] कृकलास, गिरगिट ; (दे ५, ४१)।

दीवअ पुं [**दीपक**] १ प्रदीप, दिया, आलोक ; (गा२२२ ; महा)। २ वि. दीपक, प्रकाशक, शोभा-कारक ; (कुमा)। ३ न. छन्द-विशेष ; (अजि २६)।

दीवंग पुं [**दीपाङ्ग**] प्रदीप का काम देने वाले कल्पवृक्ष की एक जाति ; (ठा १०)।

दीवग देखो **दीवअ**=दीपक ; (श्रा ६ ; आवम)।

दीवड पुं [**दे**] जल-जन्तु विशेष; "फुरंतसिप्पिसंपुडं भमंत-भीमदीवडं" (सुर १०, १८८)।

दीवण न [**दीपन**] प्रकाशन ; (ओघ ७४)।

दीवणा स्त्री [**दीपना**] प्रकाश ; "थुओ संतगुणदीवणाहिं" (स ६७५)।

दीवणिज्ज वि [**दीपनीय**] १ जठराग्नि को बढ़ाने वाला ; (णाया १, १—पत्र१६)। २ शोभायमान, देदीप्यमान ; (पणण १७)।

दीवयं देखो **दीव**=दिव्।

दीवयंत देखो **दीव**=दीपय्।

दीवायण पुं [**द्वीपायन, द्वैपायन**] एक प्राचीन ऋषि, जिसने द्वारका नगरी जलाने का निदान किया था, और जो आगामी उत्सर्पिणी काल में भरत-क्षेत्र में एक तीर्थंकर होगा; (अंत १५ ; सम १५४; कुप्र ६३)।

दीवि } पुं [**द्वीपिन्**] व्याघ्र की एक जाति, चिता ; (गा **दीविअ** } ७६१ ; णाया १, १—पत्र६५ ; पण्ह १, १)।

दीविअ वि [**दीपित**] १ जलाया हुआ; (पउम २२, १७)। २ प्रकाशित ; (ओघ)।

दीविअंग पुं [**दीपिकाङ्ग**] कल्प-वृक्ष की एक जाति जो अन्धकार को दूर करता है ; (पउम १०२, १२५)।

दीविआ स्त्री [**दे**] १ उपदेहिका, क्षुद्र कीट-विशेष ; २ व्याध की हरिणी, जो दूसर हरिणों के आकर्षण करने के लिए रखी जाती है ; (दे ५, ५३)। ३ व्याध-सम्बन्धी पिंजड़े में रखा हुआ तितिर पक्षी ; (णाया १, १७—पत्र २३२)।

दीविआ स्त्री [**दीपिका**] छोटा दिया, लघु प्रदीप; (जीव३)।

दीविच्चग वि [**द्वैप्य**] द्वीप में उत्पन्न ; (णाया १, ११—पत्र १७१)।

दीवी (अप) देखो **देवी** ; (रंभा)।

दीवी स्त्री [**दीपिका**] लघु प्रदीप ; "दीवि व्व तीइ बुद्धी" (श्रा १६)।

दीवूसव पुं [**दीपोत्सव**] कार्तिक वदि अमावस, दीवाली ; (ती १६)।

दीसंत } देखो **दक्ख**=दृश्। **दीसमाण** }

दीह वि [**दीर्घ**] १ आयत, लम्बा ; (ठा ४, २ ; प्राप्र ; कुमा)। २ पुं. दो मात्रा वाला स्वर-वर्ण ; (पिंग)। ३ कोशल देश का एक राजा; (उप पृ ५८)। °**कालिगी** स्त्री [°**कालिकी**] संज्ञा-विशेष, बुद्धि-विशेष, जिससे सुदीर्घ भूतकाल की बातों का स्मरण और सुदीर्घ भविष्य का विचार किया जा सकता है ; (दं ३२; विसे ५०८)। °**कालिय** वि [°**कालिक**] १ दीर्घ काल से उत्पन्न, चिरंतन ; "दीहका-

लिएणं रोगातंकेणं" (ठा ३, १)। २ दीर्घकाल-संबन्धी ; (आवम)। °जत्ता स्त्री [°यात्रा] १ लंबी सफर; २ मरण, मौत; (स ७२६)। °डक्क वि [°दष्ट] जिसको साँप ने काटा हो वह; (निचू १)। °णिद्दा स्त्री [°निद्रा] मरण, मौत ; (राज)। °दंत पुं [°दन्त] १ भारतवर्ष के एक भावी चक्रवर्ती राजा ; (सम १५४)। २ एक जैन मुनि ; (अंत)। °दंसि वि [°दर्शिन्] दूरदर्शी, दूरन्देशी ; (सुर ३,३; सं ३२)। °दसा स्त्री.व. [°दशा] जैन ग्रन्थ-विशेष ; (ठा १०)। °दिट्ठि वि [°दृष्टि] १ दूरदर्शी, दूरन्देशी। २ स्त्री. दीर्घ-दर्शिता; (धर्म १)। °पट्ठ पुं [°पृष्ठ] १ सर्प, साँप; (उप पृ २२)। २ यवराज का एक मन्त्री; (बृह १)। °पास पुं [°पार्श्व] ऐरवत क्षेत्र के सोलहवें भावी जिन-देव; (पव ७)। °पेहि वि [°प्रेक्षिन्] दूर-दर्शी ; (पउम २६, २२ ; ३१, १०६)। °बाहु पुं [°बाहु] १ भरत-क्षेत्र में होने वाला तीसरा वासुदेव ; (सम १५४)। २ भगवान् चन्द्रप्रभ का पूर्व-जन्मीय नाम ; (सम १५१)। °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि ; (कप्प)। °मद्ध वि [°ाध्व] लम्बा रास्ता वाला ; (गाया १, १८; ठा २, १; ५, २—पत्र २४०)। °मद्ध वि [°ाद्ध] दीर्घ काल से गम्य; (ठा ५,२—पत्र २४०)। °माउ न [°ायुष्] लम्बा आयुष्य; (ठा १०)। °रत्त, °राय पुंन [°रात्र] १ लम्बी रात; २ बहु रात्रि वाला चिर-काल ; (संक्षि १७ ; राज)। °राय पुं [°राज] एक राजा; (महा)। °लोग पुं [°लोक] वनस्पति का जीव ; (आचा)। °लोगसत्थ न [°लोकशस्त्र] अग्नि, वह्नि ; (आचा)। °वेयड्ढ पुं [°वैताढ्य] स्वनाम-ख्यात पर्वत; (ठा २, ३—पत्र ६६)। °सुत्त न [°सूत्र] १ बड़ा सूता ; (निचू ५)। २ आलस्य, "मा कुणसु दीहसुत्तं परकज्जं सीयलं परिगणंतो" (पउम ३०,६)। °सेण पुं [°सेन] १ अनुत्तर-देवलोक-गामी मुनि-विशेष; (अनु २)।२ इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न ऐरवत क्षेत्र के आठवें जिन-देव ; (पव ७)। °ाउ, °ाउय वि [°ायुष्, °ायुष्क] लम्बी उम्र वाला, बड़ी आयु वाला, चिरं-जीवी ; (हे १, २०; ठा ३, १ ; पउम १४, ३०)। °ासण न [°ासन] शय्या ; (जं १)।

दीह देखो दिअह ; (कुमा)।

दीहंध वि [दिवसान्ध] दिन को देखने में असमर्थ; "रत्तिंधा दीहंधा " (प्रासू १७६)।

दीहजीह पुं [दे] शंख ; (दे ५, ४१)।

दीहर देखो दीह = दीर्घ ; (हे २, १७१ ; सुर २, २१८ ; प्रासू ११३)। °च्छ वि [°ाक्ष] लम्बी आँख वाला, बड़े नेत्र वाला ; (सुपा १४७)।

दीहरिय वि [दीर्घित] लम्बा किया हुआ ; (गउड)।

दीहिया स्त्री [दीर्घिका] वापी, जलाशय-विशेष ; (सुर १, ६३ ; कप्पू)।

दीहीकर सक [दीर्घी+कृ] लम्बा करना। दीहीकरेंति; (भग)।

दु देखो दव=द्रु। कर्म=दुयए ; (विसे २८)।

दु वि.व. [द्वि] दो, संख्या-विशेष वाला; (हे १, ६४; कम्म १ ; उवा)।

दु पुं [द्रु] १ वृक्ष, पेड़, गाछ ; (उर ५)। २ सत्ता, सामान्य ; (विसे २८)।

दु अ [द्विस्] दो वार, दो दफा; (सुर १६,५५)।

दु अ [दुर्] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ अभाव ; २ दुष्टता, खराबी; ३ मुश्किली, कठिनाई; ४ निन्दा; (हे २, २१७ ; प्रासू १५८ ; सुपा १४३ ; णाया १, १ ; उवा)।

दुअ न [द्विक] युग्म, युगल ; (स ६२१)।

दुअ वि [द्रुत] १ पीड़ित, हैरान किया हुआ ; (उप ३२० टी)। २ वेग-युक्त; ३ क्रिवि. शीघ्र, जल्दी; (सुर १०,१०१; अणु)। °विलंबिअ न [°विलम्बित] १ छन्द-विशेष। २ अभिनय-विशेष ; (राय)।

दुअक्खर पुं [दे] षण्ढ, नपुंसक ; (दे ५, ४७)।

दुअक्खर वि [द्व्यक्षर] १ अज्ञान, मूर्ख, अल्पज्ञ; (उप १२६ टी)। २ पुंस्त्री. दास, नौकर ; (पिंड)। स्त्री—°रिया; (आवम)।

दुअणुअ पुं [द्व्यणुक] दो परमाणुओं का स्कन्ध ; (विसे २१६२)।

दुअल्ल न [दुकूल] १ वस्त्र, कपड़ा ; २ महिन वस्त्र, सूक्ष्म वस्त्र ; (हे १, ११६; प्राप्र)। देखो दुकूल।

दुआइ पुं [द्विजाति] ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य ये तीन वर्ण ; (हे १, ६४ ; २, ७६)।

दुआइक्ख वि [दुराख्येय] दुःख से कहने योग्य, (ठा ५, १—पत्र २६६) ।

दुआर न [द्वार] दरवाजा, प्रवेश-मार्ग; (हे १,७६)।

दुआराह वि [दुराराध] जिसका आराधन कठिनाई से हो सके वह; (पण्ह १,४)।

दुआरिआ स्त्री [द्वारिका] १ छोटा द्वार ; २ गुप्त द्वार, अपद्वार ; (णाया १, २)।

दुआवत्त न [**द्व्यावर्त**] दृष्टिवाद का एक सूत्र ; (सम १४७)।

दुइअ } वि [**द्वितीय**] दूसरा; (हे १,१०१; २०६; कुमा;
दुइज्ज } (कप्पू ; रयण ४)।
दुईअ }

दुउंछ } सक [**जुगुप्स्**] निन्दा करना, घृणा करना।
दुउच्छ } दुउंछइ, दुउच्छइ ; (हे ४, ४)।

दुउण वि [**द्विगुण**] दूना, दुगुना ; (दे ५, ५५ ; हे १, ९४)। °**अर** वि [°**तर**] दूने से भी विशेष, अत्यन्त; (से ११, ४७)।

दुउणिअ वि [**द्विगुणित**] ऊपर देखो; (कुमा)।

दुऊल देखो **दुअल्ल**; (प्राप्र; गा ५६६ ; षड्)।

दुंदुह } पुं [**दुन्दुभ**] १ सर्प की एक जाति ;(दे ७, ५१)।
दुंदुभ } २ ज्योतिष्क-विशेष, एक महाग्रह ;(ठा २, ३---पत्र ७८)।

दुंदुभि देखो **दुंदुहि** ; (भग ६, ३३)।

दुंदुमिअ न [**दे**] गले की आवाज; (दे ५, ४५ ; षड्)।

दुंदुमिणी स्त्री [**दे**] रूप वाली स्त्री ; (दे ५, ४५)।

दुंदुहि पुंस्त्री [**दुन्दुभि**] वाद्य-विशेष; (कप्प; सुर ३,६८; गउड ; कुप्र ११८)।

दुंववती स्त्री [**दे**] सरित्, नदी; (दे ५, ४८)।

दुकड देखो **दुक्कड** ; (द्र ४७)।

दुकप्प देखो **दुक्कप्प** ; (पंचू)।

दुकम्म न [**दुष्कर्मन्**] पाप, निन्दित काज ; (श्रा २७ ; भवि)।

दुकिय देखो **दुक्कय** ; (भवि)।

दुकूल पुं [**दुकूल**] १ वृक्ष-विशेष ; २ वि. दुकूल वृक्ष की छाल से बना हुआ वस्त्र आदि ; (णाया १, १ टी---पत्र ४३)।

दुक्कंदिर वि [**दुष्क्रन्दिन्**] अत्यन्त आक्रन्द करने वाला; (भवि)।

दुक्कड न [**दुष्कृत**] पाप-कर्म, निन्द्य आचरण ; (सम १२५ ; हे १, २०६; पडि)।

दुक्कडि } वि [**दुष्कृतिन्**, °**क**] दुष्कृत करने वाला,
दुक्कडिय } पापी; (सूअ १, ५, १ ; पि २१९)।

दुक्कप्प पुं [**दुष्कल्प**] शिथिल साधु का आचरण , पतित साधु का आचार ; (पंचभा)।

दुक्कम्म न [**दुष्कर्मन्**] दुष्ट कर्म, असदाचरण ; (सुपा २८; १२० ; ५००)।

दुक्कय न [**दुष्कृत**] पाप-कर्म ; (पण्ह १, १ ; पि ४६)।

दुक्कर वि [**दुष्कर**] जो दुःख से किया जा सके, मुश्किल, कष्ट-साध्य ; (हे ४, ४१४; पंचा १३)। °**आरअ** वि [°**कारक**] मुश्किल कार्य को करने वाला ; (गा १७६; हे २, १०४)। °**करण** न [°**करण**] कठिन कार्य को करना ; (द्र ५७)। °**कारि** वि [°**कारिन्**] देखो °**आरअ** ; (उप पृ १६०)।

दुक्कर न [**दे**] माघ मास में रात्रि के चारों प्रहर में किया जाता स्नान; (दे ५, ४२)।

दुक्कह वि [**दे**] अरुचि वाला, अरोचकी ; (सुर १, ३६ ; जय २७)।

दुक्काल पुं [**दुष्काल**] अकाल, दुर्भिक्ष ; (सार्ध ३०)।

दुक्किय देखो **दुक्कय** ; (भवि)।

दुक्कुक्कणिआ स्त्री [**दे**] पीकदान, पीकदानी ; (दे ५, ४८)।

दुक्कुल न [**दुष्कुल**] निन्दित कुल ; (धर्म १)।

दुक्कुह वि [**दे**] १ असहन, असहिष्णु ; २ रुचि-रहित ; (दे ५, ४४)।

दुक्ख पुंन [**दुःख**] १ अ-सुख, कष्ट, पीड़ा, क्लेश, मन का क्षोभ ; (हे १, ३३), "दुक्खा सारीरा माणसा व संसारे" (संथा१०१; आचा ; भग; स्वप्न ५१ ; ५८; प्रासू ६६ ; १५२; १८२) । २ क्रिवि. कष्ट से, मुश्किली से, कठिनाई से; (वसु)। ३ वि.दुःख वाला, दुःखित, दुःख-युक्त; (वै ३३)। स्त्री---°**क्खा**; (भग)। °**कर** वि [°**कर**] दुःख-जनक ; (सुपा १६५)। °**त्त** वि [°**र्त**] दुःख से पीड़ित ; (सुपा १६१ ; स ६४२ ; प्रासू १४४)। °**त्तगवेसण** न [°**र्तगवेषण**] दुःख से पीड़ित की सेवा, आर्त-शुश्रूषा ; (पंचा १६)। °**मज्जिय** वि [**अर्जितदुःख**] जिसने दुःख उपार्जन किया हो वह; (उत्त ६)। °**राह** वि [°**राध्य**] दुःख से आराधन-योग्य; (वज्जा ११२)। °**वह** वि [°**वह**] दुःख-प्रद ; (पउम १५, १००)। °**सिया** स्त्री [°**सिका**] वेदना, पीड़ा ; (ठा ३, ४)। देखो **दुह**=दुःख।

दुक्ख न [दे] जघन, स्त्री के कमर के पीछे का भाग ; (दे ५, ४२)।

दुक्ख अक [दुःखाय्] १ दुखना, दर्द करना । २ सक. दुःखी करना । "सिरं मे दुक्खेइ" (स ३०४)। दुक्खामि ; (से ११, १२७)। दुक्खंति ; (सूअ २, २, ५५)।

दुक्खड देखो **दुक्कर** ; (चारु २३)।

दुक्खण न [दुःखन] दुखना, दर्द होना ; (उप ७५१; सूअ २, २, ५५)।

दुक्खम वि [दुःक्षम] १ असमर्थ ; २ अशक्य ; (उत्त २०, ३१)।

दुक्खर देखो **दुक्कर** ; (स्वप्न ६६)।

दुक्खरिय पुं [दुष्करिक] दास, नौकर ; (निचू १६)।

दुक्खरिया स्त्री [दुष्करिका] १ दासी, नौकरानी ; (निचू १६)। २ वेश्या, वरांगना ; (निचू १)।

दुक्खल्लिय (अप) वि [दुःखित] दुःख-युक्त; (भवि)।

दुक्खविअ वि [दुःखित] दुःखी किया हुआ ; (उप ६३४ ; भवि)।

दुक्खाव सक [दुःखय्] दुःख उपजाना, दुःखी करना। दुक्खावेइ ; (पि ५५६)। वकृ—**दुक्खावेंत** ; (पउम ५८, १८)। कवकृ—**दुक्खाविज्जंत** ; (आवम)।

दुक्खावणया स्त्री [दुःखना] दुःखी करना, दर्द उपजाना ; (भग ३, ३)।

दुक्खि वि [दुःखिन्] दुःखी, दुःख-युक्त ; (आचा)।

दुक्खिअ वि [दुःखित] दुःख-युक्त, दुखिया ; (हे २, ७२ ; प्राप्र ; प्रासू ६३ ; महा ; सुर ३, १६१)।

दुक्खुत्तर वि [दुःखोत्तार] जो दुःख से पार किया जाय, जिसको पार करने में कठिनाई हो ; (पण्ह १, १)।

दुक्खुत्तो अ [द्विस्] दो वार, दो दफा ; (ठा ५, २—पत्र ३०८)।

दुक्खुर देखो **दुखुर** ; (पि ४३६)।

दुक्खुल देखो **दुक्कुल**; (अवि २१)।

दुक्खोह पुं [दुःखौघ] दुःख-राशि ; (पउम १०३,१५५; सुपा १६१)।

दुक्खोह त्रि [दुःक्षोभ] कष्ट-क्षोभ्य, सुस्थिर ; (सुपा १६१; ६२६)।

दुखंड वि [द्विखण्ड] दो टुकड़े वाला ; (उप ६८६ टी; भवि)।

दुखुत्तो देखो **दुक्खुत्तो** ; (कप्प)।

दुखुर पुं [द्विखुर] दो खुरे वाला प्राणी, गौ, भैंस आदि ; (पराग १)।

दुग न [द्विक] दो, युग्म, युगल ; (नव १० ; सुर ३, १७ ; जी ३३)।

दुगंछ देखो **दुगुंछ**। वकृ—**दुगंछमाण** ; (उत्त ४, १३)। कृ—**दुगंछणिज्ज** ; (उत्त १३, १६ ; पि ७४)।

दुगंछणा स्त्री [जुगुप्सना] घृणा, निन्दा ; (पउम ६५, ६५)।

दुगंछा स्त्री [जुगुप्सा] घृणा, निन्दा ; (पाअ ; कुप्र ४०७)। देखो **दुगुंछा**।

दुगंध देखो **दुग्गंध** ; (पउम ४१, १७)।

दुगच्छ } सक [जुगुप्स्] घृणा करना, निन्दा करना।
दुगुंछ } दुगच्छइ, दुगुंछइ ; (षड् ; हे ४, ४)। वकृ—**दुगुंछंत, दुगुंछमाण** ; (कुमा ; पि ७४ ; २१५)। संकृ—**दुगुंछिउं**; (धर्म २)। कृ—**दुगुंछणीय** ; (पउम ४६, ६२)।

दुगुंछग वि [जुगुप्सक] घृणा करने वाला; (आव ४)।

दुगुंछण न [जुगुप्सन] घृणा, निन्दा ; (पि ७४)।

दुगुंछणा देखो **दुगंछणा** ; (आचा)।

दुगुंछा देखो **दुगंछा** ; (भग)। °**कम्म** न [°कर्मन्] देखो पीछे का अर्थ ; (ठा १०)। °**मोहणीय** न [°मोहनीय] कर्म-विशेष, जिसके उदय से जीव को अशुभ वस्तु पर घृणा होती है ; (कम्म १)।

दुगुंछिय वि [जुगुप्सित] घृणित, निन्दित; (ओघ ३०२)।

दुगुंदुग पुं [दौगुन्दुक] एक समृद्धि-शाली देव ; (सुपा ३२८)।

दुगुच्छ देखो **दुगुंछ**। दुगुच्छइ ; (हे ४, ४ ; षड्)। वकृ—**दुगुच्छंत** ; (पउम १०५, ७५)। कृ—**दुगुच्छणीय** ; (पउम ८०, २०)।

दुगुण देखो **दुउण** ; (ठा २, ४ ; गाया १, १ ; दं ६ ; सुर ३, २१६)।

दुगुण सक [द्विगुणय्] दुगुना करना। दुगुणेइ ; (कुप्र २८५)।

दुगुणिअ देखो **दुउणिअ** ; (कुमा)।

दुगुल्ल } देखो **दुअल्ल** ; (हे १, ११६ ; कुमा ; सुर २,
दुगूल } ८० ; जं २)।

दुगोत्ता स्त्री [द्विगोत्रा] वल्ली-विशेष ; (पराग १)।

दुग्ग न [दे] १ दुःख, कष्ट; (दे ५, ५३; षड् ; पण्ह १, ३)। २ कटी, कमर ; (दे ५, ५३)। ३ रण, संग्राम, युद्ध, "आडत्तं च ऐणिमं दुग्गं" (स ६३६)।

दुग्ग वि [दुर्ग] १ जहां दुःख से प्रवेश किया जा सके वह, दुर्गम स्थान ; (भग ७, ६ ; विपा १, ३)। २ जो दुःख से जाना जा सके ; (सुअ १, ५, १)। ३ पुंन. किला, गढ़, कोट ; (कुमा; सुपा १४८)। °**नायग** पुं [°नायक] किले का मालिक; (सुपा ४६०)।

दुग्गइ स्त्री [दुर्गति] १ कुगति, नरक आदि कुत्सित योनि ; (ठा ३, ३; ५, १; उत्त ७, १८; आचा) । २ विपत्ति, दुःख; ३ दुर्दशा, बुरी अवस्था; ४ कंगालियत, दरिद्रता; (पण्ह १, १ ; महा ; ठा ३, ४ ; गच्छ २)।

दुग्गंठि स्त्री [दुर्ग्रन्थि] दुष्ट ग्रन्थि ; (पि ३३३)।

दुग्गंध पुं [दुर्गन्ध] १ खराब गन्ध ; २ वि. खराब गन्ध वाला, दुर्गन्धि ; (ठा ८—पत्र ४१८; सुपा ४१ ; महा)।

दुग्गंधि वि [दुर्गन्धिन्] दुर्गन्ध वाला ; (सुपा ४८७)।

दुग्गम } **दुग्गम्म** } वि [दुर्गम] १ जहां दुःख से प्रवेश किया जा सके वह ; (पउम ४०, १३ ; ओघ ७५ भा)। "पडिवक्खनरिंददुग्गम्म" (सुर ६, १३५)। २ न. कठिनाई, मुश्किली ; (ठा ५, १)।

दुग्गय वि [दुर्गत] १ दरिद्र, धन-हीन ; (ठा ३, ३ ; गा १८)। २ दुःखी, विपति-ग्रस्त ; (पाअ ; ठा ४,१—पत्र २०२)।

दुग्गह वि [दुर्ग्रह] जिसका ग्रहण दुःख से हो सके वह ; (उप पृ ३६०)।

दुग्गा स्त्री [दुर्गा] १ पार्वती, गौरी, शिव-पत्नी ; (पाअ; सुपा १४८)। २ देवी-विशेष; (चंड)। ३ पक्षि-विशेष; (श्रा १६)।

दुग्गाई } **दुग्गाएवी** } **दुग्गादेई** } **दुग्गावी** } स्त्री [दुर्गादेवी] १ पार्वती, शिव-पत्नी, गौरी ; २ देवी-विशेष ; (षड् ; हे १,२७०; कुमा)। °**रमण** पुं [°रमण] महादेव, शिव ; (षड्)।

दुग्गिज्झ वि [दुर्ग्राह्य,दुर्ग्रह] जिसका ग्रहण दुःख से हो सके वह ; (सुपा २५५)।

दुग्गूढ वि [दुर्गूढ] अत्यन्त गुप्त, अति प्रच्छन्न ; (वव ७)।

दुग्गेज्झ देखो **दुग्गिज्झ** ; (से १, ३)।

दुग्घट्ट वि [दुर्घट्ट] जिसका आच्छादन दुःख से हो सके वह, "पारद्धसीउण्हतण्हवेअणदुग्घट्टघट्टिया" (पण्ह १,३—पत्र ५४)।

दुग्घड वि [दुर्घट] जो दुःख से हो सके वह, कष्ट-साध्य ; (सुपा ६३ ; ३६५)।

दुग्घडिअ वि [दुर्घटित] १ दुःख से संयुक्त। २ खराब रीति से बना हुआ; "दुग्घडिअमंचअस्स व खणे खणे पाअपडणेणं" (गा ६१०)।

दुग्घर न [दुर्गृह] दुष्ट घर ; (भवि)।

दुग्घास पुं [दुर्ग्रास] दुर्भिक्ष, अकाल ; (बृह ३)।

दुग्घुट्ट } **दुग्घोट्ट** } पुं [दे] हस्ती, हाथी, करी ; (दे ५, ४४ ; षड् ; भवि)।

दुघण पुं [द्रुघण] एक प्रकार का मुद्गर, मोंगरी, मुँगरा ; (पण्ह १, ३—पत्र ४४)।

दुचक्क न [द्विचक्र] गाड़ी, शकट ; (ओघ ३८३ भा)। °**वइ** पुं [°पति] गाड़ी का अधिपति ; (ओघ ३८३भा)।

दुचिण्ण देखो **दुच्चिण्ण** ; (पि ३४० ; औप)।

दुच्च न [दौत्य] दूत-कर्म, समाचार पहुँचाने का कार्य ; (पाअ)।

दुच्च देखो **दोच्च**=द्वितीय , द्विस् ; (कप्प)।

दुच्चंडिअ वि [दे] १ दुर्ललित ; २ दुर्विदग्ध, दुःशिक्षित ; (दे ५, ५५ ; पाअ)।

दुच्चंवाल वि [दे] १ कलह-निरत, झगड़ाखोर ; २ दुश्चरित, दुष्ट आचरण वाला ; ३ परुष-भाषी ; (दे ५,५४)।

दुच्चज्ज } **दुच्चय** } वि [दुस्त्यज] दुःख से त्यागने योग्य; (कुमा; उप ७६८ टी)।

दुच्चर } **दुच्चरिअ** } वि [दुश्चर] १ जिसमें दुःख से जाया जाय वह; (आचा)। २ दुःख से जो किया जाय वह ; (उप ६४८ टी ; पउम २२, २०)। °**लाढ** पुं [°लाढ] ऐसा ग्राम या देश जिसमें दुःख से जाया जा सके ; (आचा)।

दुच्चरिअ न [दुश्चरित] १ खराब आचरण, दुष्ट वर्तन ; (पउम ३८, १२ ; उप पृ १११)। २ वि. दुराचारी ; (दे ५, ४५)।

दुच्चार वि [दुश्चार] दुराचारी ; (भवि)।

दुच्चारि वि [दुश्चारिन्] दुराचारी, दुष्ट आचरण वाला; (स५०३)। स्त्री—°**णी** ; (महा)।

दुच्चिंतिय वि [दुश्चिन्तित] १ दुष्ट चिन्तित ; (पउम ११८, ६७)। २ न. खराब चिन्तन ; (पडि)।

दुच्चिगिच्छ वि [दुश्चिकित्स] जिसका प्रतीकार मुश्किली से हो वह ; (स ७६१)।

दुच्चिण्ण न [दुश्चीर्ण] १ दुष्ट आचरण, दुश्चरित ; २ दुष्ट कर्म—हिंसा आदि; ३ वि. दुष्ट संचित, एकत्रित की हुई दुष्ट वस्तु ; (विपा १, १ ; णाया १,१६) ।

दुच्चेट्ठिय न [दुश्चेष्टित] खराब चेष्टा; शारीरिक दुष्ट आचरण ; (पडि; सुर ६, २३२) ।

दुच्छक्क वि [द्विषट्क] बारह प्रकार का ;
"मूलं दारं पइट्ठाणं, आहारो भायणं निही।
दुच्छक्कस्सावि धम्मस्स, सम्मत्तं परिकित्तियं" (श्रा ६) ।

दुच्छेज्ज वि [दुश्छेद] जिसका छेदन दुःख से हो सके वह; (पउम ३१, ५६) ।

दुछक्क देखो **दुच्छक्क** ; (धर्म २) ।

दुजडि पुं [द्विजटिन्] ज्योतिष्क देव-विशेष, एक महाग्रह; (ठा २, ३) ।

दुजय देखो **दुज्जय** ; (महा) ।

दुजीह पुं [द्विजिह्व] १ सर्प, साँप ; २ दुर्जन, खल पुरुष ; (सट्ठि ६३ ; कुमा) ।

दुज्जंत देखो **दुज्जिंत** ; (राज) ।

दुज्जण पुं [दुर्जन] खल, दुष्ट मनुष्य; (प्रासू २० ; ४०; कुमा) ।

दुज्जय वि [दुर्जय] जो कष्ट से जीता जा सके ; (उप १०३१ टी ; सुर १२, १३८ ; सुपा २६) ।

दुज्जाय न [दे] व्यसन, कष्ट, दुःख, उपद्रव ; (दे ५, ४४ ; से १२, ६३ ; पाअ) ।

दुज्जाय वि [दुर्जात] दुःख से निकलने योग्य ; (से १२, ६३) ।

दुज्जाय न [दुर्यात] दुष्ट गमन, कुत्सित गति; (आचा) ।

दुज्जिंत पुं [दुर्यन्त] एक प्राचीन जैन मुनि ; (कप्प) ।

दुज्जीव न [दुर्जीव] आजीविका का भय; (विसे ३४५२)।

दुज्जीह देखो **दुजीह** ; (वज्जा १५०) ।

दुज्जेअ वि [दुर्जेय] दुःख से जीतने योग्य; (सुपा २४८; महा) ।

दुज्जोहण पुं [दुर्योधन] धृतराष्ट्र का ज्येष्ठ पुत्र ; (ठा ४, २) ।

दुज्झ वि [दोह्य] दोहने योग्य ; (दे १, ७) ।

दुज्झाण न [दुर्ध्यान] दुष्ट चिन्तन ; (धर्म २) ।

दुज्झाय वि [दुर्ध्यात] जिसके विषय में दुष्ट चिन्तन किया गया हो वह; (धर्म २) ।

दुज्झोसय वि [दुर्जोष] जिसकी सेवा कष्ट से हो सके ऐसा ; (आचा) ।

दुज्झोसय वि [दुःक्षप] जिसका नाश कष्ट-साध्य हो वह; (आचा) ।

दुज्झोसिअ वि [दुर्जोषित] दुःख से सेवित ; (आचा) ।

दुज्झोसिअ वि [दुःक्षपित] कष्ट से नाशित; (आचा) ।

दुट्ठ वि [दुष्ट] दोष-युक्त, दूषित; (ओघ १६२; पाअ; कुमा) । °प्प पुं [°ात्मन्] दुष्ट जीव, पापी प्राणी ; (पउम ६, १३६ ; ७५, १२) ।

दुट्ठ वि [दे. द्विष्ट] द्वेष-युक्त; (ओघ ७५७ ; कस) , "अरत्तदुट्ठस्स" (कुप्र ३७१) ।

दुट्ठाण न [दुःस्थान] दुष्ट जगह ; (भग १६, २) ।

दुट्ठु अ [दुष्ठु] खराब, अ-सुन्दर ; (उप ३२० टी ; निर १, १ ; सुपा ३१८; हे ४, ४०१) ।

दुण्णय देखो **दुन्नय** ; (विक ३७ ; आवम) ।

दुण्णाम न [दुर्नामन्] १ अपकीर्ति, अपयश । २ दुष्ट नाम, खराब आख्या । ३ एक प्रकार का गर्व ; (भग १२, ५) ।

दुण्णिअ वि [दून] पीड़ित, दुःखित ; (गा ११) ।

दुण्णिअ देखो **दुन्निय** ; (राज) ।

दुण्णिअत्थ न [दे] १ जघन पर स्थित वस्त्र ; २ जघन, स्त्री के कमर के नीचे का भाग ; (दे ५, ५३) ।

दुण्णिक्क वि [दे] दुश्चरित, दुराचारी; (दे ५, ४५) ।

दुण्णिक्कम वि [दुर्निष्क्रम] जहां से निकलना कष्ट-साध्य हो वह ; (भग ७, ६) ।

दुण्णिक्खित्त वि [दे] १ दुराचारी; २ कष्ट से जो देखा जा सके; (दे ५, ४५) ।

दुण्णिक्खेव वि [दुर्निक्षेप] दुःख से स्थापन करने योग्य ; (गा १५४) ।

दुण्णिबोह देखो **दुन्निबोह**; (राज) ।

दुण्णिमिअ वि [दुर्नियोजित] दुःख से जोड़ा हुआ ; (से १२, १६) ।

दुण्णिमित्त न [दुर्निमित्त] खराब शकुन, अपशकुन; (पउम ७०, ५) ।

दुण्णिविट्ठ वि [दुर्निविष्ट] दुराग्रही ; (निचू ११) ।

दुण्णिसीहिया स्त्री [दुर्निषद्या] कष्ट-जनक स्वाध्याय-स्थान; (पण्ह २, ५) ।

दुण्णेय वि [दुर्ज्ञेय) जिसका ज्ञान कष्ट-साध्य हो वह ; (उवर १२८ ; उप ३२८) ।

दुतितिक्ख वि [दुस्तितिक्ष] दुस्सह, जो दुःख से सहन किया जा सके वह ; (ठा ५, १)।

दुत्तर वि [दुस्तर] दुस्तरणीय, दुर्लंघ्य ; (सुपा ४७ ; ११५ ; सार्ध ६१)।

दुत्तडी स्त्री [दुस्तटी] खराब किनारा ; (धम्म१२टी)।

दुत्तव वि [दुस्तप] कष्ट से तपने योग्य, दुःख से करने योग्य (तप) ; (धर्मा १७)।

दुत्तार वि [दुस्तार] दुःख से पार करने योग्य, दुस्तर ; (से ३, २५ ; ६, १०)।

दुत्ति अ [दे] शीघ्र, जल्दी ; (दे५, ४१ ; पाअ)।

दुत्तिइक्ख } देखो **दुतितिक्ख** ; (आचा ; राज)।
दुत्तितिक्ख }

दुत्तुंड पुं [दुस्तुण्ड] दुर्मुख, दुर्जन ; (सुपा २७८)।

दुत्तोस वि [दुस्तोष] जिसको संतुष्ट करना कठिन हो वह ; (दस ५)।

दुत्थ न [दे] जघन, स्त्री की कमर के नीचे का भाग ; (दे ५, ४२)।

दुत्थ वि [दुःस्थ] दुर्गत, दुःस्थित ; (ठा ३, ३ ; भवि)।

दुत्थ न [दौःस्थ्य] दुर्गति, दुःस्थता ; (सुपा २४४)। "नहि विधुरसहावा हुंति दुत्थेवि धीरा" (कुप्र ५४)।

दुत्थिअ वि [दुःस्थित] १ दुर्गत, विपत्ति-ग्रस्त ; (रयण७५ ; भवि ; सण)। २ निर्धन, गरीब; (कुप्र १४६)।

दुत्थुरहुंड पुंस्त्री [दे] झगड़ाखोर, कलह-शील ; (दे ५, ४७)। स्त्री—°डा ; (दे ५, ४७)।

दुत्थोअ पुं [दे] दुर्भग, अभागा ; (दे ५, ४३)।

दुद्दंत वि [दुर्दान्त] उद्धत, दमन करने को अशक्य, दुर्दम ; "विसयपसत्ता दुद्दंतइंदिया देहिणो वहवे" (सुर ८, १३८ ; णाया १, ५ ; सुपा ३८० ; महा)।

दुद्दंस वि [दुर्दश] दुरालोक, जो कठिनाई से देखा जा सके ; (उत्तर १४१)।

दुद्दंसण वि [दुर्दर्शन] जिसका दर्शन दुर्लभ हो वह ; (गा ३०)।

दुद्दम वि [दुर्दम] १ दुर्जय, दुर्निवार ; (सुपा २४)। "दुद्दमकद्दमे" (श्रा १२)। २ पुं. राजा अश्वग्रीव का एक दूत ; (आक)।

दुद्दम पुं [दे] देवर, पति का छोटा भाई ; (दे ५, ४४)।

दुद्दिट्ठ वि [दुर्दृष्ट] १ बुरी तरह से देखा हुआ। २ वि. दुष्ट दर्शन वाला ; (पण्ह १, २—पत्र २६)।

दुद्दिण न [दुर्दिन] बादलों से व्याप्त दिवस ; (ओघ३६०)।

दुद्देय वि [दुर्देय] दुःख से देने योग्य ; (उप ६२४)

दुद्दोलना स्त्री [दे] गौ, गैया; (षड्)।

दुद्दोली स्त्री [दे] वृक्ष-पंक्ति ; (दे५, ४३ ; पाअ)।

दुद्ध न [दुग्ध] दूध, क्षीर ; (विपा १, ७)। °जाइ स्त्री [°जाति] मदिरा-विशेष, जिसका स्वाद दूध के जैसा होता है ; (जीव ३)। °समुद्द पुं [°समुद्र] क्षीर समुद्र, जिसका पानी दूध की तरह स्वादिष्ठ है ; (गा ३८८)।

दुद्धंस वि [दुर्ध्वंस] जिसका नाश मुश्किली से हो ; (सुर १, १२)।

दुद्धगंधिअमुह पुं [दे] बाल, शिशु, छोटा लड़का; (दे५, ४०)।

दुद्धगंधिअमुही स्त्री [दे] छोटी लड़की; (पाअ)।

दुद्धट्टी } स्त्री [दे] १ प्रसूति के बाद तीन दिन तक का गो-
दुद्धढी } दुग्ध ; (पभा ३२)। २ खट्टी छाछ से मिश्रित दूध ; (पव ४—गा २२८)।

दुद्धर वि [दुर्धर] १ दुर्वह, जिसका निर्वाह मुश्किली से हो सके वह ; (पण्ण १—पत्र ४ ; सुर१२, ५१)। २ गहन, विषम ; (ठा ६ ; भवि)। ३ दुर्जय ; (कुमा)। ४ पुं. रावण का एक सुभट ; (पउम ५६, ३०)।

दुद्धरिस वि [दुर्धर्ष] १ जिसका सामना कठिनता से हो सके, जीतने को अशक्य ; (पण्ह २, ५ ; कप्प)।

दुद्धवलेही स्त्री [दे] चावल का आटा डाल कर पकाया जाता दूध ; (पव ४—गाथा २२८)।

दुद्धसाडी स्त्री [दे] द्राक्षा मिला कर पकाया जाता दूध ; (पव ४—गाथा २२८)।

दुद्धिअ न [दे] कद्दू, लौकी; गुजराती में 'दूधी'; (पाअ)।

दुद्धिणिआ } स्त्री [दे] १ तैल आदि रखने का भाजन ;
दुद्धिणी } २ तुम्बी; (दे ५, ५४)।

दुद्धोअहि } पुं [दुग्धोदधि] समुद्र-विशेष, जिसका पानी
दुद्धोदहि } दूध की तरह स्वादिष्ठ है, क्षीर-समुद्र ; (गा ४७५; उप २११ टी)।

दुद्धोलणी स्त्री [दे] गो-विशेष, जिसको एक बार दोहने पर फिर भी दोहन किया जा सके ऐसी गाय; (दे ५, ४६)।

दुधा देखो **दुहा** ; (अभि १६१)।

दुनिमित्त देखो **दुण्णिमित्त** ; (श्रा २७)।

दुन्नय पुं [दुर्नय] १ दुष्ट नीति, कुनीति। २ अनेक धर्म वाली वस्तु में किसी एक ही धर्म को मान कर अन्य धर्म का प्रतिवाद करने वाला पक्ष (सम्म१५)। ३ वि. दुष्ट नीति;

दुप्पडिलेह वि [दुष्प्रतिलेख] जो ठीक २ न देखा जा सके वह; (पव ८४)।

दुप्पडिलेहण न [दुष्प्रतिलेखन] ठीक २ नहीं देखना ; (आव ४)।

वाला, अन्याय-कारी ; (उप ७६८ टी)। °**कारि** वि [°कारिन्] अन्याय करने वाला ; (सुपा ३४६)।

दुन्निग्गह वि [दुर्निग्रह] जिसका निग्रह दुःख से हो सके वह, अनिवार्य ; (उप पृ १४३)।

दुन्निबोह वि [दुर्निबोध] १ दुःख से जानने योग्य ; २ दुर्लभ ; (सूअ १, १५, २५)।

दुन्निमित्त देखो **दुण्णिमित्त**; (श्रा २७)।

दुन्निय न [दुर्नीत] दुष्ट कर्म, दुष्कृत; "बंधंति वेदंति य दुन्नियाणि" (सूअ १, ७, ४)।

दुन्नियत्थ वि [दे] विट का भेष वाला, निन्दनीय वेष को धारण करने वाला, केवल जघन पर ही वस्त्र-पहिना हुआ ; "लोए वि कुसंसग्गोपियं जणं दुन्नियत्थमइवसणं निंदइ" (उव)।

दुन्निरिक्ख वि [दुर्निरीक्ष] जा कठिनाई से देखा जा सके वह; (कप्प ; भवि)।

दुन्निवार वि [दुर्निवार] रोकने के लिए अशक्य, जिसका निवारण मुश्किली से हो सके वह ; (सुपा १२३ ; महा)।

दुन्निवारणीअ वि [दुर्निवारणीय, दुर्निवार] ऊपर देखो; (स ३४३ ; ७४१)।

दुन्निसण्ण वि [दुर्निषण्ण] खराब रीति से बैठा हुआ ; (ठा ५, २—पत्र ३१२)।

दुप देखो **दिअ**=द्विप ; (राज)

दुपएस वि [द्विप्रदेश] १ दो अवयव वाला ; २ पुं. द्व्यणुक ; (उत्त १)।

दुपएसिय वि [द्विप्रदेशिक] दो प्रदेश वाला ; (भग ५, ७)।

दुपक्ख पुं [दुष्पक्ष] दुष्ट पक्ष ; (सूअ १, ३, ३)।

दुपक्ख न [द्विपक्ष] १ दो पक्ष ; (सूअ १, २, ३)। २ वि. दो पक्ष वाला ; (सूअ १, १२, ५)।

दुपडिग्गह न [द्विप्रतिग्रह] दृष्टिवाद का एक सूत्र; (सम १५७)।

दुपडोआर वि [द्विपदावतार] दो स्थानों में जिसका समावेश हो सके वह ; (ठा २, १)।

दुपडोआर वि [द्विप्रत्यवतार] ऊपर देखो; (ठा २, १)।

दुपमज्जिय देखो **दुप्पमज्जिय** ; (सुपा ६२०)।

दुपय वि [द्विपद] १ दो पैर वाला; २ पुं. मनुष्य; (गाया १, ८; सुपा ४०६)। ३ न. गाड़ी, शकट; (ओघ २०५ भा)।

दुपय पुं [द्रुपद] कांपिल्यपुर का एक राजा; (गाया १,१६)।

दुपरिच्चय वि [दुष्परित्यज] दुस्त्यज, दुःख से छोड़ने योग्य ; (उप ७६८ टी ; रयण ३४)।

दुपरिच्चयणीय वि [दुष्परित्यजनीय, दुष्परित्यज] ऊपर देखो ; (काल)।

दुपस्स देखो **दुप्पस्स** ; (ठा ५, १—पत्र २६६)।

दुपुत्त पुं [दुष्पुत्र] कुपुत्र, कपूत ; (पउम २६, २३)।

दुपेच्छ वि [दुष्प्रेक्ष] दुर्दर्श, अदर्शनीय ; (भवि)।

दुप्पइ पुं [दुष्पति] दुष्ट स्वामी ; (भवि)।

दुप्पउत्त वि [दुष्प्रयुक्त] १ दुरुपयोग करने वाला; (ठा २, १—पत्र ३९)। २ जिसका दुरुपयोग किया गया हो वह ; (भग ३, १)।

दुप्पउलिय, **दुप्पउल्ल** वि [दुष्प्रज्वलित] ठीक २ नहीं पका हुआ, अधपका ; (उवा ; पंचा १)।

दुप्पओग पुं [दुष्प्रयोग] दुरुपयोग ; (दस ४)।

दुप्पओगि वि [दुष्प्रयोगिन्] दुरुपयोग करने वाला ; (पण्ह १, १—पत्र ७)।

दुप्पक्क वि [दुष्पक्व] देखो **दुप्पउल्ल**; (सुपा ४७२)।

दुप्पक्खाल वि [दुष्प्रक्षाल] जिसका प्रक्षालन कष्ट-साध्य हो वह ; (सुपा ६०८)।

दुप्पच्चुप्पेक्खिय वि [दुष्प्रत्युत्प्रेक्षित] ठीक २ नहीं देखा हुआ ; (पव ६)।

दुप्पजीवि वि [दुष्प्रजीविन्] दुःख से जीने वाला; (दसचू १)।

दुप्पडिक्कंत वि [दुष्प्रतिकान्त] जिसका प्रायश्चित्त ठीक २ न किया गया हो वह ; (विपा १, १)।

दुप्पडिगर वि [दुष्प्रतिकर] जिसका प्रतीकार दुःख से किया जा सके ; (बृह ३)।

दुप्पडिपूर वि [दुष्प्रतिपूर] पूरने के लिए अशक्य ;(तंदु)।

दुप्पडियाणंद वि [दुष्प्रत्यानन्द] १ जो किसी तरह संतुष्ट न किया जा सके; २ अति कष्ट से तोषणीय ; (विपा १, १—पत्र ११ ; ठा ४, ३)।

दुप्पडियार वि [दुष्प्रतिकार] जिसका प्रतीकार दुःख से हो सके वह; (ठा ३,१—पत्र ११७; ११९; स १८४; उव)।

दुप्पडिलेहिय वि [दुष्प्रतिलेखित] ठीक से नहीं देखा हुआ ; (सुपा ६१७) ।

दुप्पडिवूह वि [दुष्प्रतिवृंह] १ बढ़ाने को अशक्य ; २ पालने को अशक्य ; (आचा) ।

दुप्पडिवूहण वि [दुष्प्रतिवृंहण] ऊपर देखो; (आचा) ।

दुप्पणिहाण न [दुष्प्रणिधान] दुष्प्रयोग, अशुभ प्रयोग, दुरुपयोग; (ठा ३, १; सुपा ५४०) ।

दुप्पणिहिय वि [दुष्प्रणिहित] दुष्प्रयुक्त, जिसका दुरुपयोग किया गया हो वह ; (सुपा ५५८) ।

दुप्पणोहाण देखो **दुप्पणिहाण**; "कयसामइओवि दुप्पणी-हाणं" (सुपा ५५३) ।

दुप्पणोल्लिय वि [दुष्प्रणोद्य] दुस्त्यज; (सूअ १,३,१)।

दुप्पण्णवणिज्ज वि [दुष्प्रज्ञापनोय] कष्ट से प्रबोधनीय; (आचा २, ३, १) ।

दुप्पतर वि [दुष्प्रतर] दुस्तर ; (सूअ १, ५, १) ।

दुप्पधंस वि [दुष्प्रधर्ष] दुर्धर्ष, दुर्जय; (उत्त ६; पि ३०५)।

दुप्पमज्जण न [दुष्प्रमार्जन] ठीक २ सफा नही करना ; (धर्म ३) ।

दुप्पमज्जिय वि [दुष्प्रमार्जित] अच्छी तरह से सफा नहीं किया हुआ ; (सुपा ६१७) ।

दुप्पय देखो **दुपय**=द्विपद ; (सम ६०) ।

दुप्पयार वि [दुष्प्रचार] जिसका प्रचार दुष्ट माना जाता है वह, अन्याय-युक्त ; (कप्प) ।

दुप्परक्कंत वि [दुष्पराक्रान्त] बुरी तरह से आक्रान्त ; (आचा) ।

दुप्परिअल्ल वि [दे] १ अशक्य ; (दे ५, ५५ ; पाअ ; से ४, २६ ; ६, १८ ; गा १२२) । २ द्विगुण, दुगुना ; ३ अनभ्यस्त, अभ्यास-रहित ; (दे ५, ५५) ।

दुप्परिइअ वि [दुष्परिचित]अपरिचित ; (से१३, १३)।

दुप्परिच्चय देखो **दुपरिच्चय** ; (उत्त ८) ।

दुप्परिणाम वि [दुष्परिणाम] जिसका परिणाम खराब हो, दुर्विपाक ; (भवि) ।

दुप्परिमास वि [दुष्परिमर्ष] कष्ट-साध्य स्पर्श वाला ; (से ६, २४) ।

दुप्परियत्तण देखो **दुप्परिवत्तण** ; (तंदु) ।

दुप्परिल्ल वि [दे] दुराकर्ष; " आलिहिअ दुप्परिल्लंपि णेइ रणं धणुं वाहो" (गा १२२) ।

दुप्परिवत्तण वि [दुष्परिवर्तन] १ जिसका परिवर्तन दुःख से हो सके वह । २ न. दुःख से पीछे लौटना ; (तंदु) ।

दुप्पवंच पुं [दुष्प्रपञ्च] दुष्ट प्रपंच ; (भवि) ।

दुप्पवण पुं [दुष्पवन] दुष्ट वायु ; (भवि) ।

दुप्पवेस वि [दुष्प्रवेश] जहाँ कष्ट से प्रवेश हो सके वह ; (णाया १, १ ; पउम ४३, १२ ; स २५६ ; सुपा४५५) । °**तर** वि [°तर] प्रवेश करने को अशक्य ; (पण्ह१, ३—पत्र ४५) ।

दुप्पसह पुं [दुष्प्रसह] पंचम आरे के अन्त में होने वाला एक जैन आचार्य, एक भावी जैन सूरि ; (उप ८०६) ।

दुप्पस्स वि [दुर्दर्श] जो मुश्किली से दिखलाया जा सके वह ; (ठा ५, १ टी—पत्र २६६) ।

दुप्पहंस वि [दुष्प्रध्वंस्य] जिसका नाश कठिनाई से हो सके वह ; (णाया १, १८—पत्र २३६) ।

दुप्पहंस वि [दुष्प्रधृष्य] अजेय, दुर्जय ; (णाया१, १८) ।

दुप्पिउ पुं [दुष्पितृ] दुष्ट पिता ; (सुपा ३८७ ; भवि) ।

दुप्पिच्छ देखो **दुपेच्छ** ; (सुर २, ५ ; सुपा ६२) ।

दुप्पिय वि [दुष्प्रिय] अप्रिय । °**भासि** वि [°भाषिन्] अप्रिय-वक्ता ; (सुपा ३१४) ।

दुप्पुत्त देखो **दुपुत्त**; (पउम १०५, ७२; भवि; कुप्र ४०५)।

दुप्पूर वि [दुष्पूर] जो कठिनाई से पूरा किया जा सके ; (स १२३) ।

दुप्पेक्ख देखो **दुपेच्छ** ; (सण) ।

दुप्पेक्खणिज्ज वि [दुष्प्रेक्षणीय] कष्ट से दर्शनीय; (नाट—वेणी २५) ।

दुप्पेच्छ देखो **दुपेच्छ**; (महा) ।

दुप्पोल्लिय देखो **दुप्पउलिअ** ; (श्रा २०) ।

दुप्फरिस, **दुप्फास**, **दुफास** वि [दुःस्पर्श] जिसका स्पर्श खराब हो वह ; (पउम २६, ४६ ; १०१, ७१ ; ठा ८ ; भग) ।

दुफास वि [द्विस्पर्श] स्निग्ध और शीत आदि अविरुद्ध दो स्पर्शों से युक्त ; (भग) ।

दुब्बद्ध वि [दुर्बद्ध] खराब रीति से बँधा हुआ ; (आचा २, ६, ३) ।

दुब्बल वि [**दुर्वल**] निर्वल, बल-हीन; (विपा १, ७; सुपा ६०३ ; प्रासू २३)। °**पच्चयमित्त** पुंन [°**प्रत्ययमित्र**] दुर्वल को मदद करने वाला ; (ठा ६)।

दुब्बलिय वि [**दुर्वलिक**] दुर्वल, निर्वल ; (भग १२, २)। °**पूसमित्त** पुं [°**पुष्यमित्र**] स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैन आचार्य; (ठा ७ ; ती ७)।

दुब्बुद्धि वि [**दुर्वुद्धि**] १ दुष्ट बुद्धि वाला, खराब नियत वाला ; (उप ७२८ ; सुपा ४४ ; ३७६)। २ स्त्री. खराब बुद्धि, दुष्ट नियत ; (श्रा १४)।

दुब्बोल्ल पुं [**दे**] उपालम्भ, उलहना ; (दे ५, ४२)।

दुब्भ° देखो **दुह=दुह्**।

दुब्भग वि [**दुर्भग**] १ कमनसीब, अभागा ; २ अप्रिय, अनिष्ट ; (पण्ह १, २ ; प्रासू १४३)। °**णाम**, °**नाम** न [°**नामन्**] कर्म-विशेष, जिसके उदय से उपकार करने वाला भी लोगों को अप्रिय होता है ; (कम्म १ ; सम ६७)। °**करा** स्त्री [°**करा**] दुर्भग बनाने वाली विद्या-विशेष ; (सूत्र २, २)।

दुब्भरणि स्त्री [**दुर्भरणि**] दुःख से निर्वाह ; "होउ अजणणी तेसिं दुब्भरणी पडउ तदुदरस्सावि" (सुपा ३७०)।

दुब्भाव पुं [**दुर्भाव**] १ हेय पदार्थ ; (पउम ८६, ६६)। २ असद्-भाव, खराब असर; "पिसुणेण व जेण कओ दुब्भाओ" (सुर ३, १६)।

दुब्भाव पुं [**द्विभाव**] विभाग, जुदाई ; (सुर ३, १६)।

दुब्भासिय न [**दुर्भाषित**] खराब वचन ; (पउम ११८, ६७ ; पडि)।

दुब्भि पुंन [**दुरभि**] १ खराब गन्ध ; (सम ४१)। २ अशुभ, खराब, अ-सुन्दर ; (ठा १)। ३ वि. खराब गन्ध वाला, दुर्गन्धि ; (आचा)। °**गंध** [°**गन्ध**] पूर्वोक्त ही अर्थ ; (ठा १ ; आचा ; णाया १, १२)। °**सद्द** पुं [°**शब्द**] खराब शब्द ; (णाया १, १२)।

दुब्भिक्ख पुंन [**दुर्भिक्ष**] १ दुष्काल, अकाल, वृष्टि का अभाव; (सम ६०; सुपा ३५८);

"आसन्ने रणरंगे, मूढे खंते तहेव दुब्भिक्खे।
जस्स मुहं जोइज्जइ, सो पुरिसो महीयले विरलो" (रयण ३२)।

२ भिक्षा का अभाव; (ठा ५, २)। ३ वि. जहां पर भिक्षा न मिल सके वह देश आदि ; (ठा ३, १—पत्र ११८)।

दुब्भिज्ज देखो **दुब्भेज्ज** ; (पउम ८०, ६)।

दुब्भूइ स्त्री [**दुर्भूति**] अ-शिव, अ-मंगल; (बृह ३)।

दुब्भूय पुंन [**दुर्भूत**] १ नुकसान करने वाला जन्तु—टिड्डी वगैरः; (भग ३, २)। २ न. अशिव, अमंगल ; (जीव३)।

दुब्भेज्ज वि [**दुर्भेद्य**] तोड़ने को अशक्य ; (पि ८४; २८७ ; नाट—मृच्छ १३३)।

दुब्भेय वि [**दुर्भेद**] ऊपर देखो ; (राय)।

दुभग देखो **दुब्भग** ; (नव १५)।

दुभव न [**द्विभव**] वर्तमान और आगामी जन्म; "दुभवहिइ-सज्जो" (श्रा २७)।

दुभाय पुं [**द्विभाग**] आधा, अर्ध ; (भग ७, १)।

दुम सक [**धवलय्**] १ सफेद करना। २ चूना आदि से पोतना। दुमइ ; (हे ४, २४)। दुमसु ; (गा७४७)। वकृ—**दुमंत** ; (कुमा)।

धत्त वि [**दे**] १ निहित, स्थापित ; (आवम)। २ पुं. वनस्पति-विशेष ; (जीव १)।
धत्त वि [**धात्त**] निहित, स्थापित ; (राज)।
धत्तरट्ठग पुं [**धार्तराष्ट्रक**] हंस की एक जाति, जिसके मुँह और पाँव काले होते हैं ; (पण्ह १, १)।
धत्ती स्त्री [**धात्री**] १ धाई, उपमाता ; (स्वप्न १२२)। २ पृथिवी, भूमि ; ३ आमलकी-वृक्ष ; (हे २, ८१)। देखो **धाई**।
धत्तूर पुं [**धत्तूर**] १ वृक्ष-विशेष, धतूरा ; २ न. धतूरा का पुष्प ; (सुपा १२४)।
धत्तूरिअ वि [**धात्तूरिक**] जिसने धतूरा का नशा किया हो वह ; (सुपा १२४ ; १७६)।
धत्थ वि [**ध्वस्त**] ध्वंस-प्राप्त, नष्ट ; (हे २, ७६ ; सण)।
धन्न देखो **धण्ण**=धन्य ; (कुमा ; प्रासू ५३ ; ८४; १५५ ; उवा)।
धन्न न [**धान्य**] १ धान, अनाज, अन्न ; (उवा ; सुर १, ४६)। २ धान्य-विशेष; "कुलत्थ तह धन्नय कलाया" (पव १५६)। ३ धनिया ; (दसनि ६)। °**कीड** पुं [°**कीट**] नाज में होने वाला कीट, कीट-विशेष ; (जी १७)। °**णिहि** पुंस्त्री [°**निधि**] धान रखने का घर, कोष्ठागार ; (ठा ५, ३)। °**पत्थय** पुं [°**प्रस्थक**] धान का एक नाप ; (वव १)। °**पिडग** न [°**पिटक**] नाज का एक नाप ; (वव १)। °**पुंजिय** न [**पुञ्जित-धान्य**] इकट्ठा किया हुआ अनाज; (ठा ४, ४)। °**विक्खित्त** न [**विक्षिप्तधान्य**] विकीर्ण अनाज ; (ठा ४, ४)। °**विरल्लिय** न [**विरल्लितधान्य**] वायु से इकट्ठा हुआ अनाज; (ठा ४, ४)। °**संकड्ढिय** न [**संकर्षितधान्य**] खेत से काट कर खले में लाया गया धान्य ; (ठा ४, ४)। °**गार** न [°**गार**] कोष्ठागार, धान रखने का गृह ; (निचू ८)।
धन्ना स्त्री [**धान्य**] अन्न, अनाज ; "सालिजवाईयाओ धन्नाओ सव्वजाईओ" (उप ६८६ टी)।
धन्ना स्त्री [**धन्या**] एक स्त्री का नाम ; (उवा)।
धम सक [**ध्मा**] १ धमना, आग में तपाना। २ शब्द करना। ३ वायु पूरना। धमइ; (महा)। धमेइ ; (कुप्र १४६)। वकृ—**धमंत**; (निचू १)। कवकृ—**धम्ममाण**; (उवा; गाया १, ६)।
धमग वि [**ध्मायक**] धमने वाला ; (औप)।
धमण न [**ध्मान**] १ आग में तपाना ; (आचानि १, १, ७)। २ वायु-पूरण ; (पगइ १, १)। ३ वि. भस्त्रा, धमनी ; (राज)।
धमणि } स्त्री [**धमनि, नी**] १ भस्त्रा, धमनी ; २ नाड़ी,
धमणी } सिरा; (विपा १, १, उवा ; अंत २७)।
धमधम अक [**धमधमाय्**] धम् धम् आवाज करना। "धमधमइ सिरं धणियं जायइ सूलंपि मज्जए दिट्ठी" (सुपा ६०३)। वकृ—**धमधमंत, धमधमाअंत, धमधमेंत**; (सुपा ११४; नाट—मालती ११६; गाया १,८)।
धमास पुं [**धमास**] वृक्ष-विशेष ; (पण्ण १७)।
धमिअ वि [**ध्मात**] जसमें वायु भर दिया गया हो वह ; "धमिओ संखो" (कुप्र १४६)।
धम्म पुंन [**धर्म**] १ शुभ कर्म, कुशल-जनक अनुष्ठान, सदाचार; (ठा १; सम १;२; आचा; सुअ १,६, प्रासू ५२; ११४; सं ५७)। २ पुण्य, सुकृत; (सुर १,५४; आव ४)। ३ स्वभाव, प्रकृति; (निचू २०)। ४ गुण, पर्याय; (ठा २,१)। ५ एक अरूपी पदार्थ, जो जीव को गति-क्रिया में सहायता पहुँचाता है; (नव ५)। ६ वर्तमान अवसर्पिणी काल में उत्पन्न पनरहवें जिन-देव ; (सम ४३; पडि)। ७ एक वणिक् ; (उप ७२८ टी)। ८ स्थिति, मर्यादा; (आचू २)। ६ धनुष, कार्मक ; (सुर १, ५४ ; पाअ)। १० एक जैन मुनि ; (कप्प)। ११ 'सूत्रकृताङ्ग' सूत्र का एक अध्ययन; (सम ४२)। १२ आचार, रीति, व्यवहार ; (कप्प)। °**उत्त** पुं [°**पुत्र**] शिष्य; (प्रारू)। °**उर** न [°**पुर**] नगर-विशेष ; (दंस १)। °**कंखिअ** वि [°**काङ्क्षित**] धर्म की चाह वाला; (भग)। °**कहा** स्त्री [°**कथा**] धर्म-सम्बन्धी बात ; (भग ; सम १२० ; गाया २)। °**कहि** वि [°**कथिन्**] धर्म-कथा कहने वाला, धर्म का उपदेशक ; (ओघ ११५ भा ; श्रा ६)। °**कामय** वि [°**कामक**] धर्म की चाह वाला; (भग)। °**काय** पुं [°**काय**] धर्म का साधन-भूत शरीर ; (पंचा १८)। °**क्खाइ** वि [°**ख्यायिन्**] धर्म-प्रतिपादक; (औप)। °**क्खाइ** वि

[°ख्याति] धर्म से ख्याति वाला, धर्मात्मा; (औप)। °गुरु पुं [°गुरु] धर्म-दर्शक गुरु, धर्माचार्य ; (द्र १)। °गुत्त वि [°गुप्त] धर्म-रक्षक ; (षड्)। °घोस पुं [°घोष] कईएक जैन मुनि और आचार्यों का नाम ; (आचू १; ती ७; आव ४; भग ११, ११)। °चक्क न [°चक्र] जिनदेव का धर्म-प्रकाशक चक्र ; (पव ४०; सुपा ६२)। °चक्कवट्टि पुं [°चक्रवर्तिन्] जिन-देव ; (आचू १)। °चक्कि पुं [°चक्रिन्] जिन भगवान् ; (कुम्मा ३०)। °जणणी स्त्री [°जननी] धर्म की प्राप्ति कराने वाली स्त्री, धर्म-देशिका ; (पंचा १६)। °जस पुं [°यशस्] जैन मुनि-विशेष का नाम; (आव ४)। °जागरिया स्त्री [°जागर्या] १ धर्म-चिन्तन के लिए किया जाता जागरण; (भग १२, १)। २ जन्म से छठवें दिन में किया जाता एक उत्सव ; (कप्प)। °ज्झय पुं [°ध्वज] १ धर्म-द्योतक ध्वज, इन्द्र-ध्वज; (राय)। २ ऐरवत क्षेत्र के पांचवें भावी जिन-देव ; (सम १५४)। °ज्झाण न [°ध्यान] धर्म-चिन्तन, शुभ ध्यान-विशेष ; (सम ६)। °ज्झाणि वि [°ध्यानिन्] धर्म ध्यान से युक्त ; (आव ४)। °ट्ठि वि [°र्थिन्] धर्म का अभिलाषी ; (सूत्र १, २, २)। °णायग वि [°नायक] १ धर्म का नेता; (सम १; पडि)। °ण्णु वि [°ज्ञ] धर्म का ज्ञाता ; (दंस ४)। °तित्थयर पुं [°तीर्थंकर] जिन भगवान् ; (उत्त २३; पडि)। °त्थ न [°स्त्र] अस्त्र-विशेष, एक प्रकार का हथियार; (पउम ७१, ६३)। °त्थि देखो °ट्ठि ; (पंचव ४)। °त्थिकाय पुं [°स्तिकाय] गति-क्रिया में सहायता पहुँचाने वाला एक अरूपी पदार्थ; (भग)। °दय वि [°दय] धर्म की प्राप्ति कराने वाला, धर्म-देशक ; (भग)। °दार न [°द्वार] धर्म का उपाय ; (ठा ४,४)। °दार पुं.व. [°दार] धर्म-पत्नी; (कप्पू)। °दास पुं [°दास] भगवान् महावीर का एक शिष्य, और उपदेशमाला का कर्त्ता ; (उव)। °देव पुं [°देव] एक प्रसिद्ध जैन आचार्य ; (सार्ध ७८)। °देसग, °देसय वि [°देशक] धर्म का उपदेश करने वाला ; (राज ; भग ; पडि)। °धुरा स्त्री [°धुरा] धर्म रूप धुरा ; (णाया १, ८) °नायग देखो °णायग; (भग)। °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] १ धर्म की प्रतिज्ञा ; २ धर्म का साधन-भूत शरीर ; (ठा १)। °पण्णत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] धर्म की प्ररूपणा ; (उवा)। °पद्दिणी (शौ) स्त्री [°पत्नी] धर्म-पत्नी, स्त्री, भार्या (अभि २२२)। °पिवासय वि [°पिपासक] धर्म के लिए प्यासा ; (भग)। °पिवासिय वि [°पिपासित] धर्म की प्यास वाला; (तंदु)। °पुरिस पुं [°पुरुष] धर्म-प्रवर्तक पुरुष ; (ठा ३, १)। °पलज्जण वि [°प्ररञ्जन] धर्म में आसक्त ; (णाया १, १८)। °प्पवाइ वि [°प्रवादिन्] धर्मोपदेशक ; (आचानि १, ४, २)। °प्पह पुं [°प्रभ] एक जैन आचार्य ; (रयण ५८)। °प्पावाउय वि [°प्रावादुक] धर्म-प्रवाद, धर्मोपदेशक ; (आचानि १, १४, १)। °बुद्धि वि [°बुद्धि] धार्मिक, धर्म-मति ; २ पुं. एक राजा का नाम ; (उप ७२८ टी)। °मित्त पुं [°मित्र] भगवान् पद्म-प्रभ का पूर्वभवीय नाम ; (सम १५१)। °य वि [°द] धर्म-दाता, धर्म-देशक ; (सम १)। °रुइ स्त्री [°रुचि] १धर्म-प्रीति; (धर्म २)। २ वि. धर्म में रुचि वाला ; (ठा १०)। ३ पुं. एक जैन मुनि; (विपा १, १; उप ६४८ टी)।४ वाराणसी का एक राजा; (आवम)। °लाभ पुं [°लाभ] १ धर्म की प्राप्ति ; २ जैन साधु द्वारा दिया जाता आशीर्वाद ; (सुर ८, १०६)। °लाभिअ वि [°लाभित] जिसको 'धर्मलाभ' रूप आशीर्वाद दिया गया हो वह; (स ६६)। °लाह देखो °लाभ; (स ३६)। °लाहण न [°लाभन] धर्मलाभ-रूप आशीर्वाद देना; "कयं धम्मलाहणं" (स ४६६)। °लाहिअ देखो लाभिअ ; (स १४८)। °वंत वि [°वत्] धर्म वाला; (आचा)। °वय पुं [°व्यय] धर्मार्थ दान, धर्मादा; (सुपा ६१७)। °वि, °विउ वि [°वित्] धर्म का जानकार ; (आचा)। °विज्ज पुं [°वैद्य] धर्माचार्य ; (पंचव १)। °व्वय देखो °वय ; (सुपा ६१७)। °सद्धा स्त्री [°श्रद्धा] धर्म-विश्वास; (उत्त २६)। °सण्णा देखो °सन्ना; (भग ७, ६)। °सत्थ न [°शास्त्र] धर्म-प्रतिपादक शास्त्र ; (दंस ४)। °सन्ना स्त्री [°संज्ञा] १ धर्म-विश्वास ; २ धर्म-बुद्धि ; (पण्ह १, ३)। °सारहि पुं [°सारथि] धर्मरथ का प्रवर्तक, धर्म-देशक; (धण २७; पडि)। °साला स्त्री [°शाला] धर्म-स्थान; (कुप्र ३३)। °सील वि [°शील] धार्मिक, (सूत्र २, २)। °सीह पुं [°सिंह] १ भगवान् अभि-नन्दन का पूर्वभवीय नाम ; (सम १५१)। २ एक जैन मुनि ; (संथा ६६)। °सेण पुं [°सेन] एक बलदेव का पूर्वभवीय नाम; (सम १५३)। °इगर वि [°दिकर] धर्म का प्रथम प्रवर्तक; २ पुं. जिन-देव; (धर्म २)। °णुट्ठाण

न [°नुष्ठान] धर्म का आचरण; (धर्म १)। °णुण्ण वि [°नुज्ञ] धर्म का अनुमोदन करने वाला ; (सूअ २, २ ; णाया १, १८)। °णुय वि [°नुग] धर्म का अनुसरण करने वाला ; (औप) । °यरिय पुं [°चार्य] धर्म-दाता गुरु; (सम १२०) । °वाय पुं [°वाद] १ धर्म-चर्चा ; २ बारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ, दृष्टिवाद; (ठा १०)। °हिगरणिय पुं [°धिकरणिक न्यायाधीश, न्याय-कर्त्ता; (सुपा ११७) । °हिगारि वि [°धिकारिन्] धर्म-ग्रहण के योग्य; (धर्म १)।

धम्म वि [धर्म्य] धर्म-युक्त धर्म-संगत ; "जं पुण तुमं कहेसि तमेव धम्मं" (महानि ४ ; द्र ४१)।

धम्ममण पुं [दे] वृक्ष-विशेष ; (उप १०३१ टी ; पउम ४२, ६)।

धम्ममाण देखो **धम**।

धम्मय पुं [दे] १ चार अंगुल का हस्त-व्रण; २ चण्डी देवी का नर-बलि ; (दे ५, ६३)।

धम्मि वि [धर्मिन्] १ धर्म-युक्त, द्रव्य, पदार्थ । २ धार्मिक, धर्म-परायण ; (सुपा २९; ३३६ ; ५०९ ; वज्जा १०६)।

धम्मिअ, धम्मिग वि [धार्मिक] १ धर्म-तत्पर, धर्म-परायण; (गा १६७ ; उप ८९२ ; पण्ह २, ४)। २ धर्म-सम्बन्धी ; (उप २६४; पंचा ६) । ३ धार्मिक-संबन्धी ;(ठा ३, ४)।

धम्मिट्ठ वि [धर्मिष्ठ] अतिशय धार्मिक ; (औप ; सुपा १४०)।

धम्मिट्ठ वि [धर्मेष्ट] धर्म-प्रिय; (औप)।

धम्मिट्ठ वि [धर्मीष्ट] धार्मिक जन को प्रिय ; (औप) ।

धम्मिल्ल, धम्मेल्ल पुंन [धम्मिल्ल] १ संयत केश, बँधा हुआ केश; (प्राप्र ; षड्; संक्षि ३) । २ पुं. एक जैन मुनि ; (आव ६)।

धम्मीसर पुं [धर्मेश्वर] अतीत उत्सर्पिणी-काल में भरत-वर्ष में उत्पन्न एक जिन-देव ; (पव ७)।

धम्मुत्तर वि [धर्मोत्तर] १ गुणी, गुणों से श्रेष्ठ ; (आचू ५) । २ न. धर्म का प्राधान्य; "धम्मुत्तरं वड्ढउ" (पडि)।

धम्मोवएसग, धम्मोवएसय वि [धर्मोपदेशक] धर्म का उपदेश देने वाला; (णाया १,१६; सुपा १७२; धर्म२)।

धय सक [धे] पान करना, स्तन-पान करना। वकृ—**धयंत**; (सुर १०, ३७)।

धय पुंस्त्री [ध्वज] ध्वजा, पताका; (हे २, २७; णाया १, १६ ; पण्ह १, ४; गा ३४)। स्त्री —°या ; (पिंग)। °वड पुं [°पट] ध्वजा का वस्त्र ; (कुमा)।

धय पुं [दे] नर, पुरुष; (दे ५, ५७)।

धयण न [दे] गृह, घर ; (दे ५,५७)।

धयरट्ठ पुं [धृतराष्ट्र] हंस पक्षी; (पाअ)।

धर सक [धृ] १ धारण करना। २ पकड़ना। धरइ, धरेइ; (हे ४, २३४; ३३६) । कर्म—धरिज्जइ; (पि ५३७) । वकृ—**धरंत, धरमाण**; (सण; भवि; गा ७९१) । कवकृ—**धरंत, धरेंत, धरिज्जंत, धरिज्जमाण**; (से ११, १२७ ; १४, ८१; राज ; पण्ह १, ४ ; औप)। संकृ—**धरिउं**; (कुप्र ७)। कृ—**धरियव्व** ; (सुपा २७२)।

धर सक [धरय्] पृथिवी का पालन करना । वकृ—**धरंत**; (सुर २, १३०)।

धर न [दे] तूल, रूई ; (दे ५, ५७)।

धर पुं [धर] १ भगवान् पद्मप्रभ का पिता; (सम १५०)। २ मथुरा नगरी का एक राजा ; (णाया १, १६)। ३ पर्वत, पहाड़ ; (से ८, ६३ ; पाअ)।

°धर वि [°धर] धारण करने वाला ; (कप्प)।

धरग्ग पुं [दे] कपास ; (दे ५, ५८)।

धरण पुं [धरण] १ नाग-कुमार देवों का दक्षिण-दिशा का इन्द्र ; (ठा २, ३ ; औप) । २ यदुवंशीय राजा अन्धक-वृष्णि का एक पुत्र ; (अंत ३)। ३ श्रेष्ठि-विशेष ; (उप ७२८ टी ; सुपा ५५९)। ४ न. धारण करना ; (से ३, ३ ; सार्ध ६ ; वज्जा ४८)। ५ सोलह तोले का एक परिमाण ; (जो २)। ६ धरना देना, लङ्घन-पूर्वक उपवेशन ; (पव ३८)। ७ तोलने का साधन ; (जा २)। ८ वि. धारण करने वाला ; (कुमा)। °प्पभ पुं [°प्रभ] धरणेन्द्र का उत्पात-पर्वत ; (ठा १०)।

धरणा स्त्री [धरणा] देखो **धारणा**; (णंदि.)।

धरणि स्त्री [धरणि] १ भूमि, पृथिवी; (औप; कुमा)। २ भगवान् अरनाथ की शासन-देवी ; (संति १०)। ३ भग-वान् वासुपूज्य की प्रथम शिष्या ; (सम १५२ ; पव ९)। °खील पुं [°कील] मेरु पर्वत ; (सुज्ज ५)। °चर पुं [°चर] मनुष्य ; (पउम १०१, ४७)। °धर पुं [°धर] १ पर्वत, पहाड़ ; (अजि १७)। २ अयोध्या नगरी का एक सूर्य-वंशीय राजा ; (पउम ५, ५०)। °धरप्पवर पुं [°धरप्रवर] मेरु पर्वत ; (अजि १५)।

°धरवइ पुं [°धरपति] मेरु पर्वत ; (अजि १७)। °धरा स्त्री [°धरा] भगवान् विमलनाथ की प्रथम शिष्या ; (सम १५२)। °यल न [°तल] भूमि-तल, भू-तल ; (णाया १, २)। °वइ पुं [°पति] भू-पति, राजा ; (सुपा ३३४)। °वट्ठ न [°पृष्ठ] मही-पीठ, भूमि-तल; (महा)। °हर देखो °धर ; (से ६, ३६)।

धरणिंद पुं [**धरणेन्द्र**] नाग-कुमारों का दक्षिण-दिशा का इन्द्र ; (पउम ५, ३८)।

धरणी देखो **धरणि**; (प्रासू २३ ; पि ५३ ; से २, २४; कुप्र २२)।

धरा स्त्री [**धरा**] पृथिवी, भूमि ; (गउड ; सुपा २०१)। °धर, °हर पुं [°धर] पर्वत, पहाड ; (से६, ७६ ; ३८ ; स २६६ ; ७०३ ; उप ७६८ टी)।

धराविअ वि [**धारित**] पकड़ा हुआ ; (स २०६ ; सुपा ३२५ ; संक्षि ३४)। २ स्थापित; " धराविय मडयं " (कुप्र १४०)।

धरिअ वि [**धृत**] १ धारण किया हुआ; (गा१०१ ; सुपा १२२)। २ रोका हुआ ; (स २०६)।

धरिज्जंत } देखो **धर**=धृ।
धरिज्जमाण }

धरिणी स्त्री [**धरिणी**] पृथिवी, भूमि; (पाअ)।

धरिम न [**धरिम**] १ जो तराजू में तौल कर वेचा जाय वह; (श्रा १८ ; णाया १, ८)। २ ऋण, करजा; (णाया १, १)। ३ एक तरह का नाप, तौल; (जो २)।

धरियव्व देखो **धर**=धृ।

धरिस अक [**धृष्**]१ संहत होना, एकत्रित होना। २ प्रगल्भता करना, धीठाई करना। ३ मिलना, संबद्ध होना। ४ सक. हिंसा करना, मारना। ५ अमर्ष करना, सहन नहीं करना। धरिसइ; (राज)।

धरिसण न [**धर्षण**] १ परिभव, अभिभव; २ संहति, समूह; ३ अमर्ष, असहिष्णुता; ४ हिंसा ; ५ बन्धन, योजन; (निचू १ ; राज)। ६ प्रगल्भता, धृष्टता, धीठाई ; (औप)।

धरंत देखो **धर**=धृ।

धव पुं [**धव**] १ पति, स्वामी ; (णाया १, १ ; वव७)। २ वृक्ष-विशेष ; (पण्ण १ ; उप १०३१ टी ; औप)।

धवक्क अक [**दे**] धड़कना, भय से व्याकुल होना, धुकधुकाना। धवकइ ; (सण)।

धवक्किय वि [**दे**] धड़का हुआ, भयसे व्याकुल वना हुआ;(सण)।

धवण न [**धावन**] धौन, चावल आदि का धावन-जल ; (सूक्त ८६)।

धवल पुं [**दे**] स्व-जाति में उत्तम ; (दे ५, ५७)।

धवल वि [**धवल**] १ सफेद, श्वेत ; (पाअ ; सुपा २८५)। २ पुं. उत्तम वैल; (गा ६३८)। ३ पुंन. छन्द-विशेष; (पिंग)। °गिरि पुं [°गिरि] कैलास पर्वत ; (ती ४६)। °गेह न [°गेह] प्रासाद, महल ; (कुमा)। °चंद पुं [°चन्द्र] एक जैन मुनि ; (दं ४७)। °रव पुं [°रव] मंगल-गीत; (सुपा २६५)। °हर न [°गृह] प्रासाद, महल ; (श्रा १२ ; महा)।

धवल सक [**धवलय्**] सफेद करना। धवलइ; (पि ५५७)। कवकृ—**धवलिज्जंत**; (गउड)।

धवलक्क न [**धवलार्क**] ग्राम-विशेष, जो आजकल ' धोलका ' नाम से गुजरात में प्रसिद्ध है ; (ती ३)।

धवलण न [**धवलन**]सफेद करना, श्वेती-करण ; (कुमा)।

धवलसउण पुं [**दे**] हंस ; (दे ५, ५६ ; पाअ)।

धवला स्त्री [**धवला**] गौ, गैया ; (गा ६३८)।

धवलाअ अक [**धवलाय्**] सफेद होना। वकृ—**धवलाअंत**; (गा ६)।

धवलाइअ वि [**धवलायित**] १ उत्तम वैल की तरह जिसने कार्य किया हो वह ; २ न. उत्तम वृषभ की तरह आचरण ; (सार्ध ६)।

धवलिम पुंस्त्री [**धवलिमन्**] सफेदपन, शुक्लता ; (सुपा ७४)।

धवलिय वि [**धवलित**] सफेद किया हुआ ; (भवि)।

धवली स्त्री [**धवली**] उत्तम गौ, श्रेष्ठ गैया; (गउड)।

धव्व पुं [**दे**] वेग ; (दे ५, ५७)।

धस अक [**धस्**] १ धसना। २ नीचे जाना। ३ प्रवेश करना। धसइ, धसउ ; (पिंग)।

धस पुं [**धस्**] ' धस् ' ऐसा आवाज, गिरने का आवाज; " धसत्ति महिमंडले पडिओ " (महा ; णाया १, १—पत्र ४७)।

धसक्क पुं [**दे**] हृदय की घबराहट का आवाज, गुजराती में 'धासको'; "तो जायहिअधसक्का" (श्रा १४; कुप्र४३५)।

धसक्किअ वि [**दे**] खूब घवड़ाया हुआ; (श्रा १४)।

धसल वि [**दे**] विस्तीर्ण ; (दे ५, ५८)।

धा सक [**धा**] धारण करना। धाइ, धाअइ, धाअए ; (षड्)। कर्म—धीयए ; (पिंड)।

धा सक [ध्यै] ध्यान करना, चिन्तन करना। धाअंति; (संक्षि ७६)।

धा सक [धाव्] १ दौड़ना। २ शुद्ध करना, धोना। धाइ, धाअइ; (हे ४, २४०)। भवि—धाहिइ; (षड्)।

धाइअ वि [धावित] दौड़ा हुआ; (से ८, ६८; भवि)।

धाइअसंड देखो धायइ-संड; (महा)।

धाई देखो धत्ती; (हे २, ८१; पव ६७)। ४ धाई का काम करने से प्राप्त की हुई भिक्षा; (ठा ३, ४)। ५ छन्द-विशेष; (पिंग)। °पिंड पुं [°पिण्ड] धाई का काम कर प्राप्त की हुई भिक्षा; (पव ६७)।

धाई देखो धायई; (उप ६४८ टी)।

धाउ पुं [धातु] १ सोना, चाँदी, तांबा, लोहा, राँगा, सीसा और जस्ता ये सात वस्तु; (जी ३)। २ गेरु, मनसिल आदि पदार्थ; (से४, ४; पण्ह १,२)। ३ शरीर-धारक वस्तु—कफ, वात, पित्त, रस, रक्त, माँस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र; (औप; कुप्र १५८)। ४ पृथिवी, जल, तेज और वायु ये चार महाभूत; (सूअ १,१,१)। ५ व्याकरण-प्रसिद्ध शब्द-योनि, 'भू' 'पच्' आदि; (अणु)। ६ स्वभाव, प्रकृति; (स २४१)। ७ नाट्य-शास्त्र-प्रसिद्ध आलतिका-विशेष; (कुमा २, ६६)। °य वि [°ज] १ धातु से उत्पन्न; २ वस्त्र-विशेष; (पंचभा)। ३ नाम, शब्द; (अणु)। °वाइअ वि [°वादिक] ओषधि आदि के योग से ताम्र आदि का सोना वगैरः बनाने वाला, किमियागर; (कुप्र ३६७)।

धाउ पुं [धातृ] पणपन्नि-नामक व्यन्तर-देवों का एक इन्द्र; (ठा २, ३)।

धाड अक [निर्+सृ] बाहर निकलना। धाड़इ; (हे ४, ७६)।

धाड सक [निर्+सारय्] बाहर निकालना।संकृ—धाडिऊण; (कुप्र ८३)। कवकृ—धाडिज्जंत; (पउम १७, २८; ३१, ११६)।

धाड सक [धाडू] प्रेरणा करना। २ नाश करना। धाडेंति; (सूअ १, ४, २)। कवकृ—धाडीयंत; (पण्ह १, ३—पत्र ५४)।

धाडण न [धाडन] १ प्रेरणा, २ नाश; (औप)।

धाडाविअ वि [निस्सारित] बाहर निकाला हुआ, निर्वासित; (पउम २२, ८)।

धाडि वि [दे] निरस्त, निराकृत; (दे ५, ५६)।

धाडिअ वि [निःसृत] बाहर निकला हुआ; (कुमा)।

धाडिअ पुं [दे] आराम, बगीचा; (दे ५, ५६)।

धाडिअ वि [निस्सारित] निर्वासित, बाहर निकाला हुआ; (पउम १०१, ६०; स २६८; उप ७२८ टी)।

धाडी स्त्री [धाटी]। १ डाकुओं का दल; (सुर २, ४; प्राप्र)। २ हमला, आक्रमण, धावा; (कप्पू)।

धाण देखो धण्ण=धन्य; (वज्जा ६०)।

धाणा स्त्री [धाना] धनिया, एक जात का मसाला; (दे ७, ६६; प्राप्र)।

धाणुक्क वि [धानुष्क] धनुर्धर, धनुर्विद्या में निपुण; (उप पृ ८६; सुर १३, १६२; वेणी ११४; कुप्र ४५२)।

धाणूरिअ न [दे] फल-भेद; (दे ५, ६०)।

धाम न [धामन्] बल, पराक्रम; (आरा ६३; सण)।

धाय वि [ध्रात] १ तृप्त, संतुष्ट; (ओघ ७७ भा; सुर २, ६७)। २ न सुभिक्ष, सुकाल; (बृह ५)।

धायइ°, धायई स्त्री [धातकी] वृक्ष-विशेष, धाय का पेड़; (पण्ण १; पउम ५३,७६; ठा २,३; सम १५२)। °खंड पुं [°खण्ड] स्वनाम-ख्यात एक द्वीप; (ठा २, ३; अणु)। °संड पुं [°षण्ड] स्वनाम-ख्यात एक द्वीप; (जीव ३; ठा ८; इक)।

धार सक [धारय्] १ धारण करना।२ करजा रखना। धारेइ; (महा)। वकृ—धारंत, धारअंत, धारेमाण, धारयमाण, धारिंत; (सुर ३, १८६; नाट—विक्र १०६; भग; सुपा २५४; २६४)। हेकृ—धारिउं, धारेत्तए, धारित्तए; (पि ५७३; कस; ठा ५,३)। कृ—धारणिज्ज, धारणीय, धारेयव्व; (णाया १, १; भग ७, ६; सुर १४,७७; सुपा ४८२)।

धार न [धार] १ धारा-संबन्धी जल; २ वि. धारण करने वाला; (राज)।

धार वि [दे] लघु, छोटा; (दे ५,५६)।

धारग वि [धारक] धारण करने वाला; (कप्प; उप पृ ७५; सुपा २५४)।

धारण न [धारण] १ धारने की अवस्था; २ ग्रहण; ३ रक्षण, रखना; ४ परिधान करना; ५ अवलम्बन; (औप; ठा ३, ३)।

धारणा स्त्री [**धारणा**] १ मर्यादा, स्थिति ; (आवम)। २ विषय ग्रहण करने वाली बुद्धि ; (ठा ८; दंस ५)। ३ ज्ञात विषय का अ-विस्मरण; (विसे २६१)। ४ अवधारण, निश्चय; (आवम)। ५ मन की स्थिरता । ६ घर का एक अवयव; (भग ८, २)। °**ववहार** पुं [°**व्यवहार**] व्यवहार-विशेष; (ठा ५, २)।

धारणिज्ज देखो **धार**=धारय्।

धारणी स्त्री [**धारणी**] १ धारण करने वाली ; (औप)। २ ग्यारहवें जिनदेव की प्रथम शिष्या ; (सम १५२)। ३ वसुदेव आदि अनेक राजाओं की रानी का नाम; (अंत; आचू; १ ; विपा २, १ ; णाया १, १)।

धारणीय देखो **धार**=धारय्।

धारय देखो **धारग** ; (ओव १ ; भवि)।

धारयमाण देखो **धार**=धारय्।

धारा स्त्री [**दे**] रण-मुख, रण-भूमि का अग्रभाग; (दे ५,५६)।

धारा स्त्री [**धारा**] १ अस्त्र के आगे का भाग, धार; (गउड; प्रासू ६२)। २ प्रवाह, पाली ; (महा)। ३ अश्व की गति-विशेष ; (कुमा ; महा)। ४ जल-धारा, पानी की धारा; ५ वर्षा, वृष्टि; ६ द्रव पदार्थों का प्रवाह रूप से पतन ; (गउड)। ७ एक राज-पत्नी ; (आवम)। °**कयंब** पुं [°**कदम्ब**] कदम्ब की एक जाति, जो वर्षा से फलती-फूलती है (कुमा)। °**धर** पुं [°**धर**] मेघ; (सुपा २०१)। °**वारि** न [°**वारि**] धारा से गिरता जल ; (भग १३, ६)। °**वारिय** वि [°**वारिक**] जहाँ धारा से पानी गिरता हो वह ; (भग १३, ६)। °**हय** वि [°**हत**] वर्षा से सिक्त ; (कप्प)। °**हर** देखो °**धर** ; (सुर १३, १६५)।

धारावास पुं [**दे**] १ भेक, मेढ़क ; (दे ५, ६३ ; पड्)। २ मेघ ; (दे ५, ६३)।

धारि वि [**धारिन्**] धारण करने वाला ; (औप ; कप्प)।

धारिंत देखो **धार**=धारय्।

धारिणी देखो **धारणी** ; (ओप)।

धारित्तए देखो **धार**=धारय्।

धारिय वि [**धारित**] धारण किया हुआ ; (भवि ; आचा)।

धारी देखो **धत्ती** ; (हे २, ८१)।

धारी देखो **धारा** ; (कुमा)।

धारेत्तए } **धारेयव्व** } देखो **धार**=धारय्।

धाव सक [**धाव्**] १ दौड़ना। २ शुद्ध करना, धोना। धावइ ; (हे ४, २२८ ; २३८)। वकृ—**धावंत, धावमाण**; (प्रासू ८४; महा; कप्प)। संकृ—**धाविऊण**; (महा)।

धावण न [**धावन**] १ वेग से गमन, दौड़ना ; (सूअ १, ७)। २ प्रक्षालन, धोना; (कुप्र १६४)।

धावणय पुं [**धावनक**] दौड़ते हुए समाचार पहुँचाने का काम करने वाला, हरकारा, संदेसिया ; (सुपा १०५ ; २६५)।

धावणया स्त्री [**धान**] स्तन-पान करना ; (उप ८३३)।

धावमाण देखो **धाव**।

धाविअ वि [**धावित**] दौड़ा हुआ ; (भवि)।

धाविर वि [**धावितृ**] दौड़ने वाला ; (सण ; सुपा ५४)।

धावी देखो **धाई**=धात्री ; (उप १३९ टी ; स ६६ ; सुर २, ११२ ; १६, ६८)।

धाहा स्त्री [**दे**] धाह, पुकार, चिल्लाहट ; (पउम ५३, ८८; सुपा ३१७ ; ३४०)।

धाहाविय न [**दे**] धाह, पुकार, चिल्लाहट ; (स ३७० ; सुपा ३८० ; ४६६ ; महा)।

धाहिय वि [**दे**] पलायित, भागा हुआ ; (धम्म ११ टी)।

धि अ [**धिक्**] धिक्कार, छीः ; (रंभा)।

धिइ स्त्री [**धृति**] १ धैर्य, धीरज ; (सूअ १, ८ ; षड्)। २ धारण; (आवम)। ३ धारणा, ज्ञात विषय का अ-विस्मरण; (विसे)। ४ धरण, अवस्थान ; (सूअ १, ११)। ५ अहिंसा; (पण्ह २, १)। ६ धैर्य की अधिष्ठायिका देवी ; ७ देवी की प्रतिमा-विशेष ; (राज ; णाया १, १ टी—पत्र ४३)। ८ तिगिञ्छि-द्रह की अधिष्ठायिका देवी ; (इक ; ठा २३)। °**कूड** न [°**कूट**] धृति-देवी का अधिष्ठित शिखर-विशेष; (जं ४)। °**धर** पुं [°**धर**] १ एक अन्तकृद् महर्षि; २ 'अंतगडदसा' सूत्र का एक अध्ययन; (अंत १८)। °**म**, °**मंत** वि [°**मत्**] धीरज वाला ; (ठा ८; पण्ह२, ४)।

धिक्कय वि [**धिक्कृत**] १ धिक्कारा हुआ ; (वव १)। २ न धिक्कार, तिरस्कार; (बृह ६)।

धिक्करण न [**धिक्करण**] तिरस्कार, धिक्कार ; (णाया १, १६)।

धिक्करिअ वि [**धिक्कृत**] धिक्कारा हुआ; (कुप्र १५७)।

धिक्कार पुं [**धिक्कार**] १ धिक्कार, तिरस्कार ; (पगह १, ३; द्र २६) । २ युगलिक मनुष्यों के समय की एक दण्ड-नीति ; (ठा ७—पत्र ३९८) ।

धिक्कार सक [**धिक्+कारय्**] धिक्कारना, तिरस्कार करना। कवकृ—**धिक्कारिज्जमाण** ; (पि ५६३) ।

धिज्ज न [**धैर्य**] धीरज, धृति ; (हे २, ६४) ।

धिज्ज वि [**धेय**] धारण करने योग्य ; (णाया १, १) ।

धिज्ज वि [**ध्येय**] ध्यान-योग्य, चिन्तनीय ; (णाया १, १) ।

धिज्जाइ पुंस्त्री [**द्विजाति, धिग्जाति**] ब्राह्मण, विप्र । स्त्री—"तत्थ भद्दा नाम **धिज्जाइणी**" (आवम) ।

धिज्जाइय, **धिज्जाईय** पुंस्त्री [**द्विजातिक, धिग्जातीय**] ब्राह्मण, विप्र ; (महा ; उप १२६ ; आव ३) ।

धिज्जीविय न [**धिग्जीवित**] निन्दनीय जीवन ; (सूअ २, २) ।

धिट्ठ वि [**धृष्ट**] धीठ, प्रगल्भ ; २ निर्लज्ज, बेशरम ; (हे १, १३० ; सुर २, ६ ; गा ६२७ ; श्रा १४) ।

धिट्ठज्जुण्ण देखो **धट्ठज्जुण्ण** ; (पि २७८) ।

धिट्ठिम पुंस्त्री [**धृष्टत्व**] धृष्टता, धीठाई ; (सुपा १२०) ।

धिद्धी, **धिधी** अ [**धिक् धिक्**] छीः छीः ; (उव; वै ६१; रंभा) ।

धिप्प अक [**दीप्**] दीपना, चमकना । धिप्पइ ; (हे १, २२३) ।

धिप्पिर वि [**दीप्र**] देदीप्यमान, चमकीला ; (कुमा) ।

धिय अ [**धिक्**] धिक्कार, छीः ; "वेइ गिरं धिय मुंडिय" (उप ६३४) ।

धिरत्थु अ [**धिगस्तु**] धिक्कार हो ; (णाया १, १६ ; महा; प्रारू) ।

धिसण पुं [**धिषण**] बृहस्पति, सुर-गुरु ; (पाअ) ।

धिसि अ [**धिक्**] धिक्कार, छीः ; (सुपा ३९५ ; सण) ।

धी स्त्री [**धी**] बुद्धि, मति; (पाअ; णाया १,१६; कुप्र ११६; २४७; प्रासू २०) । °**धण** वि [°**धन**] १ बुद्धिमान्, विद्वान् ; २ पुं. एक मन्त्री का नाम; (उप ७६८ टी) । °**म,** °**मंत** वि [°**मत्**] बुद्धिशाली, विद्वान् ; (उप७२८ टी ; कप्प; राज) ।

धी अ [**धिक्**] धिक्कार, छीः ; (उव; वै ५५) ।

धीआ स्त्री [**दुहितृ**] लड़की, पुत्री ; (मृच्छ १०६ ; पि ३९२ ; महा ; भवि ; पञ्च ४२) ।

धीउल्लिया स्त्री [**दे**] पुतली ; (स ७३७) ।

धीर अक [**धीरय्**] १ धीरज धरना । २ सक, धीरज देना, आश्वासन देना । धीरेंति ; (गउड) ।

धीर वि [**धीर**] १ धैर्य वाला, सुस्थिर, अ-चञ्चल ; (से ४, ३० ; गा ३६७ ; ठा ४, २) । २ बुद्धिमान्, पण्डित, विद्वान् ; (उप ७६८ टी ; धर्म २) । ३ विवेकी, शिष्ट ; (सूअ १, ७) । ४ सहिष्णु; (सूअ १, ३, ४) । ५ पुं. परमेश्वर, परमात्मा, जिन-देव; ६ गणधर-देव; (आचा; आव ४) ।

धीर न [**धैर्य**] धीरज, धीरता ; (हे २, ६४; कुमा) ।

धीरव सक [**धीरय्**] सान्त्वन करना, दिलासा देना । कर्म—धीरविज्जंति ; (कुप्र २७३) ।

धीरवण न [**धीरण**] धीरज देना, सान्त्वन ; (वव १) ।

धीरविय वि [**धीरित**] जिसको सान्त्वन दिया गया हो वह, आश्वासित ; (स ६०४) ।

धीराअ अक [**धीराय्**] धीर होना, धीरज धरना । वकृ—**धीराअंत** ; (से १२, ७०) ।

धीराविअ देखो **धीरविय** ; (पि ५५९) ।

धीरिअ देखो **धीर=धैर्य** ; (हे २, १०७) ।

धीरिअ देखो **धीरविय** ; (भवि) ।

धीरिम पुंस्त्री [**धीरत्व**] धैर्य, धीरज; (उप पृ ६२; सुपा १०६ ; भवि; कुप्र १५०) ।

धीवर पुं [**धीवर**] १ मच्छीमार, जालजीवी; (कुमा; कुप्र २४७) । २ वि. उत्तम बुद्धि वाला; (उप ७६८ टी ; कुप्र २४७) ।

धुअ देखो **धुव=धाव्** । धुअइ; (गा १३०) ।

धुअ सक [**धु**] १ कँपाना । २ फेंकना । ३त्याग करना । वकृ—**धुअमाण** ; (से १४, ६६) ।

धुअ देखो **धुव=ध्रुव**; (भवि) । छन्द-विशेष ; (पिंग) ।

धुअ वि [**धुत**] १ कम्पित ; (गा ७८ ; दे १, १७३) । २ त्यक्त ; (औप) । ३ उच्छलित ; (से ४, ४) । ४ न. कर्म ; (सूअ २, २) । ५ मोक्ष, मुक्ति; (सूअ १, ७) । ६ त्याग, संग-त्याग, संयम ; (सूअ १, २, २ ; आचा) । °**वाय** पुं [°**वाद**] कर्म-नाश का उपदेश ; (आचा) ।

धुअगाय पुं [**दे**] भ्रमर, भमरा ; (दे ५, ५७ ; पाअ) ।

धुअराय पुं [**दे**] ऊपर देखो ; (षड्) ।

धुंधुमार पुं [**धुन्धुमार**] नृप-विशेष ; (कुप्र २६३) ।

धुंधुमारा स्त्री [**दे**] इन्द्राणी, शची ; (दे ५, ६०) ।

धुक्काधुक्क अक [**कम्प्**] काँपना, धुक् धुक् होना । धुक्काधुक्कइ ; (गा ५८३) ।

धुक्कुद्दधुअ } वि [दे] उल्लसित, उल्लास-युक्त ; (दे
धुक्कुद्दधुगिअ } ५, ६०)।
धुक्कुधुअ देखो धुक्काधुक्क। वकृ—**धुक्कुधुअंत** ; (भवि)।
धुक्कोडिअ न [दे] संशय, संदेह ; (वज्जा ६०)।
धुगुधुग अक [धुगधुगाय्] धुग् धुग् आवाज करना। वकृ—**धुगुधुगंत** ; (पण्ह १, ३—पत्र४५)।
धुट्टुअ देखो धुद्दुधुअ। धुट्टुअइ ; (हे ४, ३९५)।
धुण सक [धू] १ कँपाना, हिलाना। २ दूर करना, हटाना। ३ नाश करना। धुणइ, धुणाइ ; (हे ४, ५९ ; आचा ; पि १२०)। कर्म—धुव्वइ, धुणिज्जइ ; (हे४, २४२)। वकृ—**धुणंत** ; (सुपा १८५)। संकृ—**धुणिऊण, धुणिया, धुणेऊण** ; (पड् ; दस ६, ३)। हेकृ—**धुणित्तए** ; (सूअ १, २, २)। कृ—**धुणेज्ज** ; (आचू १)।
धुणण न [धूनन] १ अपनयन ; २ परित्याग ; (राज)।
धुणणा स्त्री [धूनन] कम्पन ; (ओघ १६९ भा)।
धुणाव सक [धूनय्] कँपाना, हिलाना। धुणावइ; (वज्जा६)।
धुणाविअ वि [धूनित] कँपाया हुआ ; (उप ७६८ टी)।
धुणि देखो झुणि ; (पड्)।
धुणिऊण } देखो धुण।
धुणित्तए }
धुणिय वि [धूत] कम्पित, हिलाया हुआ ; "मत्थयं धुणियं" (सुपा ३२० ; २०१)।
धुणिया } देखो धुण।
धुणेज्ज }
धुण्ण वि [धाव्य] १ दूर करने योग्य ; २ न. पाप ; ३ कर्म ; (दस ६, १ ; दसा ६)।
धुत्त वि [धूर्त] १ ठग, वञ्चक, प्रतारक ; (प्रासु ४० ; श्रा १२)। २ जूआ खेलने वाला; ३ पुं. धतूरे का पेड़ ; ४ लोहे का काट; ५ लवण-विशेष, एक प्रकार का नोन ; (हे २, ३०)।
धुत्त वि [दे] १ विस्तीर्ण ; (दे ५, ५८)। २ आक्रान्त; (पड्)।
धुत्त } सक [धूर्तय्] ठगना। धुत्तारसि ; (सुपा११४)।
धुत्तार } वकृ—**धुत्तयंत** ; (श्रा १२)।
धुत्तारिअ वि [धूर्तित] ठगा हुआ, वञ्चित; (उप७२८टी)।
धुत्ति स्त्री [धूर्त्ति] जरा, बुढ़ापा ; (राज)।
धुत्तिअ वि [धूर्तित] वञ्चित, प्रतारित ; (सुपा ३२४ ; श्रा १२)।
धुत्तिम पुंस्त्री [धूर्तत्व] धूर्तता, धूर्तपन, ठगाई ; (हे१, ३५; कुमा ; श्रा १२)।
धुत्ती स्त्री [धूर्ता] धूर्त स्त्री; (वज्जा १०६)।
धुत्तीरय न [धत्तूरक] धतूरे का पुष्प; (वज्जा १०६)।
धुद्दुधुअ (अप) अक [शब्दाय्] आवाज करना। धुद्दुधुअइ; (हे ४, ३९५)।
धुम्म पुं [धूम्र] १ धूम, धूँआ। २ वर्ण-विशेष, कपोत-वर्ण; ३ वि. कपोत वर्ण वाला। °क्ख पुं [°क्ष] एक राक्षस ; (से १२, ६०)।
धुर न. देखो **धुरा** ; (उप पृ ६३)।
धुर पुं [धुर] १ ज्योतिष्क ग्रह-विशेष ; (ठा २, ३)। २ कर्जदार, ऋणी; "जस्स कलसम्मि वहियाखंडाइं तस्स धुरधणं लब्भं, पुणरवि देउं धुराणं" (सुपा ४२६)।
धुरंधर वि [धुरन्धर] १ भार को वहन करने में समर्थ, किसी कार्य को पार पहुँचाने में शक्तिमान्, भार-वाहक; (से ३, ३६)। २ नेता, मुखिया, अगुआ ; (सण ; उत्तर२०)। ३ पुं. गाड़ी, हल आदि खींचने वाला बैल ; (दे ८, ४४)।
धुरा स्त्री [धुर्] १ गाड़ी वगैरः का अग्र भाग, धुरी ; (उव)। २ भार, बोझा ; ३ चिन्ता ; (हे १, १६)। °**धार** वि [°धार] धुरा को वहन करने वाला, धुरन्धर ; (पउम ७, १७१)।
धुरी स्त्री [धुरी] अक्ष, धुरा, गाड़ी का जूआ ; (अणु)।
धुव सक [धाव्] धोना, शुद्ध करना। धुवइ, धुवंति ; (हे ४, २३८ ; गा ४३३ ; पिंड२८)। वकृ—**धुवंत** ; (से ८, १०२)। कवकृ—**धुव्वंत, धुव्वमाण** ; (गा ५६३ ; से ६, ४५ ; वज्जा २४ ; पि ५३८ ।
धुव सक [धू] कँपाना, हिलाना। धुवइ ; (हे४, ५९ ; पड्)। कर्म—**धुव्वइ**; (कुमा)। कवकृ—**धुव्वंत**; (कुमा)।
धुव वि [ध्रुव] १ निश्चल, स्थिर ; (जीव३)। २ नित्य, शाश्वत, सर्वदा-स्थायी ; (ठा५, ३; सूअ२, ४)। ३ अवश्य-भावी ; (सूअ २, १)। ४ निश्चित, नियत ; (आचा)। ५ पुं. अश्व के शरीर का आवर्त ; (कुमा)। ६ मोक्ष, मुक्ति ; ७ संयम, इन्द्रियादि-निग्रह; (सूअ १, ४, १)। ८ संसार; (अणु)। ९ न. मुक्ति का कारण, मोक्ष-मार्ग ; (आचा)। १० कर्म ; (अणु)। ११ अत्यन्त, अतिशय; "धुवमोगिण्हइ"

(ठा६)। °कम्मिय पुं [°कर्मिक] लोहार आदि शिल्पी; (वव१)। °चारि वि [°चारिन्] मुमुक्षु, मुक्ति का अभिलाषी; (आचा)। °णिग्गह पुं [°निग्रह] आवश्यक, अवश्य करने योग्य अनुष्ठान-विशेष ; (अणु)। °मग्ग पुं [°मार्ग] मुक्ति-मार्ग, मोक्ष-मार्ग ; (सूअ १, ४, १)। °राहु पुं [°राहु] राहु-विशेष ;(सम २६)। °वण्ण पुं [°वर्ण] १ संयम ; २ मोक्ष, मुक्ति ; ३ शाश्वत यश ; (आचा)। देखो धुअ=ध्रुव।

धुवण न [धावन] १ प्रक्षालन ; (ओघ ७२ ; ३४७ ; स २७२)। २ वि. कँपाने वाला, हिलाने वाला। स्त्री—°णी ; (कुमा)।

धुव्व देखो धुव=धाव्। धुव्वइ ; (संक्षि ३६)।

धुव्वंत देखो धव = धू।

धुव्वंत, **धुव्वमाण** } देखो धुव=धाव्।

धुहअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ ; (षड्)।

धूअ वि [धूत] देखो धुअ = धुत; (आचा ;दस ३,१३ ; पि ३१२ ; ३६२ ; सूअ १, ४, २)।

धूअ देखो धूव=धूप ; (सुपा ६५७)।

धूआ स्त्री [दुहितृ] लड़की, पुत्री ; (हे २, १२६ ; प्रासू ६४)।

धूण पुं [दे] गज, हाथी ; (दे ५, ६०)।

धूणिय वि [धूनित] कम्पित ; (कुप्र ६८)।

धूम पुं [धूम] १ धूम, धूँआ, अग्नि-चिन्ह; (गउड)। २ द्वेष , अ-प्रीति ; (पण्ह २, १)। °इंगाल पुं. व. [°ङ्गार] द्वेष और राग; (ओघ २८८ भा)। °केउ पुं [°केतु] १ ज्योतिष्क ग्रह-विशेष ; (ठा २, ३ ; पण्ह १, ५ ; औप)। २ वन्हि, अग्नि, आग ; (उत्त२२)। ३ अशुभ उत्पात का सूचक तारा-पुञ्ज; (गउड)। °चारण पुं [°चारण] धूम के अवलम्बन से आकाश में गमन करने की शक्ति वाला मुनि-विशेष ; (गच्छ २)। °जोणि पुं [°योनि]बादल, मेघ; (पाअ)। °ज्झय देखो °द्धय; (राज)। °दोस पुं [°दोष] भिक्षा का एक दोष, द्वेष से भोजन करना ; (आचा २, १, ३)। °द्धय पुं [°ध्वज] वह्नि, अग्नि ; (पाअ ; उप १०३१ टी)। °प्पभा, °प्पहा स्त्री [°प्रभा] पाचवीं नरक-पृथिवी ; (ठा ७ ; प्रारू)। °ल वि [°ल] धूँआ वाला; (उप २६४ टी)। °वडल पुंन [°पटल] धूम-समूह; (हे २, १६८)। °वण्ण वि [°वर्ण] पाण्डुर वर्ण वाला; (गाया १, १७)। °सिहा स्त्री [°शिखा] धूँए का अग्र भाग; (ठा४, २)।

धूमंग पुं [दे] भ्रमर, भमरा ; (दे ५, ५७)।

धूमण न [धूमन] धूम-पान ; (सूअ २, १)।

धूमद्दार न [दे] गवाक्ष, वातायन ; (दे ५, ६१)।

धूमद्धय पुं [दे] १ तड़ाग, तलाव ; २ महिष, भैंसा ; (दे ५, ६३)।

धूमद्धयमहिसी स्त्री.व. [दे] कृत्तिका नक्षत्र ; (दे ५, ६२)।

धूमपलियाम वि [दे] गर्त में डाल कर आग लगाने पर भी जो कच्चा रह जाय वह ; (निचू १५)।

धूममहिसी स्त्री [दे] नीहार, कुहरा, कुहासा ; (दे ५, ६१ ; पाअ)।

धूमरी स्त्री [दे] १ नीहार, कुहासा ; (दे ५, ६१)। २ तुहिन, हिम ; (षड्)।

धूमसिहा, **धूमा** } स्त्री [दे] नीहार, कुहासा ; (दे ५, ६१ ; ठा १०)।

धूमाअ अक [धूमाय्] १ धूँआ करना। २ जलाना। ३ धूम की तरह आचरना। धूमाअंति ; (से ८, १६ ; गउड)। वकृ—धूमायंत ; (गउड ; से १, ८)।

धूमाभा स्त्री [धूमाभा] पाँचवीं नरक-पृथिवी ; (पउम ७५, ४७)।

धूमिअ वि [धूमित] १ धूम-युक्त ; (पिंड)। २ छौंका हुआ (शाक आदि) ; (दे ६, ८८)।

धूमिआ स्त्री [दे] नीहार, कुहासा ; (दे ५, ६१ ; पाअ ; ठा १० ; भग ३, ७ ; अणु)।

धूरिअ वि [दे] दीर्घ, लम्बा ; (दे ५, ६२)।

धूरिअवट्ट पुं [दे] अश्व, घोड़ा ; (दे ५, ६१)।

धूलडिआ (अप) देखो धूलि ; (हे ४, ४३२)।

धूलि, **धूली** } स्त्री [धूलि, °ली] धूल, रज, रेणु ; (गउड ; प्रासू २८ ; ८४)। °कंब, °कलंब पुं [°कदम्ब] ग्रीष्म ऋतु में विकसने वाला कदम्ब-वृक्ष ; (कुमा)। °जंघ वि [°जङ्घ] जिसके पाँव में धूल लगी हो वह ; (वव १०)। °धूसर वि [°धूसर] धूल से लिप्त ; (गा ७७४ ; ८२६)। °धोउ वि [°धोतृ] धूल को साफ करने वाला ; (सुपा ३३६)। °पंथ पुं [°पथ] धूलि-

वहुल मार्ग ; (ओघ २४ टी) । °वरिस पुं [°वर्ष] धूल की वर्षा ; (आवम) । °हर न [°गृह] वर्षा ऋतु में लड़के लोग जो धूल का घर बनाते हैं वह; (उप ५९७ टी)।

धूलीवट्ट पुं [दे] अश्व, घोड़ा ; (दे ५, ६१) ।

धूव सक [धूपय्] धूप करना । धूवेज्ज ; (आचा २, १३) । वकृ—**धूवेंत** ; (पि ३९७) ।

धूव पुं [धूप] १ सुगन्धि द्रव्य से उत्पन्न धूम ; २ सुगन्धि द्रव्य-विशेष, जो देव-पूजा आदि में जलाया जाता है ; (गाया १, १ ; सुर ३, ६५) । °घडी स्त्री [°घटी] धूप-पात्र, धूप से भरी हुई कलशी ; (जं १) । °जंत न [°यन्त्र] धूप-पात्र ; (दे ३, ३५) ।

धूवण न [धूपन] १ धूप देना; २ धूम-पान, रोग की निवृत्ति के लिए किया जाता धूम का पान; "धूवणे ति वमणे य वत्थी-कम्मविरेयणे" (दस ३, ९) । °वट्टि स्त्री [°वर्त्ति] धूप की बनी हुई वर्तिका, अगरवत्ती ; (कप्पू) ।

धूविअ वि [धूपित] १ तापित , गरम किया हुआ ; २ हींग आदि से छौंका हुआ ; (चारु ६) । ३ धूप दिया हुआ ; (औप ; गच्छ १) ।

धूसर पुं [धूसर] १ हलका पीला रंग, ईषत् पाण्डु वर्ण; २ वि. धूसर रंग वाला, ईषत् पाण्डु वर्ण वाला ; (प्रासू ८४ ; गा ७७४ ; से ६, ८२) ।

धूसरिअ वि [धूसरित] धूसर वर्ण वाला ; (पाअ ; भवि) ।

धे सक [धा] धारण करना । धेइ ; (संक्षि ३३) । "धेहि धीरत्तं" (कुप्र १००) ।

धेअ ⎫ वि [ध्येय] ध्यान-योग्य ; (अजि १४ ; गाया
धेज्ज ⎭ १, १) ।

धेज्ज वि [धेय] धारण करने योग्य ; (गाया १, १) ।

धेज्ज न [धैर्य] धीरज, धीरता ; (पण्ह २, २) ।

धेणु स्त्री [धेनु] १ नव-प्रसूता गौ ; २ सवत्सा गौ ; ३ दुधार गाय ; (हे ३, २९; चंड) ।

धेर देखो **धीर**=धैर्य ; (विक्र १७) ।

धेवय पुं [धैवत] स्वर-विशेष ; "धेवयस्सरसंपण्णा भवंति कलहप्पिया" (ठा ७—पत्र ३९३) ।

धोअ सक [धाव्] धोना, शुद्ध करना, पखारना । धोएज्जा ; (आचा) । वकृ—**धोयंत** ; (सुपा ८५) ।

धोअ वि [धौत] धोया हुआ , प्रक्षालित ; (से १, २५; ७, २० ; गा ३६६) ।

धोअग वि [धावक] १ धोने वाला ; २ पुं. धोबी ; (उप पृ ३३३)

धोअण वि [धावन] धोना, प्रक्षालन ; (श्रा २० ; रयण १८ ; ओघ ३४७) ।

धोइअ देखो **धोअ**=धौत ; (गा १८) ।

धोज्ज वि [धुर्य]१ धुरीण, भार-वाहक ; २ अगुआ, नेता, धुरन्धर ; (वव १) ।

धोरण न [दे] गति-चातुर्य ; (औप) ।

धोरणि ⎫ स्त्री [धोरणि, °णी] पङ्क्ति, कतार ; (सुपा
धोरणी ⎭ ४९ ; भवि ; पड्) ।

धोरिय देखो **धोज्ज** ; (सुपा २८२) ।

धोरुगिणी स्त्री [धोरुकिनिका] देश-विशेष में उत्पन्न स्त्री; (गाया १, १—पत्र ३७) ;

धोरेय वि [धौरेय] देखो **धोज्ज**; (सुपा ६५०) ।

धोव देखो **धोअ**=धाव् । धोवइ ; (स १५७ ; वि ७८) । धोवेज्जा ; (आचा) । वकृ—**धोवंत**; (भवि) । कवकृ—**धोव्वंत, धोव्वमाण**; (पउम १०, ४४ ; गाया १, ८) । कृ—**धोवणिय** ; (गाया १, १६) ।

धोवय देखो **धोवग** ; (दे ८, ३६) ।

ध्रुवु (अप) अ [ध्रुवम्] अटल, स्थिर; (हे ४,४१८) ।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि धआराइ-
सद्दसंकलणो छव्वीसइमो तरंगो समत्तो ।

———०———

न देखो ण[1] ।

---

१ प्राकृत भाषा में नकारादि सब शब्द णकारादि होते हैं, अर्थात् आदि के नकार के स्थान में नित्य या विकल्प से 'ण' होनेका व्याकरणों का सामान्य नियम है ; (प्राप्र २,४२ ; दे ५, ६३ टी ; हे १ , २२९ ; पड् १, ३ , ५३), और प्राकृत-साहित्य-ग्रन्थों में दोनों तरह के प्रयोग पाये जाते हैं । इससे ऐसे सब शब्द णकार के प्रकरण में आ जाने से यहाँ पर पुनरावृत्ति कर व्यर्थ में पुस्तक का कलेवर बढ़ाना उचित नहीं समझा गया है । पाठक-गण णकार के प्रकरण में आदि के 'ण' के स्थान में सर्वत्र 'न' समझ लें । यही कारण है कि नकारादि शब्दों के भी प्रमाण णकारादि शब्दो में ही दिये गये हैं ।

प

प पुं [**प**] १ ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष ; (प्राप)। २ पाप-त्याग ; " पति य पाववज्जणे " (आवम)।

प अ [**प्र**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ प्रकर्ष ; जैसे— 'पओस' (से ६, ११)। २ प्रारम्भ ; जैसे— 'पणामिअ', 'पकरेइ' (जं १ ; भग १,१)। ३ उत्पत्ति ; ४ ख्याति, प्रसिद्धि ; ५ व्यवहार ; ६ चारों ओर से ; (निचू १ ; हे २, २१७)। ७ प्रस्रवण, मूल ; (विसे ७८१)। ८ फिर फिर ; (निचू ३ ; १७)। ९ गुजरा हुआ, विनष्ट ; जैसे—'पासुअ' ; (ठा ४, २—पत्र २१३ टी)।

प° वि [**प्राच्**] पूर्व तर्फ स्थित ; (भवि)।

पअंगम पुं [**प्लवङ्गम**] छन्द-विशेष ; (पिंग)।

पअंघ पुं [**प्रजङ्घ**] राक्षस-विशेष ; (से १२, ८३)।

पइ पुं [**पति**] १ धव, भर्ता ; (पात्र ; गा १५६ ; कप्प)। २ मालिक ; ३ रक्षक ; जैसे—'भूवई', 'तिअसगणवई' 'नरवइ' (सुपा ३६ ; अजि १७ ; १६)। ४ श्रेष्ठ, उत्तम ; जैसे—'धरणिधरवई' (अजि १७)। °**घर** न [°**गृह**] ससुराल ; (षड्)। °**वया**, °**व्वया** स्त्री [°**व्रता**] पति-सेवा-परायण स्त्री, कुलवती स्त्री ; (गा ४१७ ; सुर ६, ६७)। °**हर** देखो °**घर** ; (हे १, ४)।

पइ देखो **पडि** ; (ठा २, १ ; काल ; उत्तर २१)।

पइअ वि [**दे**] १ भर्त्सित, तिरस्कृत ; २ न. पहिया, रथ-चक्र ; (दे ६, ६४)।

पइइ देखो **पगइ**=प्रकृति ; (से २, ४५)।

पइउं देखो **पय**=पच्।

पइउवचरण न [**प्रत्युपचरण**] प्रत्युपचार, प्रति-सेवा; (रंभा)।

पइऊल देखो **पडिकूल** ; (नाट—विक ४५)।

पइंवया देखो **पइ-वया** ; (गाया १, १६—पत्र २०४)।

पइक (अप) देखो **पाइक्क** ; (पिंग)।

पइकिदि देखो **पडिकिदि** ; (नाट—शकु ११६)।

पइक्क देखो **पाइक्क** ; (पिंग ; पि १६४)।

पइगिइ देखो **पडिकिदि** ; (स ६२५)।

पइच्छन्न पुं [**प्रतिच्छन्न**] भूत-विशेष ; (राज)।

पइज्ज (अप) वि [**पतित**] गिरा हुआ, (पिंग)।

पइज्ज (अप) वि [**प्राप्त**] मिला हुआ, लब्ध ; (पिंग)।

पइज्जा देखो **पइण्णा** ; (भवि ; सण)।

पइट्ठ वि [**दे**] १ जिसने रस को जाना हो वह ; २ विरल ; ३ पुं. मार्ग, रास्ता ; (दे ६, ६६)।

पइट्ठ पुं [**प्रतिष्ठ**] भगवान् सुपार्श्वनाथ के पिता का नाम ; (सम १५०)।

पइट्ठ वि [**प्रविष्ट**] जिसने प्रवेश किया हो वह ; (स४२६)।

पइट्ठवण देखो **पइट्ठावण** ; (राज)।

पइट्ठा स्त्री [**प्रतिष्ठा**] १ आदर, सम्मान ; २ कीर्ति, यश ; ३ व्यवस्था ; (हे १, २०६)। ४ स्थापना, संस्थापन ; (णंदि)। ५ अवस्थान, स्थिति ; (पंचा ८)। ६ मूर्ति में ईश्वर के गुणों का आरोपण ; " जिणबिंबाण पइट्ठं कइया वि हु आइसंतस्स " (सुर १६, १३)। ७ आश्रय, आधार ; (औप)।

पइट्ठाण न [**प्रतिष्ठान**] १ स्थिति, अवस्थान ; " काऊण पइट्ठाणं रमणिज्जे एत्थ अच्छामो " (पउम ४२, २७ ; ठा ६)। २ आधार, आश्रय ; (भग)। ३ महल आदि की नींव ; (पव १४८)। ४ नगर-विशेष; (आक २१)।

पइट्ठाण न [**दे**] नगर, शहर ; (दे ६, २६)।

पइट्ठावक / **पइट्ठावग** देखो **पइट्ठावय** ; (णाया १, १६; राज)।

पइट्ठावण न [**प्रतिष्ठापन**] १ संस्थापन ; (पंचा ८)। २ व्यवस्थापन ; (पंचा ७)।

पइट्ठावय वि [**प्रतिष्ठापक**] प्रतिष्ठा करने वाला ; (औप ; पि २२०)।

पइट्ठाविय वि [**प्रतिष्ठापित**] संस्थापित; (स ६२ ; ७०५)।

पइट्ठिय वि [**प्रतिष्ठित**] १ स्थित, अवस्थित ; (उवा)। २ आश्रित ; " रयणायरतीरपइट्ठियाण पुरिसाण जं च दालिद्दं " (प्रासू ७०)। ३ व्यवस्थित ; (आचा २, १, ७)। ४ गौरवान्वित ; (हे १, ३८)।

पइण्ण वि [**दे**] विपुल, विस्तृत ; (दे ६, ७)।

पइण्ण वि [**प्रतीर्ण**] प्रकर्ष से तीर्ण ; (आचा)।

पइण्ण / **पइण्णग** वि [**प्रकीर्ण**, °**क**] १ विक्षिप्त, फेंका हुआ ; " रत्थापइण्णणअणुप्पला तुमं सा पडिच्छए एंतं" (गा १४०)। २ अनेक प्रकार से मिश्रित ; (पंचू)। ३ बिखरा हुआ ; (ठा ६)। ४ विस्तारित ; (वृह १)। ५ न. ग्रन्थ-विशेष, तीर्थंकर-देव के सामान्य शिष्य ने बनाया हुआ ग्रन्थ ; (णंदि)। °**कहा** स्त्री [°**कथा**] उत्सर्ग, सामान्य नियम ; " उस्सग्गो पइण्णकहा भण्णइ अववादो

निच्छयंकहा भण्णइ " (निचू ५)। °तव पुं [°तपस्] तपश्चर्या-विशेष ; (पंचा १६)।

पइण्णा स्त्री [**प्रतिज्ञा**] १ प्रण, शपथ ; (नाट—मालती १०६)। २ नियम ; (औप ; पंचा १८)। ३ तर्क-शास्त्र-प्रसिद्ध अनुमान-प्रमाण का एक अवयव, साध्य वचन का निर्देश ; (दसनि १)।

पइण्णाद (शौ) वि [**प्रतिज्ञात**] जिसकी प्रतिज्ञा की गई हो वह ; (मा १५)।

पइत्त देखो **पउत्त**=प्रवृत्त ; (भवि)।

पइत्त वि [**प्रदीप्त**] जला हुआ, प्रज्वलित; (से १५, ७३)।

पइत्त देखो **पवित्त**=पवित्र ; (सुपा ७४)।

पइदि (शौ) देखो **पगइ** ; (नाट—शकु ६१)।

पइदिण न [**प्रतिदिन**] हर रोज ; (काल)।

पइद्धिद्ध वि [**प्रतिदिग्ध**] विलिप्त ; (सूअ १, ५, १)।

पइदियह न [**प्रतिदिवस**] प्रतिदिन, हर रोज ; (सुर १, ५०)।

पइनियय वि [**प्रतिनियत**] मुकर्रर किया हुआ, नियुक्त किया हुआ ; (आवम)।

पइन्न, **पइन्नग** } देखो **पइण्ण** ; (उव ; भवि ; श्रा ६)।

पइन्ना देखो **पइण्णा** ; (सुर १, १)।

पइप्प देखो **पलिप्प** । वकृ—**पइप्पमाण** ; (गा ४१६)।

पइप्पईय न [**प्रतिप्रतीक**] प्रत्यंग, हर अंग ; (रंभा)।

पइभय वि [**प्रतिभय**] प्रत्येक प्राणी को भय उपजाने वाला ; (णाया १, २ ; पण्ह १, १ ; औप)।

पइभा स्त्री [**प्रतिभा**] बुद्धि-विशेष, प्रत्युत्पन्न-मतित्व ; (पुप्फ ३३१)।

पइमुह वि [**प्रतिमुख**] संमुख ; (उप ७४४)।

पइरिक्क वि [**दे. प्रतिरिक्त**] १ शून्य, रहित ; (दे ६, ७१ ; से २, १५)। २ विशाल, विस्तीर्ण ; (दे ६, ७१)। ३ तुच्छ, हलका ; (से १, ५८)। ४ प्रचुर, विपुल ; (ओघ २४६—पत्र १०३)। ५ नितान्त, अत्यन्त ; " पइरिक्कसुहाए मणाणुकूलाए विहारभूमीए " (कप्प)। ६ न. एकान्त स्थान, विजन स्थान, निर्जन जगह ; (दे ६, ७१ ; स २३५ ; ७५५ ; गा ८८ ; उप २६३)।

पइल (अप) देखो **पढम** ; (पि ४४६)।

पइलाइया स्त्री [**प्रतिलादिका**] हाथ के बल चलने वाली सर्प की एक जाति ; (राज)।

पइल्ल पुं [**दे. पदिक**] १ ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष ; (ठा २, ३)। २ रोग-विशेष, श्लीपद ; (पण्ह २, ५)।

पइव पुं [**प्रतिव**] एक यादव का नाम ; (राज)।

पइवरिस न [**प्रतिवर्ष**] हरएक वर्ष ; (पि २२०)।

पइवाइ वि [**प्रतिवादिन्**] प्रतिवादी, प्रतिपक्षी ; (विसे २४८८)।

पइविसिट्ठ वि [**प्रतिविशिष्ट**] विशेष-युक्त, विशिष्ट ; (उवा)।

पइविसेस पुं [**प्रतिविशेष**] विशेष, भेद, भिन्नता ; (विसे ५२)।

पइस देखो **पविस** । पइसइ ; (भवि)। पइसंति ; (दे १, ६४ टि)। कर्म—पइसिज्जइ ; (भवि)। वकृ—**पइसंत** ; (भवि)। कृ—**पइसियव्व** ; (स २३४)।

पइसमय न [**प्रतिसमय**] हर समय, प्रतिक्षण ; (पि २२०)।

पइसर देखो **पविस** । पइसरइ ; (भवि)।

पइसार सक [**प्र+वेशय्**] प्रवेश कराना। पइसारइ ; (भवि)।

पइसारिय वि [**प्रवेशित**] जिसका प्रवेश कराया गया हो वह ; " पइसारिओ य नयरिं " (महा ; भवि)।

पइहंत पुं [**दे**] जयन्त, इन्द्र का एक पुत्र; (दे ६, १६)।

पइहा सक [**प्रति+हा**] त्याग करना। संकृ—**पइहिऊण** ; (उव)।

पई° देखो **पइ**=पति ; (षड् ; हे १, ४ ; सुर १, १७६)।

पईअ वि [**प्रतीत**] १ विज्ञात। २ विश्वस्त। ३ प्रसिद्ध, विख्यात ; (विसे ७०६)।

पईअ न [**प्रतीक**] अंग, अवयव ; (रंभा)।

पईइ स्त्री [**प्रतीति**] १ विश्वास। २ प्रसिद्धि ; (राज)।

पईव देखो **पलीव** । पईवेइ ; (कस)।

पईव पुं [**प्रदीप**] दीपक, दिया ; (पाअ ; जी १)।

पईव वि [**प्रतीप**] १ प्रतिकूल ; (हे १, २०६)। २ पुं. शत्रु, दुश्मन ; (उप ६४८ टी ; हे १, २३१)।

पईस (अप) देखो **पइस** । पईसइ ; (भवि)।

पउ (अप) वि [**पतित**] गिरा हुआ ; (पिंग)।

पउअ पुं [दे] दिन, दिवस ; (दे ६, ५) ।
पउअ न [प्रयुत] संख्या-विशेष, 'प्रयुताङ्ग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (इक ; ठा २, ४) ।
पउअंग न [प्रयुताङ्ग] संख्या-विशेष ; 'अयुत' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ; (ठा २, ४) ।
पउंज सक [प्र+युज्] १ जोड़ना, युक्त करना । २ उच्चारण करना । ३ प्रवृत्त करना । ४ प्रेरणा करना । ५ व्यवहार करना । ६ करना । पउंजइ ; (महा ; भवि ; पि ५०७) । पउंजंति ; (कप्प) । वकृ—**पउंजंत, पउंजमाण** ; (औप ; पउम ३५, ३६) । कवकृ—**पउज्जमाण** ; (प्रयौ २३) । कृ—**पउंजिअव्व, पउज्ज** ; (पण्ह २, ३ ; उप ७३८ टी ; विसे ३३८४), **पउहव्व** (अप) ; (कुमा) ।
पउंजग वि [प्रयोजक] प्रेरक, प्रेरणा करने वाला ; (पंचव १) ।
पउंजण वि [प्रयोजन] प्रयोग करने वाला ; (पउम १४, २०) । देखो **पओअण** ।
पउंजणया } स्त्री [प्रयोजना] प्रयोग ; (ओघ ११४),
पउंजणा } "दुक्खं कीरइ कव्वं, कव्वम्मि कए पउंजणा दुक्खं" (वज्जा २) ।
पउंजिअ वि [प्रयुक्त] जिसका प्रयोग किया गया हो वह ; (सुपा १४० ; ४४७) ।
पउंजित्तु वि [प्रयोक्तृ] प्रवृत्ति करने वाला ; (ठा ५, १) ।
पउंजित्तु वि [प्रयोजयितृ] प्रवृत्ति कराने वाला ; (ठा ५, १) ।
पउज्ज } देखो **पउंज** ।
पउज्जमाण }
पउट्ट अ [परिवृत्य] मर कर । °परिहार पुं [°परिहार] मर कर फिर उसी शरीर में उत्पन्न होकर उस शरीर का परिभोग करना ; "एवं खलु गोसाला ! वणस्सइ-काइयाओ पउट्टपरिहारं परिहरंति" (भग १५—पत्र ६६७) ।
पउट्ट वि [परिवर्त] १ परिवर्त, मर कर फिर उसी शरीर में उत्पन्न होना ; २ परिवर्त-वाद ; "एस णं गोयमा ! गोसालस्स मंखलिपुत्तस्स पउट्टे" (भग १५—पत्र ६६७) ।
पउट्ट वि [प्रवृष्ट] बरसा हुआ ; (हे १, १३१) ।
पउट्ठ पुं [प्रकोष्ठ] हाथ का पहुँचा, कलाई और केहुनी के बीच का भाग ; (पण्ह १, ४—पत्र ७८ ; कप्प; कुमा) ।
पउट्ठ वि [प्रजुष्ट] १ विशेष सेवित ; २ न. अति उच्छिष्ट ; (चंड) ।
पउट्ठ वि [प्रद्विष्ट] द्वेष-युक्त ; "ता मा पउट्ठचित्ता" (सुपा ४७५) ।
पउढ न [दे] १ गृह, घर ; २ पुं. घर का पश्चिम प्रदेश ; (दे ६, ४) ।
पउण पुं [दे] १ व्रण-प्ररोह ; २ नियम-विशेष ; (दे ६, ६५) ।
पउण वि [प्रगुण] १ पटु, निर्दोष ; "कह नच्चणविहाणं जायइ पउणिंदियाणंवि" (सुपा ४७२ ; महा) । २ तय्यार ; (दंस ३) ।
पउणाड पुं [प्रपुनाट] वृक्ष-विशेष, पमाड का पेड़, चकवड़ ; (दे ५, ५ टि) ।
पउत्त अक [प्र+वृत्] प्रवृत्ति करना । कृ—**पउत्तिदव्व** (शौ) ; (नाट—शकु ८७) ।
पउत्त वि [प्रयुक्त] जिसका प्रयोग किया गया हो वह ; (महा ; भवि) । २ न. प्रयोग ; (गाया १, १) ।
पउत्त न [प्रतोत्र] प्रतोद, प्राजन, पैना ; (दसा १०) ।
पउत्त वि [प्रवृत्त] जिसने प्रवृत्ति की हो वह ; (उवा) ।
पउत्ति स्त्री [प्रवृत्ति] १ प्रवर्तन ; (भग १५) । २ समाचार, वृत्तान्त ; (पाअ ; सुर २, ४८ ; ३, ८४) । ३ कार्य, काज । °**वाउय** वि [°व्यापृत] कार्य में लगा हुआ ; (औप) ।
पउत्ति स्त्री [प्रयुक्ति] बात, हकीकत ; (उप पृ २२८ ; राज) ।
पउत्तिदव्व देखो **पउत्त**=प्र+वृत् ।
पउत्थ न [दे] १ गृह, घर ; (दे ६, ६६) । २ वि. प्रोषित, प्रवास में गया हुआ ; "गहिइ मा वि पउत्थो अहं अ कुप्पेज्ज सोवि अणुणेज्ज" (गा १७ ; ६६७ ; हेका ३० , पउम १७, ३ ; वज्जा ७६ ; विवे १३२ ; उव ; दे ६, ६६ ; भवि) । °**वइया** स्त्री [°पतिका] जिसका पति देशान्तर गया हो वह स्त्री ; (ओघ ४१३ ; सुपा ५०८) ।
पउहव्व देखो **पउंज** ।
पउप्पय देखो **पओप्पय** ; (भग ११, ११ टी) ।
पउप्पय देखो **पओप्पय**=प्रपौत्रिक ; (भग ११, ११ टी) ।
पउम न [पद्म] १ सूर्य-विकासी कमल ; (हे २, ११२; पण्ह १, ३ ; कप्प ; औप ; प्रासू ११३) । २ देव-विमान विशेष ; (सम ३३ ; ३५) । ३ संख्या-विशेष,

'पद्मांग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (ठा २, ४; इक)। ४ गन्ध-द्रव्य-विशेष; (औप; जीव ३)। ५ सुधर्मा सभा का एक सिंहासन; (गाया २)। ६ दिन का नववाँ मुहूर्त; (जं २)। ७ दक्षिण-रुचक-पर्वत का एक शिखर; (ठा ८)। ८ राजा रामचन्द्र, सीता-पति; (पउम १, ५; २५, ८)। ९ आठवाँ बलदेव, श्रीकृष्ण के बड़े भाई; १० इस अवसर्पिणीकाल में उत्पन्न नववाँ चक्रवर्ती राजा, राजा पद्मोत्तर का पुत्र; (पउम ५, १५३; १५४)। ११ एक राजा का नाम; (उप ६४८ टी)। १२ माल्यवत्-नामक पर्वत का अधिष्ठाता देव; (ठा २, ३)। १३ भरतक्षेत्र में आगामी उत्सर्पिणी में उत्पन्न होनेवाला आठवाँ चक्रवर्ती राजा; (सम १५४)। १४ भरतक्षेत्र का भावी आठवाँ बलदेव; (सम १५४)। १५ चक्रवर्ती राजा का निधि, जो रोग-नाशक सुन्दर वस्त्रों की पूर्ति करता है; (उप ६८६ टी)। १६ राजा श्रेणिक का एक पौत्र; (निर २, १)। १७ एक जैन मुनि का नाम; (कप्प)। १८ एक ह्रद; (कप्प)। १९ पद्म-वृक्ष का अधिष्ठाता देव; (ठा २, ३)। २० महापद्म-नामक जिन-देव के पास दीक्षा लेने वाला एक राजा, एक भावी राजर्षि; (ठा ८)। °**गुम्म** न [°**गुल्म**] १ आठवें देवलोक में स्थित एक देव-विमान का नाम; (सम ३५)। २ प्रथम देवलोक में स्थित एक देव-विमान का नाम; (महा)। ३ पुं. राजा श्रेणिक का एक पौत्र; (निर २, १)। ४ एक भावी राजर्षि, महापद्म-नामक जिन-देव के पास दीक्षा लेने वाला एक राजा; (ठा ८)। °**चरिय** न [°**चरित**] १ राजा रामचन्द्र की जीवनी—चरित्र; २ प्राकृत भाषा का एक प्राचीन ग्रन्थ, जैन रामायण; (पउम ११८, १२१)। °**णाभ** पुं [°**नाभ**] १ वासुदेव, विष्णु; (पउम ४०, १)। २ आगामी उत्सर्पिणी-काल में भरतक्षेत्र में होने वाले प्रथम जिन-देव का नाम; (पव ४६)। ३ कपिल-वासुदेव के एक माण्डलिक राजा का नाम; (गाया १, १६—पत्र २१३)। °**दल** न [°**दल**] कमल-पत्र; (प्रारू)। °**द्दह** पुं [°**द्रह**] विविध प्रकार के कमलों से परिपूर्ण एक महान् ह्रद का नाम; (सम १०४; कप्प; पउम १०२, ३०)। °**द्धय** पुं [°**ध्वज**] एक भावी राजर्षि, जो महापद्म-नामक जिन-देव के पास दीक्षा लेगा; (ठा ८)। °**नाह** देखो °**णाभ**; (उप ६४८ टी)। °**पुर** न [°**पुर**] एक दाक्षिणात्य नगर, जो आजकल 'नासिक' नाम से प्रसिद्ध है; (राज)। °**प्पभ** पुं [°**प्रभ**] इस अवसर्पिणी-काल में उत्पन्न षष्ठ जिन-देव का नाम; (कप्प)। °**प्पभा** स्त्री [°**प्रभा**] एक पुष्करिणी का नाम; (इक)। °**प्पह** देखो °**प्पभ**; (ठा ५, १; सम ४३; पडि)। °**भद्द** पुं [°**भद्र**] राजा श्रेणिक का एक पौत्र; (निर २, १)। °**मालि** पुं [°**मालिन्**] विद्याधर-वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ४२)। °**मुह** देखो **पउमाणण**; (पड्)। °**रह** पुं [°**रथ**] १ विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, ४३)। २ मथुरा नगरी के राजा जयसेन का पुत्र; (महा)। °**राय** पुं [°**राग**] रक्त-वर्ण मणि-विशेष; (पि १३९; १६६)। °**राय** पुं [°**राज**] धातकीखण्ड की अपरकंका नगरी का एक राजा, जिसने द्रौपदी का अपहरण किया था; (ठा १०)। °**रुक्ख** पुं [°**वृक्ष**] १ उत्तर-कुरु क्षेत्र में स्थित एक वृक्ष; (ठा २, ३)। २ वृक्ष-सदृश बड़ा कमल; (जीव ३)। °**लया** स्त्री [°**लता**] १ कमलिनी, पद्मिनी; (जीव ३; भग; कप्प)। २ कमल के आकार वाली वल्ली; (गाया १,१)। °**वडिंसय**, °**वडेंसय** न [°**ावतंसक**] पद्मावती-देवी का सौधर्म-नामक देवलोक में स्थित एक विमान; (राज; गाया २—पत्र २५३)। °**वरवेइया** स्त्री [°**वरवेदिका**] १ कमलों की श्रेष्ठ वेदिका; (भग)। २ जम्बूद्वीप की जगती के ऊपर रही हुई देवों की एक भोग-भूमि; (जीव ३)। °**वूह** पुं [°**व्यूह**] सैन्य की पद्माकार रचना; (पण्ह १, ३)। °**सर** पुं [°**सरस्**] कमलों से युक्त सरोवर; (गाया १, १; कप्प; महा)। °**सिरी** स्त्री [°**श्री**] १ अष्टम चक्रवर्ती सुभूमि-राज की पटरानी; (सम १५२)। २ एक स्त्री का नाम; (कुमा)। °**सेण** पुं [°**सेन**] १ राजा श्रेणिक के एक पौत्र का नाम, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी; (निर १, २)। २ नागकुमार-जातीय एक देव का नाम; (दीव)। °**सेहर** पुं [°**शेखर**] पृथ्वीपुर नगर के एक राजा का नाम; (धम्म ७)। °**ागर** पुं [°**ाकर**] १ कमलों का समूह; २ सरोवर; (उप १३३ टी)। °**ासण** न [°**ासन**] पद्माकार आसन; (जं १)।

पउमा स्त्री. [**पद्मा**]. १ वीसवें तीर्थंकर श्रीमुनिसुव्रतस्वामी की माता का नाम; (सम १५१)। २ सौधर्म देवलोक के इन्द्र की एक पटरानी का नाम; (ठा ८—पत्र ४२९; पउम १०२, १५९)। ३ भीम-नामक राक्षसेन्द्र की एक पटरानी; (ठा ४,

१—पत्र २०४)। ४ एक विद्याधर-कन्या का नाम ; (पउम ६,२४)। ५ रावण की एक पत्नी ; (पउम ७४, १०)। ६ लक्ष्मी ; (राज)। ७ वनस्पति-विशेष ; (पराण १ — पत्र ३६)। ८ चौदहवें तीर्थंकर श्रीअनन्तनाथ की मुख्य शिष्या का नाम ; (पव ६)। ६ सुदर्शना-जम्बू की उत्तर दिशा में स्थित एक पुष्करिणी ; (इक)। १० दूसरे बलदेव और वासुदेव की माता का नाम ; ११ लेश्या-विशेष ; (राज)।

पउमाड पुं [**दे**] वृक्ष-विशेष, पमाड़ का पेड़, चकवड़ ; (दे ५, ५)।

पउआणण पुं [**पद्मानन**] एक राजा का नाम ; (उप १०३१ टी)।

पउमाभ पुं [**पद्माभ**] षष्ठ तीर्थंकर का नाम ; (पउम १,२)।

पउमार [**दे**] देखो **पउमाड** ; (दे ५, ५ टि)।

पउमावई स्त्री [**पद्मावती**] १ जम्बूद्वीप के सुमेरु पर्वत के पूर्व तरफ के रुचक पर्वत पर रहने वाली एक दिक्कुमारी-देवी ; (ठा ८)। २ भगवान् पार्श्वनाथ की शासन-देवी, जो नागराज धरणेन्द्र की पटरानी है ; (संति १०)। ३ श्रीकृष्ण की एक पत्नी का नाम ; (अंत १५)। ४ भीम-नामक राक्षसेन्द्र की एक पटरानी ; (भग १०, ५)। ५ शक्रेन्द्र की एक पटरानी ; (णाया २ —पत्र २५३)। ६ चम्पेश्वर राजा दधिवाहन की एक स्त्री का नाम ; (आव ४)। ७ राजा कूणिक की एक पत्नी ; (भग ७, ६)। ८ अयोध्या के राजा हरिसिंह की एक पत्नी ; (धम्म ८)। ६ तेतलिपुर के राजा कनककेतु की पत्नी ; (दंस १)। १० कौशाम्बी नगरी के राजा शतानीक के पुत्र उदयन की पत्नी ; (विपा १, ५)। ११ शैलकपुर के राजा शैलक की पत्नी ; (णाया १, ५)। १२ राजा कूणिक के पुत्र काल-कुमार की भार्या का नाम ; १३ राजा महाबल की भार्या का नाम ; (निर १, १; ५ ; पि १३६)। १४ बीसवें तीर्थंकर श्रीमुनिसुव्रत-स्वामी की माता का नाम ; (पव ११)। १५ पुण्डरीकिणी नगरी के राजा महापद्म की पटरानी ; (आचू १)। १६ रम्य-नामक विजय की राजधानी ; (जं ४)।

पउमावत्ती (अप) स्त्री [**पद्मावती**] छन्द-विशेष ; (पिंग)।

पउमिणी स्त्री [**पद्मिनी**] १ कमलिनी, कमल-लता ; (कप्पू ; सुपा १५५)। २ एक श्रेष्ठी की स्त्री का नाम ; (उप ७२८ टी)।

पउमुत्तर पुं [**पद्मोत्तर**] १ नावें चक्रवर्ती श्रीमहापद्म-राज के पिता का नाम ; (सम १५२)। २ मन्दर पर्वत के भद्रशाल वन का एक दिग्हस्ती पर्वत ; (इक)।

पउमुत्तरा स्त्री [**पद्मोत्तरा**] एक प्रकार की शक्कर ; (णाया १, १७—पत्र २२६ ; पराण १७)।

पउर वि [**प्रचुर**] प्रभूत, बहुत ; (हे १, १८० ; कुमा ; सुर ४, ७४)।

पउर वि [**पौर**] १ पुर-संबन्धी, नगर से संबन्ध रखने वाला ; २ नगर में रहने वाला ; (हे १, १६२)।

पउरव पुं [**पौरव**] पुरु-नामक चन्द्र-वंशीय नृप का पुत्र; (संक्षि ६)।

पउराण (अप) देखो **पुराण** ; (भवि)।

पउरिस) पुंन [**पौरुष**] पुरुषत्व, पुरुषार्थ ; (हे १, १११ ;
पउरुस) १६२)। "पउरुसा" (प्राप्र), "पउरुसं" (संक्षि ६)।

पउल सक [**पच्**] पकाना । पउलइ ; (हे ४, ६० ; दे ६, २६)।

पउलण न [**पचन**] पकाना, पाक ; (पराह १, १)।

पउलिअ वि [**पक्व**] पका हुआ ; (पाअ)।

पउलिअ वि [**प्रज्वलित**] दग्ध, जला हुआ ; (उवा)।

पउल्ल देखो **पउल** । पउल्लइ ; (षड् ; हे ४, ६० टि)।

पउल्ल वि [**पक्व**] पका हुआ; (पंचा १)।

पउविय वि [**प्रकुपित**] विशेष कुपित, क्रुद्ध ; (महा)।

पउस सक [**प्र + द्विष्**] द्वेष करना । पउसेज्जा; (ओघ २५ भा)।

पउसय वि [**दे**] देश-विशेष में उत्पन्न । स्त्री—°**सिया** ; (औप)।

पउस्स देखो **पउस** । पउस्ससि ; (कुप्र ३७७)। वकृ— **पउस्संत, पउस्समाण** ; (राज ; अंत २२)। संकृ— **पउस्सिऊण** ; (स ५१३)।

पउहण (अप) देखो **पवहण** ; (भवि)।

पऊढ न [**दे**] गृह, घर ; (दे ६, ४)।

पए अ [**प्राक्**] पहले, पूर्व ; "तित्थगरवयणकरणे आयरि-आणं कयं पए होइ" (ओघ ४७ भा), "जइ पुण वियाल-पत्ता पए व पत्ता उवस्सयं न लभे" (ओघ १६८)।

पएणियार पुं [**प्रैणीचार**] व्याध की एक जाति, जो हरिणों को पकड़ने के लिए हरिणी-समूह को चराते एवं पालते हैं ; (पराह १, १—पत्र १४)।

पएर पुं [दे] १ वृति-विवर, बाड़ का छिद्र ; २ मार्ग, रास्ता ; ३ कंठदीनार-नामक भूषण-विशेष ; ४ गले का छिद्र ; ५ दीन-नाद, आर्त-स्वर ; ६ वि. दुःशील, दुराचारी ; (दे ६, ६७) ।

पएस पुं [दे] प्रातिवेश्मिक, पड़ोसी ; (दे ६, ३) ।

पएस पुं [प्रदेश] १ जिसका विभाग न हो सके ऐसा सूक्ष्म अवयव ; (ठा १, १) । २ कर्म-दल का संचय ; (नव ३१) । ३ स्थान, जगह ; (कुमा ६, ५६) । ४ देश का एक भाग, प्रान्त ; (कुमा ६) । ५ परिमाण-विशेष, निरंश-अवयव-परिमित माप ; ६ छोटा भाग ; ७ परमाणु ; ८ द्वयणुक ; ९ त्र्यणुक, तीन परमाणुओं का समूह ; (राज) । °**कम्म** न [°**कर्मन्**] कर्म-विशेष, प्रदेश-रूप कर्म ; (भग) । °**ग्ग** न [°**ाग्र**] कर्मों के दलिकों का परिमाण ; (भग) । °**घण** वि [°**घन**] निविड प्रदेश ; (औप) । °**णाम** न [°**नामन्**] कर्म-विशेष ; (ठा ६) । °**णाम** पुं [°**नाम**] कर्म-द्रव्यों का परिणाम ; (ठा ६) । °**बंध** पुं [°**बन्ध**] कर्म-दलों का आत्म-प्रदेशों के साथ संबन्धन ; (सम ९) । °**संकम** पुं [°**संक्रम**] कर्म-द्रव्यों को भिन्न स्वभाव-वाले कर्मों के रूप में परिणत करना ; (ठा ४, २) ।

पएसण न [**प्रदेशन**] उपदेश ; " पएसणयं णाम उवएसो " (आचू १) ।

पएसय त्रि [**प्रदेशक**] उपदेशक, प्रदर्शक ; " सिद्धिपहपए-सए वंदे" (विसे १०२५) ।

पएसि पुं [**प्रदेशिन्**] स्वनाम-ख्यात एक राजा, जो श्री पार्श्वनाथ भगवान् के केशि-नामक गणधर से प्रबुद्ध हुआ था ; (राय ; कुप्र १४५ ; श्रा ६) ।

पएसिणी स्त्री [दे] पड़ोस में रहने वाली स्त्री ; (दे ६, ३ टी) ।

पएसिणी स्त्री [**प्रदेशिनी**] अंगुष्ठ के पास की उंगली, तर्जनी ; (ओघ ३६०) ।

पएसिय देखो **पदेसिय** ; (राज) ।

पओअ देखो **पओग** ; (हे १, २४५ ; अभि ९ ; सण ; पि ८५) ।

पओअण न [**प्रयोजन**] १ हेतु, निमित्त, कारण ; (सूअ १, १२) । २ कार्य, काम ; ३ मतलब ; (महा ; उत्त २३ ; स्वप्न ४८) ।

पओइद (शौ) वि [**प्रयोजित**] जिसका प्रयोग कराया गया हो वह ; (नाट—विक्र १०३) ।

पओग पुं [**प्रयोग**] १ शब्द-योजना ; (भास ६३) । २ जीव का व्यापार, चेतन का प्रयत्न ; "उप्पाए दुविगप्पे पओ-गजणिए य विस्ससा चेव" (सम २५ ; ठा ३, १ ; सम्म १२९ ; स ५२४) । ३ प्रेरणा ; (श्रा १४) । ४ उपाय ; (आवू १) । ५ जीव के प्रयत्न में कारण-भूत मन आदि ; (ठा ३, ३) । ६ वाद-विवाद, शास्त्रार्थ ; (दसा ४) । °**कम्म** न [°**कर्मन्**] मन आदि की चेष्टा से आत्म-प्रदेशों के साथ बँधने वाला कर्म ; (राज) । °**करण** न [°**करण**] जीव के व्यापार द्वारा होने वाला किसी वस्तु का निर्माण ; " होइ उ एगो जीववावारो तेण जं विणिम्माणं पओगकरणं तयं बहुहा" (विसे) । °**किरिया** स्त्री [°**क्रिया**] मन आदि की चेष्टा ; (ठा ३, ३) । °**फड्डय** न [°**स्पर्धक**] मन आदि के व्यापार-स्थान की वृद्धि-द्वारा कर्म-परमाणुओं में बढ़ने वाला रस ; (कम्मप २३) । °**बंध** पुं [°**बन्ध**] जीव-प्रयत्न द्वारा होने वाला बन्धन ; (भग १८, ३) । °**मइ** स्त्री [°**मति**] वाद-विषयक परिज्ञान ; (दसा ४) । °**संपया** स्त्री [°**संपत्**] आचार्य का वाद-विषयक सामर्थ्य ; (ठा ८) । °**सा** अ [**प्रयोगेण**] जीव-प्रयत्न से ; (पि ३६४) ।

पओट्ठ देखो **पउट्ठ** = प्रकोष्ठ ; (प्राप्र ; औप ; पि ८४) ।

पओत्त न [**प्रतोत्र**] प्रतोद, प्राजन-यष्टि, पैना । °**धर** पुं [°**धर**] बैल गाड़ी हाँकने वाला, बहलवान ; (णाया १, १) ।

पओद पुं [**प्रतोद**] ऊपर देखो ; (औप) ।

पओप्पय पुं [**प्रपौत्रक**] १ प्रपौत्र, पौत्र का पुत्र ; २ प्रशिष्य का शिष्य ; " तेणं कालेणं तेणं समएणं विमलस्स अरहओ पओप्पए धम्मघोसे नामं अणगारे " (भग ११, ११—पत्र ५४८) ।

पओप्पय पुं [दे. **प्रपौत्रिक**] १ वंश-परम्परा ; २ शिष्य-संतति, शिष्य-संतान ; (भग ११, ११—पत्र ५४८ टी) ।

पओल पुं [**पटोल**] पटोल, परवर, परोरा ; (पण्ण १) ।

पओली स्त्री [**प्रतोली**] १ नगर के भीतर का रास्ता ; (अणु) । २ नगर का दरवाजा ; " गोउरं पओली य " (पाअ ; सुपा २६१ ; श्रा १२ ; उप पृ ८५ ; भवि) ।

पओवट्ठाव देखो **पज्जवत्थाव** । पओवट्ठावेहि ; (पि २८४) ।

पओवाह पुं [**पयोवाह**] मेघ, बादल ; (पउम ८, ४९ ; से १, २४ ; सुर २, ८५) ।

पओस पुं [दे. **प्रद्वेष**] प्रद्वेष, प्रकृष्ट द्वेष ; (ठा १० ; अंत ; राय ; आव ४ ; सुर १५, ५८ ; पुप्फ ४६५ ; कम्म १ ; महानि ४ ; कुप्र १० ; स ६६६) ।

पओस पुंन [**प्रदोष**] १ सन्ध्याकाल, दिन और रात्रि का सन्धि-काल ; (म १, ३४ ; कुमा)। २ वि. प्रभूत दोषों से युक्त ; (से २, ११)।

पओहण (अप) देखो **पवहण** ; (भवि)।

पओहर पुं [**पयोधर**] १ स्तन, थन ; (पाअ ; से १, २४ ; गउड ; सुर २, ८५)। २ मेघ, बादल ; (वज्जा १००)। ३ छन्द-विशेष ; (पिंग)।

पंक पुंन [**पङ्क**] १ कर्दम, कादा, कीच ; "धम्ममित्तं पि नो लग्गं पंकंव गयणंगणे" (श्रा २८ ; हे १, ३० ; ४, ३५७ ; प्रासू २५), "सुसइ व पंकं" (वज्जा १३४)। २ पाप ; (सूअ २, २)। ३ असंयम, इन्द्रिय वगैरः का अ-निग्रह ; (निचू १)। °**आवलिआ** स्त्री [°**ावलिका**] छन्द-विशेष; (पिंग)। °**प्पभा** स्त्री [°**प्रभा**] चौथी नरक-भूमि ; (ठा ७ ; इक)। °**बहुल** वि [°**बहुल**] १ कर्दम-प्रचुर ; (सम ६०)। २ पाप-प्रचुर ; (सूअ २, २)। ३ रत्नप्रभा-नामक नरक-भूमि का प्रथम काण्ड ; (जीव ३)। °**य** न [°**ज**] कमल, पद्म ; (हे ३, २६ ; गउड ; कुमा)। °**वई** स्त्री [°**वती**] नदी-विशेष ; (ठा २, ३—पत्र ८०)।

पंका स्त्री [**पङ्का**] चतुर्थ नरक-भूमि ; (इक ; कम्म ३, ५)।

पंकावई स्त्री [**पङ्कावती**] पुष्कल-नामक विजय के पश्चिम तरफ की एक नदी ; (इक ; जं ४)।

पंकिय वि [**पङ्कित**] पंक-युक्त, कीच वाला; (भग ६, ३ ; भवि)।

पंकिल वि [**पङ्किल**] कर्दम वाला ; (श्रा २८ ; गा ७६६ ; कप्पू ; कुप्र १८७)।

पंकेरुह न [**पङ्केरुह**] कमल, पद्म ; (कप्पू ; कुप्र १४१)।

पंख पुंस्त्री [**पक्ष**] १ पंख, पाँखि, पत्त ; (पि ७४ ; राय ; पउम ११, ११८ ; श्रा १४)। २ पनरह दिन, पखवाड़ा ; (राज)। °**ासण** न [°**ासन**] आसन-विशेष ; (राय)।

पंखि पुंस्त्री [**पक्षिन्**] पंखी, चिड़िया, पक्षी ; (श्रा १४)। स्त्री—°**णी** ; (पि ७४)।

पंखुडिआ } स्त्री [**दे**] पंख, पत्त ; (कुप्र २६; दे ६, ८)।
पंखुडी }

पंग सक [**ग्रह्**] ग्रहण करना। पंगइ ; (हे ४, २०६)।

पंगण न [**प्राङ्गण**] आँगन ; (कुप्र २५०)।

पंगु वि [**पङ्गु**] पाद-विकल, लञ्ज, खोड़ा ; (पाअ ; पि ३८०; पिंग)।

पंगुर सक [**प्रा + वृ**] ढकना, आच्छादन करना। पंगुरइ ; (भवि)। संकृ—**पंगुरिवि** ; (भवि)।

पंगुरण न [**प्रावरण**] वस्त्र, कपड़ा ; (हे १, १७५ ; कुमा ; गा ७८२)।

पंगुल वि [**पङ्गुल**] देखो **पंगु**; (विपा १, १; सं ७५;पाअ)।

पंच त्रि. ब. [**पञ्चन्**] पाँच, ५ ; (हे ३, १२३ ; कप्प ; कुमा)। °**उल** न [°**कुल**] पंचायत ; (स २२२)। °**उलिय** पुं [°**कुलिक**] पंचायत में बैठ कर विचार करने वाला ; (स २२२)। °**कत्तिय** पुं [°**कृत्तिक**] भगवान् कुन्थुनाथ, जिनके पाँचों कल्याणक कृत्तिका नक्षत्र में हुए थे ; (ठा ५, १)। °**कप्प** पुं [°**कल्प**] श्रीभद्रबाहुस्वामि-कृत एक प्राचीन ग्रन्थ का नाम ; (पंचभा)। °**कल्लाणय** न [**कल्याणक**] १ तीर्थंकर का च्यवन, जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान और निर्वाण ; २ काम्पिल्यपुर, जहां तेरहवें जिन-देव श्रीविमलनाथ के पाँचों कल्याणक हुए थे ; (ती २४)। ३ तप-विशेष ; (जीत)। °**कोट्ठग** वि [°**कोष्ठक**] १ पाँच कोष्ठों से युक्त ; २ पुं. पुरुष ; (तंदु)। °**गव्व** न [°**गव्य**] गौ के ये पाँच पदार्थ—दही, दूध, घृत, गोमय और मूत्र, पंचगव्य ; (कप्पू)। °**गाह** न [°**गाथ**] गाथा-छन्द-वाले पाँच पद्य ; (कस)। °**गुण** वि [°**गुण**] पाँच-गुना ; (ठा ५, ३)। °**चित्त** पुं [°**चित्र**] षष्ठ जिन-देव श्रीपद्मप्रभ, जिनके पाँचों कल्याणक चित्रा नक्षत्र में हुए थे ; (ठा ५, १ ; कप्प)। °**जाम** न [°**याम**] १ अहिंसा, सत्य, अ-चौर्य, ब्रह्मचर्य और त्याग ये पाँच महाव्रत ; २ वि. जिसमें इन पाँच महाव्रतों का निरूपण हो वह ; (ठा ६)। °**णउइ** स्त्री [°**नवति**] पंचानवे, ६५ ; (कालं)। °**णउय** वि [°**नवत**] ६५ वाँ ; (कालं)। °**तालीस** (अप) स्त्रीन [°**चत्वारिंशत्**] पैंतालीस, ४५ ; (पिंग ; पि ४४५)। °**तित्थी** स्त्री [°**तीर्थी**] पाँच तीर्थों का समुदाय ; (धर्म २)। °**तीसइम** वि [°**त्रिंशत्तम**] पैंतीसवाँ, ३५ वाँ ; (पण्ण ३५)। °**दस** त्रि. ब. [°**दशन्**] पनरह, १५ ; (कप्पू)। °**दसम** वि [°**दशम**] पनरहवाँ, १५ वाँ ; (गाया १, १)। °**दसी** स्त्री [°**दशी**] १ पनरहवीं, १५ वीं; (विसे ५७६)। २ पूर्णिमा ; ३ अमावास्या ; (सुज्ज १०)। °**दसुत्तरसय** वि [°**दशोत्तरशततम**] एक सौ पनरहवाँ, ११५ वाँ ; (पउम ११५, २८)। °**नउइ** देखो °**णउइ** ; (पि ४४७)। °**नाणि** वि [°**ज्ञानिन्**] मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यव और

केवल इन पाँचों ज्ञानों से युक्त, सर्वज्ञ; (सम्म ६६)। °पव्वी स्त्री [°पर्वी] मास की दो अष्टमी, दो चतुर्दशी और शुक्ल पंचमी ये पाँच तिथियाँ ; (रयण २६) । °पुव्वासाढ पुं [°पूर्वाषाढ] दसवें जिन-देव श्रीशीतलनाथ, जिनके पाँचों कल्याणक पूर्वाषाढा नक्षत्र में हुए थे ; (ठा ५, १) । °पूस पुं [°पुष्य] पनरहवें जिन-देव श्रीधर्मनाथ ; (ठा ५, १) । °बाण पुं [°बाण] काम-देव ; (सुर ४, २४६ ; कुमा) । °भूय न [°भूत] पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाश ये पाँच पदार्थ ; (सूअ १, १, १) । °भूयवाइ वि [°भूतवादिन्] आत्म आदि पदार्थों को न मान कर केवल पाँच भूतों को ही मानने वाला, नास्तिक ; (सूअ १, १, १) । महव्वइय वि [°महाव्रतिक] पाँच महाव्रतों वाला ; (सूअ २, ७) । °महव्वय न [°महाव्रत] हिंसा, असत्य, चोरी, मैथुन, और परिग्रह का सर्वथा परित्याग ; (पगह २, ५) । °महाभूय न [°महाभूत] पृथिवी, जल, अग्नि, वायु और आकाश ये पाँच पदार्थ ; (विसे) । °मुट्ठिय वि [°मुष्टिक] पाँच मुष्टिओं का, पाँच मुष्टिओं से पूर्ण किया जाता (लोच) ; (गाया १, १ः कप्प ; महा) । °मुह पुं [°मुख] सिंह, पंचानन; (उप १०३१ टी) । °यसी देखो °दसी ; (पउम ६६, १४) । °रत्त, °राय पुं [°रात्र] पाँच रात ; (मा ४३ ; पगह २, ५—पत्त १४६) । °रासिय न [°राशिक] गणित-विशेष ; (ठा ४, ३) । °रूविय वि [°रूपिक] पाँच प्रकार के वर्ण वाला ; (ठा ४, ४) । °वत्थुग न [°वस्तुक] आचार्य हरिभद्रसूरि-रचित ग्रन्थ-विशेष ; (पंचव १, १) । °वरिस वि [°वर्ष] पाँच वर्ष की अवस्था वाला ; (सुर २, ७३) । °विह वि [°विध] पाँच प्रकार का ; (अणु) । °वीसइम वि [°विंशतितम] पचीसवाँ ; (पउम २५, २६) । °संगह पुं [°संग्रह] आचार्य श्रीहरिभद्रसूरि-कृत एक जैन ग्रन्थ ; (पंच १) । °संवच्छरिय वि [°सांवत्सरिक] पाँच वर्ष परिमाण वाला, पाँच वर्ष की आयु वाला ; (सम ७५) । °सट्ठ वि [°षष्ट] पैंसठवाँ, ६५वाँ ; (पउम ६५, ५१) । °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] पैंसठ, ६५ ; (कप्प) । °समिय वि [°समित] पाँच समितिओं का पालन करने वाला ; (सं ८) । °सर पुं [°शर] काम-देव ; (पाअ ; सुर २, ८३ ; सुपा ६० ; रंभा) । °सीस पुं [°शीर्ष] देव-विशेष ; (दीव) । °सुण्ण न [°शून्य] पाँच प्राणि-वध-स्थान ; (सूअ १, १, ४) । °सुत्तग न [°सूत्रक] आचार्य-श्रीहरिभद्रसूरि निर्मित एक जैन ग्रन्थ ; (पंसू १) । °सेल, °सेलग, °सेलय पुं [°शैल, °क] लवणोदधि में स्थित और पाँच पर्वतों से विभूषित एक छोटा द्वीप ; (महा ; बृह ४) । °सोगंधिअ वि [°सौगन्धिक] इलायची, लवंग, कपूर, कक्कोल और जातिफल इन पाँच सुगन्धित वस्तुओं से संस्कृत ; "नन्नत्थ पंचसोगंधिएणं तंबोलेणं, अवसेस-मुह-वासविहिं पच्चक्खामि" (उवा) । °हत्तर वि [°सप्तत] पचहत्तरवाँ, ७५ वाँ ; (पउम ७५, ८६) । °हत्तरि स्त्री [°सप्तति] १ संख्या-विशेष, ७५ ; २ जिनकी संख्या पचहत्तर हो वे ; (पि २६४ ; कप्प) । °हत्थुत्तर पुं [°हस्तोत्तर] भगवान् महावीर, जिनके पाँचों कल्याणक उत्तरफाल्गुनी-नक्षत्र में हुए थे ; (कप्प) । °उह पुं [°युध] कामदेव ; (सण) । °णउइ स्त्री [°नवति] १ संख्या-विशेष, पंचानवे, ६५ ; २ जिनकी संख्या पंचानवे हो वे ; (सम ६७ ; पउम २०, १०३ ; पि ४४०) । °णउय वि [°नवत] पंचानवाँ, ६५ वाँ; (पउम ६५, ६६) । °णण पुं [°नन] सिंह, गजेन्द्र ; (सुपा १७६ ; भवि) । °णुव्वइय वि [°णुव्रतिक] हिंसा, असत्य, चोरी, मैथुन और परिग्रह का आंशिक त्याग वाला ; (उवा ; औप ; णाया १, १२) । °याम देखो °जाम ; (बृह ६) । °स स्त्रीन [°शत्] १ संख्या-विशेष, पचास, ५० ; २ जिनकी संख्या पचास हो वे ; "पंचासं अज्जियासा-हस्सीओ" (सम ७०) । °सग न [°शक] आचार्य श्रीहरिभद्रसूरि-कृत एक जैन ग्रन्थ ; (पंचा) । °सीइ स्त्री [°शीति] १ संख्या-विशेष, अस्सी और पाँच, ८५ ; २ जिनकी संख्या पचासी हो वे ; (सम ६२ ; पि ४४६) । °सीइम वि [°शीतितम] पचासीवाँ, ८५ वाँ ; (पउम ८५, ३१ ; कप्प ; पि ४४६) ।

पंचअण्ण देखो **पंचजण्ण** ; (गउड) ।

पंचंग न [**पञ्चाङ्ग**] १ दो हाथ, दो जानू और मस्तक ये पाँच शरीरावयव ; २ वि. पूर्वोक्त पाँच अंग वाला ; (प्रणाम आदि) "पंचंगं करिय ताहे पणिवायं" (सुर ४, ६८) ।

पंचंगुलि पुं [**दे**] एरण्ड-वृक्ष, रेंडी का गाछ ; (दे ६, १७) ।

पंचंगुलि पुं [**पञ्चाङ्गुलि**] हस्त, हाथ ; (गाया १, १ ; कप्प) ।

पंचंगुलिआ स्त्री [**पञ्चाङ्गुलिका**] वल्ली-विशेष ; (पण्ण १—पत्र ३३) ।

पंचग न [**पञ्चक**] पाँच का समूह ; (आचा) ।

पंचजण्ण पुं [**पाञ्चजन्य**] श्रीकृष्ण का शंख ; (कप्र ८६२ ; गा ६७४) ।

पंचत्त, **पंचत्तण** न [**पञ्चत्व**] १ पाँचपन, पञ्चरूपता ; (सुर १, ५) । २ मरण, मौत ; (सुर १, ५ ; सण ; उप पृ १२५) ।

पंचपुल पुंन [**दे**] मत्स्य-बन्धन विशेष, मछली पकड़ने की जाल-विशेष ; (विपा १, ८—पत्र ८५ टि) ।

पंचम वि [**पञ्चम**] १ पाँचवाँ ; (उवा) । २ स्वर-विशेष ; (ठा ७) । °**धारा** स्त्री [°**धारा**] अश्व की एक तरह की गति ; (महा) ।

पंचमासिअ वि [**पाञ्चमासिक**] १ पाँच मास की उम्र का ; २ पाँच मास में पूर्ण होने वाला (अभिग्रह आदि) ; स्त्री—°**आ** ; (सम २१) ।

पंचमिय वि [**पाञ्चमिक**] पाँचवाँ, पंचम ; (ओघ ६१) ।

पंचमी स्त्री [**पञ्चमी**] १ पाँचवीं ; (प्रामा) । २ तिथि-विशेष, पंचमी तिथि ; (सम २६ ; श्रा २८) । ३ व्याकरण-प्रसिद्ध अपादान विभक्ति ; (अणु) ।

पंचयन्न देखो **पञ्चजण्ण** ; (गाया १, १६ ; सुपा २६४) ।

पंचलोइया स्त्री [**पञ्चलौकिका**] भुजपरिसर्प-विशेष, हाथ से चलने वाले सर्प-जातीय प्राणी की एक जाति ; (जीव २) ।

पंचवडी स्त्री [**पञ्चवटी**] पाँच वट-वृक्ष वाला एक स्थान, जहां श्रीरामचन्द्रजी ने अपने वनवास के समय आवास किया था, इस स्थान का अस्तित्व कई लोग 'नासिक' नगर के पास गोदावरी नदी के किनारे मानते हैं, जब कि आधुनिक गवेषक लोग बस्तर रजवाड़े के दक्षिणी छोर पर, गोदावरी के किनारे, इसका होना सिद्ध करते हैं ; (उत्तर ८१) ।

पंचाल पुं. ब. [**पञ्चाल**, **पाञ्चाल**] १ देश-विशेष, पञ्जाब देश ; (गाया १, ८ ; महा ; पण्ण १) । २ पुं. पञ्जाब देश का राजा ; (भवि) । ३ छन्द-विशेष ; (पिंग) ।

पंचालिआ स्त्री [**पञ्चालिका**] पुतली, काष्ठादि-निर्मित छोटी प्रतिमा ; (कप्पू) ।

पंचालिआ स्त्री [**पाञ्चालिका**] १ द्रुपद-राज की कन्या, द्रौपदी ; (वेणी ११८) । २ गान का एक भेद ; (कप्पू) ।

पंचावण्ण, **पंचावन्न** स्त्रीन [**दे. पञ्चपञ्चाशत्**] १ संख्या-विशेष, पचपन, ५५ ; २ जिनकी संख्या पचपन हो वे ; (हे २, १७४ ; दे २, २७ ; दे २, २७ टि) ।

पंचावन्न वि [**दे. पञ्चपञ्चाश**] पचपनवाँ ; (पउम ५५, ६१) ।

पंचिंदिय, **पंचिंद्रिय** वि [**पञ्चेन्द्रिय**] १ वह जीव जिसको त्वचा, जीभ, नाक, आँख और कान ये पाँचों इन्द्रियाँ हों ; (पण्ण १ ; कप्प ; जीव १ ; भवि) । २ न. त्वचा आदि पाँच इन्द्रियाँ ; (धर्म ३) ।

पंचुंबर स्त्रीन [**पञ्चोदुम्बर**] वट, पीपल, उदुम्बर, प्लक्ष और काकोदुम्बरी का फल ; (भवि) । स्त्री °**री** ; (श्रा २०) ।

पंचुत्तरसय वि [**पञ्चोत्तरशततम**] एक सौ पाँचवाँ, १०५वाँ ; (पउम १०५, ११५) ।

पंचेडिय वि [**दे**] विनाशित ; "जेण लायण्ण लोअणगं फेडियं दुक्कंदप्पदप्पं च पंचेडियं" (भवि) ।

पंचेसु पुं [**पञ्चेषु**] कामदेव, कंदर्प ; (कप्पू ; रंभा) ।

पंछि पुं [**पक्षिन्**] पक्षी, पखी, परेरू, चिड़िया ; (उा १०३१ टी) ।

पंजर न [**पञ्जर**] पिंजरा, पिंजड़ा ; (गउड ; कप्प ; अच्चु २) ।

पंजरिय वि [**पञ्जरित**] पिंजरे में बँद किया हुआ ; (गउड) ।

पंजल वि [**प्राञ्जल**] सरल, सीधा, ऋजु ; (सुपा ३२४ ; वज्जा ३०) ।

पंजलि पुंस्त्री [**प्राञ्जलि**] प्रणाम करने के लिए जोड़ा हुआ कर-संपुट, हस्त-न्यास-विशेष, संयुक्त कर-द्वय ; (उवा) । °**उड** पुं [°**पुट**] अञ्जलि-पुट, संयुक्त कर-द्वय ; (सम १५१ ; औप) । °**उड**, °**कड** वि [**कृतप्राञ्जलि**] जिसने प्रणाम के लिए हाथ जोड़ा हो वह ; (भग ; औप) ।

पंड वि [**पाण्ड्य**] देश-विशेष में उत्पन्न । स्त्री °**डी** ; "पंडीणं गंडवालीपुलअणचवला" (कप्पू) ।

पंड, **पंडग**, **पंडय** पुं [**पण्ड**, °**क**] १ नपुंसक, क्लीब ; ([illegible] ; सम १५ ; पाग्र) । २ न. [illegible] ; (ठा २, ३ ; इक) ।

पंडय देखो **पंडव** ; (हे १, ७०) ।

पंडर पुं [**पाण्डुर**] १ [illegible] देव ; (राज) । २ श्वेत वर्ण, सफेद रंग ; ३ वि. [illegible]

वर्ण वाला, सफेद ; (कप्प)। °भिक्खु पुं [°भिक्षु] श्वेताम्बर जैन संप्रदाय का मुनि ; (स ५५२)।

पंडर देखो **पंडुर** ; (स्वप्न ७१)।

पंडरंग पुं [**दे**] रुद्र, महादेव, शिव ; (दे ६, २३)।

पंडरंगु पुं [**दे**] ग्रामेश, गाँव का अधिपति ; (षड्)।

पंडरिय देखो **पंडुरिअ** ; (भवि)।

पंडव पुं [**पाण्डव**] राजा पाण्डु का पुत्र—१ युधिष्ठिर, २ भीम, ३ अर्जुन, ४ सहदेव और ५ नकुल ; (णाया १, १६ ; उप ६४८ टी)।

पंडविअ वि [**दे**] जलार्द्र, पानी से भीजा हुआ ; (दे ६, २०)।

पंडिअ वि [**पण्डित**] १ विद्वान्, शास्त्रों के मर्म को जानने वाला, बुद्धिमान्, तत्वज्ञ ; "कामज्झया णामं गणिया होत्था बावत्तरीकलापंडिया" (विपा १, २ ; प्रासू ७४ ; १२६)। २ संयत, साधु ; (सूअ १, ८, ६)। °मरण न [°मरण] साधु का मरण, शुभ मरण-विशेष ; (भग ; पञ्च ४६)। °माण वि [°म्मन्य] विद्याभिमानी, निज को पण्डित मानने वाला, दुर्विदग्ध ; (ओघ २७ भा)। °माणि वि [°मानिन्] देखो पूर्वोक्त अर्थ ; (पउम १०५, २१ ; उप १३४ टी)। °वीरिअ न [°वीर्य] संयत का आत्म-बल ; (भग)।

पंडिच्च } न [**पाण्डित्य**] पण्डिताई, विद्वत्ता, वैदुष्य ;
पंडित्त } (उव ; सुर १२, ६८ ; सुपा २६ ; रंभा ; सं ५७)।

पंडी देखो **पंड**=पाण्ड्य।

पंडीअ (अप) देखो **पंडिअ** ; (पिंग)।

पंडु पुं [**पाण्डु**] १ नृप-विशेष, पाण्डवों का पिता ; (उप ६४८ टी ; सुपा २७०)। २ रोग-विशेष, पाण्डु-रोग ; (जं १)। ३ वर्ण-विशेष, शुक्ल और पीत वर्ण ; ४ श्वेत वर्ण ; ५ वि शुक्ल और पीत वर्ण वाला ; (कप्पू ; गउड)। ६ सफेद, श्वेत ; "सेअं सिअं वलक्खं अवदायं पंडु धवलं च" (पाअ ; गउड)। ७ शिला-विशेष, पाण्डु-कम्बला-नामक शिला ; (जं ४ ; इक)। °कंबलसिला स्त्री [°कम्बलशिला] मेरु पर्वत के पाण्डक वन के दक्षिण छोर पर स्थित एक शिला, जिस पर जिन-देवों का जन्माभिषेक किया जाता है ; (जं ४)। °कंबला स्त्री [°कम्बला] वही पूर्वोक्त अर्थ ; (ठा २, ३)। °तणय पुं [°तनय] पाण्डुराज का पुत्र, पाण्डव ; (गउड ४८५)। °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि, जो आर्य संभूतिविजय के शिष्य थे ; (कप्प)। °मट्टिय, °मत्तिआ स्त्री [°मृत्तिका] एक प्रकार की सफेद मिट्टी ; (जीव १ ; पण्ण १—पत्र २५)। °महुरा स्त्री [°मथुरा] स्वनाम-ख्यात एक नगरी, पाण्डवों ने बनाई हुई भारतवर्ष के दक्षिण तरफ की एक नगरी का नाम ; (णाया १, १६—पत्र २२५ ; अंत)। °राय पुं [°राज] राजा पाण्डु, पाण्डवों का पिता ; (णाया १, १६)। °सुय पुं [°सुत] पाण्डव ; (उप ६४८ टी)। °सेण पुं [°सेन] पाण्डवों का द्रौपदी से उत्पन्न एक पुत्र ; (णाया १, १६ ; उप ६४८ टी)।

पंडुइय वि [**पाण्डुकित**] १ श्वेत रंग का किया हुआ ; (णाया १, १—पत्र २८)।

पंडुग } पुं [**पाण्डुक**] १ चक्रवर्ती की आन्यों की पूर्ति
पंडुय } करने वाला एक निधि ; (राज ; ठा २, १—पत्र ४४ ; उप ६८६ टी)। २ सर्प की एक जाति ; (आचू १)। ३ न. मेरु पर्वत पर स्थित एक वन, पाण्डक-वन ; (सम ६६)।

पंडुर पुं [**पाण्डुर**] १ श्वेत वर्ण, सफेद रंग ; २ पीत-मिश्रित श्वेत वर्ण ; ३ वि. सफेद वर्ण वाला ; ४ श्वेत-मिश्रित पीत वर्ण वाला ; (कप्प ; उव ; से ८, ४६)। °ज्जा स्त्री [°र्या] एक जैन साध्वी का नाम ; (आवम)। °ट्ठिय पुं [°ास्थिक] एक गाँव का नाम ; (आचू १)।

पंडुरग } पुं [**पाण्डुरक**] १ शिव-भक्त संन्यासियों की
पंडुरय } एक जाति ; (णाया १, १५—पत्र १६३)। २ देखो **पंडुर** ; "केसा पंडुरया हवंति ते" (उत ३)।

पंडुरिअ } वि [**पाण्डुरित**] पाण्डुर वर्ण वाला बना
पंडुलइय } हुआ ; (गा ३८८ ; विपा १, २—पत्र २७)।

पंत वि [**प्रान्त**] १ अन्त-वर्ती, अन्तिम ; (भग ६, ३३)। २ अशोभन, असुन्दर ; (आचा ; ओघ १७ भा)। ३ इन्द्रियों का अननुकूल, इन्द्रिय-प्रतिकूल ; (पण्ह २, ५)। ४ अभद्र, असभ्य, अशिष्ट ; (ओघ ३६ टी)। ५ अपसद, नीच, दुष्ट ; (णाया १, ८)। ६ दरिद्र, निर्धन ; (ओघ ६१)। ७ जीर्ण, फटा-टूटा ; "पंतवत्थ—" (बृह ३)। ८ व्यापन्न, विनष्ट ; "णिप्फावचणगमाई अंतं, पंतं च होइ वावन्नं" (बृह १ ; आचा)। ६ नीरस, सूखा ; (उत ८)। १० भुक्तावशिष्ट, खा लेने पर बचा हुआ ; ११ पर्युषित, बासी ; (णाया १, ५—पत्र १११)। °कुल न [°कुल] नीच कुल, जघन्य जाति ;

(ठा ८)। °चर वि [°चर] नीरस आहार की खोज करने वाला तपस्वी; (पराह २, १)। °जीवि वि [°जीविन्] नीरस आहार से शरीर-निर्वाह करने वाला; (ठा ५, १)। °हार वि [°हार] लूखा-सूखा आहार करने वाला; (ठा ५, १)।

पंति स्त्री [पङ्क्ति] १ पंक्ति, श्रेणी; (हे १, २५; कुमा; कप्प)। २ सेना-विशेष, जिसमें एक हाथी, एक रथ, तीन घोड़े और पाँच पदाती हों ऐसी सेना; (पउम ५६, ४)।

पंति स्त्री [दे] वेणी, केश-रचना; (दे ६, २)।

पंतिय स्त्रीन [पङ्क्ति] पंक्ति, श्रेणी; "सराणि वा सरपंतियाणि वा सरसरपंतियाणि वा" (आचा २, ३, ३, २)। स्त्री—"पंतियाओ" (अणु)।

पंथ पुं [पन्थ, पथिन्] मार्ग, रास्ता; "पंथं किर देसित्ता" (हे १, ८८); "पंथम्मि पहपरिब्भट्ठं" (सुपा ५५०; हेका ५४; प्रासू १७३)।

पंथ पुं [पान्थ] पथिक, मुसाफिर; (हे १, ३०; अच्चु ७४)। °कुट्टण न [°कुट्टन] मार-पीट कर मुसाफिरों को लूटना; (णाया १, १८)। °कोट्ट पुं [°कुट्ट] वही अर्थ; (विपा १, १—पत्र ११)। °कोट्टि स्त्री [°कुट्टि] वही अर्थ; "से चोरसेणावई गामघायं वा जाव पंथकोट्टिं वा काउं वच्चति" (णाया १, १८)।

पंथग पुं [पान्थक] एक जैन मुनि; (णाया १, ५; धम्म ६ टी)।

पंथाण देखो **पंथ**=पन्थ, पथिन्; "पंथभाणे पंथाणंभाणे" (आउ ११)।

पंथिअ पुं [पन्थिक, पथिक] मुसाफिर, पान्थ; "पंथिअ ण एत्थ संथर" (काप्र १५८; महा; कुमा; णाया १, ८; वज्जा ६०; १५८)।

पंथुच्छुहणी स्त्री [दे] श्वशुर-गृह से पहली वार आनीत स्त्री; (दे ६, ३५)।

पंपुअ वि [दे] दीर्घ, लम्बा; (दे ६, १२)।

पंफुल वि [प्रफुल्ल] विकसित; (पिंग)।

पंफुलिअ वि [दे] गवेषित, जिसकी खोज की गई हो वह; (दे ६, १७)।

पंस सक [पांसय्] मलिन करना। पंसेई; (विसे ३०५२)।

पंसण वि [पांसन] कलङ्कित करने वाला, दूषण लगाने वाला; (हे १, ७०; सुपा ३४५)।

पंसु पुं [पांसु, पांशु] धूली, रज, रेणु; (हे १, २६; पाअ; आचा)। °कीलिय, °क्कीलिय वि [°क्रीडित] जिसके साथ वचपन में पांशु-क्रीडा की गई हो वह, वचपन का दोस्त; (महा; सण)। °पिसाय पुंस्त्री [°पिशाच] जो रेणु-लिप्त होने के कारण पिशाच के तुल्य मालूम पड़ता हो वह; (उत्त १२)। °मूलिय पुं [°मूलिक] विद्याधर, मनुष्य-विशेष; (राज)।

पंसु पुं [पर्शु] कुठार; (हे १, २६)।

पंसु देखो **पसु**; (षड्)।

पंसुल पुं [दे] १ कोकिल, कोयल; २ जार, उपपति; (दे ६, ६६)। ३ वि. रुद्ध, रोका हुआ; (षड्)।

पंसुल पुं [पांसुल] १ पुंश्चल, परस्त्री-लम्पट; (गा ५१०; ५६६)। २ वि. धूलि-युक्त; (गउड)।

पंसुला स्त्री [पांसुला] कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री; (कुमा)।

पंसुलिअ वि [पांसुलित] धूलि-युक्त किया हुआ; "पंसुलिअकरेण" (गउड)।

पंसुलिआ स्त्री [दे. पांशुलिका] पार्श्व की हड्डी; (पव २५३)।

पंसुली स्त्री [पांसुली] कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री; (पाअ; सुर १५, २; हे २, १७६)।

पकंथ देखो **पगंथ**; (आचा १, ६, २)।

पकंथग पुं [प्रकन्थक] अश्व-विशेष; (ठा ४, ३—पत्र २४८)।

पकंप पुं [प्रकम्प] कम्प, काँपना; (आव ४)।

पकंपण न [प्रकम्पन] ऊपर देखो; (सुपा ६५१)।

पकंपिअ वि [प्रकम्पित] प्रकम्प-युक्त, काँपा हुआ; (आव २)।

पकंपिर वि [प्रकम्पितृ] काँपने वाला; (उप पृ १३२)। स्त्री—°री; (रंभा)।

पकड्ढ देखो **पगड्ढ**। कवकृ—**पकड्ढिज्जमाण**; (औप)।

पकड्ढ वि [प्रकृष्ट] १ प्रकर्ष-युक्त; २ खींचा हुआ; (औप)।

पकड्ढण न [प्रकर्षण] आकर्षण, खींचाव; (निचू २०)।

पकत्थ सक [प्र+कत्थ्] श्लाघा करना, प्रशंसा करना। पकत्थइ; (सूअ १, ४, १, १६; पि ५४३)।

पकप्प अक [प्र + क्लृप्] १ काम में आना, उपयोग में आना। २ काटना, छेदना। कृ—**पकप्प** ; (ठा ५, १ पत्र ३००)। देखो **पगप्प**=प्र + क्लृप्।

पकप्प सक [प्र + कल्पय्] १ करना, बनाना। २ संकल्प करना। "वासं वयं वित्ति पकप्पयामो" (सूत्र २, ६, ५२)।

पकप्प पुं [प्रकल्प] १ उत्कृष्ट आचार, उत्तम आचरण ; (ठा ४, ३)। २ अपवाद, बाधक नियम ; (उप ६७७ टी ; निचू १)। ३ अध्ययन-विशेष 'आचारांग' सूत्र का एक अध्ययन ; ४ व्यवस्थापन ; "अट्ठावीसविहे आयार-पकप्पे" (सम २८)। ५ कल्पना ; ६ प्ररूपणा ; ७ विच्छेद, प्रकृष्ट छेदन ; (निचू १)। ८ जैन साधुओं का एक प्रकार का आचार, स्थविर-कल्प ; (पंचभा)। ९ एक महाग्रह, ज्योतिष देव-विशेष ; (सुज्ज २०)। °**गंथ** पुं [°ग्रन्थ] एक जैन प्राचीन ग्रन्थ, 'निशीथ' सूत्र ; (जीव १)। °**जइ** पुं [°यति] 'निशीथ' अध्ययन का जानकार साधु ; "धम्मो जिणपन्नत्तो पकप्पजइणा कहेयव्वो" (धर्म १)। °**धर** वि [°धर] 'निशीथ' अध्ययन का जानकार ; (निचू २०)। देखो **पगप्प**=प्रकल्प।

पकप्पणा स्त्री [प्रकल्पना] प्ररूपणा, व्याख्या ; "परुवणा ति वा पकप्पणा ति वा एगट्ठा" (निचू १)।

पकप्पिअ वि [प्रकल्पित] १ संकल्पित ; (द्र २)। २ निर्मित ; (महा)। ३ न. पूर्वोपार्जित द्रव्य ; "ण णो अत्थि, पकप्पियं" (सूत्र १, ३, ३, ४)। देखो **पगप्पिअ**।

पकय वि [प्रकृत] प्रवृत्त, कार्य में लगा हुआ ; (उप ६३०)।

पकर सक [प्र + कृ] १ करने का प्रारम्भ करना। २ प्रकर्ष से करना। ३ करना। पकरेइ, पकरंति, पकरेंति ; (भग ; पि ५०६)। वकृ—**पकरेमाण** ; (भग)। संकृ—**पकरित्ता** ; (भग)।

पकर देखो **पयर**=प्रकर ; (नाट—वेणी ७२)।

पकरणया स्त्री [प्रकरणता] करण, कृति ; (भग)।

पकहिअ वि [प्रकथित] जिसने कहने का प्रारम्भ किया हो वह ; (उप १०३१ टी ; वसु)।

पकाम न [प्रकाम] १ अत्यर्थ, अत्यन्त ; (गाया १, १ ; महा ; नाट—शकु २७)। २ पुं. प्रकृष्ट अभिलाप ; (भग ७, ७)।

पकाव (अप) सक [पच्] पकाना। पकावउ ; (पिंग ; पि ४५४)।

पकास देखो **पयास**=प्रकाश ; (पिंग)।

पकिट्ठ देखो **पगिट्ठ** ; (राज)।

पकिण्ण वि [प्रकीर्ण] १ उप्त, बोया हुआ ; २ दत्त, दिया हुआ ; "जहिं पकिण्णा (न्ना) विरुहंति पुण्णा" (उत्त १२, १३)। देखो **पइण्ण**=प्रकीर्ण।

पकिदि (शौ) देखो **पइइ**=प्रकृति ; (स्वप्न ६० ; अभि ६५)।

पकिन्न देखो **पकिण्ण** ; (उत्त १२, १३)।

पकुण देखो **पकर**=प्र + कृ। पकुणइ ; (कम्म १, ६०)।

पकुप्प अक [प्र + कुप्] क्रोध करना। पकुप्पंति ; (महानि ४)।

पकुप्पित (चूपै) वि [प्रकुपित] क्रुद्ध, कुपित ; (हे ४, ३२६)।

पकुविअ ऊपर देखो ; (महानि ४)।

पकुव्व सक [प्र + कृ, प्र + कुर्व्] १ करने का प्रारम्भ करना। २ प्रकर्ष से करना। ३ करना। पकुव्वइ ; (पि ५०८)। वकृ—**पकुव्वमाण** ; (सुर १६, २४ ; पि ५०८)।

पकुव्वि वि [प्रकारिन्, प्रकुर्विन्] १ करने वाला, कर्ता। २ पुं. प्रायश्चित्त देकर शुद्धि कराने में समर्थ गुरु ; (द्र ४६ ; ठा ८ ; पुप्फ ३५६)।

पकूविअ वि [प्रकूजित] ऊँचे स्वर से चिल्लाया हुआ ; (उप पृ ३३२)।

पकोट्ठ देखो **पओट्ठ** ; (राज)।

पकोव पुं [प्रकोप] गुस्सा, क्रोध ; (श्रा १४)।

पक्क वि [पक्व] पका हुआ ; (हे १, ४७ ; २, ७९ ; पाअ)।

पक्क वि [दे] १ दृप्त, गर्वित ; २ समर्थ, पक्का, पहुँचा हुआ ; (दे ६, ६४ ; पाअ)।

पक्कंत वि [प्रक्रान्त] प्रस्तुत, प्रकृत ; (कुमा २७)।

पक्कग्गाह पुं [दे] १ मकर, मगरमच्छ ; (दे ६, २३)। २ पानी में बसने वाला सिंहाकार जल-जन्तु ; (से ५, ५७)।

पक्कण वि [**दे**] १ अ-सहन, अ-सहिष्णु ; २ समर्थ, शक्त ; (दे ६, ६६)। ३ पुं. चाण्डाल ; (सं ६३)। ४ एक अनार्य देश; ५ पुंस्त्री. अनार्य देश-विशेष में रहने वाली एक मनुष्य-जाति ; (औप ; राज) ; स्त्री—°**णी** ; (णाया १, १ ; औप ; इक)। ६ पुं. एक नीच जाति का घर, शबर-गृह ; (पंरा ५२)। °**उल** न [°**कुल**] १ चाण्डाल का घर ; (बृह ३)। २ एक गर्हित कुल ; " पक्कणउले वसंतो सउणी इयरो वि गरहिओ होइ " (आव ३)।

पक्कणि वि [**दे**] १ अतिशय शोभमान, खूब शोभता हुआ ; २ भग्न, भाँगा हुआ ; ३ प्रियंवद, प्रिय-भाषी ; (दे ६, ६५)।

पक्कणिय पुंस्त्री [**दे**] एक अनार्य देश में रहने वाली मनुष्य-जाति ; (पण्ह १, १—पत्र १४ ; इक)।

पक्कन्न न [**पक्वान्न**] केवल घी में बनी हुई वस्तु, मिठाई आदि ; (सुपा ३८७)।

पक्कम सक [**प्र+क्रम्**] प्रकर्ष से समर्थ होना। पक्कमइ ; (भग १५—पत्र ६७८)।

पक्कम पुं [**प्रक्रम**] प्रस्ताव, प्रसंग ; (सुपा ३७४)।

पक्कल वि [**दे**] १ समर्थ, शक्त ; (हे २, १७४ ; पाअ ; सुर ११, १०४ ; वज्जा ३४)। २ दर्प-युक्त, गर्वित ; (सुर ११, १०४ ; गा ११८)। ३ प्रौढ ; "चत्तारि पक्कल-वइल्ला " (गा ८१२ ; पि ४३६)।

पक्कस देखो **वक्कस** ; (आचा)।

पक्कसावअ पुं [**दे**] १ शरभ ; २ व्याघ्र ; (दे ६, ७५)।

पक्काइय वि [**पक्वीकृत**] पकाया हुआ ; " पक्काइयमाउ-लिंगसारिच्छा " (वज्जा ६२)।

पक्किर सक [**प्र+कृ**] फेंकना। वकृ—" छारं च धूलिं च कयवरं च उवरिं **पक्किरमाणा** "(णाया १, २)।

पक्कीलिय वि [**प्रक्रीडित**] जिसने क्रीड़ा का प्रारम्भ किया हो वह ; (णाया १, १ ; कप्प)।

पक्केल्लय वि [**पक्व**] पका हुआ ; (उवा)।

पक्ख पुं [**पक्ष**] १ पाख, पखवारा, आधा महीना, पन्द्रह दिन-रात ; (ठा २, ४—पत्र ८६ ; कुमा)। २ शुक्ल और कृष्ण पक्ष, उजेला और अँधेरा पाख ; (जीव २ ; हे २, १०६)। ३ पार्श्व, पाँजर, कन्धा के नीचे का भाग ; ४ पक्षियों का अवयव-विशेष, पंख, पर, पतत्र ; (कुमा)। ५ तर्क-शास्त्र-प्रसिद्ध अनुमान-प्रमाण का एक अवयव, साध्य वाली वस्तु ; (विसे २८२४)। ६ तरफ, ओर ; ७ जत्था, दल, टोली ; ८ मित्र, सखा ; ९ शरीर का आधा भाग ; १० तरफदार ; ११ तीर का पंख ; (हे २, १४७)। १२ तरफदारी ; (वव १)। °**ग** वि [°**ग**] पक्ष-गामी, पक्ष-पर्यन्त स्थायी ; (कम्म १, १८)। °**पिंड** पुंन [°**पिण्ड**] आसन-विशेष—१ जानु और जाँघ पर वस्त्र बाँध कर बैठना ; २ दोनों हाथों से शरीर का बन्धन कर बैठना ; (उत्त १, १९)। °**य** पुं [°**क**] पंखा, तालवृन्त ; (कप्प)। °**वंत** वि [°**वत्**] तरफदारी वाला ; (वव १)। °**वाइल्ल** वि [°**पातिन्**] पक्षपात करने वाला, तरफदारी करने वाला ; (उप ७२८ टी ; धम्म १ टी)। °**वाद** पुं [°**पात**] तरफदारी ; (उप ६७० ; स्वप्न ४५)। °**वादि** (शौ) देखो °**वाइल्ल** ; (नाट—विक्र २ ; मालती ६५)। °**वाय** देखो °**वाद** ; (सुपा २०६ ; ३६३)। °**वाय** पुं [°**वाद**] पक्ष-संबन्धी विवाद ; (उप पृ ३१२)। °**वाह** पुं [°**वाह**] वेदिका का एक देश-विशेष ; (जं १)। °**वडिअ** वि [°**पतित**] पक्षपाती ; (हे ४, ४०१)। °**वाइया** स्त्री [°**वापिका**] होम-विशेष ; (स ७५७)।

पक्खंत न [**पक्षान्त**] अन्यतर इन्द्रिय-जात ; " अन्नयरं इंदियजायं पक्खंतं भण्णइ " (निचू ६)।

पक्खंतर न [**पक्षान्तर**] अन्य पक्ष, भिन्न पक्ष, दूसरा पक्ष ; (नाट— महावी २५)।

पक्खंद सक [**प्र+स्कन्द्**] १ आक्रमण करना। २ दौड़ कर गिरना। ३ अध्यवसाय करना। " पक्खंदे जलियं जोइं धूमकेउं दुरासयं " (राज)। " अगणिं व पक्खंद पयंगसेणा " (उत्त १२, २७)।

पक्खंदण न [**प्रस्कन्दन**] १ आक्रमण ; २ अध्यवसाय। ३ दौड़ कर गिरना ; (निचू ११)।

पक्खज्जमाण वि [**प्रखाद्यमान**] जो खाया जाता हो वह ; (सूअ १, ५, २)।

पक्खडिअ वि [**दे**] प्रस्फुरित, विजृम्भित, समुत्पन्न ; " पक्खडिए सिहिपिंडिंत्थिरे विरहे " (दे ६, २०)।

पक्खर सक [**सं+नाहय्**] संनद्ध करना, अश्व को कवच से सज्जित करना। पक्खरेह ; (सुपा २८८)। संकृ—**पक्खरिअ** ; (पिंग)।

पक्खर न [**दे**] पाखर, अश्व-संनाह, घोड़े का कवच ; (कुप्र ४४६ ; पिंग)।

पक्खरा स्त्री [**दे**] पाखर, अश्व-संनाह ; (दे ६, १०)। "ओसारिअपक्खरं" (विपा १, २)।

पक्खरिअ वि [**संनद्ध**] कवचित, संनद्ध, कवच से सज्जित, (अश्व); (सुपा ५०२ ; कुप्र १२० ; भवि)।

पक्खल अक [**प्र + स्खल्**] गिरना, पड़ना, स्खलित होना। पक्खलइ ; (कस)। वकृ— **पक्खलंत, पक्खलमाण** ; (दस ५, १ ; पि ३०६ ; नाट—मृच्छ १७ ; बृह ६)।

पक्खाउज्ज न [**पक्षातोद्य**] पखाउज, पखावज, एक प्रकार का बाजा ; (कप्पू)।

पक्खाय वि [**प्रख्यात**] प्रसिद्ध, विश्रुत ; (प्राकृ)।

पक्खारिण पुं [**प्रक्षारिण**] १ अनार्य-देश विशेष ; २ पुंस्त्री. उस देश का निवासी मनुष्य ; स्त्री— °**णी** ; (राय)।

पक्खाल सक [**प्र + क्षालय्**] पखारना, शुद्ध करना, धोना। कवकृ—**पक्खालिज्जमाण** ; (गाया १, ५)। संकृ — **पक्खालिअ, पक्खालिऊण** ; (नाट—चैत ४०; महा)।

पक्खालण न [**प्रक्षालन**] पखारना, धोना ; (स ५३ ; औप)।

पक्खालिअ वि [**प्रक्षालित**] पखारा हुआ, धोया हुआ ; (औप ; भवि)।

पक्खासण न [**पक्ष्यासन**] आसन-विशेष, जिसके नीचे अनेक प्रकार के पक्षिओं का चिह्न हो ऐसा आसन ; (जीव ३)।

पक्खि पुंस्त्री [**पक्षिन्**] पाखी, पक्षी ; (ठा ४, ४ ; आचा ; सुपा ५६२)। स्त्री— °**णी** ; (श्रा १४)। °**बिराल** पुंस्त्री [°**बिराल**] पक्षि-विशेष ; (भग १३, ६)। स्त्री — °**ली** ; (जीव १)। °**राय** पुं [°**राज**] गरुड़ ; (सुपा २१०)। नीचे देखो।

पक्खिअ पुंस्त्री [**पक्षिक**] १ ऊपर देखो ; (श्रा २८)। २ वि. पक्षपाती, तरफदारी करने वाला ; "तप्पक्खिओ पुणो अण्णो" (श्रा १२)।

पक्खिअ वि [**पाक्षिक**] १ पाख में होने वाला ; २ पक्ष से संबन्ध रखने वाला, अर्ध-मास-संबन्धी ; (कप्प ; धर्म ३)। ३ न. पर्व-विशेष, चतुर्दशी ; (लहुअ १६ ; द्र ४५)। °**पक्खिअ** पुं [°**पक्षिक**] नपुंसक-विशेष, जिसको एक पाख में तीव्र विषयाभिलाष होता हो और एक पक्ष में अल्प, ऐसा नपुंसक ; (पुप्फ १२७)।

पक्खिकायण न [**पाक्षिकायन**] गोत्र-विशेष जो कौशिक गोत्र की एक शाखा है ; (ठा ७)।

पक्खिण देखो **पक्खि** ; " जह पक्खिणाण गरुडो " (पउम १४, १०४)।

पक्खिणी देखो **पक्खि**।

पक्खित्त वि [**प्रक्षिप्त**] फेंका हुआ ; (महा ; पि १८१)।

पक्खिप्प } देखो **पक्खिव**।
पक्खिप्पमाण }

पक्खिव सक [**प्र + क्षिप्**] १ फेंकना, फेंक देना। २ छोड़ना, त्यागना। ३ डालना। पक्खिवइ ; (महा ; कप्प)। पक्खिवह, पक्खिवेज्जा ; (आचा २, ३, २, ३)। कवकृ — **पक्खिप्पमाण** ; (गाया १, ८ — पत्र १२६ ; १४७)। संकृ—**पक्खिविऊण, पक्खिप्प** ; (महा ; सूअ १, ५, १; पि ३१६)। कृ—**पक्खिवेयव्व** ; (उप ६४८ टी)। प्रयो—वकृ —**पक्खिवावेमाण** ; (गाया १, १२)।

पक्खीण वि [**प्रक्षीण**] अत्यन्त क्षीण ; " अहं पक्खीणविभवो " (महा)।

पक्खुडिअ वि [**प्रखण्डित**] खण्डित, अ-संपूर्ण ; (सुपा ११६)।

पक्खुब्भ अक [**प्र + क्षुभ्**] १ क्षोभ पाना ; २ वृद्ध होना, बढ़ना। वकृ—**पक्खुब्भंत** ; (से २, २४)।

पक्खुब्भंत देखो **पक्खोभ**।

पक्खुभिय वि [**प्रक्षुभित**] क्षोभ-प्राप्त ; प्रक्षुब्ध ; (औप)।

पक्खेव } पुं [**प्रक्षेप, °क**] १ क्षेपण, फेंकना ;
पक्खेवग } " बहिया पोग्गलपक्खेवे " (उवा)। २ पूर्ति करने वाला द्रव्य, पूर्ति के लिये पीछे से डाली जाती वस्तु ; " अपक्खेवगस्स पक्खेवं दलयइ " (गाया १, १५— पत्र १६३)।

पक्खेवण न [**प्रक्षेपण**] क्षेपण, प्रक्षेप ; (औप)।

पक्खेवय देखो **पक्खेवग** ; (बृह १)।

पक्खोड सक [**वि + कोशय्**] १ खोलना। २ फैलाना। पक्खोडइ ; (हे ४, ४२)। संकृ—**पक्खोडिऊण** ; (सुपा ३३८)।

पक्खोड सक [**शद्**] १ कँपाना ; २ झाड़ कर गिराना। पक्खोडइ ; (हे ४, १३०)। संकृ—**पक्खोडिय** ; (उप ५८४)।

पक्खोड सक [प्र + छादय्] ढकना, आच्छादन करना। संक्र—**पक्खोडिय** ; (उप ५८४)।
पक्खोडण न [शदन] धूनन, कँपाना ; (कुमा)।
पक्खोडिअ वि [शदित] निर्भाटित, भाड़ कर गिराया हुआ ; (दे ६, २७ ; पाअ)।
पक्खोडिय देखो **पक्खोड** = शद्, प्र + छादय्।
पक्खोभ सक [प्र + क्षोभय्] क्षुब्ध करना, क्षोभ उत्पन्न कर हिला देना। कवक्र—**पक्खुब्भंत** ; (से २, २४)।
पक्खोलण न [शदन] १ स्खलित होने वाला ; २ रुष्ट होने वाला ; (राज)।
पखल वि [प्रखर] प्रचण्ड, तीव्र ; (प्राप्र)।
पगइ स्त्री [प्रकृति] १ प्रकृति, स्वभाव ; (भग ; कम्म १, २ ; सुर १४, ६६ ; सुपा ११०)। २ प्रकृत अर्थ, प्रस्तुत अर्थ ; "पडिसेहदुगं पगइं गमेइ" (विसे २५०२)। ३ प्राकृत लोक, साधारण जन-समूह ; "दिन्नमुद्धारे बहुदव्वं पगईणं" (सुपा ५६७)। ४ कुम्भकार आदि अठारह मनुष्य-जातियाँ ; "अट्ठारसपगइब्भंतराण को सो न जो एइ" (आक १२)। ५ कर्मों का भेद ; (सम ६)। ६ सत्त्व, रज और तम की साम्यावस्था ; ७ बलदेव के एक पुत्र का नाम ; (राज)। °**बंध** पुं [°**बन्ध**] कर्म-पुद्गलों में भिन्न भिन्न शक्तिओं का पैदा होना ; (कम्म १, २)। देखो **पगडि**।
पगंठ पुं [प्रकण्ठ] १ पीठ-विशेष ; २ अन्त का अवनत प्रदेश ; (जीव ३)।
पगंथ सक [प्र + कथय्] निन्दा करना। "अलियं पगं-(कं)थे अदुवा पगं(कं)थे" (आचा)।
पगड वि [प्रकट] व्यक्त, खुला ; (पि २१९)
पगड वि [प्रकृत] प्रविहित, विनिर्मित ; (उत्त १३)।
पगडण न [प्रकटन] प्रकाश करना, खुला करना ; (णंदि)।
पगडि स्त्री [प्रकृति] १ भेद, प्रकार ; (भग)। २—देखो **पगइ** ; (सम ४६ ; सुर १४, ६८)।
पगडीकय वि [प्रकटीकृत] व्यक्त किया हुआ ; (सुपा १८१)।
पगड्ढ सक [प्र + कृष्] खींचना। कवक्र—**पगड्ढिज्जमाण** ; (विपा १, १)।
पगप्प देखो **पकप्प** = प्र + कल्पय्। संक्र—**पगप्पएत्ता** ; (सूअ २, ६, ३७)।
पगप्प देखो **पकप्प** = प्र + क्लृप् ; (सूअ १, ८, ५)।
पगप्प पुं [प्रकल्प] १ उत्पन्न होने वाला, प्रादुर्भूत होने वाला ; "बहुगुणप्पगप्पाइं कुज्जा अत्तसमाहिए" (सूअ १, ३, ३, १९)। देखो **पकप्प**=प्रकल्प ; (आचा)।
पगप्पिअ वि [प्रकल्पित] प्ररूपित, कथित; "ण उ एयाहिं दिट्ठीहिं पुव्वमासि पगप्पियं" (सूअ १, ३, ३,१६)। देखो **पकप्पिअ**।
पगप्पित्तु वि [प्रकल्पयितृ, प्रकर्तयितृ] काटने वाला, कतरने वाला ; "हंता छेत्ता पगब्भ(?प्पि)त्ता आय-सायाणुगामिणो" (सूअ १, ८, ५)।
पगब्भ अक [प्र + गल्भ्] १ धृष्टता करना, धृष्ट होना ; २ समर्थ होना। पगब्भइ, पगब्भई ; (आचा ; सूअ १, २, २, २१ ; १, २, ३, १० ; उत्त ५, ७)।
पगब्भ वि [प्रगल्भ] धृष्ट, धीठ ; (पउम ३३, ६६)। २ समर्थ ; (उप २६४ टी)।
पगब्भ न [प्रागल्भ्य] धृष्टता, धीठाई ; "पगब्भि पाणे बहुणंतिवाती" (सूअ १, ७, ८)।
पगब्भा स्त्री [प्रगल्भा] भगवान् पार्श्वनाथ की एक शिष्या ; (आवम)।
पगब्भिअ वि [प्रगल्भित] धृष्टता-युक्त ; (सूअ १, १, १, १३ ; १, २, ३, ४)।
पगय वि [प्रकृत] प्रस्तुत, अधिकृत ; (विसे ८३३ ; उप ४७६)।
पगय वि [प्रगत] १ प्राप्त ; (राज)। २ जिसने गमन करने का प्रारम्भ किया हो वह ; "मुणिणोवि जहाभि-मयं पगया पगएण कज्जेण" (सुपा २३५)। ३ न. प्रस्ताव, अधिकार ; (सूअ १, ११ ; १५)।
पगय न [दे] पग, पाँव, पैर ; "एत्थंतरम्मि लग्गो चंड-मारुओ। तेण भग्गो तुरयपगयमग्गो" (महा)।
पगर पुं [प्रकर] समूह, राशि ; (सुपा ६५५)।
पगरण न [प्रकरण] १ अधिकार, प्रस्ताव ; २ ग्रन्थ-खण्ड-विशेष, ग्रन्थांश-विशेष ; (विसे १११५)। ३ किसी एक विषय को लेकर बनाया हुआ छोटा ग्रन्थ ; (उव)।
पगरिस पुं [प्रकर्ष] १ उत्कर्ष, श्रेष्ठता ; (सुपा १०६)। २ आधिक्य, अतिशय ; (सुर ४, १६६)।
पगरिसण न [प्रकर्षण] ऊपर देखो ; (यति १६)।
पगल अक [प्र + गल्] भरना, टपकना। वक्र—**पगलंत** ; (विपा १, ७ ; महा)।

पगहिय वि [**प्रगृहीत**] ग्रहण किया हुआ, उपात्त ; (सुर ३, १६७)।

पगाइय वि [**प्रगीत**] जिसने गाने का प्रारम्भ किया हो वह ; "पगाइयाइं मंगलमंतेउराइं" (स ७३६)।

पगाढ वि [**प्रगाढ**] अत्यन्त गाढ ; (विपा १, १ ; सुपा ५३०)।

पगाम देखो **पकाम** ; (आचा ; श्रा १४ ; सुर ३, ८७ ; कुप्र ३१५)।

पगार पुं [**प्रकार**] १ भेद ; (आचू १)। २ रीति : "एएण पगारेण सव्वं दव्वं दवाविश्रो" (महा)। ३ आदि, वगैरः, प्रभृति ; (सूत्र १, १३)।

पगास देखो **पयास**=प्र+काशय्। वकृ—**पगासंत** ; (महा)।

पगास पुं [**प्रकाश**] १ प्रभा, दीप्ति, चमक ; (णाया १, १), "एगं महं नीलुप्पलगवलगुलियअयसिकुसुमप्पगासं असिं सुरधारं गहाय" (उवा)। २ प्रसिद्धि, ख्याति ; (सूत्र १, ६)। ३ आविर्भाव, प्रादुर्भाव ; ४ उद्योत, आतप ; (राज)। ५ क्रोध, गुस्सा ; "छन्नं च पसंस णो करे न य उक्कोस पगास माहणे" (सूत्र १, २, २६)। ६ वि प्रकट, व्यक्त ; (निचू १)।

पगासग देखो **पगासय** ; (राज)।

पगासण देखो **पयासण** ; (औप)।

पगासणया स्त्री [**प्रकाशनता**] प्रकाश, आलोक ; (ओघ ५५०)।

पगासय वि [**प्रकाशक**] प्रकाश करने वाला ; (विसे ११५५)।

पगासिय वि [**प्रकाशित**] उद्योतित, दीप्त ; "से सूरियस्स अब्भुग्गमेणं मग्गं वियाणाइ पगासियंसि" (सूत्र १, १४, १२)।

पगिज्झिय देखो **पगिण्ह** ; (कस ; औप ; पि ५९१)।

पगिट्ठ वि [**प्रकृष्ट**] १ प्रधान, मुख्य ; (सुपा ७७)। २ उत्तम, श्रेष्ठ ; (कुप्र २० ; सुपा २२६)।

पगिण्ह सक [**प्र+ग्रह्**] १ ग्रहण करना। २ उठाना। ३ धारण करना। ४ करना। संकृ—**पगिण्हित्ता, पगिण्हित्ताणं, पगिज्झिय** ; (पि ५८२ ; ५८३ ; औप ; आचा २,३,४, १; कस)।

पगीअ वि [**प्रगीत**] १ गाया हुआ ; (पउम ३७, ४८)। २ जिसका गीत गाया गया हो वह ; (उप २११ टी)।

पगुण देखो **पउण** ; (सूत्र १, १, २)।

पगुणीकर सक [**प्रगुणी+कृ**] प्रगुण करना, तय्यार करना, सज्ज करना। कवकृ—**पगुणीकीरंत**; (सुर १३, ३१)।

पगे अ [**प्रगे**] सुबह, प्रभात काल ; (सुर ७,७८ ; कुप्र १५५)।

पग्ग सक [**ग्रह्**] ग्रहण करना। पग्गइ ; (पड्)।

पग्गह पुं [**प्रग्रह**] १ उपधि, उपकरण ; (ओघ ६६६)। २ लगाम ; (मे ६, २७ ; १२, ६६)। ३ पशुओं को नाक में लगाई जाती डोरी, नाक की रस्सी, नाथ ; ४ पशुओं को बाँधने की डोरी, रस्सी ; (णाया १, ३ ; उवा)। ५ नायक, मुखिया ; (ठा १)। ६ ग्रहण, उपादान ; ७ योजन, जोड़ना ; "अंजलिपग्गहेणं" (भग)।

पग्गहिअ वि [**प्रगृहीत**] १ अभ्युपगत, सम्यक् स्वीकृत ; (अनु ३)। २ प्रकर्ष से गृहीत ; (भग ; औप)। ३ उठाया हुआ ; (धर्म ३ ; ठा ६)।

पग्गहिय वि [**प्रग्रहिक**] ऊपर देखो ; (उवा)।

पग्गिम } (अप) अ [**प्रायस्**] प्रायः, बहुधा ; (पड् ; **पग्गिम्व** } हे ४, ४१४ ; कुमा)।

पग्गेज्झ पुं [**दे**] निकर, समूह ; (दे ६, १५)।

पघंस सक [**प्र+घृष्**] फिर फिर घिसना। पघंसेज्ज ; (निचू १७)। प्रयो—वकृ—**पघंसावंत** ; (निचू १७)।

पघंसण न [**प्रघर्षण**] पुनः पुनः घर्षण ; "एक्कं दिणं आघंसणं, दिणे दिणे पघंसणं" (निचू ३)।

पघोल अक [**प्र+घूर्णय्**] मिलना, संगत होना। वकृ— "कंपपघोलंतपंचमुग्गारो" (कुप्र २२६)।

पघोस पुं [**प्रघोष**] उच्चैः शब्द-प्रकाश, उद्घोषणा ; (भवि)।

पघोसिय वि [**प्रघोषित**] घोषित किया हुआ, उच्च स्वर से प्रकाशित किया हुआ ; (भवि)।

पच सक [**पच्**] पकाना। पचइ, पचए, पचंति ; पचसि, पचसे, पचह, पचत्थ ; पचामि, पचामो, पचामु, पचाम, पचिमो, पचिमु ; (संचि ३० ; पि ४३६ ; ४५५)। कवकृ—**पच्चमाण** ; "नरए नेरइयाणं अहोनिसिं पचमाणाणं" (सुर १४, ४६ ; सुपा ३२८)।

पच (अप) देखो **पंच**। °**आलीस,** °**तालीस** स्त्रीन [°**चत्वारिंशत्**] १ संख्या-विशेष, पैंतालीस, ४५ ; २ पैंतालीस संख्या जिनकी हो वे ; (पि २७३ ; ४४५ ; पिंग)।

पच्चंकमणग न [**प्रचङ्क्रमण, °क**] पाँव से चलना ; (औप) ।

पच्चंकमावण न [**प्रचङ्क्रमण**] पाँव से संचारण, पाँव से चलाना ; (औप १०५ टि) ।

पचंड देखो **पयंड** ; (वव ८) ।

पचलिय देखो **पयलिय**=प्रचलित ; (औप) ।

पचाल सक [**प्र + चालय्**] अतिशय चलाना, खूब चलाना । वकृ—**पचालेमाण** ; (भग १७, १) ।

पचिय वि [**प्रचित**] समृद्ध ; (स्वप्न ६६) ।

पचीस (अप) स्त्रीन [**पञ्चविंशति**] १ पचीस, संख्या-विशेष, वीस और पाँच, २५ ; २ जिसकी संख्या पचीस हो वे ; (पिंग ; पि २७३) ।

पचुन्निय वि [**प्रचूर्णित**] चूर चूर किया हुआ ; (सुर २, ८७) ।

पचेलिम वि [**पचेलिम**] पक्व, पका हुआ ; " सइमहुर-पचेलिमफलेहिं " (सुपा ८३) ।

पचोइअ वि [**प्रचोदित**] प्रेरित ; (सूअ १, २, ३) ।

पच्चइय वि [**प्रत्ययिक**] १ विश्वासी, विश्वास वाला ; (गाया १, १२) । २ ज्ञान वाला, प्रत्यय वाला ; ३ न. श्रुत-ज्ञान, आगम-ज्ञान ; (विसे २१३९) ।

पच्चइय वि [**प्रत्ययित**] विश्वास वाला, विश्वस्त ; (महा ; सुर १६, १६६) ।

पच्चइय वि [**प्रात्ययिक**] प्रत्यय से उत्पन्न, प्रतीति से संजात ; (ठा ३, ३—पत्र १५१) ।

पच्चंग न [**प्रत्यङ्ग**] हर एक अवयव ; (गुण १५ ; कप्पू) ।

पच्चंगिरा स्त्री [**प्रत्यङ्गिरा**] विद्या-देवी विशेष ; " इसिविय-संतवयणा पभणइ पच्चंगिरा अहं विज्जा " (सुपा ३०६) ।

पच्चंत पुं [**प्रत्यन्त**] १ अनार्य देश ; (प्रयौ १६) । २ वि. समीपस्थ देश, संनिकृष्ट प्रान्त भाग ; (सुर २, २००) ।

पच्चंतिय वि [**प्रत्यन्तिक**] समीप-देश में स्थित ; (उप २११ टी) ।

पच्चंतिय वि [**प्रात्यन्तिक**] प्रत्यन्त देश से आया हुआ ; (धम्म ६ टी) ।

पच्चक्ख न [**प्रत्यक्ष**] १ इन्द्रिय आदि की सहायता के विना ही उत्पन्न होने वाला ज्ञान ; (विसे ८९) । २ इन्द्रियों से उत्पन्न होने वाला ज्ञान ; (ठा ४, ३) । ३ वि. प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय ; " पच्चक्खा अणंगा एगा तहणा महाभागा " (सुर ३, १७१) ।

पच्चक्ख } सक [**प्रत्या + ख्या**] त्याग करना, त्याग
पच्चक्खा } करने का नियम करना । पच्चक्खाइ ; (भग) । वकृ—**पच्चक्खमाण, पच्चक्खाएमाण** ; (पि ५६१ ; उवा) । संकृ—**पच्चक्खाइत्ता** ; (पि ५८२) । कृ—**पच्चक्खेय** ; (आव ६) ।

पच्चक्खाण न [**प्रत्याख्यान**] १ परित्याग करने की प्रतिज्ञा ; (भग ; उवा) । २ जैन ग्रन्थांश-विशेष, नववाँ पूर्व-ग्रन्थ ; (सम २६) । ३ सर्व सावद्य कर्मों से निवृत्ति ; (कम्म १, १७) । **°ावरण** पुं [**°ावरण**] कषाय-विशेष, सावद्य-विरति का प्रतिबन्धक क्रोध-आदि ; (कम्म १, १७) ।

पच्चक्खाणि वि [**प्रत्याख्यानिन्**] त्याग की प्रतिज्ञा करने वाला ; (भग ६, ४) ।

पच्चक्खाणी स्त्री [**प्रत्याख्यानी**] भाषा-विशेष, प्रतिषेध-वचन ; (भग १०, ३) ।

पच्चक्खाय वि [**प्रत्याख्यात**] त्यक्त, छोड़ दिया हुआ ; (गाया १, १ ; भग ; कप्प) ।

पच्चक्खायय वि [**प्रत्याख्यायक**] त्याग करने वाला, " भत्तपच्चक्खायए " (भग १४, ७) ।

पच्चक्खाव सक [**प्रत्या + ख्यापय्**] त्याग कराना, किसी विषय का त्याग करने की प्रतिज्ञा कराना । वकृ—**पच्चक्खावित** ; (आव ६) ।

पच्चक्खि वि [**प्रत्यक्षिन्**] प्रत्यक्ष ज्ञान वाला ; (वव १) ।

पच्चक्खिय देखो **पच्चक्खाय** ; (सुपा ६२४) ।

पच्चक्खीकर सक [**प्रत्यक्षी + कृ**] प्रत्यक्ष करना, साक्षात् करना । भवि—**पच्चक्खीकरिस्सं** ; (अभि १८८) ।

पच्चक्खीकिद (शौ) वि [**प्रत्यक्षीकृत**] प्रत्यक्ष किया हुआ, साक्षात् जाना हुआ ; (पि ४९) ।

पच्चक्खीभू अक [**प्रत्यक्षी + भू**] प्रत्यक्ष होना, साक्षात् होना । संकृ—**पच्चक्खीभूय** ; (आवम) ।

पच्चक्खेय देखो **पच्चक्खा** ।

पच्चग्ग वि [**प्रत्यग्र**] १ प्रधान, मुख्य ; (स २४) । २ श्रेष्ठ, सुन्दर ; (उप ६८६ टी ; सुर १०, १५२) । ३ नवीन, नया ; (पाअ) ।

पच्चच्छिम देखो **पच्चत्थिम** ; (राज ; ठा २, ३—पत्र ७९) ।

पच्चच्छिमा देखो **पच्चत्थिमा** ; (राज) ।

पच्चच्छिमिल्ल वि [**पाश्चात्य**] पश्चिम दिशा में उत्पन्न, पश्चिम-दिशा-सम्बन्धी ; (सम ६६ ; पि ३६५) ।

पच्चच्छिमुत्तरा देखो **पच्चत्थिमुत्तरा** ; (राज) ।

पच्चड अक [**क्षर्**] झरना, टपकना । पच्चडइ ; (हे ४, १७३) । वकृ—**पच्चडमाण** ; (कुमा) ।

पच्चड्ड सक [**गम्**] जाना, गमन करना । पच्चड्डइ ; (हे ४, १६२) ।

पच्चड्डिअ वि [**क्षरित**] झरा हुआ, टपका हुआ ; (हे २, १७४) ।

पच्चड्डिया स्त्री [**दे. प्रत्यड्डिका**] मल्लों का एक प्रकार का करण ; (विसे ३३५७) ।

पच्चणीय वि [**प्रत्यनीक**] विरोधी, प्रतिपक्षी, दुश्मन ; (उप १४६ टी ; सुपा ३०९) ।

पच्चणुभव सक [**प्रत्यनु+भू**] अनुभव करना । वकृ—**पच्चणुभवमाण** ; (गाया १, २) ।

पच्चत्त वि [**प्रत्यक्त**] जिसका त्याग करने का प्रारम्भ किया गया हो वह ; (उप ८२८) ।

पच्चत्तर न [**दे**] चाटु, खुशामद ; (दे ६, २१) ।

पच्चत्थरण न [**प्रत्यास्तरण**] बिछौना ; (पि २८५) । देखो **पल्हत्थरण** ।

पच्चत्थि वि [**प्रत्यर्थिन्**] प्रतिपक्षी, विरोधी, दुश्मन ; (उप १०३१ टी ; पाअ ; कुप्र १४१) ।

पच्चत्थिम वि [**पाश्चात्य, पश्चिम**] १ पश्चिम दिशा तरफ का ; २ न. पश्चिम दिशा ; "पुरत्थिमेणं लवणसमुद्दे जोयणसाहस्सियं खेत्तं जाणइ, पासइ ; एवं दक्खिणेणं, पच्चत्थिमेणं" (उवा ; भग ; आचा ; ठा २, ३) ।

पच्चत्थिमा स्त्री [**पश्चिमा**] पश्चिम दिशा; (ठा १०—पत्र ४७८ ; आचा) ।

पच्चत्थिमिल्ल वि [**पाश्चात्य**] पश्चिम दिशा का ; (विपा १, ७ ; पि ५६५ ; ६०२) ।

पच्चत्थिमुत्तरा स्त्री [**पश्चिमोत्तरा**] पश्चिमोत्तर दिशा, वायव्य कोण ; (ठा १०—पत्र ४७८) ।

पच्चत्थुय वि [**प्रत्यास्तृत**] आच्छादित, ढका हुआ ; (पउम ६४, ६६; जीव ३) । २ बिछाया हुआ; (उप ६४८ टी) ।

पच्चद्ध न [**पश्चार्ध**] पिछला आधा, उत्तरार्ध; (गउड) ।

पच्चद्धचक्कवट्टि पुं [**प्रत्यर्धचक्रवर्तिन्**] वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा, प्रतिवासुदेव ; (ती ३) ।

पच्चप्पण न [**प्रत्यर्पण**] वापिस देना ; (विसे ३०५७) ।

पच्चप्पिण सक [**प्रति+अर्पय्**] १ वापिस देना, लौटाना । २ सौंपे हुए कार्य को करके निवेदन करना । पच्चप्पिणइ ; (कप्प) । कर्म—पच्चप्पिणिज्जइ ; (पि ५५७) । वकृ—**पच्चप्पिणमाण** ; (ठा ५, २—पत्र ३११) । संकृ—**पच्चप्पिणित्ता** ; (पि ५५७) ।

पच्चबलोक्क वि [**दे**] आसक्त-चित्त, तल्लीन-मनस्क ; (दे ६, ३४) ।

पच्चब्भास पुं [**प्रत्याभास**] निगमन, प्रत्युच्चारण ; (विसे २६३२) ।

पच्चभिआण देखो **पच्चभिजाण** । पच्चभिआणादि (शौ); (पि १७० ; ५१०) ।

पच्चभिआणिद (शौ) देखो **पच्चभिजाणिअ**; (पि५६५) ।

पच्चभिजाण सक [**प्रत्यभि+ज्ञा**] पहिचानना, पहिचान लेना । पच्चभिजाणइ ; (महा)। वकृ—**पच्चभिजाणमाण** ; (गाया १, १६) । संकृ—**पच्चभिजाणिऊण**; (महा) ।

पच्चभिजाणिअ वि [**प्रत्यभिज्ञात**] पहिचाना हुआ ; (स ३६०) ।

पच्चभिणाण न [**प्रत्यभिज्ञान**] पहिचान; (स २१२ ; नाट—शकु ८४) ।

पच्चभिन्नाय देखो **पच्चभिजाणिअ** ; (स १०० ; सुर ६, ७६ ; महा) ।

पच्चमाण देखो **पच**=पच् ।

पच्चय पुं [**प्रत्यय**] १ प्रतीति, ज्ञान, बोध ; (उव ; ठा १; विसे २१४०) । २ निर्णय, निश्चय ; (विसे २१३२) । ३ हेतु, कारण ; (ठा २, ४) । ४ शपथ, विश्वास उत्पन्न करने के लिए किया या कराया जाता तप्त-माष आदि का चर्वण वगैरः ; (विसे २१३१) । ५ ज्ञान का कारण ; ६ ज्ञान का विषय, ज्ञेय पदार्थ ; (राज) । ७ प्रत्यय-जनक, प्रतीति का उत्पादक ; (विसे २१३१ ; आवम) । ८ विश्वास, श्रद्धा ; ९ शब्द, आवाज ; १० छिद्र, विवर ; ११ आधार; आश्रय ; १२ व्याकरण-प्रसिद्ध प्रकृति में लगता शब्द-विशेष ; (हे २, १३) ।

पच्चल वि [**दे**] १ पक्का, समर्थ, पहुँचा हुआ ; (दे ६, ६९ ; सुपा ३४ ; सुर १, १४ ; कुप्र ६९ ; पाअ) । २ अ-सहन, अ-सहिष्णु ; (दे ६, ६९) ।

पच्चलिउ } (अप) अ [**प्रत्युत**] वैपरीत्य , वरञ्च,
पच्चल्लिउ } वरन् ; (हे ४, ४२०) ।

पच्चवणद (शौ) वि [प्रत्यवनत] नमा हुआ ; "एस मं कोवि पच्चवणदसिरोहरं उच्छुं विश्र तिण्ण(?)भंगं करेदि" (अभि २२४)।

पच्चवत्थय वि [प्रत्यवस्तृत] १ बिछाया हुआ ; २ आच्छादित ; (आवम)।

पच्चवत्थाण न [प्रत्यवस्थान] १ शङ्का-परिहार, समाधान ; (विसे १००७)। २ प्रतिवचन, खगडन ; (बृह १)।

पच्चवर न [दे] मुसल, एक प्रकार की मोटी लकड़ी जिससे चावल आदि अन्न कूटे जाते हैं ; (दे ६, १५)।

पच्चवाय पुं [प्रत्यवाय] १ बाधा, विघ्न, व्याघात; (णाया १, ६ ; महा ; स २०६)। २ दोष, दूषण ; (पउम ६५, १२ ; अच्चु ७० ; ओघ २४)। ३ पाप ; "बहुपच्चवायभरिओ गिहवासो" (सुपा १६२)। ४ दुःख, पीडा ; (कुप्र ५५३)।

पच्चवेक्खिद (शौ) वि [प्रत्यवेक्षित] निरीक्षित ; (नाट—शकु १३०)।

पच्चह न [प्रत्यह] हररोज, प्रतिदिन ; (अभि ६०)।

पच्चहिजाण } देखो **पच्चभिजाण** । पच्चहिजाणेदि ; (पि **पच्चहियाण** } ५१०)। पच्चहियाणइ ; (स ४२)। संकृ—**पच्चहियाणिऊण** ; (स ४४०)।

पच्चा स्त्री [दे] तृण-विशेष, बल्वज ; (ठा ५, ३)। °**पिच्चियय** न [दे] बल्वज तृण की कूटी हुई छाल का बना हुआ रजोहरण—जैन साधु का एक उपकरण ; (ठा ५, ३—पत्र ३३८)।

पच्चा देखो **पच्छा** ; (प्रयौ ३६ ; नाट—रत्ना ७)।

पच्चाअच्छ सक [प्रत्या + गम्] पीछे लौटना, वापिस आना। पच्चाअच्छइ ; (षड्)।

पच्चाअद (शौ) देखो **पच्चागय** ; (प्रयौ २५)।

पच्चाइक्ख देखो **पच्चक्ख**=प्रत्या + ख्या। पच्चाइक्खामि; (आचा २, १५, ५, १)। भवि—पच्चाइक्खिस्सामि; (पि ५२६)। वकृ—**पच्चाइक्खमाण** ; (पि ४६२)।

पच्चाएस पुंन [प्रत्यादेश] दृष्टान्त, निदर्शन, उदाहरण ; "पच्चाएसोव्व धम्मनिरयाणं" (स ३५ ; उव ; कुप्र ५०), "पच्चाएसं दिट्ठं तं" (पाअ)। देखो **पच्चादेस** ।

पच्चागय वि [प्रत्यागत] १ वापिस आया हुआ ; (गा ६३३ ; दे १, ३१ ; महा)। २ न. प्रत्यागमन ; (ठा ६—पत्र ३६५)।

पच्चाचक्ख सक [प्रत्या + चक्ष्] परित्याग करना। हेकृ—**पच्चाचक्खिदुं** (शौ) ; (पि ४६६ ; ५७४)।

पच्चाणयण न [प्रत्यानयन] वापिस ले आना; (मुद्रा २७०)।

पच्चाणि° } सक [प्रत्या + णी] वापिस ले आना। कवकृ—**पच्चाणी** } **पच्चाणिज्जंत** ; (से ११, १३५)।

पच्चाणीद (शौ) वि [प्रत्यानीत] वापिस लाया हुआ ; (पि ८१ ; नाट—विक्र १०)।

पच्चाथरण न [प्रत्यास्तरण] सामने होकर लड़ना; (राज)।

पच्चादिट्ठ वि [प्रत्यादिष्ट] निरस्त, निराकृत; (पि १४५; मृच्छ ६)।

पच्चादेस पुं [प्रत्यादेश] निराकरण ; (अभि ७२ ; १७८ ; नाट—विक्र ३)। देखो **पच्चाएस** ।

पच्चापड अक [प्रत्या + पत्] वापिस आना, लौट कर आ पड़ना। वकृ—"अग्गपडिहयपुणरविपच्चापडंतचंचलमिरिइकवयं ; (औप)।

पच्चामित्त पुंन [प्रत्यमित्र] अमित्र, दुश्मन ; (णाया १, २—पत्र ८७ ; औप)।

पच्चाय सक [प्रति + आयय्] १ प्रतीति कराना। २ विश्वास कराना। पच्चाअइ ; (गा ७१२)। पच्चाएमो ; (स ३२४)।

पच्चाय° देखो **पच्चाया** ।

पच्चायण न [प्रत्यायन] ज्ञान कराना, प्रतीति-जनन ; (विसे २१३६)।

पच्चायय वि [प्रत्यायक] १ निर्णय-जनक ; २ विश्वास-जनक ; (विक्र ११३)।

पच्चाया अक [प्रत्या + जन्] उत्पन्न होना, जन्म लेना। पच्चायंति ; (औप)। भवि—पच्चायाहिइ ; (औप; पि ५२७)।

पच्चाया अक [प्रत्या + या] ऊपर देखो। पच्चायंति ; (पि ५२७)।

पच्चायाइ स्त्री [प्रत्याजाति, प्रत्यायाति] उत्पत्ति, जन्म-ग्रहण ; (ठा ३, ३—पत्र १४४)।

पच्चायाय वि [प्रत्यायात] उत्पन्न ; (भग)।

पच्चार सक [उपा + लम्भ्] उपालम्भ देना, उलहना देना। पच्चारइ, पच्चारंति ; (हे ४, १५६ ; कुमा)।

पच्चारण न [उपालम्भन] प्रतिभेद ; (पाअ)।

पच्चारिय वि [उपालब्ध] जिसको उलहना दिया गया हो वह ; (भवि)।

पच्चालिय वि [दे. प्रत्यार्दित] आर्द्र किया हुआ, गीला किया हुआ ; "पच्चालिया य से अहिययरं बाहसलिलेण दिट्ठी" (स ३०८)।

पच्चालीढ न [प्रत्यालीढ] वाम पाद को पीछे हटा कर और दक्षिण पाँव को आगे रख कर खड़े रहने वाले धानुष्क की स्थिति ; (वव १)।

पच्चावरण्ह पुं [प्रत्यपराह्ण] मध्याह्न के बाद का समय, तीसरा पहर ; (विपा १, ३ टि ; पि ३३०)।

पच्चासण्ण वि [प्रत्यासन्न] समीप में स्थित ; (विसे २६३१)।

पच्चासत्ति स्त्री [प्रत्यासत्ति] समीपता, सामीप्य ; (मुद्रा १६१)।

पच्चासन्न देखो **पच्चासण्ण** "निच्चं पच्चासन्नो परिसक्कइ सव्वओ मच्चू" (उप ६ टी)।

पच्चासा स्त्री [प्रत्याशा] १ आकाङ्क्षा, वाञ्छा, अभिलाषा ; २ निराशा के बाद की आशा ; (स ३६८)। ३ लोभ, लालच ; (उप पृ ७६)।

पच्चासि वि [प्रत्याशिन्] वान्त वस्तु का भक्षण करने वाला ; (आचा)।

पच्चिम देखो **पच्छिम** ; (पिंग ; पि ३०१)।

पच्चुअ (दे) देखो **पच्चुहिअ** ; (दे ६, २५)।

पच्चुअआर देखो **पच्चुवयार** ; (चारु ३६ ; नाट—मृच्छ ५७)।

पच्चुग्गच्छणया स्त्री [प्रत्युद्गमनता] अभिमुख गमन ; (भग १४, ३)।

पच्चुच्चार पुं [प्रत्युच्चार] अनुवाद, अनुभाषण ; (स १८४)।

पच्चुच्छुहणी स्त्री [दे] नूतन सुरा, ताजा दारू ; (दे २, ३५)।

पच्चुज्जीविअ वि [प्रत्युज्जीवित] पुनर्जीवित ; (गा ६३१ ; कुप्र ३१)।

पच्चुट्ठिअ वि [प्रत्युत्थित] जो सामने खड़ा हुआ हो वह ; (सुर १, १३४)।

पच्चुण्णम अक [प्रत्युद् + नम्] थोड़ा ऊँचा होना। पच्चुण्णमइ ; (कप्प)। संकृ—पच्चुण्णमित्ता ; (कप्प ; औप)।

पच्चुत्त वि [प्रत्युप्त] फिर से बोया हुआ ; (दे ७, ७७ ; गा ६१८)।

पच्चुत्तर सक [प्रत्यव + तृ] नीचे आना। पच्चुत्तरइ ; (पि ४४७)। संकृ—**पच्चुत्तरित्ता** ; (राज)।

पच्चुत्तर न [प्रत्युत्तर] जवाब, उत्तर ; (श्रा १२ ; सुपा २१ ; १०४)।

पच्चुत्थ वि [दे] प्रत्युप्त, फिर से बोया हुआ ; (दे ६, १३)।

पच्चुत्थय } वि [प्रत्यवस्तृत] आच्छादित ; (णाया १, **पच्चुत्थुय** } १—पत्र १३, २० ; कप्प)।

पच्चुद्धरिअ वि [दे] संमुखागत, सामने आया हुआ ; (दे ६, २४)।

पच्चुद्धार पुं [दे] संमुख आगमन ; (दे ६, २४)।

पच्चुप्पण्ण } वि [प्रत्युत्पन्न] वर्तमान-काल-संबन्धी ; **पच्चुप्पन्न** } (वि ५१६ ; भग ; णाया १, ८ ; सम्म १०३)। °**नय** पुं [°**नय**] वर्तमान वस्तु को ही सत्य मानने वाला पक्ष, निश्चय नय ; (विसे ३१६१)।

पच्चुप्फलिअ वि [प्रत्युत्फलित] वापिस आया हुआ ; (से १४, ८१)।

पच्चुरस न [प्रत्युरस] हृदय के सामने ; (राज)।

पच्चुयकार देखो **पच्चुवयार** ; (नाट—मृच्छ २५५)।

पच्चुवगच्छ सक [प्रत्युप + गम्] सामने जाना। पच्चुवगच्छइ ; (भग)।

पच्चुवगार } पुं [प्रत्युपकार] उपकार के बदले उपकार ; **पच्चुवयार** } (ठा ४, ४ ; पउम ४६, ३६ ; स ४४० ; प्रासू)।

पच्चुवयारि वि [प्रत्युपकारिन्] प्रत्युपकार करने वाला ; (सुपा ५६५)।

पच्चुवेक्ख सक [प्रत्युप + ईक्ष्] निरीक्षण करना। पच्चुवेक्खेइ ; (औप)। संकृ—**पच्चुवेक्खित्ता** ; (औप)।

पच्चुवेक्खिय वि [प्रत्युपेक्षित] अवलोकित, निरीक्षित ; (स ४४१)।

पच्चुहिअ वि [दे] प्रस्नुत, प्रक्षरित ; (दे ६, २५)।

पच्चूढ न [दे] थाल, थार, भोजन करने का पात्र, बड़ी थाली ; (दे ६, १२)।

पच्चूस [दे] देखो **पच्चूह**=(दे) ; "किंडएहिं पयत्तेणवि छाइज्जइ कह णु पच्चूसो ?" (सुर ३, १३४)।

पच्चूस } पुं [प्रत्यूष] प्रभात काल ; (हे २, १४ ; **पच्चूह** } णाया १, १ ; गा ६०४)।

पच्चूह पुंन [प्रत्यूह] विघ्न, अन्तराय ; (पाअ ; कुप्र ५२)।

पच्चूह पुं [दे] सूर्य, रवि ; (दे ६, ५ ; गा ६०४ ; पाअ)।

पच्चेअ न [प्रत्येक] प्रत्येक, हर एक ; (षड्)।

पच्चेड न [दे] मुसल ; (दे ६, १४) ।
पच्चेल्लिउ (अप) देखो **पच्चल्लिउ** ; (भवि) ।
पच्चोगिल सक [प्रत्यव + गिल्] आस्वादन करना । वकृ—**पच्चोगिलमाण** ; (कस ५, १०) ।
पच्चोणामिणी स्त्री [प्रत्यवनामिनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से वृक्ष आदि फल देने के लिए स्वयं नीचे नमते हैं ; (उप पृ १५५) ।
पच्चोणियत्त वि [प्रत्यवनिवृत्त] ऊँचा उछल कर नीचे गिरा हुआ ; (पगह १, ३—पत्र ४५) ।
पच्चोणिवय अक [प्रत्यवनि + पत्] उछल कर नीचे गिरना । वकृ—**पच्चोणिवयंत** ; (औप) ।
पच्चोणी [दे] देखो **पच्चोवणी** ; (स २३५ ; ३०२ ; सुपा ६१ ; २२४ ; २७६) ।
पच्चोयड न [दे] १ तट के समीप का ऊँचा प्रदेश ; (जीव ३) । २ आच्छादित ; (राय) ।
पच्चोयर सक [प्रत्यव + तृ] नीचे उतरना । पच्चोयरइ ; (आचा २, १५, २८) । संकृ—**पच्चोयरित्ता** ; (आचा २, १५, २८) ।
पच्चोरुभ, **पच्चोरुह** } सक [प्रत्यव + रुह्] नीचे उतरना । पच्चोरुभइ; (णाया १, १) । पच्चोरुहइ; (कप्प) । संकृ—**पच्चोरुहित्ता** ; (कप्प) ।
पच्चोवणिअ वि [दे] संमुख आया हुआ ; (दे ६, २४) ।
पच्चोवणी स्त्री [दे] संमुख आगमन ; (दे ६, २४) ।
पच्चोसक्क अक [प्रत्यव + ष्वष्क्] १ नीचे उतरना । २ पीछे हटना । पच्चोसक्कइ, पच्चोसक्कंति ; (उवा ; पि ३०२ ; भग) । संकृ—**पच्चोसक्कित्ता** ; (उवा ; भग) ।
पच्छ सक [प्र + अर्थय्] प्रार्थना करना । कवकृ—**पच्छिज्जमाण** ; (कप्प ; औप) ।
पच्छ वि [पथ्य] १ रोगी का हितकारी आहार ; (हे २, २१ ; प्राप्र ; कुमा ; स ७२४ ; सुपा ५७६) । २ हित-कारक, हितकारी ; " पच्छा वाया " (णाया १, ११—पत्र १७१) ।
पच्छ न [पश्चात्] १ चरम, शेष ; (चंद १) । २ पीछे, पृष्ठ भाग ; ३ पश्चिम दिशा ; " पुव्वेण सणं पच्छेण वंजुला दाहिणेण वडविडओ " (वज्जा ६६) । °ओ अ [°तस्] पीछे, पृष्ठ की ओर ; " हत्थी वेगेण पच्छओ लग्गो " (महा), " वहइ व महीअलभरिओ णोल्लेइ व पच्छओ धरेइ व पुरओ " (से १०, ३०), " तो चेडयाओ तक्खणमाणावेऊण पच्छओ वाहं वद्धं दंसइ " (सुपा २२१) । °कम्म न [°कर्मन्] १ अनन्तर का कर्म, बाद की क्रिया ; २ यतिओं की भिक्षा का एक दोष, दातृ-कर्तृक दान देने के बाद की पात्र को साफ करने आदि क्रिया ; (ओघ ५१६) । °त्ताअ पुं [°ताप] अनुताप; (वज्जा १४२) । °द्ध न [°अर्ध] पीछला आधा, उत्तरार्ध; (गउड ; महा) । °वत्थुक्क न [°वास्तुक] पीछला घर, घर का पीछला हिस्सा ; (पगह २, ४—पत्र १३१) । °याव पुं [°ताप] पश्चाताप, अनुताप ; (आवम) । देखो **पच्छा**=पश्चात् ।
पच्छइ, **पच्छए** } (अप) अ [पश्चात्] ऊपर देखो ; (हे ४,४२० ; षड् ; भवि) । °ताव पुं [°ताप] अनुताप, अनुशय ; (कुमा) ।
पच्छंद सक [गम्] जाना, गमन करना । पच्छंदइ ; (हे ४, १६२) ।
पच्छंदि वि [गन्तृ] गमन करने वाला ; (कुमा) ।
पच्छंभाग पुं [पश्चाद्भाग] १ दिवस का पीछला भाग ; (राज) । २ पुंन. नक्षत्र-विशेष, चन्द्र पृष्ठ देकर जिसका भोग करता है वह नक्षत्र ; (ठा ६) ।
पच्छण स्त्रीन [प्रतक्षण] त्वक् का बारीक विदारण, चाकू आदि से पतली छाल निकालना; "तच्छणेहि य पच्छणेहि य" (विपा १, १), " तच्छणाहि य पच्छणाहि य " (णाया १, १३) ।
पच्छण्ण वि [प्रच्छन्न] गुप्त, अप्रकट ; (गा १८३); °पइ पुं [°पति] जार, उपपति ; (सूअ १, ४, १) ।
पच्छद देखो **पच्छय** ; (औप) ।
पच्छदण न [प्रच्छदन] आस्तरण, शय्या के ऊपर का आच्छादन-वस्त्र ; " सुप्पच्छणाए सय्याए णिद्दं ण लभामि " (स्वप्न ६०) ।
पच्छन्न देखो **पच्छण्ण** ; (उव ; सुर २, १८४) ।
पच्छय पुं [प्रच्छद] वस्त्र-विशेष, दुपट्टा, पिछौरी ; (णाया १, १६) ।
पच्छलिउ (अप) देखो **पच्चलिउ** ; (षड्) ।
पच्छा अ [पश्चात्] १ अनन्तर, बाद, पीछे ; (सुर २, २४४; पाअ; प्रासू ५७), " पच्छा तस्स विवागे रुअंति कलुणं महादुक्खा " (प्रासू १२६) । २ परलोक, परजन्म ; " पच्छा कडुअविवागा " (राज) । ३ पीछला भाग, पृष्ठ ; ४ चरम, शेष ; (हे २, २१) । ५ पश्चिम दिशा ;

बाहिरिल्ल वि [बाह्य] बाहर का; (भग; पि ५६५)।
बाहु पुंस्त्री [बाहु] १ हाथ, भुजा; (हे १, ३६; आचा; कुमा)। २ पुं. भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र, बाहुबलि; (कुप्र ३१०)। °बलि पुं [°बलि] १ भगवान् आदिनाथ का एक पुत्र, तक्षशिला का एक राजा; (सम ६०; पउम ४, ५२; उव)। २ बाहुबलि के प्रपौत्र का पुत्र; (पउम ५, ११)। °मूल न [°मूल] कक्षा, बगल; (कप्पू)।
बाहुअ पुं [बाहुक] स्वनाम-ख्यात एक ऋषि; (सूअ १, ३, ४, २)।
बाहुडिअ वि [दे] लज्जित, शरमिंदा; (सुपा ४७४)।
बाहुया स्त्री [बाहुका] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष; (राज)।
बाहुलग देखो बाहु; (तंदु ३६)।
बाहुलेय पुं [बाहुलेय] गो-वत्स, बैल, वृषभ; (आवम)।
बाहुल्ल न [बाहुल्य] बहुलता, प्रचुरता; (पिंड ५६; भग; सुपा २७; उप ६०७)।

बाहुल्ल वि [बाष्पवत्] अश्रु वाला; (कुमा; सुपा ४६०)।
बि वि. व. [द्वि] दो, २; "बिन्नि" (हे ४, ४१८; नव ४; ठा २, २; कम्म ४, २; १०; सुख १, १४)। °जडि पुं [°जटिन्] एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष; (सुज्ज २०)। °दल न [°दल] चना आदि वह धान्य जिसके दो टुकड़े बराबर के होते हैं; "जह विदलं सुत्तीणं" (वि ३)। °याल देखो बा-याल; (कम्म ६, २८)। °यालसय पुंन [°चत्वारिंशच्छत] एक सौ बेआलीस, १४२; (कम्म २, २६)। °विह वि [°विध] दो प्रकार का; (पिंग)। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] बासठ, ६२; (सुज्ज १०, ६ टी)। °सत्तरि, °सयरि स्त्री [°सप्तति] बहतर, ७२; (पव १६; जीवस २०६; कम्म ३, ५)।
बि° } वि [द्वितीय] दूसरा; (कम्म ३, १६; पिंग)।
बिअ } °कसाय पुं [°कषाय] अप्रत्याख्यानावरण-नामक कषाय; (कम्म ४, ५६)।
बिअ न [द्विक] दो का समुदाय, युग्म, युगल; (भग; कम्म १, ३३; प्रासू १६)।
बिआया स्त्री [दे] कीट-विशेष, संलग्न रहने वाला कीट-द्वय; (दे ६, ६३)।
बिइअ देखो बिइज्ज; (हे १, ५; पव १६४)।
बिइआ देखो बीआ; (राज)।
बिइज्ज वि [द्वितीय] १ दूसरा; (हे १, २४८; प्रासू ५६)। २ सहाय, मदद करने वाला; (पाअ; सुर ३, १४)।
"जे दुहियम्मि न दुहिया, आवइपत्ते बिइज्जया नेव।
पहुणो न ते उ मिच्चा, धुत्ता परमत्थओ णेया"
(सुर ७, १४५)।
बिउण वि [द्विगुण] दुगुना; (हे १, ६४; २, ७६; गा २८६)। °यर वि [°कारक] दुगुना करने वाला; (भवि)।
बिउण सक [द्विगुणय्] दुगुना करना। बिउणेइ; (पि ५५६)।
बिंट न [वृन्त] फलादि का बन्धन; "बंधणं बिंटं" (पाअ)। °सुरा स्त्री [°सुरा] मदिरा, दारू; "बिंटसुरा पिट्ठखउरिया मइरा" (पाअ)।
बिंत देखो बू=ब्रू।
बिंदिय वि [द्वीन्द्रिय] जिसको त्वचा और जीभ ये दो ही इन्द्रियाँ हों वह; (औप)।
बिंदु पुंन [बिन्दु] १ अल्प अंश; २ बिन्दी, शून्य, अनुस्वार; ३ दोनों भ्रू का मध्य भाग; ४ रेखागणित का एक चिह्न; "बिंदुणो,

विंदू" (हे १, ३४; कप्प; उप १०२२; स्वप्न ३६; कस; कुमा)। °कला स्त्री [°कला] अनुस्वार, बिन्दी; (सिरि १६६)। °सार न [°सार] १ चौदहवाँ पूर्व, जैन ग्रन्थांश-विशेष; (सम २६; विसे ११२६)। २ पुं. मौर्य वंश का एक राजा, राजा चन्द्रगुप्त का पुत्र; (विसे ८६२)।

विंदुइअ वि [**विन्दुकित**] बिन्दु-युक्त, बिन्दु-विलिप्त; (पात्र; गउड)।

विंदुइज्जंत वि [**विन्दूयमान**] बिन्दुओं से व्याप्त होता; (से ११, १२५)।

विंद्रावण न [**वृन्दावन**] मथुरा के पास का एक वैष्णव-तीर्थ; (प्राकृ १७)।

विंब सक [**बिम्बू**] प्रतिबिम्बित करना। कर्म—विंबिज्जइ; (सुक्त ४६)।

विंब न [**बिम्ब**] १ प्रतिमा, मूर्ति; (कुमा)। २ छन्द-विशेष; (पिंग)। ३ न. बिम्बीफल, कुन्दरुन का फल; (गाया १, ८—पत्र १२६; पात्र, कुमा; दे २, ३६)। ४ प्रतिबिम्ब, प्रतिच्छाया; ५ अर्थ-शून्य आकार, "अप्पणं जणं पस्सति विंबभूयं" (सूत्र १, १३, ८)। ६ सूर्य तथा चन्द्र का मण्डल; (गउड; कप्पू)।

विंबवय न [**दे**] फल-विशेष, भिलावाँ; "विंबवयं भल्लायं" (पात्र)।

विंबिसार देखो **भिंभिसार**; (अंत)।

विंबी स्त्री [**बिम्बी**] लता-विशेष, कुन्दरुन का गाछ; (कुमा)। °फल न [°फल] कुन्दरुन का फल; (सुपा २६३)।

विंबोवणय न [**दे**] १ क्षोभ; २ विकार; ३ ओसीसा, उच्छीर्षक, (दे ६, ६८)।

विंह सक [**वृंह्**] पोषण करना। कृ—देखो **विंहणिज्ज**।

विंहणिज्ज वि [**वृंहणीय**] पुष्टि-जनक; (ठा ६—पत्र ३७५; गाया १, १—पत्र १६)।

विंहिअ वि [**वृंहित**] पुष्ट, उपचित; (हे १, १२८)।

विग्गाइआ } स्त्री [**दे**] कीट-विशेष, संलग्न रहता कीट-युग्म;
विग्गाई } गुजराती में 'बगाई'; (दे ६, ६३)।

[illegible] का नींबू; "बि-[illegible] सम्भरम" (सुपा ६३०)।

[illegible] ([illegible]) [illegible]; ([illegible])।

विट्ट पुं [**दे**] [illegible], लड़का, पुत्र; (चंड)

विट्टी स्त्री [**दे**] बेटी, पुत्री, लड़की; (चंड; हे ४, ३३०)।

विट्ठ वि [**दे, विष्ट**] बैठा हुआ, उपविष्ट; (ओघ ४७१)।

बिडाल पुं [**बिडाल**] मार्जार, बिल्ला; (पि २४१)।

बिडालिआ } स्त्री [**बिडालिका, °ली**] बिल्ली, मार्जारी;
बिडाली } (सम्मत्त १२२; पि २४१)। देखो **बिरालिआ**।

बिडिस देखो **बडिस**; (उप १४२ टी)।

बिदिय देखो **बिइअ**; (उप २७६)।

बिन्ना स्त्री [**वेन्ना**] भारत की एक नदी; (पिंड ५०३)।

बिब्बोअ पुं [**बिब्बोक**] १ स्त्री की शृंगार-चेष्टा-विशेष, इष्ट अर्थ की प्राप्ति होने पर गर्व से उत्पन्न अनादर-क्रिया; (पण्ह २, ४—पत्र १३१; गाया १, ८—पत्र १४२; भत्त १०६)। २ न. उपधान, ओसीसा; "सयणीअं तूलिअं सबिब्बोअं" (गच्छ ३, ८)।

बिब्बोइअ न [**बिब्बोकित**] स्त्री की शृंगार-चेष्टा का एक भेद; (पण्ह २, ४—पत्र १३१)।

बिब्बोयण न [**दे**] उपधान, ओसीसा; (गाया १, १—पत्र १३)।

बिभेलय देखो **बहेडय**; (पण्ण १—पत्र ३१)।

बिराड पुं [**बिडाल**] १ पिंगल-प्रसिद्ध मध्य-लघुक पाँच मात्रा वाला अक्षर-समूह; २ छन्द-विशेष; (पिंग)।

बिराल देखो **बिडाल**; (सुर १, १८)।

बिरालिआ } देखो **बिडालिआ**; (सम्मत्त १२३; पात्र)।
बिराली } २ भुजपरिसर्प-विशेष, हाथ से चलने वाला एक प्रकार का प्राणी; (सूत्र २, ३, २५)।

बिरुद न [**बिरुद**] इल्काब, पदवी; (सम्मत्त १४१)।

बिल न [**बिल**] १ रन्ध्र, विवर, साँप आदि जन्तुओं के रहने का स्थान; (विपा १, ७; गउड)। २ कूप, कुआँ; (राय)। °कोलीकारक वि [**दे, °कोलीकारक**] दूसरे को व्यामुग्ध करने के लिए विस्वर वचन बोलने वाला; (पण्ह १, ३—पत्र ४४)। °पंतिया स्त्री [°**पङ्क्तिका**] खान की पद्धति; (पण्ह २,५—पत्र १५०)।

बिलाड } देखो **बिडाल**; (भग; पि २४१)।
बिलाल }

बिलालिआ देखो **बिरालिआ**; (पि २४१)।

बिल्ल पुं [**बिल्व**] १ वृक्ष-विशेष, बेल का पेड़; (पण्ण १; उप १०३१ टी)। २ बेल का फल; (पात्र)।

बिल्लल पुं [**बिल्लल**] १ अनार्य देश-विशेष; २ उस देश में रहने वाली मनुष्य-जाति; (पण्ह १, १—पत्र १४)। देखो **चिल्लल**=चिल्वल।

विस न [**विस**] कमल आदि के नाल का तन्तु, मृणाल; (गाया १, १३; कुमा; पाअ)। °**कंठी** स्त्री [°**कण्ठी**] बलाका, बक पक्षी की एक जाति; (दे ६, ६३)। देखो **भिस**=विस।

विसि देखो **विसी**; (दे १, ८३)।

विसिणी स्त्री [**विसिनी**] कमलिनी, कमल का गाछ; (पि २०६)।

विसी स्त्री [**वृषी**] ऋषि का आसन; (दे १, ८३; पि २०६)।

विह अक [**भी**] डरना। विहेइ; (प्राकृ ६४; पि ५०१)।

विह वि [**वृहत्**] बड़ा, महान्। °**णर** पुं [°**नल**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

विहप्पइ, **विहप्फइ**, **विहस्सइ** देखो **वहस्सइ**; (हे २, १३७; १,१३८; २, ६९; षड्; कुमा)।

विहिअ देखो **विंहिअ**; (प्राकृ ८)।

विहेलग देखो **विभेलय**; (दस ५, २, २४)।

वीअ देखो **विइअ**; (हे १, ५; २, ७६; सुर १, ३८; सुपा ४८५)।

वीअ न [**बीज**] १ वीज, वीया; "लाउअवीअं इक्कं नासइ भारं गुडस्स जह सहसा" (प्रासू १५१; आचा; जी १३; औप)। २ मूल कारण; "सारीरमाणसाणेयदुक्खवीयभूयकम्मवणदहण-सहं" (महा)। ३ वीर्य, शरीरान्तर्गत सप्त धातुओं में से मुख्य धातु, शुक्र; (सुपा ३६०; वव ६)। ४ 'ह्रीं' अक्षर; (सिरि १६६)। °**बुद्धि** वि [°**बुद्धि**] मूल अर्थ को जानने से शेष अर्थों को निज बुद्धि से स्वयं जानने वाला; (औप)। °**मंत** वि [°**वत्**] बीज वाला; (गाया १, १)। °**रुइ** स्त्री [°**रुचि**] एक ही पद से अनेक पद और अर्थों के अनु-संधान द्वारा फैलने वाली रुचि; २ वि. उक्त रुचि वाला; (पण्ण १)। °**रुह** वि [°**रुह**] बीज से उत्पन्न होने वाली वनस्पति; (पण्ण १)। °**वाय** पुं [°**वाप**] क्षुद्र जन्तु-विशेष; (राज)। °**सुहुम** न [°**सूक्ष्म**] छिलके का अग्र भाग; (कप्प)।

वीअऊरय न [**बीजपूरक**] फल-विशेष, एक तरह का नीबू; (मा ३६)।

वीअजमण न [**दे**] बीज मलने का खल—खलिहान; (दे ६, ९३)।

वीअण पुं [**दे**] नीचे देखो; (दे ६, ९३ टी)।

वीअय पुंन [**दे. बीअक**] वृक्ष-विशेष, असन वृक्ष, विजयसार का गाछ; (दे ६, ९३; पाअ)।

बीआ स्त्री [**द्वितीया**] १ तिथि-विशेष, दूज; (सम २६; श्रा २६; रयण २; गाया १, १०; सुपा १७१)। २ द्वितीय विभक्ति; (चेइय ५०६)।

बीज देखो **बीअ**=बीज; (कुमा; पण्ह २, १—पत्र ९६)।

वीडग न [**बीटक**] बीड़ा, पान का बीड़ा, सज्जित ताम्बूल; (सुपा ३३९)।

वीडि, **वीडी** स्त्री [**बीटि**, °**टी**] ऊपर देखो; "बिल्लदलवीडीओ कीसवि सुहम्मि पक्खिवइ" (धर्मवि १४०)।

वीभच्छ, **वीभत्थ** वि [**वीभत्स**] १ घृणोत्पादक, घृणा-जनक; २ भयंकर, भय-जनक; (उवा; तंदु ३८; गाया १, २; संबोध ४४)। ३ पुं. रावण का एक सुभट; (पउम ५६, २)।

वीयत्तिय वि [**दे. बीजयितृ**] बीज बोने वाला, वपन करने वाला; २ पुं. पिता; "बीयं वीयत्तियस्सेव" (सुपा ३६०; ३६१)।

वीलय पुं [**दे**] ताडंक, कर्णभूषण-विशेष, कान का एक गहना; (दे ६, ९३)।

वीह अक [**भी**] डरना। वीहइ, वीहेइ; (हे ४, ५३; महा; पि २१३)। वकृ—**वीहंत**; (ओघभा १९; उप ७६८ टी; कुमा)। कृ—**वीहियव्व**; (स ६८२)।

वीहच्छ देखो **वीभच्छ**; (पि ३२७)।

वीहण, **वीहणग**, **वीहणय** वि [**भीषण**, °**क**] भय-जनक, भयंकर; (पि २१३; पण्ह १, १; पउम ३५, ५४)।

वीहविय वि [**भीषित**] डराया हुआ; (सम्मत्त ११८)।

वीहिअ वि [**भीत**] १ डरा हुआ; (हे ४, ५३)। २ न. भय, डरना; "न य वीहिअं ममावि हु" (श्रा १४)।

वीहिर वि [**भेतृ**] डरने वाला; (कुमा ६, ३५)।

वुइअ वि [**उक्त**] कथित; (सूअ १, २, २, २४; १, १४, २५; पण्ह २, २)।

वुंदि पुंस्त्री [**दे**] १ चुम्बन; २ सूकर, सूअर; (दे ६, ९८)।

वुंदि स्त्री [**दे**] शरीर, देह; "इह वुंदिं चइत्ताणं तत्थ गंतूण सिज्झइ" (ठा १ टी—पत्र २४; सुज्ज २०; तंदु १३; सुपा ६५६; धम्म ६ टी; पाअ)। देखो **बोंदि**।

वुंदिणी स्त्री [**दे**] कुमारी-समूह; (दे ६, ९४)।

वुंदीर पुं [**दे**] १ महिष, भैंसा; २ वि. महान्, बड़ा; (दे ६, ९८)।

बुंध न [बुध्न] १ वृक्ष का मूल; २ कोई भी मूल, मूलमात्र; (हे १, २६; षड्)।

बुंबा स्त्री [दे] चिल्लाहट, पुकार; (सुपा ६६५)।

बुंबु पुं [दे] ऊपर देखो; (कुरु ३१)।

बुंबुअ न [दे] वृन्द, यूथ, समूह; (दे ६, ६४)।

बुक्क अक [गर्ज्, बुक्क्] गर्जन करना, गरजना। बुक्कइ; (हे ४, ९८)।

बुक्क अक [भष्, बुक्क्] श्वान का भूँकना। बुक्कइ; (षड्)।

बुक्क पुंन [दे] १ तुष, छिलका; (सुख १८, ३७)। २ वाद्य-विशेष; "बुक्कतंबुक्कसंबुक्कसद्दुक्कडं" (सुपा ५०)।

बुक्कण पुं [दे] काक, कौआ; (दे ६, ६४; पाअ)।

बुक्कस देखो **बोक्कस**; (राज)।

बुक्का स्त्री [दे] १ मुष्टि; (दे ६, ६४; पाअ)। २ व्रीहि-मुष्टि; (दे ६, ६४)। ३ वाद्य-विशेष; "ढक्काडक्कहुडुक्कासं-बुक्काकरडिपभिईणं आउज्जाणं" (सुपा १६५)।

बुक्का स्त्री [गर्जना] गर्जन, गर्जारव; (पउम ६, १०८; गउड)।

बुक्कार पुं [दे. बूत्कार] गर्जन, गर्जना; (पउम ७, १०५; गउड)।

बुक्कासार वि [दे] भीरु, डरपोक; (दे ६, ६५)।

बुक्किअ वि [गर्जित] जिसने गर्जना की हो वह; "अह बु-क्किआ तुह भडा" (कुमा)।

बुज्झ सक [बुध्] १ जानना, ज्ञान करना, समझना। २ जागना। बुज्झइ; (उव)। भूका—बुज्झिंसु; (भग)। भवि—बुज्झिहिइ; (औप)। वकृ—**बुज्झंत, बुज्झ-माण**; (पिंग; आचा)। संकृ—**बुज्झा**; (हे २, १५)। कृ—**बुद्ध, बोद्धव्व, बोधव्व**; (पिंग; कुमा; नव २३; भग; जी २१)।

बुज्झविय } **बुज्झाविअ** } वि [बोधित] १ जिसको ज्ञान कराया गया हो वह; २ जगाया गया; (कुप्र ६४; सुपा ४२५; प्राकृ ६८)।

बुज्झिअ वि [बुद्ध] ज्ञात, विदित; (पाअ)।

बुज्झिर वि [बोद्धृ] १ जानने वाला; २ जागने वाला; (प्राकृ ६८)।

बुडबुड अक [बुडबुडय्] बुडबुड आवाज करना; "सुरा जहा बुडबुडेइ अव्वत्तं" (चेइय ४६२)।

बुड्ड अक [ब्रुड्, मस्ज्] डूबना। बुड्डइ; (हे ४, १०१; उव; कुमा; भवि)। भवि—बुड्डीसु (अप); (हे ४, ४२३)। वकृ—**बुड्डंत, बुड्डमाण**; (कुमा; उप १०३१ टी)। प्रयो, वकृ—**बुड्डावंत**; (संबोध १५)।

बुड्ड वि [ब्रुडित, मग्न] डूबा हुआ, निमग्न; (धम्म १२ टी; गा ३७; रंभा २३; सुर १०, १८६; भवि)। "बयबुड्डमंडं गाई" (पव ४ टी)।

बुड्डण न [ब्रुडन] डूबना; (संबे २; कप्पू)।

बुड्डिर पुं [दे] महिष, भैंसा; (षड्)।

बुड्ड वि [वृद्ध] बूढ़ा; (पिंग)। स्त्री—**ड्डा, ड्डी**; (काप्र १६७; सिरि १७३)।

बुण्ण वि [दे] १ भीत, डरा हुआ; २ उद्विग्न; (दे ७, ६४ टी)।

बुत्ती स्त्री [दे] ऋतुमती स्त्री; (दे ६, ६४)।

बुद्ध वि [बुद्ध] १ विद्वान्, पण्डित, ज्ञात-तत्त्व; (सम १; उप ६१२ टी; श्रा १२; कुप्र ४०; श्रु १)। २ जागा हुआ, जागृत; (सुर ६, २४३)। ३ भूत, भविष्य और वर्तमान का जानकार; (चेइय ७१३)। ४ विज्ञात, विदित; (ठा ३, ४)। ५ पुं. जिन-देव, अर्हन्, तीर्थंकर; (सम ६०)। ६ बुद्धदेव, भगवान् बुद्ध; (पाअ; दे ७, ५१; उर ३, ७; कुप्र ४४०; धर्मसं ६७२)। ७ आचार्य, सूरि; (उत्त १, १७)। °**पुत्त** पुं [°**पुत्र**] आचार्य-शिष्य; (उत्त १, ७)। °**बोहिय** वि [°**बोधित**] आचार्य-बोधित; (नव ४३)। °**माणि** वि [°**मानिन्**] निज को पण्डित मानने वाला; (सूअ १, ११, २५)। °**ालय** पुंन [°**ालय**] बुद्ध-मन्दिर; (कुप्र ४४२)।

बुद्ध वि [बौद्ध] १ बुद्ध-भक्त; २ बुद्ध-संबन्धी; (ती ७; सम्मत्त ११६)।

बुद्ध देखो **बुज्झ**।

बुद्ध देखो **बुंध**; (सुज्ज २०)।

बुद्धंत पुंन [बुध्नान्त] अधो-भाग, नीचे का हिस्सा; "ता राहू णं देवे चंदं वा सूरं वा गेण्हमाणे बुद्धंतेणं गिण्हित्ता बुद्धंतेणं मुयइ" (सुज्ज २०)।

बुद्धि स्त्री [बुद्धि] १ मति, मेधा, मनीषा, प्रज्ञा; (ठा ४, ४; जी ६; कुमा; कप्प; प्रासू ४७)। २ देव-प्रतिमा-विशेष; (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। ३ महापुण्डरीक ह्रद की अधिष्ठात्री देवी; (ठा २, ३—पत्र ७२; इक)। ४ छन्द-विशेष; (पिंग)। ५ तीर्थंकरी; ६ साध्वी; (राज)। ७ अहिंसा, दया; (पण्ह २, १)। ८ पुं. इस नाम का एक मन्त्री; (उप ८४४)। °**कूड** न [°**कूट**] पर्वत-विशेष

का शिखर; (राज)। °बोहिय वि [°बोधित] १ तीर्थकरी—स्त्री-तीर्थकर—से प्रतिबोधित; २ सामान्य साध्वी से बोधित; (राज)। °मंत वि [°मत्] बुद्धि वाला; (उप ३३६; सुपा ३७२; महा)। °ल पुं [°ल] १ एक स्वनाम-प्रसिद्ध श्रेष्ठी; (महा)। २ देखो °ल्ल; (राज)। °ल्ल वि [°ल] बुद्धू, मूर्ख, दूसरे की बुद्धि पर जीने वाला; "तस्स पंडियमाग(? णि)स्स बुद्धिल्लस्स दुरप्पणो" (ओघभा २६ टी; २७)। °वंत देखो °मंत; (भवि)। °सागर, °सायर पुं [°सागर] विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी का एक सुप्रसिद्ध जैनाचार्य और ग्रन्थकार; (सुर १६, २४५; सार्ध ६६; सम्मत ७६)। °सिद्ध पुं [°सिद्ध] बुद्धि में सिद्धहस्त, संपूर्ण बुद्धि वाला; (आवम)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] एक मन्त्रि-कन्या; (उप ७२८ टी)।

बुध देखो **बुह**; (पण्ह १, ५; सुज्ज २०)।

बुब्बुअ अक [बुबुय्] बु बु आवाज करना, छाग का बोलना। बुब्बुयइ; (कुप्र २४)। वकृ—**बुब्बुयंत**; (कुप्र २४)।

बुब्बुअ पुं [बुद्बुद] बुलबुला, पानी का बुलका; (दे ६, ६५; औप; पिंड १६; णाया १, १; वै ४५; प्रासू ६६; दं १३)।

बुभुक्खा स्त्री [बुभुक्षा] भूख, खाने की इच्छा; (अभि २०७)।

बुय वि [ब्रुव] बोलने वाला; (सूअ १, ७, १०)।

बुयाण देखो **बुव**।

बुल वि [दे] बोड, भदन्त, धर्मिष्ठ; (पिंग १६८)।

बुलंबुला स्त्री [दे] बुलबुला, बुद्बुद; (दे ६, ६५)।

बुलबुल पुं [दे] ऊपर देखो; (षड्)।

बुल्ल देखो **बोल्ल**। बुल्लइ; (कुप्र २६; श्रा १४), बुल्लंति; (प्रासू ४)। प्रयो—बुल्लावेइ, बुलावेमि, बुल्लावए; (कुप्र १२७; सिरि ४४०)।

बुव सक [ब्रू] बोलना। बुवइ; (षड्; कुमा)। वकृ—**बुवंत, बुयाण, बुवाण**; (उत्त २३, २१; सूअ १, ७, १०; उत्त २३, ३१)। देखो **बू**।

बुस न [बुस] १ भूसा, यव आदि का कडंगर, नाज का छिलका; (ठा ८—पत्र ४१७)। २ तुच्छ धान्य, फल-रहित धान्य; (गउड)।

बुसि स्त्री [बृषि, °सि] मुनि का आसन। °म, °मंत वि [°मत्] संयमी, व्रती, मुनि; (सूअ २, ६, १४; आचा)।

बुसिआ स्त्री [बुसिका] यव आदि का कडंगर, भूसा; (दे २, १०३)।

बुह पुं [बुध] १ ग्रह-विशेष, एक ज्योतिष्क देव; (सुर ३, ५३; धर्मवि २४)। २ वि. पण्डित, विद्वान्; (ठा ४, ४; सुर ३, ५३; धर्मवि २४; कुमा; पात्र)।

बुहप्पइ, **बुहप्फइ**, **बुहस्सइ** } देखो **बहस्सइ**; (हे २, ५३; १३७; षड्; कुमा)।

बुहक्ख सक [बुभुक्ष्] खाने की इच्छा करना। बुहुक्खइ; (हे ४, ५; षड्)।

बुहुक्खा देखो **बुभुक्खा**; (राज)।

बुहुक्खिअ वि [बुभुक्षित] भूखा; (कुमा)।

बू सक [ब्रू] बोलना, कहना। बूम, बूया, बूहि; (उत्त २५, २६; सूअ १, १, ३, ६; १, १, १, २)। बिंति, बेंति, बेमि, बुआ; (कम्म ३, १३; महा; कप्प)। भूका—अब्बवी (उत्त २३, २१; २२; २५; ३१; ठा ३, २)। वकृ—**बिंत, बेंत**; (उप ७२८ टी; सुपा ३६०; विसे ११६)। संकृ—**बूइत्ता**; (ठा ३, २) देखो **बव, बुव**।

बूर पुं [बूर] वनस्पति-विशेष; (णाया १, १—पत्र ६; उत्त ३४, १६; कप्प; औप)। °णालिया, °नालिआ स्त्री [°नालिका] बूर से भरी हुई नली; (राज; भग)।

बूल वि [दे] मूक, वाचा-शक्ति से रहित; (पिंग १६५ टी)।

बूह सक [बृंह्] पुष्ट करना। बूहए; (सूअ २, ५, ३२)।

बे देखो **बि**; (वज्जा १०; हे ३, ११६; १२०; पिंग)। °आसी (अप) स्त्री [°अशीति] बयासी, ८२; (पिंग)। °इंदिय वि [°इन्द्रिय] त्वचा और जीभ ये दो ही इन्द्रिय वाला प्राणी; (ठा १; भग; स ८३; जी १५)। °हिय [द्व्याह्निक] दो दिन का; (जीवस ११६)।

बेंट देखो **बिंट**; (महा)।

बेंत देखो **बू**।

बेंदि देखो **बे-इंदिय**; (पंच ५, ५६)।

बेट्ठ देखो **बिट्ठ**; (ओघभा १७४)।

बेड, **बेडय** } पुं [दे] नौका, जहाज; (दे ६, ६५; सुर १३, ५०)।

बेडा, **बेडिया**, **बेडी** } स्त्री [दे] नौका, जहाज; (उप ७२८ टी; सिरि ३८२; ४०७; श्रा १२; धम्म १२ टी), "पाणी-हि जलं दारइ अरित्तदंडेहि बेडिव्व" (धर्मवि १३२)।

बेड्डा स्त्री [दे] श्मश्रु, दाढ़ी-मूँछ के बाल; (दे ६, ६५)।

वेदोणिय त्रि [**द्वैद्रोणिक**] दो द्रोण का, द्रोण-द्वय-परिमित; "कप्पइ मे वेदोणियाए कंसपाईए हिरण्णभरियाए संववहरित्तए" (उवा)।

बेमासिय वि [**द्वैमासिक**] दो मास का, दो महिने का संबन्ध रखने वाला; (पउम २२, २८)।

बेलि स्त्री [**दे**] स्थूणा, खूँटा; (दे ६, ६५; पाअ)।

बेल्ल देखो **विल्ल**; (प्राकृ ५)।

बेल्लग पुं [**दे**] बैल, बलीवर्द; (आवम)।

बेस अक [**विश्, स्था**] बैठना; "अंतंतं भोक्खामि त्ति बेसए भुंजए य तह चेव" (ओघ ५७१)।

बेसक्खिज्ज न [**दे**] द्वेष्यत्व, रिपुता, दुश्मनाई; (दे ७, ७६ टी.)।

बेसण न [**दे**] वचनीय, लोकापवाद, लोक-निन्दा; (दे ६, ७५ टी)।

बेहिम वि [**दे, द्वैधिक**] दो टुकड़े करने योग्य, खण्डनीय; (दस ७, ३२)।

बोंगिल्ल वि [**दे**] १ भूषित, अलंकृत; २ पुं. आटोप, आडम्बर; (दे ६, ६६)।

बोंटण न [**दे**] चूचुक, स्तन का अग्र भाग; (दे ६, ६६)।

बोंड न [**दे**] १ चूचुक, स्तन-वृन्त; (दे ६, ६६)। २ फल-विशेष, कपास का फल; (औप; तंदु २०)। °**य** न [°**ज**] सूती वस्त्र, सूती कपड़ा; (सूअ २, २, ७३; औप)।

बोंद न [**दे**] मुख, मुँह; (दे ६, ६६)।

बोंदि स्त्री [**दे**] १ रूप; २ मुख, मुँह; (दे ६, ६६)। ३ शरीर, देह; (दे ६, ६६; पराह १, १; कप्प; औप; उत्त ३५, २०; स ७१२; विसे ३१६१; पव ५५; पंचा १०, ४)।

बोंदिया स्त्री [**दे**] शाखा; (सूअ २, २, ४६)।

बोकड } पुं [**दे**] छाग, बकरा; गुजराती में 'बोकडा'; **बोक्कड** } (ती ३; दे ६, ६६)। स्त्री—°**डी**; (दे ६, ६६ टी)।

बोक्कस पुं [**बोक्कस**] १ अनार्य देश-विशेष; (पव २७४)। २ वर्णसंकर जाति-विशेष, निषाद से अंबष्ठी की कुक्षि में उत्पन्न; (सुख ३, ४)।

बोक्कसालिय पुं [**दे**] तन्तुवाय, "कोट्टागकुलाणि वा गामरक्खकुलाणि वा बोक्कसालियकुलाणि वा" (आचा २, १, २, ३)।

बोक्कार देखो **बुक्कार**; (सुर १०, २२१)।

बोक्किय न [**बूत्कृत**] गर्जन, गर्जना; (पउम ५६, ५४)।

बोगिल्ल त्रि [**दे**] चितकबरा; "फलं सबलं सारं किम्मीरं चित्तलं च बोगिल्लं" (पाअ)।

बोट्ट सक [**दे**] उच्छिष्ट करना, भूठा करना। गुजराती में 'बोटवुं'। "रयणीए रयणिचरा चरंति बोट्टंति अन्नमाईयं" (सुपा ४६१)।

बोड वि [**दे**] १ धार्मिक, धर्मिष्ठ; २ तरुण, युवा; (दे ६, ६६)। ३ मुण्डित-मस्तक; "एमेव अडइ बोडो" गुजराती में 'बोडो'; (पिंड २१७)।

बोडघेर न [**दे**] गुल्म-विशेष; (पाअ)।

बोडिय पुं [**बोटिक**] १ दिगम्बर जैन संप्रदाय; २ वि. दिगम्बर जैन संप्रदाय का अनुयायी; "बोडियसिवभूईओ बोडियलिंगस्स होइ उप्पत्ती" (विसे १०४१; २५५२)।

बोडिय वि [**दे**] मुण्डित-मस्तक (?); "बोडियमसिए धुवं मरणं" (ओघभा ८३ टी)।

बोड्डर न [**दे**] श्मश्रु, दाढी-मूँछ; (दे ६, ६५)।

बोड्डिआ स्त्री [**दे**] कपर्दिका, कौड़ी; "केसरि न लहइ बोड्डिअवि गय लक्खेहिं घेप्पंति" (हे ४, ३३५)।

बोदर वि [**दे**] पृथु, विशाल; (दे ६, ६६)।

बोदि देखो **बोंदि**; (औप)।

बोदह [**दे**] देखो **बोद्रह**; (पाअ)।

बोद्ध वि [**बौद्ध**] बुद्ध-भक्त; (संबोध ३४)।

बोद्धव्व देखो **बुज्झ**।

बोद्रह वि [**दे**] तरुण, जवान; (दे ७, ८०)।

बोधण न [**बोधन**] बोध, शिक्षा, उपदेश; (सम ११६)।

बोधव्व देखो **बुज्झ**।

बोधि देखो **बोहि**; (ठा २, १—पत्र ४६)। °**सत्त** पुं [°**सत्त्व**] सम्यग् दर्शन का प्राप्त प्राणी, अर्हन् देव का भक्त जीव; (माह ३)।

बोधिअ वि [**बोधित**] ज्ञापित, अवगमित; (धर्मसं ५०६)।

बोर न [**बदर**] फल-विशेष, बेर; (गा २००; हे १७०; षड्; कुमा)।

बोरी स्त्री [**बदरी**] बेर का गाछ; (प्राकृ ४; हे १, १७०; कुमा; हेका २५६)।

बोल सक [**ब्रोडय्**] डुबाना। "तंबोलो तं बोलइ जिणवसहिट्ठिएण जेण खद्धा" (सार्ध ११४), "बुड्ढं तं बोलए अन्नं" (सूक्त ६६), बोलेइ, बोलए; (संबोध १३), "केसिं च बंधित्तु गले सिलाओ उदगंसि बोलंति महालयंसि" (सूअ

१, ५, १, १०), वोलेमि; (सिरि १३८), "गुरुनामेणं लोए वोलेइ वहू" (उवर १५२)।

वोल अक [व्यति + क्रम्] १ पसार होना, गुजरना। २ सक. उल्लंघन करना। "दूई ण एइ, चंदोवि उग्गओ, जामिणीवि वोलेइ" (गा ८५४), "पुणो तं वंधेण न वोलइ कयाइ" (श्रावक ३३), वोलए; (चंड)। देखो **वोल**=गम्।

वोल पुं [दे] १ कलकल, कोलाहल; (दे ६, ६०; भग; भवि; कप्पू; उप ५०६), "हासवोलवहुला" (औप)। २ समूह; "कमढासुरेण रइयम्मि भीसणे पलयतुल्लजलवोले" (भाव १; कुलक ३४)।

वोलग पुंन [दे. ब्रोड] १ मज्जन, डूबना; २ कर्षण, खींचाव; "उच्चूलं वोलगं पज्जेति" (विपा १, ६—पत्र ६८)।

वोलिअ वि [ब्रोडित] डुबाया हुआ; (वज्जा ६८)।

वोलिंदी स्त्री [दे] लिपि-विशेष, ब्राह्मी लिपि का एक भेद; "माहेसरीलिवी दामिलिवी वोलिंदिलीवी" (सम ३५)।

वोल्ल सक [कथय्] वोलना, कहना। वोल्लइ; (हे ४, २; प्राकृ ११६; सुर ८, १६७; भवि)। कर्म—वोल्लिअइ (अप); (कुमा)। कृ—**वोल्लेवय** (अप); (कुमा)। प्रयो—वोल्लावइ; (कुमा)।

वोल्लणअ वि [कथयितृ] वोलने का स्वभाव वाला; (हे ४, ४४३)।

वोल्ला स्त्री [कथा] वार्ता, वात; "नीयवोल्लाए" (उप १०१५)।

वोल्लाविय वि [कथित] वुलवाया हुआ; (स ४६१; ६६६)।

वोल्लिअ वि [कथित] १ उक्त; २ न. उक्ति; (भवि; हे ४, ३८३)।

वोव्व न [दे] खेत, खेत; (दे ६, ६६)।

वोह सक [वोधय्] १ समझाना, ज्ञान कराना। २ जगाना। वोहेइ; (उव)। कर्म—वोहिज्जइ; (उव)। वकृ—**वोहिंत, वोहेंत**; (सुर १५, २४६; महा)। कवकृ—**वोहिज्जंत**; (सुर २, १४५; ८, १६५)। हेकृ—**वोहेउं**; (अज्झ १७६)।

वोह पुं [वोध] १ ज्ञान, समझ; (जी १)। २ जागरण; (कुमा)।

वोहग देखो **वोहय**; (दं १)।

वोहण देखो **वोधण**; (उप २०६; सुर १, ३७; उवर १)।

वोहय वि [वोधक] वोध देने वाला, ज्ञान-दाता; (सम १; णाया १, १; भग; कप्प)।

वोहर पुं [दे] मागध, स्तुति-पाठक; (दे ६, ६७)।

वोहारी स्त्री [दे] वुहारी, संमार्जनी, झाड़ू; (दे ६, ६७)।

वोहि स्त्री [वोधि] १ शुद्ध धर्म का लाभ, सद्धर्म की प्राप्ति; "दुल्लहा वोही" (उत्त ३६, २५८), "वोही जिणेहि भणिया भवंतर सुद्धधम्मसंपत्ती" (चेइय ३३२; संवोध १४; सम ११६; उप ४८१ टी)। २ अहिंसा, अनुकम्पा, दया; (पण्ह २, १)। देखो **वोधि**।

वोहिअ वि [वोधित] १ ज्ञापित, समझाया हुआ; (भग)। २ विकासित, विवोधित; "रविकिरणतरुणवोहियसहस्सपत्त—" (कप्प)।

वोहिअ पुं [वोधिक] मनुष्य चुराने वाला चोर; (निचू १; चेइअ ४४६)।

वोहिंत देखो **वोह**=वोधय्।

वोहिग देखो **वोहिअ**=वोधिक; (राज)।

वोहित्थ पुंन [दे] प्रवहण, जहाज, यानपात्र, नौका; (दे ६, ६६; स २०६; चेइय २६४; कुप्र २२२; सिरि ३८३; सम्मत्त १५७; सुपा ६४; भवि)।

वोहित्थिय वि [दे] प्रवहण-स्थित; (वज्जा १५८)।

°**ब्भंस** देखो **भंस**; (सुपा ५०६)।

°**ब्भमर** देखो **भमर**; (नाट—मुद्रा ३६)।

°**ब्भास** देखो **अब्भास**, "किंतु अइदूहवा सा दिट्ठिब्भासेवि कुणइ न हु कोइ" (सुपा ५६७)।

°**ब्भि** वि [भित्] भेदन करने वाला, नाश-कर्ता; "सगडब्भि" (आचा १, ३, ४, १)।

ब्रो (अप) देखो **बू**। ब्रोहि; (प्राकृ १२१)।

इअ सिरि**पाइअसद्दमहण्णव**म्मि वआराइसद्दसंकलणो
एगूणतीसइमो तरंगो समत्तो।

—:०:—

भ

भ पुं [**भ**] १ ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष; (प्राप; प्रामा)। २ पिंगल-प्रसिद्ध आदि-गुरु और दो ह्रस्व अक्षरों की संज्ञा, भगण; (पिंग)। ३ न. नक्षत्र; (सुर १६, ४३)। °**आर** पुं [°**कार**] १ 'भ' अक्षर। २ भगण; (पिंग)। °**गण** पुं [°**गण**] भगण; (पिंग)।

भइ देखो **भव**=भू।

भइ स्त्री [**भृति**] वेतन, तनखाह; (णाया १, ८—पत्र १५०; विपा १, ४; उवा)। देखो **भूइ**।

भइअ वि [**भक्त**] १ विभक्त; (श्रावक १८५; सम ७६)। २ खण्डित; "अंगुलसंखासंखप्पएसभइयं पुढो पयरं" (पंच २, १२; औप)। ३ विकल्पित; (वव ६)।

भइअ } देखो **भय**=भज्।
भइअव्व }

भइणि° } स्त्री [**भगिनी**] बहिन, स्वसा; (सुपा १५;
भइणिआ } स्वप्न १५; १७; विपा १, ४; प्रासू ७८; कुल
भइणी } २३५; कुमा)। °**वइ** पुं [°**पति**] बहनोई; (सुपा १५; ५३२)। °**सुअ** पुं [°**सुत**] भागिनेय, भानजा; (सुपा १७)। देखो **बहिणी**।

भइरव वि [**भैरव**] १ भयंकर, भीषण, भय-जनक; (पाअ; सुपा १८२)। २ पुं. नाट्यादि-प्रसिद्ध एक रस, भयानक रस; ३ महादेव, शिव; ४ महादेव का एक अवतार; ५ राग-विशेष, भैरव राग; ६ नद-विशेष; (हे १, १५१; प्राप्र)। देखो **भेरव**।

भइरवी स्त्री [**भैरवी**] शिव-पत्नी, पार्वती; (गउड)।

भइरहि पुं [**भगीरथि**] सगर चक्रवर्ती का एक पुत्र, भगीरथ; (पउम ५, १७५)।

भइल वि [**दे**] भया, जात; (रंभा ११)।

भउहा (शौ) देखो **भमुहा**; (पि २५१)।

भउहा (अप) देखो **भमुहा**; (पिंग)।

भएयव्व देखो **भय**=भज्।

भंकार पुं [**भङ्कार**] भनकार, अव्यक्त आवाज विशेष; (उप पृ ८६)।

भंकारि वि [**भङ्कारिन्**] भनकार करने वाला; (सण)।

भंग पुं [**भङ्ग**] १ भाँगना, खण्ड, खण्डन; (ओघ ७८८; प्रासू १७०; जी १२; कुमा)। २ प्रकार, भेद, विकल्प; (भग; कम्म ३, ५)। ३ विनाश; (कुमा; प्रासू २१)। ४ रचना-विशेष; "तरंगरंगंतभंग—" (कप्प)। ५ पराजय; ६ पलायन; (पिंग)। °**रय** न [°**रत**] मैथुन-विशेष; (वज्जा १०८)।

भंग पुं [**भृङ्ग**] आर्य देश-विशेष, जिसकी राजधानी प्राचीन काल में पावापुरी थी; (इक)।

भंग (अप) देखो **भग्ग**=भग्न; (पिंग)।

भंगरय पुं [**भृङ्गरज, भृङ्गारक**] १ पौधा विशेष, भृङ्गराज, भँगरा; २ न. भँगरा का फूल; (वज्जा १०८; सुपा ३२४)।

भंगा स्त्री [**भङ्गा**] १ वनस्पति-विशेष, अतसी, पाट, कुष्टा; "कप्पइ णिग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा पंच वत्थाइं धारित्तए वा परिहरेत्तए वा, तं जहा—जंगिए भंगिए साणए पोत्तिए तिरीड-पट्टए णामं पंचमए" (ठा ५, ३—पत्र ३३८)। २ वाद्य-विशेष; "—पडहहुडुकुडुक्काभेरीभंगापहुदिभूरिवज्जभंड-तुमुल—" (विक्र ८७)।

भंगि स्त्री [**भङ्गि**] १ प्रकार, भेद; (हे ४, ३३६; ४११)। २ व्याज, छल, बहाना; "सहिभंगिभणिअसंभाविआवराहाए" (गा ६१३)। ३ विच्छित्ति, विच्छेद; (राज)। ४ पुंस्त्री. देश-विशेष; "पावा भंगी य" (पव २७५; विचार ४६)।

भंगिअ न [**भङ्गिक, भाङ्गिक**] १ भङ्गा-मय, एक तरह का वस्त्र, पाट का बना हुआ कपड़ा; (ठा ३, ३; ५, ३—पत्र १३८; कस)। २ शास्त्र-विशेष; "जोगतिगस्सवि भंगिय-सुत्ते किरिया जओ भणिया" (चेइय २४५)।

भंगिल्ल वि [**भङ्गवत्**] प्रकार वाला, भेद-पतित; "पढमभं-गिल्ला" (संबोध ३२)।

भंगी स्त्री [**भङ्गी**] देखो **भंगि**; (हे ४, ३३६; गा ६१३; विचार ४६)।

भंगी स्त्री [**भृङ्गी**] वनस्पति-विशेष;—१ भाँग, विजया; २ अतिविषा, अतिस का गाछ; (पण्ण १—पत्र ३६; पण्ण १७—पत्र ५३१)।

भंगुर वि [**भङ्गुर**] १ स्वयं भाँगने वाला, विनश्वर, विनाश-शील; "तडिदंडाडंबरभंगुराइं ही विसयसोक्खाइं" (उप ६ टी; पण्ह १, ४; सुर १०, १८; स ११४; धर्मसं ११७१; विवे ११४)। २ कुटिल, वक्र; "कुडिलं वंकं भंगुरं" (पाअ)।

भंछा देखो **भत्था**; (राज)।

भंज सक [**भञ्ज्**] १ भाँगना, तोड़ना। २ पलायन कराना, भगाना। ३ पराजय करना। ४ विनाश करना। भंजइ,

भंजए; (हे ४, १०६; षड्; पि ५०६)। भवि—भंजिस्सइ; (पि ५३२)। कर्म—भज्जइ; (भग; महा)। वकृ—**भंजंत**; (गा १६७; सुपा ५६०)। कवकृ—**भज्जंत, भज्जमाण**; (से ६, ४४; सुर १०, २१७; स ६३)। संकृ—**भंजिअ, भंजिउ, भंजिऊण, भंजिऊणं, भंजेऊण**; (नाट; पि ५७६; महा; पि ५८५; महा), **भज्जिउ** (अप); (हे ४, ३६५)। हेकृ—**भंजित्तए**; (गाया १, ८); **भंजणहं** (अप); (हे ४, ४४१ टि)।

भंजअ } वि [**भञ्जक**] भाँगने वाला, भङ्ग करने वाला;
भंजग } (गा ५५२; पगह १, ४)। २ पुं. वृक्ष, पेड़; "भंजगा इव संनिवेसं नो चयंति" (आचा)।

भंजण न [**भञ्जन**] १ भङ्ग, खण्डन; (पव ३८; सुर १०, ६१)। २ विनाश; (सुपा ३७६; पगह १, १)। ३ वि. भंजन करने वाला, तोड़ने वाला; विनाशक; "भवभंजण" (सिरि ५४६), "रिउसंगभंजणेण" (कुमा), स्त्री—°णी; (गा ७४५)।

भंजणा स्त्री [**भञ्जना**] ऊपर देखो; "विणओवयारम-(?र मा-)णस्स भंजणा पूयणा गुरुजणस्स" (विसे ३४६६; निचू १)।

भंजाविअ } वि [**भञ्जित**] १ भँगाया हुआ, तुड़वाया हुआ;
भंजिअ } (स ५४०)। २ भगाया हुआ; (पिंग)। ३ आक्रान्त; (तंदु ३८)।

भंजिअ देखो **भग्ग**=भग्न; (कुमा ६, ७०; पिंग; भवि)।

भंड सक [**भाण्डय्**] भँडारा करना, संग्रह करना, इकट्ठा करना। भंडेइ; (सुख २, ४५)।

भंड सक [**भण्ड्**] भाँडना, भर्त्सना करना, गाली देना। भंडइ; (सण)। वकृ—**भंडंत**; (गा ३७६)। संकृ—**भंडिउं**; (वव १)।

भंड पुं [**भण्ड**] १ विट, भडुआ; (पव ३८)। २ भाँड, बहुरूपिया, मुख आदि के विकार से हँसाने का काम करने वाला, निर्लज्ज; (आव ६)।

भंड न [**दे**] १ वृन्ताक, वैंगण, भंटा; (दे ६, १००)। २ पुं. मागध, स्तुति-पाठक; ३ सखा, मित्र; ४ दौहित्र, पुत्री का पुत्र; (दे ६, १०६)। ५ पुंन. मण्डन, आभूषण, गहना; (दे ६, १०६; भग; औप)। ६ वि. छिन्न-मूर्धा, सिर-कटा; (दे ६, १०६)। ७ न. क्षुर, छुरा; ८ छुरे से मुण्डन; (राज)।

भंड } पुंन [**भाण्ड**] १ वर्तन, वासन, पात्र; "दुग्गइंदुह-
भंडग } भंडे घडइ अक्खंडे" (संवेग १४; दे ३, २१; श्रा २७; सुपा १६६)। २ कयाणक, पण्य, बेचने की वस्तु; (गाया १, १—पत्र ६०; औप; पगह १, १; उवा; कुमा)। ३ गृह, स्थान; (जीव ३)। ४ वस्त्र-पात्र आदि घर का उपकरण; (ठा ३, १; कप्प; ओघ ६६६; गाया १, ५)।

भंडण न [**दे. भण्डन**] १ कलह, वाक्-कलह, गाली-प्रदान; (दे ६, १०१; उव; महा; गाया १, १६—पत्र २१३; ओघ २१४; गा ६६६; उप ३३६; तंदु ५०)। २ क्रोध, गुस्सा; (सम ७१)।

भंडणा स्त्री [**भण्डना**] भाँडना, गाली-प्रदान; (उप ३३६)।

भंडय देखो **भंड**=भाण्ड; (हे ४, ४२२)।

भंडय देखो **भंडग**; "पायसघयदहियाणं भरिऊणं भंडए गरुए" (महा ८०, २४; उत्त २६, ८)।

भंडा स्त्री [**दे**] संबोधन-सूचक शब्द; (संक्षि ४७)।

भंडाआर } पुं [**भाण्डागार**] भंडार, कोठा, वखार; (मुद्रा
भंडागार } १४१; स १७२; सुपा २२१; २६)।

भंडागारि } पुंस्त्री [**भाण्डागारिन्, °क**] भंडारी,
भंडागारिअ } भंडार का अध्यक्ष; (गाया १, ८; कुप्र १०८)। स्त्री—°**रिणी**; (गाया १, ८)।

भंडार देखो **भंडागार**; (महा)।

भंडार पुं [**भाण्डकार**] वर्तन बनाने वाला शिल्पी; (राज)।

भंडारि } देखो **भंडागारि**; (स २०७; सुर ४, ६०)।
भंडारिअ }

भंडिअ पुं [**भाण्डिक**] भंडारी, भंडार का अध्यक्ष; (सुख २, ४५)।

भंडिआ स्त्री [**भाण्डिका**] स्थाली, थलिया; (ठा ८—पत्र ४१७)।

भंडिआ } स्त्री [**दे**] १ गंत्री, गाड़ी; (बृह ३; दे ६, १०६;
भंडी } आवम; निचू ३; वव ६)। २ शिरीष वृक्ष; ३ अटवी, जंगल; ४ असती, कुलटा; (दे ६, १०६)।

भंडीर पुं [**भण्डीर**] वृक्ष-विशेष, शिरीष वृक्ष; (कुमा)। °**वडिंसय, °वडेंसय** न [**°ावतंसक**] मथुरा नगरी का एक उद्यान; "महुराए णयरीए भंडि(?डीर)वडेंसए उज्जाणे" (राज; णाया २—पत्र २५३)। °**वण** न [**°वन**] १ मथुरा का एक वन; (ती ७)। २ मथुरा का एक चैत्य; (आवम)।

भंडु न [**दे**] मुण्डन; (दे ६, १००)।

भंडुल्ल देखो **भंड**=भाण्ड; (भवि)।
भंत वि [**भ्रान्त**] १ घुमा हुआ; "भंतो जसो मेइणी (ए)" (पउम ३०, ६८)। २ भ्रान्ति-युक्त, भ्रम वाला, भूला हुआ; (दे १, २१)। ३ अपेत, अनवस्थित; (विसे ३४४८)। ४ पुं. प्रथम नरक का तीसरा नरकेन्द्रक—नरकावास-विशेष; (देवेन्द्र ३)।
भंत वि [**भगवत्**] भगवान्, ऐश्वर्य-शाली; (ठा ३, १; भग; विसे ३४४८—३४५६)।
भंत वि [**भदन्त**] १ कल्याण-कारक; २ सुख-कारक; ३ पूज्य; (विसे ३४३६; कप्प; विपा १, १; कस; विसे ३४७४)।
भंत वि [**भजत्**] सेवा करता; (विसे ३४४६)।
भंत वि [**भात्, भ्राजत्**] चमकता, प्रकाशता; (विसे ३४४७)।
भंत वि [**भवान्त**] भव का—संसार का—अन्त करने वाला, मुक्ति का कारण; (विसे ३४४६)।
भंत वि [**भयान्त**] भय-नाशक; (विसे ३४४६)।
भंति स्त्री [**भ्रान्ति**] भ्रम, मिथ्या ज्ञान; (धर्मसं ७२१; ७२३; सुपा ३१२; भवि)।
भंति (अप) स्त्री [**भक्ति**] भक्ति, प्रकार; (पिंग)।
भंभल वि [**दे**] १ अप्रिय, अनिष्ट; (दे ६, ११०)। २ मूर्ख, अज्ञान, पागल, बेवकूफ; (दे ६, ११०; सुर ८, १६६)।
भंभसार पुं [**भम्भसार**] भगवान् महावीर के समकालीन और उनके परम भक्त एक मगधाधिपति, ये श्रेणिक और बिम्बिसार के नाम से भी प्रसिद्ध थे; (णाया १, १३; औप)। देखो **भिंभसार, भिंभिसार**।
भंभा स्त्री [**दे, भम्भा**] १ वाद्य-विशेष, भेरी; (दे ६ १००; णाया १, १७; विसे ७८ टी; सुर ३, ६६; सम्मत्त १०६; राय; भग ७, ६)। २ भाँ भाँ की आवाज; (भग ७, ६—पत्र ३०५)।
भंभी स्त्री [**दे**] १ असती, कुलटा; (दे ६, ६६)। २ नीति-विशेष; (राज)।
भंस अक [**भ्रंश्**] १ नीचे गिरना। २ नष्ट होना। ३ स्खलित होना। भंसइ; (हे ४, १७७)।
भंस पुं [**भ्रंश**] १ स्खलना; २ विनाश; (सुपा ११३; सुर ४, २३०), "संपाडइ संपयाभंसं" (कुप्र ४१)।
भंसण न [**भ्रंशन**] ऊपर देखो; "को णु उवाओ जिणधम्मभंसणे होज्ज एईए" (सुपा ११३; सुर ४, १५)।
भंसणा स्त्री [**भ्रंशना**] ऊपर देखो; (पण्ह २, ४; श्रावक ६५)।
भक्ख सक [**भक्षय्**] भक्षण करना, खाना। भक्खेइ; (महा)। कर्म—भक्खिज्जइ; (कुमा)। वकृ—**भक्खंत**; (सं १०२)। हेकृ—**भक्खिउं**; (महा)। कृ—**भक्ख, भक्खेय, भक्खणिज्ज**; (पउम ८४, ४; सुपा ३७०; णाया १, १०; सुर १४, ३४; श्रा २७)।
भक्ख पुं [**भक्ष**] भक्षण, भोजन; "भो कीर खीरसक्करदक्खाभक्खं करहि ताव" (सुपा २६७)।
भक्ख देखो **भक्ष**=भक्षय्।
भक्ख पुंन [**भक्ष्य**] खंड-खाद्य, चीनी का बना हुआ खाद्य द्रव्य, मिठाई; (सुज्ज २० टी)।
भक्खग वि [**भक्षक**] भक्षण करने वाला; (कुप्र २६)।
भक्खण न [**भक्षण**] १ भोजन; (पणण २८)। २ वि. खाने वाला; "सव्वभक्खणो" (श्रा २८)।
भक्खणया स्त्री [**भक्षणा**] भक्षण, भोजन; (उवा)।
भक्खर पुं [**भास्कर**] १ सूर्य, रवि; (उत्त २३, ७८; लहुअ १०)। २ अग्नि, वह्नि; ३ अर्क-वृक्ष; (चंड)।
भक्खराभ न [**भास्कराभ**] १ गोत्र-विशेष जो गोतम गोत्र की शाखा है; २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न; (ठा ७—पत्र ३६०)।
भक्खावण न [**भक्षण**] खिलाना; (उप १५० टी)।
भक्खि वि [**भक्षिन्**] खाने वाला; (औप)।
भक्खिय वि [**भक्षित**] खाया हुआ; (भवि)।
भक्खेय देखो **भक्ख**=भक्षय्।
भग पुंन [**भग**] १ ऐश्वर्य; २ रूप; ३ श्री; ४ यश, कीर्ति; ५ धर्म; ६ प्रयत्न; "इस्सरियरूवसिरिजसधम्मपयत्ता मया भगाभिक्खा" (विसे १०४८; चेइय २८८)। ७ सूर्य, रवि; ८ माहात्म्य; ६ वैराग्य; १० मुक्ति, मोक्ष; ११ वीर्य; १२ इच्छा; (कप्प—टी)। १३ ज्ञान; (प्रामा)। १४ पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र; (अणु)। १५ पुं. योनि, उत्पत्ति-स्थान; (पण्ह १, ४—पत्र ६८; सुज्ज १०, ८)। १६ देव-विशेष, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र का अधिष्ठाता देव, ज्योतिष्क देव-विशेष; (ठा २, ३; सुज्ज १०, १२)। १७ गुदा और अण्डकोश के बीच का स्थान; (बृह ३)। °**दत्त** पुं [°**दत्त**] नृप-विशेष; (हे ४, २६६)। °**व** देखो °**वंत**; (भग; महा)। °**वई** स्त्री [°**वती**] १ ऐश्वर्यादि-संपन्ना, पूज्या; (पडि)। २ भगवती-सूत्र, पाँचवाँ जैन अंग-ग्रन्थ; (पंच

५, १२५) °वंत वि [°वत्] १ ऐश्वर्यादि-गुण-संपन्न; २ पुं. परमेश्वर, परमात्मा; (कप्प; विसे १०४८; प्रामा)।

भगंदर पुं [भगन्दर] रोग-विशेष; (णाया १, १३; विपा १, १)।

भगंदरि वि [भगन्दरिन्] भगन्दर रोग वाला; (श्रा १६; संबोध ४३)।

भगंदरिअ वि [भगन्दरिक] ऊपर देखो; (विपा १, ७)।

भगंदल देखो **भगंदर**; (राज)।

भगिणी देखो **बहिणी**; (णाया १, ८; कप्प; कुप्र २३६; महा)।

भगिरहि } पुं [भगीरथि] सगर चक्रवर्ती का एक पुत्र; **भगीरहि** } (पउम ५, १७६; २१५)।

भग्ग वि [भग्न] १ खण्डित, भाँगा हुआ; (सुर २, १०२; दं ४६; उवा)। २ पराजित; ३ पलायित, भागा हुआ; "जइ भग्गा पारक्कडा" (हे ४, ३७६; ३५४; महा; वव २)। °इ पुं [°जित्] क्षत्रिय परिव्राजक-विशेष; (औप)।

भग्गा वि [दे] लिप्त, पोता हुआ; (दे ६, ६६)।

भग्ग न [भाग्य] नसीब, दैव; (सुर १३, १०५)।

भग्गव पुं [भार्गव] १ ग्रह-विशेष, शुक्र ग्रह; (पउम १७, १०८)। २ ऋषि-विशेष; (समु १८१)।

भग्गवेस न [भार्गवेश] गोत्र-विशेष; (सुज्ज १०, १६ टी; इक)।

भग्गिअ (अप) देखो **भग्ग=भग्न**; (पिंग)।

भच्च पुं [दे] भागिनेय, भानजा; (षड्)।

भच्छिअ वि [भर्त्सित] तिरस्कृत; (दे १, ८०; कुमा ३, ८६)।

भज देखो **भय=भज्**। वकृ—**भजंत, भजेंत, भजमाण, भजेमाण**; (षड्)।

भज्ज सक [भ्रस्ज्] पकाना, भुनना। भज्जंति, भज्जेंति; (सूअनि ८१; विपा १, ३)। वकृ—**भज्जंत, भज्जेंत**; (पिंड ५७४; विपा १, ३)।

भज्ज देखो **भंज**; (आचा २, १, १, २)।

भज्ज देखो **भय=भज्**।

भज्जंत देखो **भंज**।

भज्जण } न [भ्रज्जन] १ भुनन, भुनना; (पण्ह १, १; **भज्जणय** } अनु ५)। २ भुनने का पात्र; (सूअनि ८१; विपा १, ३)।

भज्जमाण देखो **भंज**।

भज्जा स्त्री [भार्या] पत्नी, स्त्री; (कुमा; प्रासू ११६)।

भज्जिअ देखो **भग्ग=भग्न**; "तरुणियं वा छिन्नाडिं अभिक्कंत-भज्जियं पेहाए" (आचा २, १, १, २)।

भज्जिअ वि [भृष्ट, भर्जित] भुना हुआ, पकाया हुआ; (गा ५५७; आचा २, १, १, ३; विपा १, २; उवा)।

भज्जिआ स्त्री [भर्जिका] भाजी, शाक-भेद, पत्राकार तर-कारी; (पव २५९)।

भज्जिम वि [भृज्जिम] भुनने योग्य; (आचा २, ४, २, १५)।

भज्जिर वि [भङ्क्तृ] भाँगने वाला; "फारफलभारभज्जिर-साहासयसंकुलो महासाही" (धर्मवि ५५; सण)।

भज्जेंत देखो **भज्ज=भ्रस्ज्**।

भट्ट पुं [भट्ट] १ मनुष्य-जाति विशेष, स्तुति-पाठक की एक जाति, भाट; "जयजयसद्दकरंतसुभट्ट" (सिरि १५५; सुपा २७१; उप पृ १२०)। २ वेदाभिज्ञ पण्डित, ब्राह्मण, विप्र; (उप १०३१ टी)। ३ स्वामित्व, मालिकी; (प्रति ७)।

भट्टारग } पुं [भट्टारक] १ पूज्य, पूजनीय; (आव ३; **भट्टारय** } महा)। २ नाटक की भाषा में राजा; (प्राकृ ९५)।

भट्टि देखो **भत्तु=भर्तृ**; (ठा ३, १; सम ८६; कप्प; स १४४; प्रति ३; स्वप्न १५)।

भट्टिअ पुं [दे] विष्णु, श्रीकृष्ण; (हे २, १७४; दे ६, १००)।

भट्टिणी स्त्री [भर्त्री] स्वामिनी, मालिकिन; (स १३४)।

भट्टिणी स्त्री [भट्टिनी] नाटक की भाषा में वह रानी जिसका अभिषेक न किया गया हो; (प्रति ७)।

भट्टु (शौ) देखो **भट्टारय**; (प्राकृ ९५)।

भट्ठ वि [भ्रष्ट] १ नीचे गिरा हुआ; २ च्युत, स्खलित; (महा; द्र ४३)। ३ नष्ट; (सुर ४, २१५; णाया १, ९)।

भट्ठ पुंन [भ्राष्ट्र] भर्जन-पात्र, भुनने का वर्तन; (दे ५, २०), "भट्ठट्ठियचणगो विव सयणीए कीस तडफडसि" (सुर ३, १४८)।

भट्ठि } स्त्री [दे] धूलि-रहित मार्ग; (ओघ २३; २४ टी; **भट्ठी** } भग ७, ६ टी—पत्र ३०७)।

भड पुं [भट] १ योद्धा, लड़ाका; (कुमा)। २ शूर, वीर; (से ३, ६; णाया १, १)। ३ म्लेच्छों की एक जाति; ४ वर्णसंकर जाति-विशेष, एक नीच मनुष्य-जाति; ५ राक्षस;

(हे १, १९५)। °खइआ स्त्री [°खादिता] दीक्षा-विशेष; (ठा ४, ४)।

भडक्क पुंस्त्री [दे] आडम्बर, ठाठमाठ; (सट्टि ४४ टी)। स्त्री—°क्का; (उव)।

भडग पुं [भटक] १ अनार्य देश-विशेष; २ उस देश में रहने वाली एक म्लेच्छ-जाति; (पण्ह १, १—पत्र १४; इक)। देखो भड।

भडारय (अप) देखो **भट्टारय**; (भवि)।

भडित्त न [भटित्र] शूल-पक्व मांसादि, कबाब; (स २६२; कुप्र ४३२)।

भडिल वि [दे] संबोधन-सूचक शब्द; (संक्षि ४७)।

भण सक [भण्] कहना, बोलना, प्रतिपादन करना। भणइ, भणेइ; (हे ४, २३९; कुमा)। कर्म—भणणइ, भणणए, भणिज्जइ; (पि ५४८, षड्; पिंग)। भूका—भणीअ; (कुमा)। भवि—भणिहि, भणिस्सं; (कुमा)। वकृ—**भणंत, भणमाण, भणेमाण**; (कुमा; महा; सुर १०, ११४)। कवकृ—**भण्णंत, भणिज्जंत, भणिज्जमाण, भणीअंत, भण्णमाण**; (कुमा; पि ५४८; गा १४५)। संकृ—**भणिअ, भणिउं, भणिऊण**; (कुमा; पि ३४९)। हेकृ—**भणिउ°, भणिउं**; (पउम ६४, १३; पि ५७६)। कृ—**भणिअव्व, भणेयव्व**; (अजि ३८; सुपा ६०८) कवकृ—**भन्नंत, भन्नमाण**; (सुर २, १६१; उप पृ २३; उप १०३१ टी)।

भणग त्रि [भण, °क] प्रतिपादन करने वाला; (णंदि)।

भणण न [भणन] कथन, उक्ति; (उप ५५३; सुपा २८३; संबोध ३)।

भणाविअ वि [भाणित] कहलाया हुआ; (सुपा ३५८)।

भणिअ वि [भणित] कथित; (भग)।

भणिइ स्त्री [भणिति] उक्ति, वचन; (सुर ६, १४५; सुपा २१४; धर्मवि ५८)।

भणिर वि [भणितृ] कहने वाला, वक्ता; (गा २६७; कुमा; सुर ११, २४४; श्रा १६)। स्त्री—°री; (कुमा)।

भणेमाण देखो **भण**।

भण्ण सक [भण्] कहना, बोलना। भण्णइ; (धात्वा १४७)।

भण्णमाण देखो **भण=भण्**।

भत्त पुंन [भक्त] १ आहार, भोजन; २ अन्न, नाज; (विपा १, १; ठा २, ४; महा)। ३ ओदन, भात; (प्रामा)। ४ लगातार सात दिनों का उपवास; (संबोध ५८)। ५ वि. भक्ति-युक्त, भक्तिमान्; "सा सुलसा बालप्पभितिं चेव हरिणेगमेसीभत्तया यावि होत्था" (अंत ७; उप पृ ६६; महा; पिंग)। °कहा स्त्री [°कथा] आहार-कथा, भोजन-संबन्धी वार्ता; (ठा ४, ४)। °च्छंद, °छंद पुं [°च्छन्द] रोग-विशेष, भोजन की अरुचि; "कच्छू जरो खासो सासो भत्त-च्छंदो अक्खिदुक्खं" (महा; महा—टि)। °पच्चक्खाण न [°प्रत्याख्यान] आहार-त्याग-रूप अनशन, अनशन का एक भेद, मरण का एक प्रकार; (ठा २, ४—पत्र ६४; औप ३०, २)। °परिण्णा; °परिन्ना स्त्री [°परिज्ञा] १ वही पूर्वोक्त अर्थ; (भत्त १६९; १०; पव १५७)। २ ग्रन्थ-विशेष; (भत्त १)। °पाणय न [°पानक] आहार-पानी, खान-पान; (विपा १, १)। °वेला स्त्री [°वेला] भोजन-समय; (विपा १, १)।

भत्त वि [भूत] उत्पन्न, संजात; (हे ४, ६०)।

भत्ति देखो **भत्तु**; (पिंग)।

भत्ति स्त्री [भक्ति] १ सेवा, विनय, आदर; (णाया १, ८—पत्र १२२; उव; औप; प्रासू २९)। २ रचना; (विसे १६३१; औप; सुपा ५२)। ३ एकाग्र-वृत्ति-विशेष; (आव २)। ४ कल्पना, उपचार; (धर्मसं ७४२)। ५ प्रकार, भेद; (ठा ६)। ६ विच्छित्ति-विशेष; (औप)। ७ अनुराग; (धर्म १)। ८ विभाग; ९ अवयव; १० श्रद्धा; (हे २, १५९)। °मंत, °वंत वि [°मत्] भक्ति वाला, भक्त; (पउम ६२, २८; उव; सुपा १६०; हे २, १५९; भवि)।

भत्तिज्ज पुं [भ्रातृव्य] भतीजा, भाई का पुत्र; (सिरि ७१६; धर्मवि १२७)।

भत्ती नीचे देखो।

भत्तु पुं [भर्तृ] १ स्वामी, पति, भतार; (णाया १, १६—पत्र २०७); "णववहू उवरतभत्तुया" (णाया १, ६; प्रासू; स्वप्न ५६)। २ अधिपति, अध्यक्ष; ३ राजा, नरेश; ४ वि. पोषक, पोषण करने वाला; ५ धारण करने वाला; (हे ३, ४४; ४५)। स्त्री—**भत्ती**; (पिंग)।

भत्तोस न [भक्तोष] १ भुना हुआ अन्न; (पंचा ५, २९; प्रभा १५)। २ सुखादिका, खाद्य-विशेष; (पव ३८)।

भत्थ पुंस्त्री [दे] भाथा, तूणीर, तरकस; "अह आरोवियचावो पिट्ठे दढबन्धभत्थओ अभओ" (धर्मवि १४६)।

भत्था स्त्री [भस्त्रा] चमड़े की धौंकनी, भाथी; (उप ३२० टी; धर्मवि १३०)।

भत्थिअ वि [भर्त्सित] तिरस्कृत; (सम्मत्त १८९)।

भत्थी स्त्री [**भस्त्री**] भाथी, चमड़े की धौंकनी; "भत्थि व्व अनिलपुन्ना वियसियमुदरं" (कुप्र २६६)।
भद सक [**भद्**] १ सुख करना। २ कल्याण करना; (विसे ३४३६)। वकृ—**भदंत**; नीचे देखो।
भदंत वि [**भदन्त**] १ कल्याण-कारक; २ सुख-कारक; ३ पूज्य, पूजनीय; (विसे ३४३६; ३४७४)।
भद्द न [**दे**] आमलक, फल-विशेष; (दे ६, १००)।
भद्द } न [**भद्र**] १ मंगल, कल्याण; "भद्दं मिच्छादंसण-
भद्दअ } समूहमइअस्स अमयसारस्स जिणवयणस्स भगवओ" (सम्मत १६७; प्रासू १६)। २ सुवर्ण, सोना; ३ मुस्तक, मोथा, नागरमोथा; (हे २, ८०)। ४ दो उपवास; (संबोध ५८)। ५ देव-विमान विशेष; (सम ३२)। ६ शरासन, मूठ; (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। ७ भद्रासन, आसन-विशेष; (आवम)। ८ वि. साधु, सरल, भला, सज्जन; ६ उत्तम, श्रेष्ठ; (भग; प्रासू १६; सुर ३, ४)। १० सुख-जनक, कल्याण-कारक; (णाया १, १)। ११ पुं. हाथी की एक उत्तम जाति; (ठा ४, २—पत्र २०८; महा)। १२ भारत-वर्ष का तीसरा भावी बलदेव; (सम १५४)। १३ अंग-विद्या का जानकार द्वितीय रुद्र पुरुष; (विचार ४७३)। १४ तिथि-विशेष—द्वितीया, सप्तमी और द्वादशी तिथि; (सुज्ज १०, १५)। १५ छन्द-विशेष; (पिंग)। १६ स्वनाम-ख्यात एक जैन आचार्य; (महानि ६; कप्प)। १७ व्यक्ति-वाचक नाम; (निर १, ३; आव १; धम्म)। १८ भारत-वर्ष का चौबीसवाँ भावी जिनदेव; (पव ७)। °**गुत्त** पुं [°**गुप्त**] स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैनाचार्य; (णंदि; सार्ध २३)। °**गुत्तिय** न [°**गुप्तिक**] एक जैन मुनि-कुल; (कप्प)। °**जस** पुं [°**यशस्**] १ भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर; (ठा ८—पत्र ४२६)। २ एक जैन मुनि; (कप्प)। °**जसिय** न [°**यशस्क**] एक जैन मुनि-कुल; (कप्प)। °**नंदि** पुं [°**नन्दिन्**] स्वनाम-ख्यात एक राज-कुमार; (विपा २, २)। °**बाहु** पुं [°**बाहु**] स्वनाम-प्रसिद्ध प्राचीन जैना-चार्य और ग्रन्थकार; (कप्प; णंदि)। °**मुत्था** स्त्री [°**मुस्ता**] वनस्पति-विशेष, भद्रमोथा; (पण्ण १)। °**वया** स्त्री [°**पदा**] नक्षत्र-विशेष; (सुर १०, २२४)। °**साल** न [°**शाल**] मेरु पर्वत का एक वन; (ठा २, ३; इक)। °**सेण** पुं [°**सेन**] १ धरणेन्द्र के पदाति-सैन्य का अधिपति देव; (ठा ५, १; इक)। २ एक श्रेष्ठी का नाम; (औप ४)। °**स** न [°**श्व**] नगर-विशेष; (इक)। °**सण** न [°**सन**] आसन-विशेष, सिंहासन; (णाया १, १; पण्ह १, ४; पात्र; औप)।
भद्दव° } पुं [**भाद्रपद**] मास-विशेष, भादों का महीना;
भद्दवय } (वज्जा ८२; सुर ३, १३८)।
भद्दसिरी स्त्री [**दे**] श्रीखण्ड, चन्दन; (दे ६, १०२)।
भद्दा स्त्री [**भद्रा**] १ रावण की एक पत्नी; (पउम ७४, ६)। २ प्रथम बलदेव की माता; (सम १५२)। ३ तीसरे चक्र-वर्ती की जननी; (सम १५२)। ४ द्वितीय चक्रवर्ती की स्त्री; (सम १५२)। ५ मेरु के पूर्व रुचक पर रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी; (ठा ८)। ६ एक प्रतिमा, व्रत-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ६४)। ७ राजा श्रेणिक की एक पत्नी; (अंत २५)। ८ तिथि-विशेष—द्वितीया, सप्तमी और द्वादशी तिथि; (संबोध ५४)। ६ छन्द-विशेष; (पिंग)। १० कामदेव श्रावक की भार्या का नाम; ११ चुलनीपिता-नामक उपासक की माता का नाम; (उवा)। १२ एक सार्थवाह-स्त्री का नाम; (विपा १, ४)। १३ गोशालक की माता का नाम; (भग १५)। १४ अहिंसा, दया; (पण्ह २, १)। १५ एक वापी; (दीव)। १६ एक नगरी; (आचू १)। १७ अनेक स्त्रियों का नाम; (णाया १, ८; १६; आवम)।
भद्दाकरि वि [**दे**] प्रलम्ब, अति लम्बा; (दे ६, १०२)।
भद्दिआ स्त्री [**भद्रिका, भद्रा**] १ शोभना, सुन्दर (स्त्री), (ओघभा १७)। २ नगरी-विशेष; (कप्प)।
भद्दिज्जिया स्त्री [**भद्रीया, भद्रीयिका**] एक जैन मुनि-शाखा; (कप्प)।
भद्दिलपुर न [**भद्दिलपुर**] भारतवर्ष का एक प्राचीन नगर; (अंत ४; कुप्र ८४; इक)।
भद्दुत्तरवडिंसग न [**भद्रोत्तरावतंसक**] एक देव-विमान; (सम ३२)।
भद्दुत्तर° } स्त्री [**भद्रोत्तरा**] प्रतिमा-विशेष, प्रतिज्ञा का एक
भद्दोत्तर° } भेद, एक तरह का व्रत; (औप; अंत ३०; पव
भद्दोत्तरा } २७१)।
भद्र देखो **भद्द**; (हे २, ८०; प्राकृ १७)।
भन्नंत } देखो **भण**=भण्।
भन्नमाण }
भप्प देखो **भस्स**=भस्मन्; (हे २, ५१; कुमा)।
भम सक [**भ्रम्**] भ्रमण करना, घूमना। भमइ; (हे ४, १६१; प्राकृ ६६)। वकृ—**भमंत, भममाण**; (गा

२०२; ३८७; कप्प; औप)। संकृ—भमिआ, भमिऊण; (षड्; गा ७४६)। कृ—भमिअव्व; (सुपा ४३८)।

भम पुं [भ्रम] १ भ्रमण; (कुप्र ४)। २ भ्रान्ति, मोह, मिथ्या-ज्ञान; (से ३, ४८; कुमा)।

भमग न [भ्रमक] लगातार एकतीस दिनों का उपवास; (संबोध ५८)।

भमड देखो भम=भ्रम्। "भवम्मि भमडइ एगुच्चिय" (विवे १०८; हे ४, १६१)।

भमडिअ वि [भ्रान्त] १ घूमा हुआ, फिरा हुआ; (स ४७३)। २ भ्रान्ति-युक्त; (कुमा)। देखो भमिअ।

भमण न [भ्रमण] घूमना, चकराना; (दं ४६; कप्प)।

भमसुह पुं [दे] आवर्त; (दे ६, १०१)।

भमया स्त्री [भ्रू] भौं, नेत्र के ऊपर की केश-पङ्क्ति; (हे २, १६७; कुमा)।

भमर पुं [भ्रमर] १ मधुकर, भौंरा; (हे १, २४४; कुमा; जी १८; प्रासू ११३)। २ पुं. छन्द-विशेष; (पिंग)। ३ विट, रंडीबाज; (कप्पू)। °रुअ पुं [°रुच] अनार्य देश-विशेष; (पव २७४)। °वलि स्त्री [°वलि] १ छन्द-विशेष; (पिंग)। २ भ्रमर-पंक्ति; (राय)।

भमरटेंटा स्त्री [दे] १ भ्रमर की तरह अक्षि-गोलक वाली; २ भ्रमर की तरह अस्थिर आचरण वाली; ३ शुष्क व्रण के दाग वाली; (कप्प)।

भमरिया स्त्री [भ्रमरिका] जन्तु-विशेष, वर्र; (जी १८)। देखो भमलिया।

भमरी स्त्री [भ्रमरी] स्त्री-भ्रमर, भौंरी; (दे)। नीचे देखो।

भमलिया, भमली स्त्री [भ्रमरीका, °री] १ पित्त के प्रकोप से होने वाला रोग-विशेष, चक्कर; "भमली पित्तुदयाओ भमंतमहिदंसणं" (चेइय ४३५; पडि)। २ वाद्य-विशेष; (राय)।

भमस पुं [दे] तृण-विशेष, ईख की तरह का एक प्रकार का घास; (दे ६, १०१)।

भमाइअ वि [भ्रमित] घुमाया हुआ, फिराया हुआ; (से ३, ६१)।

भमाड सक [भ्रमय्] घुमाना, फिराना। भमाडेइ; (हे ४, ३०), भमाडेसु; (सुपा ११४)। वकृ—भमाडेंत; (पउम १०६, ११)।

भमाड देखो भम=भ्रम्। भमाडइ; (हे ४, १६१; भवि)।

भमाड पुं [भ्रम] भ्रमण, घूमना, चक्कर; (ओघभा २६ टी; ८३ टी)।

भमाडण न [भ्रमण] घुमाना; (उप पृ २७८)।

भमाडिअ देखो भमडिअ; (कुमा)।

भमाडिअ वि [भ्रमित] घुमाया हुआ, फिराया हुआ; (पउम १६, २५)।

भमाव देखो भमाड=भ्रमय्। भमावइ, भमावेइ; (पि ५५३; हे ४, ३०)।

भमास [दे] देखो भमस; (दे ६, १०१; पाअ)।

भमि स्त्री [भ्रमि] १ आवर्त, पानी का चक्राकार भ्रमण; (अच्चु ६३)। २ चित्त-भ्रम करने की शक्ति; (विसे १६५३)। ३ रोग-विशेष, चक्कर; "भमिपरिभमियसरीरो" (हम्मीर २८)।

भमिअ देखो भमडिअ; (जी ४८; भवि)। २ न. भ्रमण; "भमिअभमणिक्कंतदेहलीदेसं" (गा ५२५)।

भमिअ देखो भमाइअ; (पाअ)।

भमिअव्व, भमिआ देखो भम=भ्रम्।

भमिर वि [भ्रमितृ] भ्रमण करने वाला; (हे २, १४५; सुर १, ५५; ३, १८)।

भमुह न [भ्रू] नीचे देखो; "दीहाइं भमुहाइं" (आचा २, १३, १७)।

भमुहा स्त्री [भ्रू] भौं, आँख के ऊपर की रोम-राजी; (पउम ३७, ५०; औप; आचा; पाअ)।

भम्म, भम्मड देखो भम=भ्रम्। भम्मइ; (प्राकृ ६६), भम्मसु; (गा ४१५; ४४७)। भम्मडइ; (हे ४, १६१)। भम्मडेइ; (कुमा)।

भम्मर (अप) देखो भमर; (पिंग)।

भय देखो भद। वकृ—देखो भयंत=भदंत।

भय सक [भज्] १ सेवा करना। २ विकल्प से करना। ३ विभाग करना। ४ ग्रहण करना। भयइ, भअइ; (सम्म १२४; कुमा), भए, भएज्जा; (बृह १), भयंति; (विसे १६६०)। "तम्हा भय जीव वेरग्गं" (श्रु ६१)। वकृ—भयंत, भयमाण; (विसे २४४६; सम १, २, २, १७)। कवकृ—"सव्वतुभयमाणसुहेहिं" (कप्प)। संकृ—भइत्ता; (ठा ६)। कृ—भइअ, भइअव्व, भएयव्व, भज्ज, भयणिज्ज; (विसे ६१८; २०४६; उत्त ३६, २३, २४, २५; कम्म ५, ११; विसे ६१५; उप ६०४; विसे ३२०२; ७४८; पव १८१; जीवस १४५; पंच ५, ८; विसे ६१६; जीवस १४७)।

भय न [**भय**] डर, त्रास, भीति; (आचा; गाया १, १; गा १०२; कुमा; प्रासू १६; १७३)। °**अर** वि [°**कर**] भय-जनक; (से ५, ४४; ११, ७५)। °**जणणी** स्त्री [°**जननी**] १ त्रास उत्पन्न करने वाली; (वृह १)। २ विद्या-विशेष; (पउम ७, १४१)। °**वाह** पुं [°**वाह**] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति; (पउम ५, २६३)।

भय देखो **भग**; (उत्र; कुमा; सण; सुपा ४२०; गउड)।

भय देखो **भव**; (ओप; पिंग)।

भयंकर वि [**भयंकर**] १ भय-जनक, भीषण; (हे ४, ३३१; सण; भवि)। २ प्राणि-वध, हिंसा; (पण्ह १,१)।

भयंत देखो **भय**-भज्।

भयंत देखो **भंत**=भगवत्; (सूत्र १, १६, ६)।

भयंत देखो **भदंत**; (ओघ ४८; उत्त २०, ११; ओप)।

भयंत देखो **भंत**=भयान्त; (विसे ३४४६; ३४५३; ३४५४)।

भयंत देखो **भंत**=भवान्त; (विसे ३४५४; ओप)।

भयंत वि [**भयत्र**] भय से रक्षा करने वाला; (ओप; सूत्र १, १६, ६)।

भयंतु वि [**भयत्रातृ**] भय से रक्षा करने वाला; "धम्ममाइक्खणे भयंतारो" (सूत्र १, ४, १, २५)।

भयंतु वि [**भक्तृ**] सेवक, सेवा करने वाला; (ओप)।

भयक } पुं [**भृतक**] १ नौकर, कर्मकर; (ठा ४, १; २)। **भयग** } २ वि. पोषित; (पण्ह १, २; गाया १, २)।

भयण न [**भजन**] १ सेवा; (राज)। २ विभाग; (सम्म ११३)। ३ पुं. लोभ; (सूत्र १, ६, ११)।

भयण देखो **भवण**; (नाट—चैत ४०)।

भयणा स्त्री [**भजना**] १ सेवा; (निचू १)। २ विकल्प; (भग; सम्म १२४; दं ३१; उत्र)।

भयप्पइ } देखो **बहस्सइ**; (हे २, १३७; षड्)। **भयप्फइ** }

भयवग्गाम पुं [**दे**] मोढेरक, गुजरात का एक गाँव; (दे ६, १०२)।

भयाणय वि [**भयानक**] भयंकर, भय-जनक; (स १२१)।

भयालि पुं [**भयालि**] भारतवर्ष के भावी अठारहवें जिनदेव का पूर्व-भवीय नाम; (सम १५४)। देखो **सयालि**।

भयालु वि [**भीरु**] भीरु, डरपोक; (दे ६, १०७; नाट)।

भयावण (अप) देखो **भयाणय**; (भवि)।

भयावह वि [**भयावह**] भय-जनक, भय-कारक; (सूत्र १, १३, २१)।

भर सक [**भृ**] १ भरना। २ धारण करना। ३ पोषण करना। भरइ; (भवि; पिंग), भरसु; (कम्म ४, ७६)। वकृ—**भरंत**; (भवि)। कवकृ—**भरंत, भरेंत, भरिज्जंत**; (से १, ५८; ४, ८; १, ३७)। संकृ—**भरेऊणं**; (आक ६)। कृ—**भरणिज्ज, भरणीअ, भत्तव्व, भरेअव्व**; (प्राप्र; नाट; राज; से ६, ३)।

भर सक [**स्मृ**] स्मरण करना, याद करना। भरइ; (हे ४, ७४; प्राप्र)। वकृ—**भरंत**; (गा ३८१; भवि)। संकृ—**भरिअ, भरिऊणं**; (कुमा)। प्रयो, वकृ—**भरावंत**; (कुमा)।

भर पुंन [**भर**] १ समूह, प्रकर, निकर; "जइअव्वं तह एगागिणावि भीमारिदुहभरं" (प्रवि १२; सुपा ७; पाअ)। २ भार, बोझ; (से ३, ५; प्रासू २६; सा ६)। ३ गुरुतर कार्य; "भरणित्थरणसमत्था" (विसे १६६ टी; ठा ४, ४ टी—पत्र २८३)। ४ प्रचुरता, अतिशय; ५ कर—राजदेय भाग—की प्रचुरता, कर की गुरुता; "करेहि य भरेहि य" (विपा १, १)। ६ पूर्णता, सम्पूर्णता; 'इय चिंताए निद्दं अलहंतो निसिभरम्मि नरनाहो" (कुप्र ६)। ७ मध्य भाग; ८ जमावट; "भरमुवगए कीलापमोए" (स ५३०)।

भरअ देखो **भरह**; (षड्)।

भरड पुं [**भरट**] व्रती विशेष, एक प्रकार का बावा; "सिव-भत्तगाहिगारिणा भरडएण" (सम्मत्त १४५)।

भरण न [**स्मरण**] स्मृति; (गा २२२; ३७७)।

भरण न [**भरण**] १ भरना, पूरना; (गउड)। २ पोषण; (गा ५२७)। ३ शिल्प-विशेष, वस्त्र में बेल-बूटा आदि आकार की रचना; 'सीवणं तुन्नणं भरणं' (गच्छ ३, ७)।

भरणी स्त्री [**भरणी**] नक्षत्र-विशेष; (सम ८; इक)।

भरध (शौ) देखो **भरह**; (प्राकृ ८५)।

भरह पुं [**भरत**] १ भगवान् आदिनाथ का ज्येष्ठ पुत्र और प्रथम चक्रवर्ती राजा; (सम ६०; कुमा; सुर २, १३३)। २ राजा रामचन्द्र का छोटा भाई; (पउम २५, १४)। ३ नाट्य-शास्त्र का कर्ता एक मुनि; (सिरि ५६)। ४ वर्ष-विशेष, भारत वर्ष; "इहेव जंबुद्दीवे दीवे सत्त वासा पन्नत्ता, तं जहा—भरहे हेमवए हरिवासे महाविदेहे रम्मए एरण्णवए एरवए" (सम १२; जं १; पडि)। ५ भारतवर्ष का प्रथम भावी चक्रवर्ती; (सम १५४)। ६ शबर; ७ तन्तुवाय; ८ नृप-विशेष, राजा दुष्यन्त का पुत्र; ६ भरत के वंशज राजा;

१० नट; (हे १, २१४; षड्)। ११ देव-विशेष; (जं ३)। १२ कूट-विशेष, पर्वत-विशेष का शिखर; (जं ४; ठा २, ३; ६)। °खित्त न [°क्षेत्र] भारतवर्ष; (सण)। °वास न [°वर्ष] भारतवर्ष, आर्यावर्त; (पगह १, ४)। °सत्थ न [°शास्त्र] भरतमुनि-प्रणीत नाट्य-शास्त्र; (सिरि ५६)। °ाहिव पुं [°ाधिप] १ संपूर्ण भारतवर्ष का राजा, चक्रवर्ती; २ भरत चक्रवर्ती; (सण)। °ाहिवइ पुं [°ाधिपति] वही अर्थ; (सण)।

भरहेसर पुं [**भरतेश्वर**] १ संपूर्ण भारतवर्ष का राजा, चक्रवर्ती; २ चक्रवर्ती भरत; (कुमा २, १७; पडि)।

भरिअ वि [**भृत, भरित**] भरा हुआ, पूर्ण, व्याप्त; (विपा १, ३; औप; धर्मवि १४४; काप्र १७४; हेका २७२; प्रासू १०)।

भरिअ वि [**स्मृत**] याद किया हुआ; 'भरिअं लुढिअं सुमरिअं" (पाअ; कुमा; भवि)।

भरिउल्लट्ट वि [**दे. भृतोल्लुठित**] भर कर खाली किया हुआ; (दे ७, ८१; पाअ)।

भरिम वि [**भरिम**] भर कर बनाया हुआ; (अणु)।

भरिया (अप) देखो **भारिया**; (कुमा)।

भरिली स्त्री [**भरिली**] चतुरिन्द्रिय जन्तु-विशेष; (राज)।

भरु पुं [**भरु**] १ एक अनार्य देश; २ एक अनार्य मनुष्य-जाति; (इक)।

भरुअच्छ पुं [**भृगुकच्छ**] गुजरात का एक प्रसिद्ध शहर जो आजकल 'भड़ौच' के नाम से प्रसिद्ध है; (काल; मुनि १०८६६; पडि)।

भरोच्छय न [**दे**] ताल का फल; (दे ६, १०२)।

भल देखो **भर=स्मृ**। भलइ; (हे ४, ७४)। प्रयो, वकृ—**भलावंत**; (कुमा)।

भल सक [**भल्**] सम्हालना। भलिज्जासु; (सुपा ५४६)। भवि—भलिस्सामि; (काल)। कृ—**भलेयव्व**; (ओघ ३८६ टी)। प्रयो, संकृ—**भलाविऊण**; (सिरि ३१२; ५६६)।

भलंत वि [**दे**] स्खलित होता, गिरता; (दे ६, १०१)।

भलाविअ वि [**भालित**] सौंपा हुआ, सम्हालने के लिये दिया हुआ; (श्रा १६)।

भलि पुंस्त्री [**दे**] कदाग्रह, हठ; "असुलहमेच्छण जाहं भलि ते नवि दूर गणंति" (हे ४, ३५३; चंड)।

भल्ल पुं [**भल्ल**] १ भालू, रीछ; (पण्ह १, १)। २ पुंन. अस्त्र-विशेष, भाला, बरछी; (गा ५०४; ५८५; ५६४)।

भल्ल, भल्लय वि [**भद्र**] भला, उत्तम, श्रेष्ठ, अच्छा; (कुमा; हे ४, ३५१; भवि)। °त्तण, °प्पण न [°त्व] भलमनसी, भलाई; (कुमा)।

भल्लय [**भल्लक**] देखो **भल्ल=भल्ल**; (उप पृ ३०; सण; आवम)।

भल्लाअय, भल्लातक, भल्लाय पुं [**भल्लात, °क**] १ वृक्ष-विशेष, भिलावा का पेड़; (पगण १; दे १, २३)। २ भिलावा का फल; (दे १, २३; ५, २६; पाअ)।

भल्लि स्त्री [**भल्लि**] देखो **भल्ली**; (कुमा)।

भल्लिम पुंस्त्री [**भद्रत्व**] भलाई, भद्रता; (सुपा १२३; कुप्र १०८)।

भल्ली स्त्री [**भल्ली**] भाला, बरछी, अस्त्र-विशेष; (सुर २, २८; कुप्र २७४; सुपा ५३०)।

भल्लु पुंस्त्री [**दे**] भालू, रीछ; (दे ६, ६६)।

भल्लुंकी स्त्री [**दे**] शिवा, शृगाली; (दे ६, १०१; सण), "भल्लुंकी रुढिया विकट्टंती" (संथा ६६)।

भल्लोड पुंन [**दे**] बाण का पुंख, शर का अग्र भाग, गुजराती में 'भालोडुं'; "कन्नायड्ढियधणुहप्फुदीसंतभल्लोडा" (सुर २, ७)।

भव अक [**भू**] १ होना। २ सक. प्राप्त करना। भवइ, भवए; (कप्प; महा), भए; (भग; ठा ३, १)। भूका—भविंसु; (भग)। भवि—भविस्सइ, भविस्सं; (कप्प; भग; पि ५२१)। वकृ—**भवंत**; (गउड ५८८), "भूयभाविभा(? भ)**वमाण**-भाविही" (कुप्र ४३७)। संकृ—**भविअ, भवित्ता, भवित्ताणं**; (अभि ५७; कप्प; भग; पि ५८३), **भइ** (अप); (पिंग)। कृ—**भवियव्व**; (गाया १, १; सुर ४, २०७; उव; भग; सुपा १६४)। देखो **भव्व**।

भव पुं [**भव**] १ संसार; (ठा ३, १; उवा; भग; विपा २, १; कुमा; जी ४१)। २ संसार का कारण; (सम्म १)। ३ जन्म, उत्पत्ति; (ठा ४, ३)। ४ नरकादि योनि, जन्म-स्थान; (आचा; ठा २, ३; ४, ३)। ५ महादेव, शिव; (पाअ)। ६ वि. होने वाला, भावी; (ठा १)। ७ उत्पन्न; "कणयपुरं नामेणं तत्थ भवो हं महाभाग!" (सुपा ५८४)। ८ न. देव-विमान-विशेष; (सम २)। °जिण वि [°जिन] रागादि को जीतने वाला; "सासणं जिणाणं भवजिणाणं" (सम्म १)। °ट्ठिइ स्त्री [°स्थिति] १ देव आदि योनि में उत्पत्ति

की काल-मर्यादा; (ठा २, ३)। २ संसार में अवस्थान; (पंचा १)। °त्थ वि [°स्थ] संसार में स्थित; (ठा २, १)। °त्थकेवलि वि [°स्थकेवलिन्] जीवन्मुक्त; (सम्म ८६)। °धारणिज्ज न [°धारणीय] जीवन-पर्यन्त संसार में धारण करने योग्य शरीर; (भग; इक)। °पच्चइय वि [°प्रत्ययिक] १ नरकादि-योनि-हेतुक; २ न. अवधिज्ञान का एक भेद; (ठा २, १; सम १४५)। °भूइ पुं [°भूति] संस्कृत का एक प्रसिद्ध कवि; (गउड)। °सिद्धिय, °सिद्धीय वि [°सिद्धिक] उसी जन्म में या बाद के किसी जन्म में मुक्त होने वाला, मुक्ति-गामी; (सम २; पराण १८; भग; विसे १२३०; जीवस ७५; श्रावक ७३; ठा १; विसे १२२६)। °ाभिणंदि, °ाभिनंदि, °ाहिनंदि वि [°ाभिनन्दिन्] संसार को पसंद करने वाला, संसार को अच्छा मानने वाला; (राज; संबोध ८; ५३)। °ोवग्गाहि न [°ोपग्राहिन्] कर्म-विशेष; (धर्मसं १२६१)।

भव देखो **भव्व**; (कम्म ४, ६)।

भव } स [**भवत्**] तुम, आप; (कुमा; हे २, १७४)।
भवंत }

भवंत देखो **भव=भू**।

मत्थुलुय } निकलता एक प्रकार का चिकना पदार्थ; (पगह १, १; तंदु १०)। २ मेद का फिप्फिस आदि; (ठा ३, ४—पत्र १७०; भग; तंदु १०)।

मथिय देखो **महिअ**=मथित; (पगह २, ४—पत्र १३०)।

मद देखो **मय**=मद; (कुमा; प्रयौ १६; पि २०२)।

मद (मा) देखो **मय**=मृत; (प्राकृ १०३)।

मदण देखो **मयण**; (स्वप्न ६३; नाट—मृच्छ २३१)।

मदणसला(गा) देखो **मयणसलागा**; (पराण १—पत्र ५४)।

मदणा देखो **मयणा**=मदना; (गाया २—पत्र २५१)।

मदणिज्ज वि [**मदनीय**] कामोद्दीपक, मदन-वर्धक; (गाया १, १—पत्र १६; औप)।

मदि देखो मइ=मति; (मा ३२; कुमा; पि १६२)।

मदीअ देखो **मईअ**; (स २३२)।

मदुवी देखो **मउई**; (चंड)।

मदोली स्त्री [**दे**] दूती, दूत-कर्म करने वाली स्त्री; (षड्)।

मद्द सक [**मृद्**] १ चूर्ण करना। २ मालिश करना, मसलना, मलना। मद्दाहि; (कप्प)। कर्म—मद्दीअदि; (नाट—मृच्छ १३५)। हेकृ—**मद्दिउं**; (पि ५८५)।

मद्दण न [**मर्दन**] १ अंग-चप्पी, मालिश; (सुपा २४)। २ हिंसा करना; "तसथावरभूयमद्दणं विविहं" (उव)। ३ वि. मर्दन करने वाला; (ती ३)।

मद्दल पुं [**मर्दल**] वाद्य-विशेष, मुरज, मृदंग; (दे ६, ११६; सुर ३, ६८; सिरि १५७)।

मद्दलिअ वि [**मार्दलिक**] मृदंग बजाने वाला; (सुपा २६४; ५५३)।

मद्दव न [**मार्दव**] मृदुता, नम्रता, विनय, अहंकार-निग्रह; (औप; कप्प)।

मद्दवि वि [**मार्दविन्**] नम्र, विनीत; "अज्जवियं मद्दवियं लाघवियं" (सूअ २, १, ५७; आचा)।

मद्दविअ वि [**मार्दविक, °त**] ऊपर देखो; (बृह ४; वव १)।

मद्दिअ देखो **मड्डिअ**; (पात्र)।

मद्दी स्त्री [**माद्री**] १ राजा शिशुपाल की मा का नाम; (सम्र १, ३, १, १ टी)। २ राजा पाण्डु की एक स्त्री का नाम; (वेणी १७१)।

मद्दुअ पुं [**मद्दुक**] भगवान् महावीर का राजगृह-निवासी एक उपासक; (भग १८, ७—पत्र ७५०)।

मद्दुग पुं [**मद्गु, °क**] पक्षि-विशेष, जल-वायस; (भग ७, ६—पत्र ३०८)। देखो **मग्गु**।

मद्दुग देखो **मुदुग**; (राज)।

मधु देखो **महु**; (षड्; रंभा; पिंग)।

मधुर देखो **महुर**; (निचू १; प्राकृ ८५)।

मधुसित्थ देखो **महुसित्थ**; (ठा ४, ४—पत्र २७१)।

मधूला स्त्री [**दे, मधूला**] पाद-गण्ड; (राज)।

मन अ [**दे**] निषेधार्थक अव्यय, मत, नहीं; (कुमा)।

मनुस्स देखो **मणुस्स**; (चंड; भग)।

मन्न देखो **मण्ण**। मन्नइ, मन्नसि; (आचा; महा)। मन्नंते, मन्नेसि; (रंभा)। कर्म—मन्निज्जउ; (महा)। वकृ—**मन्नंत, मन्नमाण**; (सुर १४, १७१; आचा; महा; सुपा ३०७; सुर ३, १७४)।

मन्न देखो **माण**=मानय्। कृ—**मन्न, मन्नाय, मन्नणिज्ज, मन्नियव्व, मन्निय**; (उप १०३६; धर्मवि ७६; भवि; सुर १०, ३८; सुपा ३६८; ठा १ टी—पत्र २१; सं ३५)।

मन्ना स्त्री [**मनन**] १ मति, बुद्धि; (ठा १—पत्र १६)। २ आलोचन, चिन्तन; (सूअ २, १, ४१; ठा १)।

मन्ना स्त्री [**मान्या**] अभ्युपगम, स्वीकार; (ठा १—पत्र १६)।

मन्नाय देखो **मन्न**=मानय्।

मन्नाविय वि [**मानित**] मनाया हुआ; (सुपा १५६)।

मन्निय वि [**मत**] माना हुआ; (सुपा ६०५; कुमा)।

मन्नु पुं [**मन्यु**] १ क्रोध, गुस्सा; (सुपा ६०४)। २ दैन्य, दीनता; "सोयसमुब्भूयगरुयमन्नुवसा" (सुर ११, १४४)। ३ अहंकार; ४ शोक, अफसोस; ५ क्रतु, यज्ञ; (हे २, २५; ४४)।

मन्नुइय वि [**मन्यवित**] मन्यु-युक्त, कुपित; (सुख ४, १)।

मन्नुसिय वि [**दे**] उद्विग्न; (स ५६६)।

मन्ने देखो **मण्णे**; (हे १, १७१; रंभा)।

मप्प न [**दे**] माप, वाँट; "तेण य सह वरुणेणं आणेवि य तस्स हट्टमप्पाणि" (सुपा ३६२)।

मब्भीसडी } (अप) स्त्री [**मा भैषीः**] अभय-वचन; (हे
मब्भीसा } ४, ४२२)।

ममकार पुं [**ममकार**] ममत्व, मोह, प्रेम, स्नेह; (गच्छ २, ४२)।

ममच्चय वि [**मदीय**] मेरा; (सुख २, १५)।

ममत्त न [**ममत्व**] ममता, मोह, स्नेह; (सुपा २६)।

ममया स्त्री [**ममता**] ऊपर देखो; (पंचा १५, ३२)।

ममा सक [**ममाय्**] ममता करना। ममाइ, ममायए; (सूअ २, १, ४२; उव)। वकृ—**ममायमाण, ममायमीण**; (आचा; सूअ २, ६, २१)।

ममाइ वि [**ममत्विन्**] ममता वाला; (सूत्र १, १, १, ४)।

ममाइय वि [**ममायित**] जिस पर ममता की गई हो वह; (आचा)।

ममाय वि [**ममाय**] ममत्व करने वाला; (निचू १३)।

ममि वि [**मामक**] मेरा, मदीय; "ममं वा ममिं वा" (सूत्र २, २, ६)।

ममूर सक [**चूर्णय्**] चूरना। ममूरइ; (धात्वा १४८)।

मम्म पुंन [**मर्मन्**] १ जीवन-स्थान; २ सन्धि-स्थान; (गा ४४६; उप ६६१; हे १, ३२)। ३ मरण का कारण-भूत वचन आदि; (गाया १, ८)। ४ गुप्त बात; (प्रासू ११; सुपा ३०७)। ५ रहस्य, तात्पर्य; (श्रु ३८)। °**य** वि [°**ग**] मर्म-वाचक (शब्द); (उत १, २५; सुख १, २५)।

मम्मक्क पुं [**दे**] गर्व, अहंकार; (षड्)।

मम्मक्का स्त्री [**दे**] १ उत्कण्ठा; २ गर्व; (दे ६, १४३)।

मम्मण न [**मन्मन**] १ अव्यक्त वचन; (हे २, ६१; दे ६, १४१; विपा १, ७; वा २६)। २ वि. अव्यक्त वचन बोलने वाला; (श्रा १२)।

मम्मण पुं [**दे**] १ मदन, कन्दर्प; २ रोष, गुस्सा; (दे ६, १४१)।

मम्मणिआ स्त्री [**दे**] नील मक्षिका; (दे ६, १२३)।

मम्मर पुं [**मर्मर**] शुष्क पत्तों का आवाज; (गा ३६५)।

मम्मह पुं [**मन्मथ**] कामदेव, कन्दर्प; (गा ४३०; अभि ६५)।

मम्मी स्त्री [**दे**] मामी, मातुल-पत्नी; (दे ६, ११२)।

मय न [**मत**] मनन, ज्ञान; (सूत्र २, १, ५०)। २ अभिप्राय, आशय; (ओघनि १६०; सूत्रनि १२०)। ३ समय, दर्शन, धर्म; "समओ मयं" (पाअ; सम्मत २२८)। ४ वि. माना हुआ; (कम्म ४, ४६)। ५ इष्ट, अभीष्ट; (सुपा ३७१)। °**न्नु** वि [°**ज्ञ**] दार्शनिक; (सुपा ५८२)।

मय पुं [**मय**] १ उष्ट्र, ऊँट; (सुख ६, १)। २ अश्वतर, खच्चर; "मयमहिससरहकेसरि—" (पउम ६, ५६)। ३ एक विद्याधर-नरेश; (पउम ८, १)। °**हर** पुं [°**धर**] ऊँट वाला; (सुख ६, १)।

मय वि [**मृत**] मरा हुआ, जीव-रहित; (गाया १, १; उव; सुर २, १८; प्रासू १७; प्राप्र)। °**किच्च** न [°**कृत्य**] मरण के उपलक्ष में किया जाता श्राद्ध आदि कर्म; (विपा १, २)।

मय पुंन [**मद**] १ गर्व, अभिमान; "एयाइं मयाइं विगिंच धीरा" (सूत्र १, १३, १६; सम १३; उप ७२८ टी; कुमा; कम्म २, २६)। २ हाथी के गण्ड-स्थल से झरता प्रवाही पदार्थ; (गाया १, १—पत्र ६५; कुमा)। ३ आमोद, हर्ष; ४ कस्तूरी; ५ मत्तता, नशा; ६ नद, बड़ी नदी; ७ वीर्य, शुक्र; (प्राप्र)। °**करि** पुं [°**करिन्**] मद वाला हाथी; (महा)। °**गल** वि [°**कल**] १ मद से उत्कट, नशे में चूर; "मअगलकुंजरगमणी" (पिंग)। २ पुं. हाथी; (सुपा ६०; हे १, १८२; पाअ; दे ६, १२५)। ३ छन्द-विशेष; (पिंग)। °**णासणी** स्त्री [°**नाशनी**] विद्या-विशेष; (पउम ७, १४०)। °**धम्म** पुं [°**धर्म**] विद्याधर-वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ४३)। °**मंजरी** स्त्री [°**मञ्जरी**] एक स्त्री का नाम; (महा)। °**वारण** पुं [°**वारण**] मद वाला हाथी; "मयवारणो उ मत्तो निवाडिया-लाणवरखंभो" (महा)।

मय पुं [**मृग**] १ हरिण; (कुमा; उप ७२८ टी)। २ पशु, जानवर; ३ हाथी की एक जाति; ४ नक्षत्र-विशेष; ५ कस्तूरी; ६ मकर राशि; ७ अन्वेषण; ८ याचन, माँग; ९ यज्ञ-विशेष; (हे १, १२६)। °**च्छी** स्त्री [°**क्षी**] हरिण के नेत्रों के समान नेत्र वाली; (सुर ४, १६; सुपा ३५५; कुमा)। °**णाह** पुं [°**नाथ**] सिंह; (स १११)। °**णाहि** पुंस्त्री [°**नाभि**] कस्तूरी; (पाअ; सुपा २००; गउड)। °**तण्हा** स्त्री [°**तृष्णा**] धूप में जल-भ्रान्ति; (दे; से ६, ३५)। °**तण्हिआ** स्त्री [°**तृष्णिका**] वही अर्थ; (पि ३७५)। °**तिण्हा** देखो °**तण्हा**; (पि ५४)। °**तिण्हिआ** देखो °**तण्हिआ**; (पि ५४)। °**धुत्त** पुं [°**धूर्त**] शृगाल, सियार; (दे ६, १२५)। °**नाभि** देखो °**णाहि**; (कुमा)। °**राय** पुं [°**राज**] सिंह, केसरी; (पउम २, १७; उप पृ ३०)। °**लंछण** पुं [°**लाञ्छन**] चन्द्रमा; (पाअ; कुमा; सुर १२, ५३)। °**लोअणा** स्त्री [°**रोचना**] गोरोचन, गोरोचना, पीत-वर्ण द्रव्य-विशेष; (अभि १२७)। °**ारि** पुं [°**ारि**] सिंह; (पाअ)। °**ारिदमण** पुं [°**ारि-दमन**] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति; (पउम ५, २६२)। °**ाहिव** पुं [°**ाधिप**] सिंह, केसरी; (पाअ; स ६)। देखो **मिअ, मिग**=मृग।

मयंक } देखो **मिअंक**; (हे १, १७७; १८०; कुमा; पड्;
मयंग } गा ३६६; रंभा)।

मयंग देखो **मायंग**=मातंग; "कूवर वरुणो भिउडी गोमेहो वामण मयंगो" (पव २६)।

मयंग पुं [**मृदङ्ग**] वाद्य-विशेष; (प्राकृ ८)।

मयंगय पुं [**मतङ्गज**] हाथी, हस्ती; (पउम ८०, ६६; उप पृ २६०)।

मयंगा स्त्री [**मृतगङ्गा**] जहां पर गंगा का प्रवाह रुक गया हो वह स्थान; (णाया १, ४—पत्र ६६)।

मयंतर न [**मतान्तर**] भिन्न मत, अन्य मत; (भग)।

मयंद देखो **मइंद**=मृगेन्द्र; (सुपा ६२)।

मयंध वि [**मदान्ध**] मद में अन्ध बना हुआ, मदोन्मत्त; (सुर २, ६६)।

मयग वि [**मृतक**] १ मरा हुआ; २ न. मुर्दा; (णाया १, ११; कुप्र २६; औप)। °**किच्च** न [°**कृत्य**] श्राद्ध आदि कर्म; (णाया १, २)।

मयड पुं [**दे**] आराम, बगीचा; (दे ६, ११५)।

मयण पुं [**मदन**] १ कन्दर्प, कामदेव; (पाअ; धण २५; कुमा; रंभा)। २ लक्ष्मण का एक पुत्र; (पउम ६१, २०)। ३ एक वणिक्-पुत्र; (सुपा ६१७)। ४ छन्द का एक भेद; (पिंग)। ५ वि. मद-कारक, मादक; "मयणा दरनिव्वलिया निव्वलिया जह कोद्दवा तिविहा" (विसे १२२०)। ६ न. मीन, मोम; "मयणो मयणं विअ विलीणो" (धण २५; पाअ; सुर २, २४६)। °**घरिणी** स्त्री [°**गृहिणी**] काम-प्रिया, रति; (कुप्र १०६)। °**तालंक** पुं [°**तालङ्क**] छन्द-विशेष; (पिंग)। °**तेरसी** स्त्री [°**त्रयोदशी**] चैत्र मास की शुक्ल त्रयोदशी तिथि; (कुप्र ३७८)। °**दुम** पुं [°**द्रुम**] वृक्ष-विशेष; (से ७, ६६)। °**फल** न [°**फल**] फल-विशेष, मैनफल; "तओ तेणुप्पलं मयणफलेण भावियं मणुस्स-हत्थे दिन्नं, एयं वररुइस्स देज्जाहि" (सुख २, १७)। °**मंजरी** स्त्री [°**मञ्जरी**] १ राजा चण्डप्रद्योत की एक स्त्री का नाम; २ एक श्रेष्ठि-कन्या; (महा)। °**रेहा** स्त्री [°**रेखा**] एक युवराज की पत्नी; (महा)। °**वेय** पुं [°**वेग**] पुरुष-विशेष का नाम; (भवि)। °**सुंदरी** स्त्री [°**सुन्दरी**] राजा श्रीपाल की एक पत्नी; (सिरि ५३)। °**हरा** स्त्री [°**गृह**] छन्द-विशेष; (पिंग)। °**हल** देखो °**फल**; "मयणहल-गंधओ ता उव्वमिया चंदहाससुरा" (धर्मवि ६४)।

मयणंकुस पुं [**मदनाङ्कुश**] श्रीरामचन्द्र का एक पुत्र, कुश; (पउम ६७, ६)।

मयणसलागा } स्त्री [**दे. मदनशलाका**] मैना, सारिका;
मयणसलाया } (जीव १ टी—पत्र ४१; दे ६, ११६)।

मयणसाला स्त्री [**दे. मदनशाला**] सारिका-विशेष; (पण्ह १, १—पत्र ८)।

मयणा स्त्री [**दे. मदना**] मैना, सारिका; (उप १२६ टी; आव १)।

मयणा स्त्री [**मदना**] १ वैरोचन बलीन्द्र की एक पटरानी; (ठा ५, १—पत्र ३०२)। २ शक्र के लोकपाल की एक स्त्री; (ठा ४, १—पत्र २०४)।

मयणाय पुं [**मैनाक**] १ द्वीप-विशेष; २ पर्वत-विशेष; (भवि)।

मयणिज्ज देखो **मदणिज्ज**; (कप्प; पण्ण १७)।

मयणिवास पुं [**दे**] कन्दर्प, कामदेव; (दे ६, १२६)।

मयर पुं [**मकर**] १ जलजन्तु-विशेष, मगर-मच्छ; (औप; सुर १३, ४६)। २ राशि-विशेष, मकर राशि; (सुर १३, ४६; विचार १०६)। ३ रावण का एक सुभट; (पउम ५६, २६)। ४ छन्द-विशेष; (पिंग)। °**केउ** पुं [°**केतु**] कामदेव, कन्दर्प; (कप्पू)। °**द्धय** पुं [°**ध्वज**] वही; (पाअ; कुमा; रंभा)। °**लंछण** पुं [°**लाञ्छन**] वही; (कप्पू; पि ५४)। °**हर** पुंन [°**गृह**] वही; (पाअ; से १, १८; ४, ४८; वज्जा १५४; भवि)।

मयरंद पुं [**दे. मकरन्द**] पुष्प-रज, पुष्प-पराग; (दे ६, १२३; पाअ; कुमा ३, ५४)।

मयरंद पुं [**मकरन्द**] पुष्प-रस, पुष्प-मधु; (दे ६, १२३; सुर ३, १०; प्रासू ११३; कुमा)।

मयल देखो **मइल**=मलिन; (सुपा २६२)।

मयलणा देखो **मइलणा**; (सुपा १२४; २०६)।

मयलबुत्ती [**दे**] देखो **मइलपुत्ती**; (दे ६, १२५)।

मयलिअ देखो **मलिणिअ**; (उप ७२८ टी)।

मयल्लिगा स्त्री [**मतल्लिका**] प्रधान, श्रेष्ठ; "कूडक्खरविओ-(?उ)मयल्लिगाणं" (रंभा १७)।

मयह देखो **मगह**। °**सामिय** पुं [°**स्वामिन्**] मगध देश का राजा; (पउम ६१, ११)। °**पुर** न [°**पुर**] राज-गृह नगर; (वसु)। °**ाहिवइ** पुं [°**ाधिपति**] मगध देश का राजा; (पउम २०, ४७)।

मयहर पुं [दे] १ ग्राम-प्रधान, ग्राम-प्रवर, गाँव का मुखिया; (पव २६८; महा; पउम ६३, १६)। २ वि. वडील, मुखिया, नायक; "सयलहत्थारोहपहाणमयहरेण" (स २८०; महानि ४; पउम ६३, १७)। स्त्री—°रिगा, °रिया, °री; (उप १०३१ टी; सुर १, ४१; महा; सुपा ७६; १२६)।

मयाई स्त्री [दे] शिरो-माला; (दे ६, ११५)।

मयार पुं [मकार] १ 'म' अक्षर; २ मकारादि अश्लील—अवाच्य—शब्द; "जत्थ जयारमयारं समणी जंपइ गिहत्थपच्चक्खं" (गच्छ ३, ४)।

मयाल (अप) देखो **मराल**; (पिंग)।

मयालि पुं [**मयालि**] जैन महर्षि-विशेष—१ एक अन्तकृद् मुनि; (अंत १४)। २ एक अनुत्तर-गामी मुनि; (अनु १)।

मयाली स्त्री [दे] लता-विशेष, निद्राकरी लता; (दे ६, ११६; पाअ)।

मर अक [मृ] मरना। मरइ, मरए; (हे ४, २३४; भग; उव; महा; पड्), मरं; (हे ३, १४१)। मरिज्जइ, मरिज्जेउ; (भवि; पि ४७७)। भूका—मरही, मरीअ; (आचा; पि ४६६)। भवि—मरिस्ससि; (पि ५२२)। वकृ—**मरंत, मरमाण**; (गा ३७५; प्रासू ६४; सुपा ४०५; भग; सुपा ६५१; प्रासू ८३)। संकृ—**मरिऊण**; (पि ५८६)। हेकृ—**मरिउं, मरेउं**; (संचि ३४)। कृ—**मरियव्व**; (अंत २४; सुपा २१५; ५०१; प्रासू १०६), **मरिएव्वउं** (अप); (हे ४, ४३८)।

मर पुं [दे] १ मशक; २ उल्लू, घूक; (दे ६, १४०)।

मरअद } **मरगय** } पुंन [**मरकत**] नील वर्ण वाला रत्न-विशेष, पन्ना; (संचि ६; हे १, १८२; औप; पड्; गा ७५; कप्र ३१), "परिकम्मिओवि बहुसो काओ किं मरगओ होइ" (कुप्र ४०३)।

मरजीवय पुं [दे, **मरजीवक**] समुद्र के भीतर उतर कर जो वस्तु निकालने का काम करता है वह; (सिरि ३८५)।

मरट्ट पुं [दे] गर्व, अहंकार; (दे ६, १२०; सुर ४, १५४; प्रासू ८५; ती ३; भवि; सण; हे ४, ४२२; सिरि ६६२), "अखिलमइ(?र)ट्टकंदप्पमदणे लद्धजयपडायस्स" (धर्मवि ६७)।

मरट्टा स्त्री [दे] उत्कर्ष;
"एईइ अहरहरिआरुणिममरट्टाइं(? इ) लज्जमाणाइ।
विंबफलाइं उव्वंधणं व वल्लीसु विरयंति ॥"
(कुप्र २६६)।

मरट्ठ (अप) देखो **मरहट्ठ**; (पिंग)।

मरढ देखो **मरहट्ट**। स्त्री—°**ढी**; (कप्पू)।

मरण पुंन [**मरण**] मौत, मृत्यु; (आचा; भग; पाअ; जी ४३; प्रासू १०७; ११६), "सेसा मरणा सव्वे तब्भवमरणेण णायव्वा" (पव १५७)।

मरल देखो **मराल**=मराल; (प्राकृ ५)।

मरह सक [मृष्] क्षमा करना। "खमंतु मरहंतु णं देवाणुप्पिया" (णाया १, ८—पत्र १३५)।

मरहट्ठ पुंन [**महाराष्ट्र**] १ वड़ा देश; २ देश-विशेष, महाराष्ट्र, मराठा; "मरहट्ठो मरहट्ठं" (हे १, ६६; प्राकृ ६; कुमा)। ३ सुराष्ट्र; (कुमा ३, ६०)। ४ पुं. महाराष्ट्र देश का निवासी, मराठा; (पण्ह १, १—पत्र १४; पिंग)। ५ छन्द-विशेष; (पिंग)।

मरहट्ठी स्त्री [**महाराष्ट्री**] १ महाराष्ट्र की रहने वाली स्त्री; २ प्राकृत भाषा का एक भेद; (पि ३५४)।

मराल वि [दे] अलस, मन्द, आलसी; (दे ६, ११२; पाअ)।

मराल पुं [**मराल**] १ हंस पक्षी; (पाअ)। २ छन्द-विशेष; (पिंग)।

मराली स्त्री [दे] १ सारसी, सारस पक्षी की मादा; २ दूती; ३ सखी; (दे ६, १४२)।

मरिअ वि [**मृत**] मरा हुआ; (सम्मत्त १३६)।

मरिअ वि [दे] १ त्रुटित, टूटा हुआ; २ विस्तीर्ण; (पड्)।

मरिअ देखो **मिरिअ**; (प्रयौ १०५; भास ८ टी)।

मरिइ देखो **मरीइ**, "अह उप्पन्ने नाणे जिणस्स, मरिई तओ य निक्खंतो" (पउम ८२, २४)।

मरिस सक [मृष्] सहन करना, क्षमा करना। मरिसइ, मरिसेइ, मरिसेउ; (हे ४, २३५; महा; स ६७०)। कृ—**मरिसियव्व**; (स ६७०)।

मरिसावणा स्त्री [**मर्षणा**] क्षमा; (स ६७१)।

मरीइ पुं [**मरीचि**] १ भगवान् ऋषभदेव का एक पौत्र और भरत चक्रवर्ती का पुत्र, जो भगवान् महावीर का जीव था; (पउम ११, ६४)। २ पुंस्त्री. किरण; (पण्ह १, ४—पत्र ७२; धर्मसं ७२३)।

मरीइया स्त्री [**मरीचिका**] १ किरण-समूह; २ मृग-तृष्णा, किरण में जल-भ्रान्ति; (राज)।

मरीचि देखो **मरीइ**; (औप; सुज्ज १, ६)।
मरीचिया देखो **मरीइया**; (औप)।
मरु पुं [**मरुत्**] १ पवन, वायु; २ देव, देवता; ३ सुगन्धी वृक्ष-विशेष, मरुआ, मरुवा; (षड्)। ४ हनूमान का पिता; (पउम ५३, ७६)। °**णंदण** पुं [°**नन्दन**] हनूमान; (पउम ५३, ७६)। °**स्सुय** पुं [°**सुत**] वही; (पउम १०१, १)। देखो **मरुअ**=मरुत्।
मरु, **मरुअ** } पुं [**मरु, °क**] १ निर्जल देश; (णाया १, १६—पत्र २०२; औप)। २ देश-विशेष, मारवाड़, (ती ५; महा; इक; पण्ह १, ४—पत्र ६८)। ३ पर्वत, ऊँचा पहाड़; (निचू ११)। ४ वृक्ष-विशेष, मरुआ, मरुवा; (पण्ह २,५—पत्र १५०)। ५ ब्राह्मण, विप्र; (सुख २, २७)। ६ एक नृप-वंश; ७ मरु-वंशीय राजा; "तस्स य पुट्ठीए नंदो पणपन्नसयं च होइ वासाणं। मरुयाणं अट्ठसयं" (विचार ४६३)। ८ मरु देश का निवासी; (पण्ह १, १)। °**कंतार** न [°**कान्तार**] निर्जल जंगल; (अच्चु ८५)। °**त्थली** स्त्री [°**स्थली**] मरु-भूमि; (महा)। °**भू** स्त्री [°**भू**] वही; (श्रा २३)। °**य** वि [°**ज**] मरु देश में उत्पन्न; (पण्ह १, ४—पत्र ६८)।
मरुअ देखो **मरु**=मरुत्; (पण्ह १, ४—पत्र ६८)। २ एक देव-जाति; (ठा २, २)। °**कुमार** पुं [°**कुमार**] वानरद्वीप के एक राजा का नाम; (पउम ६, ६७)। °**वसभ** पुं [°**वृषभ**] इन्द्र; (पण्ह १, ४—पत्र ६८)।
मरुअअ, **मरुअग** } पुं [**मरुवक**] वृक्ष-विशेष, मरुआ, मरुवा; (गउड; पण्ण १—पत्र ३४)।
मरुआ स्त्री [**मरुता**] राजा श्रेणिक की एक पत्नी; (अंत)।
मरुइणी स्त्री [**मरुकिणी**] ब्राह्मण-स्त्री, ब्राह्मणी; (विसे ६२८)।
मरुंड देखो **मुरुंड**; (अंत; औप; णाया १, १—पत्र ३७)।
मरुकुंद पुं [**दे. मरुकुन्द**] मरुआ, मरुवे का गाछ; (भवि)।
मरुग देखो **मरुअ**=मरुक; (पण्ह १, १—पत्र १४; इक)।
मरुदेव पुं [**मरुदेव**] १ ऐरावत क्षेत्र में उत्पन्न एक जिन-देव; (सम १५३)। ३ एक कुलकर पुरुष का नाम; (सम १५०; पउम ३, ५५)।
मरुदेवा, **मरुदेवी** } स्त्री [**मरुदेवा, °वी**] १ भगवान् ऋषभदेव की माता का नाम; (उव; सम १५०; १५१)। २ राजा श्रेणिक की एक पत्नी, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ले कर मुक्ति पाई थी; (अंत)।
मरुद्देवा स्त्री [**मरुद्देवा**] भगवान् महावीर के पास दीक्षा ले कर मुक्ति पाने वाली राजा श्रेणिक की एक पत्नी; (अंत २५)।
मरुल पुं [**दे**] भूत, पिशाच; (दे ६, ११४)।
मरुवय देखो **मरुअअ**; (गा ६७७; कुमा; विक्र २९)।
मरुस देखो **मरिस**। मरुसिज्ज; (भवि)।
मल देखो **मद्द**। मलइ, मलेइ; (हे ४, १२६; प्राक्र ६८; भवि), मलेमि; (से ३, ६३), मलेंति; (सुर १, ६७)। कर्म—मलिज्जइ; (पंचा १६, १०)। वकृ—**मलेंत**; (से ४, ४२)। कवकृ—**मलिज्जंत**; (से ३, १३)। संकृ—**मलिऊण, मलिऊणं**; (कुमा; पि ५८५)। कृ—**मलेव्व**; (वै ६६; निसा ३)।
मल पुं [**दे**] स्वेद, पसीना; (दे ६, १११)।
मल पुंन [**मल**] १ मैल; (कुमा; प्रासू २५)। २ पाप; (कुमा)। ३ बँधा हुआ कर्म; (चेइय ६२२)।
मलंपिअ वि [**दे**] गर्वी, अहंकारी; (दे ६, १२१)।
मलण न [**मर्दन, मलन**] मर्दन, मलना; (सम १२५; गउड; दे ३, ३४; सुपा ४४०; पंचा १६, १०)।
मलय पुं [**दे. मलक**] आस्तरण-विशेष; (णाया १, १—पत्र १३; १, १७—पत्र २२९)।
मलय पुं [**दे. मलय**] १ पहाड़ का एक भाग; (दे ६, १४४)। २ उद्यान, बगीचा; (दे ६, १४४; पाअ)।
मलय पुं [**मलय**] १ दक्षिण देश में स्थित एक पर्वत; (सुपा ४५६; कुमा; षड्)। २ मलय-पर्वत के निकट-वर्ती देश-विशेष; (पव २७५; पिंग)। ३ छन्द-विशेष; (पिंग)। ४ देवविमान-विशेष; (देवेन्द्र १४३)। ५ न. श्रीखण्ड, चन्दन; (जीव ३)। ६ पुंस्त्री. मलय देश का निवासी; (पण्ह १, १)। °**केउ** पुं [°**केतु**] एक राजा का नाम; (सुपा ६०७)। °**गिरि** पुं [°**गिरि**] एक सुप्रसिद्ध जैन आचार्य और ग्रन्थकार; (इक; राज)। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] एक जैन उपासक का नाम; (सुपा ६४५)। °**द्दि** पुं [°**द्रि**] पर्वत-विशेष; (सुपा ४७७)। °**भव** वि [°**भव**] १ मलय देश में उत्पन्न। २ न. चन्दन; (गउड)। °**मई** स्त्री [°**मती**] राजा मलयकेतु की स्त्री; (सुपा ६०७)। °**य** [°**ज**] देखो °**भव**; (राज)। °**रुह** पुं [°**रुह**] चन्दन का पेड़; (सुर १, २८)। २ न. चन्दन-काष्ठ; (पाअ)।

°चल पुं [°चल] मलय पर्वत; (सुपा ४५६)। °णिल पुं [°निल] मलयाचल से बहता शीतल पवन; (कुमा)। °यल देखो °चल; (रंभा)।
मलय वि [**मलयज**] १ मलय देश में उत्पन्न; (अणु)। २ न. चन्दन; (भवि)।
मलवट्टी स्त्री [**दे**] तरुणी, युवति; (दे ६, १२४)।
मलहर पुं [**दे**] तुमुल-ध्वनि; (दे ६, १२०)।
मलि वि [**मलिन्**] मल वाला, मल-युक्त; (भवि)।
मलिअ वि [**मृदित**] जिसका मर्दन किया गया हो वह; (गा ११०; कुमा; हे ३, १३५; औप; गाया १, १)।
मलिअ न [**दे**] १ लघु चेत्र; २ कुडव; (दे ६, १४४)।
मलिअ वि [**मलित**] मल-युक्त, मलिन; "मलमलियदेहवत्था" (सुपा १६६; गउड)।
मलिज्जंत देखो **मल**=मृद्।
मलिण वि [**मलिन**] मैला, मल-युक्त; (कुमा; सुपा ६०१)।
मलिणिय वि [**मलिनित**] मलिन किया हुआ; (उत्त)।
मलीमस वि [**मलीमस**] मलिन, मैला; (पात्र)।
मलेव्व देखो **मल**=मृद्।
मलेच्छ देखो **मिलिच्छ**; (पि ८४; नाट—चैत १८)।
मल्ल पुं [**मल्ल**] १ पहलवान, कुश्ती लड़ने वाला, बाहु-योद्धा; (औप; कप्प; पराह २, ४; कुमा)। २ पात्र; "दीवसिहापडिपिल्लणमल्लें मिल्लंति नीसासे" (कुप्र १३१)। ३ भींत का अवष्टम्भन-स्तम्भ; ४ छप्पर का आधार-भूत काष्ठ; (भग ८, ६—पत्र ३७६)। °जुद्ध न [°युद्ध] कुश्ती; (कप्पू; हे ४, ३८२)। °दिन्न पुं [°दत्त] एक राज-कुमार; (गाया १, ८)। °वाइ पुं [°वादिन्] एक सुविख्यात प्राचीन जैन आचार्य और ग्रन्थकार; (सम्मत्त १२०)।
मल्ल न [**माल्य**] १ पुष्प, फूल; (ठा ४, ४)। २ फूल की गुँथी हुई माला; (पात्र; औप)। ३ मस्तक-स्थित पुष्प-माला; (हे २, ७६)। ४ एक देव-विमान; (सम ३६)।
मल्लइ पुं [**मल्लकि**, °**किन्**] नृप-विशेष; (भग; औप; पि ८६)।
मल्लग } न [**दे**, **मल्लक**] १ पात्र-विशेष, शराव; (विसे
मल्लय } २४७ टी; पिंड २१०; तंदु ४४; महा; कुलक १४; गाया १, ६; दे ६, १४५; प्रयौ ६७)। २ चषक, पान-पात्र; (दे ६, १४५)।
मल्लय न [**दे**] १ अपूप-भेद, एक तरह का पूआ; २ वि. कुसुम्भ से रक्त; (दे ६, १४५)।
मल्लाणी स्त्री [**दे**] मातुलानी, मामी; (दे ६, ११२; पात्र; प्राकृ ३८)।
मल्लि वि [**माल्यिन्**] माल्य-युक्त, माला वाला; (औप)।
मल्लि स्त्री [**मल्लि**] १ उन्नीसवें जिन-देव का नाम; (सम ४३; गाया १, ८; मंगल १२; पडि)। २ वृत्त-विशेष, मोतिया का गाछ; (दे २, १८)। °णाह, °नाह पुं [°नाथ] उन्नीसवें जिन-देव; (महा; कुप्र ६३)।
मल्लिअज्जुण पुं [**मल्लिकार्जुन**] एक राजा का नाम; (कुमा)।
मल्लिआ स्त्री [**मल्लिका**] १ पुष्पवृत्त-विशेष; (गाया १, ६; कुप्र ४६)। २ पुष्प-विशेष; (कुमा)। ३ छन्द-विशेष; (पिंग)।
मल्ली देखो **मल्लि**; (गाया १, ८; पउम २०, ३५; विचार १४८; कुमा)।
मल्ह अक [**दे**] मौज मानना, लीला करना। वकृ—**मल्हंत**; (दे ६, ११६ टी; भवि)।
मल्हण न [**दे**] लीला, मौज; (दे ६, ११६)।
मव सक [**मापय्**] मपना, माप करना, नापना। मवंति; (सिरि ४२५)। कर्म—"आउयाइं मविज्जंति" (कम्म ५,-८५ टी)। कवकृ—**मविज्जमाण**; (विसे १४००)।
मविय वि [**मापित**] मापा हुआ; (तंदु ३१)।
मश्चली (मा) स्त्री [**मत्स्य**] मछली; (पि २३३)।
मस } पुं [**मश**, °**क**] १ शरीर पर का तिलाकार काला
मसअ } दाग, तिल; (पत्र २५७)। २ मच्छड़, चुद्र जन्तु-विशेष; (गा ५६०; चारु १०; वज्जा ४६)।
मसक्कसार न [**मसक्कसार**] इन्द्रों का एक स्वयं आभाव्य विमान; (देवेन्द्र २६३)।
मसग देखो **मसअ**; (भग; औप; पउम ३३, १०८; जी १८)।
मसण वि [**मसृण**] १ स्निग्ध, चिकना; २ सुकुमाल, कोमल, अ-कर्कश; ३ मन्द, धीमा; (हे १, १३०; कुमा)।
मसरक्क सक [**दे**] संकुचना, समेटना। संकृ—"दसवि करंगुलीउ **मसरक्किवि** (अप)" (भवि)।
मसाण न [**श्मशान**] मसान, मरघट; (गा ४०८; प्राप्र; कुमा)।
मसार पुं [**दे**, **मसार**] मसृणता-संपादक पाषाण-विशेष, कसौटी का पत्थर; (गाया १, १—पत्र ६; औप)।
मसारगल्ल पुं [**मसारगल्ल**] एक रत्न-जाति; (गाया १, १—पत्र ३१; कप्प; उत्त ३६, ७६; सुक)।

मसि स्त्री [**मसि**] १ काजल, कज्जल; (कप्पू)। २ स्याही, सियाही; (सुर २, ५)।
मसिंहार पुं [**मसिंहार**] क्षत्रिय परिव्राजक-विशेष; (औप)।
मसिण देखो **मसण**; (हे १, १३०; कुमा; औप; से १, ४५; ५, ६४)।
मसिण वि [**दे**] रम्य, सुन्दर; (दे ६, ११८)।
मसिणिअ वि [**मसृणित**] १ मृष्ट, शुद्ध किया हुआ, मार्जित; "रोसिसिश्रं मसिणिश्रं" (पाश्र)। २ स्निग्ध किया हुआ; (से ६, ६)। ३ विलुलित, विमर्दित; (से १, ५५)।
मसी देखो **मसि**; (उवा)।
मसूर, **मसूरग**, **मसूरय** पुंन [**मसूर**, °**क**] १ धान्य-विशेष, मसूरि; (ठा ४, ३; सम १४६; पिंड ६२३)। २ उच्छीर्षक, ओसीसा; (सुर २, ८३; कप्प)। ३ वस्त्र या चर्म का वृत्ताकार आसन; (पव ८४)।
मस्सु देखो **मंसु**; (संक्षि १२; वि ३१२)।
मस्सूरग देखो **मसूरग**; "मस्सूरए य थिबुगे" (जीवस ५२)।
मह सक [**काङ्क्ष्**] चाहना, वान्छना। महइ; (हे ४, १९२; कुमा; सण)।
मह सक [**मथ्**] १ मथना, विलोड़न करना। २ मारना। महेज्जा; (उवा)।
मह सक [**मह्**] पूजना। महइ; (कुमा), महेह; (सिरि ५६६)। संकृ—**महिअ**; (कुमा)। कृ—**महणिज्ज**; (उप पृ १२६)।
मह पुंन [**मह**] उत्सव; (विपा १, १—पत्र ५; रंभा; पाश्र; सण)।
मह पुं [**मख**] यज्ञ; (चंड; गउड)।
मह वि [**महत्**] १ बड़ा, वृद्ध; २ विपुल, विस्तीर्ण; ३ उत्तम, श्रेष्ठ; "एगं महं सत्तुस्सेहं" (णाया १, १—पत्र १३; काल; जी ७; हे १, ५)। स्त्री—°**ई**; (उव; महा)। °**एवी** स्त्री [°**देवी**] पटरानी; (भवि)। °**कंतजस** पुं [°**कान्तयशस्**] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति; (पउम ५, २६५)। °**कमलंग** न [°**कमलाङ्ग**] संख्या-विशेष, ८४ लाख कमल की संख्या; (जो २) °**कव्व** न [°**काव्य**] सर्ग-बद्ध उत्तम काव्य-ग्रन्थ; (भवि)। °**काल** देखो **महा-काल**; (देवेन्द्र २४)। °**गइ** पुं [°**गति**] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंकेश; (पउम ५, २६५)। °**ग्गह** देखो **महा-गह**; (सम ६३)। °**ग्घ** वि [°**अर्घ**] महा-मूल्य, कीमती; (सुर ३, १०३; सुपा ३७)। °**ग्घविअ** वि [°**अर्घित**] १ महँघा, दुर्लभ; (से १४, ३७)। २ विभूषित; "विमलंगोवंगगुण-महग्घविया" (सुपा १; ६०)। ३ सम्मानित; "अच्चिअ-वंदियपूइयसक्कारियपणमिओ महग्घविओ" (उव)। °**ग्घिम** (अप) वि [°**अर्घित**] बहु-मूल्य, महँघा; (भवि)। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] १ राजकुमार-विशेष; (विपा २, ५; ९)। २ एक राजा; (विपा १; ४)। °**च्च** वि [°**अर्च**] १ बड़ा ऐश्वर्य वाला; २ बड़ी पूजा—सत्कार वाला; (ठा ३, १—पत्र ११७; भग)। °**च्च** वि [°**अर्च्य**] अति पूज्य; (ठा ३, १; भग)। °**च्छरिय** न [°**आश्चर्य**] बड़ा आश्चर्य; (सुर १०, ११८)। °**जक्ख** पुं [°**यक्ष**] भगवान् अजितनाथ का शासनाधिष्ठायक देव; (पव २६; संति ७)। °**जाला** स्त्री [°**ज्वाला**] विद्यादेवी-विशेष; (संति ६)। °**ज्जुइय** वि [°**द्युतिक**] महान् तेज वाला; (भग औप)। °**ड्ढि** स्त्री [°**ऋद्धि**] महान् वैभव; (राय)। °**ड्ढिय**, °**ड्ढीअ** वि [°**ऋद्धिक**] विपुल वैभव वाला; (भग; ओघभा १०)। °**ण्णव** पुं [°**अर्णव**] महा-सागर; (सुपा ४१७; हे १, २६९)। °**ण्णवा** स्त्री [°**अर्णवा**] १ बड़ी नदी; २ समुद्र-गामिनी; (कस ४, २७ टि; बृह ४)। °**तुडियंग** न [°**त्रुटिताङ्ग**] ८४ लाख त्रुटित की संख्या; (जो २)। °**त्तण** न [°**त्व**] बड़ाई, महत्ता; (श्रा २७)। °**त्तर** वि [°**तर**] १ बहुत बड़ा; (स्वप्न २८)। २ मुखिया, नायक, प्रधान; (कप्प; औप; विपा १, ८)। ३ अन्तःपुर का रक्षक; (औप)। स्त्री—°**रिया**, °**री**; (ठा ४, १—पत्र १६८; इक)। °**त्थ** वि [°**अर्थ**] महान् अर्थ वाला; (णाया १, ८; श्रा २७)। °**त्थ** न [°**अस्त्र**] अस्त्र-विशेष, बड़ा हथियार; (पउम ७१, ६७)। °**त्थिम** पुंस्त्री [°**र्थत्व**] महार्थता; (भवि)। °**दलिल्ल** वि [°**दलिल**] बड़ा दल वाला; (प्रासू १२३)। °**द्दह** पुं [°**द्रह**] बड़ा ह्रद; (णाया १, १—पत्र ६४; गा १८६ अ)। °**द्दि** स्त्री [°**अद्रि**] १ बड़ी याचना; २ परिग्रह; (पण्ह १, ५—पत्र ९२)। °**द्दुम** पुं [°**द्रुम**] १ महान् वृक्ष; (हे ४, ४४५)। २ वैरोचन इन्द्र के एक पदाति-सैन्य का अधिपति; (ठा ५, १—पत्र ३०२)। °**द्धि** वि [°**ऋद्धि**] बड़ी ऋद्धि वाला; (कुमा)। °**धूम** पुं [°**धूम**] बड़ा धुँआ; (महा)। °**न्नव** देखो °**ण्णव**; (श्रा २८)। °**पाण** न [°**प्राण**] ध्यान-विशेष; (सिरि १३३०)। °**पुंडरीअ** पुं [°**पुण्डरीक**] ग्रह-विशेष;

(हे २, १२०)। °प्प पुं [°आत्मन्] महान् आत्मा, महा-पुरुष; (पउम ११८, १२१)। °प्फल वि [°फल] महान् फल वाला; (सुपा ६२१)। °वाहु पुं [°वाहु] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति; (पउम ५, २६५)। °वोह पुं [°अवोघ] महा-सागर;

"इय वुत्तंतं सोउं रगणा निव्वासिया तहा सुगया।
महवोहे जंतूणं जह पुणरवि नागया तत्थ" (सम्मत्त १२०)।

°व्वल पुं [°वल] १ एक राज-कुमार; (विपा २, ७; भग ११, ११; अंत)। २ वि. विपुल वल वाला; (भग; औप)। देखो महा-वल। °ब्भय वि [°भय] महाभय-जनक; (पगह १, १)। °ब्भूय न [°भूत] पृथिवी आदि पाँच द्रव्य; (सूत्र २, १, २२)। °मरुय पुं [°मरुत] एक महर्षि, अन्तकृद् मुनि-विशेष; (अंत २५)। °मास पुं [°अश्व] महान् अश्व; (औप)। °यर देखो °त्तर; (गाया १, १—पत्र ३७)। °रव पुं [°रव] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति; (पउम ५, २६६)। °रिसि पुं [°ऋषि] महर्षि, महा-मुनि; (उव; रयण ३७)। °रिह वि [°अर्ह] वड़े के योग्य, वहु-मूल्य, कीमती; (विपा १, ३; औप; पि १४०)। °वाय पुं [°वात] महान् पवन; (ओघ ३८७)। °व्वइय वि [°व्रतिक] महाव्रत वाला; (सुपा ४७४)। °व्वय पुंन [°व्रत] महान् व्रत; "महव्वया पंच हुंति इमे" (पउम ११, २३), "सेसा महव्वया तें उत्तरगुणसंजुयावि न हु सम्मं" (सिक्खा ४८; भग; उव)। °व्वय पुं [°व्यय] विपुल खर्च; (उप पृ १०८)। °सलागा स्त्री [°शलाका] पल्य-विशेष, एक प्रकार का नाप; (जीवस १३६)। °सिव पुं [°शिव] एक राजा, षष्ठ वलदेव और वासुदेव का पिता; (सम १५२)। °सुक्क देखो महा-सुक्क; (देवेन्द्र १३५)। °सेण पुं [°सेन] १ आठवें जिन-देव का पिता; (सम १५०)। २ एक राजा; (महा)। ३ एक यादव; (उप ६४८ टी)। ४ न. वन-विशेष; (विसे १४८४)। देखो महा-सेण। देखो महा°।

महँअर पुं [दे] गह्वर-पति, निकुञ्ज का मालिक; (दे ६, १२३)।

महइ° अ [महाति] १ अति वड़ा; २ अत्यन्त विपुल। °जड वि [°जट] अति वड़ी जटा वाला; (पउम ५८, १२)। °महाइंदइ पुं [°महेन्द्रजित्] इक्ष्वाकु-वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ६)। °महापुरिस पुं [°महापुरुष] १ सर्वोत्तम पुरुष, सर्व-श्रेष्ठ पुरुष; २ जिन-देव, जिन भगवान्; (पउम १, १८)। °महालय वि [°महत्] अत्यन्त वडा; "महइमहालयंसि संसारंसि" (उवा; सम ७२), स्त्री—°लिया; (भग; उवा)।

महई देखो मह=महत्।

महंग पुं [दे] उष्ट्र, ऊँट; (दे ६, ११७)।

महंत देखो मह=महत्; (आचा; औप; कुमा)।

महच्च न [माहत्य] १ महत्त्व, २ वि. महत्त्व वाला; (ठा ३, १—पत्र ११७)।

महण न [दे] पिता का घर; (दे ६, ११४)।

महण न [मथन] १ विलोडन; (से १, ४६; वज्जा ८)। २ घर्षण; (कुप्र १४८)। ३ वि. मारने वाला; "दरित-नागदप्पमहणा" (पगह १, ४)। ४ विनाश करने वाला; "नाणं च चरणं च भवमहणं" (संवोध ३५; सुर ७, २२५)। स्त्री—°णी; (श्रा ४६)।

महण पुं [महन] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति; (पउम ५, २६२)।

महणिज्ज देखो मह=मह्।

महति° देखो महइ°; (ठा ३, ४; णाया १, १; औप)।

महत्थार न [दे] १ भाण्ड, भाजन; २ भोजन; (दे ६, १२५)।

महप्पुर पुं [दे] माहात्म्य, प्रभाव; "तुह मुहचंदपहाए फरिसाण महप्पुरो एसो" (रंभा ४३)।

महमह देखो मघमघ। महमहइ; (हे ४, ७८; षड्; गा ४६७), महमेहइ; (उव)। वकृ—**महमहंत**; (काप्र ६१७)। संकृ—**महमहिअ**; (कुमा)।

महमहिअ वि [प्रसृत] १ फैला हुआ; (हे १, १४६; वज्जा १५०)। २ सुरभित; (रंभा)।

महम्मह देखो महमह; "जिअलोअसिरी महम्महइ" (गा ६०४)।

महया° देखो महा°; "महयाहिमवंतमहंतमलयमंदरमहिंदसारे" (णाया १, १ टी—पत्र ६; औप; विपा १, १; भग)।

महर वि [दे] अ-समर्थ, अ-शक्त; (दे ६, ११३)।

महलयपक्ख देखो महालवक्ख; (षड्—पृष्ठ १७६)।

महल्ल वि [दे. महत्] १ वृद्ध, वड़ा; (दे ६, १४३; उवा; गउड; सुर १, ५४; पंचा ५, १६; संवोध ४७; ओघ १३६; प्रासू १४६; जय १२; सुपा ११७)। २ पृथुल, विशाल,

विस्तीर्ण; (दे ६, १४३; प्रवि १०; स ६६२; भवि)। स्त्री—°ल्लिया; (औप; सुपा ११६; ५८७)।

महल्ल वि [दे] १ मुखर, वाचाट, बकवादी; (दे ६, १४३; षड्)। २ पुं. जलधि, समुद्र; (दे ६, १४३)। ३ समूह, निवह; (दे ६, १४३; सुर १, ५४)।

महल्लिर देखो **महल्ल**; "हरिनहकढिाअमहल्लिरपयनहरपरंप-राए विकरालो" (सुपा ११)।

महव देखो **मघव**; (कुमा; भवि)।

महा स्त्री [**मघा**] नक्षत्र-विशेष; (सम १२; सुज्ज १०, ५; इक)।

महा° देखो **मह**=महत्; (उवा)। °**अडड** न [°**अटट**] संख्या-विशेष, ८४ लाख महाअटटांग की संख्या; (जो २)। °**अडडंग** न [°**अटटाङ्ग**] संख्या-विशेष, ८४ लाख अटट; (जो २)। °**आल** देखो °**काल**; (नाट—चैत ८२)। °**ऊह** न [°**ऊह**] संख्या-विशेष, ८४ लाख महाऊहांग की संख्या; (जो २)। °**कइ** पुं [°**कवि**] श्रेष्ठ कवि, समर्थ कवि; (गउड; चेइय ८४३; रंभा)। °**कंदिय** पुं [°**क्रन्दित**] व्यन्तर देवों की एक जाति; (पगह १, ४; औप; इक)। °**कच्छ** पुं [°**कच्छ**] १ महाविदेह वर्ष का एक विजय-क्षेत्र—प्रान्त; (ठा २, ३; इक)। २ देव-विशेष; (जं ४)। °**कच्छा** स्त्री [°**कच्छा**] अति-काय-नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी; (ठा ४, १—पत्र २०४; णाया २; इक)। °**कण्ह** पुं [°**कृष्ण**] राजा श्रेणिक का एक पुत्र; (निर १, १)। °**कण्हा** स्त्री [°**कृष्णा**] राजा श्रेणिक की एक पत्नी; (अंत २५)। °**कप्प** पुं [°**कल्प**] १ जैन ग्रन्थ-विशेष; (णंदि)। २ काल का एक परिमाण; (भग १५)। °**कमल** न [°**कमल**] संख्या-विशेष, चौरासी लाख महाकमलांग की संख्या; (जो २)। °**कव्व** देखो °**मह-कव्व**; (सम्मत्त १४६)। °**काय** पुं [°**काय**] १ महोरग देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३; इक)। २ वि. महान् शरीर वाला; (उवा)। °**काल** पुं [°**काल**] १ महाग्रह-विशेष, एक ग्रह-देवता; (सुज्ज २०; ठा २, ३)। २ दक्षिण लवण-समुद्र के पाताल-कलश का अधिष्ठायक देव; (ठा ४, २—पत्र २२६)। ३ एक इन्द्र, पिशाच-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८५)। ४ परमाधार्मिक देवों की एक जाति; (सम २८)। ५ वायु-कुमार देवों का एक लोकपाल; (ठा ४, १—पत्र १६८)। ६ वेलम्ब इन्द्र का एक लोकपाल; (ठा ४, १—पत्र १६८)। ७ नव निधिओं में एक निधि, जो धातुओं की पूर्ति करता है; (उप ६८६ टी; ठा ६—पत्र ४४६)। ८ सातवीं नरक-भूमि का एक नरकावास; (ठा ५, ३—पत्र ३४१; सम ५८)। ६ पिशाच देवों की एक जाति; (राज)। १० उज्जयिनी नगरी का एक प्राचीन जैन मन्दिर; (कुप्र १७४)। ११ शिव, महादेव; (आव ६)। १२ उज्जयिनी का एक का श्मशान; (अंत)। १३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र; (निर १, १)। १४ न. एक देव-विमान; (सम ३५)। °**काली** स्त्री [°**काली**] १ एक विद्या-देवी; (संति ५)। २ भगवान् सुमतिनाथ की शासन-देवी; (संति ६)। ३ राजा श्रेणिक की एक पत्नी; (अंत २५)। °**किण्हा** स्त्री [°**कृष्णा**] एक महा-नदी; (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °**कुमुद**, °**कुमुय** न [°**कुमुद**] १ एक देव-विमान; (सम ३३)। २ संख्या-विशेष, चौरासी लाख महाकुमुदांग की संख्या; (जो २)। °**कुमुयअंग** न [°**कुमुदाङ्ग**] संख्या-विशेष, कुमुद को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (जो २)।—°**कुम्म** पुं [°**कूर्म**] कूर्मावतार; (गउड)। °**कुल** न [°**कुल**] १ श्रेष्ठ कुल; (निचू ८)। २ वि. प्रशस्त कुल में उत्पन्न; "निक्खंता जे महाकुला" (सूअ १, ८, २४)। °**गंगा** स्त्री [°**गङ्गा**] परिमाण-विशेष; (भग १५)। °**गह** पुं [°**ग्रह**] १ सूर्य आदि ज्योतिष्क; (सार्ध ८७)। °**गह** वि [°**आग्रह**] आग्रही, हठी; (सार्ध ८७)। °**गिरि** पुं [°**गिरि**] १ एक जैन महर्षि; (उव; कप्प)। २ बड़ा पर्वत; (गउड)। °**गोव** पुं [°**गोप**] १ महान् रक्षक; २ जिन भगवान्; (उवा; विसे २६५६)। °**घोस** पुं [°**घोष**] १ ऐर-वत क्षेत्र के एक भावी जिन-देव; (सम १५४)। २ एक इन्द्र, स्तनित कुमार देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ एक कुलकर पुरुष; (सम १५०)। ४ परमाधार्मिक देवों की एक जाति; (सम २६)। ५ न. देवविमान-विशेष; (सम १२; १७)। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] ऐरवत वर्ष के एक भावी तीर्थंकर; (सम १५४)। °**जणिअ** पुं [°**जनिक**] श्रेष्ठी, सार्थवाह आदि नगर के गरय-मान्य लोक; (कुमा)। °**जलहि** पुं [°**जलधि**] महा-सागर; (सुपा ४७४)। °**जस** पुं [°**यशस्**] १ भरत चक्रवर्ती का एक पौत्र; (ठा ८—पत्र ४२६)। २ ऐरवत क्षेत्र के चतुर्थ भावी तीर्थंकर-देव;

(सम १५४)। ३ वि. महान् यशस्वी; (उत्त १२, २३)। °जाइ स्त्री [°जाति] गुल्म-विशेष; (पण्ण १)। °जाण न [°यान] १ बड़ा यान—वाहन; २ चारित्र, संयम; (आचा)। ३ एक विद्याधर-नगर का नाम; (इक)। ४ पुं. मोक्ष, मुक्ति; (आचा)। °जुद्ध न [°युद्ध] बड़ी लड़ाई; (जीव ३)। °जुम्म पुंन [°युग्म] महान् राशि; (भग ३५)। °ण देखो °यण; "गामदुआर-ब्भासे अगडसमीवे महाणमज्झे वा" (ओघ ६६)। °णई स्त्री [°नदी] बड़ी नदी; (गउड; पउम ४०, १३)। °णंदियावत्त पुं [°नन्द्यावर्त] १ घोष-नामक इन्द्र का एक लोकपाल; (ठा ४, १—पत्र १९८)। २ न. एक देव-विमान; (सम ३२)। °णगर देखो °नगर; (राज)। °णलिण देखो °नलिण; (राज)। °णील न [°नील] १ रत्न-विशेष; २ वि. अति नील वर्ण वाला; (जीव ३; औप)। °णीला देखो °नीला; (राज)। °णुभाअ, °णुभाग वि [°अनुभाग] महानुभाव, महाशय; (नाट—मालती ३९; गच्छ १, ४; भग; सिरि १६)। °णुभाव वि [°अनुभाव] वही अर्थ; (सुर २, ३५; द्र ६६)। °तमपहा स्त्री [°तमःप्रभा] सप्तम नरक-पृथिवी; (पव १७२)। °तमा स्त्री [°तमा] वही; (चेइय ७५६)। °तीरा स्त्री [°तीरा] नदी-विशेष; (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °तुडिय न [°त्रुटित] महात्रुटितांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह, संख्या-विशेष; (जो २)। °दामड्ढि पुं [°दामास्थि] ईशानेन्द्र के वृषभ-सैन्य का अधिपति; (इक)। °दामड्ढि पुं [°दामर्द्धि] वही; (ठा ५, १—पत्र ३०३)। °दुम देखो मह-द्दुम; (इक)। २ न. एक देव-विमान; (सम ३५)। °दुम-सेण पुं [°द्रुमसेन] राजा श्रेणिक का एक पुत्र जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी; (अनु २)। °देव पुं [°देव] १ श्रेष्ठ देव, जिन-देव; (पउम १०९, १२)। २ शिव, गौरी-पति; (पउम १०९, १२; सम्मत्त ७६)। °देवी स्त्री [°देवी] पटरानी; (कप्पू)। °धण पुं [°धन] एक वणिक्; (पउम ५५, ३८)। °धणु पुं [°धनुष्] बलदेव का एक पुत्र; (निर १, ५)। °नई स्त्री [°नदी] बड़ी नदी; (सम २७; कस)। °नंदिआवत्त देखो °णंदियावत्त; (इक)। °नगर न [°नगर] बड़ा शहर; (पण्ह २, ४)। °नय पुं [°नद] ब्रह्म-पुत्रा आदि बड़ी नदी; (आवम)। °नलिण न [°नलिन] १ संख्या-विशेष, महानलिनांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (जो २)। २ एक देव-विमान; (सम ३३)। °नलिणंग न [°नलिनाङ्ग] संख्या-विशेष, नलिन को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (जो २)। °निज्जामय पुं [°निर्यामक] श्रेष्ठ कर्णधार; (उवा)। °निद्दा स्त्री [°निद्रा] मृत्यु, मरण; (पउम ६, १९८)। °निनाद, °निनाय वि [°निनाद] प्रख्यात, प्रसिद्ध; (ओघ ८६; ८६ टी)। °निसीह न [°निशीथ] एक जैन आगम-ग्रन्थ; (गच्छ ३, २९)। °नीला स्त्री [°नीला] एक महानदी; (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °पउम पुं [°पद्म] १ भरतक्षेत्र का भावी प्रथम तीर्थंकर; (सम १५३)। २ पुंडरीकिणी नगरी का एक राजा और पीछे से राजर्षि; (णाया १, १९—पत्र २४३)। ३ भारतवर्ष में उत्पन्न नववाँ चक्रवर्ती राजा; (सम १५२; पउम २०, १४३)। ४ भरतक्षेत्र का भावी नववाँ चक्रवर्ती राजा; (सम १५४)। ५ एक राजा; (ठा ९)। ६ एक निधि; (ठा ९—पत्र ४४९)। ७ एक द्रह; (सम १०४; ठा २, ३—पत्र ७२)। ८ राजा श्रेणिक का एक पौत्र; (निर १, १)। ९ देव-विशेष; (दीव)। १० वृक्ष-विशेष; (ठा २, ३)। ११ न. संख्या-विशेष; महापद्मांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (जो २)। १२ एक देव-विमान; (सम ३३)। °पउमअंग न [°पद्माङ्ग] संख्या-विशेष, पद्म को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (जो २)। °पउमा स्त्री [°पद्मा] राजा श्रेणिक की एक पुत्र-वधू; (निर १, १)। °पंडिय वि [°पण्डित] श्रेष्ठ विद्वान्; (रंभा)। °पट्टण न [°पत्तन] बड़ा शहर; (उवा)। °पण्ण, °पन्न वि [°प्रज्ञ] श्रेष्ठ बुद्धि वाला; (उप ७७३; पि २७६)। °पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान; (सम १३)। °पभा स्त्री [°प्रभा] एक राज्ञी; (उप १०३१ टी)। °पम्ह पुं [°पक्ष्म] महाविदेह वर्ष का एक विजय—प्रान्त; (ठा २, ३)। °परिण्णा, °परिन्ना स्त्री [°परिज्ञा] आचा-रांग सूत्र के प्रथम श्रुतस्कन्ध का सातवाँ अध्ययन; (राज; आक)। °पसु पुं [°पशु] मनुष्य; (गउड)। °पह पुं [°पथ] बड़ा रास्ता, राज-मार्ग; (भग; पण्ह १, ३; औप)। °पाण न [°प्राण] ब्रह्मलोक-स्थित एक देव-विमान; (उत्त १८, २८)। °पायाल पुं [°पाताल]

वड़ा पाताल-कलश; (ठा ४, २—पत्र २२६; सम ७१)। °पालि स्त्री [°पालि] १ वड़ा पल्य; २ सागरोपम-परिमित भव-स्थिति—आयु;

"अहमासि महापाणे जुइमं वरिससओवमे।
जा सा पालिमहापाली दिव्वा वरिससओवमा"
(उत्त १८, २८)।

°पिउ पुं [°पितृ] पिता का वड़ा भाई; (विपा १, ३—पत्र ४०)। °पीढ पुं [°पीठ] एक जैन महर्षि; (सट्ठि ८१ टी)। °पुंख न [°पुङ्ख] एक देव-विमान; (सम २२)। °पुंड न [°पुण्ड्र] एक देव-विमान; (सम २२)। °पुंडरीय न [°पुण्डरीक] १ विशाल श्वेत कमल; (राय)। २ पुं. ग्रह-विशेष; (सम १०४)। ३ देव-विशेष; ४ देखो °पोंडरीअ; (राज)। °पुर न [°पुर] १ एक विद्याधर-नगर; (इक)। २ नगर-विशेष; (विपा २, ७)। °पुरा स्त्री [°पुरी] महापद्म-विजय की राजधानी; (ठा २, ३—पत्र ८०)। °पुरिस पुं [°पुरुष] १ श्रेष्ठ पुरुष; (पराह २, ४)। २ किंपुरुष-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८५)। °पुरी देखो °पुरा; (इक)। °पोंडरीअ न [°पुण्डरीक] एक देव-विमान; (स ३३)। देखो °पुंडरीय; (ठा २, ३—पत्र ७२)। °फल देखो मह-प्फल; (उवा)। °फलिह न [°स्फटिक] शिखरी पर्वत का एक उत्तर-दिशा-स्थित कूट; (राज)। °बल वि [°बल] १ महान् वल वाला; (भग)। २ पुं. ऐरवत क्षेत्र का एक भावी तीर्थंकर; (सम १५४)। ३ चक्रवर्ती भरत के वंश में उत्पन्न एक राजा; (पउम ५, ४; ठा ८—पत्र ४२६)। ४ सोमवंशीय एक नर-पति; (पउम ५, १०)। ५ पाँचवें बलदेव का पूर्व-जन्मीय नाम; (पउम २०, १६०)। ६ भारतवर्ष का भावी छठवाँ वासुदेव; (सम १५४)। °बाहु पुं [°बाहु] १ भारत-वर्ष का भावी चतुर्थ वासुदेव; (सम १५४)। २ रावण का एक सुभट; (पउम ५६, ३०)। ३ अपर विदेह-वर्ष में उत्पन्न एक वासुदेव; (आव ४)। °भद्द न [°भद्र] तप-विशेष; (पव २७१)। °भद्दपडिमा स्त्री [°भद्रप्रतिमा] नीचे देखो; (औप)। °भद्दा स्त्री [°भद्रा] व्रत-विशेष, कायोत्सर्ग-ध्यान का एक व्रत; (ठा २, ३—पत्र ६४)। °भय देखो मह-ब्भय; (आचा)। °भाअ, °भाग वि [°भाग] महानुभाव, महाशय; (अभि १७४; महा; सुपा १६८; उप पृ ३)। °भीम पुं [°भीम] १ राक्षसों का उत्तर दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८५)। २ भारत-वर्ष का भावी आठवाँ प्रतिवासुदेव; (सम १५४)। ३ वि. बडा भयानक; (दंस ४)। °भीमसेण पुं [°भीमसेन] एक कुलकर पुरुष का नाम; (सम १५०)। °भुअ पुं [°भुज] देव-विशेष; (दीव)। °भुअंग पुं [°भुजङ्ग] शेष नाग; (से ७, ५६)। °भोया स्त्री [°भोगा] एक महा-नदी; (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °मउंद पुंन [°मुकुन्द] वाद्य-विशेष; (भग)। °मंति पुं [°मन्त्रिन्] १ सर्वोच्च अमात्य, प्रधान मन्त्री; (औप; सुपा २२३; णाया १, १)। २ हस्ति-सैन्य का अध्यक्ष; (णाया १, १—पत्र १६)। °मंस न [°मांस] मनुष्य का मांस; (कप्पू)। °मच्च पुं [°अमात्य] प्रधान मन्त्री; (कुमा)। °मत्त पुं [°मात्र] हस्तिपक, हाथी का महावत;

"तत्तो नरसिंहनिवस्स कुंजरा सिंहभयविहुरहियया।
अवगणियमहामत्ता मत्तावि पलाइया झत्ति" (कुप्र ३६४)।

°मरुया स्त्री [°मरुता] राजा श्रेणिक की एक पत्नी; (अंत)। °मह पुं [°मह] महोत्सव; (आव ४)। °महंत वि [°महत्] अति वड़ा; (सुपा ५६४; स ६६३)। °माई (अप) स्त्री [°माया] छन्द-विशेष; (पिंग)। °माउया स्त्री [°मातृका] माता की वडी वहन; (विपा १, ३—पत्र ४०)। °माढर पुं [°माठर] ईशानेन्द्र के रथ-सैन्य का अधिपति; (ठा ५, १—पत्र ३०३; इक)। °माणसिआ स्त्री [°मानसिका] एक विद्या-देवी; (संति ६)। °माहण पुं [°ब्राह्मण] श्रेष्ठ ब्राह्मण; (उवा)। °मुणि पुं [°मुनि] श्रेष्ठ साधु; (कुमा)। °मेह पुं [°मेघ] वड़ा मेघ; (णाया १, १—पत्र ४; ठा ४, ४)। °मेह वि [°मेध] बुद्धिमान्; (उप १४२ टी)। °मोक्ख वि [°मूर्ख] वड़ा वेवकूफ; (उप १०३१ टी)। °यण पुं [°जन] श्रेष्ठ लोक; (सुपा २६१)। °यस देखो °जस; (औप; कप्प)। °रक्खस पुं [°राक्षस] लंका नगरी का एक राजा जो घनवाहन का पुत्र था; (पउम ५, १३६)। °रह पुं [°रथ] १ वड़ा रथ; (पराह २, ४—पत्र १३०)। २ वि. वड़ा रथ वाला; ३ वड़ा योद्धा, दस हजार योद्धाओं के साथ अकेला भूझने वाला; (सूअ १, ३, १, १; गउड)। °रहि वि [°रथिन्] देखो पूर्व का २रा और ३रा अर्थ; (उप ७२८ टी)। °राय पुं [°राज] १ वड़ा राजा, राजाधिराज; (उप ७६८ टी; रंभा; महा)। २ सामानिक देव, इन्द्र-

समान ऋद्धि वाला देव; (सुर १५, ६)। ३ लोकपाल देव; (सम ८६)। °रिट्ठ पुं [°रिष्ट] बलि-नामक इन्द्र का एक सेना-पति; (इक)। °रिसि पुं [°ऋषि] बड़ा मुनि, श्रेष्ठ साधु; (उव)। °रिह, °रुह देखो मह-रिह; (पि १४०; अभि १८७)। °रोरु पुं [°रोरु] अप्रतिष्ठान नरकेन्द्रक की उत्तर दिशा में स्थित एक नरकावास; (देवेन्द्र २४)। °रोरुअ पुं [°रोरुक, °रौरव] सातवीं नरक-भूमि का एक नरकावास—नरक-स्थान; (सम ५८, ठा ५, ३—पत्र ३४१; इक)। °रोहिणी स्त्री [°रोहिणी] एक महा-विद्या; (राज)। °लंजर पुं [°अलञ्जर] बड़ा जल-कुम्भ; (ठा ४, २—पत्र २२६)। °लच्छी स्त्री [°लक्ष्मी] १ एक श्रेष्ठि-भार्या; (उप ७२८ टी)। २ छन्द-विशेष; (पिंग)। ३ श्रेष्ठ लक्ष्मी; ४ लक्ष्मी-विशेष; (नाट)। °लयंग न [°लताङ्ग] संख्या-विशेष, लता-नामक संख्या को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (इक; जो २)। °लया स्त्री [°लता] संख्या-विशेष, महालतांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (जो २)। °लोहिअक्ख पुं [°लोहिताक्ष] बलीन्द्र के महिष-सैन्य का अधिपति; (ठा ५, १—पत्र ३०२; इक)। °वक्क न [°वाक्य] परस्पर-संबद्ध अर्थ वाले वाक्यों का समुदाय; (उप ८५६)। °वच्छ पुं [°वत्स] विजय-विशेष, विदेह वर्ष का एक प्रान्त; (ठा २, ३; इक)। °वच्छा स्त्री [°वत्सा] वही; (इक)। °वण न [°वन] मथुरा के निकट का एक वन; (ती ७)। °वण पुंन [°आपण] बड़ी दुकान; (भवि)। °वप्प पुं [°वप्र] विजयक्षेत्र-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)। °वय देखो मह-व्वय; (सुपा ६५०)। °वराह पुं [°वराह] १ विष्णु का एक अवतार; (गउड)। २ बड़ा सुअर; (सूअ १, ७, २५)। °वह देखो °पह; (से १, ५८)। °वाउ पुं [°वायु] ईशानेन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति; (ठा ५, १—पत्र ३०३; इक)। °वाड पुं [°वाट] बड़ा बाडा, महान् गोष्ठ; "निव्वाणमहावाडं" (उवा)। °विगइ स्त्री [°विकृति] अति विकार-जनक ये वस्तु—मधु, मांस, मद्य और माखन; (ठा ४, १—पत्र २०४; अंत)। °विजय वि [°विजय] बड़ा विजय वाला; "महाविजयपुप्फुत्तरपवरपुंडरीयाओ महाविमाणाओ" (कप्प)। °विदेह पुं [°विदेह] वर्ष-विशेष, क्षेत्र-विशेष; (सम १२; उवा; औप; अंत)। °विमाण न [°विमान] श्रेष्ठ देव-गृह; (उवा)। °विल न [°विल] कन्दरा आदि बड़ा विवर; (कुमा)। °वीर पुं [°वीर] १ वर्तमान समय के अन्तिम तीर्थंकर; (संस १; उवा; विपा १, १)। २ वि. महान् पराक्रमी; (किरात १६)। °वीरिअ पुं [°वीर्य] इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ५)। °वीहि, °वीही स्त्री [°वीथि, °थी] १ बड़ा बाजार; (पउम ६६, ३४)। २ श्रेष्ठ मार्ग; (आचा)। °वेग पुं [°वेग] एक देव-जाति, भूतों की एक जाति; (राज; इक)। °वेजयंती स्त्री [°वैजयन्ती] बड़ी पताका, विजय-पताका; (कप्पू)। °सई स्त्री [°सती] उत्तम पतिव्रता स्त्री; (उप ७२८ टी; पडि)। °सउणि स्त्री [°शकुनि] एक विद्याधर-स्त्री; (पण्ह १, ४—पत्र ७२)। °सड्ढि वि [°श्रद्धिन्] बडी श्रद्धा वाला; (आचा; पि ३३३)। °सत्त वि [°सत्त्व] पराक्रमी; (द ११; महा)। °समुद्द पुं [°समुद्र] महा-सागर; (उवा)। °सयग, °सयय पुं [°शतक] भगवान् महावीर का एक उपासक; (उवा)। °सामाण न [°सामान] एक देव-विमान; (सम ३३)। °साल पुं [°शाल] एक युवराज; (पडि)। °सिलाकंटय पुं [°शिलाकण्टक] राजा कूणिक और चेटकराज की लड़ाई; (भग ७, ६—पत्र ३१५)। °सीह पुं [°सिंह] एक राजा, षष्ठ बलदेव और वासुदेव का पिता; (ठा ६—पत्र ४४७)। °सीहणिक्कीलिय, °सीहनिक्कीलिय न [°सिंहनिक्रीडित] तप-विशेष; (राज; पव २७१—गाथा १५२२)। °सीहसेण पुं [°सिंहसेन] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर देवलोक में उत्पन्न राजा श्रेणिक का एक पुत्र; (अनु २)। °सुक्क पुं [°शुक्र] १ एक देवलोक, सातवाँ देवलोक; (सम ३३; विपा २, १)। २ सातवें देवलोक का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ न. एक देव-विमान; (सम ३३)। °सुमिण पुं [°स्वप्न] उत्तम फल का सूचक स्वप्न; (णाया १, १—पत्र १३; पि ४४७)। °सुर पुं [°असुर] १ बड़ा दानव; २ दानवों का राजा हिरण्यकशिपु; (से १, २; गउड)। °सुव्वय, °सुव्वया स्त्री [°सुव्रता] भगवान् नेमिनाथ की मुख्य श्राविका; (कप्प; आवम)। °सूला स्त्री [°शूला] फाँसी; (धा २७)। °सेअ पुं [°श्वेत] एक इन्द्र, कुष्माण्ड-नामक वानव्यन्तर देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र; (इक; ठा २, ३—पत्र ८५)। °सेण पुं [°सेन] १ ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिन-देव; (सम १५४)। २ राजा श्रेणिक का एक पुत्र जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी; (अनु २)। ३

एक राजा; (विपा १, ६—पत्र ८८)। ४ एक यादव; (णाया १, ५)। ५ न. एक वन; (विसे २०८६)। देखो °**मह-सेण**। °**सेणकण्ह** पुं [°**सेनकृष्ण**] राजा श्रेणिक का एक पुत्र; (पि ५२)। °**सेणकण्हा** स्त्री [°**सेनकृष्णा**] राजा श्रेणिक की एक पत्नी; (अंत २५)। °**सेल** पुं [°**शैल**] १ बड़ा पर्वत; (णाया १, १)। २ न. नगर-विशेष; (पउम ५५, ५३)। °**सोआम**, °**सोदाम** पुं [°**सौदाम**] वैरोचन बलीन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति; (ठा ५, १; इक)। °**हरि** पुं [°**हरि**] एक नर-पति, दसवें चक्रवर्ती का पिता; (सम १५२)। °**हिमव**, °**हिमवंत** पुं [°**हिमवत्**] १ पर्वत-विशेष; (पउम १०२, १०५; ठा २, ३; महा)। २ देव-विशेष; (जं ४)।

महाअत्त वि [**दे**] आढ्य, श्रीमन्त; (दे ६, ११६)।

महाइय पुं [**दे**] महात्मा; (भवि)।

महाणड पुं [**दे. महानट**] रुद्र, महादेव; (दे ६, १२१)।

महाणस न [**महानस**] रसोई-घर, पाक-स्थान; (णाया १, ८; गा १३; उप २५६ टी)।

महाणसि वि [**महानसिन्**] रसोई बनाने वाला, रसोइया। स्त्री—°**णी**; (णाया १, ७—पत्र ११७)।

महाणसिय वि [**महानसिक**] ऊपर देखो; (विपा १, ८)।

महाविल न [**दे. महाबिल**] व्योम, आकाश; (दे ६, १२१)।

महारिय (अप) वि [**मदीय**] मेरा; (जय ३०)।

महाल पुं [**दे**] जार, उपपति; (दे ६, ११६)।

महालक्ख वि [**दे**] तरुण, जवान; (दे ६, १२१)।

महालय देखो **मह**=महत्; (णाया १, ८; उवा; औप), "मा कासि कम्माइं महालयाइं" (उत्त १३, २६)। स्त्री—°**लिया**; (औप)।

महालय पुंन [**महालय**] १ उत्सवों का स्थान; (सम ७२)। २ वड़ा आलय; ३ वि. बृहत्काय, बड़ा शरीर वाला; (सूअ २, ५, ६)।

महालवक्ख पुं [**दे. महालयपक्ष**] श्राद्ध-पक्ष, आश्विन (गुजराती भाद्रपद) मास का कृष्ण पक्ष; (दे ६, १२७)।

महावल्ली स्त्री [**दे**] नलिनी, कमलिनी; (दे ६, १२२)।

महासउण पुं [**दे**] उल्लू, घूक-पक्षी; (दे ६, १२७)।

महासद्दा स्त्री [**दे**] शिवा, शृगाली; (दे ६, १२०; पाअ)।

महासेल वि [**माहाशैल**] महाशैल नगर से संबन्ध रखने वाला, महाशैल का; (पउम ५५, ५३)।

महि° देखो **मही**; (कुमा)। °**अल** न [°**तल**] भू-पीठ, भूमि-पृष्ठ; (कुमा; गउड; प्रासू ४५)। °**गोयर** पुं [°**गोचर**] मनुष्य; (भवि; सण)। °**वट्ठ** न [°**पृष्ठ**] भूमि-तल; (षड्)। °**पाल** पुं [°**पाल**] राजा; (उव)। °**मंडल** न [°**मण्डल**] भू-मण्डल; (भवि; हे ४, ३७२)। °**रमण** पुं [°**रमण**] राजा; (श्रा २७)। °**वइ** पुं [°**पति**] राजा; (णाया १, १ टी; औप)। °**वट्ठ** देखो °**पट्ठ**; (हे १, १२६; कुमा)। °**वल्लह** पुं [°**वल्लभ**] राजा; (गु १०)। °**वाल** पुं [°**पाल**] १ राजा, नरपति; (हे १, २२६)। २ व्यक्ति-वाचक नाम; (भवि)। °**वेढ** पुं [°**वेष्ट**, °**पीठ**] मही-तल, भू-तल; (से १, ४; ४६)। °**सामि** पुं [°**स्वामिन्**] राजा; (कुमा)। °**हर** पुं [°**धर**] १ पर्वत; (पाअ; से ३, ३८; ४, १७; कुप्र ११७)। २ राजा; (कुप्र ११७)।

महिअ वि [**मथित**] विलोडित; (से २, १८; पाअ)।

महिअ वि [**महित**] १ पूजित, सत्कृत; (से १२, ४७; उवा; औप)। २ न. एक देव-विमान; (सम ४१)। ३ पूजा, सत्कार; (णाया १, १)।

महिअ वि [**महीयस्**] बड़ा, गुरु; "राअनिओओ महिओ को णाम गआगअमिह करेइ" (मुद्रा १८७)।

महिअद्दुअ न [**दे**] घी का किट्ट, घृत-मल; (राज)।

महिआ स्त्री [**महिका**] १ सूक्ष्म वर्षा, सूक्ष्म जल-तुषार; (पणण १; जी ५)। २ धूमिका, धुंध, कुहरा; (ओघ ३०; पाअ)। ३ मेघ-समूह; "घणनिवहो कालिआ महिआ" (पाअ)। देखो **मिहिआ**।

महिंद पुं [**महेन्द्र**] १ बड़ा इन्द्र, देवाधीश; (औप; कप्प; णाया १, १ टी—पत्र ६)। २ पर्वत-विशेष; (से ६, ५६)। ३ अति महान्, खूब बड़ा; (ठा ४, २—पत्र २३०)। ४ एक राजा; (पउम ५०, २३)। ५ ऐरवत वर्ष का भावी १५वाँ तीर्थंकर; (पव ७)। ६ पुंन. एक देव-विमान; (सम २२; देवेन्द्र १४१)। °**कंत** न [°**कान्त**] एक देव-विमान; (सम २७)। °**केउ** पुं [°**केतु**] हनूमान के मातामह का नाम; (पउम ५०, १६)। °**ज्झय** पुं

[°ध्वज] १ वड़ा ध्वज; २ इन्द्र के ध्वज के समान ध्वज, वड़ा इन्द्र-ध्वज; (ठा ४, ४—पत्र २३०)। ३ न. एक देव-विमान; (सम २२)। **°दुहिया** स्त्री [**°दुहिता**] अंजनासुन्दरी, हनूमान की माता; (पउम ५०, २३)। **°विक्कम** पुं [**°विक्रम**] इक्ष्वाकु वंश का एक राजा; (पउम ५, ६)। **°सीह** पुं [**°सिंह**] १ कुरु देश का एक राजा; (उप ७२८ टी)। २ सनत्कुमार चक्रवर्ती का एक मित्र; (महा)।

महिंदुत्तरवडिंसय न [**महेन्द्रोत्तरावतंसक**] एक देव-विमान; (सम २७)।

महिगा देखो **महिआ**; (जीवस ३१)।

महिच्छ वि [**महेच्छ**] महत्वाकाङ्क्षी; (सूअ २, २, ६१)।

महिच्छा स्त्री [**महेच्छा**] महत्वाकाङ्क्षा, अपरिमित वाञ्छा; (पराह १, ५)।

महिट्ठ वि [**दे**] मट्ठा से संसृष्ट, तक्र-संस्कारित; (विपा १, ८—पत्र ८३)।

महिड्ढि, **महिड्ढिय**, **महिड्ढीय** वि [**महर्द्धि, °क**] बड़ी ऋद्धि वाला, महान् वैभव वाला; (श्रा २७; भग; ओघभा ६; औप; पि ७३)।

महिम पुंस्त्री [**महिमन्**] १ महत्त्व, माहात्म्य, गौरव; (हे १, ३५; कुमा; गउड; भवि)। २ योगी का एक प्रकार का ऐश्वर्य; (हे १, ३५)।

महिला देखो **मिहिला**; (महा; राज)।

महिला स्त्री [**महिला**] स्त्री, नारी; (कुमा; हे ३, ४१; पाअ)। **°थूभ** पुं [**°स्तूप**] कूप आदि का किनारा; (विसे २०६४)।

महिलिया स्त्री [**महिलिका, महिला**] ऊपर देखो; (गाया १, २; पउम १४, १४५; प्रासू २४)।

महिलिया स्त्री [**मिथिलिका, मिथिला**] देखो **मिहिला**; (कप्प)।

महिस पुं [**महिष**] भैंसा; (गउड; औप; गा ५४८)। **°सुर** पुं [**°सुर**] एक दानव; (स ४३७)।

महिसंद पुं [**दे**] वृक्ष-विशेष, शिग्रु का पेड़; (दे ६, १२०)।

महिसिक्क न [**दे**] महिषी-समूह; (दे ६, १२४)।

महिसी स्त्री [**महिषी**] १ राज-पत्नी; (ठा ४, १)। २ भैंस; (पाअ; पउम २६, ४१)।

महिस्सर पुं [**महेश्वर**] एक इन्द्र, भूतवादि-देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८५)। देखो **महेसर**।

मही स्त्री [**मही**] १ पृथिवी, भूमि, धरती; (कुमा; पाअ)। २ एक नदी; (ठा ५, २—पत्र ३०८)। ३ छन्द-विशेष; (पिंग)। **°नाह** पुं [**°नाथ**] राजा; (उप पृ १६१)। **°पहु** पुं [**°प्रभु**] राजा; (उप ७२८ टी)। **°पाल** पुं [**°पाल**] वही अर्थ; (उप १५० टी; उव)। **°रुह** पुं [**°रुह**] वृक्ष, पेड़; (पाअ; सुर ३, ११०; १६, २४८)। **°वइ** पुं [**°पति**] राजा; (श्रा २८; उप १४६ टी; सुपा ३८)। **°वीढ** न [**°पीठ**] भूमि-तल; (सुर २, ७४)। **°स** पुं [**°श**] राजा; (श्रा १४)। **°सक्क** पुं [**°शक्र**] वही अर्थ; (श्रा १४)। देखो **महि°**।

महु पुं [**मधु**] १ एक दैत्य; (से १, १; अच्चु ४०)। २ वसन्त ऋतु; "सुरही महू वसंतो" (पाअ; कुमा)। ३ चैत्र मास; (सुर ३, ४०; १६, १०७; पिंग)। ४ पाँचवाँ प्रति-वासुदेव राजा; (पउम ५, १५६)। ५ एक राजा; (श्रु ६१)। ६ मथुरा का एक राज-कुमार; (पउम १२, २)। ७ चक्रवर्ती का एक देव-कृत महल; (उत्त १३, १३)। ८ मधूक का पेड़, महुआ का गाछ; (कुमा)। ९ अशोक वृक्ष; (चंड)। १० न. मद्य, दारू; (से २, २७)। ११ क्षौद्र, शहद; (कुमा; पव ४; ठा ४, १)। १२ पुष्प-रस; १३ मधुर रस; १४ जल, पानी; (प्राप्र; हे ३, २५)। १५ छन्द-विशेष; (पिंग)। १६ मधुर, मिष्ट वस्तु; (पराह २, १)। **°अर** पुंस्त्री [**°कर**] भ्रमर, भमरा; (पाअ; स्वप्न ७३; औप; कप्प; पिंग)। स्त्री—**°रिआ, °री**; (अभि १६०; नाट—मृच्छ ५७)। **°अरवित्ति** स्त्री [**°करवृत्ति**] माधुकरी, भिक्षा-वृत्ति; (सुपा ८३)। **°अरीगीय** न [**°करीगीत**] नाट्यविधि-विशेष; (महा)। **°आसव** वि [**°आश्रव**] लब्धि-विशेष वाला, जिसके प्रभाव से वचन मधुर लगे ऐसी लब्धि वाला; (पगह २, १—पत्र १००)। **°गुलिया** स्त्री [**°गुटिका**] शहद की गोली; (ठा ४, २)। **°पडल** न [**°पटल**] मधपुडा; (दे ३, १२)। **°भार** पुं [**°भार**] छन्द-विशेष; (पिंग)। **°मक्खिया, °मच्छिआ** स्त्री [**°मक्षिका**] शहद की मक्खी; "अह उड्डियाउ तोमरसुहाउ महुक्खि(?मक्खि)याउ सव्वत्तो" (धर्मवि १२४; गा ६३४)। **°मय** वि [**°मय**] मधु से भरा हुआ; (से १, ३०)। **°मह** पुं [**°मथ**] विष्णु, वासुदेव, उपेन्द्र; (पाअ; से १, १७)। २ भ्रमर; (से १,

१७)। °मह पुं [°मह] वसन्त का उत्सव; (से १, १७)। °महण पुं [°मथन] १ विष्णु; (से १, १; वज्जा २४; गा ११७; हे ४, ३८४; पि १४३; पिंग)। २ समुद्र, सागर; ३ सेतु, पुल; (से १, १)। °मास पुं [°मास] चैत मास; (भवि)। °मित्त पुंन [°मित्त्र] कामदेव; (सुपा ५३६)। °मेहण न [°मेहन] रोग-विशेष, मधु-प्रमेह; (आचा १, ६, १, २)। °मेहणि वि [°मेहनिन्] मधु-प्रमेह रोग वाला; (आचा)। °मेहि पुं [°मेहिन्] वही अर्थ; (आचा)। °राय पुं [°राज] एक राजा; (रयण ७४)। °लट्ठि स्त्री [°यष्टि] १ औषधि-विशेष, यष्टिमधु; २ इक्षु, ईख; (हे १, २४७)। °वक्क पुं [°पर्क] १ दधि-युक्त मधु, दही और शहद; २ षोडशोपचार-पूजा का छठवाँ उपचार; (उत्तर १०३)। °वार पुं [°वार] मद्य, दारू; (पाअ)। °सिंगी स्त्री [°शृङ्गी] वनस्पति-विशेष; (पराण १—पत्त ३५)। °सूयण पुं [°सूदन] विष्णु; (गउड; सुपा ७)।

महुअ पुं [**मधूक**] १ वृक्ष-विशेष, महुआ का गाछ; (गा १०३)। २ न. महुआ का फल; (प्राप्र; हे १, १२२)।

महुअ पुं [**दे**] १ पक्षि-विशेष, श्रीवद पक्षी; २ मागध, स्तुति-पाठक; (दे ६, १४४)।

महुण सक [**मथ्**] १ विलोडन करना। २ विनाश करना। वकृ—"तओ विमुक्कट्टहासा जलियजलणपिंगलकेसा **महुणिंत**-जालाकरालपिसाया मुक्का" (महा)।

महुत्त (अप) देखो **मुहुत्त**; (भवि)।

महुप्पल न [**महोत्पल**] कमल, पद्म; "महुप्पलं पंकयं नलिणं" (पाअ)।

महुमुह पुं [**दे, मधुमुख**] पिशुन, दुर्जन, खल; (दे ६, १२२)।

महुर पुं [**महुर**] १ अनार्य देश-विशेष; २ उस देश में रहने वाली अनार्य मनुष्य-जाति; (पराह १, १—पत्त १४)।

महुर वि [**मधुर**] १ मीठा, मिष्ट; (कुमा; प्रासू २३; गउड; गा ४०१)। २ कोमल; (भग ६, ३१; औप)। °भासि वि [°भाषिन्] प्रिय-भाषी; (पउम ६, १३३)।

महुरा स्त्री [**मथुरा**] भारत की एक प्रसिद्ध नगरी, मथुरा; (ठा १०; सम १५३; पराह १, ३; हे २, १५०; कुमा; वज्जा १२२)। °मंगु पुं [°मङ्गु] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य; (सिक्खा ६२)। °हिव पुं [°धिप] मथुरा का राजा; (कुमा)।

महुरालिअ वि [**दे**] परिचित; (दे ६, १२५)।

महुरिम पुंस्त्री [**मधुरिमन्**] मधुरता, माधुर्य; (सुपा २६४; कुप्र ५०)।

महुरेस पुं [**मथुरेश**] मथुरा का राजा; (कुमा)।

महुला स्त्री [**दे**] रोग-विशेष, पाद-गण्ड; (निचू २)।

महुसित्थ न [**मधुसिक्थ**] १ मदन, मोम; (उप पृ २०६)। २ पंक-विशेष, स्त्री के पैर में लगा हुआ अलता तक लगने वाला कादा; (ओघभा ३३)। ३ कला-विशेष; (स ६०२)।

महुस्सव देखो **महूसव**; (राज)।

महूअ देखो **महुअ**=मधूक; (कुमा; हे १, १२२)।

महूसव पुं [**महोत्सव**] बड़ा उत्सव; (सुर ३, १०८; नाट—मृच्छ ५४)।

महेंद देखो **महिंद**; (से ६, २२)।

महेड्डु पुं [**दे**] पंक, कादा; (दे ६, ११९)।

महेब्भ पुं [**महेभ्य**] बड़ा शेठ; (श्रा १६)।

महेभ पुं [**महेभ**] बड़ा हाथी; (कुमा)।

महेला स्त्री [**महेला**] स्त्री, नारी; (हे १, १४६; कुमा)।

महेस [**महेश**] नीचे देखो; (ति ६४; भवि)।

महेसर पुं [**महेश्वर**] १ महादेव, शिव; (पउम ३५, ६४; धर्मवि १२८)। २ जिनदेव, अर्हन्; (पउम १०६, १२)। ३ श्रीमन्त, आढ्य; (सिरि ४२)। ४ भूतवादि देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र; (इक)। °दत्त पुं [°दत्त] एक पुरोहित; (विपा १, ५)।

महेसि देखो **मह-रिसि**; (सम १२३; पराह १, १; उप ३५७; ७२८ टी; अभि ११८)।

महोअर पुं [**महोदर**] १ रावण का एक भाई; (से १२, ५४)। २ वि. बहु-भक्षी; (निचू १)।

विडूर पुं [**विदूर**] १ पर्वत-विशेष; २ देश-विशेष, जहाँ वैदूर्य रत्न पैदा होता है; (कप्पू)।

विडोमिअ पुं [**दे**] गण्डक मृग, गेंडा; (दे ७, ५७)।

विड्ड वि [**दे**] १ दीर्घ, लम्बा; (दे ७, ३३)। २ प्रपंच, विस्तार; (दे १, ४)।

विड्ड वि [**व्रीड, व्रीडित**] लज्जित; शरमिन्दा; "लज्जिया विलिया विड्डा" (निर १, १; पि २४०)।

विड्डर देखो **विड्डिर**; "अकंडविड्डरमेयं किं देव पारद्धं" (उप ७६८ टी)।

विड्डा स्त्री [**व्रीडा**] लज्जा, शरम; (दे ७, ६१; पि २४०)।

विड्डार न [**विद्वार**] देखो **विड्डेर**; (राज)।

विड्डिर न [**दे**] १ आभोग; (दे ७, ९०)। २ आटोप, आडम्बर; (पाअ)। ३ वि. रौद्र, भयंकर; (दे ७, ९०)।

विड्डिरिल्ला स्त्री [**दे**] रात्रि, निशा; (दे ७, ६७)।

विड्डुम देखो **विद्दुम**; (पाअ)।

विड्डुरी स्त्री [**दे**] आटोप, आडम्बर; "किं लिंगविड्डुरीधारणेणं" (उव)।

विड्डुरिल्ल वि [**वैडूर्यवत्**] वैडूर्य रत्न वाला; (सुपा ५९)।

विड्डेर न [**दे. विड्डेर**] नक्षत्र-विशेष, पूर्व द्वार वाले नक्षत्रों में पूर्व दिशा से जाने के बदले पश्चिम दिशा से जाने पर पड़ता नक्षत्र; (विसे ३४०९)। देखो **विड्डार**।

विढज्ज (शौ) सक [**वि + दह्**] जलाना। संकृ—विढिज्जिअ; (पि २१२)।

विढणा स्त्री [**दे**] पार्ष्णि, फीली का नीचला भाग; (दे ७, ६२)।

विढत्त वि [**अर्जित**] उपार्जित, पैदा किया हुआ; (हे ४, २५८; गउड; श्रा १०; प्रासू ७४; भवि)।

विढत्ति स्त्री [**अर्जिति**] अर्जन, उपार्जन; (श्रा १२)।

विढप्प अक [**व्युत् + पद्**] व्युत्पन्न होना। विढप्पंति; (प्राकृ ६४)।

विढप्प° नीचे देखो।

विढव सक [**अर्ज्**] उपार्जन करना, पैदा करना। विढवइ; (हे ४, १०८; महा; भवि)। कर्म—विढविज्जइ, विढप्पइ; (हे ४, २५१; कुमा; भवि)।

विढवण न [**अर्जन**] उपार्जन; (सुर १, २२१)।

विढविअ वि [**अर्जित**] पैदा किया हुआ; (कुमा; सुपा २८०; महा)।

विढिअ वि [**वेष्टित**] लपेटा हुआ; (सुपा ३८८)।

विणइ वि [**विनयिन्**] दूर करने वाला; "आरंभविणाईणं" (आचा)।

विणइत्त वि [**विनयवत्**] विनय वाला, विनय को ही सर्व-प्रधान मानने वाला; (सुअनि ११८)।

विणइत्तु वि [**विनेतृ**] विनीत बनाने वाला, विनय की शिक्षा देने वाला; (उत्त २९, ४)।

विणइत्तु देखो **विणी**=वि + नी।

विणइय वि [**विनयित**] शिक्षित किया हुआ, सिखाया हुआ; (राज)। देखो **विण्णय**।

विणइल्ल देखो **विणइत्त**; (कुमा)।

विणएत्तु देखो **विणी**=वि+नी।

विणट्ठ वि [**विनष्ट**] विनाश-प्राप्त; (उव; प्रासू ३१; नाट—मृच्छ १५२)।

विणड सक [**वि+नटय्, वि+गुप्**] १ व्याकुल करना। २ विडम्बना करना। विणडेइ; (गउड ६८), विणडंति; (उव), विणडउ; (हे ४, ३८५; पि १००)।

विणडिअ देखो **विनडिअ**; (गा ६३० टी)।

विणण न [**वान**] बुनना; (वृह १)।

विणभ सक [**खेदय्**] खिन्न करना। विणभइ; (धात्वा १५३)।

विणम सक [**वि+नम्**] विशेष रूप से नमना। वकृ— **विणमंत**; (नाट—मालवि ३४.)।

विणमि देखो **विनमि**; (राज)।

विणमिअ वि [**विनत**] विशेष रूप से नत; (भग; औप; णाया १, १ टी—पत्र ५)।

विणमिअ वि [**विनमित**] नमाया हुआ; (गउड)।

विणय पुं [**विनय**] १ अभ्युत्थान, प्रणाम आदि भक्ति, शुश्रूषा, शिष्टता, नम्रता; (आचा; ठा ४, ४ टी—पत्र २८३; कुमा; उवा; औप; गउड; महा; प्रासू ८)। २ संयम, चारित्र; (सम ५१)। ३ नरकावास-विशेष, एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र २६)। ४ अपनयन, दूरीकरण; ५ शिक्षा, सीख; ६ अनुनय; ७ वि. विनय-युक्त, विनीत; ८ निभृत, शान्त; ६ क्षिप्त, फेंका हुआ; १० जितेन्द्रिय, संयमी; (हे १, २४५)। ११ पुं. शास्त्रानुसार प्रजा का पालन; (गउड ६७)। °मंत वि [°वत्] विनय-युक्त; (उप पृ १६६)।

विणय वि [**विनत**] १ विशेष रूप से नमा हुआ; (औप)। २ पुंन. एक देव-विमान; (सम ३७)।

विणय° देखो **विणया**। °**तणय** पुं [°**तनय**] गरुड पक्षी; (वज्जा १२२)। °**सुअ** पुं [°**सुत**] वही अर्थ; (पाअ)।

विणयइत्तु देखो **विणइत्तु**; (सुख २६, ४)

विणयंधर पुं [**विनयन्धर**] एक शेठ का नाम; (उप ७२८ टी)।

विणयण न [**विनयन**] विनय-शिक्षा, शिक्षण; "आयारदेसणाओ आयरिया, विणयणादुवज्झाया" (विसे ३२००)।

विणया स्त्री [**विनता**] गरुड की माता का नाम; (गउड)। °**तणय** पुं [°**तनय**] गरुड पक्षी; (से १४, ६१; सुपा ३५४)।

विणस देखो **विणस्स**। विणसइ; (उप ७, ३; कुमा ८, २१)।

विणसिर वि [**विनश्वर**] विनाश-शील, नश्वर; (दे १, ६०)।

विणस्स अक [**वि+नश्**] नष्ट होना, विध्वस्त होना। विणस्सइ, विणस्सए, विणस्से; (उव; महा; धर्मसं ४०१)। भवि—विणस्सिहिसि; (महा)। वकृ—**विणस्समाण**; (उवा)। कृ—**विणस्स**; (धर्मसं ४०२; ४०३)।

विणस्सर देखो **विणसिर**; (पि ३१५)।

विणा अ [**विना**] सिवाय, बिना; (गउड; प्रासू १०; १५६; दं १७)।

विणामिद (शौ) देखो **विणमिअ**=विनमित; (नाट—मृच्छ २१८)।

विणायग पुं [**विनायक**] यक्ष, एक देव-जाति; "तत्थेव आगओ सो विणायगो पुण्णो नामं" (पउम ३५, २२)। २ गणपति, गणेश; (सट्ठि ७८ टी)। ३ गरुड; (पउम ७१, ६७)। °**त्थ** न [°**ास्त्र**] अस्त्र-विशेष, गरुडास्त्र; (पउम ७१, ६७)।

विणास देखो **विणस्स**। विणासइ; (भवि)।

विणास सक [**वि+नाशय्**] ध्वंस करना, नष्ट करना। विणासेइ; (उव; महा)। भवि—विणासिही, विणासेहामि; (पि ५२७; ५२८)। कर्म—विणासिज्जइ; (महा)। कवकृ—**विणासिज्जंत**; (महा)। कृ—**विणासियव्व**; (सुपा १४५)।

विणास पुं [**विनाश**] विध्वंस; (उव; हे ४, ४२४)।

विणासग वि [**विनाशक**] विनाश-कर्ता; (द्र १७)।

विणासण वि [**विनाशन**] १ विनाश, विध्वंस; (भवि)। २ वि. विनाश-कर्ता; (पण्ह २, १—पत्र ६६; दस ८, ३८)।

विणासिअ वि [**विनाशित**] विनाश-प्राप्त; (पाअ; महा; भवि)।

विणि° देखो **विणी**।

विणिअंसण न [**विनिदर्शन**] खास उदाहरण, विशेष दृष्टान्त; (से १२, ६६)।

विणिअंसण वि [**विनिवसन**] वस्त्र-रहित, नंगा; (गा १२५)।

विणिइत्तु देखो **विणइत्तु**; (उत्त २६, ४)।

विणिउत्त वि [**विनियुक्त**] कार्य में प्रवर्तित; (उप पृ ७५)।

विणिओग पुं [**विनियोग**] १ उपयोग, ज्ञान; (विसे २४३७)। २ कार्य में लगाना; (पंचा ७, ६)। ३ विनिमय, लेनदेन; (कुप्र २०६)।

विणिओय सक [**विनि+योजय्**] जोड़ना, लगाना। विणिओयए; (भवि)।

विणिंत देखो **विणी**=विनिर्+इ।

विणिकुट्टिय वि [**विनिकुट्टित**] कूट कर बैठाया हुआ; "थंभविणिकुट्टियाहिं पवराहिं सालहंजीहिं" (सुपा १८८)।

विणिक्कम देखो **विणिक्खम**। विणिक्कमइ; (गउड २७५; पि ४८१)।

विणिक्कस सक [**विनि + कृष्**] खींच कर निकालना। संकृ—**विणिक्कस्स**; (सूत्र १, ५, १, २२)।

विणिक्खंत वि [**विनिष्क्रान्त**] १ बाहर निकला हुआ; २ जिसने गृह-त्याग किया हो वह, संन्यस्त; (उप १४७ टी; कुप्र ३६; महा)।

विणिक्खम अक [**विनिस् + क्रम्**] १ बाहर निकलना। २ संन्यास लेना। विणिक्खमइ; (गउड ८५१; ११८१)। संकृ—**विणिक्खमित्ता**; (भग)।

विणिक्खमण न [**विनिष्क्रमण**] १ बाहर निकलना। २ संन्यास लेना; (पंचा १८, २१)।

विणिक्खित्त वि [**विनिक्षिप्त**] फेंका हुआ; (नाट—मृच्छ ११६)।

विणिगिण्ह सक [**विनि + ग्रह्**] निग्रह करना, दंड देना। वकृ—**विणिगिण्हंत**; (उप पृ २३)।

विणिगूह सक [**विनि + गूहय्**] गुप्त रखना, ढकना। विणिगूहिज्जा; (आचा २, १, १०, २)।

विणिग्गम पुं [**विनिर्गम**] निःसरण, बाहर निकलना; (गउड)।

विणिग्गय वि [**विनिर्गत**] बाहर निकला हुआ, बाहर गया हुआ; (से २, ५ ; महा ; भवि)।

विणिघाय पुं [**विनिघात**] १ मरण, मौत ; २ संसार, भव-भ्रमण; (ठा ५, १—पत्र २६१)।

विणिच्छ सक [**विनिस् + चि**] निश्चय करना। विणिच्छइ; (सण)। संकृ—**विणिच्छिऊण** ; (सण)।

विणिच्छय पुं [**विनिश्चय**] निश्चय, निर्णय, परिज्ञान; (पण्ह १, १—पत्र १ ; ठा ३, ३ ; उव)।

विणिच्छिअ वि [**विनिश्चित**] निश्चित, निर्णीत; (भग ; उवा; कप्प; सुर २, २०२)।

विणिजुंज सक [**विनि + युज्**] जोड़ना, कार्य में लगाना, प्रवृत्त करना। विणिजुंजइ; (कुप्र ३६१)।

विणिज्जंतण वि [**विनियन्त्रण**] १ नियन्त्रण-रहित ; २ प्रकटित, खुला ; ३ निर्व्याज, कपट-रहित ; (से ११, २१)।

विणिज्जमाण देखो **विणी=वि + नी**।

विणिज्जरण न [**विनिर्जरण**] निर्जरा, विनाश; (विसे ३०७६ ; संबोध ५१)।

विणिज्जरा स्त्री [**विनिर्जरा**] ऊपर देखो ; (संबोध ४६)।

विणिज्जिअ वि [**विनिर्जित**] पराभूत, जिसका पराभव किया गया हो वह; (महा; रंभा ; नाट—विक्र ६०)।

विणिद्द वि [**विनिद्र**] खिला हुआ, विकसित; (पात्र)।

विणिद्दलिय वि [**विनिर्दलित**] विदारित, तोड़ा हुआ; (सण)।

विणिद्धुण सक [**विनिर् + धू**] कँपाना। वकृ—**विणिद्धुणमाण** ; (पि ५०३)।

विणिप्फन्न वि [**विनिष्पन्न**] संसिद्ध, संपन्न ; (उप ३६६)।

विणिप्फिडिअ वि [**विनिस्फिटित**] विनिर्गत, बाहर निकला हुआ; "सालिग्गामाउ तओ वंदणहेउं विणिप्फिडिओ" (पउम १०५, २३)।

विणिबुड्ड देखो **विणिवुड्ड**; (पि ५६६)।

विणिब्भिन्न वि [**विनिर्भिन्न**] विदारित; "कुंतविणिब्भिन्न-करिकलहमुक्कसिक्कारपउरम्मि" (णमि १६)।

विणिमीलिअ वि [**विनिमीलित**] मीचा हुआ, मूँदा हुआ; "अलिअपसुत्तअविणिमीलिअच्छ दे सुहअ मज्झ ओआसं" (गा २०)।

विणिमुक्क देखो **विणिम्मुक्क**; (पि ५६६)।

विणिमुय देखो **विणिम्मुय**। वकृ—**विणिमुयंत**; (औप; पि ५६०)।

विणिम्मविअ वि [**विनिर्मित**] विरचित, बनाया हुआ, कृत; (उप ७२८ टी)।

विणिम्माण न [**विनिर्माण**] रचना, कृति; (विसे ३३१२)।

विणिम्मिअ देखो **विणिम्मविअ**; (गा १५६; २३५; पात्र; महा)।

विणिम्मुक्क वि [**विनिर्मुक्त**] परित्यक्त; "सव्वकम्मविणिम्मुक्कं तं वयं बूम माहणं" (उत्त २५, ३४)।

विणिम्मुय वि [**विनिर् + मुच्**] छोड़ना, परित्याग करना। वकृ—**विणिम्मुयमाण**; (णाया १, १—पत्र ५३; पि ४८५)।

विणिय देखो **विणीअ**; (भवि)।

विणियट्ट देखो **विणिवट्ट**। विणियट्टिज्ज; (दस ८, ३४)। वकृ—**विणियट्टमाण**; (आचा १, ५, ४, ३)।

विणियट्ट वि [**विनिवृत्त**] १ पीछे हटा हुआ ; २ प्रणष्ट ; "विणियट्टं ति पणट्ठं" (चेइय ३४६)।

विणियट्टणया स्त्री [**विनिवर्तना**] निवृत्ति; (उत्त २६, १)।

विणियत्त देखो **विणियट्ट**; (सुपा ३३५; भवि; गा ७१; कुप्र १८२)।

विणियत्ति स्त्री [**विनिवृत्ति**] निवृत्ति, उपरम ; (कुप्र १८२; गउड)।

विणिरोह पुं [**विनिरोध**] प्रतिबन्ध, अटकायत; (भवि)।

विणिवट्ट अक [**विनि + वृत्**] निवृत्त होना, पीछे हटना। वकृ— **विणिवट्टमाण**; (आचा १, ५, ४, ३)।

विणिवट्टण देखो **विनियट्टण**; (राज)।

विणिवट्टणया स्त्री [**विनिवर्तना**] निवर्तन, विराम; (भग १७, ३—पत्र ७२७)।

विणिवडिअ वि [**विनिपतित**] नीचे गिरा हुआ ; (दे १, १५७)।

विणिवत्ति देखो **विणियत्ति**; (उप ७२८ टी)।

विणिवाइ वि [**विनिपातिन्**] मार गिराने वाला; (गा ६३०)।

विणिवाइज्जंत देखो **विणिवाए**।

विणिवाइय न [**विनिपातिक**] एक तरह का नाटक; (राज)।

विणिवाइय वि [**विनिपातित**] मार गिराया हुआ, व्यापादित; (उप ६४८ टी; महा; स ५६; सिक्खा ८२)।

विणिवाए सक [**विनि + पातय्**] मार गिराना। कवकृ— **विणिवाइज्जंत**; (पउम ४५, ८)।

विणिवाडिअ देखो **विणिवाइय**; (दे १, १३८)।

विणिवाद } **विणिवाय** } पुं [**विनिपात**] १ निपात, अन्तिम पतन, विनाश; "पक्खग्गेण वि दिट्ठो विणिवादो किं न लोगम्मि" (धर्मसं १२५; १२६; स २६५; ७६२)। २ मरण, मौत; (से १३, १६; गउड; गा १०२)। ३ संसार; (राज)।

विणिवायण न [**विनिपातन**] मार गिराना; (पउम ४, ४८)।

विणिवार सक [**विनि + वारय्**] रोकना, निवारण करना, निषेध करना। विणिवारइ; (भवि)। कवकृ—**विणिवारीअंत**; (नाट—मृच्छ १५४)।

विणिवारण न [**विनिवारण**] १ निवारण, प्रतिषेध; २ वि. निवारण करने वाला ; (पंचा ७, ३२)।

विणिवारि वि [**विनिवारिन्**] निवारण-कर्ता; (पंचा ७, ३२)।

विणिवारिय वि [**विनिवारित**] प्रतिषिद्ध, निवारित; (महा)।

विणिविट्ठ वि [**विनिविष्ट**] १ उपविष्ट, स्थित; (कुप्र १५२), "सकम्मविणिविट्ठसरिसकयचेट्ठो" (उव ; वै ६०)। २ आसक्त, तल्लीन; (आचा)।

विणिवित्त देखो **विणियट्ट**; (उप ७८६)।

विणिवित्ति देखो **विणियत्ति**; (विसे २६३६ ; उवर १२७ ; श्रावक २५१; २५२ ; पंचा १, १७)।

विणिवुड्ड वि [**विनिमग्न**] निमग्न, बुड़ा हुआ, तराबोर, सराबोर ; "तइया ठिओ त्ति जं किर पलोट्टसंरंभसेयविणिवुड्डो" (गउड ४६०)।

विणिवेइअ वि [**विनिवेदित**] जनाया हुआ, ज्ञापित; (से १४, ४०)।

विणिवेस पुं [**विनिवेश**] १ स्थिति, उपवेशन; २ विन्यास, रचना; (गउड)।

विणिवेसिअ वि [**विनिवेशित**] स्थापित, रखा हुआ; (गा ६७४; सुर ३, ६५)।

विणिव्वर न [**दे**] पश्चात्ताप, अनुशय; (दे ७, ६८)।

विणिव्ववण न [**विनिर्वपन**] शान्ति, दाहोपशम ; (गउड)।

विणिस्सरिय वि [**विनिःसृत**] बाहर निकला हुआ; (सण)।

विणिस्सह वि [**विनिस्सह**] श्रान्त, थका हुआ ; "कइयावि धणुपरिस्समविणिस्सहो दीहियासु मज्जेइ" (सुपा ५६)।

विणिह° देखो **विणिहण**।

विणिहट्टु देखो **विणिहा**।

विणिहण सक [**विनि + हन्**] मार डालना। विणिहणेज्जा, विणिहंति ; (सूअ १, ११, ३७ ; १, ७, १६)। कर्म—विणिहम्मंति ; (उत्त ३, ६)।

विणिहय वि [**विनिहत**] जो मार डाला गया हो, व्यापादित; (महा)।

विणिहा सक [**विनि + धा**] १ व्यवस्था करना। २ स्थापन करना। संकृ—**विणिहट्टु**, **विणिहाय**, **विणिहित्तु**; (चेइय २६८; सूअ १, ७, २१; कप्प)।

विणिहाय देखो **विणिवाय**; (णाया १, १४—पत्र १८६)।

विणिहिअ } **विणिहित्त** } वि [**विनिहित**] स्थापित; (गा ३६१; सुपा ६२)।

विणिहित्तु देखो **विणिहा**।

विणी अक [**विनिर् + इ**] बाहर निकलना। विणिंति, विणेंति; (गा ६५४; पि ४६३)। वकृ—**विणिंत**; (गउड १३८)।

विणी सक [वि+नी] १ दूर करना; हटाना। २ विनय-ग्रहण कराना, सिखाना। विणिंति; (णाया १, १—पत्र २६; ३०), विणिज्जामि,, विणइज्ज, विणएज्ज, विणेउ; (णाया १, १—पत्र २६; सूअ १, १३, २१; पि ४६०; णाया १, १—पत्र ३२)। भूका—विणइंसु; (सूअ १, १२, ३)। भवि—विणेहिइ; (पि ५२१)। वकृ—**विणेमाण**; (णाया १, १—पत्र ३३)। कवकृ—**विणिज्जमाण**; (णाया १, १—पत्र २६)। हेकृ—**विणएत्तु**; (आचा १, ५, ६, ४; पि ५७७)।

विणीअ वि [विनीत] १ अपनीत, दूर किया हुआ, हटाया हुआ; (णाया १, १—पत्र ३३), "सव्वदव्वेसु विणीयतण्हे" (उत्त २६, १३)। २ विनय-युक्त, नम्र, शिष्ट; (ठा ४, ४—पत्र २८५; सुपा ११६; उव)। ३ शिक्षित; "भद्दो विणीअविणओ" (उव ६)।

विणीआ स्त्री [विनीता] अयोध्या नगरी; (सम १५१; कप्प; पउम ३२, ५०; ती १)।

विणील वि [विनील] विशेष हरा रँग का; (गउड)।

विणु (अप) देखो **विणा**; (हे ४, ४२६; षड्; हम्मीर २८; कुलक १२; भवि; कम्म २, ६; २६; २७; ३, ५; कुमा)।

विणेअ वि [विनेय] शिक्षणीय, शिष्य; अन्तेवासी, चेला; (सार्ध ७०; उप १०३१ टी)।

विणेमाण देखो **विणी**=वि+नी।

विणोअ सक [वि+नोदय्] १ खण्डित करना। २ दूर करना, हटाना। ३ खेल करना। ४ कुतूहल करना। विणोएइ, विणोयंति; (गउड), विणोदेमि (शौ); (स्वप्न ५१)। भवि—विणोदइस्सामो (शौ); (पि ५२८)। वकृ—**विणोदअंत** (शौ); (नाट—उत्तर ६५)। कवकृ—**विणोदीअमाण** (शौ); (नाट—मालवि ४५?)।

विणोअ पुं [विनोद] १ खेल, क्रीड़ा; २ कौतुक, कुतूहल; (गउड; सिरि ५६; सुर ४, २१६; हे १, १४६)।

विणोइअ वि [विनोदित] विनोदित-युक्त किया हुआ; (सुर ११, २३८; सण)।

विणोदअंत देखो **विणोअ**=वि+नोदय्।

विणोयक } **विणोयग** } वि [विनोदक] कुतूहल-जनक; (रंभा)।

विणोयण न [विनोदन] १ अपनयन, दूर करना; "परिस्समविणोयणत्थं" (उप १०३१ टी; कुप्र १४७)। २ कुतूहल, कौतुक; (गा ४८७)।

विण्ण देखो **विण्णु**; (संक्षि १६)।

विण्णइदव्व देखो **विण्णव**।

विण्णत्त वि [विज्ञप्त] निवेदित; (सुपा २२)।

विण्णत्ति स्त्री [विज्ञप्ति] १ निवेदन, प्रार्थना; (कुमा)। २ ज्ञान; (सूअ १, १२, १७)।

विण्णय देखो **विणइय**; (ठा १०—पत्र ५१६)।

विण्णय देखो **विण्ण**; (विपा १, २—पत्र ३६; १, ८—पत्र ८४)।

विण्णव सक [वि+ज्ञपय्] १ विनती करना, प्रार्थना करना। २ मालूम करना, विदित करना। ३ कहना। विण्णवइ, विण्णवेमि, विण्णवेमो; (पि ५५३; ५५१)। भवि—विण्णविस्सं; (रुक्मि ४१)। वकृ—**विण्णवंत**; (काल)। संकृ—**विण्णविअ**; (नाट—मृच्छ २६४)। हेकृ—**विण्णविदुं** (शौ); (अभि ५३)। कृ—**विण्णइदव्व** (शौ); (पि ५५१)।

विण्णवणा स्त्री [विज्ञापना] विज्ञापन, निवेदन; (उवा)। देखो **विन्नवणा**।

विण्णा सक [वि+ज्ञा] जानना। संकृ—**विण्णाय**; (दस ८, ५६)। कृ—**विण्णेय**; (काल)।

विण्णाउ देखो **विन्नाउ**; (राज)।

विण्णाण देखो **विन्नाण**; (उवा; महा; षड्)।

विण्णाणि वि [विज्ञानिन्] निपुण, विचक्षण; (कुमा)।

विण्णाय वि [विज्ञात] १ जाना हुआ, विदित; (पाअ; गउड १२०)। २ न. विज्ञान; (कप्प)।

विण्णाव देखो **विण्णव**। विण्णावेमि, विण्णावेहि; (म ३८; ३६)।

विण्णास वि [वि+न्यासय्] स्थापन करना, रखना। वकृ—**विण्णासंत**; (पउम ४३, २६)।

विण्णास देखो **विन्नास**; (मा ५१)।

विण्णासणा स्त्री [विन्यासना] स्थापना; (उप ३५४)।

विण्णु } **विण्णुअ** } वि [विज्ञ] पण्डित, जानकार, विद्वान्; (भग; प्राकृ १८)।

विण्णेय देखो **विण्णा**।

विण्हावणक न [विस्नापनक] मन्त्र आदि द्वारा संस्कृत जल से कराया जाता स्नान; (पण्ह १, २—पत्र ३०)।

विण्हि देखो **वण्हि**=वृष्णि; (राज)।

विण्हु पुं [विष्णु] १ भगवान् श्रेयांसनाथ के पिता का नाम; (सम १५१)। २ श्रवण नक्षत्र का अधिपति देव; (ठा २,

३—पत्र ७७)। ३ यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का नववाँ पुत्र; (अंत ३)। ४ एक जैन मुनि, विष्णुकुमार-नामक मुनि; (कुलक ३३)। ५ एक श्रेष्ठी; (उप १०१४)। ६ वासुदेव, नारायण, श्रीकृष्ण; ७ व्यापक; ८ वह्नि, अग्नि; ९ शुद्ध; १० एक स्मृति-कर्ता मुनि; (हे २, ७५)। ११ आर्य जेहिल के शिष्य एक जैन मुनि; (राज)। १२ स्त्री. ग्यारहवें जिनदेव की माता का नाम; (सम १५१)। °कुमार पुं [°कुमार] एक विख्यात जैन मुनि; (पडि)। °सिरी स्त्री [°श्री] एक सार्थवाह-पत्नी; (महा)। देखो विन्हु।

वितंड देखो **वितड्ड**; (आचा)।

वितण्ह वि [**वितृष्ण**] तृष्णा-रहित, निःस्पृह; (उप २६४ टी)।

वितत पुं [**वितत**] १ वाद्य का एक प्रकार का शब्द; (ठा २, ३—पत्र ६३)। २ एक महाग्रह; (सुज्ज २०—पत्र २९५), देखो **विअत्त**। ३ देखो **विअय**=वितत; (ठा ४, ४—पत्र २७१)।

वितत न [**दे**] कार्य, काम, काज; (दे ७, ६४)।

वितत्त वि [**वितृप्त**] विशेष तृप्त; (पण्ह १, ३—पत्र ६०)।

वितत्थ पुं [**वित्रस्त**] १ एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ७८)। २ वि. भय-भीत, डरा हुआ; (महा)।

वितत्था स्त्री [**वितस्ता**] एक महा-नदी; (ठा ५, ३—पत्र ३५१)।

वितड्ड वि [**वितर्द**] १ हिंसक; २ प्रतिकूल; (आचा)।

वितर देखो **विअर**=वि+तॄ। वितराम, वितरामो; (पि १०; ४५५)।

वितर (अप) सक [**वि+स्तारय्**] विस्तार करना। वितर; (पिंग)।

वितरण देखो **विअरण**=वितरण; (राज)।

वितल वि [**वितल**] शबल, चितकबरा; (राज)।

वितह वि [**वितथ**] मिथ्या, असत्य, झूठा; (आचा; कप्प; सण)।

वितिकिच्छिअ वि [**विचिकित्सित**] फल की तरफ संदेह वाला; (भग)।

वितिकिण्ण देखो **विइकिण्ण**; (निचू १६)।

वितिक्कंत देखो **विइक्कंत**; (भग)।

वितिगिंछ सक [**वि+चिकित्स्**] १ विचार करना, विमर्श करना। २ संशय करना। ३ निन्दा करना। वितिगिंछइ; (सुअ २, २, ४६; ५०; पि ७४; २१५)।

वितिगिंछा देखो **वितिगिच्छा**; (आचा १, ३, ३, १; १, ५, ५, २; पि ७४)।

वितिगिंछिय देखो **वितिकिच्छिअ**; (पि ७४; २१५)।

वितिगिच्छ देखो **वितिगिंछ**। वितिगिच्छामि; (पि २१५; ३२७)।

वितिगिच्छा स्त्री [**विचिकित्सा**] १ संशय, शंका, वहम; (सुअ १, ३, ३, ५; पि ७४)। २ चित्त-विप्लव, चित्त-भ्रम; ३ निन्दा; (सुअ १, १०, ३; पि ७४)।

वितिगिच्छिअ देखो **वितिकिच्छिअ**; (भग)।

वितिगिट्ठ देखो **विइगिट्ठ**; (राज)।

वितिमिर वि [**वितिमिर**] १ अन्धकार-रहित, विशुद्ध, निर्मल; (सम १३७; पगण १७—पत्र ५१६; ३६—पत्र ८४७; कप्प)। २ अज्ञान-रहित; (औप)। ३ पुं. ब्रह्म-देवलोक का एक विमान-प्रस्तट; (ठा ६—पत्र ३६७)।

वितिरिच्छ वि [**वितिर्यञ्च्**] वक्र, टेढ़ा; (स ३३५; पि १५१; भग ३, २—पत्र १७३)।

वित्त वि [**दे**] दीर्घ, लम्बा; (दे ७, ३३)।

वित्त न [**वित्त**] १ द्रव्य, धन; (पाअ; सूअ १, २, १, २२; औप)। २ वि. प्रसिद्ध, विख्यात; (सूअ २, ७, २; उत्त १, ४४)। °**म** वि [°**वत्**] धनी; (द्र ५)।

वित्त न [**वृत्त**] १ छन्द, पद्य, कविता; (सूअनि ३८; सम्मत्त ८३)। २ चरित, आचरण; (सिरि १०९३)। ३ वृत्ति, वर्तन; (हे १, १२८)। ४ वि. उत्पन्न, संजात; (स ७३७; महा)। ५ अतीत, गुजरा हुआ; (महा)। ६ दृढ़, मजबूत; ७ वर्तुल, गोल; ८ अधीत, पठित; ९ मृत; (हे १, १२८)। १० संसिद्ध, पूर्ण; (सुर ४, ३६; महा)। °**प्पाय** वि [°**प्राय**] पूर्ण-प्राय; (सुर ७, ८४)। देखो **वट्ट**=वृत्त।

वित्त देखो **वेत्त**=वेत्र; (सूअनि १०८)।

°**वित्त** देखो **पित्त**; (उप ५२२)।

वित्तइ वि [**दे**] १ गर्वित, अभिमानी; २ पुं. विलसित, विलास; ३ गर्व, अहंकार; (दे ७, ९१)।

वित्तंत पुं [**वृत्तान्त**] समाचार, खबर; (पउम २३, १८; सुपा २०४; भवि)।

वित्तत्थ देखो **वितत्थ**; (सुख ६, १; नाट—वेणी २६)।

वित्तविय देखो **वट्टिअ**, **वत्तिअ**=वर्तित; (भवि)।

वित्तास सक [**वि+त्रासय्**] भय-भीत करना, डराना।

वित्तासए; (उत्त २, २०)। वकृ— **वित्तासंत**; (पउम २८, २६)।

वित्तास पुं [**वित्रास**] भय, त्रास, डर; (सुपा ४४१)।

वित्तासण न [**वित्रासन**] भय-प्रदर्शन; (आव)।

वित्तासिअ वि [**वित्रासित**] डरा कर भगाया हुआ; (सुपा ६५२)।

वित्ति पुं [**वेत्रिन्**] दरवान, प्रतीहार; (कम्म १, ६)।

वित्ति स्त्री [**वृत्ति**] १ जीविका, निर्वाह-साधन; (णाया १, १—पत्त ३७; स ६७६; सुर २, ४६)। २ टीका, विवरण; (सम ४६; विसे १४२२; सार्ध ७३)। ३ वर्तन, आचरण; ४ स्थिति; ५ कौशिकी आदि रचना-विशेष; ६ अन्तःकरण आदि का एक तरह का परिणाम; (हे १, १२८)। °**अ** वि [°**द**] वृत्ति देने वाला; (औप; अंत; णाया १, १ टी—पत्त ३)। °**आर** वि [°**कार**] टीकाकार, विवरण-कर्त्ता; (कप्पू)। °**च्छेय**, °**छेय** पुं [°**च्छेद**] जीविका-विनाश; (आचा; सूअ १, ११, २०)। देखो **वित्ती°**=वृत्ति।

वित्तिअ वि [**वित्तिक**] वित्त से युक्त, धन वाला, वैभवशाली; (औप; अंत; णाया १, १ टी—पत्त ३)।

वित्ती° देखो **वित्त**=वृत्त। °**कप्प** वि [°**कल्प**] सिद्ध-प्राय, पूर्ण-प्राय; (तंदु ७)।

वित्ती° देखो **वित्ति**=वृत्ति। °**संखेव** पुं [°**संक्षेप**] बाह्य तप का एक भेद—खाने, पीने और भोगने की चीजों को कम करना; (सम ११)। °**संखेवण** न [°**संक्षेपण**] वही अर्थ; "वित्तीसंखेवणं रसच्चाओ" (नव २८; पडि)।

वित्तेस पुं [**वित्तेश**] धनी, श्रीमंत; (उप ७२८ टी)।

वित्थ पुंन [**विस्त**] सुवर्ण, सोना; (से १, १)।

वित्थक्क अक [**वि+स्था**] १ स्थिर होना। २ विलम्ब करना। ३ विरोध करना। वकृ—**वित्थक्कंत**; (से ३, ४; १३, ७०; ७४)।

वित्थक्क देखो **विथक्क**; (स ६३४ टि)।

वित्थड, वित्थय वि [**विस्तृत**] १ विस्तार-युक्त, विशाल; (भग; औप; पाअ; वसु; भवि; गा ४०७)। २ संबद्ध, घटित; (से १, १)।

वित्थर अक [**वि+स्तृ**] १ फैलना। २ बढ़ना। वित्थरइ; (प्राकृ ७६; स २०१; ६८४; सिरि ६२७; मन २५)। वकृ—**वित्थरंत**; (से ३, ३१; स ६८६)। हेकृ—**वित्थरिउं**; (पि ५०५)।

वित्थर पुंन [**विस्तर**] १ विस्तार, प्रपञ्च; (गउड)। २ शब्द-समूह; (गउड ८६)।

वित्थर देखो **वित्थड**; "तत्थ वित्थरा कज्जधुरा" (से ४, ४६), "वित्थरं च तलवट्टं" (वज्जा १०४)।

वित्थरण वि [**विस्तरण**] १ फैलाने वाला; २ वृद्धि-जनक; (कुमा)।

वित्थरिअ देखो **वित्थड**; (सुर ३, ५४; सुपा ३६८; पि ५०५; भवि; सण)।

वित्थार सक [**वि+स्तारय्**] फैलाना। वित्थारइ; (भवि), वित्थारेदि(शौ); (नाट—शकु १०६)।

वित्थार पुं [**विस्तार**] फैलाव, प्रपञ्च; (गउड; हे ४, ३६५; नाट—शकु ६)। °**रुइ** वि [°**रुचि**] सम्यक्त्व-विशेष वाला, सर्व पदार्थों को विस्तार से जानने की चाह वाला सम्यक्त्वी; (पव १४६)।

वित्थारइत्तअ (शौ) वि [**विस्तारयितृ**] फैलाने वाला; (अभि २८; पि ६००)।

वित्थारग वि [**विस्तारक**] फैलाने वाला; (रंभा)।

वित्थारण न [**विस्तारण**] फैलाव; "सोसमइवित्थारणमित्तत्थोयं कओ समुल्लावो" (सम्म १२२; सिरि १२०७)।

वित्थारिय वि [**विस्तारित**] फैलाया हुआ; (सण; दे)।

वित्थिण्ण, वित्थिन्न वि [**विस्तीर्ण**] विस्तार-युक्त, विशाल; (नाट—मृच्छ ६४; पाअ; भवि)।

वित्थिय देखो **वित्थड**; (स ६६७; गा ४०७ अ)।

वित्थिर न [**दे**] विस्तार, फैलाव; (षड्)।

वित्थुय देखो **वित्थड**; (स ६१०)।

विथक्क वि [**विष्ठित**] जो विरोध में खड़ा हुआ हो, विरोधी बना हुआ; (स ४६७; ६३४)।

विद देखो **विअ**=विद्। वकृ—**विदंत**; (उप २८० टी)। संकृ—**विदित्ता, विदित्ताणं**; (सूअ १, ६, २८; पि ५८३)।

विदंड पुं [**विदण्ड**] कक्षा तक लम्बी लट्ठी; (पव ८१)।

विदंसग देखो **विदंसय**; (पण्ह १, १ टी—पत्त १५)।

विदंसण न [**विदर्शन**] अन्धकार-स्थित वस्तु का प्रकाशन; (पण्ह १, १—पत्त ८)। देखो **विदरिसण**।

विदंसय वि [**विदंशक**] श्येन आदि हिंसक पक्षी; (उत्त १६, ६५; सुख १६, ६५)।

विदड्ढ, विदद्ध वि [**विदग्ध**] १ पण्डित, विचक्षण; (संक्षि ८)। २ विशेष दग्ध; (पव १२५)। ३ अजीर्ण का एक भेद; (राज)। देखो **विद्दड्ढ**।

विदब्भ पुंस्त्री [**विदर्भ**] १ देश-विशेष; "इश्रो य विदब्भ-देसमंडणं कुंडिणं नयरं" (कुप्र ४८ ; गा ८६)। २ भगवान् सुपार्श्वनाथ के गणधर—मुख्य शिष्य—का नाम; (सम १५२)। ३ पुंस्त्री. विदर्भ देश की प्राचीन राजधानी, कुण्डिनपुर, जो आजकल 'नागपुर' के नाम से प्रसिद्ध है; "दूरे विदब्भा" (कुप्र ७०)।

विदरिसण वि [**विदर्शन**] जिसके देखने से भय उत्पन्न हो वह वस्तु, विरूप आकार वाली विभीषिका आदि; "एस णं तए विदरिसणे दिट्ठे" (उवा)। देखो **विदंसण**।

विदल न [**विदल**] वंश, बाँस; (सुख १०, १; ठा ४, ४—पत्र २७१)।

विदल न [**द्विदल**] १ चना आदि वह शुष्क धान्य जिसके दो टुकड़े समान होते हैं;

"जम्मि हु पीलिज्जंते नेहो न हु होइ विंति तं विदलं।
विदलेवि हु उप्पन्नं नेहजुयं होइ नो विदलं" (संबोध ४४)।

२ वि. जिसके दो टुकड़े किए गए हों वह; (सुज्ञनि ७१)।

विदलिद (शौ) वि [**विदलित**] खण्डित, चूर्णित; (नाट—वेणी २६)।

विदाअ देखो **विद्दाय**=विद्रुत; (से १३, २५)।

विदारग } वि [**विदारक**] विदारण-कर्त्ता; "कंम्मरय-
विदारय } विदारगाइं" (पण्ह २, १—पत्र ६६; राज)।

विदालण न [**विदारण**] विविध प्रकार से चीरना, फाड़ना; (पण्ह १, १—पत्र १४)।

विदिअ देखो **विइअ**; (अभि १२३; पउम ३६, ६८)।

विदिण्ण देखो **विइण्ण**=वितीर्ण; (विपा १, २—पत्र २२)।

विदिण्ण वि [**विदीर्ण**] फाड़ा हुआ, चीरा हुआ; (नाट—मृच्छ २५५)।

विदित्ता } देखो **विद**=विद्।
विदित्ताणं }

विदिन्न देखो **विदिण्ण**=वितीर्ण; (विपा १, २ टी—पत्र २२; सुर ५, १८७)।

विदिस (अप) स्त्री [**विदिशा**] एक नगरी का नाम; (भवि)।

विदिसा } स्त्री [**विदिश्**] १ विदिशा, उपदिशा, कोण;
विदिसी } (आचा; पि ४१३; पण्ण १—पत्र २६)। २ विपरीत दिशा, अ-संयम; (आचा)।

विदु देखो **विउ**; (पंचा १६, ७)।

विदुगुंछा देखो **विउच्छा**; (राज)।

विदुग्ग न [**विदुर्ग**] समुदाय; (भग १, ८)।

विदुम वि [**विद्वस्**] विद्वान्, जानकार; (सूअ १, २, ३, १७)।

विदुर वि [**विदुर**] १ विचक्षण, विज्ञ; (कुमा)। २ धीर; ३ नागर, नागरिक; (हे १, १७७)। ४ पुं. कौरवों के एक प्रख्यात मन्त्री; (णाया १, १६—पत्र २०८)।

विदुलतंग न [**विद्युल्लताङ्ग**] संख्या-विशेष, हाहाहूहू को चौरासी लाख से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (इक)।

विदुलता स्त्री [**विद्युल्लता**] संख्या-विशेष, विद्युल्लतांग को चौरासी लाख से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (इक)।

विदुस देखो **विदु**; "ण पमाणं अत्थि विदुसाणं" (धर्मसं ८८०)।

विदूसग } पुं [**विदूषक**] मसखरा, राजा के साथ रहने
विदूसय } वाला मुसाहब; (सार्ध ६५; सम्मत्त ३०)।

विदेस देखो **विएस**=विदेश; (णाया १, २—पत्र ७६; औप; पउम १, ६६; विसे १६७१; कुमा; प्रासू ४४)।

विदेसि वि [**विदेशिन्**] परदेशी; (सुपा ७२)।

विदेसिअ वि [**वैदेशिक**] ऊपर देखो; (सिरि ३६४)।

विदेह पुं [**विदेह**] १ राजा जनक; (ती ३)। २ पुं. व. देश-विशेष; बिहार का उत्तरीय प्रदेश जो आजकल तिहुत के नाम से प्रसिद्ध है; "इहेव भारहे वासे पुव्वदेसे विदेहा णामं जणवया" (ती १७; अंत)। ३ पुंन. वर्ष-विशेष, महा-विदेह-क्षेत्र; (पत्र १६३)। ४ वि. विशिष्ट शरीर वाला; ५ निर्लेप, लेप-रहित; ६ पुं. अनंग, कामदेव; ७ गृह-वास; (कप्प ११०)। ८ निषध पर्वत का एक कूट; १० नील-वंत पर्वत का एक कूट; (ठा ६—पत्र ४५४)। °**जंबू** स्त्री [°**जम्बू**] जम्बूवृक्ष-विशेष, जिसके नाम से यह जम्बू-द्वीप कहलाता है; (जं ४; इक)। °**जच्च** पुं [°**जार्च**, °**यात्य**] भगवान् महावीर; (कप्प ११०)। °**दिन्ना** स्त्री [°**दत्ता**] भगवान् महावीर की माता, रानी त्रिशला; (कप्प)। °**दुहिआ** स्त्री [°**दुहितृ**] राजा जनक की पुत्री, सीता; (ती ३)। °**पुत्त** पुं [°**पुत्र**] राजा कूणिक; (भग ७, ८)।

विदेहदिन्न पुं [**वैदेहदत्त**] भगवान् महावीर; (कप्प ११० टी)।

विदेहा स्त्री [**विदेहा**] १ भगवान् महावीर की माता, त्रिशला

देवी; (कप्प ११० टी)। २ जानकी, सीता; (पउम ४६, १०)।
विदेहि पुं [**वैदेहिन्**] विदेह देश का अधिपति, तिहुत का राजा; (सूत्र १, ३, ४, २)।
विदेही स्त्री [**विदेही**] राजा जनक की पत्नी, सीता की माता; (पउम २६, २)।
विद्दडिअ त्रि [**दे**] नाशित, नष्ट किया हुआ; (दे ७, ७०)।
विद्दड्ढ पुं [**विदग्ध**] एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र २७)।
विद्दव सक [**वि+द्रावय्**] १ विनाश करना। २ हैरान करना, उपद्रव करना। ३ दूर करना, हटाना। ४ झरना, टपकना। विद्दवई; (कुप्र २८०)। वकृ—**विद्दवयंत**; (रयण ७२)। कवकृ—"रज्जं रक्खइ न परेहिं **विद्दविज्जंतं**" (कुप्र २७; सुर १३, १७०)।
विद्दव पुं [**विद्रव**] १ उपद्रव, उपसर्ग; "परचक्कचरडचोराइ-विद्दवा दूरमुवगया सव्वे" (कुप्र २०)। २ विनाश; (गाया १, ६—पत्र १५७; धर्मवि २३)।
विद्दविअ वि [**विद्रवित**] १ विप्लावित; (से ४, ६०)। २ दूर किया हुआ, हटाया हुआ; (गा ८८)। ३ विनाशित; (भवि; सण)।
विद्दा अक [**वि+द्रा**] खराब होना। विद्दाइ; (से ४, २६)।
विद्दाण वि [**विद्राण**] १ म्लान, निस्तेज, फीका; "विद्दाणमुहा ससोगिल्ला" (सुर ६, १२४), "अदीणविद्दाणमुहकमलो" (यति ४३), "दारिद्दमविद्दाणं नज्जइ आयारमितओ तुज्झ" (कुप्र १६५)। २ शोकातुर, दिलगीर; "विद्दाणो परियणो" (स ४७३; उप ६०४; उप ३२० टी)।
विद्दाय वि [**विद्रुत**] १ विनष्ट; (कुमा)। २ पलायित; ३ द्रव-युक्त, द्रव-प्राप्त; (हे १, १०७; षड्)।
विद्दाय अक [**विद्वस्य्**] खुद को विद्वान् मानना। वकृ—**विद्दायमाण**; (आचा)।
विद्दारण (अप) वि [**विदारण**] चीरने वाला, फाड़ने वाला; स्त्री—°**णी**; (भवि)।
विद्दाविय देखो **विद्दविअ**; (भवि)।
विद्दुम पुं [**विद्रुम**] १ प्रवाल, मूँगा; (से २, २६; गउड; जी ३)। २ उत्तम वृक्ष; (से २, २६)। °**भ** पुं [°**भ**] नववें बलदेव का पूर्व-जन्म का गुरू; (पउम २०, १६३)।
विद्दुय वि [**विद्रुत**] अभिभूत, पीड़ित; "अग्गिभयविद्दु(?द्दु)या" (गाया १, १—पत्र ६५)।
विद्दूणा स्त्री [**दे**] लज्जा, शरम; (दे ७, ६५)।
विद्देस पुं [**विद्वेष**] द्वेष, मत्सर; (पण्ह १, २—पत्र २६)।
विद्देस वि [**विद्वेष्य**] द्वेष-योग्य, अप्रिय; (पण्ह १, २—पत्र २६)।
विद्देसण न [**विद्वेषण**] एक प्रकार का अभिचार-कर्म, जिससे परस्पर में शत्रुता होती है; (स ६७८)।
विद्देसि वि [**विद्वेषिन्**] द्वेष-कर्ता; (कुप्र ३६७)।
विद्देसिअ देखो **विदेसिअ**; (श्रा १२)।
विद्देसिअ वि [**विद्वेषित**] द्वेष-युक्त; (भवि)।
विद्ध सक [**व्यध्**] वींधना, छेद करना। विद्धइ; (धात्वा १५३; नाट—रत्ना ७)। कवकृ—**विद्धिज्जंत**; (वै ८८)। संकृ—**विद्धूण**; (सूत्र १, ५, १, ६)।
विद्ध वि [**विद्ध**] वींधा हुआ, वेध किया हुआ; (से १, १३; भवि)।
विद्ध देखो **वुड्ढ**=वृद्ध; (उत्त ३२, ३; हे १, १२८; भवि)।
विद्धंस अक [**वि+ध्वंस्**] विनष्ट होना। विद्धंसइ; (ठा ३, १—पत्र १२३)। वकृ—**विद्धंसमाण**; (सूत्र १, १५, १८)।
विद्धंस सक [**वि+ध्वंसय्**] विनष्ट करना। भवि—विद्धंसेहिंति; (भग ७, ६—पत्र ३०५)।
विद्धंस पुं [**विध्वंस**] १ विनाश; (सुर १, १२)। २ वि. विनाश-कर्ता; " जहा से तिमिरविद्धंसे उत्तिट्ठंते दिवायरे" (उत्त ११, २४)।
विद्धंसण न [**विध्वंसन**] विनाश; (गाया १, १—पत्र ४८; पण्ह १, ३—पत्र ५५; सूत्र १, २, २, १०; चेइय ६६४; उप पृ १८७)।
विद्धंसणया स्त्री [**विध्वंसना**] विनाश; (भग)।
विद्धंसित वि [**विध्वंसित**] विनाशित; (चंड ३, ५)।
विद्धंसिय } वि [**विध्वस्त**] विनष्ट; (पउम ८, २३७;
विद्धत्थ } १६, ३०; पव १५५)।
विद्धि स्त्री [**वृद्धि**] १ बढ़ाव, बढ़ती; (उप ७२८ टी; सुर ४, ११५)। २ समृद्धि; (ठा १०—पत्र ५२५; विसे ३४०८)। ३ अभ्युदय; ४ संपत्ति; ५ अहिंसा; (पण्ह २, १—पत्र ६६)। ६ कलान्तर, सुद; (विपा १, १—पत्र ११)। ७ व्याकरण-प्रसिद्ध स्वर का विकार; (विसे ३४८२)। ८ ओषधि-विशेष; (राज)।

विद्धूण देखो **विद्ध**=व्यध्।
विधम्म देखो **विहम्म**; (राज)।
विधम्मिय वि [विधर्मित] तिरस्कृत; (विसे २३४९)।
विधवा देखो **विहवा**; (निचू ८)।
विधा अ [वृथा] मुधा, निरर्थक, व्यर्थ; (धर्मसं ४११)।
विधाण देखो **विहाण**=विधान; (वृह १)।
विधाय देखो **विहाय**=विधातृ; (राज)।
विधार सक [वि+धारय्] निवारण करना। संकृ—**विधारेउं**; (पिंड १०२)।
विधि (शौ) देखो **विहि**; (हे ४, २८२; ३०२)।
विधुर वि [विधुर] १ व्याकुल, विह्वल; "नहि विधुरसहावा हुंति दुत्थेवि धीरा" (कुप्र ५४)। २ विषम, असमान; (धर्मसं १२२३; १२२४)। देखो **विहुर**।
विधुव (शौ) देखो **विहुण**=वि+धू। विधुवेदि; (पि ५०३)।
विधूण देखो **विहुण**=वि+धू। संकृ—**विधूणित्ता**; (सूअ २, ४, १०)।
विधूम पुं [विधूम] अग्नि, वह्नि; (सूअ १,५,२,८; वसु)।
विधूय वि [विधूत] क्षुण्ण, सम्यक् स्पृष्ट; "विधूयकप्पे" (आचा १, ३, ३, ३; १, ६, ३, १)। देखो **विहूअ**।
विनड देखो **विणड**। विनडइ; (भवि), "अइ हिअअ पसिअ विरमसु दुल्लहपेम्मेण किं नु विनडेसि" (रुक्मि ५८)। कवकृ—**विनडिज्जंत, विनडिज्जमाण**; (सुपा ६५५; १३४)।
विनडण न [विनटन] १ व्याकुल करना; २ विडम्बना; (सुपा २०८)।
विनडिअ वि [विनटित] १ व्याकुल बना हुआ; २ विडम्बित; "तण्हाछुहाविनडिओ फलजलरहियम्मि सेलम्मि" (सम्मत्त १५९; सुपा २९०)।
विनमि पुं [विनमि] भगवान् ऋषभदेव का एक पौत्र; (धण १४)।
विनास देखो **विणास**=वि+नाशय्। विनासए; (महा)।
विनिबद्ध वि [विनिबद्ध] संबद्ध, बँधा हुआ; (महा)।
विनिमय पुं [विनिमय] व्यत्यय; "इअ सव्वभासविनिमयपरिहिं" (कुमा)।
विनियट्ट देखो **विणिवट्ट**। वकृ—**विनियट्टमाण**; (आचा १, ५, ४, ३)।
विनियट्टण न [विनिवर्तन] निवृत्ति, विराम; (आचा)।
विनिरय वि [विनिरत] लीन, आसक्त; (कुप्र ६६)।
विनिहन्न सक [विनि+हन्] मार डालना, विनाश करना। विनिहन्निज्जा; (उत्त २, १७)।
विनिहाय देखो **विणिग्घाय**; (विपा १, २—पत्र ३१)।
विनीय देखो **विणीअ**; (कस)।
विन्नत्त देखो **विण्णत्त**; (काल)।
विन्नत्ति देखो **विण्णत्ति**; (दं ४७; कुमा)।
विन्नप्प देखो **विन्नव**।
विन्नव देखो **विण्णव**। विन्नवइ, विन्नवेइ; (पउम ३९, ११४; महा), विन्नवेज्जा; (कप्प)। वकृ—**विन्नवेमाण**; (कप्प)। संकृ—**विन्नविउं, विन्नवित्ता**; (सुपा ३२३; पि ५८२)। कृ—**विन्नप्प, विन्नवणीय, विन्नवियव्व**; (पउम ४६, ४६; मोह ८२; सुपा १९२; २१९; ३२१)।
विन्नवण न [विज्ञपन] निवेदन, विज्ञापन; (सुपा २९७)।
विन्नवणा स्त्री [विज्ञापना] १ प्रार्थना, विनती; (सूअ १, ३, ४, १०)। २ महिला, नारी; (सूअ १, २, ३, २)। देखो **विण्णवणा**।
विन्नविय वि [विज्ञापित] निवेदित; (महा)।
विन्ना देखो **विण्णा**=वि+ज्ञा। कृ—**विन्नेय**; (भग; उप ३३९ टी)।
विन्ना देखो **विन्ना**। °**यड** न [°**तट**] एक नगर का नाम; (उप पृ ११२)।
विन्नाउ वि [विज्ञातृ] जानने वाला; (आचा)।
विन्नाण न [विज्ञान] १ सद्बोध, ज्ञान; (भग; आचा) २ कला, शिल्प; "तं नत्थि किंपि विन्नाणं जेण धरिज्जइ काया" (वै ७), "कुसुमविन्नाणं" (कुमा; प्रासू ४३; ११२)। ३ मेधा, मति, बुद्धि; "मेहा मई मणीसा विन्नाणं धी चिई बुद्धी" (पाअ)।
विन्नाणिय } देखो **विण्णाय**; (उप १५० टी; सुर २,
विन्नाय } १३१; पि १०९; पाअ)।
विन्नाविय देखो **विन्नविय**; (सुपा १४४)।
विन्नास पुं [विन्यास] १ रचना, विच्छित्ति; "विन्नासो विच्छित्ती" (पाअ), "वयणविन्नासो" (स ३०१; सुपा १७; २९९; महा)। २ स्थापना; (भवि)।
विन्नासण न [विन्यासन] संस्थापन; (स ३१८)।
विन्नासिअ वि [विन्यासित] संस्थापित; (स ५९०)।
विन्नासिअ (अप) देखो **विणासिअ**; (हे ४, ४१८)।

विन्नु देखो **विण्णु**; (आचा), "एगा विन्नू" (ठा १—पत्र १६)।

विन्नेय देखो **विन्ना**=वि+ज्ञा।

विन्हु पुं [**विष्णु**] एक जैन मुनि, जो आर्य-जेहिल के शिष्य थे; (कप्प)। देखो **विण्हु**। °**पअ** न [°**पद**] आकाश; (समु १५०)। °**पदी** स्त्री [°**पदी**] गंगा नदी; (समु १५०)।

विपंची स्त्री [**विपञ्ची**] वाद्य-विशेष, वीणा; (पराह १, ४—पत्र ६८; २, ५—पत्र १४६)।

विपक्क वि [**विपक्व**] पका हुआ; (उप पृ २११)। देखो **विवक्क**।

विपक्ख देखो **विवक्ख**; "निज्जियविपक्खलक्खो" (सुपा १०३; २४०)।

विपक्खिय वि [**विपक्षिक**] विरोधी, दुश्मन; (संबोध ५६)।

विपच्चइय न [**विप्रत्ययिक**] बारहवें जैन अंग-ग्रन्थ का सूत्र-विशेष; (सम १२८)।

विपच्चमाण वि [**विपच्यमान**] १ जो पकाया जाता हो वह; (श्रा २०; सं ८६), "आमासु अप्पक्कासु विपच्चमाणासु मंसपेसीसु" (संबोध ४४)। २ दग्ध होता, जलता; "तव्विरहानलजालाविपच्चमाणस्स मह निच्चं" (रयण ४१)।

विपज्जय देखो **विवज्जय**; (राज)।

विपज्जास देखो **विवज्जास**; (नाट—मृच्छ २२६)।

विपडिवत्ति देखो **विप्पडिवत्ति**; (विसे २६१४; सम्मत्त २२८)।

विपडिसेह सक [**विप्रति+सिध्**] निषेध करना। कृ—**विपडिसेहेयव्व**; (भग ५, ७—पत्र २३४)।

विपणोल्ल सक [**विप्र+नोदय्**] प्रेरणा करना। विपणोल्लए; (आचा १, ५, २, २; पि २४४)।

विपण्ण देखो **विवण्ण**=विपन्न; (चारु ८)।

विपत्ति देखो **विवत्ति**=विपत्ति; (गा २८२ अ; राज)।

विपत्थाविद (शौ) वि [**विप्रस्तावित**] आरब्ध, जिसका प्रारंभ किया गया हो वह; "एदाए चोरिआए एसम्ह घरे कलहो विपत्थाविदो" (हास्य १२१)।

विपरामुस सक [**विपरा+मृश्**] १ समारम्भ करना, हिंसा करना। २ पीड़ा उपजाना, हैरान करना। ३ अक. उत्पन्न होना, उपजना। विपरामुसइ, विपरामुसंति, विपरामुसह; (आचा; पि ४७१)। देखो **विप्परामुस**।

विपराहुत्त वि [**विपराङ्मुख**] विशेष पराङ्मुख, अतिशय उदासीन; (पउम ११५, २२)।

विपरिकुंचि वि [**विपरिकुञ्चिन्**] विपरिकुंचित-नामक वन्दन-दोष वाला; "देसकहावित्तंते कहेइ दरवंदिए विपरिकुंची" (बृह ३)।

विपरिकुंचिय देखो **विप्पलिउंचिय**; (राज)।

विपरिखल अक [**विपरि+स्खल्**] १ स्खलित होना, गिरना। २ भूल करना। वकृ—**विपरिखलंत**; (अच्चु २२)।

विपरिणम अक [**विपरि+णम्**] १ बदलना, रूपान्तर को प्राप्त होना। २ विपरीत होना, उलटा होना। विपरिणामे; (पिंड ३२७)। वकृ—**विपरिणममाण**; (भग ७, १०—पत्र ३२५)।

विपरिणय वि [**विपरिणत**] रूपान्तर को प्राप्त; (पिंड २६५)।

विपरिणाम सक [**विपरि+णमय्**] १ विपरीत करना, उलटा करना। २ बदलवाना, रूपान्तर को प्राप्त करना। विपरिणामेइ; (स ५१३)। हेकृ—**विपरिणामित्तए**; (उवा)।

विपरिणाम पुं [**विपरिणाम**] १ रूपान्तर-प्राप्ति; (आचा; औप)। २ उलटा परिणाम, विपरीत अध्यवसाय; (धर्मसं ५११)।

विपरिणामिय वि [**विपरिणमित**] रूपान्तर को प्राप्त; (भग ६, १ टी—पत्र २५१)।

विपरिधाव सक [**विपरि+धाव्**] इधर उधर दौड़ना। विपरिधावई; (उत्त २३, ७०)।

विपरियास देखो **विप्परियास**; (राज)।

विपरिवसाव सक [**विपरि+वासय्**] रखना। विपरिवसावेइ; (णाया १, १२—पत्र १७५)। वकृ—**विपरिवसावेमाण**; (णाया १, १२)।

विपरीअ देखो **विवरीअ**; (सूअ १, १, ४, ५; गा ५४ अ)।

विपलाअ अक [**विपरा+अय्**] दूर भागना। वकृ—**विपलाअंत**; (गा २६१)।

विपल्हत्थ देखो **विवल्हत्थ**; (पि २८५)।

विपस्सि वि [**विदर्शिन्**] देखने वाला; (आचा)।

विपाग देखो **विवाग**; (राज)।

विपिक्ख देखो **विप्पेक्ख**। वकृ—**विपिक्खंत**; (राज)।

विपिण देखो **विविण**; (कुमा)।

विपित्त वि [दे] विकसित, खिला हुआ; (दे ७, ६१)।

विपुल देखो **विउल**; (णाया १, १—पत्र ७५; कप्प; पराह २, १—पत्र ६६)। °**वाहण** पुं [°**वाहन**] भारतवर्ष में होने वाला बारहवाँ चक्रवर्ती राजा; (सम १५४)।

विप्प न [दे] पुच्छ, दुम, पूँछ; (दे ७, ५७)।

विप्प पुं [**विप्र**] ब्राह्मण, द्विज; (हे १, १७७; महा)।

विप्प पुं [**विप्रुष्, विप्र**] १ मूत्र और विष्ठा के बिन्दु; २ विष्ठा और मूत्र; "मुत्तपुरीसाण विप्पुसो विप्पा अन्ने विडित्ति विट्ठा भासंति य पत्ति पासवणं" (विसे ७८१; औप; महा)।

विप्पइट्ठ देखो **विप्पगिट्ठ**; (राज)।

विप्पइण्ण वि [**विप्रकीर्ण**] बिखरा हुआ, इधर उधर पटका हुआ; (से २, ५; कस)।

विप्पइर सक [**विप्र+कॄ**] इधर उधर पटकना, बिखेरना। विप्पइरामि; (उवा)। वकृ—**विप्पइरमाण**; (णाया १, ६—पत्र १५७)।

विप्पउंज सक [**विप्र+युज्**] १ विरुद्ध प्रयोग करना। २ विशेष रूप से जोड़ना। "अदुवा वायाओ विप्पउंजंति" (आचा १, ८, १, ३)।

विप्पओअ, **विप्पओग** पुं [**विप्रयोग**] अलहदगी, जुदाई, विरह, वियोग; (उत्तर १५; स २८१; चंड; पउम ४५, ४६; जी ४३; उत्त १३, ८; महा)।

विप्पकड वि [**विप्रकट**] विशेष रूप से प्रकट; (भग ७, १०—पत्र ३२४)।

विप्पकिर देखो **विप्पइर**। वकृ—**विप्पकिरेमाण**; (णाया १, १—पत्र ३६)।

विप्पक्ख देखो **विपक्ख**; (पि १६६)।

विप्पगब्भिय वि [**विप्रगल्भित**] अत्यन्त धृष्ट; (सूत्र १, १, २, ५)।

विप्पगरिस पुं [**विप्रकर्ष**] दूरी, आसन्नता का अभाव; "देसाइविप्पगरिसा" (धर्मसं १२१७)।

विप्पगाल सक [**नाशय्, विप्र+गालय्**] नाश करना। विप्पगालइ; (हे ४, ३१; पि ५५३)।

विप्पगालिअ वि [**नाशित, विप्रगालित**] नाशित; (कुमा)।

विप्पगिट्ठ वि [**विप्रकृष्ट**] १ दूरवर्ती, दूरी पर स्थित; (स ३२६)। २ दीर्घ, लम्बा; "णाइविप्पगिट्ठेहिं अद्धाणेहिं" (णाया १, १५)।

विप्पचय सक [**विप्र+त्यज्**] छोड़ना, त्याग करना। कृ—**विप्पचइयव्व**; (तंदु ३५)।

विप्पच्चय पुं [**विप्रत्यय**] १ संदेह, संशय; (उत्त २३, २४)। २ वि. प्रत्यय-रहित, अ-विश्वसनीय; (उव)।

विप्पजढ वि [**विप्रहीण**] परित्यक्त; (णाया १, २—पत्र ८४; पंचा १४, ६; पव १२३)।

विप्पजह सक [**विप्र+हा**] परित्याग करना, छोड़ देना। विप्पजहइ, विप्पजहंति, विप्पजहे; (कस; उवा; सूत्र २, १, ३८; उत्त ८, ४)। भवि—विप्पजहिस्सामो; (पि ५३०)। वकृ—**विप्पजहमाण**; (ठा २, २—पत्र ५६; पि ५००)। संकृ—**विप्पजहित्ता, विप्पजहाय**; (उत्त २६, ७३; भग)। कृ—**विप्पजहणिज्ज, विप्पजहियव्व**; (णाया १, १—पत्र ४८; पि ५७१; णाया १, १८—पत्र २४१)।

विप्पजह न [**विप्रहाण**] परित्याग। °**सेणिया** स्त्री [°**श्रेणिका**] बारहवें जैन अंग-ग्रन्थ का एक परिकर्म—अंश-विशेष; (सम १२६)।

विप्पजहणा, **विप्पजहन्ना** स्त्री [**विप्रहाणि**] प्रकृष्ट त्याग, परित्याग; (उत्त २६,७३, औप; विसे ३०८६; पराण ३६—पत्र ८४७)।

विप्पजहिय वि [**विप्रहीण**] परित्यक्त; (पि ५६५)।

विप्पजोग देखो **विप्पओअ**; (चंड)।

विप्पडिइ अक [**विपरि+इ**] विपरीत होना, उलटा होना। विप्पडिएइ; (सूत्र १, १२, १०)।

विप्पडिघाय पुं [**विप्रतिघात**] प्रतिबन्ध, अटकायत; (णाया १, १६—पत्र २४५)।

विप्पडिपह पुं [**विप्रतिपथ**] विपरीत मार्ग; (उप १०३१ टी)।

विप्पडिवण्ण देखो **विप्पडिवन्न**; (पव ७३ टी)।

विप्पडिवत्ति स्त्री [**विप्रतिपत्ति**] १ विरोध; (विसे २४८०)। २ प्रतिज्ञा-भंग; (उप ५१६)।

विप्पडिवन्न वि [**विप्रतिपन्न**] १ जिसने विशेष रूप से स्वीकार किया हो वह; "मिच्छत्तपज्जवेहिं परिवड्ढमाणेहिं २ मिच्छत्तं विप्पडिवन्ने जाए यावि होत्था" (णाया १,१३—पत्र १७८)। २ विरोध-प्राप्त, विरोधी बना हुआ; (आचा १, ८, १, ३; सूत्र १, ३, १, ११)।

विप्पडिवेअ, **विप्पडिवेद** सक [**विप्रति+वेदय्**] १ जानना। २ विचारना। विप्पडिवेएइ; (आचा १, ५, ४, ४), विप्पडिवेदेंति; (सूत्र २, १, १५)।

विप्पडिसिद्ध वि [**विप्रतिषिद्ध**] आपस में असंमत; (उवर ३)।

विप्पडीव वि [**विप्रतीप**] प्रतिकूल; (माल १७७)।

विप्पणट्ठ वि [**विप्रनष्ट**] पलायित, नाश-प्राप्त; (स ३५३; उवा)।

विप्पणम } **विप्पणव** } सक [**विप्र + णम्**] १ नमना। २ अक. तत्पर होना। विप्पणवंति; (सूत्र १, १२, १७)। वकृ—**विप्पणमंत**; (राज)।

विप्पणस्स अक [**विप्र+नश्**] नष्ट होना, विनाश-प्राप्त होना। विप्पणस्सइ; (कस)। भवि—विप्पणस्सिहिइ; (महानि ४)।

विप्पणास पुं [**विप्रणाश**] विनाश; (धर्मवि ५७)।

विप्पतार सक [**विप्र+तारय्**] ठगना। विप्पतारसि; (धर्मवि १४७)। कर्म—विप्पतारीअदि (शौ); (नाट—शकु ७५)।

विप्पदीअ } **विप्पदीव** } (शौ) देखो **विप्पडीव**; (नाट—मालती १०६; ११६; मृच्छ ४८)।

विप्पमाय पुं [**विप्रमाद**] विविध प्रमाद; (सूत्र १, १४, १)।

विप्पमुंच सक [**विप्र + मुच्**] छोड़ना, मुक्त करना। कर्म—विप्पमुच्चइ; (उत्त २५, ४१)।

विप्पमुक्क वि [**विप्रमुक्त**] विमुक्त; (औप; सुर २, २३७; सुपा ४४५)।

विप्पय न [**दे**] १ खल्ल-भिक्षा; २ दान; ३ वि. वापित; ४ पुं. वैद्य; (दे ७, ८६)।

विप्पयार सक [**विप्र+तारय्**] ठगना। विप्पयारंति, विप्पआरेमि; (कुप्र ६; ति ८८)। कर्म—विप्पयारीअइ; (कुप्र ४४)। संकृ—**विप्पआरिअ**; (ति ८८)।

विप्पयारणा स्त्री [**विप्रतारणा**] वंचना, ठगाई; (कुप्र ४४; मोह ६४)।

विप्पयारिअ वि [**विप्रतारित**] वञ्चित, ठगा हुआ; (मोह १०१)।

विप्परद्ध वि [**दे**] विशेष पीड़ित; "करचरणदंतमुसलप्पहारेहिं विप्परद्धं समाणो तं चेव महद्दहं पाणीयं पादेउं (?पाउं) समोयरेति" (णाया १, १—पत्र ६४)। देखो **परद्ध**।

विप्परामुस देखो **विपरामुस**; " आवंती केयावंती लोगंसि विप्परामुसंति अट्ठाए अणट्ठाए वा, एएसु चेव विप्परामुसंति" (आचा)।

विप्परिणम देखो **विपरिणम**। भवि—विप्परिणामिस्सति; (भग)।

विप्परिणय देखो **विपरिणय**; (भग ५,७ टी—पत्र २३६; काल)।

विप्परिणाम देखो **विपरिणाम**=विपरि+णामय्। विप्परिणामंति, विप्परिणामेंति; (आचा)। संकृ—**विप्परिणामइत्ता**; (भग)।

विप्परिणाम देखो **विपरिणाम**=विपरिणाम; (आचा; भग ५, ७ टी—पत्र २३६)।

विप्परिणामिय देखो **विपरिणामिय**; (भग ६, १—पत्र २५०)।

विप्परियास सक [**विपरि + आसय्**] व्यत्यय करना, उलटा करना। विप्परियासेइ; (निचू ११)। वकृ—**विप्परियासंत**; (निचू ११)।

विप्परियास पुं [**विपर्यास**] १ व्यत्यय, विपरीतता; (आचा; सूत्र १, ७, ११)। २ परिभ्रमण; (सूत्र १, १२, १३; १, १३, १२)।

विप्परिआसणा स्त्री [**विपर्यासना**] व्यत्यय करना; (निचू ११)।

विप्परुद्ध वि [**विप्ररुद्ध**] तिरस्कृत; "हयनिहयविप्परुद्धो दूओ" (पउम ८, ८५)।

विप्पल देखो **विप्प**=विप्र; (प्राकृ ३७)।

विप्पलंभ सक [**विप्र+लभ्**] ठगना। विप्पलंभेमि; (स ५०६)।

विप्पलंभ पुं [**विप्रलम्भ**] १ वञ्चना, ठगाई; (उप २४)। २ शृंगार की एक अवस्था; (सुपा १६४)। ३ विपर्यास, व्यत्यय, वैपरीत्य; (धर्मसं ३०४)। ४ विरह, वियोग; (कप्पू)।

विप्पलंभअ वि [**विप्रलम्भक**] प्रतारक, ठगने वाला; (मृच्छ ४७)।

विप्पलंभिअ वि [**विप्रलम्भित**] १ प्रतारित; २ विरहित; (सुपा २१६)।

विप्पलद्ध वि [**विप्रलब्ध**] वञ्चित, प्रतारित; (चारु ४५; स ४१८; ६८०)।

विप्पलय पुंन [**दे**] विविधता, विचित्तता; "तं दट्ठुं सो सव्वं जाणइ संबंधविप्पलयं" (धर्मवि १२७)।

विप्पलविद (शौ) न [**विप्रलपित**] निरर्थक वचन, बकवाद; (स्वप्न ८१)।

विप्पलाअ देखो **विपलाअ**। भूका—विप्पलाइत्था; (विपा १, २ —पत्न २६)। वकृ—**विप्पलायमाण**; (णाया १, १—पत्न ६५)।

विप्पलाअ } पुं [**विप्रलाप**] १ परिदेवन, रोना, क्रन्दन;
विप्पलाव } "अविओगो विप्पलाओ" (तंदु ८७; रयण ६४)। २ निरर्थक वचन, बकवाद; (उत्त १३, ३३)। ३ विरहालाप; (पउम ४४, ६८)।

विप्पलिउंचिअ न [**विपरिकुञ्चित**] गुरु-वन्दन का एक दोष, संपूर्ण वन्दन न करके बीच में बातचीत करने लग जाना; (पव २—गाथा १५२)।

विप्पलुंपग वि [**विप्रलोपक**] लूटने वाला, लुटेरा; (पराह १, ३—पत्न ४४)।

विप्पलोहण वि [**विप्रलोभन**] लुभाने वाला; (स ७६३)।

विप्पव पुं [**विप्लव**] १ देश का उपद्रव, क्रान्ति; २ दूसरे राजा के राज्य आदि से भय; (हे २, १०६)। ३ शरीर की विसंस्थुलता, अस्वस्थता; (कुमा)।

विप्पवर न [**दे**] भल्लातक, भिलाँवा; (दे ७, ६६)।

विप्पवस अक [**विप्र+वस्**] प्रवास में जाना, देशान्तर जाना। संकृ—**विप्पवसिय**; (आचा २, ५, २, ३)।

विप्पवसिय वि [**विप्रोषित**] देशान्तर में गया हुआ, प्रवास में गया हुआ; (णाया १, २—पत्न ७९; १, ७—पत्न ११५)।

विप्पवास पुं [**विप्रवास**] प्रवास, देशान्तर-गमन; (प्रति १००)।

विप्पसन्न वि [**विप्रसन्न**] १ विशेष प्रसन्न, खुश; २ प्रसन्न-चित्त का मरण; (उत्त ५, १८)।

विप्पसर अक [**विप्र+सृ**] फैलना। भूका—"बहवे हत्थी .....दिसो दिसं विप्पसरित्था" (पि ५१७)।

विप्पसाय सक [**विप्र+सादय्**] प्रसन्न करना। विप्पसायए; (आचा १, ३, ३, १)।

विप्पसीअ अक [**विप्र+सद्**] प्रसन्न होना। विप्पसीएज्ज; (उत्त ५, ३०; सुख ५, ३०)।

विप्पहय वि [**विप्रहत**] आहत, जखमी; (सुर ९, २२१)।

विप्पहाइय वि [**विप्रभाजित**] विभक्त, बँटा हुआ; (औप)।

विप्पहोण } वि [**विप्रहीण**] रहित, वर्जित; (सं ७७;
विप्पहूण } स १६१; पि १२०; ५०३)।

विप्पावग वि [**दे**] हास्य-कर्ता, उपहास करने वाला; (सुख १, १३)।

विप्पिअ पुंन [**विप्रिय**] १ अप्रिय, अनिष्ट; (णाया १, १८—पत्न २१३; गा २५०; से ४, ३६; हे ४, ४२३)। २ अपराध, गुन्हा; (पाअ)। °**आरय** वि [°**कारक**] १ अप्रिय-कर्ता; २ अपराध-कर्ता; (हे ४, ३४३)।

विप्पिंडिअ वि [**दे**] नाशित; (दे ७, ७०)।

विप्पीइ स्त्री [**विप्रीति**] अप्रीति; (पराह १,३—पत्न ४२)।

विप्पु स्त्री [**विप्रुष्**] बिन्दु, अवयव, अंश; "मुत्तपुरीसाण विप्पुसा विप्पा" (औप; विसे ७८१)।

विप्पुअ वि [**विप्लुत**] उपद्रुत, उपद्रव-युक्त; (दे ६, ७६)।

विप्पुस पुंन. देखो **विप्पु**; "असुइस्स विप्पुसेणावि" (पिंड १९५)।

विप्पेक्ख सक [**विप्र+ईक्ष्**] निरीक्षण करना, देखना। वकृ—**विप्पेक्खंत**; (पराह १, १—पत्न १८)।

विप्पेक्खिअ वि [**विप्रेक्षित**] निरीक्षित; (पराह २, ४—पत्न १३१; भग ९, ३३—पत्न ४६६)।

विप्पोसहि स्त्री [**विप्रौषधि**] आध्यात्मिक शक्ति-विशेष, जिसके प्रभाव से योगी के विष्ठा और मूत्र का बिन्दु ओषधि का काम करता है; (पराह २, १—पत्न ९९; औप; विसे ७७९; संति २)।

विप्फंद अक [**वि+स्पन्द्**] इधर उधर चलना, तड़फना। वकृ—**विप्फंदमाण**; (आचा)।

विप्फंदिअ वि [**विस्पन्दित**] इधर उधर भटका हुआ, परिभ्रान्त;

"खज्जंतेण जलथले सकम्मविप्फंडि(?दि)एण जीवेणं।
तिरियभवे दुक्खाइं छुहतण्हाईणि भुत्ताइं॥"
(पउम ९५, ५२)।

विप्फरिस पुं [**विस्पर्श**] विरुद्ध स्पर्श; (प्राप्र)।

विप्फाडग वि [**विपाटक**] चीरने वाला, विदारक; (पराह १, ४—पत्न ७२)।

विप्फाडिअ वि [**दे. विपाटित**] नाशित; (दे ७, ७०)।

विप्फारिय वि [**विस्फारित**] १ विस्तारित; (उप पृ १५२)। २ विकाशित; (सुपा ८३)।

विप्फाल सक [**दे**] पूछना, पृच्छा करना। विप्फालेइ; (वव १)।

विप्फाल देखो **विफाल**। संकृ—**विप्फालिय**; (राज)।

विप्फालिय देखो **विप्फारिय**; (राज)।

विप्फुड वि [**विस्फुट**] स्पष्ट, व्यक्त; (रंभा)।

विप्फुर अक [**वि+स्फुर्**] १ होना। २ विकसना। ३ तड़फड़ना। ४ फरकना, हिलना। विप्फुरइ; (संबोध ३४; काल; भवि)। वकृ—**विप्फुरंत**; (उत्त १६, ५४; पउम ६३, ३)।

विप्फुरण न [**विस्फुरण**] १ विजृम्भण, विकास; (श्रावक २४५; सुर २, २३७)। २ स्पन्दन, हिलन; (गउड)।

विप्फुरिय वि [**विस्फुरित**] विजृम्भित; (सुपा २०४; सण)।

विप्फुल्ल वि [**विफुल्ल**] विकसित, प्रफुल्ल; "तह तह सुरहा विप्फुल्लगंडविवरंमुही हसइ" (वज्जा ४४)।

विप्फोडअ पुं [**विस्फोटक**] फोड़ा; (नाट—शकु २७; पि ३११; प्राप)।

विफंद देखो **विप्फंद**। वकृ—**विफंदमाण**; (आचा १, ४, ३, ३)।

विफाल सक [**वि+पाटय्**] १ विदारण करना। २ उखेड़ना। संकृ—**विफालिय**; (आचा २, ३, २, ६)।

विफुट्ट अक [**वि+स्फुट्**] फटना। वकृ—चिंतंति किं **विफुट्टं**तचंडबंभंडयस्स रवो" (सुपा ४५)।

विफुरण देखो **विप्फुरण**; (सुपा २५)।

विबंधक वि [**विबन्धक**] विशेष रूप से बाँधने वाला; (पंच २, १)।

विबद्ध वि [**विबद्ध**] १ विशेष बद्ध; २ माहित; (सूअ १, ३, २, ६)।

विबाहग वि [**विबाधक**] विरोधी, बाधक; (धर्मसं ४६६)।

विबुद्ध वि [**विबुद्ध**] जागृत; (सिरि ६१५)।

विबुध (शौ) नीचे देखो; (पि ३६१)।

विबुह पुं [**विबुध**] १ देव, त्रिदश; (पाअ; सुर १, ४५) २ पण्डित, विद्वान्; (सुर १, ४५)। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य; (सुपा ६५८)। °**पहु** पुं [°**प्रभु**] इन्द्र; (सुर १, १७२)। °**पुर** न [°**पुर**] स्वर्ग; (सम्मत्त १७५)।

विबुहेसर पुं [**विबुधेश्वर**] इन्द्र; (श्रावक ५६)।

विबोह पुं [**विबोध**] जागरण; (पंचा १, ४२)।

विबोहग देखो **विबोहय**; (कप्प)।

विबोहण न [**विबोधन**] ज्ञान कराना; "अबुहजणविबोहण-करस्स" (सम १२३)।

विबोहय वि [**विबोधक**] १ विकासक; "कुमुयवणविबोहयं" (कप्प ३८ टि)। २ ज्ञान-जनक; (विसे १७४)।

विब्बोअ पुं [**विब्बोक**] विलास, लीला; "हेला ललिअं लीला विब्बोओ विब्भमो विलासो य" (पाअ)। देखो **विव्वोअ**।

विब्भंग देखो **विभंग**; (भग; पव २२६; कम्म ४, १४; ४०)।

विब्भंगि त्रि [**विभङ्गिन्**] विभंग-ज्ञान वाला; (भग)।

विब्भंत वि [**विभ्रान्त**] १ विशेष भ्रान्त, चक्कर में पड़ा हुआ; (आचा १, ६, ४, ३)। २ पुं. प्रथम नरक-भूमि का सातवाँ नरकेन्द्रक—स्थान-विशेष; (देवेन्द्र ४)।

विब्भंस पुं [**विभ्रंश**] अतिपात, हिंसा, प्राण-वियोजन; (राज)।

विब्भट्ठ वि [**विभ्रष्ट**] विशेष भ्रष्ट; (प्रति ४०)।

विब्भम पुं [**विभ्रम**] १ विलास; (पाअ; गउड ५५; १६७; कुमा)। २ स्त्री की शृंगार के अंग-भूत चेष्टा-विशेष; (गउड; गा ५)। ३ चित्त-भ्रम, पागलपन; (राय)। ४ शृंगार-संबन्धी मानसिक अशान्ति; (कप्पू)। ५ विशेष भ्रान्ति; (सुपा ३२७; गउड)। ६ संदेह; ७ आश्चर्य; ८ शोभा; (गउड)। ९ भूषणों का स्थान-विपर्यय; (कुमा)। १० रावण का एक सुभट; (पउम ५६, २६)। ११ मैथुन, अ-ब्रह्म; १२ काम-विकार; (पणह १, ४—पत्र ६६)।

विब्भल वि [**विह्वल**] १ व्याकुल, व्यग्र; (सुर ८, ५७; १२, १६८)। २ व्यासक्त, तल्लीन; ३ पुं. विष्णु, नारायण; (षड् ४०; हे २, ५८)।

विब्भलिअ वि [**विह्वलित**] व्याकुल किया हुआ; (कुमा)।

विब्भवण न [**दे**] उपधान, ओसोसा; (दे ७, ६८)।

विब्भाडिय वि [**दे**] नाशित; (भवि)।

विब्भार देखो **वेब्भार**; (पि २६६)।

विब्भिडि पुं [**दे**] मत्स्य की एक जाति; (विपा १, ८ टी—पत्र ८३)।

विब्भेइअ वि [**दे**] सूई से विद्ध; (दे ७, ६७)।

विभंग पुं [**विभङ्ग**] १ विपरीत अवधिज्ञान, वितथ अवधि-ज्ञान, मिथ्यात्व-युक्त अवधिज्ञान; (पव २२६ टी)। २ ज्ञान-विशेष; (सूअ २, २, २५)। ३ विराधना, खण्डन; ४ मैथुन, अ-ब्रह्म; (पणह १, ४—पत्र ६६)। देखो **विहंग**=विभंग।

विभंगु पुंस्त्री [**दे**] तृण-विशेष; "एरंडे कुरुविंदे करकरसुंठे तहा विभंगू य" (पराण १—पत्र ३३)।

विभंगुर वि [**विभङ्गुर**] विनश्वर; (सुपा ६०५; प्रासू ६६; पुप्फ २२०)।

विभंज सक [**वि + भञ्ज्**] भाँग डालना, तोड़ना। संकृ—**विभंजिऊण**; (काल)।

विभंतडी (अप) स्त्री [**विभ्रान्ति**] विशिष्ट भ्रम; (हे ४, ४१४)।

विभग्ग वि [**विभग्न**] भाँगा हुआ, खण्डित; (पउम ११३, २६)।

विभज सक [**वि + भज्**] १ बाँटना, विभाग करना। २ विकल्प से प्राप्त करना, पक्षतः प्राप्ति करना—विधान और निषेध करना। कर्म—विभज्जंति; (तंदु २)। कवकृ—**विभज्जमाण**; (णाया १, १—पत्र ६०; उप २६४ टी)। संकृ—**विभजिऊण**; (धर्मवि १०५), देखो **विभज्ज**।

विभजण न [**विभजन**] विभाग, भाग-बँटाई; (पव ३८)।

विभज्ज देखो **विभज**। विभज्ज; (कम्म ६, १०)।

विभज्जवाद } पुं [**विभज्यवाद**] स्याद्वाद, अनेकान्त-
विभज्जवाय } वाद, जैन दर्शन; (धर्मसं ६२१; सूअ १, १४, २२; उवर ६६)।

विभत्त वि [**विभक्त**] १ विभाग-युक्त, बाँटा हुआ; (नाट-शकु ४६; कप्प)। २ भिन्न, अलग, जुदा; "विभत्तं धम्मं भोसेमाणे" (आचा; कप्प; महा)। ३ न. विभाग; (राज)।

विभत्ति स्त्री [**विभक्ति**] १ विभाग, भेद; (भग १२, ५—पत्र ५७४; सूअनि ६६; उत्तनि ३६), "लोगस्स पएसेसु अणंतरपरंपराविभत्तीहिं" (पंच २, ३६; ४०; ४१)। २ व्याकरण-प्रसिद्ध प्रत्यय-विशेष; (ओघभा ४; चेइय २६८; सूअनि ६६)।

विभमण न [**दे**] उपधान, ओसीसा; (दे ७, ६८ टी)।

विभय देखो **विभज**। विभए, विभयंति; (कम्म ६, ३१; आचा; उत्त १३, २३)।

विभयणा स्त्री [**विभजना**] विभाग; (सम्म १०१)।

विभर सक [**वि + स्मृ**] विस्मरण करना, भूल जाना। विभरइ; (पि ३१३)।

विभव देखो **विहव**; (उव; महा)।

विभवण न [**विभवन**] विरूप-करण, खराब करना; (राज)।

विभाइम वि [**विभाज्य**] विभाग-योग्य; (ठा ३, २—पत्र १३४)।

विभाइम वि [**विभागिम**] विभाग से बना हुआ; (ठा ३, २—पत्र १३४)।

विभाग पुं [**विभाग**] अंश, बाँट; (काल; सण)।

विभागिम देखो **विभाइम**=विभागिम; (उप पृ १४१)।

विभाय देखो **विभाग**; (रंभा)।

विभाय न [**विभात**] प्रकाश, कान्ति, तेज; (सण)।

विभाय पुं [**विभाव**] परिचय; "कस्स विसमदसाविभाओ न होइ" (स १६८)।

विभाव सक [**वि+भावय्**] १ विचार करना, ख्याल करना। २ विवेक से ग्रहण करना। ३ समझना। वकृ—**विभावंत, विभावेंत, विभावेमाण**; (सुपा ३७७; उप ५६७ टी; कप्प)। कवकृ—**विभाविज्जंत, विभाविज्जमाण**; (से ८, ३२; स ७५०)। हेकृ—**विभावेत्तए**; (कस)। कृ—**विभावणीय**; (पुप्फ २५४)।

विभाव देखो **विभव**; "तओ महाविभावेणं पूइऊण पेसिया गया य" (महा)।

विभावसु पुं [**विभावसु**] १ सूर्य, रवि; २ रविवार; (पउम १७, १७७)। देखो **विहावसु**।

विभाविय वि [**विभावित**] विचारित; (सण)।

विभास सक [**वि + भाष्**] १ विशेष रूप से कहना, स्पष्ट कहना। २ व्याख्या करना। ३ विकल्प से विधान करना। विभासइ; (पव ७३ टी)। कृ—**विभासियव्व**; (उत्तनि ३६; पिंड १२४)। हेकृ—**विभासिउं**; (विसे १०८५)।

विभासण न [**विभाषण**] व्याख्या, व्याख्यान; (विसे १४२८)।

विभासय वि [**विभाषक**] व्याख्याता, व्याख्या-कर्ता; (विसे १४२५)।

विभासा स्त्री [**विभाषा**] १ विकल्प-विधि, पाक्षिक प्राप्ति, भजना, विधि और निषेध का विधान; (पिंड १४३; १४४; १४५; २३५; ३०२; उप ४१५ टी; द्र १६)। २ व्याख्या, विवरण, स्पष्टीकरण; (विसे १३८५; १४२१; पिंड ६३७) ३ विज्ञापन, निवेदन; (उप ६८०)। ४ विविध भाषण; (पिंड ४३८)। ५ विशेषोक्ति; (देवेन्द्र ३६७)। ६ परिभाषा, संकेत; (कम्म १, २८; २६)। ७ एक महानदी; (ठा ५, ३—पत्र ३५१)।

विभासिय वि [**विभासित**] प्रकाशित, उद्योतित; (सम्मत्त ६२)।
विभिण्ण } देखो **विहिण्ण**=विभिन्न; (गउड ५७०;
विभिन्न } ११८०; उत्त १६, ५५)।
विभीसण पुं [**विभीषण**] १ रावण का एक छोटा भाई; (पउम ८, ६२)। २ विदेह वर्ष का एक वासुदेव; (राज)।
विभीसावण वि [**विभीषण**] भय-जनक, भयंकर; (भवि)।
विभीसिया स्त्री [**विभीषिका**] भय-प्रदर्शन; (उव)।
विभु पुं [**विभु**] १ प्रभु, परमेश्वर; (पउम ५, ११२)। २ नाथ, स्वामी, मालिक; (पउम ७०,१२)। ३ इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ७)। ४ वि. व्यापक; (विसे १६८५)।
विभूइ स्त्री [**विभूति**] १ ऐश्वर्य, वैभव; (उव; औप)। २ ठाटबाट, धामधूम; "महाविभूईए चलिओ जिणजत्ताए" (सुर ३, ६२; महा)। ३ अहिंसा; (पराह २, १—पत्र ६६)।
विभूसण न [**विभूषण**] १ अलंकार, गहना; २ शोभा; "दिव्वालंकारविभूसणाइं" (उव; औप)।
विभूसा स्त्री [**विभूषा**] १ सिंगार की सजावट, शरीर पर अलंकार-वस्त्र आदि की सजावट; (आचा १,२,१,३; औप; जीव ३)। २ शरीर-शोभा; "मेहुणाओ उवसंतस्स किं विभूसाइ कारिअं" (दस ६, २, ६५; ६६; ६७; उत्त १६, ६)।
विभूसिअ वि [**विभूषित**] विभूषा-युक्त, अलंकृत, शोभित; (भग; उत्त १६, ६; महा; विपा १, १—पत्र ७)।
विभेद } पुं [**विभेद**] १ भेदन, विदारण; (धर्मसं
विभेय } ८२६), "जयवारणकुंभविभेयक्खमे" (गउड; उप ७२८ टी)। २ भेद, प्रकार; "उड्ढाहोतिरियविभेयं तिहुयणंपि" (चेइय ६६४)।
विभेयग वि [**विभेदक**] भेदन-कर्ता; "परमम्मविभेयगो" (धर्मवि ७६)।
विमइ स्त्री [**विमति**] छन्द-विशेष; (पिंग)।
विमइअ वि [**दे**] भर्त्सित; तिरस्कृत; (दे ७, ७१)।
विमउल वि [**विमुकुल**] विकसित, खिला हुआ; (णाया १, १ टी—पत्र ३; औप)।
विमंतिय वि [**विमन्त्रित**] जिसके बारे में मसलहत की गई हो वह; (सुर १२, ६७)
विमंसिअ वि [**विमृष्ट, विमर्शित**] विचारित, पर्यालोचित; (सिरि १०४५)।
विमग देखो **विमय**; (राज)।
विमग्ग सक [**वि+मार्गय्**] १ विचार करना। २ अन्वेषण करना, खोजना। ३ प्रार्थना करना, माँगना। ४ इच्छा करना, चाहना। विमग्गइ, विमग्गहा; (उव; उत्त १२, ३८)। वकृ—**विमग्गंत, विमग्गमाण**; (गा ३५१; सुर २, १७; से ४, ३६; महा)।
